पदार्थः— हे सभापते (वृत्रपुत्रा) जिस का मेघ लड़के के समान है वह मेघ की माता (नीचावयाः) निकृष्ट उमरको प्राप्त हुई। (सूः) पृथिवी और। (उत्तरा) ऊपरली अन्तरिक्षनामवाली । (अभवत्) है। (अस्याः) इस के पुत्र मेघ के। (वधः) वध अर्थात् ताड़न को। (इन्द्रः) सूर्य्य । (अवजभार) करता है इस से इस का। (नीचावयाः) निकृष्ट उमर को प्राप्त हुआ । (पुत्रः) पुत्र मेघ। (अधरः) नीचे। (आसीत्) गिरपड़ता है और जो। (दानुः) सब पदार्थों को देने वाली भूमि जैसे। (सहवत्सा) बछड़े के साथ। (धेनुः) गाय हो। (न) वैसे अपने पुत्र के हाथ। (शये) सोती सी दीखती है वैसे आप अपने शत्रुओं को भूमिके साथ सोते के सदृश किया कीजिये॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालङ्कार है। मेघ की दो माता हैं एक पृथिवी दूसरी अन्तरिक्ष अर्थात् इन्ही दोनों से मेघ उत्पन्न होता है जैसे कोई गाय अपने बछड़े के साथ रहती है वैसे ही जब जल का समूह मेघ अन्तरिक्ष में जाकर ठहरता है तब उस की माता अन्तरिक्ष अपने पुत्र मेघ के साथ और जब वह वर्षा से भूमि को आता है तब भूमि उस अपने पुत्र मेघ के साथ सोती सी दीखती है इस मेघ का उत्पन्न करने वाला सूर्य है इस लिये वह पिता के स्थान में समझा जाता है उस सूर्य की भूमि वा अन्तरिक्ष दो स्त्री के समान हैं वह पदार्थों से जल को वायु के द्वारा खींचकर जब अन्तरिक्ष में चढ़ाता है जब वह पुत्र मेघ प्रमत्त के सदृश बढ़कर उठता और सूर्य के प्रकाश को ढकलेता है तब सूर्य उस को मार कर भूमि में गिरा देता अर्थात् भूमि में वीर्य छोड़ने के समान जल पहुंचाता है इसी प्रकार यह मेघ कभी ऊपर कभी नीचे होता है वैसे ही राजपुरुषों को उचित है कि कंटकरूप शत्रुओं को इधर उधर निर्बीज करके प्रजा का पालन करें॥ ९ ॥

पुनस्तस्य शरीरं कीदृशं क्व तिष्ठतीत्युपदिश्यते ॥

फिर उस मेघ का शरीर कैसा और कहां स्थित होता है

इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अतिष्ठन्तीनामनिवेशनानां काष्ठानां मध्ये निहितं शरीरम्। वृत्रस्य निण्यं विचरन्त्या-

पो दीर्घन्तम आशयदिन्द्रशत्रुः ॥ १० ॥

अतिष्ठन्तीनाम् । अनिऽवेशनानाम् । काष्ठानाम् । मध्ये । निऽहितम् । शरीरम् । वृत्रस्य । निण्यम् । वि । चरन्ति । आपः । दीर्घम् । तमः । आ । अशयत् । इन्द्रऽशत्रुः ॥ १० ॥

पदार्थः– (अतिष्ठन्तीनाम्) चलन्तीनामपाम् । (अनिवेशनानाम्) अविद्यमानं निवेशनमेकत्रस्थानं यासां तासाम् । (काष्ठानाम्) काश्यन्ते प्रकाश्यन्ते यासु ता दिशः । काष्ठा इति दिङ्नामसु पठितम् । निघं० १ । ६ । अत्र हनिकुषिनी० उ० २ । २ इति क्थन् प्रत्ययः । (मध्ये) अन्तः । (निहितम्) स्थापितम् । (शरीरम्) शीर्यते हिंस्यते यत्तत् । (वृत्रस्य) मेघस्य । (निण्यम्) निश्चितान्तर्हितम् । निण्यमिति निर्णीतान्तर्हितनामसु पठितम् । निघं० ३ । २५ । (वि) (चरन्ति) विविधतयागच्छन्त्यागच्छन्ति । (आपः) जलानि । (दीर्घम्) महान्तम् । (तमः) अन्धकारम् । (आ) समन्तात् । (अशयत्) शेते । बहुलंछन्दसीति शपो लुङ् न । (इन्द्रशत्रुः) इन्द्रः शत्रुर्यस्य स मेघः यास्कमुनिरेवमिमं मंत्रं व्याचष्टे । अतिष्ठन्तीनामनिविशमानानामित्यस्थावराणां काष्ठानां मध्ये निहितं शरीरं मेघः शरीरम् । शरीरं शृणातेः शम्नातेर्वा वृत्रस्य निण्यं निर्णामं विचरन्ति विजानन्त्याप इति दीर्घं द्राघतेस्तमस्तनोतेराशयदाशेतेरिन्द्रशत्रुरिन्द्रोऽस्य शमयिता वा शातयिता वा तस्मादिन्द्रशत्रुस्तत्को वृत्रो मेघ इति नैरुक्ताः निरु० २ । १६ ॥ १० ॥

अन्वयः — भोः सभेश त्वया यथा यस्य मेघस्य निवेशनानामतिष्ठन्तीनामपां निण्यं शरीरं काष्ठानां दिशां मध्ये निहितमस्ति यस्य च शरीराख्या आपो दीर्घं तमो विचरन्ति स इन्द्रशत्रुर्मेघस्तासामपां मध्ये समुदायावयवविरूपेणाशयत्समन्ताच्छेते तथा प्राजायाः द्रोग्धारः ससहाया शत्रवो बद्ध्वा काष्ठानां मध्ये शाययितव्याः ॥ १० ॥

भावार्थः — अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । सभापतेर्योग्यमस्ति यथाऽयं मेघोऽन्तरिक्षस्थास्वप्सु सूक्ष्मत्वान्न दृश्यते पुनर्यदाभ्रनाकारो वृष्टिद्वारा जलसमुदायरूपो भवति तदा दृष्टिपथमागच्छति । परन्तु या इमा आप एकं क्षणमपि स्थितिं न लभन्ते किन्तु सर्वदैवोपर्यधो गच्छन्त्यागच्छन्ति च याश्च वृत्रस्य शरीरं वर्त्तन्ते ता अन्तरिक्षे स्थिता अतिसूक्ष्मा नैव दृश्यन्ते । तथा महाबलान् शत्रून् सूक्ष्मबलान् कृत्वा वशं नयेत् ॥ १० ॥

पदार्थः— हे सभा स्वामिन् तुम को चाहिये कि जिस । (वृत्रस्य) मेघ के (अनिवेशनानाम्) जिन को स्थिरता नहीं होती (अतिष्ठन्तीनाम्) जो सदा बहने वाले हैं उन जलों के बीच (निण्यम्) निश्चय करके स्थिर (शरीरम्) जिस का छेदन होता है ऐसा शरीर है वह (काष्ठानाम्) सब दिशाओं के बीच (निहितम्) स्थित होता है । तथा जिस के शरीर रूप (अपः) जल (दीर्घम्) बड़े (तमः) अन्धकार रूप घटाओं में (विचरन्ति) इधर उधर जाते आते हैं वह । (इन्द्रशत्रुः) मेघ उन जलों में इकट्ठा वा अलग २ छोटा २ बद्दल रूप होके (अशयत्) सोता है। वैसे ही प्रजा के द्रोही शत्रुओं में को उन के सहायियों के सहित बांध के सब दिशाओं सुलाना चाहिये ॥ १० ॥

भावार्थः — इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालंकार है। सभापति को योग्य है कि जैसे यह मेघ अन्तरिक्ष में ठहराने वाले जलों में सूक्ष्मपन से नहीं दीखता फिर जब घन के आकार वर्षा के द्वारा जल का समुदाय रूप होता है तब वह देखने में आता है और जैसे ये जल एक क्षणभर भी स्थिति को नहीं पाते हैं

किन्तु सब काल में ऊपर जाना वा नीचे आना इस प्रकार घूमते ही रहते हैं और जो मेघ के शरीर रूप हैं वे अन्तरिक्ष में रहते हुए अति सूक्ष्म होने से नहीं दीख पड़ते वैसे बड़े२ बल वाले शत्रुओं को भी अल्प बल वाले करके वशी भूत किया करे ॥ १० ॥

पुनः सूर्यस्तं प्रति किं करोतीत्युपदिश्यते ॥

फिर सूर्य उस मेघ के प्रति क्या करता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

दासपत्नीरहिगोपा अतिष्ठन्निरुद्धा आपः पणिनेव गावः ॥ अपां बिलमपिहितं यदासीद्वृत्रं जघन्वाँ अप तद्ववार ॥ ११ ॥

दासपत्नीः । अहिऽगोपाः । अतिष्ठन् । निऽरुद्धाः । आपः । पणिनाऽइव । गावः । अपाम् । बिलम् । अपिऽहितम् । यत् । आसीत् । वृत्रम् । जघन्वान् । अप । तत् । ववार ॥ ११ ॥

पदार्थः— (दासपत्नीः) दास आश्रयदाता पतिर्यासां ताः। अत्र सुपांसुलुगिति पूर्वसवर्णादेशः। (अहिगोपाः) अहिनामेघेन गोपा गुप्ता अच्छादिताः (अतिष्ठन्) तिष्ठन्ति। अत्र वर्त्तमाने लङ् (निरुद्धाः) संरोधं प्रापिताः (आपः) जलानि (पणिनेव) गोपालेन वणिग्जनेनेव (गावः) पशवः (अपाम्) जलानाम्। (बिलम्) गर्त्तम् (अपिहितम्) आच्छादितम् (यत्) पूर्वोक्तम्

(आसीत्) अस्ति अत्रवर्त्तमाने लङ् (वृत्रम्) सूर्यप्रकाशावरकं-मेघम् (जघन्वान्) हन्ति। अत्र वर्त्तमाने लिट् (अप) दूरीकरणे । (तत्) द्वारम्। (ववार) वृणोत्युद्घाटयति अत्र वर्त्तमाने लिट् यास्कमुनिरिमं मंत्रमेवंव्याचष्टे दासपत्नीर्दासाधिपत्न्यो दासो दस्यते रूपं दासयति कर्माण्यहिगोपा अतिष्ठन्नहिनागुप्ताः। अहिरयनादेत्यन्तरिक्षे ऽयमपीतरोऽहिरेतस्मादेव निर्ह्रसितोपसर्ग आहंतीति। निरुद्धा आपः पणिनेवगावः। पणिर्वणिग्भवति पणिः पणनाद्वणिक् पण्यंनेनेक्ति। अपां बिलमपिहितं यदासीत्। बिलं भरं भवति बिभर्त्तेर्वृत्रं जघ्निवानपववार। निरु० २। १७ ॥ ११ ॥

अन्वयः— हे सभापते यथा पणिनेव गावो दासपत्न्योऽहिगोपा येन वृत्रेण निरुद्धा आपोऽतिष्ठन् तिष्ठन्ति तासामपां यद्विलमपिहितमासीदस्ति तं सविता जघन्वान् हन्ति हत्वा तज्जलगमनद्वारमपववारापवृणोत्युद्घाटयति तथैव दुष्टाचाराञ्छत्रून्निरुध्य न्यायद्वारं प्रकाशितं रक्ष ॥ ११ ॥

भावार्थः— अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालंकारौ। यथा गोपालः स्वकीया गाः स्वाभीष्टे स्थाने निरुणद्धि पुनर्द्वारं चोद्घाट्य मोचयति यथा वृत्रेण मेघेन स्वकीयमण्डलेऽपां द्वारमावृत्य ता वशं नीयन्ते यथा सूर्यस्तं मेघं ताडयति तज्जलद्वारमपावृत्यापो-विमोचयति तथैव राजपुरुषैः शत्रून्निरुध्य सततं प्रजाः पालनी-याः ॥ ११ ॥

पदार्थः— हे सभापते (पणिनेव) गाय आदि पशुओं के पालने और (गावः) गौओं को यथायोग्य स्थानों में रोकने वाले के समान। (दासपत्नीः) अति बल देने वाला मेघ जिन का पति के समान। और। (अहिगोपाः) रक्षा करने वाला है वे। (निरुद्धाः) रोके। हुए। (आपः) (अतिष्ठन्) स्थित होते हैं। उन। (अपाम्) जलों का। (यत्) जो। (बिलम्) गर्त अर्थात् एक

गढ़े के समान स्थान । (अपहितम्) ढ़ापसा रक्खा (आसीत्) उस । (वृत्रम्) मेघ को सूर्य । (जघन्वान्) मारता है मारकर । (तत्) उस जल को । (अपववार) रुकावट तोड़ देता है वैसे आप शत्रुओं को दुष्टाचार से रोक के न्याय अर्थात् धर्ममार्ग को प्रकाशित रखिये ॥ ११ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालंकार हैं । जैसे गोपाल अपनी गौओं को अपने अनुकूल स्थान में रोक रखता और फिर उस स्थान का दरवाजा खोल के निकाल देता है और जैसे मेघ अपने मंडल में जलों का द्वार रोक के उन जलों को वश में रखता है वैसे सूर्य्य उस मेघ को ताड़ना देता और उस जल की रुकावट को तोड़ के अच्छे प्रकार उसे वरसाता है वैसे ही राजपुरुषों को चाहिये कि शत्रुओं को रोक कर प्रजा का यथायोग्य पालन किया करें ॥ ११ ॥

पुनस्तौ परस्परं किं कुरुत इत्युपदिश्यते ॥

फिर वे दोनों परस्पर क्या करते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अश्व्यो॒ वारो॑ अभव॒स्तदि॑न्द्र सृ॒के यत्त्वा॑ प्रत्य॒हन्दे॒व एक॑: ॥ अज॑यो॒ गा अज॑यः शूर॒ सोम॒म॒वासृ॑जः॒ सर्त॑वे स॒प्त सिन्धू॑न् ॥ १२ ॥

अश्व्य॑: । वार॑: । अ॒भ॒वः॒ । तत् । इ॒न्द्र॒ । सृ॒के । यत् । त्वा॒ । प्र॒ति॒ऽअह॑न् । दे॒वः । एक॑: । अज॑यः । गाः । अज॑यः । शू॒र॒ । सोम॑म् । अव॑ । अ॒सृ॒जः॒ । सर्त॑वे । स॒प्त । सिंधू॑न् ॥ १२ ॥

पदार्थः— (अश्व्यः) योऽश्वेषु वेगादिगुणेषु साधुः । (वारः) वरीतुमर्हः । (अभवः) भवति । अत्र सर्वत्र वर्त्तमाने लङ् व्यत्ययश्च । (तत्) तस्मात् । (इन्द्र) शत्रुविदारक । (सृके) वज्र इव किरणसमूहे सृक इति वज्रनामसु पठितम् । निघं० २ । २० । (यत्) यः । अत्र सुपां० इति सोर्लुक् । (त्वा) त्वां सभेशं राजानम् । (प्रत्यहन्) प्रति हन्ति । (देवः) दानादिगुणयुक्तः । (एकः) असहायः । (अजयः) जयति । (गाः) पृथिवीः । (अजयः) जयति । (शूर) वीरवन्निर्भय । (सोमम्) पदार्थरससमूहम् । (अव) अधोऽर्थे । (असृजः) सृजति । (सर्त्तवे) सर्त्तुं गन्तुम् । अत्र तुमर्थे से० इति तुमर्थे तवेन् प्रत्ययः । (सप्त) (सिंधून्) भूमौ-महाजलाशयसमुद्रनदीकूपतडागस्थांश्चतुरोऽन्तरिक्षे निकटमध्य-दूरदेशस्थाँ स्त्रीँश्चेति सप्त जलाशयान् ॥ १२ ॥

अन्वयः— हे शूरसेनेशेन्द्रत्वं यथा यद्य योऽश्व्योवार एकोदेवो मेघः सूर्येण सह योद्धाऽभवो भवति सृके स्वघनदलं प्रत्यहन् किरणान्प्रति हन्ति सूर्यस्तं मेघं जित्वा गा अजयो जयति सोममजयो जयति एवं कुर्वन् सूर्यो जलानि सर्त्तवे सर्त्तुमुपर्यधो गन्तुं सप्त सिंधूनवासृजः सृजति तथैव शत्रुषु चेष्टसे तत्तस्मात्त्वा त्वां युद्धेषु वयमधिकुर्मः ॥ १२ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः । यथायं मेघः सूर्यस्य प्रकाशं निवारयति तदा सूर्यः स्वकिरणैस्तं छित्वा भूमौ जलं निपातयत्यतएवायमस्य जलसमूहस्य गमनागमनाय समुद्राणां निष्पादनहेतुर्भवति तथा प्रजापालको राजाऽरीन्निरुध्य शस्त्रैश्छित्वाऽधो नीत्वा प्रजाया धर्म्ये मार्गे गमनहेतुः स्यात् ॥ १२ ॥

पदार्थः— हे (शूर) वीर के तुल्य भयरहित । (इन्द्र) शत्रुओं को विदीर्ण करने हारे सेना के स्वामी आप जैसे । (यत्) जो (अश्व्यः) वेग और

तड़फ आदि गुणों में निपुण । (वारः) स्वीकार करने योग्य । (एकः) असहाय और । (देवः) उत्तम २ गुण देने वाला मेघ सूर्य के साथ युद्ध करने द्वारा । (अभवः) होता है । (सृके) किरण रूपी वज्र में अपने बद्दलों के जाल को । (प्रत्यहन्) छोड़ता है अर्थात् किरणों को उस घन जाल से रोकता है सूर्य्य उस मेघ को जीतकर । (गाः) उस से अपनी किरणों को । (अजयः) अलग करता अर्थात् एक देश से दूसरे देश में पहुंचाता और । (सोमम्) पदार्थों के रस को । (अजयः) जीतता है इस प्रकार करता हुआ वह सूर्यलोक जलों को । (सर्त्तवे) ऊपर नीचे जाने आने के लिये सब लोकों में स्थिर होने वाले । (सप्त) (सिन्धून्) बड़े २ जलाशय, नदी, कुआ, और साधरण तालाव ये चार जल के स्थान पृथिवी पर और समीप, बीच, और दूरदेश में रहने वाले तीन जलाशय इन सात जलाशयों को । (अवासृजः) उत्पन्न करता है वैसे शत्रुओं में चेष्टा करते हो । (तत्) इसी कारण । (त्वा) आप को युद्धों में हम लोग अधिष्ठाता करते हैं ॥ १२ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है जैसे यह मेघ सूर्य के प्रकाश को ढांप देता तब वह सूर्य अपनी किरणों से उस को छिन्नभिन्न कर भूमि में जल को वर्षाता है इसी से यह सूर्य उस जल समुदाय को पहुंचाने न पहुंचाने के लिये समुद्रों को रचने का हेतु होता है वैसे प्रजा का रक्षक राजा शत्रुओं को बांध शस्त्रों से काट और नीच गति को प्राप्त करके प्रजा को धर्मयुक्त मार्ग में चलाने का निमित्त होवे ॥ १२ ॥

एतयोरस्मिन् युद्धे कस्य विजयो भवतीत्युपदिश्यते ॥

इन दोनों के इस युद्ध में किस का विजय होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

नास्मै॑ वि॒द्युन्न त॑न्य॒तुः सि॑षेध॒ न यामिह॑मकि॑रद्ध्रा॒दुनिं॑ च ॥ इन्द्र॑श्च॒ यद्यु॑यु॒धाते॒ अहि॑श्चो॒ताप॒रीभ्यो॑ म॒घवा॒ वि जि॑ग्ये ॥ १३ ॥

न । अ॒स्मै॒ । वि॒ऽद्युत् । न । त॒न्य॒तुः ।

सिषेध । न । याम् । मिहम् । अकिरत् । ह्रादुनिम् । च । इन्द्रः । च । यत् । युयुधाते इति । अहिः । च । उत । अपरीभ्यः । मघवा । वि । जिग्ये ॥ १३ ॥

पदार्थः— (न) निषेधार्थे। (अस्मै) इन्द्राय सूर्यलोकाय। (विद्युत्) प्रयुक्तास्तनयित्नुः। (न) निषेधे। (तन्यतुः) गर्जनसहिता। (सिषेध) निवारयति। अत्र सर्वत्र लडर्थे लङ्लिटौ। (न) निवारणे। (याम्) वक्ष्यमाणाम्। (मिहम्) मेहति सिंचति यया वृष्ट्या ताम्। (अकिरत्) किरति विक्षिपति। (ह्रादुनिम्) ह्रादतेऽव्यक्तान् शब्दान् करोति यया वृष्ट्या ताम्। अत्र ह्रादधातोर्बाहुलकादौणादिक उनिः प्रत्ययः। (च) समुच्चये। (इन्द्रः) सूर्यः (च) पुनरर्थे। (यत्) यः। अत्रापि सुपांसु॰ इति सोर्लुक्। (युयुधाते) युध्येते। (अहिः) मेघः (च) अन्योन्यार्थे। (उत) अपि। (अपरीभ्यः) अपूर्णाभ्यः सेनाक्रियाभ्यः। अत्र पृधातोः। अच इः। उ० ४। १४४ अनेन इः प्रत्ययः कृदिकारादक्तिनः अ० ४। १। ४५। अनेन ङीष् प्रत्ययः। इदं पदं सायणाचार्येणाप्रमाणादपराभ्य इत्यशुद्धं व्याख्यातम्। (मघवा) मघं पूज्यं बहुविधं प्रकाशो धनं विद्यते यस्मिन् सः। अत्र भूम्न्यर्थे मतुप्। (वि) विशेषार्थे। (जिग्ये) जयति ॥ १३ ॥

अन्वयः— हे सेनापते त्वं यथा येनाहिनास्मा इन्द्राय प्रयुक्ता विद्युदेनं न सिषेध निवारतुं न शक्नोति। तन्यतुर्गर्जनाप्यस्मै प्रयुक्ता न सिषेध निषेद्धुं समर्था न भवति योऽहिर्यां ह्रादुनिं मिहं वृष्टिं चाकिरत् प्रक्षिपति साऽप्यस्मै न सिषेध। अयमिन्द्रः परीभ्यः

पूर्णाभ्यः सेनाभ्यो युक्तउताप्यपरोभ्यः सेनाभ्यो युक्तोऽहिर्मेघश्च परस्परं युयुधाते । यद्यस्मादधिकबलयुक्तत्वान् मघवा तं मेघं विजिग्ये विजयते तथैव पूर्णं बलं संपाद्य शत्रून् विजयस्व ॥ १३ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । राजपुरुषैर्यथा वृत्रस्य यावन्ति विद्युदादीनि युद्धसाधनानि सन्ति तावन्ति सूर्यापेक्षया चुद्राणि वर्त्तन्ते सूर्यस्य खलु युद्धसाधनानि तदपेक्षया महान्ति सन्ति । अतएव सर्वदा सूर्यस्य विजयो वृत्रस्य पराजयश्च भवति तथैव धर्मेण शत्रुविजयः कार्य्यः ॥ १३ ॥

पदार्थः— हे सेनापते आप जैसे मेघ ने (अस्मै) इस सूर्य लोक के लिये छोड़ी हुई (विद्युत्) बिजुली (न) (सिषेध) इस को कुछ रुकावट नहीं कर सकती (तन्यतुः) उस मेघ की गर्जना भी उस सूर्य को (न) (सिषेध) न रोक सकती (तन्यतुः) उस मेघ की गर्जना भी उस सूर्य को (न) (सिषेध) नहीं रोक सकती और वह । (अहिः) मेघ । (याम्) जिस । (ह्रादुनिम्) गर्जना आदि गुणवाली । (मिहम्) वरसा को (च) भी । (अकिरत्) छोड़ता है वह भी सूर्य को । (न) (सिषेध) हानि नहीं कर सकती है । यह । (इन्द्रः) सूर्यलोक अपनी किरणरूपी पूर्णसेना से युक्त । (उत) और अपनी । (अपरीभ्यः) अधूरी सेना से युक्त (अहिः) मेघ (च) भी ये दोनों । (युयुधाते) परस्पर युद्ध किया करते हैं । (यत्) अधिकबलयुक्त होने के कारण । (मघवा) अत्यन्त प्रकाशवान् सूर्यलोक उस मेघ को (च) भी (विजिग्ये) अच्छे प्रकार जीत लेता है वैसेही धर्मयुक्त पूर्णबल करके शत्रुओं का विजय कीजिये ॥ १३ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है । राजपुरुषों को योग्य है कि जैसे वृत्र अर्थात् मेघ के जितने बिजली आदि युद्ध के साधन हैं वे सब सूर्य के आगे क्षुद्र अर्थात् सब प्रकार निर्बल और थोड़े हैं और सूर्य के युद्धसाधन उस की अपेक्षा से बड़े २ हैं इसी से सब समय में सूर्यही का विजय और मेघ का पराजय होता रहता है वैसेही धर्म से शत्रुओं को जीतें ॥ १३ ॥

पुनस्तयोः परस्परं किं भवतीत्युपदिश्यते ॥

फिर उन दोनों में परस्पर क्या होता है इस विषय का उपदेश

अगले मंत्र में किया है ॥

अहेर्यातारं कमपश्य इन्द्र हृदि यत्ते जघ्नुषो भीरगच्छत् ॥ नव च यन्नवतिं च स्रवंतीः श्येनो न भीतो अतरो रजांसि ॥ १४ ॥

अहेः । यातारम् । कम् । अपश्यः । इन्द्र । हृदि । यत् । ते । जघ्नुषः । भीः । अगच्छत् । नव । च । यत् । नवतिं । च स्रवंतीः । श्येनः । न । भीतः । अतरः । रजांसि ॥ १४ ॥

पदार्थः– (अहेः) मेघस्य । (यातारम्) देशान्तरे प्रापयितारम् । (कम्) सूर्यादन्यम् । (अपश्यः) पश्येत् । अत्र लिङर्थे लङ् (इन्द्र) शत्रुदलविदारक योद्धः । (हृदि) हृदये (यत्) धनम् । (ते) तव । (जघ्नुषः) हन्तुः सकाशात् । (भीः) भयम् । (अगच्छत्) गच्छति प्राप्नोति । अत्र सर्वत्र वर्त्तमाने लङ् (नव) संख्यार्थे । (च) पुनरर्थे । (स्रवन्तीः) गमनं कुर्वन्तीर्नदीर्नाडीर्वा स्रवन्त्य इति नदीनामसु पठितम् । निघं० १ । १३ । स्रुधातोर्गत्यर्थत्वाद्रुधिरप्राणगमनमार्गा जीवनहेतवो नाड्योपि गृह्यन्ते । (श्येनः) पक्षी । (न) इव । (भीतः) भयं प्राप्तः । (अतरः) तरति । (रजांसि) सर्वाँल्लोकान् लोका रजांस्युच्यंते । निरु० ४ । १९ ॥ ११ ॥

अन्वयः— हे इन्द्र योद्धर्यस्य शत्रून् जघ्नुषस्ते तव प्रभावोऽहेर्मेघस्य विद्युद्गर्जनादिविशेषात् प्राणिनो यद्याभीरगच्छत् प्राप्नोति

विद्वान् मनुष्यस्तस्य मेघस्य यातारं देशांतरे प्रापयितारं सूर्य्या-
दन्यं कमप्यर्थं न पश्येयुः । स सूर्येण हतो मेघो भीतो नैव श्येना-
दिव कपोतः भूमौ पतित्वा नवनवतिर्नद्यो नाडीर्वा स्रवंतीः पूर्णाः
करोति यद्यस्मात्सूर्यः स्वकीयैः प्रकाशाकर्षणच्छेदनादिगुणैर्महान्व-
र्त्तते तत्तस्माद्रजांस्यतरः सर्वाल्लोकान् संतरतीवास्ति स त्वं हृ-
दियं शत्रुमपश्यः पश्येस्तं हन्याः ॥ १४ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः राजभृत्यावीरा यथा केन-
चित् प्रहृतो भययुक्तः श्येनः पक्षी इतस्ततो गच्छति तथैव सूर्येण
हतश्चाकर्षितश्चयो मेघ इतस्ततः पतन् गच्छति स्वस्वशरीरारव्येन
जलेन लोकलोकान्तरस्य मध्येऽनेका नद्योनाड्यश्चपिपर्त्ति। अत्र
नवनवतिमितिपदमसंख्यातार्थेऽस्त्युपलक्षणत्वान्नह्येतस्य मेघस्य
सूर्याद्भिन्नं किमपि निमित्तमस्ति यथाऽन्धकारे प्राणिनां भयं
जायते तथा मेघस्य सकाशाद्विद्युद्गर्जनादिभिश्चभयं जायते तन्नि-
वारकोपि सूर्य एव तथा सर्वलोकानां प्रकाशाकर्षणादिभिर्व्यव-
हारहेतुरस्ति तथैव शत्रून् विजयेरन् ॥ १४ ॥

पदार्थः— हे इन्द्र योधा जिस युद्ध व्यवहार में शत्रुओं का । (अह्युषः) हनने वाले । (ते) आप का प्रभाव । (अहेः) मेघ के गर्जन आदि शब्दों से प्राणियों को (यत्) जो । (भीः) भय । (अगच्छत्) प्राप्त होता है विद्वान् लोग उस मेघ के । (यातारम्) देश देशान्तर में पहुंचाने वाले सूर्य को छोड़ और । (कम्) किस को देखें सूर्य से ताड़ना को प्राप्त हुआ मेघ । (भीतः) डरे हुए (श्येनः) (न) बाज के समान । (च) भूमि में गिर के । (नवनवतिम्) अनेक ।(स्रवन्तीः) जल बहाने वाली नदी वा नाड़ियों को पूरित करता है ।(यत्) जिस कारण सूर्य अपने प्रकाश आकर्षण और छेदन आदि गुणों से बड़ा है इसी से । (रजांसि) सब लोकों को । (अतरः) तरता अर्थात् प्रकाशित करता है इस के समान आप हैं वे आप । (हृदि) अपने मन में जिस को शत्रु । (अपश्यः) देखो उसी को मारा करो ॥ १४ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । राजसेना के वीर पुरुषों को

योग्य है कि जैसे किसी से पीड़ा को पाकर डरा हुआ श्येन पक्षी इधर उधर गिरता पड़ता उड़ता है वा सूर्य से अनेक प्रकार की ताड़ना और खैंच कर्षण को प्राप्त होकर मेघ इधर उधर देशदेशान्तर में अनेक नदी वा नाड़ियों को पूर्ण करता है इस मेघ की उत्पत्ति का सूर्य से भिन्न कोई निमित्त नहीं है। और जैसे अंधकार में प्राणियों को भय होता है वैसे ही मेघ के बिजली और गर्जना आदि गुणों से भय होता है उस भय का दूर करने वाला भी सूर्य ही है तथा सब लोकों के व्यवहारों को अपने प्रकाश और आकर्षण आदि गुणों से चलाने वाला है वैसे ही दुष्ट शत्रुओं को जीता करें। इस मंत्र में (नवनवतिम्) यह संख्या का उपलक्षण होने से पद असंख्यात अर्थ में है ॥ १४ ॥

पुनः सूर्यः कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर उक्त सूर्य कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

इन्द्रो॑ या॒तोऽव॑सितस्य॒ राजा॒ शम॑स्य॒ च शृ॒ङ्गिणो॒ वज्र॑बाहुः ॥ सेदु॒ राजा॑ क्षयति चर्ष॒णीना॑म॒रान्न ने॒मिः परि॒ ता ब॑भूव ॥ १५ ॥

इन्द्रः॑ । या॒तः । अव॑ऽसितस्य । राजा॑ । शम॑स्य । च॒ । शृ॒ङ्गिणः॑ । वज्र॑ऽबाहुः । सः । इत् । ऊँ॒ इति॑ । राजा॑ । क्ष॒यति॒ । च॒र्ष॒णी॒नाम् । अ॒रान् । न । ने॒मिः । परि॑ । ता । ब॒भू॒व ॥ १५ ॥

पदार्थः—(इन्द्रः) सूर्यलोक इव सभासेनापती राज्यं प्राप्तः। (यातः) गमनादिव्यवहारप्रापकः। (अवऽसितस्य) निश्चितस्य चराचरस्य जगतः। (राजा) यो राजते दीप्यते प्रकाशते सः। (शमस्य) शाम्यन्ति येन तस्य शान्तियुक्तस्य मनुष्यस्य। (च)

समुच्चये । (शृङ्गिणः) शृङ्गयुक्तस्य गवादेः पशुसमूहस्य । (वज्रबाहुः) वज्रः शस्त्रसमूहो बाह्वो यस्य सः । (सः) (इत्) एव । (उ) अप्यर्थे । (राजा) न्यायप्रकाशकः सभाध्यक्षः । (क्षयति) निवासयति गमयति वा । (चर्षणीनाम्) मनुष्याणाम् । (अरान्) चक्रावयवान् । (न) इव । (नेमिः) रथाङ्गम् । (परि) सर्वतोऽर्थे । (ता) तानि यानि जगतो दुष्टानि कर्माणि पूर्वोक्तान्यस्रोकाम्वा । अत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शेर्लोपः । (बभूव) भवेः । अत्र लिङर्थे लिट् ॥ १५ ॥

अन्वयः— सूर्य्य इव वज्रबाहुरिन्द्रो यातः सभापतिरवसितस्य शमस्य शृङ्गिणश्चर्षणीनां च मध्ये ऽरान्नेमिर्नेव ता तानि रजांसि परि क्षयति सचेदु—उतापि सर्वेषां राजा बभूव भवतु ॥१५॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः । अत्र पूर्वमन्त्रात् रजांसीति पदमनुवर्त्तते । राजा यथा रथचक्रमरान् धृत्वा चालयति यथायं सूर्य्यश्चराचरस्य शाताशान्तस्य जगतो मध्ये प्रकाशमानः सन् सर्वाँल्लोकान् धरन् स्वस्वकक्षासु चालयति नचैतस्माद्विना कस्यचित्संनिहितस्य मूर्तिमतो लोकस्य धारणाकर्षणप्रकाशमेघवर्षणादीनि कर्माणि संभवितुमर्हन्ति तथा धर्मेण राज्यं पालयेत् ॥१५॥

अत्रेन्द्रवृत्रयुद्धालंकारवर्णनेनास्य पूर्वसूक्तोक्ताग्निशब्दार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति प्रथमस्य द्वितीयेऽष्टाविंशो वर्गः ३८ प्रथममण्डले सप्तमेऽनुवाके द्वात्रिंशं च सूक्तमध्यायश्च द्वितीयः समाप्तः ॥ २ ॥

श्रीमत्परिव्राजकाचार्य श्रीविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनांशिष्येण दयानन्दसरस्वतीस्वामिनाविरचिते संस्कृतभाषार्यभाषाभ्यां विभूषिते सुप्रमाणयुक्त ऋग्वेदभाष्ये द्वितीयोऽध्यायः पूर्तिमगमत् ॥ २ ॥

पदार्थः— सूर्य के समान (वज्रबाहुः) शस्त्रास्त्रयुक्तबाहु। (इन्द्रः) दुष्टों का निवारण कर्ता। (यातः) गमन आदि व्यवहार को वर्त्ताने वाला सभापति (अवसितस्य) निश्चित चराचर जगत्। (शमस्य) शान्ति करने वाले मनुष्य आदि प्राणियों (शृङ्गिणः) सींगों वाले गाय आदि पशुओं और (चर्षणीनाम्) मनुष्यों के बीच (अरान्) पहियों को धारने वाले। (नेमिः) धुरी के। (न) समान (राजा) प्रकाशमान होकर (ता) उत्तम तथा नीच कर्मों के कर्त्ताओं को सुख दुःखों को तथा। (राजांसि) उक्त लोकों को। (परिबभूव) पहुंचाता और निवास करता है। (उ) (इत्) वैसे ही (सः) वह सभी के। (राजा) न्याय का प्रकाश करने वाला। (बभूव) होवे ॥ १५ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार और पूर्व मंत्र से। (रजांसि) इस पद की अनुवृत्ति आती है। राजा को चाहिये कि जैसे रथ का पहिया धुरियों को चलाता और जैसे यह सूर्य चराचर शांत और अशांत संसार में प्रकाशमान होकर। सब लोकों को धारण किये हुए उन सभों को अपनी २ कक्षा में चलाता है जैसे सूर्य के विना अति निकट मूर्तिमान् लोक की धारणा आकर्षण प्रकाश और मेघ की वर्षा आदि काम किसी से नहीं हो सकते हैं। वैसे धर्म से प्रजा का पालन किया करे ॥ १५ ॥

इस सूक्त में सूर्य और मेघ के युद्ध वर्णन करने से। इस सूक्त की पिछले सूक्त में प्रकाशित किये अग्नि शब्द के अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये। यह पहिले अष्टक के दूसरे अध्याय में अड़तीसवां वर्ग और पहिले मंडल के सातवें अनुवाक में बत्तीसवां सूक्त और दूसरा अध्याय भी समाप्त हुआ ॥ ३२ ॥

इति श्रीमत्परिव्राजकाचार्यश्रीविरजानन्दसरस्वतीस्वामीनां शिष्येण दयानन्दसरस्वतीस्वामिनाविरचिते संस्कृतभाषार्य्यभाषाभ्यां विभूषिते सुप्रमाणयुक्ते वेदभाष्ये द्वितीयोऽध्यायः पूर्तिमगमत् ॥ २ ॥

अथ तृतीयो ऽध्यायः प्रारभ्यते ॥

विश्वानि देवसवितर्दुरितानि परासुव ॥
यद्भद्रं तन्न आसुव ॥ १ ॥

अथ पंचदशर्चस्य त्रयस्त्रिंशस्य सूक्तस्याङ्गिरसो हिरण्यस्तूप ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । २ । ४ । ८ । १२ । १३ । निचृत्त्रिष्टुप् । ३ । ६ । १० । त्रिष्टुप् । ५ । ७ । ११ । विराट् । १४ । १५ । भुरिक्पंक्तिश्छन्दः । पङ्क्तेः पंचमः । त्रिष्टुभो धैवतः स्वरश्च ।

तत्रादाविन्द्रशब्देनेश्वरसभापती उपदिश्येते ॥

अब तेतीसवें सूक्त का प्रारम्भ है उस के पहिले मंत्र में इन्द्र शब्द से ईश्वर और सभापति का प्रकाश किया है ॥

एतायामोप गव्यन्त इन्द्रमस्माकं सुप्रमतिं वावृधाति ॥ अनामृणः कुविदादस्य रायो गवां केतं परमावर्जते नः ॥ १ ॥

आ । इत । अयाम । उप । गव्यन्तः । इन्द्रम् । अस्माकम् । सु । प्रमतिम् । ववृधाति । अनामृणः । कुवित् । आत् । अस्य । रायः । गवाम् । केतम् । परम् । आऽवर्जते । नः ॥ १ ॥

पदार्थः– (आ) समंतात् । (इत) प्राप्नुत । (अयाम) प्राप्नुयाम । अयं लोडुत्तमबहुवचने प्रयोगः । (उप) सामीप्ये । (गव्यन्तः) आत्मनो गा इन्द्रियाण्यौच्छन्तः । अत्र गोशब्दात् सुप आत्मनःक्यच् अ० ३ । १ । ८ इति क्यच् गौरिति पदनामसु पठितम् । निघं० ४ । १ । (इन्द्रम्) परमेश्वरम् । (अस्माकम्) मनुष्यादीनाम् । (सु) पूजायाम् । (प्रमतिम्) प्रकृष्टा मतिर्विज्ञानं यस्य तम् । (वावृधाति) वर्द्धयेत् अत्र वृधुधातोर्लेट् बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः व्यत्ययेन परस्मैपदम् तुजादीनां दीर्घ इत्यभ्यासदीर्घत्वमन्तर्गतो ण्यर्थश्च । (अनामृणः) अविद्यमाना समंतान् मृणा हिंसका यस्य सः । (कुवित्) बहुविधानि । कुविदिति बहुनामसु पठितम् । निघं० ३ । १ । (आत्) अनंतरार्थे । (अस्य) जगतः । (रायः) प्रशस्तानि । धनानि । (गवाम्) मन आदीनामिन्द्रियाणां पृथिव्यादीनां पशूनां वा । (केतम्) प्रज्ञानम् । केत इति प्रज्ञानामसु पठितम् । निघं० ३ । ९ । (परम्) प्रकृष्टम् । (आवर्जते) समन्तादर्जयति त्याजयति । अत्राङ्पूर्वाद् वृजीधातोर्लट् बहुलं छन्दसीति शपो लुङ् न । अन्तर्गतो ण्यर्थश्च । (नः) अस्मभ्यम् ॥ १ ॥

अन्वयः– हे मनुष्या यथा गव्यन्तो वयं योऽस्माकमस्य जगतश्च कुविद्रायो वावृधाति यश्च आदनन्तरं नोऽस्मभ्यमनामृणो गवां परं केतं वावृधात्यज्ञानं चावर्जते सुप्रमतिमिन्द्रं परेशं न्यायाधीशं वा शरणमुपायाम तथैव यूयमप्येत ॥ १ ॥

भावार्थः– अत्र श्लेषालंकारः । मनुष्यैरविद्यानाशविद्यावृद्धिभ्यां यः परमं धनं वर्द्धयति तस्यैवेश्वरस्याज्ञापालनोपासनाभ्यां शरीरात्मबलं नित्यं वर्द्धनीयम् । नह्येतस्य सहायेन विना कश्चिद्धर्मार्थकाममोक्षाख्यं फलं प्राप्तुं शक्नोतीति ॥ १ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो । (गव्यन्तः) अपने आत्मा गो आदि पशु और शुद्ध इन्द्रियों की इच्छा करने वाले हम लोग जो । (अस्माकम्) हम लोगों और (अस्य) इस जगत् के । (कुवित्) अनेक प्रकाश के । (रायः) उत्तम धनों को । (वावृधाति) बढ़ाता और जो । (आत्) इस के अनन्तर । (नः) हम लोगों के लिये । (अनामृणः) हिंसा वैर पक्षपात रहित होकर । (गवाम) मनआदि इन्द्रिय पृथिवी आदि लोक तथा गौ आदि पशुओं के । (परम्) उत्तम । (केतम्) ज्ञान को बढ़ाता और अज्ञान का । (आवर्जति) नाश करता है उस । (सुप्रमतिम्) उत्तम ज्ञान युक्त । (इन्द्रम्) परमेश्वर और न्यायकरता को । (उपायाम) प्राप्त होते हैं वैसे तुम लोग भी । (गत) प्राप्त होओ ॥ १ ॥

भावार्थः — यहां श्लेषालंकार है मनुष्यों को योग्य है कि जो पुरुष संसार में अविद्या का नाश तथा विद्या के दान से उत्तम २ धनों को बढ़ाता है परमेश्वर की आज्ञा का पालन और उपासना करके उसी के शरीर तथा आत्मा का बल नित्य बढ़ावे और इस की सहायता के विना कोई भी मनुष्य धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष रूपी फल प्राप्त होने को समर्थ नहीं होसकता ॥ १ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

उपेद॒हं ध॑न॒दामप्र॑तीतं॒ जुष्टां॒ न श्ये॒नो व॑स॒तिं प॑तामि ॥ इन्द्रं॑ नम॒स्यन्नु॑प॒मेभि॑र॒र्कै॒र्यः स्तो॒तृभ्यो॒ हव्यो॒ अस्ति॒ यामं॑न् ॥ २ ॥

उप॑ । इत् । अ॒हम् । ध॒न॒ऽदाम् । अप्र॑तिऽइतम् । जुष्टा॑म् । न । श्ये॒नः । व॒स॒तिम् । प॒ता॒मि॒ । इन्द्र॑म् । न॒म॒स्यन् । उ॒प॒मेभिः॑ ।

अर्कैः। यः। स्तोतृभ्यः। हव्यः। अस्ति। यामन्॥ २॥

पदार्थः— (उप) सामीप्ये। (इत्) एव। (अहम्) मनुष्यः। (धनदाम्) यो धनं ददाति तम्। (अप्रतीतम्) यश्चक्षुरादीन्द्रियैर्न प्रतीयते तमगोचरम्। (जुष्टाम्) पूर्वकालसेविताम्। (न) इव। (श्येनः) वेगवान् पक्षी। (वसतिम्) निवासस्थानम्। (पतामि) प्राप्नोमि। (इन्द्रम्) अखंडैश्वर्यप्रदं जगदीश्वरम्। (नमस्यन्) नमस्कुर्वन्। अत्र नमोवरिवश्चित्रङः क्यच्। अ०३। १। १९। इति क्यच्। (उपमेभिः) उपमीयन्ते यैस्तैः। अत्र माङ् धातोर्घञर्थे कविधानम्। इति वार्त्तिकेन करणे कः प्रत्ययः। बहुलंछन्दसीति भिस ऐस् न। (अर्कैः) अनेकैः सूर्यलोकैः। (यः) पूर्वोक्तः सूर्यलोकोत्पादकः। (स्तोतृभ्यः) य ईश्वरं स्तुवन्ति तेभ्यः। (हव्यः) होतुमादातुमर्हः। (अस्ति) वर्त्तते। (यामन्) याति गच्छति प्राप्नोति सयामा तस्मिन्नस्मिन् संसारे। अत्र सुपां सुलुगिति विभक्तेर्लुक्॥ २॥

अन्वयः— यो हव्यः स्तोतृभ्यो धनप्रदोऽस्ति तमप्रतीतं धनदामिन्द्रं नमस्यन्नहं जुष्टां वसतिं श्येनो नेवयामन् गमनशीलेऽस्मिन् संसार उपमेभिरर्कैरिदेवोपपताम्यभ्युपगच्छामि॥ २॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः। यथा श्येनाख्यः पक्षी प्राक्सेवितं सुखप्रदं निवासस्थानं स्थानान्तराद्वेगेन गत्वा प्राप्नोति तथैव परमेश्वरं नमस्यन्तो मनुष्या अस्मिन् संसारे तद्रचितैः सूर्यादिलोकदृष्टान्तैरीश्वरं निश्चित्य तमेवोपासताम् यावन्तोऽस्मिञ् जगति रचिताः पदार्थावर्त्तन्ते तावंतः सर्वे निर्मातारमीश्वरं निश्चापयंति। नहि निर्माता विना किंचिन्निर्मितं संभवति। तथाऽ-

स्मिन् मनुष्यै रचनीये व्यवहारे रचकेन विना किंचिदपि स्वतो न जायते तथैवेश्वरसृष्टौ वेदितव्यम्। अहो एवंसति य ईश्वरमनादृत्य नास्तिका भवंति तेषामिदं महदज्ञानं कुतः समागतमिति। अत्राध्यापकविलसनेन श्येनस्य प्रसिद्धस्य पक्षिणो नामाविदित्वा गौ।दृष्टान्तो गृहीतोऽस्य मंत्रस्यान्यथार्थो वर्णितस्तस्मादिदमस्य व्याख्यानमनादरणीयमस्तीति ॥ २ ॥

पदार्थः— (यः) जो। (हव्यः) ग्रहण करने योग्य ईश्वर। (स्तोतृभ्यः) अपनी स्तुति करने वालों के लिये धन देने वाला। (अस्ति) है उस (अप्रतीतम्) चक्षुरादि इन्द्रियों से अगोचर। (धनदाम्) धन देने वाले। (इन्द्रम्) परमेश्वर को। (नमस्यन्) नमस्कार करता हुआ। (अहम्) मैं। (न) जैसे। (जुष्टाम्) पूर्व काल में सेवन किये हुए। (वसतिम्) घुसला को। (श्येनः) बाज पक्षी प्राप्त होता है वैसे। (यामन्) गमन शील अर्थात् चलायमान इस संसार में। (उपमेभिः) उपमा देने के योग्य। (अर्कैः) अनेक सूर्यों से (इत्) ही। (उपपतामि) प्राप्त होता हूं ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे श्येन अर्थात् वेगवान् पक्षी अपने पहिले सेवन किये हुए सुख देने वाले स्थान को स्थानान्तर से चल कर प्राप्त होता है वैसे ही परमेश्वर को नमस्कार करते हुए मनुष्य उसी के बनाये इस संसार में सूर्य आदि लोकों के दृष्टान्तों से ईश्वर का निश्चय करके उसी को प्राप्ति करें क्योंकि जितने इस संसार में रचे हुए पदार्थ हैं वे सब रचने वाले का निश्चय कराते हैं और रचने वाले के विना किसी जड़ पदार्थ की रचना कभी नहीं हो सकती जैसे इस व्यवहार में रचने वाले के विना कुछ भी पदार्थ नहीं बन सकता वैसे ही ईश्वर की सृष्टि में भी जानना चाहिये बड़ा आश्चर्य है कि ऐसे निश्चय हो जाने पर भी जो ईश्वर का अनादर करके नास्तिक हो जाते हैं उन को यह बड़ा अज्ञान क्योंकर प्राप्त होता है ॥ २ ॥

अथेन्द्रशब्देन शूरवीरगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में इन्द्र शब्द से शूरवीर के गुण प्रकाशित किये हैं ॥

नि सर्वसेन इषुधीँरसक्त समर्योगा अं-

जति यस्य वष्टि ॥ चोष्कूयमाण इन्द्र भूरि वामं मा पणिर्भूरस्मदधि प्रवृद्ध ॥ ३ ॥

नि । सर्वऽसेनः । इषुऽधीन् । असक्त ! सम् । अर्यः । गाः । अजति । यस्य । वष्टि । चोष्कूयमाणः । इन्द्र । भूरि । वामम् । मा । पणिः । भूः । अस्मत् । अधि । प्रऽवृद्ध ॥ ३ ॥

पदार्थः— (नि) नितराम् । (सर्वसेनः) सर्वाः सेना यस्य सः । (इषुधीन्) इषवो बाणा धीयन्ते येषु तान् । (असक्त) सज्ज । अत्र सज्ज धातोर्बहुलं छन्दसीति शपो लुक् । लोडर्थे लङ् व्यत्ययेनात्मनेपदं च । (सम्) संयोगे । (अर्यः) वणिग्जनः । अर्य्यः स्वामिवैश्ययोः । अ० ३ । १ । १०३ इत्ययं शब्दो निपातितः (गाः) पशून् । (अजति) प्राप्य रक्षति । (यस्य) पुरुषस्य । (वष्टि) प्रकाशते । (चोष्कूयमाणः) सर्वानाप्रावयन् । स्कुञ् आप्रवण इत्यस्य यङन्तं रूपम् (इन्द्र) शत्रूणां दारयितः । (भूरि) बहु । भूरीति बहुनामसु पठितम् । निघं० ३ । १ (वामम्) वमत्युद्गिरति येन तम् । टुवमु उद्गिरणे ऽस्माद्धातोर्हलश्चेति घञ् । उपधावृद्धिनिषेधे प्राप्ते । अनाचमिकमिवमीनामिति वक्तव्यम् । अ० ७ । ३ । ३४ इति वार्त्तिकेन वृद्धिः सिद्धा (मा) निषेधे । (पणिः) सत्यव्यवहारः (भूः) भव अत्र लोडर्थे लुङ् नमाङ्योगइत्यडभावः । (अस्मत्) स्पष्टार्थम् । (अधि) उपरिभावे । (प्रवृद्ध) महोत्तमगुणविशिष्ट ॥ ३ ॥

अन्वयः— हे अधिप्रवृद्धेन्द्र सर्वसेनः पणिश्चोष्कूयमाणस्त्वं

भूरीषुधीन् धृत्वाऽर्योगाः भूरि समजतीवन्यासक्तसज्ज्ञास्मद्वामं माभूर्यस्माद्यस्य भवतः प्रतापो वष्टि विजयी च भवेः ॥ ३ ॥

भावार्थः— अत्रवाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा वणिग्जनेन गाः पालयित्वा चारयित्वा दुग्धादिना व्यवहारसिद्धिर्निष्पाद्यते यथेश्वरेणोत्पादितस्य महतः सूर्यलोकस्य किरणा वाणवच्छेदकत्वेन सर्वान् पदार्थान् प्रविश्य वायुनोपर्यधो गमयित्वा सर्वान्सरसान् पदार्थान् कृत्वा सुखानि निष्पादयंति तथा राजा प्रजाः पालयेत् ॥ ३ ॥

पदार्थः— हे (अधिप्रवृद्ध) महोत्तमगुणयुक्त । (इन्द्र) शत्रुओं को विदीर्ण करने वाले । (सर्वसेनः) जिस के सब सेना । (पणिः) सत्य व्यवहारी । (चोष्कूयमाणः) सब शत्रुओं को भगाने वाले आप । (भूरि) बहुत । (इषुधीन्) जिस में बाण रक्खे जाते हैं उस को धर के जैसे । (अर्य्यः) वैश्य । (गाः) पशुओं को । (समजति) चलाता और खवाता है वैसे । (न्यासक्त) शत्रुओं को दृढ़बन्धनों से बांध और । (अस्मत्) हम से । (वामम्) अतिचिकार कर्म के कर्त्ता । (माभूः) मत हो जिस से । (यस्य) आप का प्रताप । (वष्टि) प्रकाशित हो और आप विजयी हों ॥ ३ ॥

भावार्थः— इस मन्त्र में लुप्तोपमालंकार है । राजा को चाहिये कि जैसे वैश्य गौओं का पालन तथा चराकर दुग्धादिकों से व्यवहार सिद्ध करता है और जैसे ईश्वर से उत्पन्न हुए सब लोकों में बड़े सूर्यलोक की किरणें बाण के समान छेदन करने वाली सब पदार्थों को प्रवेश करके वायु से ऊपर नीचे चला कर रस सहित सब पदार्थों करके सब सुख सिद्ध करते हैं इस के समान प्रजा का पालन करे ॥ ३ ॥

इन्द्रशब्देन पुनः सएवार्थ उपदिश्यते ॥

अगले मंत्र में इन्द्रशब्द से उसी के गुणों का उपदेश किया है ॥

वधीर्हि दस्युं धनिनं घनेन एकश्चरन्नुप-

शाकेभिरिन्द्र ॥ धनोरधि विषुणक्ते व्या-
यन्नयज्वानः सनकाः प्रेतिमीयुः ॥ ४ ॥

वधीः । हि । दस्युम् । धनिनम् । घनेन ।
एकः । चरन् । उपऽशाकेभिः । इन्द्र । धनोः ।
अधि । विषुणक् । ते । वि । आयन् । अयं-
ज्वनः । सनकाः । प्रऽइतिम् । ईयुः ॥ ४ ॥

पदार्थः— (वधीः) हिन्धि । अत्र लोडर्थे लुङ्डभावश्च । (हि) निश्चयार्थे । (दस्युम्) बलान्यायाभ्यां परस्वापहर्त्तारम् । (धनिनम्) धार्मिकं धनाढ्यम् । (घनेन) वज्राख्येन शस्त्रेण । मूर्तौ घनः । अ० ३ । ३ । ७७ इति घनशब्दोनिपातितस्तेन का-ठिन्यादिगुणयुक्तो हि शस्त्रविशेषो गृह्यते । अत्र । ईषा अक्षा-दिषु च छन्दसि प्रकृतिभावमात्रं द्रष्टव्यम् । अ० ६ । १ । १२७ इति वार्त्तिकेन प्रकृतिभावः । अत्र सायणाचार्य्येण द्रष्टव्यमिति भा-ष्यकारपाठमबुद्ध्वावक्तव्यमित्यशुद्धः पाठो लिखितः । मूलवार्त्ति-कस्यापि पाठो न बुद्धः । (एकः) यथैकोपिपरमेश्वरः सूर्यलोको वा । (चरन्) जानन् प्राप्तः सन् । (उपशाकेभिः) उपशक्यन्ते यैः कर्मभिस्तैः बहुलं छन्दसीति भिस ऐस् न । (इन्द्र) ऐश्वर्य-युक्त शूर वीर । (धनोः) धनुषोज्यायाः । (अधि) उपरि भावे । (विषुणक्) वैविषत्यधर्मेण ये ते विषवस्तान् नाशयति सः । अ-त्रान्तर्गतो ण्यर्थः । (ते) तव । (वि) विशेषार्थे । (आयन्) यन्ति प्राप्नुवन्ति । अत्र लडर्थे लङ् । (अयज्वानः) अयाज्ञस्ते यज्वानो न यज्वानो ऽयज्वा नः । (सनकाः) सनन्ति सेवन्ते पर-पदार्थान् ये ते । अत्र । क्वुन् शिल्पिसंज्ञयोरपूर्वस्यापि । उ० २ ।

३२ । (प्रेतिम्) प्रयन्ति म्रियन्ते येन तं मृत्युम् (ईयुः) प्राप्नुयुः । अत्र लङर्थे लिट् ॥ ४ ॥

अन्वयः— हे इन्द्र शूर वीर यथेश्वरः सूर्य्यलोकश्चोपशाकेभिरेकश्चरन् दुष्टान् हिनस्ति तथैकाकी त्वं घनेन दस्युं वधीर्हिंन्धि विनाशय विषुणक् त्वं धनो रधिवाणान् सत्काद स्यूनिवार्य धनिनं वर्द्धय । यथेश्वरस्य निन्दकाः सूर्यलोकस्य शत्रवो घनेन सामर्थ्येन किरणसमूहेन वा नाशं व्यायन् वियंति तथा हि ते तवायज्वानः सनकाः प्रेतिमीयुर्यथा प्राप्नुयुस्तथैव यतस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथेश्वरो जातशत्रुः सूर्यलोकोऽपि निहतवृत्रो भवति । तथैव मनुष्यैर्दस्यून् हत्वा धनिनो रक्षित्वाऽजातशत्रुभिर्भवितव्यमिति ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे (इन्द्र) ऐश्वर्ययुक्त शूर वीर एकाकी आप । जैसे ईश्वर वा सूर्य्यलोक । (उपशाकेभिः) सामर्थ्यरूपी कर्मों से । (एकः) एक ही (चरन्) जानता हुआ दुष्टों को मारता है वैसे (घनेन) वज्ररूपी शस्त्र से । (दस्युम्) बल और अन्यायसे दूसरे के धन को हरने वाले दुष्ट को । (वधीः) नाश कीजिये । और । (विषुणक्) अधर्मसे धर्मात्माओं को दुःख देने वालों के नाश करने वाले आप । (धनोः) धनुष के । (अधि) ऊपर बाणों को निकाल कर दुष्टों को निवारण करके । (धनिनम्) धार्मिक धनाढ्य की वृद्धि कीजिये जैसे ईश्वर की निन्दा करने वाले तथा सूर्यलोक के शत्रु मेघावयव । (घनेन) सामर्थ्य वा किरण समूह से नाश को । (व्यायन्) प्राप्त होते हैं वैसे (हि) निश्चय करके । (ते) तुम्हारे । (अयज्वानः) यज्ञ को न करने तथा । (सनकाः) अधर्म से औरों के पदार्थों का सेवन करने वाले मनुष्य । (प्रेतिम्) मरण को । (ईयुः) प्राप्त हों वैसा यत्न कीजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है । जैसे ईश्वर शत्रुओं से रहित तथा सूर्यलोक भी मेघ से निवृत्त हो जाता है वैसे ही मनुष्यों को चोर डाकू, वा शत्रुओं को मार और धनवाले धर्मात्माओं की रक्षा करके शत्रुओं से रहित होना अवश्य चाहिये ॥ ४ ॥

अथेन्द्रशब्देन शूरवीरकृत्यमुपदिश्यते ॥

अथ अगले मंत्र में इन्द्रशब्द से शूरवीर के काम का उपदेश किया है ॥

परा चिच्छीर्षा ववृजुस्त इन्द्रायज्वानो यज्वभिः स्पर्धमानाः ॥ प्र यद्दिवो हरिवः स्थातरुग्र निरव्रताँ अधमो रोदस्योः ॥५॥

परा । चित् । शीर्षा । ववृजुः । ते । इन्द्र । अयज्वानः । यज्वऽभिः । स्पर्धमानाः । प्र । यत् । दिवः । हरिऽवः । स्थातः । उग्र । निः । अव्रतान् । अधमः । रोदस्योः ॥ ५ ॥

पदार्थः– (परा) दूरीकरणे । (चित्) उपमायाम् । (शीर्षा) शिरांसि । अत्र । अचिशीर्षः अ० ६ । १ । ६२ । इति शीर्षादेशः शेश्छन्दसि ब० इतिशेर्लोपः । (ववृजुः) त्यक्तवन्तः । (ते) वक्ष्यमाणाः । (इन्द्र) शत्रुविदारयितः शूरवीर । (अयज्वानः) यज्ञानुष्ठानं त्यक्तवन्तः । (यज्वभिः) कृतयज्ञानुष्ठानैः सह । (स्पर्द्धमानाः) ईर्ष्यकाः । (प्र) प्रकृष्टार्थे । (यत्) यस्मात् । (दिवः) प्रकाशस्य । (हरिवः) हरयोऽश्वहस्त्यादयः प्रशस्ताः सेनासाधका विद्यन्ते यस्य स हरिवाँस्तत्संबुद्धौ । (स्थातः) यो युद्धे तिष्ठतीति तत्संबुद्धौ । (उग्र) दुष्टान् प्रति तीव्रव्रत । (निः) नितराम् । (अव्रतान्) व्रतेन सत्याचरणेन हीनान् मिथ्यावादिनो दुष्टान् । (अधमः) शब्दैः शिक्षय । (रोदस्योः) द्यावापृथिव्योः । रोदसी रिति द्यावापृथिव्योर्नामसु पठितम् । निघं० ३ । ३० ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे हरिवो युद्धं प्रति प्रस्थातरुग्रेन्द्र यथा प्रस्थातोग्रेन्द्रः सूर्यलोको रोदस्योः प्रकाशाकर्षणे कुर्वन् वृत्रावयवाँश्छित्त्वा पराधमति तथैव त्वं यदोऽयज्वानो यज्वभिः स्पर्द्धमानाः सन्ति ते यथा शीर्षा शिरांसि ववृजुस्त्यक्तवन्तो भवेयुस्तानव्रतांस्त्वं निरधमो नितरां शिक्षय दण्डय ॥ ५ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः। यथा सूर्यो दिनं पृथिव्यादिकं प्रकाशं च धृत्वा वृत्रान्धकारं निवार्य्य वृष्ट्या सर्वान् प्राणिनः सुखयति तथैव मनुष्यैः सद्गुणान् धृत्वाऽसद्गुणाँस्त्यक्त्वाऽधार्मिकान् दण्डयित्वा विद्यासुशिक्षाधर्मोपदेशवर्षणेन सर्वान् प्राणिनः सुखयित्वा सत्यराज्यं प्रचारणीयमिति ॥ ५ ॥

पदार्थः— हे (हरिवः) प्रशंसित सेना आदि के साधन घोड़े हाथियों से युक्त। (प्रस्थातः) युद्ध में स्थित होने और। (उग्र) दुष्टों के प्रति तीक्ष्णव्रत धारण करने वाले। (इन्द्र) सेनापति। (चित्) जैसे हरण आकर्षण गुण युक्त किरणवान् युद्ध में स्थित होने और दुष्टों को अत्यन्त ताप देने वाला सूर्यलोक। (रोदस्योः) अन्तरिक्ष और पृथिवी का प्रकाश और आकर्षण करता हुआ मेघ के अवयवों को छिन्नभिन्न कर उस का निवारण करता है वैसे आप। (यत्) जो। (अयज्वानः) यज्ञ के न करने वाले (यज्वभिः) यज्ञ के करने वालों से। (स्पर्द्धमानाः) ईर्षा करते हैं वे जैसे। (शीर्षा) अपने शिरों को। (ते) तुम्हारे सकाश से (ववृजुः) छोड़ने वाले हों वैसे उन। (अव्रतान्) सत्याचरण आदि व्रतों से रहित मनुष्यों को। (निरधमः) अच्छे प्रकार दण्ड देकर शिक्षा कीजिये ॥ ५ ॥

भावार्थः— इस मन्त्र में उपमालंकार है। जैसे सूर्य दिन और पृथिवी और प्रकाश को धारण तथा मेघ रूप अन्धकार को निवारण करके वृष्टि द्वारा सब प्राणियों को सुख युक्त करता है वैसे ही मनुष्यों को उत्तम २ गुणों का धारण खोटे गुणों को छोड़ धार्मिकों की रक्षा और अधर्मी दुष्ट मनुष्यों को दंड देकर विद्या उत्तम शिक्षा और धर्मोपदेश की वर्षा से सब प्राणियों को सुख देके सत्य के राज्य का प्रचार करना चाहिये ॥ ५ ॥

पुनस्तस्य किं कृत्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर उस का क्या कार्य है यह उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अयुयुत्सन्ननवद्यस्य सेनामयातयन्त क्षितयो नवग्वाः ॥ वृषायुधो न वध्रयो निरष्टाः प्रवद्भिरिन्द्राच्चितयन्त आयन् ॥ ६ ॥

अयुयुत्सन् । अनवद्यस्य । सेनाम् । अयातयन्त । क्षितयः । नवऽग्वाः । वृषऽयुधः । न । वध्रयः । निःऽअष्टाः । प्रवत्ऽभिः । इन्द्रात् । चितयन्तः । आयन् ॥ ६ ॥

पदार्थः— (अयुयुत्सन्) युद्धेच्छां कुर्य्युः । अत्र लिङर्थे लङ् । व्यत्ययेन परस्मैपदं च । (अनवद्यस्य) सद्गुणैः प्रशंसनीयस्य सेनाध्यक्षस्य । (सेनाम्) चतुरंगिणीं संपाद्य । (अयातयन्त) सुशिक्षया प्रयत्नवतीं संस्कुर्वन्तु । (क्षितयः) क्षियन्ति क्षयं प्राप्नुवन्ति निवसन्ति ये ते मनुष्याः । क्षितय इति मनुष्यनामसु पठितम् । निघं० २ । ३ । क्षि निवासगत्योरर्थयोर्वर्त्तमानाद्धातोः । क्तिच् क्तौ च संज्ञायाम् । अ० ३ । ३ । १७४ अनेन क्तिच् । (नवग्वाः) नवीनशिक्षाविद्याप्राप्ताः प्रापयितारश्च । नवगतयो नवनीतगतयो वा । निरु० ११ । १९ । (वृषायुधः) ये वृषेण वीर्य्यवता शूरवीरेण सह युध्यन्ते ते । वृषोपपदे क्विप् चेति क्विप् । अन्येषामपि दृश्यत इति दीर्घः । (न) इव । (वध्रयः) ये वध्यन्ते निर्वीर्या नपुंसका

॥ सूचना ॥

अनेक बार बांकी के लिये विज्ञापन दिये गये हैं परन्तु बड़े शोक की बात है कि बहुत से महाशय उन विज्ञापनों पर कुछ भी दृष्टि नहीं देते किन्तु अपने आर्य्य नाम को भी दूषित करते हैं और हमें उन के कारण से बार२ विज्ञापन देने पड़ते हैं कि जो मूल्यधन देने में टटोलाही सज्जन पुरुष हैं उन के भी दृष्टिगोचर वे विज्ञापन होते हैं यद्यपि यह बार२ विज्ञापनों का लिखना अयोग्य है तथापि फिर भी हम अपने उन ग्राहकों को प्रार्थना के साथ सूचना देते हैं कि जिन्हों ने वेदभाष्य के आरम्भ से तृतीय वर्ष पर्य्यन्त निम्न लिखित हिसाब के अनुकूल जो दाम दिये हों उन को छोड़ पिछले तीन वर्ष के हिसाब में जो बांकी दाम हों सो भेजकर अपना२ हिसाब चुका दें और चतुर्थवर्ष के भी दाम उन के साथ ही भेज दें नहीं तो हम अब अगले अंक में उन के नाम नादिहन्दों में लिखकर प्रकाशित करेंगे ॥

ऋग्वेद और यजुर्वेद का भाष्य मासिक छपता है उस का भूमिका सहित का हिसाब ॥

[१ वर्ष] प्रथम अंक से लेके ११ अंक भूमिका तक प्रथम वर्ष पूरा हुआ मूल्य ४)
[२ वर्ष] १२ अंक भूमिका से लेके दोनों वेदों के ५ अंक तक वर्ष पूरा हुआ मूल्य ५)
[३ वर्ष] वेदों के ६ अंक से लेके १७ अंक तक तीसरा वर्ष पूरा हुआ मूल्य ८)

तीनों वर्षों के दोनों वेदों के अंको का भूमिका और डांकमहसूल सहित मूल्य १७) और जो एक वेद ले उस को डांकमहसूल सहित ११।)॥ देना होता है जिन्हों ने तीसरे वर्ष के अंत तक १७) रुपये दिये हैं उन को दोनों वेदों के १७ वें अंक तक कुछ भी न देना होगा ॥

१८ वें अंक से ४ वर्ष का आरम्भ हो गया है मूल्य चतुर्थ वर्ष तक ८) रु० हैं॥
भूमिका सहित दोनों वेदों के अंकों का मूल्य चतुर्थ वर्ष तक २५॥) है।
भूमिका सहित एक वेद के अंकों का मूल्य चतुर्थ वर्ष तक १५।)॥

॥ प्रार्थना ॥

जो सज्जन दाम भेजा करें वे एक पत्र भी उन दामों के व्यौरे का उन के साथ ही भेज दिया करें जिस से ठीक२ हिसाब विदित हो कि वेदभाष्य के लिये इतने दाम और किताबों के लिये इतने हैं जिस से कि हिसाब में गलती न पड़े और रजस्टर में बार२ छेकना न हो ॥

॥ ऋग्वेदभाष्यम् ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्।

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम्।

अस्यैकैकांकस्य प्रतिमासं मूल्यम् भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तरप्रापण-
मूल्येन सहितं ।-)॥, मासद्वयस्यैकीकृतस्य ऽङ्कस्य ॥≡)
वार्षिकं तु ४)

इस ग्रंथ के प्रतिमास एक एक अंक का मूल्य भरत खंड के भीतर डांक
महसूल सहित ।-)॥ दो महीने के एक साथ छपे हुए अंक का ॥≡)
और वार्षिक मूल्य ४)

यस्य जनस्यास्य ग्रन्थस्य ग्रहणेच्छा भवेत्स काशीनगरे सादीरामस्य समीपं
वार्षिकं मूल्यं प्रेषयेत् प्रतिमासस्य मुद्रितमस्यांकं प्राप्स्यति ॥

जिस जनको इस ग्रन्थ के लेने की इच्छा हो वह काशी नगर में लाला सादीराम जी के पास
वार्षिक मूल्य भेजे प्रतिमास का छपा हुआ इस का अंक पावेगा ॥

पुस्तक (४०, ४१) अंक (२४, २५)

अयं ग्रंथः काश्यां वैदिकयंत्रालये मुद्रितः ॥

संवत् १९३७ चैत्र

विदित हो कि स्वामी दयानन्दसरस्वती जी इन दिनों में जयपुर में विराजमान हैं।
इस अंक में विज्ञापन दिये हैं सब सज्जन मनुष्य अवश्य पढ़ लेवें।

रसीद वेदभाष्य मूल्य ।

शिव बक्स दुबे सूबेदार मेजर	सहाबाद	१४)
गंगाप्रसाद आर्य्या	सीतापुर	६)
लाला बंसीलालसिंह वकील हाई कोर्ट	खीरी	२१)
बाबू खेमकरणदास ओवरसियर सितारगंज	जि० तराई	८)
बदरीदीन सब डिपुटी इन्सपेक्टर	अकबरपुर	८)
नारायण राव कवि सेक्रेटरी नेटिव लायब्रेरी	कोल्हापुर	७)
पण्डित लक्ष्मीनारायण असिस्टेंट सेटिल्मेंट आफिस, रहीका जि० दरभंगा मारफत मेनेजर थियोसोफिस्ट		२६)

रसीद वेदभाष्य मूल्य जो बाबू गुलाबचन्द के मारफत दानापुर आर्य्य समाज सभासदों के रुपैये पाये निम्नलिखित ब्यौरे से ।

बाबू जनकधारीलाल	दानापुर समाज	४)
,, बुद्धूलाल	,,	१)
,, माखनलाल	,,	२)
,, भोलानाथ	,,	४)
,, रामनारायणलाल	,,	२)
,, शिवगुलाम प्रसाद	,,	४)
,, महावीर प्रसाद	,,	८)
,, जवाहरलाल	,,	८)
,, गुलाबचंद	,,	८)
,, माधवलाल	,,	८)
,, ठाकुरप्रसाद	,,	४)
,, रामनारायणलाल	,,	४)
,, दानापुर आर्य्यसमाज	,,	८)

वीर्य्यहीनास्ते । (निरष्टाः) ये नितरां अश्यन्ते व्याप्यन्ते शत्रुभिर्बलेनते । (प्रवद्भिः) ये नीचमार्गैः प्रवन्ते स्रवन्ते तैः । (इन्द्रात्) शूरवीरात् । (चितयन्तः) धनुर्विद्यया प्रहारादिकं संजानन्तः । (आयन्) ईयुः । अत्र लिङर्थे लङ् ॥ ६ ॥

अन्वयः– हे नवग्वा वृषायुधश्चितयन्तः श्चितयो मानुषा भवन्तो यस्यानवद्यस्य सेनामयातयंत दुष्टैः शत्रुभिः सहायुयुत्सन् यस्मादिन्द्रात्सेनाध्यक्षात् वध्रयो नेव शत्रवश्चितयन्तो निरष्टाः सन्तः प्रवद्भिर्मार्गैरायन् पलायेरंस्तं सेनाध्यक्षं स्वीकुर्वन्तु ॥ ६ ॥

भावार्थः– अत्रोपमालंकारः । ये मानवाः शरीरात्मबलयुक्तं शूरवीरं धार्म्मिकं मनुष्यं सेनाध्यक्षं कृत्वा सर्वथोत्कृष्टां सेनां संपाद्य यदा दुष्टैः सह युद्धं कुर्वन्ति तदायथासिंहस्य समीपादजावीरस्य समीपाद्वोरवः सूर्यस्य प्रतापाद्वृत्रावयवा नश्यन्ति तथा तेषां शत्रवो नष्टसुखार्दर्शितपृष्ठा इतस्ततः पलायन्ते । तस्मात्सर्वैर्मनुष्यैरीदृशं सामर्थ्यं संपाद्य राज्यं भोक्तव्यमिति ॥ ६ ॥

पदार्थः– हे । (नवग्वाः) नवीन२ शिक्षा वा विद्या के प्राप्त करने और कराने । (वृषायुधः) अतिप्रबल शत्रु केसाथ युद्ध करने । चितयन्तः) युद्धविद्या से युक्त । (श्चितयः) मनुष्य लोगो आप । (अनवद्यस्य) जिस उत्तम गुणों से प्रशंसनीय सेनाध्यक्ष की । (सेनाम्) सेना को । (अयातयन्त) उत्तम शिक्षा से यत्नवाली करके शत्रुओं के साथ। (अयुयुत्सन्) युद्ध की इच्छा करी जिस । (इन्द्रात्) शूरवीर सेनाध्यक्ष से (वध्रयः) निर्बल नपुंसकों के । (न) समान शत्रुलोग । (निरष्टाः) दूर२ भागते हुए । (प्रवद्भिः) पलायन योग्य मार्गों से । (आयन्) निकल जावें उस पुरुष को सेनापति कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में उपमालंकार है । जो मनुष्य शरीर और आत्मबल वाले शूर वीर धार्मिक मनुष्य को सेनाध्यक्ष और सर्वथा उत्तम सेना को संपादन करके जब दुष्टों के साथ युद्ध करते हैं तभी जैसे सिंह के समीप से बकरी और मनुष्य के समीप से भीड मनुष्य और सूर्य के ताप से मेघ के अवयव नष्ट होते

हैं वैसे ही उक्त वीरों के समीप से शत्रु लोग सुख से रहित और पीठ दिखाकर इधर उधर भाग जाते हैं इस से सब मनुष्यों को इस प्रकार का सामर्थ्य संपादन कर के राज्य का भोग सदा करना चाहिये ॥ ६ ॥

पुनरिन्द्रशब्देन शूरवीरकर्त्तव्यमुपदिश्यते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्रशब्द से शूरवीर के काम का उपदेश किया है ॥

त्वमेतान् रुदतो जक्षतश्चायोधयो रजस इन्द्र पारे ॥ अवादहो दिव आ दस्युमुच्चा प्र सुन्वतः स्तुवतः शंसमावः ॥ ७ ॥

त्वम् । एतान् । रुदतः । जक्षतः । च । अयोधयः । रजसः । इन्द्र । पारे । अव । अदहः । दिवः । आ । दस्युम् । उच्चा । प्र । सुन्वतः । स्तुवतः । शंसम् आवः ॥ ७ ॥

पदार्थः— (त्वम्) युद्धविद्याविचक्षणः । (एतान्) परपीडाप्रदान् दुष्टान् शत्रून् (रुदतः) रोदनं कुर्वतः । (जक्षतः) भक्षणं सहनं कुर्वतः । (च) समुच्चये । (अयोधयः) सम्यक् योधय । अत्र लोडर्थे लङ् । (रजसः) पृथिवीलोकस्य । लोका रजांस्युच्यन्ते । निरु० । ४ । १४ (इन्द्र) राज्यैश्वर्ययुक्त । (पारे) परभागे । (अव) अर्वागर्थे । (अदहः) दह । (दिवः) सुशिक्षयेश्वरधर्मशिल्पयुद्धविद्यापरोपकारादिप्रकाशात् । (आ) समन्तात् । (दस्युम्) बलादन्यायेन परपदार्थहर्त्तारम् । (उच्चा) उच्चानि सुखानि कर्माणि वा । (प्र) प्रकृष्टार्थे । (सुन्वतः) निष्पादयतः । (स्तुवतः)

गुणस्तुतिं कुर्वतः। (शंसम्) शंसंति येन शास्त्रबोधेन तम्। (आवः) रक्ष प्राप्नुहि वा ॥ ७॥

अन्वयः— हे इन्द्र सेनैश्वर्ययुक्त सेनाध्यक्ष त्वमेतान् दुष्टकर्मकारिणो रुदतो रोदनंकुर्वतो शत्रून् जन्तून्वादस्युं च स्वकीयभृत्यान् जक्षतो बहुविधभोजनादिप्रापितान् कारितहर्षांश्चायोधयः। एतान् धर्मशत्रून् रजसः पारे कृत्वाऽवादहः। एवं दिवउच्चोत्कृष्टानि कर्माणि प्रसुन्वत आस्तुवतस्तेषां शंसं च प्रावः ॥ ७॥

भावार्थः— मनुष्यैर्युद्धार्थं विविधं कर्म कर्त्तव्यम्। प्रथमं स्वसेनास्थानां पुष्टिहर्षकरणं दुष्टानां बलोत्साहभंजनसंपादनं नित्यं कार्यम्। यथा सूर्यः स्वकिरणैः सर्वान् प्रकाश्य वृत्रान्धकारनिवारणाय प्रवर्त्तते तथा सर्वदोत्तमकर्मगुणप्रकाशनाय दुष्टकर्मदोषनिवारणाय च नित्यं प्रयत्नः कर्त्तव्य इति ॥ ७॥

पदार्थः— हे (इन्द्र) सेना के ऐश्वर्य से युक्त सेनाध्यक्ष (त्वम्) आप। (एतान्) इन दूसरों को पीड़ा देने दुष्टकर्म करने वाले। (रुदतः) रोते हुए जीवों (च) और (दस्युम्) डांकुओं को दण्ड दीजिये तथा अपने भृत्यों का। (जक्षतः) अनेक प्रकार के भोजन आदि देते हुए आनन्द करने वाले मनुष्यों को उन के साथ। (अयोधयः) अच्छे प्रकार युद्ध कराइये और इन धर्म के शत्रुओं को। (रजसः) पृथिवी लोक के। (पारे) परभाग में करके। (अवादहः) भस्म कीजिये इसी प्रकार। (दिवः) उत्तम शिक्षा से ईश्वर धर्म शिल्प युद्ध विद्या और परोपकार आदि के प्रकाशन से। (उच्चा) उत्तम २ कर्म वा सुखों को। (प्रसुन्वतः) सिद्ध करने तथा (आस्तुवतः) गुणस्तुति करने वालों की (प्रावः) रक्षा कीजिये और उन की (शंसम्) प्रशंसा को प्राप्त हूजिये ॥ ७॥

भावार्थः— मनुष्यों को युद्ध के लिये अनेक प्रकार के कर्म करने अर्थात् पहिले अपनी सेना के मनुष्यों की पुष्टि आनन्द तथा दुष्टों का दुर्बल पन वा उत्साह भंग नित्य करना चाहिये जैसे सूर्य अपनी किरणों से सब को प्रकाशित करके मेघ के अंधकार निवारण के लिये प्रवृत्त होता है वैसे सब काल में उत्तम कर्म वा गुणों के प्रकाश और दुष्ट कर्म दोषों की निवृत्ति के लिये नित्य यत्न करना चाहिये ॥ ७॥

पुनरिन्द्रकृत्यमुपदिश्यते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्र के कृत्य का उपदेश किया है ॥

चक्राणासः परीणहं पृथिव्या हिरण्येन मणिना शुम्भमानाः। नहि न्वानासस्तितिरुस्त इन्द्रं परि स्पशो अदधात् सूर्येण ॥ ८ ॥

चक्राणासः। परिऽनहम्। पृथिव्याः। हिरण्येन। मणिना। शुम्भमानाः। न। हिन्वानासः। तितिरुः। ते। इन्द्रम्। परि। स्पशः। अदधात्। सूर्येण ॥ ८ ॥

पदार्थः— (चक्राणासः) भृशं युद्धं कुर्वाणाः। (परीणहम्) परितस्सर्वतः प्रबन्धनं सुखाच्छादकत्वेन व्यापनं वा। णह बन्धन-इत्यस्मात् क्विप्चेति क्विप् नहिवृति० अनेनादेर्दीर्घः। (पृथिव्याः) भूमेः राज्यस्य। (हिरण्येन) न्यायप्रकाशेन सुवर्णादिधातुमयेन वा। (मणिना) आभूषणेन। (शुम्भमानाः) शोभायुक्ताः। (न) निषेधार्थे (हिन्वानासः) सुखं संपादयन्तः। (तितिरुः) प्लवन्त उल्लंघयन्ति। अत्र लडर्थे लिट्। (ते) शत्रवो दुष्टा मनुष्याः। (इन्द्रम्) सबलं सेनाध्यक्षम्। (परि) सर्वतो भावे। (स्पशः) ये स्पृशन्ति ते। अत्र क्विप् (अदधात्) दधाति। अत्र लडर्थे लङ्। (सूर्येण) सवितृमण्डलेनेव ॥ ८ ॥

अन्वयः— यथा यान् सूर्यः पर्य्यदधात् परिदधाति ते इत्था वयवा घनाः सूर्यस्य प्रकाशं स्पशो बाधमानाः पृथिव्याः परीणहं

चक्राणासो हिरण्येन मणिनेव सूर्य्येण शुम्भमाना हिन्वानास इन्द्रं नतितिरुर्नभवन्ते मोल्लंघयंति तथा सेनाध्यक्षादोंश्च जनान् शत्रवो बाधितुं समर्था यथा नस्युस्तथा सर्वैरनुष्ठेयम् ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथा परमात्मना सूर्येण सह प्रकाशाकर्षणादीनि कर्माणि निबद्धानि तथैवविद्याधर्मन्यायशूरवीरसेनादिसामग्रीप्राप्तेन पुरुषेण सह पृथिवीराज्यं नियोजितमस्ति ॥ ८ ॥

पदार्थः— जैसे जिन को सूर्य्य । (पर्य्यदधात्) सब ओर से धारण करता है । (ते) वे मेघ के अवयव बादल सूर्यके प्रकाश को । (स्पशः) बाधने वाले । (पृथिव्याः) पृथिवी को । (परीणहम्) चौतर्फी घेरे हुए के समान । (चक्राणासः) युद्ध करते हुए । (हिरण्येन) प्रकाश रूप । (मणिना) मणि से जैसे (सूर्य्येण) सूर्य्यके तेजसे । (शुम्भमानाः) शोभायमान । (हिन्वानासः) सुखों को संपादन करते हुए । (इन्द्रम्) सूर्यलोक को । (न) नहीं । (तितिरुः) उल्लंघन कर सकते हैं वैसे ही सेनाध्यक्ष अपने धार्मिक शूरवीर आदि को शत्रुजन जैसे जीतने को समर्थ न हों वैसा प्रयत्न सब लोग किया करें ॥ ८ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है ॥ जैसे परमेश्वर ने सूर्य के साथ प्रकाश आकर्षणादि कर्मों का निबन्धन किया है वैसे ही विद्या धर्म-न्याय शूरवीरों की सेनादि सामग्री को प्राप्त हुए पुरुष के साथ इस पृथिवी के राज्य को नियुक्त किया है ॥ ८ ॥

पुनरिन्द्रस्य कृत्यमुपदिश्यते

फिर अगले मंत्र में इन्द्रके कृत्य का उपदेश किया है ॥

परि यदिन्द्र रोदसी उभे अबुभोजीर्महिना विश्वतः सीम् ॥ अमन्यमानाँ अभि मन्यमानैर्निर्ब्रह्मभिरधमो दस्युमिन्द्र ॥ ९ ॥

परि । यत् । इन्द्र । रोदसीइति । उभेइति । अबुभोजीः । महिना । विश्वतः । सीम् । अमन्यमानान् । अभि । मन्यमानैः । निः । ब्रह्मभिः । अधमः । दस्युम् । इन्द्र ॥९॥

पदार्थः– (परि) सर्वतो भावे। (यत्) यस्मात् (इन्द्र) ऐश्वर्य योजक राजन्। (रोदसी) भूमिप्रकाशौ। (उभे) द्वे (अबुभोजीः) आकर्षणेन न्यायेन वा पालयसि पालयति वा। अत्र भुजपालनाभ्यवहारयोर्लङर्थे लङि सिपि बहुलं छंदसीति शपः स्थानआदिष्टस्य श्नमः स्थाने श्लुः श्लाविति द्वित्वम् बहुलं छन्दसीतीडागमश्च। (महिना) महिम्ना। अत्र छान्दसो वर्णलोपो वा यथेष्कर्तारमध्वर इति मलोपः। (विश्वतः) सर्वतः। (सीम्) सुखप्राप्तिः। सीमिति पदनामसु पठितम्। निघं० ४। २ अनेन प्राप्त्यर्थो गृह्यते। सीमिति परिग्रहार्थीयः। निरु० १। ७। (अमन्यमानान्) अज्ञानहठाग्रहयुक्तान् सूर्यप्रकाशनिरोधकान् मेघावयवान् वा। (अभि) आभिमुख्ये। (मन्यमानैः) विद्यार्जवयुक्तैर्दुराग्रहरहितैर्मनुष्यैर्ज्ञानसंपादकैः किरणैर्वा। (निः) सातत्ये। (ब्रह्मभिः) वेदैर्ब्रह्मविद्भिर्ब्राह्मणैर्वा। ब्रह्म हि ब्राह्मणः। शतः। ५। १। १। ११। (अधमः) शिक्षय अग्निना संयोजयति वा। लोडर्थे लङर्थे वा लुट्। (दस्युम्) दुष्टकर्मणा सह वर्त्तमानं परद्रोहिणं परस्वहर्त्तारं चोरं शत्रुं वा। (इन्द्र) राज्यैश्वर्ययुक्त सेनाध्यक्ष शूरवीर मनुष्य ॥ ९ ॥

अन्वयः– हे इन्द्र त्वं यथेन्द्रः सूर्यलोको महिना महिम्नो

भे रोदसी सीं विश्वतः पर्यबुभोजीः । मन्यमानैर्ब्रह्मभिर्बृहत्तमैः किरणैर्दस्युं त्वं मेघममन्यमानान्मेघावयवान् घनान् यद्यस्मात्-भिनिरधमः । अभितो नितरां स्वतापाग्नियुक्तान् कृत्वा निवारयति तथा विश्वतो महिम्नासौसुभे रोदसी पर्यबुभोजीः सर्वतो भुंग्धि । एवं च हे इन्द्र मन्यमानैर्ब्रह्मभिरमन्यमानान्मनुष्यान् दस्युं दुष्टपुरुषं चाभिनिरधमश्राभिमुख्यतया शिक्षय ॥ ९ ॥

भावार्थः— अत्रवाचकलुप्तोपमालंकारः । यथासूर्यलोकः सर्वान्पृथिव्यादिमूर्तिमतो लोकान्प्रकाशाकर्षणेन धृत्वा पालको भूत्वा त्वरात्र्यंधकारान्निवारयति तथैव हे मनुष्याभवन्तः सुशिक्षितैर्विद्वद्भिर्मूर्खाणां मूढतां निवार्य दुष्टशत्रून् शिक्षित्वा महद्राज्यसुखं नित्यं भुंजीरन्निति ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे (इन्द्र) ऐश्वर्य्य का योग करने वाले राजन् आप को योग्य है कि जैसे सूर्यलोक । (महिना) अपनी महिमा से । (उभे) दोनों । (रोदसी) प्रकाश और भूमि को । (सीम्) जीवों के सुख की प्राप्ति के लिये । (विश्वतः) सब प्रकार आकर्षण से पालन करता और । (मन्यमानैः) ज्ञान संपादक । (ब्रह्मभिः) बड़े आकर्षणादि बल युक्त किरणों से । (दस्युम्) मेघ और । (अमन्यमानान्) सूर्य्यप्रकाश के रोकने वाले मेघ के अवयवों को । (निरधमः) चारो ओर से अपने ताप रूप अग्नि करके निवारण करता है वैसे सब प्रकार अपनी महिमा से प्राणियों के सुख के लिये (उभे) दोनों (रोदसी)प्रकाश और पृथिवी का (पर्य्यबुभोजीः) भोग कीजिये इसी प्रकार हे (इन्द्र) राज्य के ऐश्वर्य्य से युक्त सेनाध्यक्ष शूरवीर पुरुष आप (मन्यमानैः) विद्या की नम्रता से युक्त हठ दुराग्रह रहित (ब्रह्मभिः) वेद के जानने वाले विद्वानों से । (अमन्यमानान्) अज्ञानी दुराग्रही मनुष्यों को । (अभिनिरधमः) साक्षात्कार शिक्षा कराया कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है । जैसे सूर्यलोक सब पृथिव्यादि मूर्तिमान् लोकों का प्रकाश आकर्षण से धारण और पालन करने वाला होकर मेघ और रात्रि के अंधकार को निवारण करता है वैसे ही हे मनु-

थो आप लोग उत्तम शिक्षित विद्वानों से मूर्खों की मूढता छुड़ा और दुष्ट मनुष्यों को शिक्षा देकर बड़े राज्य के सुख का भोग नित्य कीजिये ॥ ९ ॥

पुनरिन्द्रकर्माण्युपदिश्यन्ते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्र के कर्मों का उपदेश किया है ॥

न ये दिवः पृथिव्या अन्तमापुर्न मायाभिर्धनदां पर्यभूवन् ॥ युजं वज्रं वृषभश्चक्र इन्द्रो निर्ज्योतिषा तमसो गा अदुक्षत् ॥ १० ॥

न । ये । दिवः । पृथिव्याः । अन्तम् । आपुः । न । मायाभिः । धनऽदाम् । परिऽअभूवन् । युजम् । वज्रम् । वृषभः । चक्रे । इन्द्रः । निः । ज्योतिषा । तमसः । गाः । अदुक्षत् ॥ १० ॥

पदार्थः– (न) निषेधार्थे । (ये) मेघावयवघनवृहत्स्वादयः शत्रवः । (दिवः) सूर्यप्रकाशस्येव न्यायबलपराक्रमदीप्तेः । (पृथिव्याः) पृथिवीलोकस्यान्तरिक्षस्येव पृथिवीराज्यस्य । पृथिवीत्यन्तरिक्षनामसु पठितम् । निघं॰ १ । ३ । पदनामसु च निघं॰ । ५ । ३ । अनेन सुखप्राप्तिहेतुसार्वभौमराज्यं गृह्यते । (अन्तम्) सीमानम् । (आपुः) प्राप्नुवन्ति । अत्र लडर्थे लिट् । (न) निषेधार्थे । (मायाभिः) गर्जनांधकारविद्युदादिवत्कपटधूर्त्ततादिभिः । (धनदाम्) दृष्टिवद्राजनीतिम् । (पर्य्यभूवन्) परितस्स-

वैतस्तिरस्कुर्वन्ति । (युजम्) यो युज्यते तम् । अत्र क्विप् । (वज्रम्) छेदकत्वादिगुणयुक्तं किरणविद्युदाख्यादिवशस्त्रादिकम् । वज्र इति वज्रनामसु पठितम् । निघं० २ । २० । (वृषभः) जलवद्वर्षयति शस्त्रसमूहम् (चक्रे) करोति । अत्र लडर्थे लिट् (इन्द्रः) सूर्यलोकसदृक् शूरवीर सभाध्यक्षोराजा (निः) नितराम् । (ज्योतिषा) प्रकाशवद्विद्यान्यायादिसद्गुणप्रकाशेन (तमसः) अंधकारवदविद्याछलाधर्मव्यवहारस्य (गाः) पृथिवी इव मन आदीन्द्रियाणि (अधुक्षत्) प्रपिपुर्द्धि । अत्र लोडर्थे लुङ् ॥ १० ॥

अन्वयः- हे सभेश त्वं यथाऽस्य वृत्रस्य ये घनादयोऽवयवा दिवः सूर्यप्रकाशस्य पृथिव्या अन्तरिक्षस्यचान्तं नापुर्मायाभिर्धनदां न पर्यभूवन् तानुपरि वृषभ इन्द्रो युजं वज्रं प्रक्षिप्य ज्योतिषा तमस आवरणं निश्चक्रे गा अधुक्षत्तथा शत्रुषु वर्त्तस्व ॥ १० ॥

भावार्थः- अत्रवाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्यैः सूर्यस्य स्वभावप्रकाशसदृशानि कर्माणि कृत्वा सर्वशत्रुन्यायाऽन्धकारं विनाश्य धर्मेण राज्यं सेवनीयम् । न हि मायाविना कदाचित् स्थिरं राज्यं जायते तस्मात्सत्यममायाविभिर्विद्वद्भिः शत्रुप्रयुक्तां मायां निवार्य्य राज्यकरणायोद्यतैर्भवितव्यमिति ॥ १० ॥

पदार्थः- हे सभा के स्वामी आप जैसे इस मेघ के (ये) जो बद्दलादि अवयव । (दिवः) सूर्य के प्रकाश और । (पृथिव्याः) अन्तरिक्ष की (अन्तम्) मर्यादा को (नापुः) नहीं प्राप्त होते (मायाभिः) अपनी गर्जना अंधकार और बिजली आदि माया से (धनदाम्) पृथिवी का (न) (पर्य्यभूवन्) अच्छे प्रकार आच्छादन नहीं कर सकते हैं उन पर (वृषभः) वृष्टिकर्त्ता (इन्द्रः) छेदन करने हारा सूर्य (युजं) प्रहार करने योग्य (वज्रम्) किरण समूह को फेंक के (ज्योतिषा) अपने तेज प्रकाश से । (तमसः) अंधेर को (निश्चक्रे) निकाल देता और (गाः) पृथिवी लोकों को वर्षा से (अधुक्षत्) पूर्ण करदेता है वैसे जो शत्रु जन न्याय के प्रकाश और भूमि के राज्य के अन्त को न पावें धन देने वाली

राजनीति का नाश न कर सकें उन वैरियों पर अपनी प्रभुता विद्यादान से अविद्या की निवृत्ति और प्रजा को सुखों से पूर्ण किया कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। मनुष्यों को योग्य है कि सूर्य के तेजरूप स्वभाव और प्रकाश के सदृश कर्म कर और सब शत्रुओं के अन्यायरूप अंधकार का नाश करके धर्म से राज्य का सेवन करें। क्योंकि छली कपटी लोगों का राज्य स्थिर कभी नहीं होता इस से सब को छलादि दोष रहित विद्वान् होके शत्रुओं की माया में न फस के राज्य का पालन करने के लिये अवश्य उद्योग करना चाहिये ॥ १० ॥

पुनस्तस्येन्द्रस्य कृत्यमुपदिश्यते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्र के कर्मों का उपदेश किया है ॥

अनुं स्वधामंक्षरन्नापो अस्यावंर्द्धत मध्य आ नाव्यांनाम् ॥ सध्रीचीनेंन मनंसा तमिन्द्र ओजिष्ठेन हन्मंनाहन्नभि द्यून् ॥ ११ ॥

अनुं । स्वधाम् । अक्षरन् । आपंः । अस्य । अवंर्धत । मध्ये । आ । नाव्यांनाम् । सध्रीचीनेंन । मनंसा । तम् । इन्द्रंः । ओजिष्ठेन । हन्मंना । अहन् । अभि । द्यून् ॥ ११ ॥

पदार्थः— (अनु) वीप्सायाम् । (स्वधाम्) अन्नमन्नं प्रति (अक्षरन्) संचलन्ति । अत्र सर्वत्र लडर्थे लङ् (आपः) जलानि (अस्य) सूर्यस्य (अवर्धत) वर्धते । (मध्ये) (आ) समन्तात्

(नाव्यानाम्) नावा तार्य्याणां नदी तड़ागसमुद्राणां । नौ वयो धर्मेत्यादिना यत् । (सध्रीचीनेन) सहांचति गच्छति तत्सध्र्यङ् सध्र्यङ् एव सध्रीचीनं तेन । सहस्य सध्रिः । अ० ६ । ३ । ६५ अनेन सध्र्यादेशः । विभाषांचेरदिक् स्त्रियाम् अ० ६ । ३ । १३८ इति दीर्घत्वम् (मनसा) मनोवद्वेगेन (तम्) वृत्रम् (इन्द्रः) विद्युत् (ओजिष्ठेन) ओजो बलं तदतिशयितं तेन । ओज इति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ६ (हन्मना) हन्ति येन तेन । अत्र कृतो बहुलमिति । अन्येभ्योपि दृश्यंत इति करणे मनिन् प्रत्ययः । न संयोगाद्वमन्तात् । अ० ६ । ४ । १३७ इत्यल्लोपो न (अहन्) हन्ति । (अभि) आभिमुख्ये (द्यून्) दीप्तान् दिवसान् ॥ ११ ॥

अन्वयः– हे सेनाधिपते यथाऽस्य वृत्रस्य शरीरं नाव्यानां मध्ये आवर्धत यथास्य आपः सूर्य्येण छिन्ना अनुस्वधामक्षरन् । यथाचायं वृत्रः सध्रीचीनेनौजिष्ठेन हन्मना मनसाऽस्य सूर्य्यस्याभिद्यूनहन् हन्ति । यथेन्द्रो विद्युत् सध्रीचीनेनौजिष्ठेन बलेन तं हन्ति । अभिद्यून् स प्रकाशान् दर्शयति तथा नाव्यानां मध्ये नौकादिसाधनसहितं बलमावर्धयास्य युद्धस्य मध्ये प्राणादीनीं-द्रियाण्यनुस्वधां चालय सैन्येन तमिमं शत्रुं छिंधि न्यायादीन् प्रकाशय च ॥ ११ ॥

भावार्थः– अत्रवाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा विद्युता हतं हत्वा निपातिता दृष्टिर्यवादिकमन्नं नदीतड़ागसमुद्रजलं च वर्धयति तथैव मनुष्यैः सर्वेषां शुभगुणानां सर्वतो वर्षणेन प्रजाः सुखयित्वा शत्रून् हत्वा विद्यासद्गुणान् प्रकाश्य सदा धर्मः सेवनीय इति ॥ ११ ॥

पदार्थः– हे सेना के अध्यक्ष आप जैसे । (अस्य) इस मेघ का शरीर (नाव्यानाम्) नदी, तड़ाग, और समुद्रों में (आवर्धत) जैसे इस मेघ में स्थित

हुए (आपः) जल सूर्य से छिन्न भिन्न होकर (अनुस्वधाम्) अन्न २ के प्रति (अचरन्) प्राप्त होते और जैसे यह मेघ (सध्रीचीनेन) साथ चलने वाले (ओजिष्ठेन) अत्यन्त बल युक्त (हन्मना) हनन करने के साधन (मनसा) मन के सदृश बेग से इस सूर्य के (अभिद्यून्) प्रकाश युक्त दिनों को (अहन्) अंधकार से ढांप लेता और जैसे सूर्य अपने साथ चलने वाले किरण समूह के बल वा बेग से (तम्) उस मेघ को (अहन्) मारता और अपने (अभिद्यून्) प्रकाश युक्त दिनों का प्रकाश करता है वैसे नदी तड़ाग और समुद्र के बीच नौका आदि साधन के सहित अपनी सेना को बढ़ा तथा इस युद्ध में प्राण आदि सब इन्द्रियों को अन्नादि पदार्थों से पुष्ट करके अपनी सेना से (तम्) उस शत्रु को (अहन्) मारा कीजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालंकार है । जैसे बिजली ने मेघ को मार कर पृथिवी पर गेरी हुई वृष्टि यव आदि अन्न २ को बढ़ाती और नदी तड़ाग समुद्र के जल को बढ़ाती है वैसे ही मनुष्यों को चाहिये कि सब प्रकार शुभ गुणों की वर्षा से प्रजा सुख शत्रुओं का मारण और विद्या वृद्धि से उत्तम गुणों का प्रकाश करके धर्म का सेवन सदैव करें ॥ ११ ॥

पुन रिन्द्रस्य कृत्यमुपदिश्यते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्र के कृत्य का उपदेश किया है ॥

न्य॑विध्यदिलीबि॒शस्य॑ दृ॒ळ्हा वि शृ॒ङ्गिण॑मभिन॒च्छुष्ण॒मिन्द्रः॑ ॥ याव॒त्तरो॑ मघव॒न्याव॒दोजो॒ वज्रे॑ण॒ शत्रु॑मवधीः पृत॒न्युम् ॥ १२ ॥

नि । अ॒वि॒ध्य॒त् । इ॒ली॒बि॒शस्य॑ । दृ॒ळ्हा । वि । शृ॒ङ्गिण॑म् । अ॒भि॒न॒त् । शुष्ण॑म् । इन्द्रः॑ । याव॑त् । तरः॑ । म॒घ॒ऽव॒न् । याव॑त् । ओजः॑ । वज्रे॑ण । शत्रु॑म् । अ॒व॒धीः॒ । पृ॒त॒न्युम् ॥ १२ ॥

पदार्थः— (नि) निश्चितार्थे (अविध्यत्) विध्यति । अत्र लडर्थे लङ् । (इलीविशस्य) इलायाः पृथिव्या विले गर्त्ते शेते तस्य वृत्रस्य इलेति पृथिवीनामसु पठितम् । निघं० १ । १ । इद-मभीष्टं पदं पृषोदरादिना सिध्यति । इलीविशस्य इलाबिलशयस्य । निरु० ६ । १९ (दृढा) दृढानि हंहितानि वर्द्धितानि किरणशस्त्राणि (वि) विशेषार्थे (शृंगिणम्) शृंगवदुन्नतविद्युद्गर्जनाकारणघनीभूतं मेघं (अभिनत्) भिनत्ति । अत्र लडर्थे लङ् (शुष्णम्) शोषणकर्त्तारम् (इन्द्रः) विद्युत् (यावत्) वक्ष्यमाणम् (तरः) तरति येन बलेन तत् । तर इति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ९ । (मघवन्) महाधनप्रद महाधनयुक्त वा (यावत्) वक्ष्यमाणम् (ओजः) पराक्रमः (वज्रेण) छेदकेन वेगयुक्तेन तापेन (शत्रुम्) वृत्रमिव शत्रुम् (अवधीः) छिन्धि । अत्र लोडर्थे लुङ् (पृतन्युम्) पृतनां सेनामिच्छतीव पृतन्यति पृतन्यतीति पृतन्युस्तम् कव्यध्व-रपृतनस्यर्चि लोपः । अ० ७ । ४ । ३९ ॥ १२ ॥

अन्वयः— हे मघवन् वीरस्त्वं यथेन्द्रः स्तनयित्नुरिलीविशस्य वृत्रस्य सर्वधानि दृढा दृढानि घनादीनि व्यभिनत् भिनत्ति स्वस्य यावत्तरो यावदोजोस्ति तेन सह युजा वज्रेण शृंगिणं शुष्णं न्यविध्यत् निहंति पृतन्युं वृत्रमिव शत्रुमवधीर्हन्ति तथा शत्रुषु चेष्टस्व ॥ १२ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथा विद्युद् मेघावयवान् भित्त्वा जलं वर्षयित्वा सर्वान् सुखयति तथैव मनुष्यैः सुशिक्षितया सेनया दुष्टगुणान् दुष्टान्मनुष्याँश्चोपदेश्य प्रचंड-दंडास्त्रशस्त्रवृष्टिभ्यां शत्रून्निवार्य प्रजायां सततं सुखानि वर्षणीयानीति ॥ १२ ॥

पदार्थः— हे (मघवन्) अत्यन्त धनदाता महाधन युक्त वीर आप जैसे

(इन्द्रः) बिजुली आदि बल युक्त सूर्यलोक (इलीविशस्य) पृथिवी के गढ़ों में सोने वाले मेघ के संबन्धी (दृढा) दृढ रूप बद्दलादिकों को (अभिनत्) भिन्न २ अपना (यावत्) जितना (तरः) बल और (यावत्) जितना (ओजः) पराक्रम है उस से युक्त हुए (वज्रेण) किरण समूह से (शृंगिणं) सींगों के समान ऊंचे (शुष्णम्) ऊपर चढ़ते हुए पदार्थों को सुखाने वाले मेघ को (व्यविध्यत्) नष्ट और (पृतन्युम्) सेना की इच्छा करते हुए (शत्रुं) शत्रु के समान मेघ का (अवधीः) हनन करता है वैसे शत्रुओं में चेष्टा किया करें ॥ १२ ॥

भवार्थः— इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालंकार है । जैसे बिजली मेघ के अवयवों को भिन्न २ और जल को वर्षा कर सब को सुख युक्त करती है वैसे ही सब मनुष्यों को उचित है कि उत्तम २ शिक्षा युक्त सेना से दुष्टगुण वाले दुष्ट मनुष्यों को उपदेश दे और शस्त्र अस्त्र वृष्टि से शत्रुओं को निवारण कर प्रजा में सुखों की वृष्टि निरन्तर किया करें ॥ १२ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अभि सिध्मो अजिगादस्य शत्रून्वि तिग्मेन वृषभेणा पुरोऽभेत् ॥ सं वज्रेणासृजद्वृत्रमिन्द्रः प्र स्वां मतिमतिरच्छाशदानः ॥ १३ ॥

अभि । सिध्मः । अजिगात् । अस्य । शत्रून् । वि । तिग्मेन । वृषभेण । पुरः । अभेत् । सम् । वज्रेण । असृजत् । वृत्रम् । इन्द्रः । प्र । स्वाम् । मतिम् । अतिरत् । शाशदानः ॥ १३ ॥

पदार्थः— (अभि) आभिमुख्ये (सिध्मः) सेवति प्राप्नोति

विजयं येनगुणेन सः अत्र षिधुगत्यामित्यस्मादौणादिको मक् प्रत्ययः । (अजिगात्) प्राप्नोति । अत्र सर्वत्र लडर्थे लङ् । जिगातीति गतिकर्मसु पठितम् । निघं० २ । १४ (अस्य) स्तनयित्नोः (शत्रून्) मेघावयवान् (वि) विशेषार्थे । (तिग्मेन) तीक्ष्णेन तेजसा (वृषभेण) वृष्टिकरणोत्तमेन । अन्येषामपीति दीर्घः । (पुरः) पुराणि (अभेत्) भिनत्ति (सम्) सम्यगर्थे (वज्रेण) गतिमता तेजसा (असृजत्) सृजति (वृत्रम्) मेघम् (इन्द्रः) सूर्य्यः (प्र) प्रकृष्टार्थे (स्वाम्) स्वकीयाम् (मतिम्) ज्ञापनम् (अतिरत्) संतरति प्लावयति अत्र विकरणव्यत्ययेन शः (शाशदानः) अतिशयेन शीयते शातयति छिनत्तियः सः ॥ १३ ॥

अन्वयः— यथास्य स्तनयित्नोः सिध्मो वेगस्तिग्मेन वृषभेण शत्रून् व्यजिगाद्विजिगाति । अस्य पुरो व्यभेत् पुराणि विभिनत्ति यथायं शाशदान इन्द्रो वृत्रं वज्रेण समसृजत्सं सृजति संयुक्तं करोति तथा मतिं ज्ञापिकां स्वां रीतिं प्रातिरत् प्रकृष्टतया संतरति तथैवानेन सेनाध्यक्षेण भवितव्यम् ॥ १३ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथा विद्युन्मेघावयवाँस्तीक्ष्णवेगेन घनाकारं मेघं च छित्वा भूमौ निपात्य ज्ञापयति तथैव सभासेनाध्यक्षो बुद्धिशरीरबलसेनावेगेन शत्रूँ विच्छित्वा शस्त्रप्रहारैर्निपात्य स्वसंमतावानयेदिति ॥ १३ ॥

पदार्थः— जैसे (अस्य) इस सूर्य्य का (सिध्मः) विजय प्राप्त कराने वाला वेग (तिग्मेन) तीक्ष्ण (वृषभेण) वृष्टि करने वाले तेज से (शत्रून्) मेघ के अवयवों को (व्यजिगात्) प्राप्त होता और इस मेघ के (पुरः) नगरों के सदृश समुदायों को (व्यभिनत्) भेदन करता है जैसे (शाशदानः) अत्यन्त छेदन करने वाली (इन्द्रः) बिजुली (वृत्रम्) मेघ को (प्रातिरत्) अच्छे प्रकार नीचा करती है वैसे ही इस सेनाध्यक्ष को होना चाहिये ॥ १३ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है । जैसे बिजली मेघ के अवयव बद्दलों को तीक्ष्णवेग से छिन्न भिन्न और भूमि में गेर कर उस को वश में करती है वैसे ही सभासेनाध्यक्ष को चाहिये कि बुद्धिशरीर बल वा सेना के वेग से शत्रुओं को छिन्न भिन्न और शस्त्रों के अच्छे प्रकार प्रहार से पृथिवी पर गिरा कर अपनी संमति में लावें ॥ १३ ॥

पुनरिन्द्रकृत्यमुपदिश्यते ॥

फिर अगले मंत्र में इन्द्र के कृत्य का उपदेश किया है ॥

आवः कुत्समिन्द्र यस्मिञ्चाकन्प्रावो युध्यन्तं वृषभं दशद्युम् । शफच्युतो रेणुर्नक्षत द्यामुच्छ्वैत्रेयो नृषाह्याय तस्थौ ॥ १४ ॥

आवः । कुत्सम् । इन्द्र । यस्मिन् । चाकन् । प्र । आवः । युध्यन्तम् । वृषभम् । दशऽद्युम् । शफऽच्युतः । रेणुः । नक्षत । द्याम् । उत् । श्वैत्रेयः । नृऽसह्याय । तस्थौ ॥ १४ ॥

पदार्थः— (आवः) रक्षेत् । अत्र लिङर्थे लङ् (कुत्सम्) वज्रम् । कुत्स इति वज्रनामसु पठितम् निघं० २ । २० सायणाचार्येणात्र भ्रांत्या कुत्सगोत्रोत्पन्नऋषिर्गृहीतोऽसंभवादिदं व्याख्यानमशुद्धम् । (इन्द्र) सुशील सभाध्यक्ष (यस्मिन्) युद्धे (चाकन्) चंकम्यते काम्यत इति चाकन् । कनी दीप्तिकांतिगतिषु । इत्यस्य यङ्लुगन्तस्य क्विबन्तं रूपम् । वा छन्दसि सर्वे विधयो भवन्ती-

ति नुगभावः । दीर्घोऽकितइत्यभ्यासस्य दीर्घत्वं च । सायणाचार्येणेदं भ्रमतो मित्संज्ञकस्य ण्यन्तस्य च कनीधातो रूपमशुद्धं व्याख्यातम् । (प्र) प्रकृष्टार्थे (आवः) प्राणिनः सुखे प्रवेशयेत् अत्र लिङर्थे लङ् (युध्यन्तम्) युद्धे प्रवर्त्तमानम् (वृषभम्) प्रबलं (दशद्युम्) दशसु दिक्षु द्योतते तम् (शफच्युतः) शफेषु गवादिखुरचिन्हेषु च्युतः पतितश्चासिक्तो यः सः (रेणुः) धूलिः (नक्षत) प्राप्नोति । अत्राडभावो व्यत्ययेनात्मनेपदम् । णक्षगताविति प्राप्त्यर्थस्य रूपम् (द्याम्) प्रकाशसमूहं द्युलोकम् (उत्) उत्कृष्टार्थे (श्वैत्रेयः) श्वित्रायावर्णोत्कर्षायाः भूमेरपत्यं श्वैत्रेयः (नृषाह्याय) नृणां सहायाय । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (तस्थौ) तिष्ठेत् । अत्र लिङर्थे लिट् ॥ १४ ॥

अन्वयः— हे इन्द्र भवता यथा सूर्यलोको यस्मिन् युद्धे युध्यन्तं वृषभं दशद्युं वृत्रंप्रति कुत्सं वज्रं प्रहृत्य जगत्प्रावः श्वैत्रेयो मेघः शफच्युतो रेणुश्च द्यां नक्षत प्राप्नोति नृषाह्याय चाकन्नुत्तस्थौ सुखान्यावऽप्रापयति तथा स समेन राज्ञा प्रयतितव्यम् ॥ १४ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथा सूर्यः स्वकिरणैर्वृत्रं भूमौ निपात्य सर्वान्प्राणिनः सुखयति तथा हे सेनाध्यक्ष त्वमपि सेनाशिक्षाशस्त्रबलेन शत्रूनस्तव्यस्तान्नधोनिपात्य सततं प्रजा रक्षेति ॥ १४ ॥

पदार्थः— हे इन्द्र सभापते जैसे सूर्यलोक (यस्मिन्) जिस युद्ध में (युध्यन्तम्) युद्ध करते हुए (वृषभम्) वृष्टि के कराने वाले (दशद्युम्) दशदिशाओं में प्रकाशमान मेघ के प्रति (कुत्सम्) वज्र मार के जगत् को (प्राव:) रक्षा करता है और (श्वैत्रेयः) भूमि का पुत्र मेघ (शफच्युतः) गौ आदि पशुओं के खुरों के चिन्हों में गिरी हुई (रेणुः) धूलि (द्याम्) प्रकाश युक्त लोक को (नक्षत) प्राप्त होती है उस को (नृषाह्याय) मनुष्यों के लिये । (चाकन्) वह कान्ति वाला (उत्तस्थौ) उठता और सुखों को देता है वैसे सभा सहित आप को प्रजा

के पालन में यत्न करना चाहिये ॥ १४ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। जैसे सूर्य्यलोक अपनी किरणों से पृथिवी में मेघ को गिरा कर सब प्राणियों को सुख युक्त करता है वैसे ही हे सभाध्यक्ष तूं भी सेना शिक्षा और शस्त्र बल से शत्रुओं को अस्त व्यस्त कर नीचे गिरा के प्रजा की रक्षा निरन्तर किया कर ॥ १४ ॥

पुनरिन्द्रस्य किं कृत्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर इन्द्र का क्या कृत्य है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आवः शमं वृषभं तुग्र्यासु क्षेत्रजेषे मघवञ्छ्वित्र्यं गाम् ॥ ज्योक् चिदत्र तस्थिवांसो अक्रञ्छत्रूयतामधरा वेदनाकः ॥ १५ ॥

आवः । शमम् । वृषभम् । तुग्र्यासु । क्षेत्रऽजेषे । मघऽवन् । श्वित्र्यम् । गाम् । ज्योक् । चित् । अत्र । तस्थिऽवांसः । अक्रन् । शत्रुऽयताम् । अधरा । वेदना । अकः ॥ १५ ॥

पदार्थः— (आवः) प्रापय (शमम्) शाम्यन्ति येन तम् (वृषभम्) वर्षणशीलं मेघम् (तुग्र्यासु) अप्सु हिंसनक्रियासु (क्षेत्रजेषे) क्षेत्रमन्नादिसहितं भूमिराज्यं जेषते प्रापयतितस्मै। अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः क्विबुपपदसमासश्च । (मघवन्) महाधन सभाध्यक्ष (श्वित्र्यम्) श्वित्रायांभूमेरावरणे साधु (गाम्) ज्योतिः

पृथिवीं वा (ज्योक्) निरन्तरे (चित्) उपमार्थे (अव) अप्सु भूमौ वा (तस्थिवांसः) तिष्ठन्तः (अक्रन्) कुर्वन्ति । मंत्रे घसह्वरणश० इत्यादिना च्लेर्लुक् (शत्रूयताम्) शत्रुरिवाचरताम् (अधरा) नीचानि (वेदना) वेदनानि अत्रोभयत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शेर्लोपः (अकः) करोति । अत्र लडर्थे लुङ् ॥ १५ ॥

अन्वयः— हे मघवन् सभेश त्वं यथा सूर्यः क्षेत्रजेषे श्वित्र्यं वृषभं तुग्र्यासु गां किरणसमूहमावः प्रवेशयति शत्रूयतां तेषां मेघावयवानामधरा नीचानि वेदना वेदनानि पापफलानि दुःखानि तस्थिवांसः किरणाश्छेदनं ज्योगक्रन् । अथ भूमौ निपातनमकः क्षेत्रजेषे आसु क्रियासु श्वित्र्यं वृषभं शममावः शांतिं प्रापयति गां पृथिवीमावः दुःखान्यक्रंश्चिदिव शत्रून्निवार्य प्रजाः सदा सुखय ॥ १५ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा सूर्य्योऽन्तरिक्षान्मेघजलं भूमौ निपात्य प्राणिभ्यः शमं सुखं ददाति तथैव सेनाध्यक्षादयो मनुष्या दुष्टान् शत्रून् बध्वा धार्मिकान् पालयित्वा सततं सुखानि भुंजीरन्निति ॥ १५ ॥

पूर्वसूक्तार्थेन सहास्य सूर्यमेघयुद्धार्थवर्णनेनोपमानोपमेयालंकारेण मनुष्येभ्यो युद्धविद्योपदेशार्थस्यैतत्सूक्तार्थस्य संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥ इति षट्त्रिंशो वर्गस्त्रयस्त्रिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ३३ ॥

पदार्थः— हे (मघवन्) बड़े धन के हेतु सभा के स्वामी आप जैसे सूर्यलोक (क्षेत्रजेषे) अन्नादि सहित पृथिवी राज्य को प्राप्त कराने के लिये (श्वित्र्यम्) भूमि के ढांप लेने में कुशल (वृषभम्) वर्षने स्वभाव वाले मेघ को (तुग्र्यासु) जलों में (गाम्) किरण समूह को (आवः) प्रवेश करता हुआ (शत्रूयताम्) शत्रु के समान आचरण करने वाले उन मेघावयवों के (अधरा)

नीचे के (वेदना) दुष्टों को वेदना रूप पाप फलों को (तस्थिवांसः) स्थापित हुए किरणें छेदन (ज्योक्) निरन्तर (अक्रन्) करते हैं (अथ) और फिर इस भूमि में वह मेघ (अकः) गमन करता है उस के (चित्) समान शत्रुओं का निवारण और प्रजा को सुख दिया कीजिये ॥ १५ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे सूर्य अन्तरिक्ष से मेघ के जल को भूमि पर गिरा के सब प्राणियों के लिये सुख देता है वैसे सेनाध्यक्षादि लोग दुष्ट मनुष्य शत्रुओं को बांध कर धार्मिक मनुष्यों की रक्षा करके सुखों का भोग करें और करावें ॥ १५ ॥

इस सूक्त में सूर्य मेघ के युद्धार्थ के वर्णन तथा उपमान उपमेय अलंकार वा मनुष्यों के युद्धविद्या के उपदेश करने से पिछले सूक्तार्थ के साथ इस सूक्तार्थ की संगति जाननी चाहिये ॥ यह तीसरा वर्ग ३ तेतीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ३३ ॥

अथास्य द्वादशर्चस्य चतुस्त्रिंशस्य सूक्तस्य हिरण्यस्तूप आंगिरस ऋषिः । अश्विनौ देवते । १ । ६ । विराड् जगती २ । ३ । ७ । ८ । निचृज्जगती ५ । १० । ११ । जगती छन्दः । निषादः स्वरः । ४ । भुरिक् त्रिष्टुप् । १२ निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः । ९ भुरिक् पंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ।

तत्रादिमेन मंत्रेणाश्विदृष्टान्तेन शिल्पिगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब चौतीसवें सूक्त का आरंभ है ॥ उस के पहिले मंत्र में अश्वि के दृष्टान्त से कारीगरों के गुणों का उपदेश किया है ॥

त्रिश्चिन्नो अद्या भवतं नवेदसा विभुर्वां याम उत रातिरश्विना ॥ युवोर्हि यन्त्रं हिम्येव वाससोऽभ्यायंसेन्या भवतं मनीषिभिः ॥ १ ॥

त्रिः । चित् । नः । अद्य । भवतम् । नवे-

दस्रा । विऽभुः । वाम् । यामः । उत । रातिः । अश्विना । युवोः । हि । यन्त्रम् । हिम्याऽइव । वाससः । अभिऽआयंसेन्या । भवतम् । मनीषिऽभिः ॥ १ ॥

पदार्थः— (चिः) विवारम् (चित्) एव (नः) अस्माकम् (अद्य) अस्मिन्नहनि। निपातस्य चेति दीर्घः (भवतम्) (नवेदसा) न विद्यते वेदितव्यं ज्ञातव्यमवशिष्टं ययोस्तौ विद्वांसौ। नवेदा इति मेधाविनामसु पठितम्। निघं० ३। १५। (विभुः) सर्वमार्गव्यापनशीलः (वाम्) युवयोः (यामः) याति गच्छति येन स यामो रथः (उत) अप्यर्थे (रातिः) वेगादीनां दानम् (अश्विना) सुप्रकाशिन व्यापिनौ सूर्याचन्द्रमसाविव सर्वविद्याव्यापिनौ। (युवोः) युवयोः। अत्र वा छन्दसि सर्वे विधयो भवंतीत्योसि चेत्येकारादेशो न भवति (हि) यतः (यन्त्रम्) यंत्र्यते यंत्रयंति संकोचयंतिविलिखन्ति चालयन्ति वा येन तत् (हिम्याइव) हेमंततौभवा महाशीतयुक्ता रात्रय इव। भवे च छन्दसि। इति यत्। हिम्येति रात्रिनामसु पठितम्। निघं० १। ७ हन्तेर्हि च। उ० ३। ११६। इति हन् धातोर्मक् ह्यादेशश्च (वाससः) वसन्ति यस्मिन् तद्वासो दिनं तस्य मध्ये। दिवस उपलक्षणेन रात्रिरपिग्राह्या (अभ्यायंसेन्या) आभिमुख्यतया समंतात् यम्येते गृह्येते यौ तौ। अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः। अभयाङ्पूर्वाद्यमधातोर्बाहुलकादौणादिकः सेन्यः प्रत्ययः। (भवतम्) (मनीषिभिः) मेधाविभिर्विद्वद्भिः शिल्पिभिः। मनीषीति मेधाविनामसु पठितम्। निघं०। ३। १५॥ १॥

अन्वयः—हे परस्परमुपकारिणावभ्यायंसेन्यानवेदसा वश्विनौ युवां मनीषिभिः सह दिनैः सह सखायौ शिल्पिनाक्तिभ्या इव नोऽस्माकमद्यास्मिन्वर्त्तमानेऽह्नि शिल्पकार्यसाधकौ भवतं हि यतो वयं युवोः सकाशाद्यन्त्रं संसाध्य यानसमूहं चालयेम येननोऽस्माकं वाससो रातिः प्राप्येत उतापिवां युवयोः सकाशाद्विभुर्यामो रथश्च प्राप्तः सन्नस्मान्देशान्तरं सुखेन त्रिस्त्रिवारं गमयेदतो युष्मत्संगं कुर्याम ॥ १ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः । मनुष्यैर्यथा रात्रिदिवसयोः क्रमेण संगतिर्वर्त्तते तथैव यंत्रकलानां क्रमेण संगतिः कार्या यथा विद्वांसः पृथिवीविकाराणां यानकलाकीलयंत्रादिकं रचयित्वा तेषां भ्रामणेन तत्र जलाग्न्यादिसंप्रयोगेण भूसमुद्राकाशगमनार्थानि यानानि साध्नुवंति तथैव मयापि साधनीयानि नैवैतद्विद्यया विना दारिद्र्यक्षयः श्रीवृद्धिश्च कस्यापि संभवति तस्मादेतद्विद्यायां सर्वैर्मनुष्यैरत्यन्तः प्रयत्नः कर्तव्यः यथा मनुष्या हेमन्तर्त्तौ शरीरे वस्त्राणि संबध्नन्ति तथैव सर्वतः कीलयंत्रकलादिभिः यानानि संबंधनीयानीति ॥ १ ॥

पदार्थः— हे परस्पर उपकारक और मित्र (अभ्यायंसेन्या) साक्षात् कार्य्यसिद्धि के लिये मिले हुए (नवेदसा) सब विद्याओं के जानने वाले (अश्विना) अपने प्रकाश से व्याप्त सूर्य्यचन्द्रमा के समान सब विद्याओं में व्यापी कारीगर लोगो आप । (मनीषिभिः) सब विद्वानों के साथ दिनों के साथ (क्षिप्याइव) शीतकाल की रात्रियों के समान (नः) हम लोगों के (अद्य) इस वर्त्तमान दिवस में शिल्प कार्य्य के साधक (भवतम्) हूजिये । (हि) जिस कारण (युवोः) आप के सकाश से (यंत्रम्) कलायंत्र को सिद्ध कर यान समूह को चलाया करें जिस से (नः) हम लोगों को (वाससः) रात्रि, दिन, के बीच (रातिः) वेगादि गुणों से दूर देश को प्राप्त होवे (उत) और (वाम्) आप के सकाश से (विभुः) सब मार्ग में चलने वाला (यामः) रथ प्राप्त हुआ हम लोगों को देशान्तर को सुख से (त्रिः) तीन वार पहुंचावे इस लिये आप का सङ्ग हम लोग करते हैं ॥ १ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । मनुष्यों को चाहिये जैसे रात्रि वा दिन की क्रम से संगति होती है वैसे संगति करें जैसे विद्वान् लोग पृथिवी विकारों के यान कला कील और यन्त्रादिकों को रचकर उन के घुमाने और उस में अग्न्यादि के संयोग से भूमि समुद्र वा आकाश में जाने आने के लिये यानों को सिद्ध करते हैं । वैसे ही मुझ को भी विमानादि यान सिद्ध करने चाहिये । क्योंकि इस विद्या के विना किसी के दारिद्र्य का नाश वा लक्ष्मी की वृद्धि कभी नहीं हो सकती इस से इस विद्या में सब मनुष्यों को अत्यन्त प्रयत्न करना चाहिये जैसे मनुष्य लोग हेमन्त ऋतु में वस्त्रों को अच्छे प्रकार धारण करते हैं वैसे ही सब प्रकार कील कला यंत्रादिकों से यानों को संयुक्त रखना चाहिये ॥ १ ॥

पुनस्ताभ्यां तत्र किं किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रयः पवयो मधुवाहने रथे सोमस्य वेनामनु विश्व इद्विदुः ॥ त्रयः स्कम्भासः स्कभितास आरभे त्रिर्नक्तं याथस्त्रिर्वश्विना दिवा ॥ २ ॥

त्रयः । पवयः । मधुऽवाहने । सोमस्य । वेनाम् । अनु । विश्वे । इत् । विदुः । त्रयः । स्कम्भासः । स्कभितासः । आऽरभे । त्रिः । नक्तम् । याथः । त्रिः । ऊं इति । अश्विना । दिवा ॥ २ ॥

पदार्थः— (त्रयः) त्रित्वसंख्याविशिष्टाः (पवयः) वज्रतुल्यानि चालनार्थानि कलाचक्राणि । पविरिति वज्रनामसु पठितम् । निघं० २ । २० (मधुवाहने) मधुरगुणयुक्तानां द्रव्याणां वेगानां वा वाहनं प्रापणं यस्मात्तस्मिन् (रथे) रमंते येन यानेन तस्मिन् (सोमस्य) ऐश्वर्य्यस्य चन्द्रलोकस्य वा । अत्र षुप्रसवैश्वर्ययोरित्यस्य प्रयोगः (वेनाम्) कामिनां यानां धापूवस्यज्यतिभ्योनः । उ० ३ । ६ । इत्यजधातोर्नः प्रत्ययः (अनु) आनुकूल्ये (विश्वे) सर्वे (इत्) एव (विदुः) जानन्ति (त्रयः) त्रित्वसंख्याकाः (स्कम्भासः) धारणार्थाः स्तंभविशेषाः (स्कभितासः) स्थापिता धारिताः । अत्रोभयत्राज्जसेरसुगित्यसुगागमः (आरभे) आरब्धव्ये गमनागमने (त्रिः) त्रिवारम् (नक्तम्) रात्रौ नक्तमिति रात्रिनामसु पठितम् । निघं० १ । ७ (याथः) प्राप्नुतम् (त्रिः) त्रिवारम् (उँ) वितर्के (अश्विना) अश्विनाविव सकलशिल्पविद्याव्यापिनौ । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (दिवा) दिवसे ॥ २ ॥

अन्वयः— हे अश्विनाविव सकलशिल्पविद्याव्यापिनौ पुरुषौ युवां यस्मिन् मधुवाहने रथे त्रयः पवयस्त्रयः स्कंभासः स्कभितासोभवन्ति तस्मिन् स्थित्वाश्विर्नक्तं रात्रौ त्रिर्दिवा दिवसे चाभीष्टं स्थानं याथोगच्छथः तत्रापि युवाभ्यां विना कार्य्यसिद्धिर्न जायते । मनुष्या यस्य मध्ये स्थित्वा सोमस्य चंद्रस्यवा वेनां कमनीयां कान्तिं सद्यः प्राप्नुवन्ति । यं चारभे विश्वेदेवा इदेव विदुर्जानन्ति तमुरथं संसाध्य यथावदभीष्टं क्षिप्रं प्राप्नुतम् ॥ २ ॥

भावार्थः— भूमिसमुद्रान्तरिक्षगमनं चिकीर्षुभिर्मनुष्यैस्त्रिचक्राग्न्यागारस्तम्भयुक्तानि विमानादीनि यानानि रचयित्वा तत्र स्थित्वैकस्मिन् दिनएकस्यां रात्रौ भूगोलसमुद्रान्तरिक्षमार्गेण त्रिवारं गंतुं शक्येरन् । तत्रेदृशास्त्रयस्तंभा रचनीया यत्र सर्वे कला-

त्रयश्चाः काष्ठलोष्ठादिस्तम्भावयवा वा स्थितिं प्राप्नुयुः । तत्राग्निजले संप्रयोज्य चालनीयानि । नैतैर्विना कश्चित्खलु भूमौ समुद्रेऽन्तरिक्षे वा गंतुमागंतुं च शक्नोति तस्मादेतेषां सिद्धये विशिष्टाः प्रयत्नाः कार्या इति ॥ २ ॥

पदार्थः — हे अग्नि अर्थात् वायु और बिजली के समान संपूर्ण शिल्प विद्याओं को यथावत् जानने वाले विद्वान् लोगो आप जिस (मधुवाहने) मधुर गुण युक्त द्रव्यों की प्राप्ति होने के हेतु (रथे) विमान में (त्रयः) तीन (पवयः) वज्र के समान कला घूमने के चक्र और (त्रयः) तीन (स्कम्भासः) बन्धन के लिये खंभ (स्कभितासः) स्थापित और धारण किये जाते हैं उसमें स्थित और अग्नि और जल के समान कार्य्य सिद्धि कर के (त्रिः) तीन वार (नक्तम्) रात्रि और (त्रिः) तीन वार (दिवा) दिन में इच्छा किये हुए स्थान को (उपयाथः) पहुंचो वहां भी आप के विना कार्य्य सिद्धि कदापि नहीं होती मनुष्य लोग जिस में बैठ के (सोमस्य) ऐश्वर्य की (वेनां) प्राप्ति को करती हुई कामना वा चन्द्रलोक की कान्ति को प्राप्त होते और जिस के (आरभे) आरम्भ करने योग्य गमनागमन व्यवहार में (विश्वे) सब विद्वान् (इत्) ही (विदुः) जानते हैं उस (उ) अद्भुत रथ को ठीक २ सिद्ध कर अभीष्टस्थानों में शीघ्र जाया आया करो ॥ २ ॥

भावार्थः — भूमि समुद्र और अन्तरिक्ष में जाने की इच्छा करने वाले मनुष्यों को योग्य है कि तीन २ चक्र युक्त अग्नि के घर और स्तंभयुक्त यान को रच कर उस में बैठ कर एक दिन रात में भूगोल समुद्र अन्तरिक्ष मार्ग से तीन २ वार जाने को समर्थ हो सकें उस यान में इस प्रकार के खंभ रचने चाहिये कि जिस में कलावयव अर्थात् काष्ठ लोष्ठ आदि खंभों के अवयव स्थित हों फिर वहां अग्नि जल का संप्रयोग कर चलावें । क्योंकि इन के विना कोई मनुष्य शीघ्र भूमि समुद्र अन्तरिक्ष में जाने आने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इन की सिद्धि के लिये सब मनुष्यों को बड़े २ यत्न अवश्य करने चाहिये ॥ २ ॥

पुनस्ताभ्यां कृतैर्यानैः किं किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से सिद्ध किये हुए यानों से क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

समाने अहन्त्रिरवद्यगोहना त्रिरद्य यज्ञं मधुना मिमिक्षतम् । त्रिर्वाजवतीरिषो अश्विना युवं दोषा अस्मभ्यमुषसश्च पिन्वतम् ॥ ३ ॥

समाने । अहन् । त्रिः । अवद्यऽगोहना । त्रिः । अद्य । यज्ञम् । मधुना । मिमिक्षतम् । त्रिः । वाजऽवतीः । इषः । अश्विना । युवम् । दोषाः । अस्मभ्यम् । उषसः । च । पिन्वतम् ॥ ३ ॥

पदार्थः— (समाने) एकस्मिन् (अहन्) अहनि दिने (त्रिः) (त्रिवारम्) (अवद्यगोहना) अवद्यानि गर्ह्याणि निंदितानि दुःखानि गूहत आच्छादयतो दूरीकुरुतस्तौ । अवद्यपण्य० ३ । १ । १०१ इत्ययं निंद्यार्थे निपातः । अवद्योपपदाद्गुहू संवरणे इत्यस्माद्धातोः । ण्यासश्रंथो युच् अ० ३ । ३ । १०७ इति युच् । ऊदुपधाया गोहः । अ० ६ । ४ । ८९ इत्यूदादेशे प्राप्ते । वा छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीत्यस्य निषेधः । सुपांसुलुगित्याकारादेशश्च । (त्रिः) त्रिवारम् (अद्य) अस्मिन्नहनि (यज्ञम्) ग्राह्यशिल्पादिसिद्धिकरम् (मधुना) जलेन । मध्वित्युदकनामसु पठितम् । निघं० १ । १२ । (मिमिक्षतम्) मेढुमिच्छतम् (त्रिः) त्रिवारम् वाजवतीः प्रशस्ता वाजा वेगादयो गुणा विद्यन्ते यासु नौकादिषु ताः । अत्र प्रशंसार्थे मतुप्

(इषः) या इष्यन्ते ता इष्टसुखसाधिकाः (अश्विना) वह्निजल-वद्यानसिद्धिं संपाद्य प्रेरकचालककावध्वर्यू । अश्विनावध्वर्यू । श० १ । १ । २ । १७ । (युवम्) युवाम् । प्रथमायाश्च द्विवचने भाषायाम् । अ० ७ । २ । ८८ इत्याकारादेशनिषेधः (दोषाः) रात्रिषु । अत्र सुपां सुलुगिति सुब्व्यत्ययः । दोषेति रात्रिनामसु पठितम् । निघं० १ । ७ । अस्मभ्यम् शिल्पक्रियाकारिभ्यः (उषसः) प्राप्तिप्रकाशेषु दिवसेषु । अत्रापि सुब्व्यत्ययः उष इति पदनामसु पठितम् । निघं० ५ । ५ (च) समुच्चये (पिन्वतम्) प्रीत्या सेवेथाम् ॥ ३॥

अन्वयः— हे अश्विनावद्यगोहनाध्वर्यू युवं युवां समानेऽहनि मधुना यज्ञं त्रिर्मिमिक्षतमद्याऽस्मभ्यं दोषा उषसोऽह्नियौनानि पिन्वतं वाजवतीरिषश्च त्रिः पिन्वतम् ॥ ३ ॥

भावार्थः— शिल्पविद्याविद्विद्वांसो यन्त्रैर्यानं चालयिताश्च-प्रतिदिनं शिल्पविद्यया यानानि निष्पाद्य त्रिधाशरीरात्मकनः-सुखाय धनाद्यनेकोत्तमान् पदार्थानर्जयित्वा सर्वान् प्राणिनः सुखयन्तु । येनाहोरात्रे सर्वे पुरुषार्थेनेमां विद्यामुन्नीयालस्यं त्यक्त्वोत्साहेन तद्रक्षणे नित्यं प्रयतेरन्निति ॥ ३ ॥

पदार्थः— हे (अश्विना) अग्नि जल के समान यानों को सिद्ध कर के प्रेरणा करने और चलाने तथा (अवद्यगोहना) निंदित दुष्टकर्मों को दूर करने वाले विद्वान् मनुष्यो (युवम्) तुम दोनों (समाने) एक (अहन्) दिन में (मधुना) जल से (यज्ञम्) ग्रहण करने योग्य शिल्पादि विद्या सिद्धि करने वाले यज्ञ को (त्रिः) तीन वार (मिमिक्षितम्) सींचने की इच्छा करो और (अद्य) आज (अस्मभ्यम्) शिल्पक्रियाओं को सिद्ध करने कराने वाले हम लोगों के लिये (दोषाः) रात्रियों और (उषसः) प्रकाश को प्राप्त हुए दिनों में (त्रिः) तीन वार यानों का (पिन्वतम्) सेवन करो और (वाजवतीः) उत्तम २ सुखदायक (इषः) इच्छा सिद्धि करने वाले नौकादियानों को (त्रिः) तीन वार (पिन्वतम्) प्रीति से सेवन करो ॥ ३ ॥

भावार्थः— शिल्पविद्या को जानने और कलायन्त्रों से यान को चलाने वाले प्रति दिन शिल्पविद्या से यानों को सिद्ध कर तीन प्रकार अर्थात् शारीरक आत्मिक और मानसिक सुख के लिये धन आदि अनेक उत्तम २ पदार्थों को इकट्ठा कर सब प्राणियों को सुख युक्त करें जिस से दिन रात में सब लोग अपने पुरुषार्थ से इस विद्या की उन्नति कर और आलस्य को छोड़ के उत्साह से उस की रक्षा में निरंतर प्रयत्न करें ॥ ३ ॥

पुनस्ताभ्यां किं कार्य्यं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या कार्य करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रिर्वर्तिर्यातं त्रिरनुव्रते जने त्रिः सुप्राव्ये त्रेधेव शिक्षतम् ॥ त्रिर्नान्द्यं वहतमश्विना युवं त्रिः पृक्षो अस्मे अक्षरेव पिन्वतम् ॥ ४ ॥

त्रिः । वर्तिः । यातम् । त्रिः । अनुऽव्रते । जने । त्रिः । सुप्रऽअव्ये । त्रेधाऽइव । शिक्षतम् । त्रिः । नान्द्यम् । वहतम् । अश्विना । युवम् । त्रिः । पृक्षः । अस्मेइति । अक्षराऽइव । पिन्वतम् ॥ ४ ॥

पदार्थः— (त्रिः) त्रिवारम् (वर्त्तिः) वर्त्तन्ते व्यवहरन्ति

यस्मिन्मार्गे तद्वर्तिस्तत्र छपिषिरुच्छिदृति० उ० ४ । १२४ इत्यधिकरणे इस-
त्ययः । अत्र सुपां सुलुगिति द्वितीयैकवचनस्य स्थाने सोरादेशः ।
(यातम्) प्रापयतम् (त्रिः) त्रिवारम् । (अनुव्रते) अनुकूलं
सत्याचरणं व्रतं यस्य तस्मिन् (जने) यो जनयति बुद्धिं तस्मिन् ।
अत्र प्रचाद्यच् (त्रिः) त्रिवारम् (सुप्राव्ये) सुष्ठु प्रकृष्टमवितुं प्रवे
शितुं योग्यस्तस्मिन् अत्र वाच्छन्दसि सर्वे० इति हद्धिनिरोधः
(त्रेधेव) यथा त्रिभिः पाठनज्ञापनहस्तक्रियादिभिः प्रकारैस्तथा ।
इवेन सह नित्यसमासो विभक्त्यलोपः पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं च
अ० २ । १ । ४ । अत्र सायणाचार्य्येण त्रेधेव त्रिभिरेवप्रकारैरि-
त्येवशब्दोऽशुद्धो व्याख्यातः पदपाठ इवशब्दस्य प्रत्यक्षत्वात् (शि-
क्षतम्) सुशिक्षयाविद्यां ग्राहयतम् (त्रिः) त्रिवारम् (नान्द्यम्)
नंदयितुं समर्धयितुं योग्यं शिल्पज्ञानम् (वहतम्) प्रापयतम् ।
(अश्विना) विद्यादातारग्रहीतारावध्वर्यू (युवम्) युवाम् (त्रिः)
त्रिवारम् (पृक्षः) पृंक्ते येन तत् । अत्र पृचीधातोः सर्वधातुभ्योऽसुन् ।
बाहुलकात्सुडागमश्च । (अस्मे) अस्मान् (अक्षरेव) यथाऽक्षरा-
णि जलानि तथा । अत्र शेश्छन्दसीति शेर्लोपः । अक्षरमित्युदक-
नामसु पठितम् । निघं० १ । १२ (पिन्वतम्) प्रापयतम् ॥ ४ ॥

अन्वयः— हे अश्विना युवं युवामस्मे अस्माकं वर्त्तिर्मार्गे
त्रिर्यातम् तथा सुप्राव्येऽनुव्रते जने त्रिर्यातं त्रिवारं प्रापयतम् शि-
ष्याय त्रेधाहस्तक्रियारचणाचालनज्ञानाढ्यां शिक्षन्नध्यापक इ-
वास्मान् त्रिः शिक्षतमस्मान्नांद्यं त्रिर्वहतं त्रिवारं प्रापयतम् यथा
नदीतडागसमुद्रादयोजलाशया मेघस्य सकाशादक्षराणि जलानि
व्याप्नुवन्ति तथाऽस्मान् पृक्षोविद्यासंपर्कं त्रिः पिन्वतम् ॥ ४ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारो । शिल्पविद्याविदां योग्यता-
स्ति विद्यां चिकीर्षूननुकूलान् बुद्धिमतो जनान् हस्तक्रियाविद्यां
पाठयित्वा पुनः पुनः सुशिक्ष्यकार्यसाधनसमर्थान् संपादयेयुः ।

तेचैतांसंगाह्य यथावच्चातुर्यपुरुषार्थाभ्यां बहून् सुखोपकारान् गृह्णीयुः ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे (अश्विना) विद्या देने वा ग्रहण करने वाले विद्वान् मनुष्यो (युवम्) तुम दोनों (अस्मे) हम लोगों के (वर्त्तिः) मार्ग को (त्रिः) तीन वार (यातम्) प्राप्त हुआ करो। तथा (सुप्राव्ये) अच्छे प्रकार प्रवेश करने योग्य (अनुव्रते) जिस के अनुकूल सत्याचरण व्रत है उस (जने) बुद्धि के उत्पादन करने वाले मनुष्य के निमित्त (त्रिः) तीन वार (यातम्) प्राप्त हूजिये और शिष्य के लिये (त्रेधेव) तीन प्रकार अर्थात् हस्तक्रिया रथ और यान चालन के ज्ञान को शिक्षा करते हुए अध्यापक के समान (अस्मे) हम लोगों को (त्रिः) तीन वार (शिक्षतम्) शिक्षा और (नांद्यम्) समृद्धि होने योग्य शिल्प ज्ञान को (त्रिः) तीन वार (वहतम्) प्राप्त करो और (अम्नरेव) जैसे नदी तलाव और समुद्र आदि जलाशय मेघ के सकाश से जल को प्राप्त होते हैं वैसे हम लोगों को (पृक्षः) विद्यासंपर्क को (त्रिः) तीन वार (पिन्वतम्) प्राप्त करो ॥ ४ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में दो उपमालंकार हैं। शिल्प विद्या के जानने वाले मनुष्यों को योग्य है कि विद्या की इच्छा करने वाले अनुकूल बुद्धिमान् मनुष्यों को पदार्थ विद्या पढ़ा और उत्तम २ शिक्षा वार २ देकर कार्यों को सिद्ध करने में समर्थ करें और उन को भी चाहिये कि इस विद्या को संपादन कर के यथावत् चतुराई और पुरुषार्थ से सुखों के उपकारों को ग्रहण करें ॥ ४ ॥

पुनस्तौ किं साधकावित्युपदिश्यते ।

फिर वे किस कार्य के साधक हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रिर्नो र॒यिं व॑हतमश्विना यु॒वं त्रिर्दे॒वता॑ता
त्रिरु॒ताव॑तं धियः॑ । त्रिः सौ॑भग॒त्वं त्रिरु॒त
श्रवां॑सि नस्त्रि॒ष्ठं वां॒ सूरे॑ दुहि॒ता रु॑हद्र॒थम् ॥ ५ ॥

त्रिः। नः। र॒यिम्। व॒ह॒त॒म्। अ॒श्वि॒ना। यु॒वम्। त्रिः। दे॒वऽता॑ता। त्रिः। उ॒त। अ॒व॒तम्। धियः॑। त्रिः। सौ॒भ॒ग॒ऽत्वम्। त्रिः। उ॒त। श्रवां॑सि। नः॒। त्रि॒ऽस्थम्। वा॒म्। सूरे॑। दु॒हि॒ता। आ। रु॒ह॒त्। रथ॑म्॥ ५॥

पदार्थः—(त्रिः) त्रिवारं विद्याराज्यश्रीप्राप्तिरक्षणक्रियामयम् (नः) अस्मान् (रयिम्) परमोत्तमं धनम् (वहतम्) प्रापयतम् (अश्विना) द्यावापृथिव्यादिसंज्ञकाविव। अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (युवम्) युवाम् (त्रिः) त्रिवारं प्रेरकसाधकक्रियाजन्यम् (देवताता) शिल्पक्रियायज्ञसंपत्तिहेतू यद्वा देवान् विदुषो दिव्यगुणान्वा तनुतस्तौ। अत्र दुतनिभ्यां दीर्घश्च उ० ३। ८८। इति क्तः प्रत्ययः। देवतातेति यज्ञनामसु पठितम्। निघं० ३। १७। (त्रिः) त्रिवारं शरीरप्राणमनोभी रक्षणम् (उत) अपि। (अवतम्) प्रविशतम् (धियः) धारणवतीर्बुद्धीः (त्रिः) त्रिवारं भृत्यसेनाश्वात्मभार्यादिशिक्षाकरणम् (सौभगत्वम्) शोभनाभगा ऐश्वर्याणि यस्मात् पुरुषार्थात्तस्येदं सौभगं तस्य भावः सौभगत्वम् (त्रिः) त्रिवारंश्रवणमनननिदिध्यासनकरणम् (उत) अपि (श्रवांसि) श्रूयन्ते यानि तानि वेदादिशास्त्रश्रवणानि धनानि वा। श्रव इति धननामसु पठितम्। निघं० २। १० (नः) अस्माकम् (त्रिस्थम्) त्रिषु शरीरात्ममनस्सुखेषु तिष्ठतीति त्रिस्थम् (वाम्) तयोः (सूरे) सूर्यस्य। अत्र सुपां सुलुगिति शे आदेशः (दुहिता) कन्येव। दुहिता दुर्हिता दूरेहिता दोग्धेर्वा। निरु० ३। ४ (आ) समंतात् (रुहत्) रोहेत्। अत्र कृमृदृरुहिभ्यश्छन्दसि इति च्लेरङ्। बहुलं

छन्दसि माङ्योगेपीत्यडभावो लडर्थे लुङ् च (रथम्) रमन्ते येन तं विमानादियानसमूहम् ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे देवतातावश्विनौ युवं युवां नोऽस्मभ्यं रयिं त्रिर्वहतं नोस्माकं धियो बुद्धीरुतापि बलं त्रिरवतं नोस्मभ्यं त्रिस्थं सौभगत्वं त्रिर्वहतं प्रापुतमुतापि श्रवांसि त्रिर्वहतं प्रापुतं वां ययोरश्विनोः सूरे दुहिता पुत्रीवसुविद्यया नोस्माकं रथं त्रिराहत् त्रिवारमारोहेत् तौ वयं शिल्पकार्येषु संप्रयुंज्महे ॥ ५ ॥

भावार्थः— मनुष्यैरश्विनोः सकाशाच्छिल्पकार्याणि निर्वर्त्य बुद्धिं वर्धयित्वा सौभाग्यमुत्तमान्नादीनि च प्रापणीयानि तत्सिद्धयानेषु स्थित्वा देशदेशान्तरान् गत्वा व्यवहारेण धनं प्राप्य सदानंदयितव्यमिति ॥ ५ ॥

पदार्थः— हे (देवताता) शिल्पक्रिया और यज्ञ संपत्ति के मुख्य कारण वा विद्वान् तथा शुभगुणों के बढ़ाने और (अश्विना) आकाश पृथिवी के तुल्यप्राणियों को सुख देने वाले विद्वान् लोगो (युवम्) आप (नः) हम लोगों के लिये (रयिम्) उत्तम धन (त्रिः) तीन वार अर्थात् विद्या राज्य श्री की प्राप्ति और रक्षण क्रिया रूप ऐश्वर्य्य को (वहतम्) प्राप्त करो (नः) हम लोगों को (धियः) बुद्धियों (उत) और बल को (त्रिः) तीन वार (अवतम्) प्रवेश कराइये (नः) हम लोगों के लिये (त्रिष्ठम्) तीन अर्थात् शरीर आत्मा और मन के सुख में रहने और (सौभगत्वम्) उत्तम ऐश्वर्य्य के उत्पन्न करने वाले पुरुषार्थ को (त्रिः) तीन अर्थात् भृत्य, संतान और स्वात्म भार्यादि को प्राप्त कीजिये। (उत) और (श्रवांसि) वेदादि शास्त्र वा धनों को (त्रिः) शरीर प्राण और मन को रक्षा सहित प्राप्त करते और (वाम्) जिन अश्वियों के सकाश से (सूरेः) सूर्य्य की (दुहिता) पुत्री के समान कान्ति (नः) हम लोगों के (रथम्) विमानादि यानसमूह को (त्रिः) तीन अर्थात् प्रेरक साधक और चालन क्रिया से (आरुहत्) ले जाती है उन दोनों को हम लोग शिल्प कार्यों में अच्छे प्रकार युक्त करें ॥ ५ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को उचित है कि अग्नि भूमि के अवलंब से शिल्प कार्यों को सिद्ध और बुद्धि बढ़ाकर सौभाग्य और उत्तम अन्नादि पदार्थों को

प्राप्त हों तथा इस सब सामग्री से सिद्ध हुए यानों में बैठ के देश देशान्तरों को जा आ और व्यवहार द्वारा धन को बढ़ा कर सब काल में आनन्द में रहें ॥ ५ ॥

पुनस्ताभ्यां किं कार्य्यमित्युपदिश्यते ।

फिर उन से क्या करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रिर्नो अश्विना दिव्यानि भेषजा त्रिः पार्थिवानि त्रिरु दत्तमद्भ्यः । ओमानं शंयोर्ममकाय सूनवे त्रिधातु शर्म वहतं शुभस्पती ॥ ६ ॥

त्रिः । नः । अश्विना । दिव्यानि । भेषजा । त्रिः । पार्थिवानि । त्रिः । ऊँ इति । दत्तम् । अत्ऽभ्यः । ओमानम् । शंऽयोः । ममकाय । सूनवे । त्रिऽधातु । शर्म । वहतम् । शुभः । पती इति ॥ ६ ॥

पदार्थः—(त्रिः) त्रिवारम् (नः) अस्मभ्यम् (अश्विना) अश्विनौ विद्याज्योतिर्विस्तारमयौ (दिव्यानि) विद्यादिशुभगुणप्रकाशकानि (भेषजा) सोमादीन्यौषधानि रसमयानि (त्रिः) त्रिवारम् (पार्थिवानि) पृथिव्याविकारयुक्तानि (त्रिः) त्रिवारम् (ऊँ) वितर्के (दत्तम्) (अद्भ्यः) सातत्यगन्तृभ्यो वायुविद्युदा

दिव्यः (ओमानम्) रक्षन्तम् विद्याप्रवेशकं क्रियागमकं व्यवहारं । अवाऽवधातोः । अन्येभ्योऽपि दृश्यन्त इति मनिन् (शंयोः) शं सुखं कल्याणं विद्यते यस्मिँस्तस्य (ममकाय) ममायं ममकस्तस्मै । अत्र संज्ञापूर्वको विधिरनित्यः । अ० ६ । ४ । १४६ इति वृद्ध्यभावः (सूनवे) औरसायविद्यापुत्राय वा (त्रिधातु) त्रयोऽयस्ताम्रपित्तलानि धातवो यस्मिन् भूसमुद्रान्तरिक्षगमनार्थे याने तत (शर्म) गृहस्वरूपं सुखकारकं वा । शर्मेति गृहनामसु पठितम् । निघं० ३ । ४ । (वहतम्) प्रापयतम (शुभः) यत् कल्याणकारकं मनुष्याणां कर्म तस्य । अत्रसंपदादित्वात् क्विप् (पती) पालयितारौ । षष्ठ्याःपतिपुत्र० अ० ८ । ३ । ५३ इति संहितायां विसर्जनीयस्य सकारादेशः ॥ ६ ॥

अन्वयः— हे शुभस्पती अश्विनौ युवां नोऽस्मभ्यमद्भ्यो दिव्यानि भेषजौषधानि वित्तं ऊँइति वितर्के पार्थिवानि भेषजौषधानि वित्तं ममकाय सूनवे शंयोः सुखस्यदानमोमानं च वित्तं त्रिधातु शर्म ममकाय सूनवे वित्रं वहतं प्रापयतम् ॥ ६ ॥

भावार्थः— मनुष्यैर्जलपृथिव्योर्मध्ये यानि रोगनाशकान्यौषधानि संति तानि विविधतापनिवारणाय भोक्तव्यान्यनेकधातुकाष्ठमयं गृहाकारं यानं रचयित्वा तत्रोत्तमानि यवादीन्यौषधानि संस्थाप्याग्निगृहेऽग्निं पार्थिवैरिंधनैः प्रज्वाल्यापः स्थापयित्वा वाष्पबलेन यानानि चालयित्वा व्यवहारार्थं देशदेशान्तरं गत्वा तत आगत्य सद्यः स्वदेशः प्राप्तव्य एवं कृते महान्ति सुखानि प्राप्तानि भवन्तीति ॥ ६ ॥ इति चतुर्थो वर्गः ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे (शुभस्पती) कल्याण कारक मनुष्यों के कर्मों की पालना करने और (अश्विना) विद्या की ज्योति को बढ़ाने वाले शिल्पि लोगो आप दोनों (नः) हम लोगों के लिये (अद्भ्यः) जलों से (दिव्यानि) विद्यादि उत्तम गुण

प्रकाश करने वाले (भेषजा) रसमय सोमादि ओषधियों को (त्रिः) तीनता प निवारणार्थ (दत्तम्) दीजिये (उ) और (पार्थिवानि) पृथिवी के विकार युक्त ओषधी (त्रिः) तीन प्रकार से दीजिये और (ममकाय) मेरे (सूनवे) औरस अथवा विद्यापुत्र के लिये (शंयोः) सुख तथा (ओमानम्) विद्या में प्रवेश और क्रिया के बोध कराने वाले रक्षणीय व्यवहार को (त्रिः) तीन बार दीजिये और (त्रिधातु) लोहा तामा पीतल इन तीन धातुओं के सहित भू जल और अन्तरिक्ष में जाने वाले (शर्म) गृहस्वरूप यान को मेरे पुत्र के लिये (त्रिः) तीन बार (वहतम्) पहुंचा इये ॥ ६ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को चाहिये कि जो जल और पृथिवी में उत्पन्न हुई रोग नष्ट करने वाली ओषधी हैं उन का एक दिन में तीन बार भोजन किया करें और अनेक धातुओं से युक्त काष्ठमय घर के समान यान को बना उस में उत्तम २ जव आदि ओषधी स्थापन अग्नि के घर में अग्नि को काष्ठों से प्रज्व-लित जल के घर में जलों को स्थापन भाफ के बल से यानों को चला व्यवहार के लिये देशदेशान्तरों को जा और वहां से आ कर जल्दी अपने देश को प्राप्त हों इस प्रकार करने से बड़े २ सुख प्राप्त होते हैं ॥ ६ ॥

यह चौथा वर्ग समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

पुनस्तौ कीदृशौस्त इत्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रिर्नो अश्विना यजता दिवेदिवे परि त्रिधातु पृथिवीमशायतम् ॥ तिस्रो नासत्या रथ्या परावत आत्मेव वातः स्वसराणि गच्छतम् ॥ ७ ॥

त्रिः । नः । अश्विना । यजता । दिवेऽदिवे । परि । त्रिऽधातु । पृथिवीम् । अ-

शा॒य॒त॒म् । ति॒स्रः । ना॒स॒त्या॒ । र॒थ्या॒ । प॒रा॒ऽवतः॑ आ॒त्माऽइ॑व । वातः॑ । स्व॒स॑रा॒णि । ग॒च्छ॒त॒म् ॥ ७ ॥

पदार्थः— (त्रिः) त्रिवारम् (नः) अस्माकम् (अश्विना) जलाग्नी इव शिल्पिनौ (यजता) यष्टारौ संगन्तारौ । अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (दिवेदिवे) प्रतिदिनम् (परि) सर्वतो भावे (त्रिधातु) सुवर्णरजतादि धातु संपादितम् (पृथिवीम्) भूमिमन्तरिक्षं वा । पृथिवीत्यन्तरिक्षनामसु पठितम् । निघं० १ । ३ । (अशायतम्) शयाताम् । अत्र लोडर्थे लङ् । अशयातामिति प्राप्ते ऋच्छदीर्घयोर्व्यत्ययासः । (तिस्रः) ऊर्ध्वाधः समगतीः (नासत्या) नविद्यतेऽसत्यंययोस्तौ (रथ्या) यौ रथ विमानादिकं यानं वहतस्तौ (परावतः) दूरस्थानानि । परावतः प्रेरितवतः परागताः निरु० ११ ४८ परावत इति दूरनामसु पठितम् । निघं० ३ । २६ आत्मेव आत्मनः शीघ्रगमनवत् (वातः) कलाभिर्भ्रामितो वायुः (स्वसराणि) स्व २ कार्य्यप्रापकाणि दिनानि । स्वसराणीति पदनामसु पठितम् निघं० ४ । २ । अनेन प्राप्त्यर्थो गृह्यते (गच्छतम्) ॥ ७ ॥

अन्वयः— हे नासत्यौ यजतौ रथ्यावश्विनाविव शिल्पिनौ युवां पृथिवीं प्राप्य त्रिःपर्य्यशयातमात्मेव वातः प्राणश्च स्वसराणि दिवे दिवे गच्छति तद्वद्गच्छतं नोऽस्माकं त्रिधातु यानं परावतो मार्गान् तिस्रो गतीर्गमयतम् ॥ ७ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः । ऐहिकसुखमभीप्सवो जना यथा जीवोऽन्तरिक्षादिमार्गैः सद्यः शरीरान्तरं गच्छति यथा च वायुः सद्यो गच्छतितथैव पृथिव्यादिविकारैः कलायन्त्रयुक्तानि या-

नाभिरचयित्वा तत्र कलायन्त्राग्नीन् संप्रयोज्याभीष्टान् दूरदेशान् सद्यः प्राप्नुयुः । नैतेन कर्मणा विना सांसारिकं सुखं भवितुमर्हति ॥ ७ ॥

पदार्थः— हे (नासत्या) असत्य व्यवहार रहित (यजता) मेलकरने तथा (रथ्या) विमानादि यानों को प्राप्त कराने वाले (अश्विना) जल और अग्नि के समान कारीगर लोगो तुम दोनो (पृथिवी) भूमि वा अन्तरिक्ष को प्राप्त होकर (त्रिः) तीनबार (पर्य्यायतम्) यत्न करो (आत्मेव) जैसे जीवात्मा के समान (वातः) प्राण (स्वसराणि) अपने कार्यों में प्रवृत्त करने वाले दिनों को नित्य २ प्राप्त होते हैं वैसे (गच्छतम्) देशान्तरों को प्राप्त हुआ करो और जो (नः) हम लोगों के (त्रिधातु) सोना चांदी आदि धातुओं से बनाये हुए यान (परावतः) दूरस्थानों को (तिस्रः) ऊंची नीची और सम चाल चलते हुए मनुष्यादि प्राणियों को पंहुचाते हैं उन को कार्यसिद्धि के अर्थ हम लोगों के लिये बनाओ ॥ ७ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । संसारसुख की इच्छा करने वाले पुरुष जैसे जीव अन्तरिक्ष आदि मार्गों से दूसरे शरीरों को शीघ्र प्राप्त होता और जैसे वायु शीघ्र चलता है वैसे ही पृथिव्यादि विकारों से कलायन्त्रयुक्त यानों को रच और उन में अग्नि जल आदि का अच्छे प्रकार प्रयोग करके चाहे हुए दूर देशों को शीघ्र पहुंचा करें इस काम के विना संसार सुख होने को योग्य नहीं है ॥ ७ ॥

पुनस्तौ कीदृशौ ताभ्यां किं किं साध्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हैं और उन से क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्रिरश्विना सिन्धुभिः सप्तमातृभिस्त्रय आहावास्त्रेधा हविष्कृतम् । तिस्रः पृथिवीरुपरि प्रवा दिवो नाकं रक्षेथे द्युभिरक्तु-

भिर्हितम् ॥ ८ ॥

त्रिः । अश्विना । सिन्धुऽभिः । सप्तमातृऽभिः । त्रयः । आऽहावाः । त्रेधा । हविः । कृतम् । तिस्रः । पृथिवीः । उपरि । प्रवा । दिवः । नाकम् । रक्षेथे इति । द्युऽभिः । अक्तुऽभिः । हितम् ॥ ८ ॥

पदार्थः— (त्रिः) त्रिवारम् (अश्विना) अश्विनौ सूर्य्याचन्द्रमसाविव । अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (सिन्धुभिः) नदीभिः (सप्तमातृभिः) सप्तार्थात् पृथिव्यग्निसूर्य्यवायुविद्युदुदकावकाशा मातरो जनका यासां ताभिः (त्रयः) उपर्य्यधोमध्याख्याः (आहावाः) निपानसदृशा मार्गा जलाधरा वा । निपानमाहावः । अ० ३ । ३ । ७४ इति निपातनम् (त्रेधा) त्रिभिः प्रकारैः (हविः) होतुमर्हं द्रव्यम् (कृतम्) शोधितम् (तिस्रः) स्थूलत्रसरेणुपरमाण्वाख्याः । (पृथिवीः) विस्तृताः (उपरि) ऊर्ध्वार्थे (प्रवा) गमयितारौ (दिवः) प्रकाशयुक्तान् किरणान् (नाकम्) अविद्यमानदुःखम् (रक्षेथे) रक्षतम् । अत्र लोडर्थे लट् व्यत्ययेनात्मनेपदं च (द्युभिः) दिनैः । (अक्तुभिः) रात्रिभिः । द्युरित्यहर्नामसु पठितम् । निघं० १ । ७ । (हितम्) धृतम् ॥ ८ ॥

अन्वयः— हे प्रवौ गमयितारावश्विनौ वायुसूर्य्याविव शिल्पिनौ युवां सप्तमातृभिः सिंधुभिर्द्युभिरक्तुभिश्च यस्य त्रय आहावाः सन्ति तत् त्रेधा हविष्कृतं शोधितं नाकं हितं द्रव्यमुपरि प्रक्षिप्यतत् तिस्रः पृथिवीर्दिवः प्रकाशयुक्तान् किरणान् प्रापय्यत-

ह्रितस्ततश्चालयित्वा ऽधो वर्षयित्वैतेन सर्वं जगत्त्रीरक्षेथे त्रिवारं रक्षतम् ॥ ८ ॥

भावार्थः— मनुष्यैर्वायुसूर्य्ययोश्छेदनाकर्षणवृष्ट्युद्भावकैर्गुणै- र्नद्यश्चलंति हुतं द्रव्यं दुर्गन्धादिदोषान्निवार्य हितं सर्वदुःखरहितं सुखं साधयति यतोऽहर्निशं सुखं वर्द्धते येन विना कश्चित्प्राणी जी- वितुं न शक्नोति तस्मादेतच्छोधनार्थं यज्ञाख्यं कर्म नित्यं कर्तव्य- मिति ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे (प्रवा) गमन कराने वाले (अश्विना) सूर्य और वायु के समान कारीगर लोगो आप (सप्तमातृभिः) जिन को सप्त अर्थात् पृथिवी अग्नि सूर्य वायु बिजली जल और आकाश सात माता के तुल्य उत्पन्न करने वाले हैं उन (सिंधुभिः) नदियों और (द्युभिः) दिन (अक्तुभिः) रात्रि के साथ जिस के (त्रयः) ऊपर नीचे और मध्य में चलने वाले (आहावाः) जलाधार मार्ग हैं उस (त्रेधा) तीन प्रकार से (हविष्कृतम्) ग्रहण करने योग्य शोधे हुए (नाकम्) सब दुःखों से रहित (हितम्) स्थित द्रव्य को (उपरि) ऊपर चढ़ा के (तिस्रः) स्थूल त्रसरेणु और परमाणु नाम वाली तीन प्रकार की (पृथिवीः) विस्तार युक्त पृथिवी और (दिवः) प्रकाश स्वरूप किरणों को प्राप्त करा के उस को इधर उधर चला और नीचे वर्षा के इस से सब जगत् की (त्रिः) तीन वार (रक्षेथे) रक्षा कीजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को योग्य है कि जो सूर्य वायु के छेदन आकर्षण और वृष्टि कराने वाले गुणों से नदी चलती तथा हवन किया हुआ द्रव्य दुर्गन्धादि दोषों को निवारण कर सब दुःखों से रहित सुखों को सिद्ध करता है जिस से दिन रात सुख बढ़ता है इस के विना कोई प्राणी जीवने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इस की शुद्धि के लिये यज्ञ रूप कर्म नित्य करें ॥ ८ ॥

पुनस्ताभ्यां किं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्वं१त्री चक्रा त्रिवृतो रथस्य क्वं१त्रयो बन्धु-

रो ये सनीळाः ॥ कदा योगो वाजिनो रासभस्य येन यज्ञं नासत्योपयाथः ॥ ९ ॥

क्व । त्री । चक्रा । त्रिऽवृतः । रथस्य । क्व । त्रयः । वन्धुरः । ये । सऽनीळाः । कदा । योगः । वाजिनः । रासभस्य । येन । यज्ञम् । नासत्या । उपऽयाथः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(क्व) कस्मिन् (त्री) त्रीणि (चक्रा) यानस्य शीघ्रं गमनाय निर्मितानि । चक्रा चक्राणि अत्रोभयत्र शेश्छन्द० इति शेर्लोपः (त्रिवृतः) त्रिभी रचनचालनसामग्रीभिः पूर्णस्य (रथस्य) त्रिषु भूमिजलान्तरिक्षमार्गेषु रमन्ते येन तस्य (क्व) (त्रयः) जलाग्निमनुष्यपदार्थस्थित्यर्थावकाशाः (वन्धुरः) बन्धनविशेषाः । सुपां सुलुगिति जसः स्थाने सुः । (ये) प्रत्यक्षाः (सनीडाः) समाना नीडा बन्धना धारा गृहविशेषा अग्न्यागारविशेषा वा येषु ते (कदा) कस्मिन् काले (योगः) युज्यते यस्मिन्सः (वाजिनः) प्रशस्तो वाजो वेगोऽस्यास्तीति तस्य । अत्र प्रशंसार्थ इनिः । (रासभस्य) रासयन्ति शब्दयन्ति येन वेगेन तस्य रासभावश्विनोरित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम् । निघं० १ । १५ (येन) रथेन (यज्ञम्) गमनयोग्यं मार्गं । (नासत्या) सत्यगुणस्वभावौ (उपयाथः) शीघ्रम भीष्टस्थाने सामीप्यं प्रापयथः ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे नासत्या वश्विनौ शिल्पिनौ युवां येन विमानादियानेन यज्ञं संगन्तव्यं मार्गं कदोपयाथो दूरदेशस्थं स्थानं सामीप्यवत्प्रापयथः तस्य च रासभस्य वाजिनस्त्रिवृतो रथस्य मध्ये क्व त्री-

णि चक्राणि कर्त्तव्यानि क्व चास्मिन् विमानादियाने ये सनीडास्त्रयो बन्धुरास्तेषां योगः कर्त्तव्य इति त्रयः प्रश्नाः ॥ ९ ॥

भावार्थः— अत्रोक्तानां त्रयाणां प्रश्नानामेतान्युत्तराणि वेद्यानि विभूतिकामैर्नरै रथस्यादिमध्यान्तेषु सर्वकलाबन्धनाधाराय त्रयो बन्धनविशेषाः कर्त्तव्याः । एकं मनुष्याणां स्थित्यर्थं द्वितीयमग्निस्थित्यर्थं तृतीयं जलस्थित्यर्थं च कृत्वा यदायदा गमनेच्छा भवेत्तदातदा यथा योग्यं काष्ठानि संस्थाप्याग्निं योजयित्वा कलायंत्रोद्धावितेन वायुना संदीप्य वाष्पवेगेन चालितेन यानेन सद्यो दूरमपि स्थानं समीपवत्प्राप्तुं शक्नुयुः नह्येतादृशेन यानेन विना कश्चिन्निर्विघ्नतया स्थानान्तरं सद्यो गंतुं शक्नोतीति ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे (नासत्या) सत्य गुण और स्वभाव वाले कारीगर लोगो तुम दोनों (यज्ञम्) दिव्य गुण युक्त विमान आदि यान से जाने आने योग्य मार्ग को (कदा) कब (उपयाथः) शीघ्र जैसे निकट पहुंचजायें वैसे पहुंचते हो और (येन) जिस से पहुंचते हो उस (रासभस्य) शब्द करने वाले (वाजिनः) प्रशंसनीय वेग से युक्त (त्रिवृतः) रचन चालन आदि सामग्री से पूर्ण (रथस्य) और भूमि जल अन्तरिक्ष मार्ग में रमण कराने वाले विमान में (क्व) कहां (त्री) तीन (चक्रा) चक्र रचने चाहिये और इस विमानादि यान में (ये) जो (सनीडाः) बराबर बंधनों के स्थान वा अग्नि रहने का घर (बन्धुरः) नियम पूर्वक चलाने के हेतु काष्ठ होते हैं उन का (योगः) योग (क्व) कहां करना चाहिये ये तीन प्रश्न हैं ॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में कहे हुए तीन प्रश्नों के ये उत्तर जानने चाहिये विभूति की इच्छा रखने वाले पुरुषों को उचित है कि रथ के आदि मध्य और अन्त में सब कलाओं के बन्धनों के आधार के लिये तीन बंधन विशेष संपादन करें तथा तीन कला घूमने घुमाने के लिये संपादन करें एक मनुष्यों के बैठने दूसरी अग्नि की स्थिति और तीसरी जल की स्थिति के लिये कर के जब २ चलने की इच्छा हो तब २ यथा योग्य जल काष्ठों का स्थापन अग्नि को युक्त और कला के वायु से प्रदीप्त कर के बाफ के वेग से चलाये हुए यान से शीघ्र दूर स्थान

को भी निकट के समान जाने को समर्थ होवें । क्योंकि इस प्रकार किये विना निर्विघ्नता से स्थानान्तर को कोई मनुष्य शीघ्र नहीं जा सकता ॥ ९ ॥

पुनस्ताभ्यां किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ नासत्या गच्छतं हूयते हविर्मध्वः पिबतं मधुपेभिरासभिः। युवोर्हि पूर्वं सवितोषसो रथमृताय चित्रं घृतवन्तमिष्यति ॥ १० ॥

आ। नासत्या। गच्छतम्। हूयते। हविः। मध्वः। पिबतम्। मधुऽपेभिः। आसऽभिः। युवोः। हि। पूर्वम्। सविता। उषसः। रथम्। ऋताय। चित्रम्। घृतऽवन्तम्। इष्यति ॥ १० ॥

पदार्थः— (आ) समन्तात् (नासत्या) अश्विनाविव। अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (गच्छतम्) (हूयते) क्षिप्यते दीप्यते (हविः) होतुं प्रक्षेप्तुं दातुमर्हं काष्ठादिकमिन्धनम् (मध्वः) मधुरगुणयुक्तानि जलानि। मध्वित्युदकनामसु पठितम्। निघं० १। १२ अत्र लिंगव्यत्ययेन पुंस्त्वम्। वाच्छन्दसि सर्वे० इति पूर्वसवर्णप्रतिषेधाद्यणादेशः (पिबतम्) (मधुपेभिः) मधूनि जलानि पिबन्ति यैस्तैः (आसभिः) स्वकीयैरास्यवच्छेदकगुणैः। अत्रास्यस्यासने प-

हृन्नोमासु० अ० ६ । १ । ६३ इत्यासन्नादेशः । (युवोः) युवयोः (हि) निश्चयार्थे (पूर्वम्) प्राक् (सविता) सूर्यलोकः (उषसः) सूर्योदयात्प्राक् वर्त्तमानकालवेलायाः (रथम्) रमणहेतुम् (ऋताय) सत्यगमनाय । ऋतमिति सत्यनामसु पठितम् । निघं० ३ । १२ (चित्रम्) आश्चर्य्यवेगादियुक्तम् (घृतवन्तम्) घृतानि बहून्युदकानि विद्यन्ते यस्मिँस्तम् । घृतमित्युदकनामसु पठितम् । निघं० १ । १२ । (इष्यति) गच्छति ॥ १० ॥

अन्वयः— हे अश्विनौ नासत्याभ्यामश्विभ्यामिव युवाभ्यां यद्धविर्हूयते तेन हविषा शोधितानि मध्वो मधूनि जलानि मधुपेभिरासभिः पिबतम् । अस्मदानन्दाय घृतवन्तं चित्रं रथमागच्छतं समन्ताच्छीघ्रं प्राप्नुतं युवोर्युवयोर्यो रथउषसःपूर्वं सवितेव प्रकाशमान इष्यति स ऋतायास्माभिर्ग्रहीतव्यो भवति ॥ १० ॥

भावार्थः— यदा यानेष्वग्निजले प्रदीप्य चालयन्ति तदेमानि यानानि स्थानान्तरं सद्यः प्रापयन्ति । तत्र जलबाष्पनिस्सरणार्थैकमीदृशं स्थानं निर्मातव्यं यद्द्वाराबाष्पनिर्मोचनेन वेगो वर्द्धेत । एतद्विद्याऽभिज्ञएव सम्यक् सुखं प्राप्नोति ॥ १० ॥

पदार्थः— हे शिल्पिलोगो तुम दोनों (नासत्या) जल और अग्नि के सदृश जिस (हविः) सामग्री का (हूयते) हवन करते हो उस हवि से शुद्ध हुए (मध्वः) मीठे जल (मधुपेभिः) मीठे मीठे जल पीने वाले (आसभिः) अपने मुखों से (पिबतम्) पियो और हम लोगों को आनन्द देने के लिये (घृतवन्तम्) बहुत जल की कलाओं से युक्त (चित्रम्) वेगादि आश्चर्य गुणसहित (रथम्) विमानादि यानों से देशान्तरों को (गच्छतम्) शीघ्रजाओ आओ (युवोः) तुम्हारा जो रथ (उषसः) प्रातःकाल से (पूर्वम्) पहिले (सविता) सूर्यलोक के समान प्रकाशमान (इष्यति) शीघ्रचलता है (हि) वही (ऋताय) सत्य सुख के लिये समर्थ होता है ॥ १० ॥

भावार्थः- जब यानों में जल और अग्नि को प्रदीप्त करके चलाते हैं तब ये यान और स्थानों को शीघ्र प्राप्त कराते हैं उन में जल और बाफ के निकलने का एक ऐसा स्थान रच लेवें कि जिस में होकर बाफ के निकलने से वेग की वृद्धि होवे। इस विद्या का जानने वाला ही अच्छे प्रकार सुखों को प्राप्त होता है ॥ १० ॥

पुनस्ताभ्यां किं किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ नासत्या त्रिभिरेकादशैरिह देवेभिर्यातं मधुपेयमश्विना ॥ प्रायुस्तारिष्टं नी रपांसि मृक्षतं सेधतं द्वेषो भवतं सचाभुवा ॥ ११ ॥

आ । नासत्या । त्रिऽभिः । एकादशैः । इह । देवेभिः । यातम् । मधुऽपेयम् । अश्विना । प्र । आयुः । तारिष्टम् । निः । रपांसि । मृक्षतम् । सेधतम् । द्वेषः । भवतम् । सचाऽभुवा ॥ ११ ॥

पदार्थः- (आ) समन्तात् (नासत्या) सत्यगुणस्वभावौ। अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (त्रिभिः) एभिरहोरात्रैः समुद्रस्य पारम् (एकादशैः) एभिरहोरात्रैर्भूगोलान्तम् (इह) यानेषु

संप्रयोजितौ (देवेभिः) विद्वद्भिः (यातम्) प्राप्नुतम् (मधुपेयम्) मधुरैर्गुणैर्युक्तं पेयं द्रव्यम् (अश्विना) द्यावापृथिव्यादिकौ द्वौ द्वौ (प्र) प्रकृष्टार्थे (आयुः) जीवनम् (तारिष्टम्) अन्तरिक्षं प्लावयतम् (निः) नितराम् (रपांसि) पापानि दुःखप्रदानि । रपो रप्रमिति पापनामनी भवतः । निरु० ४ । २१ । (मृक्षतम्) दूरीकुरुतम् (सेधतम्) मंगलं सुखं प्राप्नुतम् (द्वेषः) द्विषतःशत्रून् । अन्येभ्योऽपि दृश्यन्त इति कर्त्तरि विच् । (भवतम्) (सचाभुवा) यौ सचासमवायं भावयतस्तौ । अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः ॥ ११ ॥

अन्वयः— हे शिल्पिनौ युवां नासत्याश्विना सचाभुवाविव देवेभिर्विद्वद्भिस्सहेहोत्तमेषु यानेषु स्थित्वा त्रिभिरहोरात्रैर्महासमुद्रस्य पारमेकादशैरहोरात्रैर्भूगोलान्तं यातं द्वेषोरपांसि च निर्मृक्षतं मधुपेयमायुः प्रतारिष्टं सुसुखं सेधतं विजयिनौ भवतम् ॥ ११ ॥

भावार्थः— यदा मनुष्या ईदृशेषु स्थित्वा चालयन्ति तदा त्रिभिरहोरात्रैः सुखेन समुद्रपारमेकादशैरहोरात्रैर्भूगोलस्याभितो गन्तुं शक्नुवन्ति । एवंकुर्वन्तो विद्वांसः सुखयुक्तं पूर्णमायुः प्राप्य दुःखानि दूरीकृत्य शत्रून् विजित्य चक्रवर्त्तिराज्यभागिनो भवन्तीति ॥ ११ ॥

पदार्थः— हे शिल्प लोगो तुम दोनों (नासत्या) सत्यगुण स्वभाव युक्त (सचाभुवा) मेल कराने वाले जल और अग्नि के समान (देवेभिः) विद्वानों के साथ (इह) इन उत्तम यानों में बैठ के (त्रिभिः) तीन दिन और तीन रात्रियों में महासमुद्र के पार और (एकादशभिः) ग्यारह दिन और ग्यारह रात्रियों में भूगोल पृथिवी के अन्त को (यातम्) पहुंचो (द्वेषः) शत्रु और (रपांसि) पापों को (निर्मृक्षतम्) अच्छे प्रकार दूर करो (मधुपेयम्) मधुर गुण युक्त पीने योग्य द्रव्य और (आयुः) उमर को (प्रतारिष्टम्) प्रयत्न से बढ़ाओ उत्तम सुखों को (सेधतम्) सिद्ध करो और शत्रुओं को जीतने वाले (भवतम्) होओ ॥ ११ ॥

पदार्थः— हे (अग्ने) शरीर और आत्मा के बल से सुशोभित जिस से आप (मन्द्रः) पदार्थों की प्राप्ति करने से सुख का हेतु (होता) सुखों के देने (गृहपतिः) गृहकार्यों का पालन (दूतः) दुष्ट शत्रुओं को तप्त और छेदन करने वाले (विशाम्) प्रजाओं के (पतिः) रक्षक (असि) हैं इस से सब प्रजा (यानि) जिन (विश्वा) सब (ध्रुवा) निश्चल (संगतानि) सम्यक् युक्त समयानुकूल प्राप्त हुए (व्रता) धर्मयुक्त कर्मों को (देवाः) धार्मिक विद्वान् लोग (अकृण्वत) करते हैं उन का सेवन (त्वे) आप के रक्षक होने से सदा कर सकती हैं ॥ ५ ॥

भावार्थः— जो प्रशस्त राजा, दूत और सभासद् होते हैं वे ही राज्य को पालन कर सकते हैं इन से विपरीत मनुष्य नहीं कर सकते ॥ ५ ॥

अथाग्निदृष्टान्तेन राजपुरुषगुणा उपदिश्यन्ते ।

अब अग्नि के दृष्टान्त से राजपुरुषों के गुणों का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्वे इद॑ग्ने सु॒भगे॑ यविष्ठ्य॒ विश्व॒मा हू॑यते ह॒विः । स त्वं नो॑ अ॒द्य सु॒मना॑ उ॒ताप॒रं यक्षि॑ दे॒वान्त्सु॒वीर्या॑ ॥ ६ ॥

त्वे इति॑ । इत् । अ॒ग्ने॒ । सु॒ऽभगे॑ । य॒वि॒ष्ठ्य॒ । विश्व॑म् । आ । हू॒य॒ते॒ । ह॒विः । सः । त्वम् । नः॒ । अ॒द्य । सु॒ऽमनाः॑ । उ॒त । अ॒प॒रम् । यक्षि॑ । दे॒वान् । सु॒ऽवीर्या॑ ॥ ६ ॥

पदार्थः—(त्वे) त्वयि (इत्) एव (अग्ने) सुखप्रदातः सभेश (सुभगे) शोभनमैश्वर्यं यस्मिँस्तस्मिन् (यविष्ठ्य) यो वेगेन पदार्थान् यौति संयुनक्ति संहतान् भिनत्ति वा स युवातिशयेन युवा यविष्ठो यविष्ठ एव यविष्ठ्यस्तत्सम्बुद्धौ (विश्वम्) सर्वम् (आ) समन्तात् (हूयते) दीयते (हविः) सुसंस्कृतं वस्तु (सः) त्वम् (नः) अस्मान् (अद्य) अस्मिन्नहनि (सुमनाः) शोभनं-मनो विज्ञानं यस्य सः (उत) अपि (अपरम्) श्वोदिनं प्रति (यक्षि) संगमय । अत्र लडर्थे लङ्भावश्च (देवान्) विदुषः (सुवीर्या) शोभनानि वीर्याणि येषां तान् । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः । ६ ।

अन्वयः — हे यविष्ठाग्ने यथाहोतर्यग्नौ विश्वं हविराहूयते यस्मिन् सुभगे त्वे त्वयि सर्वान्यायोस्माभिरधिक्रियते स सुमना स्त्वमद्योतापरं दिनं प्रति नोस्मान् सुवीर्या श्रेष्ठपराक्रम युक्तानिद्देवान्यक्षि संगमय ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः यथा विद्वांसो वन्हौ शुद्धं हव्यं द्रव्यं प्रक्षिप्य जगते सुखं जनयंति तथैव राजपुरुषा दुष्टान् कारागृहे प्रक्षिप्य धार्मिकेभ्य आनन्दं प्रादुर्भावयन्तु ॥ ६ ॥

पदार्थः — हे (यविष्ठ) पदार्थों के मेल करने में बलवान् (अग्ने) सुख देनेवाले राजन् जैसे होता (अग्नौ) अग्नि में (विश्वम्) सब (हविः) उत्तमता से संस्कार किया हुआ पदार्थ (आहूयते) डालाजाता है वैसे जिस (सुभगे) उत्तम ऐश्वर्य युक्त (त्वे) आपमें न्याय करने का काम स्थापित करते हैं सो (सुमनाः) अच्छे मनवाले (त्वम्) आप (अद्य) आज (उत) और (अपरम्) दूसरे दिन में भी (नः) हम लोगों को (सुवीर्य्या) उत्तम वीर्य वाले (देवान्) विद्वान् (इत्) ही (यक्षि) कीजिये । ६ ।

भावार्थः— इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालंकार है । जैसे विद्वान् लोग वन्हि में पवित्र होम करके योग्य घृतादि पदार्थों को होम के संसार के लिये सुख उत्पन्न करते हैं वैसे ही दुष्टों को बंधीघर में डाल के सज्जनों को आनन्द सदा दिया करें । ६ ।

पुनः सएवार्थ उपदिश्यते ।

फिर उसी अर्थ का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

तं घे॑मि॒त्थान॑म॒स्विन॒ उप॒ स्व॒राज॑मासते ।
होत्रा॑भिर॒ग्निं मनु॑षः॒ समि॑न्धते तिति॒र्वांसो॒
अति॒ स्रिधः॑ ॥ ७ ॥

तम्। घ। ईम्। इत्था। नमस्विनः। उप। स्वऽराजम्। आसते। होत्राभिः। अग्निम्। मनुषः। सम्। इन्धते। तितिर्वांसः। अति। स्रिधः॥ ७॥

पदार्थः—(तम्) प्रधानं सभाध्यक्षं राजानम् (घ) एव (ईम्) प्रदातारम्। ईमिति पदनामसु पठितम्। निघं० ४। २। अनेन प्राप्त्यर्थो गृह्यते (इत्था) अनेनप्रकारेण (नमस्विनः) नमः प्रशस्तो वज्रः शस्त्रसमूहो विद्यते येषां ते। अत्र प्रशंसार्थे विनिः (उप) सामीप्ये (स्वराजम्) स्वेषां राजा स्वराजस्तम् (आसते) उपविशन्ति (होत्राभिः) हवनसत्यक्रियाभिः (अग्निम्) ज्ञानस्वरूपम् (मनुषः) मनुष्याः। अत्र मनधातोर्बाहुलकादौणादिक उसिः प्रत्ययः (सम्) सम्यगर्थे (इन्धते) प्रकाशयन्ते (तितिर्वांसः) सम्यक् तरन्तः। अत्र तॄधातोर्लिटः स्थाने वर्त्तमाने क्वसुः (अति) अतिशयार्थे (स्रिधः) हिंसकान् क्षयकर्त्तॄन् शत्रून्॥ ७॥

अन्वयः—ये नमस्विनो मनुषो होत्राभिस्तं स्वराजम
ग्निं सभाध्यक्षं घोपासते समिन्धते च ते तिस्रिधस्तितिर्वांसो भवेयुः॥ ७॥

भावार्थः—न खलु सभाध्यक्षोपासकैः सभासद्भिर्भृत्यैर्विना कश्चिदपि स्वराज्यसिद्धिं प्राप्य शत्रून् विजेतुं शक्नोति॥ ७॥

पदार्थः—जो (नमस्विनः) उत्तम सत्कार करने वाले (मनुषः) मनुष्य (होत्राभिः) हवनयुक्त सत्य क्रियाओं से (स्वराजम्) अपने राजा (अग्निम्) ज्ञानवान् सभाध्यक्ष को (घ) ही (उपासते) उपासना और (तम्)

उसीको (समिन्धते) प्रकाश करते हैं वे मनुष्य (स्रिधः) हिंसा नाश करने वाले शत्रुओं को (अति तितिर्वांसः) अच्छे प्रकार जीतकर पार हो सकते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थः — कोई भी मनुष्य सभाध्यक्ष की उपासना करने वाले भृत्य और सभासदों के विना अपने राज्य की सिद्धि को प्राप्त होकर शत्रुओं से विजय को प्राप्त नहीं होसकता ॥ ७ ॥

पुनः स एवार्थ उपदिश्यते ।

फिर भी पूर्वोक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

घ्नन्तो॑ वृ॒त्रम॑तर॒न्रोद॑सी अ॒प उ॒रु क्षया॑य चक्रिरे। भुव॒त्कण्वे॒ वृषा॑ द्यु॒म्न्याहु॑तः॒ क्रन्द॒दश्वो॒ गवि॑ष्टिषु ॥ ८ ॥

घ्नन्तः॑ । वृ॒त्रम् । अ॒त॒र॒न् । रोद॑सी॒ इति॑ । अ॒पः । उ॒रु । क्षया॑य । च॒क्रि॒रे॒ । भु॒व॑त् । कण्वे॑ । वृषा॑ । द्यु॒म्नी । आऽहु॑तः । क्रन्द॑त् । अश्वः॑ । गोऽइ॑ष्टिषु ॥ ८ ॥

पदार्थः—(घ्नन्तः) शत्रुहननं कुर्वन्तो विद्युत्सूर्यकिरणा इव सेनापत्यादयः (वृत्रम्) मेघमिव शत्रुम् (अतरन्) प्लावयन्ति अत्र लडर्थे लङ् (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (अपः) कर्माणि अप इति कर्मनामसु पठितम् । निघं० २ । १ (उरु) बहु (क्षयाय) निवासाय (चक्रिरे) कुर्वन्ति अत्र लडर्थे लिट् (भुवत्) भवेत् लेट् प्रयोगो बहुलं छन्दसीति शपो लुकि भूसुवोस्तिङि ।

अ० ७ । ३ । ८८ । इति गुणप्रतिषेधः (कण्वे) शिल्पविद्याविदि मेधाविनि विद्वज्जने (वृषा) सुखवृष्टिकर्त्ता (द्युम्नः) द्युम्नानि बहुविधानि धनानि भवन्ति यस्मिन् । अत्र भूम्न्यर्थे इनिः (आहुतः) सभाध्यक्षत्वेन स्वीकृतः (क्रन्दत्) हेषणाख्यं शब्दं कुर्वन् (अश्वः) तुरङ्ग इव (गविष्टिषु) गवां पृथिव्यादीनामिष्टिप्राप्तीच्छा येषु संग्रामेषु तेषु ॥ ८ ॥

अन्वयः—राजपुरुषा विद्युत्सूर्यकिरणा वृत्रमिव शत्रुबलं घ्नन्तो रोदसी अतरन्नपः कुर्युः तथा गविष्टिषु क्रन्दन्नश्व इवाहुतो वृषा सन्नुरुक्षयाय कण्वे द्युम्नी ऽभवद्भुवत् ॥ ८ ॥

भावार्थः—यथा विद्युद्भौतिकसूर्याग्नयो मेघं छित्त्वा वर्षयित्वा सर्वान् लोकान् जलेन पूरयन्ति तत् कर्म प्राणिनां चिरसुखाय भवत्येवं सभाध्यक्षादिभी राजपुरुषैः कण्टकरूपान् छत्रून् हत्वा प्रजाः सततं तर्पणीयाः ॥ ८

पदार्थः—राज पुरुष जैसे बिजुली सूर्य्य और उस के किरण (वृत्रम्) मेघ का छेदन करते और वर्षाते हुए आकाश और पृथिवी को जल से पूर्ण तथा इन कर्मों को प्राणियों के संसार में अधिक निवास के लिये करते हैं वैसे ही शत्रुओं को (घ्नन्तः) मारते हुए (रोदसी) प्रकाश और अंधेरे में (अपः) कर्मों को करें और सब जीवों को (अतरन्) दुःखों के पार करें तथा (गविष्टिषु) गाय आदि पशुओं के संघातों में (क्रन्दत्) शब्द करते हुए (अश्वः) घोडे के समान (आहुतः) राज्याधिकार में नियत किया (वृषा) सुख की वृष्टि करने वाला (उरुक्षयाय) बहुत निवास के लिये (कण्वे) बुद्धिमान् में (द्युम्नी) बहुत ऐश्वर्य का धरता हुआ सुखी (भुवत्) होवे ॥ ८

भावार्थः—जैसे बिजुली भौतिक और सूर्य्य रूपी तीन प्रकार के अग्नि मेघ को छिन्न भिन्न कर सब लोकों को जल से पूर्ण करते हैं उनका यह कर्म सब प्राणियों के अधिक निवास के लिये होता है वैसे ही सभाध्यक्षादि राजपुरुषों को चाहिये कि कण्टकरूप शत्रुओं को मार के प्रजा को निरन्तर तृप्त करें ॥ ८ ॥

अथ सभापतेर्गुणा उपदिश्यन्ते ।

अब अगले मंत्र में सभापति के गुणों का उपदेश किया है ॥

सं सी॑दस्व म॒हाँ अ॑सि॒ शोच॑स्व देव॒वीत॑मः ।
वि धू॒मम॑ग्ने अरु॒षं मि॑येध्य सृ॒ज प्र॑शस्त दर्श॒तम् ॥ ९ ॥

सम् । सी॒द॒स्व॒ । म॒हान् । अ॒सि॒ । शोच॑स्व । दे॒व॒ऽवीत॑मः । वि॒ऽधू॒मम् । अ॒ग्ने॒ । अ॒रु॒षम् । मि॒ये॒ध्य॒ । सृ॒ज । प्र॒ऽश॒स्त॒ । द॒र्श॒तम् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(सम्) सम्यगर्थे (सीदस्व) दोषान् छिन्धि । व्यत्ययेनात्मनेपदम् (महान्) महागुणविशिष्टः (असि) वर्त्तसे (देववीतमः) देवान् पृथिव्यादीन् वेत्ति व्याप्नोति (शोचस्व) प्रकाशस्व । शुचिर्दीप्तावित्यस्माल्लोट् (देववीतमः) यो देवान् विदुषो व्याप्नोति सोतिशयितः (वि) (धूमम्) धूमसदृशमलरहितम् (अग्ने) तेजस्विन् सभापते (अरुषम्) सुन्दररूपयुक्तम् । अरुषमिति रूपनामसुपठितम् । निघं० ३ । ७ (मियेध्य) मेधार्ह अयं प्रयोगः पृषोदरादिनाभीष्टः सिद्ध्यति (सृज) (प्रशस्त) प्रशंसनीय (दर्शतम्) द्रष्टुमर्हम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे तेजस्विन् मियेध्याग्ने सभापते यस्त्वं महानसि स सभापते देववीतमः सन्न्याये संसीदस्व शोचस्व हे प्रशस्त राजँस्त्वमलविधूमं दर्शतमरुषं सृजोत्पादय ॥ ९ ॥

भावार्थः—मेधाविनो राजपुरुषा अग्निवत् तेजस्विनोम-

ह्यागुणाढ्या भूत्वा दिव्यगुणानां पृथिव्यादिभूतानां तत्त्वं विज्ञाय प्रकाशमानाः सन्तो निर्मलं दर्शनीयं रूपमुत्पादयेयुः ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे (तेजस्विन्) विद्याविनययुक्त (मियेध्य) प्राज्ञ (अग्ने) विद्वन् सभापति जो आप (महान्) बड़े २ गुणों से युक्त (असि) हैं सो (देववीतमः) विद्वानों को व्याप्त होने हारे आप न्याय धर्म में स्थित होकर (संसीदस्व) सब दोषों का नाश कीजिये और (शोचस्व) प्रकाशित हूजिये हे (प्रशस्त) प्रशंसा करने योग्य राजन् आप (विधूमम्) धूम सदृश मल से रहित (दर्शतम्) देखने योग्य (अरुषम्) रूपको (सृज) उत्पन्न कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः— प्रशंसित बुद्धिमान् राज पुरुषों को चाहिये कि अग्नि के समान तेजस्वि और बड़े २ गुणों से युक्त हों और श्रेष्ठ गुणवाले पृथिवी आदि भूतों के तत्त्व को जान के प्रकाशमान होते हुए निर्मल देखने योग्य स्वरूप युक्त पदार्थों को उत्पन्न करें ॥ ९ ॥

मनुष्याः कीदृशं सभेशं कुर्य्युरित्याह ।

मनुष्य किस प्रकार के पुरुष को सभाध्यक्ष करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यं त्वा देवासो मनवे दधुरिह यजिष्ठं हव्यवाहन। यं कण्वो मेध्यातिथिर्धनस्पृतं यं वृषा यमुपस्तुतः ॥ १० ॥

यम् । त्वा । देवासः । मनवे । दधुः । इह । यजिष्ठम् । हव्यऽवाहन । यम् । कण्वः । मेध्यऽअतिथिः । धनऽस्पृतम् । यम् । वृषा । यम् । उपऽस्तुतः ॥ १० ॥

पदार्थः—(यम्) मननशीलम् (त्वा) त्वाम् (देवासः) विद्वांसः (मनवे) मननयोग्याय राजशासनाय । दधुः । दध्यासुः । अत्र लिङर्थे लिट् (इह) अस्मिन् संसारे (यजिष्ठम्) अतिशयेन यष्टारम् (हव्यवाहन) हव्यान्यादातुमर्हाणि वसूनि वहति प्राप्नोति तत्संबुद्धौ सभ्यजन (यम्) शिक्षितम् (कण्वः*) मेधावीजनः (मेध्यातिथिः) मेध्यैरतिथिभिर्युक्तोऽध्यापकः (धनस्पृतम्) धनैर्विद्यासुवर्णादिभिः स्पृतः प्रीतः सेवितस्तम् (यम्) सुखस्य वर्षकम् (वृषा) विद्यावर्षकः (यम्) स्तोतुमर्हम् (उपस्तुतः) उपगतः स्तौति स उपस्तुतो विद्वान् । अत्र स्तुधातोर्बाहुलकादौणादिकः क्तः प्रत्ययः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे हव्यवाहन यं यजिष्ठं त्वा त्वां देवासो मनव इह दधुर्दधति । यं धनस्पृतं त्वा त्वां मेध्यातिथिः कण्वो दधे । यं त्वा त्वां वृषा दधे । यं त्वा त्वामुपस्तुतो दधे तं त्वां वयं सभापतित्वेनाङ्गी कुर्महे ॥ १० ॥

भावार्थः—अस्मिञ्जगति सर्वैर्मनुष्यैर्विद्वांसोऽन्ये च श्रेष्ठपुरुषा मिलित्वा यं विचारशीलमादेयवस्तुप्रापकं शुभगुणाढ्यं विद्यासुवर्णादिधनयुक्तं सभ्यजनं राज्यशासनाय नियुञ्ज्युः स एव पितृवत्पालको राजा भवेत् ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (हव्यवाहन) ग्रहण करने योग्य वस्तुओं की प्राप्ति कराने वाले सभ्यजन (यम्) जिस विचार शील (यजिष्ठम्) अत्यन्त यज्ञ करने वाले (त्वा) आप को (देवासः) विद्वान् लोग (मनवे) विचारने योग्य राज्य की शिक्षा के लिये (इह) इस पृथिवी में (दधुः) धारण करते (यम्) जिस शिक्षा पाये हुए (धनस्पृतम्) विद्या सुवर्ण आदि धन से युक्त आप को (मेध्यातिथिः) पवित्र अतिथियों से युक्त अध्यापक (कण्वः) विद्वान् पुरुष स्वीकार करता (यम्) जिस सुख की वृष्टि करने वाले (त्वा) आप को (वृषा) सुखों का फैलाने वाला धार-

ण करता और (यम्) जिस स्तुति के योग्य आप को (उपस्तुतः) समीपस्थ सज्ज-नों को स्तुति करने वाला राजपुरुष धारण करता है उन आप को हम लोग सभापति के अधिकार में नियत करते हैं ॥ १० ॥

भावार्थः— इस सृष्टि में सब मनुष्यों को चाहिये कि विद्वान् और अन्य सब श्रेष्ठ चतुर पुरुष मिल के जिस विचारशील ग्रहण के योग्य वस्तुओं के प्राप्त कराने वाले शुभ गुणों से भूषित विद्या सुवर्णादिधनयुक्त सभा के योग्य पुरुष को राज्य शिक्षा के लिये नियुक्त करें उसी पिता के तुल्य पालन करने वाला जन राजा होवे ॥ १० ॥

पुन रेतैरग्न्यादिपदार्थाः कथमुपकर्त्तव्याः ।

फिर सभाध्यक्षादि लोग अग्नि आदि पदार्थों से कैसे उपकार लेवें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यम॒ग्निं मेध्या॑तिथि॒: कण्व॑ ई॒ध ऋ॒तादधि॑ ।
तस्य॒ प्रेषो॑ दीदियु॒स्तमि॒मा ऋच॒स्तम॒ग्निं व॑र्ध-
यामसि ॥ ११ ॥

यम् । अ॒ग्निम् । मेध्य॑ऽअतिथिः । कण्वः॑ । ई॒धे । ऋ॒तात् । अधि॑ । तस्य॑ । प्र । इष॑: । दी॒दि॒युः॒ । तम् । इ॒माः । ऋच॑: । तम् । अ॒ग्निम् । व॒र्धया॒मसि॒ ॥ ११ ॥

पदार्थः— (यम्) (अग्निम्) दाहगुणविशिष्टं सर्वपदार्थच्छेदकं च (मेध्यातिथिः) पवित्रैः पूजकैः शिष्यवर्गैर्युक्तो विद्वान् (कण्वः) विद्याक्रियाकुशलः (ईधे) दीपयति अत्र लडर्थे लिट् ।

इणादेश्वगुणमतोनृच्छः । अ०३ । १ । ३६ । इत्यमंत्र इतिप्रतिषेधादाम् निषेधः । इन्धिभवतिभ्याञ्च । अ० १ । २ । ६ । इतिलिटः किद्वाद्दनिदितामितिनलोपोगुणाऽभावश्च (ऋतात्) मेघमण्डलादुपरिष्टादुदकात् (अधि) उपरिभावे (तस्य) अग्नेः (प्र) प्रकृष्टार्थे (इषः) प्रापिकादीप्तयोरश्मयः (दीदियुः) दीप्यन्ते दीद्यतीति ज्वलतिकर्मसु पठितं निघं० १ । १६ । दीङ्क्षय इत्यस्माद्व्यत्ययेनपरस्मैपदमभ्यासस्यह्रस्वत्वे वाच्छन्दसि सर्वेविधयोभवन्तीत्यनभ्यासस्य ह्रस्वः । सायणाचार्येणेदं पदमन्यथा व्याख्यातम् (तम्) यज्ञस्यमुख्यंसाधनम् (इमाः) प्रत्यक्षाः (ऋचः) वेदमंत्राः विद्युदाख्यम् (अग्निम्) सर्वत्रव्यापकम् (वर्धयामसि) वर्धयामः ॥ ११ ॥

अन्वयः- मेध्यातिथिः कण्वऋतादधियमग्निमीधेतस्येषो प्रदीदियुरिमाऋचस्तंवर्णयन्ति तमेवाग्निं राजपुरुषा वयं शिल्पक्रियासिद्धये वर्धयामसि ॥ ११ ॥

भावार्थः -सभाध्यक्षादिराजपुरुषै र्होत्रादयो विद्वांसो वा युद्धशिल्पाद्यर्थहवनाय यमग्निं दीपयन्ति यस्य रश्मय ऊर्ध्वंप्रकाशन्ते यस्य गुणान् वेदमन्त्रा वदन्ति स राजव्यवहारसाधकशिल्पक्रियासिद्ध्य एव वर्द्धनीयः ॥ ११ ॥

पदार्थः — (मेध्यातिथिः) पवित्र सेवक शिष्य वर्गों से युक्त (कण्वः) विद्या सिद्ध कर्म काण्ड में कुशल विद्वान् (ऋतादधि) मेघमण्डल के ऊपर से सामर्थ्य होने के लिये (यम्) जिस (अग्निम्) दाहयुक्त सब पदार्थों के काटने वाले अग्नि को (ईधे) प्रदीप्त करता है (तस्य) उस अग्नि के (इषः) घृतादि पदार्थों को मेघमण्डल में प्राप्त करने वाले किरण (प्र) अत्यन्त (दीदियुः) प्रज्वलित होते हैं और (इमाः) ये (ऋचः) वेद के मंत्र जिस अग्नि के गुणों का प्रकाश करते हैं (तम्) उसी (अग्निम्) अग्नि को सभाध्यक्षादि राज पुरुष हम लोग शिल्प क्रियासिद्धि के लिये (वर्धयामसि) बढ़ाते हैं ॥ ११ ॥

भावार्थः-- सभाध्यक्षादि राजपुरुषों को चाहिये कि होता आदि विद्वान् लोग वायु वृष्टि के शोधक हवन के लिये जिस अग्नि को प्रकाशित करते हैं जिस के किरण ऊपर को प्रकाशित होते और जिस के गुणों को वेद मंत्र कहते हैं उसी अग्नि को राज्य साधक क्रिया सिद्धि के लिये बढ़ावें ॥ ११ ॥

पुनस्तेषामेव राजपुरुषाणां गुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर भी अगले मंत्र में उन्ही राज पुरुषों के गुणों का उपदेश किया है ॥

रायस्पूर्धि स्वधावोऽस्ति हि तेऽग्ने देवेष्वाप्यम् । त्वं वाजस्य श्रुत्यस्य राजसि स नो मृड महाँ असि ॥ १२ ॥

रायः । पूर्धि । स्वधाऽवः । अस्ति । हि । ते । अग्ने । देवेषु । आप्यम् । त्वम् । वाजस्य । श्रुत्यस्य । राजसि । सः । नः । मृड । महान् । असि ॥ १२ ॥

पदार्थः- (रायः) विद्यासुवर्णचक्रवर्त्तिराज्यादिधनानि (पूर्धि) पिपूर्धि । अत्र बहुलंछन्दसीति शपोलुक् । अशृणुष्टं० इति हेर्धिः (स्वधावः) स्वधा भोक्तव्या अन्नादिपदार्थाः सन्ति यस्य तत्संबुद्धौ (अस्ति) (हि) यतः (ते) तव (अग्ने) अग्निवत्तेजस्विन् (देवेषु) विद्वत्सु (आप्यम्) आप्तुं प्राप्तुं योग्यं सखित्वम् । अत्र आप्लृ-व्याप्तावित्यस्माद्धौणादिको यत् । अत्र सायणाचार्येण प्रमादाद्दुपधत्वाभावेऽपि पोरदुपधादितिकर्मणि यत् । यतोनावइत्याद्युदात्तत्वम् यच्चछान्दसमाद्युदात्तत्वमित्यशुद्धमुक्तम् । औणादिकस्य

यत्प्रत्ययस्य विद्यमानत्वात् (त्वम्) पुत्रवत्प्रजापालकः (वाजस्य) युद्धस्य (श्रुत्यस्य) श्रोतुंयोग्यस्य। श्रुश्रवण इत्यस्मादौणादिकः कर्मणि क्यप् प्रत्ययः (राजसि) प्रकाशितोभवसि (सः) (नः) अस्मान् (मृड) सुखय (महान्) बृहद्गुणाढ्यः (असि) वर्त्तसे ॥१२॥

अन्वयः— हे स्वधावोऽग्ने हि यतस्ते देवेष्वाप्यमस्ति रायस्पृधि। यस्त्वं महानसि श्रुत्यस्य वाजस्य च मध्ये राजसि स त्वंनोऽस्मान् मृडसुखयुक्तान् कुरु ॥ १२ ॥

भावार्थः— वेदवित्सु विद्यावृद्धेषु मैत्रीं भावयद्भिः सभाध्यक्षादिराजपुरुषैरन्नधनादिपदार्थागारान् सततं प्रपूर्य प्रसिद्धैर्दस्युभिरसह युद्धाय समर्थाभूत्वा प्रजायै महान्ति सुखानि दातव्यानि ॥१२॥

पदार्थः— हे (स्वधावः) भोगने योग्य अन्नादि पदार्थों से युक्त (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्वी सभाध्यक्ष (हि) जिसकारण (ते) आपकी (देवेषु) विद्वानों के बीच में (आप्यम्) ग्रहण करने योग्य मित्रता (अस्ति) है इसलिये आप (रायः) विद्या, सुवर्ण और चक्रवर्त्ति राज्यादिधनों को (पृधि) पूर्ण कीजिये जो आप (महान्) बड़े २ गुणों से युक्त (असि) हैं और (श्रुत्यस्य) सुनने के योग्य (वाजस्य) युद्ध के बीच में प्रकाशित होते हैं (सः) सो (त्वम्) पुत्र के तुल्य प्रजा की रक्षा करने हारे आप (नः) हमलोगों को (मृड) सुखयुक्त कीजिये ॥ १२ ॥

भावार्थः— वेदों को जानने वाले उत्तम विद्वानों में मित्रता रखते हुए सभाध्यक्षादि राजपुरुषों को उचित है कि अन्नधन आदि पदार्थों के कोशों को निरन्तर भर और प्रसिद्ध डाकुओं के साथ निरन्तर युद्ध करने को समर्थ होके प्रजा के लिये बड़े २ सुख देने वाले होवें ॥ १२ ॥

पुनः स कथंभूत इत्युपदिश्यते ।

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

ऊर्ध्व ऊ षु णं ऊतये तिष्ठा देवो न सविता।
ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे ॥ १३ ॥

ऊर्ध्वः। ऊँइति। सु। नः। ऊतये। तिष्ठ। देवः। न। सविता। ऊर्ध्वः। वाजस्य। सनिता। यत्। अञ्जिऽभिः। वाघत्ऽभिः। विऽह्वयामहे ॥ १३ ॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वः) उच्चासने (ऊँ) च (सु) शोभने। अत्रसोरुपसर्गस्यग्रहणंन किंतु सुञो निपातस्य तेन इकः सुञि। अ०६।३।१३४ इतिसंहितायामुकारस्यदीर्घः। सुञः। ८।३।१०७ इतिमूर्द्धन्यादेशश्च (नः) अस्माकम्। नश्चधातुस्थोरुषुभ्यः अ० ८। ४।२७ इतिणत्वम् (ऊतये) रक्षणाद्याय (तिष्ठ) अत्र द्व्यचोतस्तिङ इतिदीर्घश्च (देवः) द्योतकः (न) इव (सविता) सूर्यलोकः (ऊर्ध्वः) उन्नतस्सन् (वाजस्य) संग्रामस्य (सनिता) संभक्तासेवकः (यत्) यस्मात् (अंजिभिः) अञ्जुसाधनानिप्रकटयद्भिः। सर्वधातुभ्यइन्। उ० ४। १२३ इतिकर्त्तरीन् प्रत्ययः। (वाघद्भिः) विद्वद्भिर्मेधाविभिः वाघत इति मेधाविनामसु पठितम्। निघं० ३। १५। (विह्वयामहे) विविधैः शब्दैः स्तुमः ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे सभापते त्वं सविता देवो नेवनोऽस्माकमूतय ऊर्ध्वः सुतिष्ठ। उच्चोर्ध्वः सन् वाजस्य सनिता भवातोवयमंजिभिर्वाघद्भिस्सह त्वांविह्वयामहे ॥ १३ ॥

भावार्थः— सूर्य्यवदुत्कृष्टतेजसा सभापतिना संग्रामसेवनेन दुष्टशत्रून्निवार्य्य सर्वेषांप्राणिनामूतये यज्ञसाधकौ विद्वद्भिः सहात्युच्चासने स्थातव्यम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे सभापते आप (देवः) सब को प्रकाशित करने हारे (सविता) सूर्य लोक के (न) समान (नः) हम लोगों की रक्षा आदि के लिये (उर्ध्वः) ऊंचे आसन पर (सुतिष्ठ) सुशोभित हूजिये (उ) और (ऊर्ध्वः) उन्नति को प्राप्त हुए (वाजस्य) युद्ध के (सविता) सेवने वाले हूजिये इस लिये हम लोग (अञ्जिभिः) यज्ञ के साधनों को प्रसिद्ध करने तथा (वाघद्भिः) सब ऋतुओं में यज्ञ करने वाले विद्वानों के साथ (विह्वयामहे) विविधप्रकार के शब्दों से आप की स्तुति करते हैं ॥ १३ ॥

भावार्थः— सूर्य्य के समान अतितेजस्वी सभापति को चाहिये कि संग्राम सेवन से दुष्ट शत्रुओं को हठा के सब प्राणियों की रक्षा के लिये प्रसिद्ध विद्वानों के साथ सभा के बीच में ऊंचे आसन पर बैठे ॥ १३ ॥

पुनः स कीदृश इत्याह ।

फिर वह सभापति कैसा होवे यह अगले मंत्र में कहा है ।

ऊर्ध्वो नः पाह्यंहसो नि केतुना विश्वं समत्रिणं दह कृधी न ऊर्ध्वान् चरथाय जीवसे विदा देवेषु नो दुवः ॥ १४ ॥

ऊर्ध्वः । नः । पाहि । अंहसः । नि । केतुना । विश्वम् । सम् । अत्रिणम् । दह । कृधि । नः । ऊर्ध्वान् । चरथाय । जीवसे । विदाः । देवेषु । नः । दुवः ॥ १४ ॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वः) सर्वोत्कृष्टः (नः) अस्मान् (पाहि) रक्ष (अंहसः) परपदार्थहरणरूपपापात् । अमेर्हुक् च उ० ४ । २२० इत्यसुन् प्रत्ययो हुगागमश्च (नि) नितराम् (केतुना) प्रकृष्टज्ञानदानेन । केतुरिति प्रज्ञानामसु पठितम् । निघं० ३ । ६ (विश्वम्) सर्वम् (सम्) सम्यगर्थे (अत्रिणम्) अत्ति भक्षयत्यन्यायेन परपदार्थान् यः स शत्रुस्तम् (दह) भस्मीकुरु (कृधि) कुरु अत्रान्येषामपीति संहितायां दीर्घः (नः) अस्मान् (ऊर्ध्वान्) उत्कृष्टगुणसुखसहितान् (चरथाय) चरणाय (जीवसे) जीवितुम् । जीव धातोस्तुमर्थेऽसे प्रत्ययः (विदाः) लम्भय । अत्र लोडर्थे लेट् (देवेषु) विद्वत्स्वृतुषु वा । ऋतवो वै देवाः । श० (नः) अस्माकमस्मभ्यं वा (दुवः) परिचर्याम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे सभापते त्वं केतुना प्रज्ञादानेन नोंऽहसो निपाहि विश्वमत्रिणं शत्रुं संदह ऊर्ध्वस्त्वं चरथाय न ऊर्ध्वान् कृधि देवेषु जीवसे नो दुवो विदाः ॥ १४ ॥

भावार्थः— उत्कृष्टगुणस्वभावेन सभाध्यक्षेण राज्ञा राज्यनियमदण्डभयेन सर्वमनुष्यान् पापात् पृथक्कृत्य सर्वान् शत्रून् दग्ध्वा विदुषः परिषेव्य ज्ञानसुखजीवनवर्द्धनाय सर्वे प्राणिन उत्कृष्टगुणाः सदा संपादनीयाः ॥ १४ ॥

पदार्थः— हे सभापते आप (केतुना) बुद्धि के दान से (नः) हम लोगों को (अंहसः) दूसरे का पदार्थ हरण रूप पाप से (निपाहि) निरन्तर रक्षा कीजिये (विश्वम्) सब (अत्रिणम्) अन्याय से दूसरे के पदार्थों को खाने वाले शत्रुमात्र को (संदह) अच्छे प्रकार जलाइये और (ऊर्ध्वः) सब से उत्कृष्ट आप (चरथाय) ज्ञान और सुख की प्राप्ति के लिये (नः) हम लोगों को (ऊर्ध्वान्) बड़े २ गुण कर्म और स्वभाव वाले (कृधि) कीजिये तथा (नः) हमको (देवेषु) धार्मिक विद्वानों में (जीवसे) संपूर्ण अवस्था होने के लिये (दुवः) सेवा को (विदाः) प्राप्त कीजिये ॥ १४ ॥

भावार्थः—अच्छे गुण कर्म और स्वभाव वाले सभाध्यक्ष राजा को चाहिये कि राज्य की रक्षा नीति और दण्ड के भय से सब मनुष्यों को पाप से हटा सब शत्रुओं को मार और विद्वानों की सब प्रकार सेवा करके प्रजा में ज्ञान सुख और अवस्था बढ़ाने के लिये सब प्राणियों को शुभगुणयुक्त सदा किया करें ॥ १४ ॥

पुनः तं प्रति प्रजासेनाजनाः किङ्किम्प्रार्थयेयुरित्युपदिश्यते ।

फिर उस सभाध्यक्ष राजा से प्रजा और सेना के जन क्या २ प्रार्थना करें इस विषयका उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

पाहि नो अग्ने रक्षसः पाहि धूर्तेररावणः ।
पाहि रीषत उत वा जिघांसतो बृहद्भानो यविष्ठ्य ॥ १५ ॥

पाहि । नः । अग्ने । रक्षसः । पाहि । धूर्तेः । अराव्णः । पाहि । रिषतः । उत । वा । जिघांसतः । बृहद्भानोऽइति बृहत्ऽभानो । यविष्ठ्य ॥ १५ ॥

पदार्थः—(पाहि) रक्ष (नः) अस्मान् (अग्ने) सर्वाग्रणीः सर्वाभिरक्षक (रक्षसः) महादुष्टान्मनुष्यात् (पाहि) (धूर्त्तेः) विश्वासघातिनः अत्र धुर्वी धातोर्बाहुलकादौणादिकस्तिः प्रत्ययः (अराव्णः) राति ददाति स रावा न रावा अरावा तस्मात्कृपणाददानशीलात् (पाहि) रक्ष (रिषतः) हिंसकाद्व्याघ्रादेः प्राणिनः । अत्रान्येषामपिदृश्यत इतिदीर्घः (उत) अपि (वा) पक्षान्तरे

(जिघांसतः) हन्तुमिच्छतः शत्रोः (बृहद्भानो) बृहन्ति भानवो विद्यादीन्यैश्वर्यतेजांसि यस्य तत्संबुद्धौ (यविष्ठ) अतितरुणावस्थायुक्त ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे बृहद्भानो यविष्ठाग्ने सभाध्यक्ष महाराजत्वं धूर्त्तेरराव्णो रक्षसो नः पाहि । रिषतः पापाचाराज्जनात् पाहि । उतवा जिघांसतः पाहि ॥ १५ ॥

भावार्थः— मनुष्यैः सर्वतोभिरक्षणाय सर्वाभिरक्षको धर्मोन्नतिं चिकीर्षुर्दयालुः सभाध्यक्षः सदा प्रार्थनीयः स्वैरपि दुष्टस्वभावेभ्यो मनुष्यादिप्राणिभ्यः सर्वपापेभ्यश्च शरीरवचोमनोभिर्दूरे स्थातव्यं नैवं विना कश्चित्सदा सुखी भवितुमर्हति ॥ १५ ॥

पदार्थः— हे (बृहद्भानो) बड़े २ विद्यादि ऐश्वर्य्य के तेजवाले (यविष्ठ) अत्यन्त तरुणावस्थायुक्त (अग्ने) सब में मुख्य सब की रक्षा करने वाले मुख्य सभाध्यक्ष महाराज आप (धूर्तेः) कपटी अधर्मी (अराव्णः) दान धर्म रहित कृपण (रक्षसः) महाहिंसक दुष्ट मनुष्य से (नः) हमको (पाहि) बचाइये (रिषतः) सब को दुःख देने वाले सिंह आदि दुष्ट जीव दुष्टाचारी मनुष्य से हम को पृथक् रखिये (उत) और (वा) भी (जिघांसतः) मारने की इच्छा करते हुए शत्रु से हमारी रक्षा कीजिये ॥ १५ ॥

भावार्थः— सब मनुष्यों को चाहिये कि सब प्रकार रक्षा के लिये सर्वरक्षक धर्मोन्नति की इच्छा करने वाले सभाध्यक्ष की सर्वदा प्रार्थना करें और अपने आप भी दुष्टस्वभाव वाले मनुष्य आदि प्राणियों और सब पापों से मन वाणी और शरीर से दूर रहें क्योंकि इस प्रकार रहने के विना कोई मनुष्य सर्वदा सुखी नहीं रहसकता ॥ १५ ॥

पुनस्तदेवाह

फिर भी अगले मंत्र में उसी सभाध्यक्ष का उपदेश किया है

घनेवविष्वग्वि जह्यरांवणस्तपुर्जम्भ यो

अस्मध्रुक् । योमर्त्यः शिशीते अत्यक्तुभिर्मा
नः सरिपुरीशत ॥ १६ ॥

घनाऽइव । विष्वक् । वि । जहि । अरा-
व्णः । तपुःऽजम्भ । यः । अस्मध्रुक् ।
यः । मर्त्यः । शिशीते । अति । अक्तुभिः ।
मा । नः । सः । रिपुः । ईशत ॥ १६ ॥

पदार्थः— (घनेव) घनाभिर्यष्टिभिर्यथा घटं भिनत्ति तथा (विष्वक्) सर्वतः (वि) विगतार्थे (जहि) नाशय (अराव्णः) दुष्टशत्रून् (तपुर्जम्भ) तप संताप इत्यस्मादौणादिक उसिन् प्रत्ययः सन्ताप्यन्ते शत्रवो यैस्तानि तपूंषि । जभि नाशन इत्यस्मात् करणे घञ् जम्यन्त एभिरिति जम्भान्यायुधानि तपूंष्येव जम्भानि यस्य भवतस्तत्सम्बुद्धौ (यः) मनुष्यः (अस्मद्ध्रुक्) अस्मान् द्रुह्यति यः सः (यः) (मर्त्यः) मनुष्यः (शिशीते) कृशं करोति । शो तनूकरणे इत्यस्माल्लटि विकरणव्यत्ययेनश्यनः स्थाने श्लुरात्मनेपदं बहुलंछन्दसीत्यभ्यासस्येत्वम् । ई हल्यघोः अ० ६ । ४ । ११३ इत्यनभ्यासस्येकारादेशश्च (अति) अतिशये (अक्तुभिः) अक्तुमित्युं नयन्तियैस्तैः शस्त्रैः । अंजू धातोर्बाहुलकादौणादिकस्तुः प्रत्ययः (मा) निषेधार्थे (नः) अस्मान् (सः) (रिपुः) शत्रुः (ईशत) ईष्टांसमर्थोभवतु । अत्रलोडर्थेलङ् बहुलंछन्दसीति शपोलुक् ॥१६॥

अन्वयः— हे (तपुर्ज्जम्भ) सेनापते विष्वक् त्वमराव्णोरीन्घनेन विजहि यो मर्त्योक्तुभिरस्मद्ध्रुगति शिशीते सरिपुर्नोस्मान् मेशत ॥ १६ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः। सेनापत्यादयो यथा घनेनायःपाषाणादींस्त्रोटयन्ति तथैव शत्रूणामङ्गानि त्रोटयित्वाऽहर्निशं धार्मिकप्रजापालनतत्पराः स्युर्यतोऽस्य एते दुःखयितुन्नो शक्नुयुरिति ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे (तपुर्जम्भ) शत्रुओं को सताने और नाश करने के शस्त्र बांधने वाले सेनापते (विष्वक्) सर्वथा सेनादि बलों से युक्त होके आप (अराव्णः) सुखदानरहित शत्रुओं को (घनेव) घन के समान (विजहि) विशेष कर के जीत और (यः) जो (मर्त्यः) मनुष्य (अक्तुभिः) रात्रियों से (अस्मध्रुक्) हमारा द्रोही (अतिशिशीते) अतिहिंसा करता हो (सः) सो (रिपुः) वैरी (नः) हम लोगों को पीडा देने में) (ईशत) मत समर्थ होवे ॥ १६ ॥

भावार्थः इस मंत्र में उपमा अलंकार है सेनाध्यक्षादि लोग जैसे लोहा के घन से लोहे और पाषाणादि को को तोड़ते हैं वैसे ही अधर्मी दुष्ट शत्रुओं के अङ्गों को छिन्न भिन्न कर दिन रात धर्मात्मा प्रजाजनों के पालन में तत्पर हों जिस से शत्रु जन इन प्रजाओं को दुःख देने को समर्थ न हो सके ॥ १६ ॥

पुनस्तेषां गुणा अग्निदृष्टान्तेनोपदिश्यन्ते

फिर भी इन सभाध्यक्षादि राजपुरुषों के गुण अग्नि के दृष्टान्त से अगले मंत्र में कहे हैं

अग्निर्वव्ने सुवीर्यमग्निः कण्वाय सौभगम्। अग्निः प्रावन्मित्रोत मेध्यातिथिमग्निः साता उपस्तुतम् ॥ १७ ॥

अग्निः। वव्ने। सुऽवीर्यम्। अग्निः। कण्वाय। सौभगम्। अग्निः। प्र। आवत्।

मित्रा । उत । मेध्यऽअतिथिम् । अग्निः ।
साता । उपऽ स्तुतम् ॥ १७ ॥

पदार्थः— (अग्निः) विद्युदिव सभाध्यक्षो राजा (ववने) याचते । वनु याचन इत्यस्माल्लडर्थे लिट् वन सम्भक्तावित्यस्माद्वा छन्दसो वर्णलोपोवेत्यनेनोपधालोपः (सुवीर्यम्) शोभनं शरीरात्मपराक्रमलक्षणं बलम् (अग्निः) उत्तमैश्वर्यप्रदः (कण्वाय) धर्मात्मने मेधाविने शिल्पिने (सौभगम्) शोभना भगा ऐश्वर्ययोगा यस्य तस्य भावस्तम् (अग्निः) सर्वमित्रः (प्र) प्रकृष्टार्थे (आवत्) रक्षति प्रीणाति (मित्रा) मित्राणि । अत्र शेर्लोपः (उत) अपि (मेध्यातिथिम्) मेध्याः संगमनीयाः पवित्रा अतिथयो यस्य तम् (अग्निः) सर्वाभिरक्षकः (सातौ) संभजन्ते धनानि यस्मिन्युद्धे शिल्पकर्मणि वा तस्मिन् (उपस्तुतम्) य उपगतैर्गुणैः स्तूयते तम् ॥ १७ ॥

अन्वयः— यो विद्वान्राजाग्निरिव सातौ संग्रामे उपस्तुतं सुवीर्यमग्निरिव कण्वाय सौभगं ववनेग्निरिव मित्राः सुहृदः प्रावदग्निरिवोताग्निरिव मेध्यातिथिं च सेवेत स एव राजा भवितुमर्हति ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । यथायं भौतिकोग्निर्विद्वद्भिः सुसेवितः सन् तेभ्यो बलपराक्रमान् सौभाग्यं च प्रदाय शिल्पविद्याप्रवीणं तन्मित्राणि च सर्वदा रक्षति । तथैव प्रजासेनास्थैर्भद्रपुरुषैर्याचितोयं सभाध्यक्षो राजा तेभ्यो बलपराक्रमोत्साहानैश्वर्य्यशक्तिं च दत्वा युद्धविद्याप्रवीणान् तन्मित्राणि च सर्वथापालयेत् ॥ १७ ॥

पदार्थः— जो विद्वान् (अग्निः) भौतिक अग्नि के समान (सातौ) युद्ध में (उपस्तुतम्) उपगत स्तुति के योग्य (सुवीर्य्यम्) अच्छे प्रकार शरीर और आत्मा के बल पराक्रम (अग्निः) विद्युत् के सदृश (कण्वाय) उसी बुद्धिमान् के लिये (सौभगम्) अच्छे ऐश्वर्य्य को (ववे) किसी ने याचित किया हुआ देता है (अग्निः) पावक के तुल्य (मित्रा) मित्रों को (आवत्) पालन करता (उत) और (अग्निः) जाठराग्निवत् (उपस्तुतम्) शुभ गुणों से स्तुति करने योग्य (मेध्यातिथिम्) कारीगर विद्वान् को सेवे वही पुरुष राजा होने को योग्य होता है ॥ १७ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। जैसे यह भौतिक अग्नि विद्वानों का ग्रहण किया हुआ उन के लिये बलपराक्रम और सौभाग्य को देकर शिल्पविद्या में प्रवीण और उस के मित्रों की सदा रक्षा करता है वैसे ही प्रजा और सेना के भद्रपुरुषों से प्रार्थना किया हुआ यह सभाध्यक्ष राजा उन के लिये बल पराक्रम उत्साह और ऐश्वर्य का सामर्थ्य देकर युद्ध विद्या में प्रवीण और उन के मित्रों को सब प्रकार पाले ॥ १७ ॥

सर्वैर्मनुष्याः सभाध्यक्षेण सह दुष्टान् कथं हन्युरित्युपदिश्यते।

सब मनुष्य सभाध्यक्ष से मिल के दुष्टों को कैसे मारें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है।

अ॒ग्निना॑ तु॒र्वशं॒ यदुं॑ परा॒वत॑ उ॒ग्रादे॑वं हवामहे। अ॒ग्निर्न॑य॒न्नव॑वास्त्वं बृ॒हद्र॑थं तु॒र्वीतिं॒ दस्य॑वे॒ सहः॑ ॥ १८ ॥

अ॒ग्निना॑। तु॒र्वश॑म्। यदु॑म्। प॒रा॒ऽवतः॑। उ॒ग्रऽदे॑वम्। ह॒वा॒म॒हे॒। अ॒ग्निः। न॒य॒त्। नव॑ऽवास्त्वम्। बृ॒हत्ऽर॑थम्। तु॒र्वीति॑म्। दस्य॑वे। सहः॑ ॥ १८ ॥

पदार्थः–(अग्निना) अग्निवत्तेजस्विना सभाध्यक्षेण (तुर्वशम्) तुराः शीघ्रतया परपदार्थान् वष्टि काङ्क्षति सः। तुर्वशा इति मनुष्यनामसु पठितम्। निघं० २। ३ (यदुम्) इतरधनाय यततेऽसौ यदुर्मनुष्यस्तम्। अत्र यतोः प्रयत्न इत्यस्माद्बाहुलकादौणादिक उः प्रत्ययस्तकारस्य दकारः (परावतः) दूरदेशात् (उग्रादेवम्) उग्रान् तीव्रस्वभावान् विजिगीषुम्। अत्रान्येषामपि दृश्यत इति पूर्वपदस्य दीर्घः (हवामहे) आह्वयेम (अग्निः) अग्रणीः सभाध्यक्षः (नयत्) नयतु बन्धनागारे प्रापयतु। अयं लेट्प्रयोगः (नववास्त्वम्) नवानि नवीनान्यरण्ये निर्मितानि वस्तूनि गृहाणि येन तम् असिपूर्वैरित्यत्र वा छन्दसीत्यनुवर्त्तनात् पूर्वसवर्णाभावे यणादेशः (बृहद्रथम्) बृहन्तो रथा रमणसाधका यस्य तम् (तुर्वीतिम्) तरति हिनस्ति यस्तम्। अत्र हिंसार्थात् तुर्वीधातोर्बाहुलकादौणादिकः कर्त्तृकारक ईतिः प्रत्ययः (दस्यवे) स्वबलोत्कर्षेण परपदार्थहर्त्तुर्दस्योः। अत्र षष्ठ्यर्थे चतुर्थी (सहः) पराभावुकः ॥१८॥

अन्वयः–वयं येनाग्निना संग्रामेषूग्रादेवं तुर्वशं यदुं परावतो हवामहे। स च दस्युवेषहोऽग्निर्नववास्त्वं बृहद्रथं तुर्वीतिमिहानयत् बन्धागारे प्रापयतु ॥ १८ ॥

भावार्थः– सर्वैर्धार्मिकपुरुषैस्तेनाग्निना सभाध्यक्षेण राज्ञा सह समागम्य वेगेन परपदार्थहर्त्तॄन् कुटिलस्वभावान् स्वविजयमिच्छून् दस्यूनाहूय पर्वतारण्यादिषु निर्मितानि तद्गृहाणि निपात्य तान् बध्वा कारागृहे निरोद्धव्याः। सायणाचार्य्येणायं मन्त्रोऽर्वाचीन पुराणाख्य मिथ्याग्रन्थरीतिमाश्रित्य भ्रान्त्यान्यथा व्याख्यातः ॥१८॥

पदार्थः– हम लोग जिस (अग्निना) अग्नि के समान तेजस्वी सभाध्यक्ष राजा के साथ मिल के (उग्रादेवम्) तेज स्वभाव वालों को जीतने की इच्छा करने तथा (तुर्वशम्) शीघ्र ही दूसरे के पदार्थों को ग्रहण करने वाले (यदुम्)

दूसरे का धन मारने के लिये यत्न करते हुए डांकू पुरुष को (परावतः) दूसरे देश में (हवामहे) युद्ध के लिये बुलावें वह (दस्यवे) अपने विशेष बल से दूसरे का पदार्थ हरने वाले डांकू का (सहः) तिरस्कार करने योग्य बल को (अग्निः) सब मुख्य राजा (नववास्त्वम्) एकान्त में नवीन घर बनाने (बृहद्रथम्) बड़े २ रमण के साधन रथों वाले (तुर्वीतिम्) हिंसक दुष्टपुरुषों को यहां (नयत्) बन्धन में रक्खें ॥ १८ ॥

भावार्थः सब धार्मिक पुरुषों को चाहिये कि तेजस्वी सभाध्यक्ष राजा के साथ मिलके वेग से अन्य के पदार्थों को हरने खोटे स्वभाव युक्त और अपने विजय की इच्छा करने वाले डाकुओं को बुला उनके पर्वतादि एकान्त स्थानों में बने हुए घरों को नसाकर और बांध के उनको कैद में रक्खें ॥ १८ ॥

सायणाचार्य ने यह मन्त्र नवीन पुराण मिथ्या ग्रन्थों की रीति के अवलंब से भ्रमके साथ कुछ का कुछ विरुद्ध वर्णन किया है ॥

पुनरेषां सहायकारी जगदीश्वरः कीदृश इत्युपदिश्यते ।

फिर उन राज पुरुषों के सहायक जगदीश्वर कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

नि त्वाम॑ग्ने॒ मनु॑र्दधे॒ ज्योति॒र्जना॑य॒ शश्व॑ते । दी॒देथ॒ कण्व॑ ऋ॒तजा॑त उ॒क्षितो॒ यं न॑म॒स्यन्ति॑ कृ॒ष्टयः॑ ॥ १९ ॥

नि । त्वाम् । अ॒ग्ने॒ । मनुः॑ । द॒धे॒ । ज्योतिः॑ । जना॑य । शश्व॑ते । दी॒देथ॑ । कण्वे॑ । ऋ॒तऽजा॑तः । उ॒क्षि॒तः । यम् । न॒म॒स्यन्ति॑ । कृ॒ष्टयः॑ ॥ १९ ॥

पदार्थः— (नि) नितराम् (त्वाम्) सर्वसुखप्रदम् । अत्र खरव्यत्ययादृष्टान्तत्वम् सायणाचार्येणेदंभ्रमान्नबुद्धम् (अग्ने) तेजस्विन् (मनुः) विज्ञानन्यायेन सर्वस्याः प्रजायाः पालकः (दधे) स्वात्मनिधरे (ज्योतिः) स्वयं प्रकाशकत्वेन ज्ञानप्रकाश शकम् (जनाय) जीवस्य रक्षणाय (शाश्वते) स्वरूपेणानादिने (दीदेथ) प्रकाशयेथ शबभावः । (कण्वे) मेधाविनिजने (ऋतजातः) ऋतेनसत्याचरणेनजातः प्रसिद्धः (उक्षितः) आनन्दैः सिक्तः (यम्) परमात्मानम् (नमस्यन्ति) पूजयन्ति । नमसः पूजायाम् । अ० ३ । १ । १९ । (कृष्टयः) मनुष्याः । कृष्टय इति मनुष्यनामसु पठितम् । निघं० २ । ३ ॥ १९ ॥

अन्वयः— हे अग्ने जगदीश्वर यं परमात्मानं त्वां शश्वते जनाय कृष्टयो नमस्यन्ति हे विद्वांसो यूयं दीदेथ तज्ज्योतिस्स्वरूपं ब्रह्म ऋतजात उक्षितो मनुरहं कण्वे निदधे तमेव सर्वे मनुष्या उपासीरन् ॥ १९ ॥

भावार्थः—पूज्यस्य परमात्मनः कृपयाप्रजारक्षणाय राज्याधिकारे नियोजितैः मनुष्यैः सर्वैः सत्यव्यवहारप्रसिद्ध्या धार्मिका आनन्दितव्या दुष्टाश्च ताड्या बुद्धिमत्सु मनुष्येषु विद्यानिधातव्याः ॥ १९ ॥

पदार्थः— हे (अग्ने) परमात्मन् (यम्) जिस परमात्मा (त्वाम्) आप को (शश्वते) अनादि स्वरूप (जनाय) जीवों की रक्षा के लिये (कृष्टयः) सब विद्वान् मनुष्य (नमस्यन्ति) पूजा और हे विद्वान् लोगो जिस को आप (दीदेथ) प्रकाशित करते हैं उस (ज्योतिः) ज्ञान के प्रकाश करने वाले परब्रह्म को (ऋतजातः) सत्याचरण से प्रसिद्ध (उक्षितः) आनन्दित (मनुः) विज्ञान युक्त मैं (कण्वे) बुद्धिमान मनुष्य में (निदधे) स्थापित करता हूं उस को सब मनुष्य लोग उपासना करें ॥ १९ ॥

भावार्थः— सब के पूजने योग्य परमात्मा के कृपाकटाक्ष से प्रजा की रक्षा के लिये राज्य के अधिकारी सब मनुष्यों को योग्य है कि सत्यव्यवहार की प्रसिद्धि से धर्मात्माओं को आनन्द और दुष्टों को ताड़ना देवें ॥ १९ ॥

अथ तं सभेशं प्रति किंकिमुपदिशेदित्याह ।

अब उस सभापति के प्रति क्या २ उपदेश करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

त्वेषासो अग्नेरमवन्तो अर्चयो भीमासो न प्रतीतये ॥ रक्षस्विनः सदमिद्यातुमावतो विश्वं समत्रिणं दह ॥ २० ॥

त्वेषासः । अग्नेः । अमऽवन्तः । अर्चयः । भीमासः । न । प्रतिऽइतये । रक्षस्विनः । सदम् । इत् । यातुऽमावतः । विश्वम् । सम् । अत्रिणम् । दह ॥ २० ॥

(त्वेषासः) त्विषन्ति दीप्यन्ते यास्ताः (अग्नेः) सूर्यविद्युत्प्रसिद्धरूपस्य (अमवन्तः) निन्दितरोगकारकाः (अर्चयः) दीप्तयः अर्चिरिति ज्वलतो नामधेयेषु पठितम् । निघं० १ । १७ (भीमासः) बिभ्यति याभ्यस्ता भयंकराः (न) इव (प्रतीयते) सुखप्राप्तये ज्ञानाय वा (रक्षस्विनः) रक्षांसि निन्दिताः पुरुषाः सन्ति येषु व्यवहारेषु ते । अत्र निन्दितार्थे विनिः (सदम्) सीदन्त्यवतिष्ठन्ति यस्मिँस्तत् (इत्) एव (यातुमावतः) यान्ति प्राप्नुवन्ति ये यावतः मत्सदृशा इति मावन्तः । यावतश्च ते मावन्तश्च

तान् । अवसायणाचार्येण यातुरिति पूर्वपदं मावानित्युत्तरपदं चाविदित्वा यातुमावत्पदान्मतुप्कृतस्तदिदं पदपाठाद्विरुद्धत्वा-दशुद्धम् (विश्वम्) सर्वं जगत् (सम्) सम्यगर्थे (अत्रिणम्) परप-दार्थापहर्त्तारंशत्रुम् (दह) भस्मीकुरु ॥ २० ॥

अन्वयः– हे तेजस्विन् सभापते त्वमग्नेस्त्वेषासो भीमासो-र्ऽर्चयो न येऽमवन्तो रक्षस्विनः सन्ति तानत्रिणं चेदेवं संदह प्रतीतये विश्वंसदं यातुमावतश्चसंरक्ष ॥ २० ॥

भावार्थः– सभाध्यक्षादिभीराजपुरुषैः प्रजाजनैश्च यथाऽ-ग्न्यादयः बनादीनि दहन्ति तथा दुष्टाचाराः प्राणिनोविनाशनी-याः एवं प्रयतमानैः सततं प्रजारक्षणं कार्यमिति ॥ २० ॥

अत्रसर्वाभिरक्षकेश्वरस्य दूतदृष्टान्तेन भौतिकाग्नेश्च गुणव-र्णनं दूतगुणोपदेशोऽग्निदृष्टान्तेन राजपुरुषगुणवर्णनं सभापति-कृत्यं सभापतित्वाधिकारिप्रकारोऽग्न्यादिपदार्थोपयोगकरणं म-नुष्याणांसभेशस्य प्रार्थना सर्वमनुष्याणां सभाध्यक्षेण सह दुष्ट-हननं राजपुरुषसहायकेश्वरवर्णनं चोक्तमतएतत्सूक्तोक्तार्थस्य पूर्व-सूक्तोक्तार्थेन सहसंगतिरस्तीतिवेदितव्यम् । षट्त्रिंशं सूक्तमेकाद-शोवर्गश्च समाप्तः ॥ ३६ ॥

पदार्थः— हे तेजस्वी सभास्वामिन् आप (अग्नेः) सूर्य विद्युत् और प्र-सिद्ध रूप अग्नि की (त्वेषासः) प्रकाश स्वरूप (भीमासः) भयकारक (अर्चयः) ज्वाला के (न) समान जो (अमवन्तः) निन्दित रोग करने वाले (रक्षस्विनः) राक्षस अर्थात् निंदित पुरुष हैं उन और (अत्रिणम्) बल से दूसरे के पदार्थों को हरने वाले शत्रु को (इत्) ही (संदह) अच्छे प्रकार भस्म कीजिये और (प्रतीतये) विज्ञान वा उत्तम सुख की प्रतीति होने के लिये (विश्वम्) सब (सदम्) संसार तथा (यातुमावतः) मेरे समान होने वालों की रक्षा कीजिये ॥२०॥

भावार्थः— इस मंत्र में सायणाचार्यने यातु पूर्वपद और मावान् उत्तर पद नहीं जान (यातुमा) इस पूर्वपद से मतुप् प्रत्ययमाना है सो पद पाठ से विरुद्ध होने के कारण अशुद्ध है। सभाध्यक्ष आदि राजपुरुषों और प्रजा के मनुष्यों को चाहिये कि जिस प्रकार अग्नि आदि पदार्थ वन आदि को भस्म कर देते हैं वैसे दुःख देने वाले शत्रु जनों के विनाश के लिये इस प्रकार प्रयत्न करें ॥ २० ॥

इस सूक्त में सब की रक्षा करने वाले परमेश्वर तथा दूत के दृष्टान्त से भौतिक अग्नि के गुणों का वर्णन दूत के गुणों का उपदेश अग्नि के दृष्टान्त से राजपुरुषों के गुणों का वर्णन सभापति का कृत्य सभापति होने के अधिकारी का कथन अग्नि आदि पदार्थों से उपयोग लेने की रीति मनुष्यों को सभापति से प्रार्थना सब मनुष्यों को सभाध्यक्ष के साथ मिलके दुष्टों का मारना और राजपुरुषों के सहायक जगदीश्वर के उपदेश से इस सूक्त के अर्थ की पूर्वसूक्त के अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये। यह छत्तीसवां सूक्त और ग्यारहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥ ३६ ॥

अथास्य पंचदशर्चस्य सप्तत्रिंशस्य सूक्तस्य घोरः कण्व ऋषिः। मरुतो देवताः १ । २ । ४ । ६ । ८ । १२ गायत्री । ३ । ६ । ११ । १४ । निचृद्गायत्री ५ विराड्गायत्री १० । १५ पिपीलिकामध्या नृचिद्गायत्री । १३ पादनिचृद्गायत्री च छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अत्र मोक्षमूलरादिकृतव्याख्यानं सर्वमसंगतं तत्र प्रत्येकमंत्रे-ष्वानर्थ्यमस्तीतिवेद्यम् । तत्रादिमे मंत्रे विद्वद्भिर्वायुगुणैः किं किं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ।

अब सैंतीशवें सूक्त का आरंभ है। और इस सूक्त भर में मोक्षमूलर आदि साहिबों का किया हुआ व्याख्यान असंगत है उस में एक २ मंत्र से उन की असंगति जाननी चाहिये इस सूक्त के प्रथम मंत्र में विद्वानों को वायु के गुणों से क्या २ उपकार लेना चाहिये इस विषय का उपदेश किया है ॥

क्रीळं वः शर्धो मारुतमनर्वाणं रथेशुभम् ।
कण्वा अभि प्र गायत ॥ १ ॥

क्री॒ळम् । वः॒ । शर्धः॑ । मारु॑तम् । अ॒न॒र्वाणम् । रथे॑ । शु॒भम् । कण्वाः॑ । अ॒भि । प्र । गा॒य॒त॒ ॥ १ ॥

पदार्थः—(क्रीडम्) क्रीडन्ति यस्मिँस्तत्। अत्र क्रीडृ विहार इत्यस्माद् घञर्थे कविधानमिति कः प्रत्ययः (वः) युष्माकम् (शर्धः) बलम्। शर्ध इति बलनामसु पठितम्। निघं० २। ९ (मारुतम्) मरुतां समूहः। अत्र मृग्रोरुतिः। उ० १। ९५ इति मृङ्धातोरुतिः प्रत्ययः। अनुदात्तादेरञ्। अ० ४। २। ४४ इत्यञ्प्रत्ययः। इदम् पदम् सायणाचार्येण मरुतां सम्बन्धितस्येदमित्यण् व्यत्ययेनाद्युदात्तत्वमित्यशुद्धं व्याख्यातम् (अनर्वाणम्) अविद्यमाना अर्वाणोऽश्वा यस्मिँस्तम्। अर्वेत्यश्वनामसु पठितम्। निघं० १। १४ (रथे) रमते गच्छति येन तस्मिन् विमानादियाने (शुभम्) शोभनम् (कण्वाः) मेधाविनः (अभि) आभिमुख्ये (प्र) प्रकृष्टार्थे (गायत) शब्दायत शृणुतोपदिशत च ॥ १ ॥

अन्वयः—हे कण्वा मेधाविनो विद्वांसो यूयं यद्वोऽनर्वाणं रथे क्रीडं क्रियायां शुभमारुतं शर्धोऽस्ति तदभिप्रगायत ॥ १ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिर्ये वायवः प्राणिनां चेष्टाबलवेगयानसंगमादिव्यवहारान् साधयन्ति तस्मात्तद्गुणान् परीक्ष्यैतेभ्यो यथा योग्यमुपकारा ग्राह्याः ॥ १ ॥

मोक्षमूलराख्येनार्वशब्देन ह्यश्वग्रहणनिषेधः कृतः सोऽशुद्ध एव भ्रममूलत्वात्। तथा पुनरर्वशब्देन सर्वत्रैवाश्वग्रहणं क्रियत इत्यु-

क्तम् । एतदपि प्रमाणाभावादशुद्धमेव । अत्र विमानादेरनश्वस्य रथस्य विवक्षितत्वात् । अत्र कलाभिश्चालितेन वायुनाग्नेः प्रदीपनाज्जलस्य बाष्पवेगेन यानस्य गमनं कार्य्यते नहि पशवोऽश्वा गृह्यन्त इति ॥

पदार्थः—हे (कण्वाः) मेधावी विद्वान्मनुष्यो तुम जो (वः) आप लोगों के (अनर्वाणम्) घोड़ों के योग से रहित (रथे) विमानादियानों में क्रीड़ा का हेतु क्रियामें (शुभम्) शोभनीय (मारुतम्) पवनों का समूह रूप (शर्धः) बल है उसको (अभि प्रगायत) अच्छे प्रकार सुनो वा उपदेश करो ॥ १ ॥

भावार्थः—सायणाचार्य्य ने (मारुतम्) इस पद को पवनों का संबन्धि (तस्येदम्) इस सूत्र से अण् प्रत्यय और व्यत्यय से आद्युदात्त स्वर अशुद्ध व्याख्यान किया है बुद्धिमान् पुरुषों को चाहिये कि जो पवन प्राणियों के चेष्टा, बल, वेग, यान और मंगल आदि व्यवहारों को सिद्ध करते इस से इनके गुणों को परीक्षा कर के इन पवनों से यथायोग्य उपकार ग्रहण करें ॥ १ ॥

मोक्षमूलर साहिब ने अर्व शब्द से अश्वके ग्रहण का निषेध किया है सो भ्रममूल होने से अशुद्ध ही है और फिर अर्व शब्द से सब जगह अश्वका ग्रहण किया है यह भी प्रमाण के नहीं ने से अशुद्ध ही है । इस मंत्र में अश्वरहित विमान आदि रथ की विवक्षा होने से उन यानों में कलाओं से चलाये हुए पवन तथा अग्नि के प्रकाश और जल की बाफ के वेग से यानों के गमन का संभव है इस से यहां कुछ पशुरूप अश्व नहीं लिये हैं ॥ १ ॥

पुनस्तैः कथं भवितव्यमित्युपदिश्यते

फिर वे विद्वान् कैसे होने चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

ये पृषतीभिर्ऋष्टिभिः साकं वाशीभिरञ्जिभिः । अजायन्त स्वभानवः ॥ २ ॥

ये । पृषतीभिः । ऋष्टिऽभिः । साकम् । वा-

शी॑भिः । ऋ॒ष्टिऽभिः॑ । अजा॑यन्त । स्वऽभा॑नवः ॥ २ ॥

पदार्थः—(ये) मरुतइव विज्ञानशीला विद्वांसोजनाः (पृषतीभिः) पर्षन्तिसिञ्चन्ति धर्मवृत्तं याभिरद्भिः । (ऋष्टिभिः) याभिः कलायन्त्रयष्टीभिर्ऋषन्ति जानन्ति प्राप्नुवन्तिव्यवहारांस्ताभिः (साकम्) सह (वाशीभिः) वाणीभिः । वाशीतिवाङ्नामसुपठितम् । निघं० १ । ११ । (अञ्जिभिः) अञ्जन्ति व्यक्तीकुर्वन्ति पदार्थगुणान् याभिः क्रियाभिः (अजायन्त) धर्मक्रियाप्रचाराय प्रादुर्भवन्ति अत्रलङर्थेलङ् (स्वभानवः) वायुवत्स्वभानवो ज्ञानदीप्तयो येषान्ते । २ ।

अन्वयः—ये पृषतीभिर्ऋष्टिभिरञ्जिभिर्वाशीभिः साकं क्रियाकौशलेप्रयतन्ते ते स्वभानवोऽजायन्त । २ ।

भावार्थः—हे विद्वांसोमनुष्या युष्माभिरीश्वररचितायांसृष्टौ कार्यस्वभावप्रकाशस्यवायोः सकाशाज्जलसेचनं चेष्टाकरणमग्न्यादिप्रसिद्धिर्वा युव्यवहाराश्चार्थात् कथनश्रवणस्पर्शा भवन्ति तैः क्रियाविद्याधर्मादिशुभगुणाः प्रचारणीयाः ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । येतेवायवोविचित्रैर्हरिणैरयोमयोभिः शक्तिभिरसिभिः प्रदीप्तैराभूषणैश्चसह जाताइत्यसंभवास्ति । कुतः । वायवोहि पृषत्यादीनां स्पर्शादिगुणानांच योगेन सर्वचेष्टाहेतुत्वेन च वागग्निप्रादुर्भावे हेतवः सन्तः स्वप्रकाशवन्तः सन्त्यतः । यच्चोक्तं सायणाचार्येण वाशीशब्दस्य व्याख्यानं समीचीनं कृतमित्यप्यलीकम् । कुतः । मंत्रपदवाक्यार्थविरोधात् । यश्चप्रकरणपदवाक्यभावार्थानुकूलोस्ति सोऽत्रस्य मंत्रस्यार्थोद्रष्टव्यः ॥ २ ॥

पदार्थः— (ये) जो (पृषतीभिः) पदार्थों को सींचने (ऋष्टिभिः) व्यवहारों को प्राप्त और (अञ्जिभिः) पदार्थों को प्रगट कराने वाली (वाशीभिः) वाणियों के (साकम्) साथ क्रियाओं के करने की चतुराई में प्रयत्न करते हैं वे (स्वभानवः) अपने ऐश्वर्य के प्रकाश से प्रकाशित (अजायन्त) होते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि ईश्वर की रची हुई इस कार्य्य सृष्टि में जैसे अपने २ स्वभाव के प्रकाश करने वाले वायु के सकाश से जल की वृष्टि चेष्टा का करना अग्नि आदि की प्रसिद्धि और वाणी के व्यवहार अर्थात् कहना सुनना स्पर्शकरना आदि सिद्ध होते हैं वैसे ही विद्या और धर्मादि शुभगुणों का प्रचार करो ॥ २ ॥

मोक्षमूलर साहिब कहते हैं कि जो वे पवन चित्र विचित्र हरिण लोह की शक्ति तथा तलवारों और प्रकाशित आभूषणों के साथ उत्पन्न हुए हैं इति । यह व्याख्या असंभव है क्योंकि पवन निश्चय करके वृष्टि कराने वाली क्रिया तथा स्पर्शादि गुणों के योग और सब चेष्टा के हेतु होने से वाणी और अग्नि के प्रगट करने के हेतु हुए अपने आप प्रकाश वाले हैं और जो उन्हों ने कहा है कि सायणाचार्य ने वाशी शब्द का व्याख्यान यथार्थ किया है सोभी असंगत है क्योंकि वह भी मंत्र पद और वाक्यार्थ से विरुद्ध है और जो मेरे भाष्य में प्रकरण पद वाक्य और भावार्थ के अनुकूल अर्थ है उसको विद्वान् लोग स्वयं विचार लेंगे कि ठीक है वा नहीं ॥ २ ॥

पुनरेते तैः किंकुर्य्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे विद्वान् लोग इन पवनों से क्या २ उपकार लेवें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

इहेवं शृण्व एषां कशा हस्तेषु यद्वदान् । नियामंश्चित्रमृंञ्जते ॥ ३ ॥

इहऽइंव । शृण्वे । एषाम् । कशाः । हस्तेषु । यत् । वदान् । नि । यामंन् । चित्रम् । ऋञ्जते ॥ ३ ॥

पदार्थः—(इहेव) यथाऽस्मिन्स्थानेस्थित्वा तथा (शृण्वे) शृणोमि। अत्रव्यत्ययेनात्मनेपदम्। (एषाम्) वायूनाम् (कशाः) चेष्टासाधनरज्जुवन्नियमप्रापिकाः क्रियाः (हस्तेषु) हस्ताद्यङ्गेषु बहुवचनादङ्गानीतिग्राह्यम्। (यत्) व्यावहारिकं वचः (वदान्) वदेयुः (नि) नितराम् (यामन्) यान्ति प्राप्नुवन्ति सुखहेतुपदार्थान् यस्मिंस्तस्मिन्मार्गे। अत्रसुपांसुलुगितिङेर्लुक् (चित्रम्) अद्भुतंकर्म (ऋञ्जते) प्रसाध्नोति। ऋञ्जतिः प्रसाधनकर्मा निघ०। ६। २। १। ॥ ३ ॥

अन्वयः—अहं यदेषां वायूनां कशाहस्तेषु सन्ति प्राणिनो वदान् वदेयुस्तदिहेव शृण्वे सर्वः प्राण्यप्राणी यद्यामन् यामनिचित्रं कर्म न्यृञ्जते तदहमपि कर्त्तुं शक्नोमि ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः। पदार्थविद्यामभीप्सुभिर्विद्वद्भिर्यानि कर्माणि जडचेतनाः पदार्थाः कुर्वन्ति तद्धेतवो वायवः सन्ति। यदि वायुर्नस्यात्तर्हि कश्चित् किंचिदपि कर्म कर्त्तुं न शक्नुयात्। दूरस्थेनोच्चारिताञ्छब्दान् समीपस्थानिवत्रायुचेष्टामंतरेण कश्चिदपि घ्रातुं वक्तुंच न प्रभवेत्। वीरा युद्धादिकार्येषु यावन्तौ बलपराक्रमौ कुर्वन्ति तावन्तौ सर्वौ वायुयोगादेव भवतः। नह्येतेन विना नेत्रस्पन्दनमपि कर्त्तुं शक्यमतोऽस्य सर्वदैव शुभगुणाः सर्वैः सदान्वेष्टव्याः। मोक्षमूलरोक्तिः। अहं सारथिना कशाशब्दाञ्छृणोमि। अतिनिकटे हस्तेषु तान् प्रहरन्तितेच मार्गेष्वतिशोभां प्राप्नुवन्ति। यामन्निति मार्गस्य नाम येन मार्गेण देवागच्छन्ति यस्मान् मार्गाद्बलिदानानि प्राप्नुवन्ति। यथास्माकं प्रकरणे मेघावयवानामपि ग्रहणं भवतीत्यशुद्धास्ति। कुतः। अत्र कशाशब्देन वायुहेतुकानांक्रियाणां ग्रहणाद्यामन्निति शब्देन सर्वव्यवहारसुखप्रापिकस्य कर्मणो ग्रहणाच्च ॥ ३ ॥

पदार्थः— मैं (यत्) जिस कारण (एषाम्) इन पवनों की (कशाः) रज्जु के समान चेष्टा के साधन नियमों को प्राप्त कराने वाली क्रिया (हस्ते) हस्त आदि अङ्गों में हैं इसमें सब चेष्टा और जिसमें प्राणी व्यवहार संबन्धी वचन को (वदान्) बोलते हैं उसको (इहेव) जैसे इस स्थान में स्थित होकर वैसे करता और (शृण्वे) श्रवण करता हूं और जिससे सब प्राणी और अप्राणी (यामन्) सुख हेतु व्यवहारों के प्राप्त कराने वाले मार्ग में (चित्रम्) आश्चर्य रूप कर्म को (न्यञ्जते) निरन्तर सिद्ध करते हैं उस के करने को समर्थ उसी से मैं भी होता हूं ॥ ३ ॥

भावार्थः इस मंत्र में उपमालंकार है वायु पदार्थ विद्या की इच्छा करने वाले विद्वानों को चाहिये कि मनुष्य आदि प्राणी जितने कर्म करते हैं उन सभों के हेतु पवन हैं जो वायु न हों तो कोई मनुष्य कुछ भी कर्म करने को समर्थ नहीं सके और दूरस्थित मनुष्य ने उच्चारण किये हुए शब्द निकट के उच्चारण के समान वायु की चेष्टा के विना कोई भी कह वा सुन न सके और मनुष्य मार्ग में चलने आदि जितने बल वा पराक्रमयुक्त कर्म करते हैं वे सब वायु ही के योग से होते हैं इस से यह सिद्ध है कि वायु के विना कोई नेत्र के चलाने को भी समर्थ नहीं हो सकता इसलिये इसके शुभगुणों का खोज सर्वदा किया करें ॥

मोक्षमूलर साहिब कहते हैं कि मैं सारथियों के कशा अर्थात् चाबुक के शब्दों को सुनता हूं तथा अति समीप हाथों में उन पवनों को प्रहार करते हैं वे अपने मार्ग में अत्यन्त शोभा को प्राप्त होते हैं और यामन् यह मार्ग का नाम है जिस मार्ग से देव जाते हैं वा जिस मार्ग से बलिदानों को प्राप्त होते हैं जैसे हमलोगों के प्रकरण में मेघ के अवयवों का भी ग्रहण होता है । यह सब अशुद्ध है क्योंकि इस मन्त्र में कशा शब्द से सब क्रिया और यामन् शब्द से मार्ग में सब व्यवहार प्राप्त करने वाले कर्मों का ग्रहण है ॥ ३ ॥

पुनरेते वायोः कस्मै प्रयोजनाय किं कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे विद्वान् लोग वायु से किस २ प्रयोजन के लिये क्या २ करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र वः शर्धाय घृष्वये त्वेषद्युम्नाय शुष्मिणे ।

दे॒वत्तं॒ ब्रह्म॑ गायत ॥ ४ ॥

प्र । वः॒ । शर्धा॑य । घृष्व॑ये । त्वे॒षऽद्यु॑म्नाय ।
शु॒ष्मिणे॑ । दे॒वत्त॑म् । ब्रह्म॑ । गा॒य॒त॒ ॥ ४ ॥

पदार्थः— (प्र) प्रीतार्थे (वः) युष्माकम् (शर्धाय) बलाय (घृष्वये) घर्षन्ति परस्परं संचूर्णयन्ति येन तस्मै (त्वेषद्युम्नाय) प्रकाशमानाय यशसे (द्युम्नं द्योततेर्यशोवान्नं वा । निरु० ५ । ५ (शुष्मिणे) शुष्यति बलयति येन व्यवहारेण स बहुर्विद्यते यस्मिंस्तस्मै । अत्र भूम्न्यर्थे इनिः (देवत्तम्) यद्देवेनेश्वरेण दत्तं विद्वद्भिर्वाध्यापकेन तत् (ब्रह्म) वेदम् (गायत) षड्जादिस्वरैरालपत ॥ ४ ॥

अन्वयः— हे विद्वांसो मनुष्या य इमे वातये वो युष्माकं शर्धाय घृष्वये शुष्मिणे त्वेषद्युम्नाय सन्ति तन्नियोगेन देवत्तं ब्रह्म यूयं गायत ॥ ४ ॥

भावार्थः— विद्वद्भिर्मनुष्यैरीश्वरोक्तान् वेदानधीत्य वायुगुणान् विदित्वा यशस्वीनि बलकारकाणि कर्माणि नित्यमनुष्ठाय सर्वेभ्यः प्राणिभ्यः सुखानि देयानीति ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । येषां गृहेषु वायवो देवता आगच्छन्ति हे कण्वा यूयं तेषामग्रे ता देवताः स्तुत । ताः कीदृश्यः संति । उन्मत्ताविजयवत्योबलवत्यश्च । अत्र । मं० ४ । सू० १७ मं० २ इदमत्र प्रमाणमस्तीत्यशुद्धास्ति । यच्चात्र मंत्रप्रमाणं दत्तं तत्रापि तदभीष्टार्थो नास्तीत्यतः ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो जो ये पवन (वः) तुम लोगों के (शर्धाय) बल प्राप्त करने वाले (घृष्वये) जिस के लिये परस्पर लड़ते भिड़ते हैं उस (शुष्मिणे) अत्यन्त प्रशंसित बल युक्त व्यवहार वाले (त्वेषद्युम्नाय) प्रकाशमान यश के लिये हैं तुम

लोग उन के नियोग से (देवत्तम) ईश्वर ने दिये वा विद्वानों ने पढ़ाये हुए (ब्रह्म) वेद को (प्रगायत) अच्छे प्रकार षड्जादि स्वरों से स्तुति पूर्वक गाया करो ॥ ४ ॥

भावार्थः— विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि ईश्वर के कहे हुए वेदों को पढ़ वायु के गुणों को जान और यश वा बल के कर्मों का अनुष्ठान करके सब प्राणियों के लिये सुख देवें ॥

मोक्षमूलर साहिब का अर्थ जिन के घरों में वायु देवता आते हैं हे बुद्धिमान मनुष्यों तुम उन के आगे उन देवताओं की स्तुति करो तथा देवता कैसे हैं कि उन्मत्त विजय करने वा वेग वाले इस में चौथे मंडल सत्तरवें सूक्त दूसरे मंत्र का प्रमाण है । सो यह अशुद्ध है क्योंकि सब जगह पवनों की स्थिति के जाने आने वाली क्रिया होने वा उन के सामीप्य के विना वायु के गुणों की स्तुति के संभव होने से और वायु से भिन्न वायु की कोई देवता नहीं है इस से तथा जो मंत्र का प्रमाण दिया है वहां भी उन का अभीष्ट अर्थ इनके अर्थ के साथ नहीं है ॥ ४ ॥

पुनरेतेषां योगेन किंकिं भवतीत्युपदिश्यते ।

फिर इन के योग से क्या २ होता है यह अगले मंत्र में उपदेश किया है ।

प्र शंसा गोष्वघ्न्यं क्रीळं यच्छर्धो मारुतम् । जम्भे रसस्य वावृधे ॥ ५ ॥

प्र । शंस । गोषु । अघ्न्यम् । क्रीळम् । यत् । शर्धः । मारुतम् । जम्भे । रसस्य । ववृधे ॥ ५ ॥

पदार्थः— (प्र) प्रकृष्टार्थे (शंसः) अनुशाधि (गोषु) पृथिव्यादिष्विन्द्रियेषु पशुषु वा (अघ्न्यम्) हन्तुमयोग्यमघ्न्याभ्यो गोभ्यो हितं वा । अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । १ । १६ अनेनाऽयं सिद्धः । अघ्न्येति गोनामसु पठितम् । निघं० २ । ११ (क्रीडम्) क्रीडति येन तत् (यत्) शर्धः) बलम् (मारुतम्) मरुतो विकारो

मारुतस्तम् (जम्भे) जभ्यन्ते गात्राणि विनाम्यन्ते चेष्टान्ते येन मुखेन तस्मिन् (रसस्य) भुक्तान्नत उत्पन्नस्य शरीरवर्द्धकस्य भोगेन (ववृधे) वर्धते । अत्र तुजादीनां दीर्घोभ्यासस्येति दीर्घः ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे विद्वंस्त्वं यज्ञेषु क्रीडमघ्न्यं मारुतं जम्भे रसस्य सकाशादुत्पद्यमानं शर्धो बलं ववृधे तन् मह्यं प्रशंस नित्यमनु शाधि ॥ ५ ॥

भावार्थः— मनुष्यैर्यद्वायुसम्बन्धि शरीरादिषुक्रीडाबलवर्धनमस्तितन्नित्यंवर्धनीयम् । यावद्रसादिज्ञानं तत्सर्वंवायुसन्नियोगेनैवजायते अतः सर्वैः परस्परमेवमनुशासनं कार्य्यं यतः सर्वेषां वायुगुणविद्या विदिता स्यात् ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । स प्रसिद्धो वृषभो गवां मध्य अर्थात् पवनदलानां मध्य उपाधिवर्द्धितोजातः सन् यथा तेन मेघावयवाः स्वादिताः । कुतः । अनेनमरुतामादरः कृतस्तथादित्यशुद्धास्ति कथं । अत्र यज्ञवांमध्येमारुतं बलमस्ति । तस्य प्रशंसाः कार्य्याः । यच्चप्राणिभिर्मुखेनस्वाद्यते तदपिमारुतंबलमस्तीति । अत्र जम्भशब्दार्थं विलसन मोक्षमूलराख्यविवादो निष्फलोस्ति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे विद्वान्मनुष्यो तुम (यत्) जो (गोषु) पृथिवी आदि भूत वा वाणी आदि इन्द्रिय तथा गौ आदि पशुओं में (क्रीडम्) क्रीडा का निमित्त (अघ्न्यम्) नहीं हनन करने योग्य वा इन्द्रियों के लिये हितकारी (मारुतम्) पवनों का विकार रूप (रसस्य) भोजन किये हुए अन्नादि पदार्थों से उत्पन्न (जम्भे) जिस से गात्रों का संचलन हो मुख में प्राप्त हो के शरीर में स्थित (शर्धः) बल (ववृधे) वृधि को प्राप्त होता है उसको मेरे लिये नित्य (प्रशंस) शिक्षा करो ॥ ५ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को योग्य है कि जो वायुसम्बधि शरीर आदि में क्रीड़ा और बल का बढ़ना है उसको नित्य उन्नति देवें और जितना रस आदि

प्रतीत होता है वह सब वायु के संयोग से होता है इस से परस्पर इस प्रकार सब शिक्षा करनी चाहिये कि जिस से सब लोगों को वायु के गुणों की विद्या विदित हो जावे ॥

मोक्षमूलर साहिब का कथन कि वह प्रसिद्ध वायु पवनों के दलों में उपाधि से बढ़ा हुआ जैसे उस पवन ने मेघावयवों को स्वादयुक्त किया है क्योंकि इस ने पवनों का आदर किया इस से । सो यह अशुद्ध है कैसे कि जो इस मंत्र में इन्द्रियों के मध्य में पवनों का बल कहा है उस की प्रशंसा करनी और जो प्राणि लोग मुख से स्वाद लेते हैं वह भी पवनों का बल है और इस शब्द के अर्थ में विलसन और मोक्षमूलर साहिब का वादाविवाद निष्फल है ॥ ५ ॥

पुनरेतेभ्यो प्रजाराजजनाभ्यां किं किं कार्य्यं ज्ञातव्यं चेत्युपदिश्यते ।

फिर इन पवनों से मनुष्यों को क्या २ करना वा जानना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

को वो वर्षिष्ठ आ नरो दिवश्च ग्मश्च धूतयः । यत्सीमन्तं न धूनुथ ॥ ६ ॥

कः । वः । वर्षिष्ठः । आ । नरः । दिवः । च । ग्मः । च । धूतयः । यत् । सीम् । अन्तम् । न । धूनुथ ॥ ६ ॥

पदार्थः – (कः) प्रश्ने (वः) युष्माकंमध्ये (वर्षिष्ठः) अतिशयेनवृद्धः (आ) समन्तात् (नरः) नयन्ति ये ते नरस्तत्संबुद्धौ (दिवः) द्योतकान् सूर्यादिलोकान् (च) समुच्चये (ग्मः) प्रकाशरहितपृथिव्यादिलोकान् । ग्मेतिपृथिवीनामसु पठितम् । निघं० १ । १ अत्रगमधातोर्बाहुलकादौणादिक आप्रत्यय उपधालोपश्च (च) तत्संबधितश्च (धूतयः) धून्वन्ति येते (यत्) ये

(सीम्) सर्वतः (अन्तम्) वस्त्रप्रान्तम् (न) इव (धूनुथ) शत्रून् कम्पयत ॥ ६ ॥

अन्वयः— हे धूतयो नरो विद्वांसो मनुष्या यद्योयूयं दिवः सूर्यादिप्रकाशकाँल्लोकाँस्तत्सम्बन्धिनोऽन्याँश्चग्मः ग्मपृथिवीरेतत्सं- बधिनइतराँश्च सीं सर्वतस्तृणवृक्षाद्यवयवान् कंपयन्तोवायवोनेव शत्रुगणानामन्तं यद्वाधूनुथ समन्तात्कम्पयत तदा वो युष्माकं मध्ये को वर्षिष्ठो विद्वान्न जायेत ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः । विद्वद्भीराजपुरुषैर्यथाकश्चि द्बलवान्मनुष्योनिर्बलं केशान् गृहीत्वाकम्पयति यथा च वायवः सर्वान् लोकान् धृत्वा कम्पयित्वा चालयित्वा स्वं स्वं परिधिं प्रापयन्ति तथैव सर्वं शत्रुगणं प्रकम्प्य तत्स्थानात्प्रचाल्य प्रजारक्षणी- या ॥ ६ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । हेमनुष्या युष्माकं मध्ये महान् कोस्ति यूयं कंपयितार आकाशपृथिव्योः । यदायूयंधारितवस्त्रप्रान्तकम्पनवत् तान् कम्पयत । अन्तशब्दार्थं सायणाचार्योक्तं नस्वीकुर्वे किंतुविलसनाख्यादिभिरुक्तमित्यशुद्धमिति । कुतः । अत्रोपमालंकारेण यथा राजपुरुषाः शत्रूनितरे मनुष्यास्तृणकाष्ठादिकंच गृहीत्वा कम्पयन्ति तथा वायवोऽग्निपृथिव्यादिकं गृहीत्वा कम्पयन्तीत्यर्थस्यवि दुषां सकाशान्निश्चयः कार्यइत्युक्तत्वात् । यथा सायणाचार्येण कृतोर्थाव्यर्थोस्ति तथैव मोक्षमूलरोक्तोऽस्तीतिविजानीमः ॥ ६ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो (धूतयः) शत्रुओं को कंपाने वाले (नरः) नीति युक्त (यत्) ये तुम लोग (दिवः) प्रकाश वाले सूर्य आदि (च) वा उन के संबन्धी और तथा (ग्मः) पृथिवी (च) और उन के संबन्धी प्रकाश रहित लोकों को (सीम्) सब ओर से अर्थात् तृण वृक्ष आदि अवयवों के सहित ग्रहण कर के कम्पाते हुए वायुओं के (न) समान शत्रुओं का (अन्तम्) नाश कर दुष्टों

को जब (आधूनुथ) अच्छे प्रकार कम्पाओ, तब (वः) तुम लोगों के बीच में (कः) कौन (वर्षिष्ठः) यथावत् श्रेष्ठ विद्वान् प्रसिद्ध न हो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है। विद्वान् राजपुरुषों को चाहिये कि जैसे कोई बलवान् मनुष्य निर्बल मनुष्य के केशों का ग्रहण करके कम्पाता और जैसे वायु सब लोकों का ग्रहण तथा चलायमान कर के अपनी २ परिधि में प्राप्त करते हैं वैसे ही सब शत्रुओं को कम्पा और उन के स्थानों से चलायमान कर के प्रजा की रक्षा करें ॥ ६ ॥

मोक्षमूलर साहिब का अर्थ कि हे मनुष्यो तुम्हारे बीच में बड़ा कौन है तथा तुम आकाश वा पृथिवी लोक को कम्पाने वाले हो जब तुम धारण किये हुए वस्त्र का प्रान्त भाग कंपने समान उनको कंपित करते हो। सायणाचार्य के कहे हुए अग्र शब्द के अर्थ को मैं स्वीकार नहीं करता किंतु विलसन आदि के कहे हुए को स्वीकार करता हूं। यह अशुद्ध और विपरीत है क्योंकि इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे राजपुरुष शत्रुओं और अन्य मनुष्य तृणकाष्ठ आदि को ग्रहण कर के कम्पाते हैं वैसे वायु भी हैं इस अर्थका विद्वानों के सकाश से निश्चय करना चाहिये इस प्रकार कहे हुए व्याख्यन से। जैसा सायणाचार्य का किया हुआ अर्थ व्यर्थ है वैसा ही मोक्षमूलर साहिब का किया हुआ अर्थ अनर्थ है ऐसा हम सब सज्जन लोग जानते हैं ॥ ६ ॥

पुना राजप्रजाजनैः कथं भवितव्यमित्युपदिश्यते ।

फिर वे राजा और प्रजा जन कैसे होने चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

नि वो यामाय मानुषो दध्र उग्राय मन्यवे ।
जिहीत पर्वतो गिरिः ॥ ७ ॥

नि । वः । यामाय । मानुषः । दध्रे । उग्राय । मन्यवे । जिहीत । पर्वतः । गिरिः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(नि) निश्चयार्थे (वः) युष्माकम् (यामाय) यथार्थव्यवहारप्रापणाय । अर्त्तिस्तुसु० उ० १ । १३९ इति याधातोर्मन्प्रत्ययः (मानुषः) सभापतिर्मनुजः (दध्रे) धरति । अत्र लडर्थे लिट् (उग्राय) तीव्रदण्डाय (मन्यवे) क्रोधरूपाय । (जिहीत) स्वस्थानाञ्चलति । अत्र लडर्थे लिङ् (पर्वतः) मेघः (गिरिः) योगिरतिजलादिकं गृणाति महतः शब्दान् वा सः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे प्रजासेनास्था मनुष्या भवन्तो यस्य सेनापतेर्भयाद्वायोः सकाशाद्गिरिः पर्वतइव शत्रुगणो जिहीत पलायते स मानुषो वो युष्माकं यामाय मन्यव उग्राय च राज्यं दध्र इति विजानन्तु ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्रलुप्तोपमालङ्कारः । हे प्रजासेनास्था मनुष्याः युष्माकं सर्वे व्यवहारा राज्यव्यवस्थयैव वायुवद्व्यवस्थाप्यन्ते । स्वनियमविचलितेभ्यश्च युष्मभ्यं वायुरिवसभाध्यक्षो भृशं दण्डं दद्यात् यस्यभयाच्छत्रवश्च वायोर्मेघाइवप्रचलिता भवेयुस्तं पितृवन्मन्यध्वम् ॥ ७ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । हे वायवो युष्माकमागमनेन मनुष्यस्य पुत्रः स्वयमेवनम्रो भवति युष्माकं क्रोधात् पलायत इतिव्यर्थास्ति कुतोऽत्रगिरिपर्वतशब्दाभ्यां मेघोगृहीतोऽस्ति मानुषशब्दोर्थे निदध्रे इति क्रियायाः कर्त्तास्त्यतो नात्रबालकशिरोनमनस्य ग्रहणं यथा सायणाचार्यस्यव्यर्थोर्थः तथैवमोक्षमूलरस्यापीतिवेद्यम् । यदि वेदकर्त्तेश्वरएव नैव मनुष्यः सन्तीत्येतावत्यपि मोक्षमूलरेण नक्षीकृतं तर्हि वेदार्थज्ञानस्य तु का कथा ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे प्रजासेना के मनुष्यो जिस सभापति राजा के भय से वायु के बल से (गिरिः) जल को रोकने गर्जना करने वाले (पर्वतः) मेघ शत्रु लोग (जिहीत) भागते हैं वह (मानुषः) सभाध्यक्ष राजा (वः) तुमलोगों के (यामाय)

यथार्थ व्यवहार चलाने और (मन्यवे) क्रोध रूप (उग्राय) तीव्रदण्ड देने के लिये राज्य व्यवस्था को (दधे) धारण कर सकता है ऐसा तुम लोग जानो ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। हे प्रजा सेनास्थ मनुष्यो तुम लोगों के सब व्यवहार वायु के समान राजव्यवस्था ही से ठीक २ चल सकते हैं और जब तुम लोग अपने नियमोपनियमों पर नहीं चलते हो तब तुम को सभाध्यक्ष राजा वायु के समान शीघ्र दण्ड देता है और जिसके भय से वायु से मेघों के समान शत्रुजन पलायमान होते हैं उसको तुम लोग पिता के समान जानो ॥ ७ ॥

मोक्ष मूलर कहते हैं कि हे पवनो आप के आने से मनुष्य का पुत्र अपने आपही नम्र होता है तथा तुम्हारे क्रोध से डर के भागता है यह उनका कथन व्यर्थ है क्योंकि इस मंत्र में गिरि और पर्वत शब्द से मेघ का ग्रहण किया है। तथा मानुष शब्द का अर्थ धारण किया का कर्त्ता है और न इस मंत्र में बालक के शिर के नमन होने का ग्रहण है। जैसा कि सायणाचार्य का अर्थ व्यर्थ है वैसाही मोक्षमूलर का भी जानना चाहिये। वेद का करने वाला ईश्वरही है और मनुष्य नहीं इतनी भी परीक्षा मोक्षमूलर साहिब ने नहीं की पुनर्वेदार्थ ज्ञान की तो क्याही कथा है ॥ ७ ॥

पुनस्तेषां योगेन किं भवतीत्युपदिश्यते ।

फिर इन पवनों के योग से क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

येषामज्मेषु पृथिवी जुजुर्वाँइव विश्पतिः । भिया यामेषु रेजते ॥ ८ ॥

येषाम् । अज्मेषु । पृथिवी । जुजुर्वान्ऽइव । विश्पतिः । भिया । यामेषु । रेजते ॥ ८ ॥

पदार्थः—(येषाम्) मरुताम् (अज्मेषु) प्रापकक्षेपकादिगु-

क्षेषु सत्सु (पृथिवी) भूः (जुजुर्वान् इव) यथा वृद्धावस्थांप्राप्तोमनुष्यः। जृषवयोहानावित्यस्मात् क्वसुः। बहुलंछन्दसीत्युत्वम्। वाछन्दसि-सर्वेविधयो भवन्तीति हलिचेतिदीर्घोन (विश्पतिः) विशां प्रजानां पालको राजा (भिया) भयेन (यामेषु) स्वस्वगमनरूपमार्गेषु (रेजते) कम्पते चलति ॥ ८ ॥

अन्वयः— हे विद्वांसो येषामरुतामज्मेषु सत्सु भिया जुजुर्वानिव वृद्धोविश्पतिः पृथिव्यादिलोकसमूहो यामेषु रेजते कम्पते चलति तान् कार्य्येषु संप्रयुङ्ध्वम् ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः। यथा जीर्णावस्थांप्राप्तः कश्चिद्राजा रोगैः शत्रूणां भयेन वा कम्पते तथा वायुभिः सर्वतो धारितः पृथिवीलोकः स्वपरिधौ प्रतिक्षणं भ्रमति एवं सर्वे लोकाश्च। नहि सूत्रवद्दृढेनैन वायुना विनाकस्यचिल्लोकस्य स्थितिर्भ्रमणं च संभवतीति ॥

मोक्षमूलरोक्तिः। येषां मरुतां धावने पृथिवी निर्बलराजवद्भयेन मार्गेषु कम्पते संस्कृतरीत्यायं महान् दोषो यत् स्त्रीलिङ्गोपमेयेन सह पुंल्लिङ्गोपमा न दीयत इत्यलीकास्ति कुतो वायोर्योगेनैव पृथिव्या धारणभ्रमणे संभूय तद्दोषणे नैव पृथिव्यादीनां लोकानां स्वरूपस्थितिर्भवति नायं लिङ्गव्यत्ययेनोपमालङ्कारे दोषो भवितुमर्हति। मनोवद्वायुर्गच्छति। वायुरिव मनो गच्छति। श्येनवत् सेना गच्छति स्त्रीवत् पुरुषः पुरुषवत् स्त्री। हस्तीवन् महिषी हस्तिनीवद्वा। चन्द्रवन्मुखम्। सूर्यप्रकाश इव राजनीतिरित्यादिनास्यशोभनत्वात् ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् लोगो (येषाम्) जिन पवनों के (अज्मेषु) पहुंचाने फेंकने आदिगुणों में (भिया) भय से (जुजुर्वानिव) जैसे वृद्धावस्था को प्राप्त हुआ (विश्पतिः) प्रजा की पालना करने वाला राजा शत्रुओं से कम्पता है वैसे

(पृथिवी) पृथिवी आदि लोक (यामेषु) अपने २ चलने रूप परिधि मार्गों में (रेजते) चलायमान होते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थः इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे कोई राजा जीर्ण अवस्था को प्राप्त हुआ रोग वा शत्रुओं के भय से कम्पता है वैसे पवनों से सब प्रकार धारण किये हुए पृथिवी आदि लोक घूमते हैं। और सूत्र के समान बंधे हुए वायु के विना किसी लोक की स्थिति वा भ्रमण का संभव कभी नहीं हो सकता ॥

मोक्षमूलर साहिब का कथन कि जिन पवनों के दौड़ने से पृथिवी निर्बल राजा के समान भय से मार्गों में कम्पित होती है। संस्कृत की रीति से यह बड़ा दोष है कि जो स्त्रीलिङ्ग उपमेय के साथ पुल्लिङ्ग वाची उपमान दिया है। सो यह मोक्ष मू० का कथन मिथ्या है क्योंकि वायु के योग ही से पृथिवी के धारण वा भ्रमण का संभव होकर वायु के भीषणहो से पृथिवी आदि लोकों के स्वरूप की स्थिति होती है तथा यह लिङ्ग व्यत्यय से उपमालंकार में दोष नहीं होसकता जैसे मनुष्य के तुल्य वायु और वायु के समान मन चलता है श्येनपक्षी के समान सेना स्त्री के समान पुरुष वा पुरुष के समान स्त्री हाथी के समान भैंसी वा हथिनी के समान। चंद्रमा के समान मुख सूर्य प्रकाश के समान राजनीति इस प्रकार उपमालंकार में लिङ्ग भेद से कोई भी दोष नहीं आसकता ॥ ८ ॥

पुनस्ते वायवः कीदृशगुणाः सन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर वे वायु कैसे गुण वाले हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरं हि जानमेषां वयो मातुर्निरेतवे ।
यत्सीमनु द्विता शवः ॥ ९ ॥

स्थिरम् । हि । जानम् । एषाम् । वयः । मातुः । निःऽएतवे । यत् । सीम् । अनु । द्विता । शवः ॥ ९ ॥

पदार्थः— (स्थिरम्) गमनरहितम् (हि) खलु (जानम्) जायते यस्मात्तदाकाशम् । अत्र जन धातोर्घञ् स्वरव्यत्ययेनाद्युदात्तत्वम् । सायणाचार्येणेदं जनिबध्योरित्यादीनामबोधादुपेक्षितम् (एषाम्) वायूनाम् (वयः) पक्षिणः) मातुः) अन्तरिक्षस्यमध्ये (निरेतवे) निरन्तरमेन्तुं गन्तुम् (यत्) (सीम्) सर्वतः (अनु) अनुक्रमेण (द्विता) द्वयोः शब्दस्पर्शयोर्गुणयोर्भावः (शवः) बलम् शव इति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ९ ॥९॥

अन्वयः— हे मनुष्या एषां यत् स्थिरं जानं शवो बलं द्विता वर्त्तते यदाश्रित्य वयः पक्षिणो मातुरंतरिक्षस्य मध्ये सीं निरेतवे शक्नुवन्ति तान् भवन्तोऽनुविजानन्तु ॥ ९ ॥

भावार्थः— य इमे कार्यवायव आकाकाशादुत्पद्येतस्ततो गच्छन्त्यागच्छन्ति यत्र यत्रावकाशस्तत्र तत्र येषां सर्वतो गमनं संभवति। सर्वे प्राणिनो याननुजीवनं प्राप्य बलवन्तो भवन्ति तान् युक्त्या यूयं सेवध्वम् ॥ ९ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । सत्यमेव वायूनामुत्पत्तिस्तेषां सामर्थ्यं मातुः सकाशादागच्छत्येतेषां सामर्थ्यं द्विगुणं चास्तीति निष्प्रयोजना स्येयं व्याख्याऽस्ति । कुतः सर्वेषां द्रव्याणामुत्पत्तिः स्वस्वकारणानुकूलत्वेन बलवती जायते तेषां कार्याणां मध्ये कारणगुणा आगच्छंत्येव वयःशब्देन किल पक्षिणो ग्रहणमस्तीत्यतः ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो (एषाम्) इन (वायूनाम्) पवनों का (यत्) जो (स्थिरम्) निश्चल (जानम्) जन्म स्थान आकाश (शवः) बल और जिस में (द्विता) शब्द और स्पर्श गुण का योग है जिसके आश्रय से (वयः) पक्षी (मातुः) अन्तरिक्ष के बीच में (सीम्) सब प्रकार (निरेतवे) निरन्तर जाने आने को समर्थ होते हैं उन वायुओं को आप लोग (अनु) पश्चात् विशेषता से जानिये ॥ ९ ॥

भावार्थः— ये कार्य रूप पवन आकाश में उत्पन्न होकर इधर उधर जाते आते हैं जहां अवकाश है वहां जिनके सब प्रकार गमन का सम्भव होता और जिनकी अनुकूलता से सब प्राणी जीवन को प्राप्त होकर बल वाले होते हैं उन को युक्ति के साथ तुम लोग सेवन किया करो ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि सत्यही है कि पवनों की उत्पत्ति बलवाली तथा उनका सामर्थ्य आकाश से आता है उनका सामर्थ्य द्विगुण वा पुष्कल है। सो यह निष्प्रयोजन है क्योंकि सब द्रव्यों की उत्पत्ति अपने २ कारण के अनुकूल बलवाली होती है उनके कार्यों में कारण के गुण आतेही हैं और वयःशब्द से पक्षियों का ग्रहण है ॥

पुनस्ते कीदृशं कर्म कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे कैसे काम को करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

उदु त्ये सूनवो गिरः काष्ठा अज्मेष्वत्नत ।
वाश्रा अभिज्ञु यातवे ॥ १० ॥

उत् । ऊम्इति । त्ये । सूनवः । गिरः । काष्ठाः । अज्मेषु । अत्नत । वाश्राः । अभिऽज्ञु । यातवे ॥ १० ॥

पदार्थः— (उत्) उत्कृष्टार्थे (उ) वितर्के (त्ये) परोक्षाः (सूनवः) ये प्राणिगर्भान् विमोचयन्ति (गिरः) वाचः (काष्ठाः) दिशः । काष्ठा इति दिङ्नामसु पठितम् । निघं० १ । ६ (अज्मेषु) गमनाऽधिकरणेषु मार्गेषु (अत्नत) तन्वते । अत्र लडर्थे लुङ् । बहुलं छन्दसीति विकरणाऽभावः । तनिपत्योश्छन्दसि । अ० ६ । ४ । ९९ अनेनोपधालोपः (वाश्राः) यथा

शब्दायमाना गावो वत्सानभितो गच्छन्ति तथा (अभिज्ञु) अभिगते जानुनी यासां ताः । अत्र । अव्ययं विभक्ति० अ० २ । १ । ६ । इति यौगपद्यार्थे समासः । वाछन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति समासान्तोज्ञुरादेशश्च (यातवे) यातुम् अत्र तुमर्थे तवेन् प्रत्ययः ॥ १० ॥

अन्वयः— हे राजप्रजाजना भवन्तस्त्येतेऽन्तरिक्षस्थास् सूनवो वायव अभिज्ञु वाश्रा इव गिरः काष्ठा अज्मेषु उ आयातवे यातुं तन्वन्तीव सुखमु अत्नत तन्वन्तु ॥ १० ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । राजप्रजाजनैर्यथेमे वायव एव वाचो जलानि च चालयित्वा विस्तार्य शब्दानाश्रावयन्तो गमनागमनजन्मवृद्धिक्षयहेतवः सन्ति तथैतैः शुभकर्माण्यनुष्ठेयानि ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । ये गायनाः पुत्राः स्वगतौ गोष्ठानानि विस्तीर्णानि लम्बीभूतानि कुर्वन्ति गावोजानुबलेनागच्छन्तितिव्यर्थोस्ति कुतः अत्र सूनुशब्देन प्रियां वाचमुच्चारयन्तो बालकागृह्यन्ते । यथागावोवत्सलेहनार्थं पृथिव्यां जानुनी स्थापयित्वा सुखयन्ति तथा वायवोऽपीति विवक्षितत्वात् ॥ १० ॥

त्रयोदशोवर्गः समाप्तः १३ ॥

पदार्थः— हे राज प्रजा के मनुष्यो आप लोग (त्ये) वे अन्तरिक्ष में रहने वा (सूनवः) प्राणियों के गर्भ छुड़ाने वाले पवन (अभिज्ञु ।) जिनको सन्मुख जंघा हों (वाश्राः) उन शब्द करती वा बछड़ों को सब प्रकार प्राप्त होती हुई गौओं के समान (गिरः) वाणी वा (काष्ठाः) जलों को (अज्मेषु) जाने के मार्गों में (उ) और (आयातवे) प्राप्त होने को विस्तार करते हुओं के समान सुख का (उदत्नत) अच्छे प्रकार विस्तार कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः— इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है। राजा और प्रजा के मनुष्यों को चाहिये कि जैसे ये वायुही वाणी और जलों को चलाकर विस्तृत करके अच्छे प्रकार शब्दों को श्रवण कराते हुए जाना आना जन्म वृद्धि और नाश के हेतु हैं वैसे ही शुभाशुभकर्मों का अनुष्ठान सुख दुःख का निमित्त है॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि जो गान कराने वाले पुत्र अपनी गति में गौओं के स्थानों को विस्तारयुक्त लावे करते हैं तथा गो जांघ के बल से आती हैं सो यह व्यर्थ है क्योंकि? इस मंत्र में सूनु शब्द से प्रिय वाणी को उच्चारण करते हुए बालक ग्रहण किये हैं जैसे गौ बछड़ों को चाटने के लिये पृथिवी में जंघाओं को स्थापन करके सुखयुक्त होती हैं इस प्रकार विवक्षा के होने से॥१०॥

यह तेरहवां वर्ग समाप्त हुआ॥१३॥

पुनरेते किं कुर्युरित्युपदिश्यते।

फिर ये राजपुरुष क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है।

त्यं चि॑द् घा दी॒र्घं पृ॒थुं मि॒हो नपा॑त॒मम्मृ॑ध्रम्। प्र च्य॑वयन्ति॒ याम॑भिः॥११॥

त्यम्। चि॒त्। घ॒। दी॒र्घम्। पृ॒थुम्। मि॒हः। नपा॑तम्। अमृ॑ध्रम्। प्र। च्य॒व॒य॒न्ति॒। याम॑ऽभिः॥११॥

पदार्थः— (त्यम्) मेघम् (चित्) अपि (घ) एव। अत्र। ऋचितुनुघेतिदीर्घः (दीर्घम्) स्थूलम् (पृथुम्) विस्तीर्णम् (मिहः) सेचनकर्त्तारः अत्रेगुपधलक्षणः कः प्रत्ययः। सुपां सुलुगितिजसः स्थानेसुः (नपातम्) योनपातयति जलं तम्। अत्र नभ्राण् नपादिति निपातनम् (अमृध्रम्) नमर्धतेनोनक्ति तम्। अत्र नञ्पूर्वान्मृधधातोर्बाहुलकादौणादिकोरक् प्रत्ययः (प्र) प्रकृष्टार्थे (च्याव-

यन्ति) पातयन्ति (यामभिः) यान्त्यायान्ति यैस्तैः स्वकीयगमनागमनैः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे राजपुरुषा यूयं यथा मिहोऽदृष्ट्या सेचनकर्त्तारो मरुतो यामभिर्यैव नपातममृध्रं पृथुं दीर्घं त्यं चिदपि प्रच्यावयन्ति तथा शत्रून् प्रच्याव्य प्रजा आनन्दयत ॥ ११ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । राजपुरुषैर्यथा मरुत एव मेघनिमित्तं पुष्कलं जलमुपरिगमयित्वा परस्परं घर्षणेन विद्युतमुत्पाद्य तत्समूहमपतनशीलमतन्दनीयं दीर्घावयवं मेघं भूमौ निपातयन्ति तथैव धर्मविरोधिनः सर्वे व्यवहाराः प्रच्यावनीयाः ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । ते वायवोऽस्य दीर्घकालं वर्षतोऽप्रतिबद्धस्य मेघस्य निमित्तमस्ति पातनाय मार्गस्योपरि । इति किंचिच्छुद्धास्ति । कुतः । मिह इति मरुतां विशेषणमस्त्यनेन मेघविशेषणं कृतमस्त्यतः ॥ ११ ॥

पदार्थः— हे राज पुरुषो तुम लोग जैसे (मिहः) वर्षा जल से सींचने वाले पवन (यामभिः) अपने जाने के मार्गों से (घ) ही (त्यम्) उस (नपातम) जलों को न गिराने और (अमृध्रम्) गीला न करने वाले (पृथुम) बड़े (चित्) भी (दीर्घम्) स्थूल मेघ को (प्रच्यावयन्ति) भूमि पर गिरा देते हैं वैसे शत्रुओं को गिरा के प्रजा को आनन्दित करो ॥ ११ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है राजपुरुषों को चाहिये कि जैसे पवन ही मेघ के निमित्त बहुत जल को ऊपर पहुंचा कर परस्पर घिसने से बिजुली को उत्पन्न कर उस न गिरने योग्य तथा न गीला करने और बड़े आकार वाले मेघ को भूमि में गिराते हैं वैसे ही धर्म विरोधी सब व्यवहारों को छोड़ें और छुड़ावें ॥

॥ ऋग्वेदभाष्यम् ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम् ।

अस्यैकैकांकस्य प्रतिमासं मूल्यम् भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तरप्रापण-
मूल्येन सहितं ।-)॥, मासद्वयस्यैकीकृतस्याङ्कस्य ॥≡)
वार्षिकंतु ४)

इस ग्रंथ के प्रतिमास एक एक अंक का मूल्य भरतखंड के भीतर डांक
महसूल सहित ।-)॥ दो महीने के एक साथ छपे हुए अंक का ॥≡)
और वार्षिक मूल्य ४)

यस्य जनस्यास्य ग्रन्थस्य ग्रहणेच्छा भवेत्स प्रयागनगरे वैदिक यन्त्रालय-
कार्य्याध्यक्षस्य समीपंवार्षिकं मूल्यं प्रेषयेत् प्रतिमासस्य
मुद्रितमस्याङ्कं प्राप्स्यति ॥

जिस मनुष्य को इस ग्रन्थ के लेने की इच्छा हो वह प्रयाग नगर में मैनेजर वैदिक यन्त्रालय के पास
वार्षिक मूल्य भेजे प्रतिमास का छपा हुआ इस का अंक पावेगा ॥

पुस्तक (४४, ४५) अंक (२८, २९)

अयं ग्रंथः प्रयागनगरे वैदिकयंत्रालये मुद्रितः ॥

[१९३८ श्रावण शुक्ल १

विदित हो कि श्री १०८ स्वामीदयानन्दसरस्वती जी आजकल मसूदा जिले अजमेर श्री रावबहादुर
सिंह जी की राजधानी में विराजमान हैं ॥

रसीद वेदभाष्य मूल्य ।

लाला रामसुखदास वकील गुरदास पुर ... ... ६)

लाला रामचन्द्र नाज़र मैहकमे मुनसफी ... ... ६)

लाला मुसद्दी लाल मैहकमे पुलिस ... ... ६)

दीवान शिवप्रसाद रईस रिसालपुर वया इटारसी ... ... ४)

चौधरी प्रयाग चन्द रईस रिसालपुर वया इटारसी ... ... ४)

बाबू चंदन गोपाल मन्त्री आर्य्यसमाज लखनऊ ... ... ७।)

बाबू गुरदत्तमल हेड क्लार्क एक जिक्यूटिव एनजिनीयरस आफ़िस अम्बाला ... ... ६)

सूचना ।

गत मास के यजुर्वेदभाष्य (अंक २६, २७) में ८) बाबू हीरालाल जुडीश्यल मोहर्रिर बटाले के रसीद भूल से छपगई थी वह ८) बाबू हीरालाल जी कमिसरियट क्लार्क नसीरा बाद के थे और उन्ही के हिसाब में जमा हुए हैं॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि वे पवन इस बहुत काल वर्षा कराते हुए अप्रति बद्ध मेघ के निमित्त और मार्ग के ऊपर गिराने के लिये हैं यह कुछेक अशुद्ध है। क्योंकि (मिहः) यह पद पवनों का विशेषण है और इन्होंने मेघ का विशेषण किया है ॥ ११ ॥

पुनस्ते वायुवत् कर्माणि कुर्युरित्युपदिश्यते

फिर वे राजप्रजाजन वायु के समान कर्म्म करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मरुतो यद्ध वो बलं जनाँ अचुच्यवीतन । गिरीँरचुच्यवीतन ॥ १२ ॥

मरुतः । यत् । ह । वः । बलम् । जनान् । अचुच्यवीतन । गिरीन् । अचुच्यवीतन ॥ १२ ॥

पदार्थः—(मरुतः) वायव इव सेनाध्यक्षादयः (यत्) यस्मात् (ह) प्रसिद्धम् (वः) युष्माकम् (बलम्) सेनादिकम् (जनान्) प्रजास्थान् मनुष्यान्। अत्र दीर्घादटि समानपादे। अ० ८। ३। ९। इति नकारस्य रुत्वम्। अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा। अ० ८। ३। २। इति पूर्वस्याऽनुनासिकः। भो भगो अघो० अ० ८। ३। १७। इति यलोपः (अचुच्यवीतन) प्रेरयन्ति। अत्र लडर्थे लङ्। बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः। बहुलं छन्दसीतीडागमः। तप्तनप्तनथनाश्चेति तनबादेशः। पुरुषव्यत्ययः। सायणाचार्येणेदं भ्रान्त्या लुङन्तं व्याख्याय बहुलं छन्दसीति शपः श्लुरिति सूत्रं योजितम्। तत्र च्लेरपवादत्वाच्छबेव नास्ति कुतः श्लुः कस्य लुक् तस्मादशुद्धमेव (गिरीन्) मेघान् गिरिरिति मेघनामसु पठितम्। निघं० १। १०। अत्र रुत्वाऽनुनासिकाविति

पूर्ववत् (अचुच्यवीतन) आकाशे भूमौ च प्रापयन्ति। अस्य सिद्धिः पूर्ववत् अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः ॥ १२ ॥

अन्वयः— हे मरुत इव वर्त्तमानाः सेनापत्यादयो यूयं यद्यो युष्माकं ह बलमस्ति तेन वायवो गिरीनचुच्यवीतनेव जनानचुच्यवीतन स्व स्व व्यवहारेषु प्रेरयत ॥ १२ ॥

भावार्थः —अत्र लुप्तोपमालङ्कारः । सभाध्यक्षादिराजपुरुषैर्यथा वायवो मेघानितस्ततः प्रेरयन्ति तथैव सर्वे प्रजाजनाः स्व स्व कर्मसु न्यायव्यवस्थया सदैव निरालस्ये प्रेरणीयाः ॥ १२ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । हे मरुत ईदृग्बलेन सह यादृशी शक्तिर्युष्माकमस्ति यूयं पुरुषाणां पातननिमित्तं स्थ पर्वतानां चेत्यशुद्धास्ति । कुतः । गिरिशब्देनात्र मेघस्य ग्रहणं न शैलानां जन शब्देन सामान्यगतिमतो ग्रहणं न तु पतनमात्रस्यातः ॥ १२ ॥

पदार्थः— हे (मरुतः) पवनों के समान सेनाध्यक्षादि राज पुरुषो तुम लोग (यत्) जिस कारण (वः) तुम्हारा (ह) प्रसिद्ध (बलम्) सेना आदि दृढ़ बल है इसलिये जैसे वायु (गिरीन्) मेघों को (अचुच्यवीतन) इधर उधर आकाश पृथिवी में घुमाया करते हैं वैसे (जनान्) प्रजा के मनुष्यों को (अचुच्यवीतन) अपने २ उत्तम व्यवहारों में प्रेरित करो ॥ १२ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है । सभाध्यक्षादि राज पुरुषों को चाहिये कि जैसे वायु मेघों को इधर उधर घुमा के वर्षाते हैं वैसे ही प्रजा के सब मनुष्यों को न्याय की व्यवस्था से अपने २ कर्मों में आलस्य छोड़ के सदा नियुक्त करते रहैं ॥ १२ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है, हे पवनो ऐसे बल के साथ जैसी आप की शक्ति है और तुम पुरुष वा पर्वतों को गमन कराने के निमित्त हो सो यह अशुद्ध है क्योंकि गिरि शब्द से इस मन्त्र में मेघ का ग्रहण है और जन शब्द से सामान्य गति वाले का ग्रहण है गमन मात्र का नहीं है ॥ १२ ॥

पुनस्ते वायुभ्यः किं किमुपकुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे वायुओं से क्या २ उपकार लेवें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यद्ध यान्ति मरुतः सं ह ब्रुवतेऽध्वन्ना । शृणोति कश्चिदेषाम् ॥ १३ ॥

यत् । ह । यान्ति । मरुतः । सम् । ह । ब्रुवते । अध्वन् । आ । शृणोति । कः । चित् । एषाम् ॥ १३ ॥

पदार्थः – (यत्) ये (ह) स्फुटम् (यान्ति) गच्छन्ति (मरुतः) वायवः (सम्) संगमे (ह) प्रसिद्धम् (ब्रुवते) परस्परमुपदिशन्ति (अध्वन्) अध्वनि विद्यामार्गे। अत्र सुपांसुलुगिति ङेर्लुक् (आ) समन्तात् (शृणोति) शब्दविद्यां गृह्णाति (कः) विद्वान् (चित्) अपि (एषाम्) मरुताम् ॥ १३ ॥

अन्वयः– यथा यदेतइमे मरुत इतस्ततो ह्यान्त्यायान्ति तथाऽध्वन्विद्यामार्गे शिल्पिनो विद्वांसो ह समाब्रुवते एषां मरुतां विद्यां कश्चिदेव शृणोति विजानाति च न तु सर्वे ॥ १३ ॥

भावार्थः– अस्य वायोर्विद्यां कश्चिद्विद्वान् क्रियाकुशल एव ज्ञातुं शक्नोति नेतरो जडधीः ॥ १३ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । यदा खलु मरुतः सह गच्छन्ति स्वमार्गाणामुपरि परस्परं वदन्ति । कश्चिन्मनुष्यः शृणोति किमित्यशुद्धा-

स्ति । कुतः । मरुतां जडत्वेन परस्परं वार्त्ताकरणाऽसंभवात् । वक्तॄणां चेतनानां जीवानां वचनश्रवणहेतुत्वाच्च ॥ १३ ॥

पदार्थः— जैसे (यत्) ये (मरुतः) पवन (यान्ति) जाते आते हैं वैसे (अध्वन्) विद्यामार्ग में कारीगर विद्वान् लोग (ह) स्पष्ट (समाब्रुवते) मिल के अच्छे प्रकार परस्पर उपदेश करते हैं और (एषाम्) इन वायुओं की विद्या को (कश्चित्) कोई विद्वान् पुरुष (शृणोति) सुनता और जानता है सब साधारण पुरुष नहीं ॥ १३ ॥

भावार्थः— इस वायु विद्या को कोई विद्वान् ही ठीक २ जान सकता है जड़ बुद्धि नहीं जान सकता ॥ १३ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि जब निश्चय करके पवन परस्पर साथ २ जाते वा अपने मार्गों के ऊपर बोलते हैं तब कोई मनुष्य क्या श्रवण करता है अर्थात नहीं यह अशुद्ध है क्योंकि पवनों का जड़त्व होने से वार्त्ता करना असम्भव है और कहने वाले चेतन जीवों के बोलने में हेतु तो होते हैं ॥ १३ ॥

पुनर्मनुष्यैर्वायुभ्यः किं किं कार्य्यमित्युपदिश्यते ।

फिर मनुष्यों को वायुओं से क्या २ कार्य्य लेना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र या॑त॒ शीभ॑मा॒शुभिः॒ सन्ति॒ कण्वे॑षु वो॒ दुवः॑ । तत्रो॒ षु मा॑दयाध्वै ॥ १४ ॥

प्र । या॒त॒ । शीभ॑म् । आ॒शुऽभिः॑ । सन्ति॑ । कण्वे॑षु । वः॒ । दुवः॑ । तत्रो॒ इति॑ । सु । मा॒द॒या॒ध्वै॒ ॥ १४ ॥

पदार्थः— (प्र) प्रकटार्थे (यात) अभीष्टं स्थानं प्राप्नुत (शीभम्) शीघ्रम् शीभमिति क्षिप्रनामसु पठितम् । निघं० २ । १५ ।

(आशुभि:) शीघ्रं गमनागमनकारकैर्विमानादियानै: (सन्ति) (कण्वेषु) मेधाविषु (व:) युष्माकम् (दुव:) परिचरणानि (तत्रो) तेषु खलु (सु) शोभनार्थे । सुञ: । अ० ८ । ३ । १०७ इति मूर्द्धन्यादेश: (मादयाध्वे) मादयध्वम् लेट् प्रयोगोऽयम् ॥ १४ ॥

अन्वय: — हे राजप्रजाजना यूयमाशुभि: शीभं वायुवत् । प्रयात । येषु कण्वेषु वो दुव: सन्ति तत्रो सु मादयाध्वे ॥ १४ ॥

भावार्थ: — राजप्रजास्थैर्विद्वद्भिर्जनैरभीष्टस्थानेषु वायुवच्छीघ्रगमनाय यानान्युत्पाद्य स्वकार्याणि सततं साधनीयानि । धर्मात्मनां सेवने ऽधर्मात्मनां च ताडने सदैवानन्दितव्यञ्च ॥ १४ ॥

मोक्षमूलरोक्ति: । यूयं तीव्रगतीनामश्वानामुपरि स्थित्वा शीघ्रमागच्छत तत्र युष्माकं पूजारय: कण्वानां मध्ये सन्ति यूयं तेषां मध्ये आनन्दं कुरुत त्वगुद्धास्ति । कुत: । सहान्तो वेगादयो गुणा एवाश्वास्ते वायौ समवायसंबंधेन वर्त्तन्ते । तेषामुपरि वायूनां स्थितेरसंभवात् । कण्व शब्देन विदुषां ग्रहणं तत्र निवासेनानन्दस्योद्भवाच्चेति ॥ १४ ॥

पदार्थ: — हे राजपुरुषो तुमलोग (आशुभि:) शीघ्र ही गमनागमन करने वाले यानों से शीभं) शीघ्र वायु के समान (प्रयात) अच्छे प्रकार अभीष्ट स्थान को प्राप्त हुआ करो जिन (कण्वेषु) बुद्धिमान् विद्वानों में (व:) तुमलोगों की (दुव:) सत्क्रिया हैं (तत्रो) उन विद्वानों में तुम लोग (सुमादयाध्वे) सुन्दर रीति से प्रसन्न रहो । १४ ॥

भावार्थ: — राज और प्रजा के विद्वानों को चाहिये कि वायु के समान अभीष्ट स्थानों को शीघ्र जाने आने के लिये विमानादि यान बना के अपने कार्यों को निरन्तर सिद्ध करें और धर्मात्माओं की सेवा तथा दुष्टों को ताड़ने में सदैव आनन्दित रहें ॥ १४ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि तुम तीव्र गति वाले घोड़ों के ऊपर स्थित होकर जल्दी आओ वहां आप के पूजारी कण्वों के मध्य में हैं तुम उन में आनन्दित होओ सो यह अशुद्ध है क्योंकि बड़े २ वेग आदि गुण ही वायु के हैं वे गुण उन में समवाय संबन्ध से रहते हैं उन के ऊपर इन पवनों को स्थिति होने का ही संभव नहीं और कण्व शब्द से विद्वानों का ग्रहण है उन में निवास करने से विद्या की प्राप्ति और आनन्द का प्रकाश होता है ॥ १४ ॥

पुनस्ते वायवः किं प्रयोजनाः सन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर वे वायु किस २ प्रयोजन के लिये हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अस्ति हि ष्मा मदाय वः स्मसि ष्मा वयमेषाम् । विश्वं चिदायुर्जीवसे ॥ १५ ॥

अस्ति । हि । स्म । मदाय । वः । स्मसि । स्म । वयम् । एषाम् । विश्वम् । चित् । आयुः । जीवसे ॥ १५ ॥

पदार्थः—(अस्ति) वर्त्तते (हि) यतः (स्म) खलु । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः । अविहितलक्षणो मूर्द्धन्यः सुषामादिषु द्रष्टव्यः । अ० ८ । ३ । ९८ इति वार्त्तिकेन मूर्द्धन्यादेशः । इदं पदं सायणाचार्येण व्याकरणविषयमबुध्वा त्यक्तम् (मदाय) आनन्दाय (वः) युष्माकम् (स्मसि) भवेम । अत्र लिङर्थे लट् इदं तोमसीतीकारागमः (स्म) नैरन्तर्ये । अत्रापि पूर्ववन्मूर्द्धन्यादेशः (वयम्) उपदेश्या जनाः (एषाम्) ज्ञातविद्यानां मरुतां सकाशात् (विश्वम्) सर्वम् (चित्) अपि (आयुः) प्राणधारणम् (जीवसे) जीवितुम् । अत्र तुमर्थे० इत्यसेन्प्रत्ययः ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्या एषां हि स्म वो युष्माकं मदाय जीवसे विश्वमायुरस्ति तथा भूता वयं चित्स्म सिस्म ॥ १५ ॥

भावार्थः—यथा योगाभ्यासेन प्राणविद्याविदो वायुविकारज्ञाः पथ्यकारिणो जनाश्चानन्देन सर्वमायुर्भुञ्जते तथैवेतरैर्जनैस्तत्सकाशात्तद्विद्यां ज्ञात्वा सर्वमायुर्भोक्तव्यम् ॥ १५ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । निश्चयेन तव युष्माकं प्रसन्नता पुष्कलास्ति वयं सदा युष्माकं भृत्याः स्मः । यद्यपि वयं सर्वमायुर्जीवेमेत्यशुद्धास्ति कुतः । अत्र प्रमाणरूपेण वायुना जीवनं भवतीति वयमेतद्विद्यांविजानीमेत्युक्तत्वादिति ॥ १५ ॥

एवमेव यथात्र मोक्षमूलरेण कपोलकल्पनया मंत्रार्थो विरुद्धो वर्णितास्तथैवाग्रेप्येतदुक्तिरन्यथास्तीति वेदितव्यम् । यदा पक्षपातविरहा विद्वांसो मद्रचितस्य मंत्रार्थभाष्यस्य मोक्षमूलरोक्तादेश्च सम्यक् परीक्ष्य विवेचनं करिष्यन्ति तदैतेषां कृतावशुद्धिर्विदिता भविष्यतीत्यलमिति विस्तरेण । अत्राग्निप्रकाशकस्य सर्वचेष्टाबलायुर्निमित्तस्य वायोस्तद्विद्याविदां राजप्रजास्थविदुषां च गुणवर्णनादेतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेद्यम् ॥

इति चतुर्दशो वर्गः सप्तत्रिंशं सूक्तञ्च समाप्तम् ॥ ३७ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो (एषाम्) जानी है विद्या जिन की उन पवनों के सकाश से (हि) जिस कारण (स्म) निश्चय करके (वः) तुम लोगों के (मदाय) आनन्द पूर्वक (जीवसे) जीने के लिये (विश्वम्) सब (आयुः) अवस्था है इसी प्रकार (वयम्) आप से उपदेश को प्राप्त हुए हम लोग (चित्) भी (स्मसिस्म) निरन्तर होवें ॥ १५ ॥

भावार्थः—जैसे योगाभ्यास करके प्राणविद्या और वायु के विकारों को ठीक २ जानने वाले पथ्य कारी विद्वान् लोग आनन्द पूर्वक सब आयु भोगते हैं वैसे अन्य मनुष्यों को भी करनी चाहिये कि उन विद्वानों के सकाश से उस वायु विद्या को जान के संपूर्ण आयु भोगें ॥ १५ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि निश्चय करके वहां तुम्हारी प्रसन्नता पुष्कल है हम लोग सब दिन तुम्हारे भृत्य हैं जो भी हम संपूर्ण आयु भर जीते हैं यह अशुद्ध है। क्योंकि यहां प्राणरूप वायु से जीवन होता है हम लोग इस विद्या को जानते हैं इस प्रकार इस मन्त्र का अर्थ है॥ १५॥

इसी प्रकार कि जैसे यहां मोक्षमूलर साहिब ने अपनी कपोल कल्पना से मंत्रों के अर्थ विरुद्ध वर्णन किये हैं वैसे आगे भी इन की उक्ति अन्यथा ही है ऐसा सब को जानना चाहिये। जब पक्षपात को छोड़ कर मेरे रचे हुए मन्त्रार्थ भाष्य वा मोक्षमूलरादि कों के कहे हुए को परीक्षा करके विवेचना करें गे तब इनके किये हुए ग्रन्थों की अशुद्धि जान पड़ेगी बहुत को थ ड़े ही लिखने से जान लेवें आगे अब बहुत लिखने से क्या है। इस सूक्त में अग्नि के प्रकाश करने वाले सब चेष्टा बल और आयु के निमित्त वायु और उस वायु विद्या को जानने वाले राज प्रजा के विद्वानों के गुण वर्णन से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये। यह चौदहवां वर्ग और सैंतीसवां सूक्त समाप्त हुआ॥ ३७॥

अथास्य पंचदशर्चस्याष्टत्रिंशस्य सूक्तस्य घौरः कण्वऋषिः। मरुतो देवताः॥ १। ८। ११। १३। १५ गायत्री। २। ६। ७। ९। १० निचृद्गायत्री। ३। पादनिचृत्। ५। १२। पिपीलिकामध्यानिचृत्। १४ यवमध्याविराड्गायत्रीछन्दः षड्जः स्वरः॥

तत्रादिमे मंत्रे वायुरिव मनुष्यैर्भवितव्यमित्युपदिश्यते।

अब अड़तीसवें सूक्त का आरम्भ है। उसके पहिले मंत्र में वायु के समान मनुष्यों को होना चाहिये इस विषय का वर्णन अगले मंत्र में किया है॥

कद्ध नूनं कधप्रियः पिता पुत्रं न हस्तयोः।
दधिध्वे वृक्तबर्हिषः॥ १॥

कत्। ह। नूनम्। कधऽप्रियः। पिता। पुत्रम्। न। हस्तयोः। दधिध्वे। वृक्तऽबर्हिषः॥ १॥

पदार्थः—(कत्) कदा अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेत्याकारलोपः (ह) प्रसिद्धम् (नूनम्) निश्चयार्थे (कधप्रियः) ये कथाभिः कथाभिः प्रीणयन्ति ते । अत्र वर्णव्यत्ययेन थकारस्य धकारः । ङ्यापोः संज्ञाछन्दसोर्बहुलम् । अ० ६ । ३ । ६३ ॥ अनेन ह्रस्वः (पिता) जनकः (पुत्रम्) औरसम् (न) इव (हस्तयोः) बाह्वोः (दधिध्वे) धरिष्यथ । अत्र लोडर्थे लिट् (वृक्तबर्हिषः) ऋत्विजो विद्वांसः ॥ १ ॥

अन्वयः—हे कधप्रिया वृक्तबर्हिषो विद्वांसः पिता हस्तयोः पुत्रं न मरुतो लोकानिव कद्ध नूनं यज्ञ कर्म दधिध्वे ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालंकारौ । यथा पिता हस्ताभ्यां स्वपुत्रं गृहीत्वा शिक्षित्वा पालयित्वा सत्कार्येषु नियोज्य सुखी भवति तथैव ये मनुष्या मरुतो लोकानिव विद्यया यज्ञं गृहीत्वा युक्त्या संसेवन्ते त एव सुखिनो भवन्तीति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (कधप्रियाः) सत्य कथाओं से प्रीति कराने वाले (वृक्तबर्हिषः) ऋत्विज् विद्वान् लोगो ! (न) जैसे (पिता) उत्पन्न करने वाला जनक (पुत्रम्) पुत्र को (हस्तयोः) हाथों से धारण करता है और जैसे पवन लोकों को धारण कर रहे हैं वैसे (कद्ध) कब प्रसिद्धि से (नूनम्) निश्चय करके यज्ञ कर्म को (दधिध्वे) धारण करोगे ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचक लुप्तोपमा लंकार हैं । जैसे पिता हाथों से अपने पुत्र को ग्रहण कर शिक्षा पूर्वक पालना तथा अच्छे कार्यों में नियुक्त करके सुखी होता और जैसे पवन सब लोकों को धारण करते हैं वैसे विद्या से यज्ञ का ग्रहण कर युक्ति से अच्छे प्रकार सेवन करते हैं वेही सुखी होते हैं ॥ १ ॥

पुनस्ते कथं प्रश्नोत्तरं कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर मनुष्यों को परस्पर किस प्रकार प्रश्नोत्तर करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्व॑ नू॒नं कद्वो॒ अर्थं॒ गन्ता॑ दि॒वो न पृ॑थि॒व्याः ।
क्व॑ वो॒ गावो॒ न र॑ण्यन्ति ॥ २ ॥

क्व॑ । नू॒नम् । कत् । वः॒ । अर्थम् । गन्त॑ ।
दि॒वः । न । पृ॒थि॒व्याः । क्व॑ । वः॒ । गावः॑ ।
न । र॒ण्य॒न्ति ॥ २ ॥

पदार्थः—(क्व) कुत्र (नूनम्) निश्चयार्थे (कत्) कदा (वः) युष्माकम् (अर्थम्) द्रव्यं (गंत)। गच्छत गच्छन्ति वा अत्र पक्षे लडर्थे लोट् बहुलं छन्दसीति शपोलुक् । तप्तनप्तन० इति तनबादेशो ङित्वाभावादननालोपाभावः । द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घश्च (दिवः) द्योतनकर्मणः सूर्यस्य (न) इव (पृथिव्याः) भूमेरुपरि (क्व) कस्मिन् (वः) युष्माकम् (गावः) पशव इन्द्रियाणि वा (न) उपमार्थे (रण्यंति) रणन्ति शब्दयन्ति । अत्र व्यत्ययेन शपः स्थाने श्यन् ॥ २ ॥

अन्वयः—मनुष्या यूयं क्व नूनं पृथिव्या दिवो गावोऽर्थं गन्त क्व वो युष्माकमर्थं गन्त तथा वो युष्माकं गावो रण्यन्ति नेव मरुतः क्व रणन्ति ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारौ । यथा सूर्यस्य किरणाः पृथिव्यां स्थितान् पदार्थान् प्रकाशयन्ति । तथा यूयमपि विदुषां समीपं

प्राप्य क्व वायूनां नियोगः कर्त्तव्य इति तान् पृष्ट्वाऽर्थान् प्रकाशयत । यथा गावः स्ववत्सान् प्रति शब्दयित्वा धावन्ति तथा यूयमपि विदुषां संगं कर्तुं शीघ्रं गच्छत गत्वा शब्दयित्वाऽस्माकमिन्द्रियाणि वायुवत् क्व स्थित्वाऽर्थान् प्रति गच्छन्तीति पृष्ट्वा युष्माभिर्निश्चेतव्यम् ॥ २ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो तुम (न) जैसे (कत्) कब (नूनम्) निश्चय से (पृथिव्याः) भूमि के बाष्प और (दिवः) प्रकाश कर्म वाले सूर्य की (गावः) किरणें (अर्थम्) पदार्थों को (गन्त) प्राप्त होती हैं वैसे (क्व) कहां (वः) तुम्हारे अर्थ को (गंत) प्राप्त होते हो जैसे (गावः) गौ आदि पशु अपने बछड़ों के प्रति (रण्वन्ति) शब्द करते हैं वैसे तुम्हारी गाय आदि शब्द करते हुओं के समान वायु कहां शब्द करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं । हे मनुष्यो जैसे सूर्य की किरणें पृथिवी में स्थित हुए पदार्थों को प्रकाश करती हैं वैसे तुम भी विद्वानों के समीप जाकर, कहां पवनों का नियोग करना चाहिये ऐसा पूछ कर अर्थों को प्रकाश करो और जैसे गौ अपने बछड़ों के प्रति शब्द करके दौड़ती हैं वैसे तुम भी विद्वानों के सङ्ग करने को प्राप्त हो तथा हम लोगों की इन्द्रियां वायु के समान कहां स्थित होकर अर्थों को प्राप्त होती हैं ऐसा पूछ कर निश्चय करो ॥२॥

पुनस्तदेवाह ।

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्वं वः सुम्ना नव्यांसि मरुतः क्व सुविता ।
क्वो३ विश्वानि सौभगा ॥ ३ ॥

क्व । वः । सुम्ना । नव्यांसि । मरुतः । क्व ।
सुविता । क्वो३ इति । विश्वानि । सौभगा ॥ ३ ॥

पदार्थः- (क्व) कुत्र (वः) युष्माकं विदुषाम् (सुम्ना) सुखानि । अत्र सर्वत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शेर्लोपः (नव्यांसि) नवीयांसि नवतमानि । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेतीकारलोपः (मरुतः) वायुवच्छीघ्रं गमनकारिणो जनाः (क्व) कस्मिन् (सुविता) प्रेरणानि (क्वो) कुत्र । अत्र वर्णव्यत्ययेनाकारस्थान ओकारः (विश्वा) सर्वाणि (सौभगा) सुभगानां कर्म्माणि । अत्रोद्गात्वादञ् ॥ ३ ॥

अन्वयः- हे मरुतो मनुष्या यूयं विदुषां सदेशं प्राप्य वो युष्माकं क्व विश्वानि नव्यांसि सुम्ना क्व सुविता सौभगाः सन्तीति पृच्छत ॥ ३ ॥

भावार्थः- अत्र लुप्तोपमालङ्कारः । हे शुभे कर्म्मणि वायुवत् क्षिप्रं गन्तारो मनुष्या युष्माभि र्विदुषः प्रति पृष्ट्वा यथा नवीनानि क्रियासिद्धिनिमित्तानि कर्म्माणि नित्यं प्राप्येरं स्तथा प्रयतितव्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः- हे (मरुतः) वायु के समान शीघ्र गमन करने वाले मनुष्यो तुम लोग विद्वानों के समीप प्राप्त होकर (वः) आप लोगों के (विश्वानि) सब (नव्यांसि) नवीन (सुम्ना) सुख (क्व) कहां सब (सुविता) प्रेरणा करने वाले गुण (क्व) कहां और सब नवीन (सौभगा) सौभाग्य प्राप्ति कराने वाले कर्म (क्वो) कहां हैं ऐसा पूछो ॥ ३ ॥

भावार्थः- हे शुभ कर्मों में वायु के समान शीघ्र चलने वाले मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि विद्वानों के प्रति पूछ कर जिस प्रकार नवीन क्रिया की सिद्धि के निमित्त कर्म प्राप्त होवें वैसा अच्छे प्रकार निरन्तर यत्न किया करो ॥ ३ ॥

पुन स्ते कीदृशाः स्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे राज पुरुष कैसे होने चाहिए इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यद्यूयं पृश्निमातरो मर्त्तासः स्यातन ।
स्तोता वो अमृतः स्यात् ॥ ४ ॥

यत् । यूयम् । पृश्निऽमातरः । मर्त्तासः ।
स्यातन । स्तोता । वः । अमृतः । स्यात् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(यत्) यदि (यूयम्) (पृश्निमातरः) पृश्निराकाशो माता येषां वायूनां त इव (मर्त्तासः) मरणधर्माणो राजप्रजाजनाः अत्राज्जसेरसुगित्यसुगागमः (स्यातन) भवेत । तस्यतनबादेशः (स्तोता) स्तुतिकर्त्ता सभाध्यक्षो राजा (वः) युष्माकम् (अमृतः) शत्रुभिरप्रतिहतः (स्यात्) भवेत् ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे पृश्निमातर इव वर्त्तमाना मर्त्तासो यूयं यद्यदि पुरुषार्थिनः स्यातन तर्हि वः स्तोताऽमृतः स्यात् ॥ ४ ॥

भावार्थः—राजप्रजापुरुषैरालस्यं त्यक्त्वा वायव इव स्वकर्मसु नियुक्तैर्भवितव्यम् । यत एतेषां रक्षकः सभाध्यक्षो राजा शत्रुभिर्हन्तुमशक्यो भवेत् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (पृश्निमातरः) जिन वायुओं का माता आकाश है उन के सदृश (मर्त्तासः) मरणधर्म युक्त राजा और प्रजा के पुरुषो आप पुरुषार्थ युक्त (यत्) जो अपने २ कामों में (स्यातन) हों तो (वः) तुम्हारी रक्षा करने वाला सभाध्यक्ष राजा (अमृतः) अमृत सुख युक्त स्यात् होवे ॥ ४ ॥

भावार्थः– राजा और प्रजा के पुरुषों को उचित है कि आलस्य छोड़ वायु के समान अपने २ कामों में नियुक्त होवें जिस से सबका रक्षक सभाध्यक्ष राजा शत्रुओं से मारा नहीं जा सकता ॥ ४ ॥

तत्सम्बंधेन जीवस्य किं भवतीत्युपदिश्यते ॥

उन वायुओं के संबंध से जीव को क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मा वो मृगो न यवसे जरिता भूदजोष्यः । पथा यमस्य गादुप ॥ ५ ॥

मा । वः । मृगः । न । यवसे । जरिता । भूत् । अजोष्यः । पथा । यमस्य । गात् । उप ॥ ५ ॥

पदार्थः– (मा) निषेधार्थे (वः) एतेषां मरुताम् (मृगः) हरिणः (न) इव (यवसे) भक्षणीये घासे (जरिता) स्तोता जनः (भूत्) भवेत् । अत्र बहुलं छन्दस्यमाङ्योगेपीत्यडभावः (अजोष्यः) असेवनीयः (पथा) श्वासप्रश्वासरूपेण मार्गेण (यमस्य) निग्रहीतुर्वायोः (गात्) गच्छेत् । अत्र लङर्थे लुङडभावश्च (उप) सामीप्ये ॥ ५ ॥

अन्वयः– हे राजप्रजाजना यूयं यवसे मृगोनेव वो जरिता ऽजोष्यो माभूत् यमस्य पथा च मोपगादेवं विधत्त ॥ ५ ॥

भावार्थः– अत्रोपमालंकारः । यथा हरिणा निरंतरं घासं भक्षयित्वा सुखिनो भवन्ति तथा प्राणविद्याविन्मनुष्यो युक्त्या-

ऽऽहारविहारं कृत्वा यमस्य मार्गं मृत्युं नोपगच्छेत् पूर्णमायुर्भुक्त्वा शरीरं सुखेन त्यजेत् ॥ ५ ॥

पदार्थः– हे राजा और प्रजा के जनों आप लोग (न) जैसे (मृगः) हिरन (यवसे) खाने योग्य घास खाने के निमित्त प्रवृत्त होता है वैसे (वः) तुम्हारा (जरिता) विद्याओं का दाता (अजोष्यः) असेवनीय अर्थात् पृथक् (माभूत्) न होवे तथा (यमस्य) निग्रह करने वाले वायु के (पथा) मार्ग से (मोपगात्) कभी अल्पायु होकर मृत्यु को प्राप्त न होवे वैसा काम किया करो ॥ ५ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे हिरन युक्ति से निरन्तर घास खा कर सुखी होते हैं वैसे प्राण वायु की विद्या को जानने वाला मनुष्य युक्ति के साथ अहार विहार कर वायु के मार्ग से अर्थात् मृत्यु को प्राप्त नहीं होता और संपूर्ण अवस्था को भोग के सुख से शरीर को छोड़ता है अर्थात् सदा विद्या पढ़ें पढ़ावें कभी विद्यार्थी और आचार्य वियुक्त न हों और प्रमाद करके अल्पायु में न मर जाय ॥ ५ ॥

पुनस्तद्विषयमाह ।

फिर भी पूर्वोक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मो षु णः॒ परा॑परा॒ निर्ऋ॑तिर्दु॒र्हणा॑ वधीत् ।
प॒दी॒ष्ट तृष्ण॑या स॒ह ॥ ६ ॥

मो इति॑ । सु । नः॒ । परा॑ऽपरा । निःऽऋ॑तिः । दुः॒ऽहना॑ । व॒धी॒त् । प॒दी॒ष्ट । तृष्ण॑या । स॒ह ॥ ६ ॥

पदार्थः–(मो) निषेधार्थे (सु) सर्वथा (नः) अस्मान् (पराऽपरा) या परोत्कृष्टा चासावपराऽनुत्कृष्टा च सा (निर्ऋतिः)

व यूनां रोगकारिका दुःखप्रदा गतिः । निर्ऋतिर्निरमणादृच्छतेः कृच्छ्रापत्तिरितरा सा पृथिव्या संदिह्यते तयोर्विभागः ॥ निरु० । २ । ७ ॥ (दुर्हणा) दुःखेन हन्तुं योग्या (वधीत्) नाशयतु । अत्र लोडर्थे लुङ्न्तर्गतो ण्यर्थश्च (पदीष्ट) पत्सीष्ट प्राप्नुयात् । अत्र छन्दस्युभयथेति सार्वधातुकाश्रयणात्सलोपः (तृष्णया) तृष्यते यया पिपासया लोभगत्या वा तया (सह) सहिता ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे अध्यापका यूयं यथा पराऽपरा दुर्हणा निर्ऋतिर्मरुतां प्रतिकूला गतिस्तृष्णया सह नोऽस्मान्मोपदिष्ट मोपवधीच्च किं त्वेतेषां या सुष्ठु सुखप्रदा गतिः सास्मान्नित्यं प्राप्ता भवेदेवं प्रयतध्वम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—मरुतां द्विविधा गतिरेका सुखकारिणी द्वितीया दुःखकारिणी च तत्र यासु नियमैः सेविता रोगान् हन्त्री सती शरीरादिसुखहेतुर्भवति साऽऽद्या । या च कुनियमैः प्रमादेनोत्पादिता कृच्छ्रदुःखरोगप्रदा साऽपरा । एतयोर्मध्यान्मनुष्यैः परमेश्वराऽनुग्रहेण विद्वत्संगेन स्वपुरुषार्थैश्च प्रथमामुत्पाद्य द्वितीयां निहत्य सुखमुन्नेयम् । यः पिपासादिधर्मः स वायुनिमित्तेनैव यश्च लोभवेगः सोऽज्ञानेनैव जायत इति वेद्यम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे अध्यापक लोगो आप जैसे (पराऽपरा) उत्तम मध्यम और निकृष्ट (दुर्हणा) दुःख से हटने योग्य (निर्ऋतिः) पवनों की रोग करने वा दुःख देने वाली गति (तृष्णया) प्यास वा लोभ गति के (सह) साथ (नः) हमलोगों को (मोपदिष्ट) कभी न प्राप्त हो और (मावधीत्) बीच में न मरें किन्तु जो इन पवनों की सुख देने वाली गति है वह हमलोगों को नित्य प्राप्त होवे वैसा प्रयत्न किया कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—पवनों की दो प्रकार की गति होती है एक सुख कारक और दूसरी दुःख करने वाली उन में से जो उत्तम नियमों से सेवन की हुई रोगों का हनन करती हुई शरीर आदि के सुख का हेतु है वह प्रथम और जो खोटे नि-

यम और प्रमाद से उत्पन्न हुई क्लेश दुःख और रोगों को देने वाली वह दूसरी इन्हीं के मध्यमें से मनुष्यों को अति उचित है कि परमेश्वर के अनुग्रह और अपने पुरुषार्थों से पहिली गति को उत्पन्न करके दूसरी गति का नाश करके सुख की उन्नति करनी चाहिये और जो पिपासा आदि धर्म हैं वह वायु के निमित्त से तथा जो लोभ का वेग है वह अज्ञान से ही उत्पन्न होता है ॥ ६ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हों इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स॒त्यं त्वे॒षा अम॑वन्तो॒ धन्व॑ञ्चि॒दा रु॒द्रिया॑सः । मिहं॑ कृण्वन्त्यवा॒ताम् ॥ ७ ॥

स॒त्यम् । त्वे॒षाः । अम॑ऽवन्तः । धन्व॑म् । चि॒त् । आ । रु॒द्रिया॑सः । मिह॑म् । कृ॒ण्वन्ति॑ । अ॒वा॒ताम् ॥ ७ ॥

पदार्थः (सत्यम्) अविनाशि गमनागमनाख्यं कर्म (त्वेषाः) वाह्याभ्यन्तरघर्षणेनोत्पन्नविद्युदग्निना प्रदीप्ताः । (अमवन्तः) अमानां रोगानां गमनागमनबलानां वा संबन्धो विद्यते एषान्ते । अत्र संबंधार्थे मतुप् । अमरोगे । अमगत्यादिषु चेत्यस्माद्धलादेश्चेति । करणाधिकरणयो घञ् । अमन्ति रोगं प्राप्नुवन्ति यद्वाऽमन्ति गच्छन्त्यागच्छन्ति बलयन्ति यैस्तेऽमाः (धन्वन्) धन्वन्यन्तरिक्षे मरुस्थले वा । धन्वेत्यन्तरिक्षनामसु पठितम् । निघं० । १ । ३ ॥ पदना० च निघं० ॥ ४ । २ ॥ (चित्) उपमार्थे (आ) अभितः (रुद्रियासः) रुद्राणां जीवानामिमे जीवननिमित्ता रुद्रिया वायवः । तस्येदमिति घैषिको घः । आज्जसेरसुगित्यसुगागमः (मिहम्) मेहति सिंचति यया तां वृष्टिम् (कृण्वन्ति) कुर्वन्ति (अवाताम्) अविद्यमाना वातो यस्यास्ताम् ॥ ७ ॥

अन्वयः– हे मनुष्या यूयं धन्वन्तरिक्षे त्वेषा अमवन्तो रुद्रियासो मरुतो वर्त्तन्तेऽवातां मिहं वृष्टिमाकृण्वंति तेषां मरुतां सत्यकर्मास्ति चिद्विजानुतिष्ठत ॥ ७ ॥

भावार्थः–मनुष्यै र्यथा येन्तरिक्षस्थाः सत्यगुणस्वभावावायवो वृष्टिहेतवः सन्ति त एव युक्त्या परिचरिताः अनुकूलाः सन्तः सुखयन्ति । अयुक्त्या सेविताः प्रतिकूलाः सन्तश्च दुःखयन्ति तथा युक्त्या धर्मोऽनुकूलानि कर्माणि सेव्यानि ॥ ७ ॥

पदार्थः–हे मनुष्यो तुमलोग जैसे (धन्वन्) अन्तरिक्ष में (त्वेषाः) बाहिर भीतर घिसने से उत्पन्न हुई बिजुली से प्रदीप्त (अमवन्तः) जिन का रोगों और गमनागमन रूप बालों के साथ सम्बन्ध है (रुद्रियासः) प्राणियों के जीने के निमित्त वायु (अवाताम) हिंसा रहित (मिहम्) सींचने वाली वृष्टि को (आकृण्वंति) अच्छे प्रकार संपादन करते हैं और इन का (सत्यम्) सत्य कर्म है (चित्) वैसेही सत्य कर्म का अनुष्ठान किया करो ॥ ७ ॥

भावार्थः–मनुष्यों को चाहिये कि जैसे अन्तरिक्ष में रहने तथा सत्यगुण और स्वभाव वाले पवन वृष्टि के हेतु हैं वेही युक्ति से सेवन किये हुए अनुकूल होकर सुख देते और युक्ति रहित सेवन किये प्रतिकूल होकर दुःखदायक होते हैं वैसे युक्ति से धर्मानुकूल कर्मों का सेवन करें ॥ ७ ॥

एते किंवत्किं कुर्युरित्युपदिश्यते ॥

ये मनुष्य किस के समान क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वाश्रेव विद्युन्मिमाति वत्सं न माता सिंषक्ति । यदेषां वृष्टिरसर्जि ॥ ८ ॥

वाश्राऽइव । विऽद्युत् । मिमाति । वत्सम् ।

न । माता । सिषक्ति । यत् । एषाम् । वृष्टिः । असर्जि ॥ ८ ॥

पदार्थः—(वाश्रेव) यथा कामयमाना धेनुः (विद्युत्) स्तनयित्नुः (मिमाति) मिमीते जनयति । अत्र व्यत्ययेन परस्मै पदम् (वत्सम्) स्वापत्यम् (न) इव (माता) मान्यप्रदा जननी (सिषक्ति) समेति सेवते वा । सिषक्तु सचत इति सेवमानस्य । निरु० ॥ ३ । २१ ॥ (यत्) या (एषाम्) मरुतां संबंधेन (वृष्टिः) अन्तरिक्षाज्जलस्याधः पतनम् (असर्जि) सृज्यते । अत्र लडर्थे लुङ् ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यदेषां विद्युद्वत्सं वाश्रेवमिहं मिमाति कामयमाना माता पयसा पुत्रं सिषक्ति नेव यया वृष्टिरसर्जि सृज्यते तथैव परस्परं शुभगुणवर्षणेन सुखकारका भवत ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारौ । यथा स्वस्ववत्सान् सेवितुं कामयमाना धेनवो मातरः स्व पुत्रान् प्रत्युच्चैः शब्दानुच्चार्य धावन्ति तथैव विद्युन्महाशब्दं कुर्वन्ती मेघावयवान्सेवितुं धावति ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो आप लोग (यत्) जो (एषाम्) इन वायुओं के योग से उत्पन्न हुई (विद्युत्) बिजुली (वाश्रेव) जैसे गौ अपने (वत्सम्) बछड़े को इच्छा करती हुई सेवन करती है वैसे (मिहम) वृष्टि को (मिमाति) उत्पन्न करती और इच्छा करती हुई (माता) मान्य देने वाली माता पुत्र का दूध से (सिषक्तिन) जैसे सींचती है वैसे पदार्थों का सेवन करती है जो वर्षा को (असर्जि) करती है वैसे शुभ गुण कर्मों से एक दूसरों के सुख करने हारे हूजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में दो उपमालंकार हैं । हे विद्वन् मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि जैसे अपने २ बछड़ों को सेवन करने के लिये इच्छा करती

हुई गौ और अपने छोटे बालक को सेवने हारी माता ऊंचे स्वर से शब्द कर के उन को ओर दौड़ती हैं वैसे ही बिजुली बड़े २ शब्दों को करती हुई मेघ के अवयवों के सेवन करने के लिये दौड़ती है ॥ ८ ॥

पुनस्ते वायवः किं कुर्वन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वे वायु क्या करते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

दिवा चित्तमः कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन । यत्पृथिवीं व्युन्दन्ति ॥ ९ ॥

दिवा । चित् । तमः । कृण्वन्ति । पर्जन्येन । उदऽवाहेन । यत् । पृथिवीम् । विऽउन्दन्ति ॥ ९ ॥

पदार्थः- (दिवा) दिवसे (चित्) इव (तमः) अन्धकाराख्यां रात्रिम् (कृण्वन्ति) कुर्वन्ति (पर्जन्येन) मेघेन (उदवाहेन) य उदकानि वहति धरति तेन । अत्र कर्मण्यण् अ० ३ । २ । १ इत्यण् प्रत्ययः । वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीत्युदकस्योद आदेशः (यत्) ये (पृथिवीम्) विस्तीर्णां भूमिम् (व्युन्दन्ति) विविधतया क्लेदयन्त्या-र्द्रयन्ति ॥ ९ ॥

अन्वयः— हे मनुष्या यद्ये वायव उदवाहेन पर्जन्येन दिवा तमः कृण्वन्ति चित् पृथिवीं व्युन्दन्ति तान्युक्त्योपकुरुत ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः । वायव एव जलावयवान् कठिनीकृत्य घनाकारं मेघं दिवसेप्यंधकारं जनित्वा पुनर्विद्युतमुत्पाद्य तया तान् छित्वा पृथवीं प्रति निपात्य जलैः स्निग्धां कृत्वा नेका-नोषध्यादिसमूहान् जनयन्तीति विद्वांसोऽन्यानुपदिशन्तु ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो आप (यत्) जो पवन (उदवाहेन) जलों को धारण वा प्राप्त कराने वाले (पर्जन्येन) मेघ से (दिवा) दिन में (तमः) अन्धकार रूप रात्रि के (चित्) समान अंधकार (कृण्वन्ति) करते हैं (पृथिवीम्) भूमि को (व्युन्दन्ति) मेघ के जल से आर्द्र करते हैं उनको युक्ति से सेवन करो ॥९॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा लंकार है। पवन ही जलों के अवयवों को कठिन सघनाकार मेघ को उत्पन्न उस बिजुली से उन मेघों के अवयवों को छिन्न भिन्न और पृथिवी में गेर कर जलों से स्निग्ध करके अनेक ओषधी आदि समूहों को उत्पन्न करते हैं उनका उपदेश विद्वान् लोग अन्य मनुष्यों को सदा किया करें ॥ ९ ॥

॥ पुनरेतेषां योगेन किं भवतीत्युपदिश्यते ॥

फिर इन पवनों के योग से क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अधं स्वनान्मरुतां विश्वमा सद्म पार्थिवम्।
अरेजन्त प्र मानुषाः ॥ १० ॥

अधं । स्वनात् । मरुताम् । विश्वम् । आ । सद्म । पार्थिवम् । अरेजन्त । प्र । मानुषाः ॥ १० ॥

पदार्थः—(अध) आनन्तर्ये। वर्णव्यत्ययेन थस्य धः (स्वनात्) उत्पन्नाच्छब्दात् (मरुताम्) वायूनां विद्युतश्च सकाशात् (विश्वम्) सर्वम् (आ) समन्तात् (सद्म) सीदन्ति यस्मिन् गृहे तत्। सद्मेति गृहनामसु पठितम् निघं० ३ । ४ । (पार्थिवम्) पृथिव्यां विदितं वस्तु (अरेजन्त) कम्पते रेजृकंपन अस्माद्धातोर्लङर्थे लङ् (प्र) प्रगतार्थे (मानुषाः) मानवाः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे मानुषा यूयं येषां मरुतां स्वनादथ विश्वं पार्थिवं सद्म कम्पते प्राणिनः पारेजन्त प्रकम्पन्ते चलन्तीति विजानीत ॥ १० ॥

भावार्थः—हे ज्योतिर्विदो विपश्चितो भवन्तो मरुतां योगेनैव सर्वं मूर्तिमद्द्रव्यं चेष्टते प्राणिनो भयं कराद्विद्युच्छब्दाद्भीत्वा कम्पन्ते पृथिव्यादिकं प्रतिक्षणं भ्रमतीति निश्चिन्वन्तु ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (मानषाः) मननशील मनुष्यो तुम जिन (मरुताम्) पवनों के (स्वनात्) उत्पन्न शब्द के होने से (अध) अनन्तर (विश्वम्) सब (पार्थिवम्) पृथिवी में विदित वस्तु मात्र का (सद्म) स्थान कंपता और प्राणिमात्र (पारेजन्त) अच्छे प्रकार कंपित होते हैं इस प्रकार जानो ॥ १० ॥

भावार्थः—हे ज्योतिष शास्त्र के विद्वान लोगो आप पवनों के योगही से सब मूर्तिमान् द्रव्य चेष्टा को प्राप्त होते प्राणी लोग बिजुली के भयंकर शब्द से भय को प्राप्त हो कर कंपित होते और भूगोल आदि प्रतिक्षण भ्रमण किया करते हैं ऐसा निश्चित समझो ॥ १० ॥

पुनस्ते मानवा वायुभिः किं कुर्वन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वेमनुष्य पवनों से क्या करते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

**मरुतो वीळुपाणिभिश्चित्रा रोधस्वतीरनु ।
यातेमखिद्रयामऽभिः ॥ ११ ॥**

मरुतः । वीळुपाणिऽभिः । चित्राः । रोधस्वतीः । अनु । यात । ईम् । अखिद्रयामऽभिः ॥ ११ ॥

पदार्थः– (मरुतः) योगाभ्यासिनो व्यवहारसाधका वा जनाः (वीळुपाणिभिः) वीळूनि दृढानि बलानि पाणयो ग्रहणसाधनव्यवहारा येषां तैः । वीड्विति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ६ (चित्राः) अद्भुतगुणाः (रोधस्वतीः) रोधो बहुविधमावर्णं विद्यते यासां नदीनां नाडीनां वा ताः रोधस्वत्य इति नदीनामसु पठितम् । निघं० १ । १३ (अनु) अनुकूले (यात) प्राप्नुत (ईम्) एव (अखिद्रयामभिः) अच्छिन्नानि निरन्तराणि निगमानि येषां तैः । स्फायितञ्चि० उ० २ । १४ इति रक् । सर्वधातुभ्यो मनिन्निति करणे मनिंश्च ॥ ११ ॥

अन्वयः – हे मरुतो यूयमखिद्रयामभिर्वीळुपाणिभिः पवनैः सह रोधस्वतीश्चित्रा ईमनुयात ॥ ११ ॥

भावार्थः – वायुषु गमनबलव्यवहारहेतूनि कर्माणि स्वाभाविकानि सन्ति । एते खलु नदीनां गमयितारो नाडीनां मध्ये गच्छन्तो रुधिररसादिकं शरीराऽवयवेषु प्रापयन्ति तस्माद्योगिभिर्योगाभ्यासिनेतरैर्जनैश्च बलादिसाधनाय वायुभ्यो महोपकारा ग्राह्याः ॥ ११ ॥

पदार्थः– हे (मरुतः) योगाभ्यासी योग व्यवहार सिद्धि चाहने वाले पुरुषो तुम लोग (अखिद्रयामभिः) निरन्तर गमन शील (वीळुपाणिभिः) दृढ़ बल रूप ग्रहण के साधक व्यवहार वाले पवनों के साथ (रोधस्वतीः) बहुत प्रकार के बांध वा आवरण और (चित्राः) आश्चर्य्य गुण वाली नदी वा नाडियों के (ईम्) (अनु) अनुकूल (यात) प्राप्त हो ॥ ११ ॥

भावार्थः– पवनों में गमन बल और व्यवहार होने के हेतु स्वाभाविक धर्म हैं और ये निश्चय करके नदियों को चलाने वाले नाडियों के मध्य में गमन करते हुए रुधिर रसादि को शरीर के अवयवों में प्राप्त करते हैं इस कारण योगी लोग योगाभ्यास और अन्य मनुष्य बल आदि के साधन रूप वायुओं से बड़े २ उपकार ग्रहण करें ॥ ११ ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरा वः सन्तु नेमयो रथा अश्वास एषाम् । सुसंस्कृता अभीशवः ॥ १२ ॥

स्थिराः । वः । सन्तु । नेमयः । रथाः । अश्वासः । एषाम । सुऽसंस्कृताः । अभीशवः ॥ १२ ॥

पदार्थः-(स्थिराः) दृढाः (वः) युष्माकम् (सन्तु) भवन्तु (नेमयः) कलाचक्राणि (रथाः) विमानादीनि यानानि (अश्वासः) अग्न्यादयस्तुरङ्गा वा। अत्राज्जसेरसुगित्यसुगागमः (एषाम्) मरुतां सकाशात् (अभीशवः) अभितो श्नुवते व्याप्नुवन्ति मार्गान्यैस्तेरश्मयो हया वा । अत्राभिपूर्वादश्रूङ् व्याप्ताविस्माद्धातोः । छवाया० उ० १ । १ इत्युण् वर्णव्यत्ययेनाकारस्थान ईकारश्च ॥ १२ ॥

अन्वयः-हे विद्वांसो मनुष्या वो युष्माकमेषां मरुतां सकाशात्सुसंस्कृता नेमयो रथा अभिशवोऽश्वासश्च स्थिराः सन्तु ॥१२॥

भावार्थः- ईश्वर उपदिशति । हे मनुष्या युष्माभिर्विविधकलाचक्राणि यानानि रचयित्वा तेष्वग्निजलादीनां शीघ्रं मयतृणां संप्रयोगेण वायूनां योगात्सुखेन सर्वतो गमनागमनानि शत्रुविजयादयः सर्वेव्यवहाराः संसाधनीया इति ॥ १२ ॥

पदार्थः — हे विद्वान् लोगो (वः) तुम्हारे (एषाम्) इन पवनों के सकाश से (सुसंस्कृताः) उत्तम शिल्प विद्या से संस्कार किए हुए (नेमयः) कलाचक्र युक्त (रथाः) विमान आदि रथ (अभीशवः) मार्गों को व्याप्त करने वाले (अश्वासः) अग्नि आदि वा घोड़ों के सदृश (स्थिराः) दृढ़ बल युक्त (सन्तु) होवें ॥ १२ ॥

भावार्थः— ईश्वर उपदेश करता है । हे मनुष्यो तुम को चाहिये कि अनेक प्रकार के कलाचक्र युक्त विमान आदि यानों को रच कर उन में जल्दी चलने वाले अग्नि जल के सम्प्रयोग वा पवनों के योग से सुख पूर्वक जाने आने और शत्रुओं को जीतने आदि सब व्यवहारों को सिद्ध करो ॥ १२ ॥

तदेतदुपदेशको विद्वान् कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ॥

फिर इस विमानादि विद्या का उपदेशक विद्वान् कैसा होवे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अच्छा वदा तना गिरा जरायै ब्रह्मणस्पतिम् । अग्निं मित्रं न दर्शतम् ॥ १३ ॥

अच्छ । वद । तना । गिरा । जरायै । ब्रह्मणः । पतिम् । अग्निम् । मित्रम् । न । दर्शतम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(अच्छ) सम्यग्रीत्या । अत्र दीर्घः (वद) उपदिश । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इतिदीर्घः (तना) गुणप्रकाशं विस्तारयन्त्या (गिरा) स्वकीयया वेदयुक्तया वाण्या (जरायै) स्तुत्यै । जरास्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः । निरु० १० । ८ (ब्रह्मणः) वेदस्याऽध्यापनोपदेशेन (पतिम्) पालकम् (अग्निम्) ब्रह्मवर्चस्विनम् (मित्रम्) सुहृदम् (न) इव (दर्शतम्) द्रष्टव्यम् ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे सर्वविद्याविद्विद्वँस्त्वं ब्रह्मणस्पतिं दर्शतमग्निं मित्रं न जरायै तना गिरा विमानादियानविद्यामच्छावद ॥ १३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । हे विद्वांसो मनुष्या यथा प्रियः सखा प्रीतं तेजस्विनं वेदोपदेशकं सुहृदं सेवागुणस्तुतिभ्यां प्रीणाति तथा सर्वविद्याविस्तारिकया वेदवाण्या विमानादियानरचनविद्यां तद्गुणज्ञानाय सम्यगुपदिशत ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे सब विद्या के जानने वाले विद्वान् तू (न) जैसे (ब्रह्मणः) वेद के पढ़ाने और उपदेश से (पतिम्) पालने हारे (दर्शतम्) देखने योग्य (अग्निम्) तेजस्वी (मित्रम्) जैसे मित्र को मित्र उपदेश करता है वैसे (जरायै) गुण ज्ञान के लिये (तना) गुणों के प्रकाश को बढ़ाने हारी (गिरा) अपनी वेद युक्त वाणी से विमानादि यान विद्या का (अच्छावद) अच्छे प्रकार उपदेश कर ॥ १३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है। हे विद्वान् मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जैसे प्रिय मित्र अपने प्रिय तेजस्वी वेदोपदेशक मित्र को सेवा और गुणों की स्तुति से तृप्त करता है वैसे सब विद्याओं का विस्तार करने वाली वेद वाणी से विमानादि यानों के रचने की विद्या का उस के गुण ज्ञान के लिये निरंतर उपदेश करो ॥ १३ ॥

पुनस्तत्पाठितो विद्यार्थी कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ।

फिर उस विद्वान् का पढ़ाया शिष्य कैसा होना चाहिये इस का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मिमीहि श्लोकमास्ये पर्जन्यइव ततनः ।
गाय गायत्रमुक्थ्यम् ॥ १४ ॥

मिमीहि । श्लोकम् । आस्ये । पर्जन्यःऽइव । ततनः । गाय । गायत्रम् । उक्थ्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—(मिमीहि) निर्मिमीहि । माङ् माने शब्दे चेत्यस्य रूपम् व्यत्ययेन परस्मैपदम् (श्लोकम्) वेदशिक्षायुक्तां वाणीम् । श्लोक इति वाङ्नामसु पठितम् । निघं० १ । ११ । (आस्ये) मुखे (पर्जन्य इव) यथा मेघो गर्जनं कुर्वन्वृष्टिं तनोति (ततन) विस्तारय । लोटि मध्यमैकवचने तनु विस्तार इत्यस्य रूपम् । विकरणव्यत्ययेन नोः श्लुः (गाय) पठ पाठय वा (गायत्रम्) गायत्रीछन्दस्कम् (उक्थ्यम्) गातुं वक्तुं योग्यम् ॥ १४ ॥

अन्वयः– हे विद्वन् मनुष्य त्वमास्ये श्लोकं मिमीहि तं च पर्जन्य इव ततनः । उक्थ्यं गायत्रं च गाय ॥ १४ ॥

भावार्थः–अत्रोपमालङ्कारः हे विद्वद्भ्योऽधीतविद्या मनुष्या युष्माभिः सर्वथा प्रयत्नेन स्वकीयां वाणीं वेदविद्यासुशिक्षितां कृत्वा वाचस्पत्यं संपाद्य परमेश्वरस्य वाय्वादीनां च गुणाः स्तोतव्याः श्रोतव्या उपदेशनीयाश्च ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्य तू (आस्ये) अपने मुख में (श्लोकम्) वेद की शिक्षा से युक्त वाणी को (मिमीहि) निर्माण कर और उस वाणी को (पर्जन्य इव) जैसे मेघ वृष्टि करता है वैसे (ततनः) फैला और (उक्थ्यम्) कहने योग्य (गायत्रम्) गायत्री छन्द वाले स्तोत्ररूप वैदिक सूक्तों को (गाय) पढ़ तथा पढ़ा ॥ १४ ॥

भावार्थः– इस मन्त्र में उपमालङ्कार है । हे विद्वानों से विद्या पढ़े हुए मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि सब प्रकार प्रयत्न के साथ वेद विद्या से शिक्षा की हुई वेदवाणी से वाणी के वेत्ता के समान वक्ता होकर वायु आदि पदार्थों के गुणों की स्तुति तथा उपदेश किया करो ॥ १४ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्युपदिश्यते ।

फिर वह विद्वान् क्या करै इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वन्दस्व मारुतं गणं त्वेषं पनस्युमर्किणम् ।

अ॒स्मे वृ॒द्धा अ॑स॒न्नि॒ह ॥ १५ ॥

वन्द॑स्व । मारु॑तम् । ग॒णम् । त्वे॒षम् । प॒न॒स्युम् । अ॒र्किण॑म् । अ॒स्मे इति॑ । वृ॒द्धाः । अ॒स॒न् । इ॒ह ॥ १५ ॥

पदार्थः-(वन्दस्व) कामय (मारुतम्) मरुतमिमम् (गणम्) समूहम् (त्वेषम्) अग्न्यादिप्रकाशवद्द्व्ययुक्तम् (पनस्युम्) पनायति व्यवहरति येन तदात्मन इच्छम् क्याच्छन्दसीत्युः प्रत्ययः (अर्किणम्) प्रशस्तोऽर्कोऽर्चनं विद्यते यस्मिंस्तम् । अत्र प्रशंसार्थ इनिः (अस्मे) अस्माकम् । अत्र सुपां सुलुगित्यामः स्थाने शे (वृद्धाः) दीर्घविद्यायुक्ताः (असन्) भवेयुः । लेट्प्रयोगः (इह) अस्मिन् सर्वव्यवहारे ॥ १५ ॥

अन्वयः-हे विद्वंस्त्वं यथेहास्मे वृद्धा असन् तथाऽर्किणं त्वेषं पनस्युं मारुतं गणं वन्दस्व ॥ १५ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । मनुष्यैर्यथा वायवः कार्याणि साधकत्वेन सुखप्रदा भवेयुस्तथा विद्यापुरुषार्थाभ्यां प्रयतितव्यम् ॥ १५ ॥

अथास्मिन् वायुदृष्टान्तेन विद्वद्गुणवर्णिते नातीतेन सूक्तेन सहास्य संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥ इति सप्तदशो वर्गोऽष्टाविंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ३८ ॥

पदार्थः-हे विद्वान् मनुष्य तू जैसे (इह) इस सब व्यवहार में (अस्मे) हम लोगों के मध्य में (वृद्धाः) बड़ी विद्या और आयु से युक्त वृद्ध पुरुष सत्याचरण करने वाले (असन्) होवें वैसे (अर्किणम्) प्रशंसनीय (त्वेषम्) अग्नि आदि

प्रकाशवान् द्रव्यों से युक्त (पनस्युम्) अपने आत्मा के व्यवहार की इच्छा के हेतु (मारुतम्) वायु के इस (गणम्) समूह को (वन्दस्व) कामना कर ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है। मनुष्यों को चाहिये कि जैसे पवन कार्यों को सिद्ध करने के साधन होने से सुख देने वाले होते हैं वैसे विद्या और अपने पुरुषार्थ से सुख किया करें ॥ १५ ॥

इस सूक्त में वायु के दृष्टान्त से विद्वानों के गुण वर्णन करने से पूर्व सूक्त के साथ इस सूक्त की संगति जाननी चाहिये यह सत्रहवां वर्ग और अड़तीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ३८ ॥

अथ दशर्चस्यैकोनचत्वारिंशस्य सूक्तस्य घोरपुत्रः कण्व ऋषिः मरुतो देवताः । १ । ५ । ६ । पथ्याबृहती ७ उपरिष्टाद्विराड् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः । २ । ८ । १० । विराड् सतः पङ्क्तिः । ४ । ६ । निचृत्सतः पंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः । ३ । अनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः । अत्र सायणाचार्य्यादिभिर्विलसनमोक्ष मूलराख्यादिभिश्चैतत्सूक्तस्था मंत्राः सतो बृहती छन्दस्का आयुजो बृहती छन्दस्काश्च छन्दः शास्त्राभिप्रायमविदित्वाऽन्यथा व्याख्याता इति मन्तव्यम् ॥

पुनस्ते विद्वांसः कथं २ संवदन्त इत्युपदिश्यते ॥

अब उनतालिसवें सूक्त का आरंभ है। फिर वे विद्वान् लोगपरस्पर किस २ प्रकार संवाद करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र यदि॒त्था प॑रा॒वतः॑ शो॒चिर्न मान॒मस्य॑थ ।
कस्य॒ क्रत्वा॑ मरुतः॒ कस्य॒ वर्प॑सा॒ कं या॑थ॒ कं ह॑ धूतयः ॥ १ ॥

प्र । यत् । इत्था । पराऽवतः । शोचिः ।
न । मानम् । अस्यथ । कस्य । क्रत्वा ।
मरुतः । कस्य । वर्पसा । कम् । याथ ।
कम् । ह । धूतयः ॥ १ ॥

पदार्थः- (प्र) प्रकृष्टार्थे (यत्) ये (इत्था) अस्माद्धेतोः (परावतः) दूरात् (शोचिः) सूर्यज्योतिः पृथिव्याम् (न) इव (मानम्) यत्परिमाणम् (अस्यथ) प्रक्षिपत (कस्य) सुखस्वरूपस्य परमात्मनः (क्रत्वा) क्रतुना कर्मणा ज्ञानेन वा । अत्र जसादिषु छन्दसि वा वचनमिति नादेशाभावः । (मरुतः) विद्वांसः (कस्य) सुखदातुर्भाग्यशालिनः (वर्पसा) रूपेण । वर्प इति रूपनामसु पठितम् निघं० ३ । ७ (कम्) सुखप्रदं देशम् (याथ) प्राप्नुत (कम्) सुखहेतुं पदार्थम् (ह) खलु (धूतयः) ये धून्वन्ति ते । क्तिच् क्तौ च संज्ञायाम् । ३ । ३ । १७४ इति क्तिच् ॥१॥

अन्वयः- हे मरुतो यूयं यद्ये धूतयो वायव इव शोचिर्न परावतः कस्य मानमस्यथ । इत्था ह कस्य क्रत्वा वर्पसा च कं याथचेति समाधानानि ब्रूत ॥ १ ॥

भावार्थः- अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । सुखमभीप्सुभिर्विद्वद्भिर्जनैर्यथा सूर्यस्य रश्मयो दूरदेशाद्भूमिं प्राप्य पदार्थान् प्रकाशयन्ति तथैव सर्वसुखदातुः परमात्मनो भाग्यशालिनः परमविदुषस्य सकाशाद्वायोगुणकर्मस्वभावान्याथातथ्यतो विज्ञाय तेष्वेव रमणीयं वायवः कारणमानं कारणस्वरूपेण यान्तीति विजानीत ॥ १ ॥

पदार्थः– हे (मरुतः) विद्वान् लोगो आप (यत्) जो (धूतयः) सब को कंपाने वाले वायु (शोचिर्न) जैसे सूर्य की ज्योति और वायु पृथिवी पर दूर से गिरते हैं इस प्रकार (परावतः) दूर से (कस्य) किस के (मानम) परिमाण को (अस्यथ) छोड़ देते (इत्था) इसी हेतु से (कस्य) सुख स्वरूप परमात्मा के (क्रत्वा) कर्म वा ज्ञान और (वर्पसा) रूप के साथ (कम्) सुख-दायक देश को (याथ) प्राप्त होते हो इन प्रश्नों के उत्तर दीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में उपमालंकार है। सुख की इच्छा करने वाले विद्वान् पुरुषों को चाहिये कि जैसे सूर्य की किरणें दूर देश से भूमि को प्राप्त होकर पदार्थों का प्रकाश करती हैं वैसे ही अभिमान को दूर से त्याग के सब सुख देने वाले परमात्मा और भाग्य शाली परमविद्वान् के गुण कर्म स्वभाव और मार्ग को ठीक २ जान के उन्ही में रमण करें ये वायु कारण से आते कारणस्वरूप से स्थित और कारण में लीन भी हो जाते हैं ॥ १ ॥

अथैतेभ्य उपदिश्याऽऽशीर्दत्वा युष्माभिः किं किंसाधनीय मित्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर इन को उपदेश और आशीर्वाद देकर सब से कहता है कि तुम को क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरा वः सन्त्वायुधा पराणुदे वीळू उत प्रतिष्कभे। युष्माकमस्तु तविषी पनीयसी मा मर्त्यस्य मायिनः ॥ २ ॥

स्थिरा । वः । सन्तु । आयुधा । पराऽनुदे । वीळू । उत । प्रतिऽस्कभे । युष्माकम् । अस्तु ।

तविषी । पनीयसी । मा । मर्त्यस्य । मायिनः ॥ २ ॥

पदार्थः- (स्थिरा) स्थिराणि चिरंस्थातुमर्हाणि । अत्र सर्वत्र शेश्छन्दसीति लोपः (वः) युष्माकम् (सन्तु) भवन्तु (आयुधा) आयुधान्याग्नेयानि धनुर्बाणभुसुंडीशतघ्न्यादीन्यस्त्रशस्त्राणि (पराणुदे) परान्नुदन्ति शत्रून्यस्मिन्युद्धे तस्मै । अत्र कृतो बहुलमित्यधिकरणे क्विप् (वीळू) वीडूनि दृढानि बलकारीणि । अत्र ईषाअक्षादित्वात्प्रकृतिभावः (उत) अप्येव (प्रतिष्कभे) प्रतिष्कंभते प्रतिबध्नाति शत्रून्येन कर्मणा तस्मै । अत्र सौत्रात् स्कम्भुधातोः पूर्ववत् क्विप् (युष्माकम्) धार्मिकाणां वीराणाम् (अस्तु) भवतु (तविषी) प्रशस्तबलविद्यायुक्ता सेना । तवेर्णिद्वा । उ० १ । ४८ अनेन टिषच् प्रत्ययो णिद्वा । तविषीति बलनामसु पठितम् निघं० २ ९ (पनीयसी) अतिशयेन स्तोतुमर्हा व्यवहारसाधिका (मा) निषेधार्थे (मर्त्यस्य) मनुष्यस्य (मायिनः) कपटाद्यधर्माचरणयुक्तस्य । माया कुत्सिता प्रज्ञा विद्यते यस्य तस्य । अत्र निंदार्थे इनिः । मायेति प्रज्ञानामसु पठितम् निघं० ३ । ९ ॥ २ ॥

अन्वयः- हे धार्मिकमनुष्या व आयुधा शत्रूणां पराणुदे उत प्रतिष्कभे स्थिरावीळू सन्तु । युष्माकं तविषी सेना पनीयस्यस्तु मायिनो मर्त्यस्य मा सन्तु ॥ २ ॥

भावार्थः-धार्मिका मनुष्या एवेश्वरानुग्रहविजयौ प्राप्नुवन्ति ईश्वरोपि धर्मात्मभ्य एवाशीर्ददाति नेतरेभ्यः एतैः प्रशस्तानि शस्त्रास्त्राणि रचयित्वा तत्प्रक्षेपाभ्यासं कृत्वा प्रशस्तां सेनां

शिक्षित्वा दुष्टानां शत्रूणां बधनिरोधपराजयान्कृत्वा न्यायेन नित्यं प्रजारक्षणमेदं मायावी प्राप्तुं कर्त्तुं शक्नोति ॥ २ ॥

पदार्थः— हे धार्मिक मनुष्यो (वः) तुम्हारे (आयुधा) आग्नेय आदि अस्त्र और तलवार धनुष् बाण भुसुंडी बन्दूक शतघ्नी तोप आदि शस्त्र अस्त्र (पराणुदे) शत्रुओं को व्यथा करने वाले युद्ध (उत) और (प्रतिष्कभे) रोकने बांधने और मारने रूप कर्मों के लिये (स्थिरा) स्थिर दृढ़ चिरस्थायी (वीळु) दृढ़ बड़े २ उत्तम युक्त (तविषी) प्रशस्त सेना (पनीयसी) अतिशय करके स्तुति करने योग्य वा व्यवहार को सिद्ध करने वाली (अस्तु) हो और पूर्वोक्त पदार्थ (मायिनः) कपट आदि अधर्माचरण युक्त (मर्त्यस्य) दुष्ट मनुष्यों के (मा) कभी मत हों ॥ २ ॥

भावार्थः— धार्मिक मनुष्य ही परमात्मा की कृपा पात्र होकर सदा विजय को प्राप्त होते हैं दुष्ट नहीं। परमात्मा भी धार्मिक मनुष्यों ही को आशीर्वाद देता है पापियों को नहीं। पुण्यात्मा मनुष्यों को उचित है कि उत्तम २ शस्त्र अस्त्र रच कर उनके फेंकने का अभ्यास करके सेना को उत्तम शिक्षा देकर शत्रुओं का निरोध वा पराजय कर के न्याय से मनुष्यों की निरन्तर रक्षा करनी चाहिये ॥ २ ॥

अथ विद्वन्मनुष्यकृत्यमुपदिश्यते ॥

अब अगले मंत्र में विद्वान्मनुष्यों के कार्य का उपदेश किया है ॥

परा॑ ह॒ यत् स्थि॒रं ह॒थ नरो॑ व॒र्तय॑था गु॒रु ।
वि या॑थन व॒निनः॑ पृथि॒व्या व्याशाः॒ पर्व॑तानाम् ॥ ३ ॥

परा॑ । ह॒ । यत् । स्थि॒रम् । ह॒थ । नरः॑ । व॒र्तय॑थ । गु॒रु । वि । या॒थ॒न॒ । व॒निनः॑ । पृ॒थि॒व्याः । वि । आशाः॑ । पर्व॑तानाम् ॥ ३ ॥

पदार्थः- (परा) प्रकृष्टार्थे (ह) किल (यत्) ये (स्थिरम्) दृढं बलम् (हथ) भग्नांगाञ्छत्रून् कुरुथ (नरः) नेतारो मनुष्याः (वर्त्तयथ) निष्पादयथ । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (गुरु) गुरुत्वयुक्तं न्यायाचरणं पृथिव्यादिकं द्रव्यं वा (वि) विविधार्थे (याथन) प्राप्नुथ । अत्र तप्तनप्तन० इति थस्य स्थाने थनादेशः (वनिनः) वनं रश्मिसंबन्धो विद्यते येषान्ते वायवः । अत्र सम्बन्धार्थ इनिः (पृथिव्याः) भूगोलस्यान्तरिक्षस्य वा (वि) विशिष्टार्थे (आशाः) दिशः । आशा इति दिङ्नामसु पठितम् निघं० १ । ६ (पर्वतानाम्) गिरीणां मेघानां वा ॥ ३ ॥

अन्वयः- हे नरो नायका यूयं यथा वनिनो वायवो यत्पर्वतानां पृथिव्याश्च व्याशाः सन्तः स्थिरं गुरु हत्वा नयन्ति तथा तत्स्थिरं गुरु बलं संपाद्य शत्रून् पराहथ ह किलैतान् विवर्त्तयथ विजयाय वायुवच्छत्रुसेनाः शत्रुपराणि वा वियाथ ॥ ३ ॥

भावार्थः- अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा वेगयुक्ता वायवो वृक्षादीन् भंजते पृथिव्यादिकं धरन्ति तथा धार्मिका न्यायाधीशा अधर्माचरणानि भङ्क्त्वा धर्म्येण न्यायेन प्रजा धरेयुः सेनापतयश्च महत्सैन्यं धृत्वा शत्रून् हत्वा पृथिव्यां चक्रवर्त्तिराज्यं संसेव्य सर्वासु दिक्षु सत्कीर्त्तिं प्रचारयन्तु यथा सर्वेषां प्राणाः प्रियाः सन्ति तथैते विनयशीलाभ्यां प्रजास्स्युः ॥ ३ ॥

पदार्थः- हे (नरः) नीति युक्त मनुष्यो तुम जैसे (वनिनः) सम्यक् विभाग और सेवन करने वाले किरण सम्बन्धी वायु अपने बल से (यत्) जिन (पर्वतानाम्) पहाड़ और मेघों (पृथिव्याः) और भूमि को (व्याशाः) चारों दिशाओं में व्याप्तवत् व्याप्त होकर उस (स्थिरम्) दृढ़ और (गुरु) बड़े २ पदार्थों को धरते और वेग से वृक्षादि को उखाड़ के तोड़ देते हैं वैसे विजय के लिये शत्रुओं की सेनाओं को (पराहथ) अच्छे प्रकार नष्ट करो और (ह) निश्चय

से इन शत्रुओं को (विवर्त्तयथ) तोड़ फोड़ उलट पलट कर अपनी कीर्त्ति से (आशाः) दिशाओं को (वियाथन) अनेक प्रकार व्याप्त करो ॥ ३ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालङ्कार है । जैसे वेग युक्त वायु वृक्षादि को उखाड़ तोड़ झंझोड़ देते और पृथिव्यादि को धरते हैं वैसे धार्मिक न्यायाधीश अधर्माचारी को रोक के धर्म युक्त न्याय से प्रजा का धारण करें और सेनापति दृढ़ बल युक्त हो उत्तम सेना का धारण शत्रुओं को मार पृथिवी पर चक्रवर्त्ति राज्य का सेवन कर सब दिशाओं में अपनी उत्तम कीर्त्ति का प्रचार करें और जैसे प्राण सब से अधिक प्रिय होते हैं वैसे राज पुरुष प्रजा को प्रिय हों ॥ ३ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ।

फिर वे विद्वान् किस प्रकार के हों इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

नहि वः शत्रुर्विविदे अधि द्यवि न भूम्यां रिशादसः । युष्माकमस्तु तविषी तना युजा रुद्रासो नू चिदाधृषे ॥ ४ ॥

नहि । वः । शत्रुः । विविदे । अधि । द्यवि । न । भूम्याम् । रिशादसः । युष्माकम् । अस्तु । तविषी । तना । युजा । रुद्रासः । नु । चित् । आऽधृषे ॥ ४ ॥

पदार्थः— (नहि) निषेधार्थे (वः) युष्मान् (शत्रुः) विरोधी (विविदे) (विंदेत्) अत्र लिङर्थे लिट् (अधि) उपरिभावे

(द्यवि) प्रकाशे (न) निषेधार्थे (भूम्याम्) पृथिव्याम् (रिशादसः) रिशान् शत्रून् रोगान् वा समन्ताद्दस्यन्त्युपक्षयन्ति ये तत्सम्बुद्धौ (युष्माकम्) मनुष्याणाम् (अस्तु) भवतु (तविषी) प्रशस्तबलयुक्ता सेना (तना) विस्तृता (युजा) युनक्ति यया तया । अत्र कृतो बहुलमिति करणे क्विप् (रुद्रासः) ये रोदयन्त्यन्यायकारिणोजनांस्तत्सम्बुद्धौ (नु) क्षिप्रम् (चित्) यदि (आधृषे) समन्ताद्धृष्णुवन्ति यस्मिन् व्यवहारे तस्मै । अत्र पूर्ववत् क्विप् ॥४॥

अन्वयः—हे रिशादसो रुद्रासो वीरा चित् यदि युष्माकमाधृषे तना युजा तविष्यस्तु स्यात्तर्ह्यधि द्यवि न्यायप्रकाशे वो युष्मान् शत्रुर्नुनहि विविदे कदाचिन्न प्राप्नुयान्न भूम्यां भूमिराज्ये कश्चिच्छत्रुरुत्पद्येत ॥ ४ ॥

भावार्थः—यथा पवना अजातशत्रवः सन्ति तथा मनुष्या विद्याधर्मबलपराक्रमवन्तो न्यायाधीशा भूत्वा सर्वान्प्रशास्य दुष्टाञ्छत्रून् निवार्याऽदृष्टशत्रवः स्युः ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (रिशादसः) शत्रुओं के नाश कारक (रुद्रासः) अन्याय कारी मनुष्यों को रुलाने वाले वीर पुरुष (चित्) जो (युष्माकम्) तुम्हारे (आधृषे) प्रगल्भ होने वाले व्यवहार के लिये (तना) विस्तृत (युजा) बलादि सामग्री युक्त (तविषी) सेना (अस्तु) हो तो (अधिद्यवि) न्याय प्रकाश करने में (वः) तुम लोगों को (शत्रुः) विरोधी शत्रु (नु) शीघ्र (नहि) नहीं (विविदे) प्राप्त हो और (भूम्याम्) भूमि के राज्य में भी तुम्हारा कोई मनुष्य विरोधी उत्पन्न न हो ॥ ४ ॥

भावार्थः—जैसे पवन आकाश में शत्रु रहित विचरते हैं वैसे मनुष्य विद्या धर्म बल पराक्रम वाले न्यायाधीश हो सब को शिक्षा दे और दुष्ट शत्रुओं को दण्ड देके शत्रुओं से रहित होकर धर्म में वर्तें ॥ ४ ॥

पुनस्ते कीदृशानि कर्माणि कुर्य्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे कैसे कर्म्म करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र वे॑पयन्ति॒ पर्व॑ता॒न्वि वि॑ञ्चन्ति॒ वन॒स्पती॑न् । प्रो आ॑रत मरुतो दु॒र्मदा॑ इव॒ देवा॑सः॒ सर्व॑या वि॒शा ॥ ५ ॥

प्र । वे॒प॒य॒न्ति॒ । पर्व॑तान् । वि । वि॒ञ्च॒न्ति॒ । वन॒स्पती॑न् । प्रोऽइति॑ । आ॒र॒त॒ । म॒रु॒तः॒ । दु॒र्मदाः॑ऽइव । देवा॑सः । सर्व॑या । वि॒शा ॥ ५ ॥

पदार्थः—(प्र) प्रकृष्टार्थे (वेपयन्ति) चालयन्ति (पर्वतान्) मेघान् (वि) विवेकार्थे (विञ्चन्ति) विभंजन्ति (वनस्पतीन्) वटाश्वत्थादीन् (प्रो) प्रवेशार्थे (आरत) प्राप्नुत । अत्र लोडर्थे लङ् (मरुतः) वायुवद्बलवन्तः (दुर्मदाइव) यथा दुष्टमदा जनाः (देवासः) न्यायाधीशाः सेनापतयः सभासदो विद्वांसः । अत्राज्जसेरसुगित्यसुक् (सर्वया) अखिलया (विशा) प्रजया सह ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे मरुतो देवासो यूयं यथा वायवो वनस्पतीन् प्रवेपयन्ति पर्वतान्विञ्चन्ति तथा दुर्मदा इव वर्त्तमानानरीन् युद्धेन प्रो आरत सर्वया प्रजया सह सुखेन वर्तध्वम् ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । यथा राजधर्मनिष्ठा विद्वांसो दण्डेनोन्मत्तान्दस्यून् वशं नीत्वा धार्मिकीः प्रजाः पालयन्ति तथा यूयमप्येताः पालयत यथा वायवो भूगोलस्याऽभितो विचरन्ति तथा भवन्तोऽपि विचरन्तु ॥ ५ ॥ अष्टादशो वर्गः ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) वायुवत् बलिष्ट और प्रिय (देवासः) न्यायाधीश सेनापति सभाध्यक्ष विद्वान् लोगो तुम जैसे वायु (वनस्पतीन्) बड़ और पिप्पल आदि वनस्पतियों को (प्रवेपयन्ति) कंपाते और जैसे (पर्वतान्) मेघों को (विविंचति) पृथक २ कर देते हैं वैसे (दुर्मदा इव) मदोन्मत्तों के समान वर्त्तते हुए शत्रुओं को युद्ध मे (प्रोआरत) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये और (सर्वया) सब (विशा) प्रजा के साथ सुख से वर्त्तिये ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा लंकार है । जैसे राजधर्म में वर्त्तने वाले विद्वान् लोग दंड से घमंडी डाकुओं को वश में करके धर्मात्मा प्रजाओं का पालन करते हैं वैसे तुम भी अपनी प्रजाका पालन करो और जैसे पवन भूगोल के चारों ओर विचरते हैं वैसे आप लोग भी सर्वत्र जाओ आओ । यह अठारवां वर्ग समाप्त हुआ । १८ ॥

पुनर्मनुष्यैः केन सहैतान्संप्रयोज्य कार्याणि साधनीयानी त्युपदिश्यते ॥

फिर मनुष्यों को किस के साथ इन को युक्त करके कार्यों को सिद्ध करने चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

उपो॒ रथे॑षु॒ पृष॑तीरयुग्ध्वं॒ प्रष्टि॑र्वहति॒ रोहि॑तः । आ वो॒ यामा॑य पृथि॒वी चि॑दश्रोद॒बी॑भयन्त॒ मानु॑षाः ॥ ६ ॥

उपो॒ इति॑ । रथे॑षु । पृष॑तीः । अ॒यु॒ग्ध्व॒म् । प्रष्टिः॑ । व॒ह॒ति॒ । रोहि॑तः । आ । वः॒ । यामा॑य । पृ॒थि॒वी । चि॒त् । अ॒श्रो॒त् । अबी॑भयन्त । मानु॑षाः ॥ ६ ॥

पदार्थः-(उपो) सामीप्ये (रथेषु) स्थलजलान्तरिक्षाणां मध्ये रमणसाधनेषु यानेषु (पृषतीः) पर्षन्ति सिंचन्ति याभिस्ताः शीघ्रगतीः मरुतां धारणवेगादयोऽश्वाः । पृषत्यो मरुतामित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम् निघं० १ । १५ । (अयुग्ध्वम्) सम्प्रयुङ्ग्ध्वम् । अत्र लोडर्थे लुङ् बहुलं छन्दसीति विकरणाभावश्च(प्रष्टिः)पृच्छन्ति ज्ञीप्संत्यनेन सः (वहति) प्रापयति (रोहितः) रक्तगुणविशिष्टस्याग्नेर्वेगादिगुणसमूहः । रोहितोग्नेरित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम् निघं० १ । ३। (चित्) एव (अश्रोत्) शृणोति । अत्र बहुलं छन्दसीति विकरणाभावः (अबीभयन्त) भीषयन्ते । अत्र लडर्थे लुङ् (मानुषाः) विद्वांसो जनाः ॥ ६ ॥

अन्वयः-हे मानुषा यूयं वो युष्माकं यामाय प्रष्टीरोहितोग्निः पृथिवी भूमावन्तरिक्षे गमनाय यान् वहति यस्य शब्दान् श्रोत्र बीभयन्ते तेषु रथेषु तं पृषतीश्चायुग्ध्वम् ॥ ६ ॥

भावार्थः-यदि मनुष्या यानेषु जलाग्निवायुप्रयोगान् कृत्वा तत्र स्थित्वा गमनागमने कुर्युस्तर्हि सुखेनैव सर्वत्र गन्तुमागन्तुं च शक्नुयुः । ६ ॥

पदार्थः- हे (मानुषाः) विद्वान् लोगो तुम (वः) अपने (यामाय) स्थानान्तर में जाने के लिये (पृष्टिः) प्रश्नोत्तरादि विद्या व्यवहार से विदित (रोहितः) रक्त गुण युक्त अग्नि (पृथिवी) स्थल जल अन्तरिक्ष में जिन को (उपवहति) अच्छे प्रकार चलाता है जिन के शब्दों को (अश्रोत्) सुनते और (अबीभयन्त) भय को प्राप्त होते हैं उन (रथेषु) रथों में (पृषतीः) वायुओं को (अयुग्ध्वम्) युक्त करो ॥ ६ ॥

भावार्थः-जो मनुष्य यानों में जल अग्नि और वायु को युक्त कर उन में बैठ गमनागमन करें तो सुख ही से सर्वत्र जाने आने को समर्थ हों ॥ ६ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युप दिश्यते ॥

फिर वे कैसे हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ वो॑ म॒क्षू तन॑ाय॒ कं रुद्रा॒ अवो॑ वृणी॒-
महे । गन्ता॑ नू॒नं नोऽव॑सा॒ यथा॑ पु॒रेत्था
कण्वा॑य बि॒भ्यु॒षे॑ ॥ ७ ॥

आ । व॒: । म॒क्षु । तना॑य । कम् । रुद्रा॑: ।
अव॑: । वृ॒णी॒म॒हे॒ । गन्त॑ । नू॒नम् । न॒: ।
अव॑सा । यथा॑ । पु॒रा । इ॒त्था । कण्वा॑य ।
बि॒भ्यु॒षे॑ ॥ ७ ॥

पदार्थः– (आ) समन्तात् (वः) युष्माकम् (मक्षु) शीघ्रम् । ऋचितुनुघमक्षु० इति दीर्घः (तनाय) यः सर्वस्मै सद्विद्या धर्मोपदेशेन सुखानि तनोति तस्मै । अत्र बाहुलकादौणादिकोऽन् प्रत्ययः । इदं सायणाचार्येण पचाद्यच्यशुद्धं व्याख्यातम् । कुतोऽच् स्वराभावेन ञ्नित्यादिर्नित्यमित्याद्युदात्तस्याभिहितत्वात् (कम्) सुखम् । कमिति सुखनामसु पठितम् । निघं० ३ । ६ । (रुद्राः) दुष्टरोदनकारकाश्चतुश्चत्वारिंशद्वर्षकृतब्रह्मचर्यविद्याः (अवः) अवन्ति येन तद्रक्षणादिकम् (वृणीमहे) स्वीकुर्महे (गन्त) प्राप्नुत । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः बहुलंछन्दसीति शपो लुक् । तप्तनप्तन० इति तनबादेशः (नूनम्) निश्चितार्थे (नः) (अस्मभ्यम्) (अवसा) रक्षणादिना (यथा) येन प्रकारेण (पुरा) पूर्वं पुराकल्पे

वा (इत्था) अनेन प्रकारेण (कण्वाय) मेधाविने (बिभ्युषे) भयं प्राप्ताय ॥ ७ ॥

अन्वयः— हे रुद्रा यथा वयं वोऽवसा मक्षु नूनं कं हणीमह इत्था यूयं नोऽवो गन्त यथा चेश्वरो बिभ्युषे तनाय कण्वाय रक्षां विधत्ते तथा यूयं वयंच मिलित्वाऽखिलप्रजायाः पालनं सततं विदध्याम ॥ ७ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः यथा मेधाविनो वाय्वादिद्रव्य गुणसंप्रयोगेण भयं निवार्य सद्यः सुखिनो भवन्ति तथाऽस्माभि रप्यनुष्ठेयमिति ॥ ७ ॥

पदार्थः— हे (रुद्राः) दुष्टों के रोदन कराने वाले ४४ वर्ष पर्यन्त अखण्डित ब्रह्मचर्य सेवन से सकल विद्याओं को प्राप्त विद्वान् लोगो (यथा) जैसे हम लोग (वः) आप लोगों के लिये (अवसा) रक्षादि से (मक्षु) शीघ्र (नूनम्) निश्चित (कम्) सुख को (हणीमहे) सिद्ध करते हैं (इत्था) ऐसे तुम भी (नः) हमारे वास्ते (अवः) सुख वर्द्धक रक्षादि कर्म (गन्त) किया करो और जैसे ईश्वर (बिभ्युषे) दुष्टप्राणी वा दुःखों से भय भीत (तनाय) सब को सद्विद्या और धर्म के उपदेश से सुखकारक (कण्वाय) आप्त विद्वान् के अर्थ रक्षा करता है वैसे तुम और हम मिलके सब प्रजा की रक्षा सदा किया करें ॥ ७ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार । जैसे मेधावी विद्वान् लोग वायु आदि के द्रव्य और गुणों के योग से भय को निवारण करके तुरन्त सुखी होते हैं। वैसे हमलोगों को भी होना चाहिये ॥ ७ ॥

पुनःयुष्माभिस्तेभ्यः किं साधनीयमित्युपदिश्यते ।

फिर तुम को उन से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

युष्मेषितो मरुतो मर्त्यैषित आ यो नो अभ्व ईषते । वि तं युयोत शवसा व्योज-

सा वि युष्माकाभिरूतिभिः ॥ ८ ॥

युष्माऽइषितः । मरुतः । मर्त्यऽइषितः । आ । यः । नः । अभ्वः । ईषते । वि । तम् । युयोत । शवसा । वि । ओजसा । वि । युष्माकाभिः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(युष्मेषितः) यो युष्माभिर्जेतुमिषितः सः । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेति टकारलोपः । इमं सुगमपक्षं विहाय सायणाचार्येण प्रत्ययलक्षणादिकोलाहलः कृतः (मरुतः) ऋत्विजः । मरुत इति ऋत्विङ् नामसु पठितम् । निघं० ३ । १८ (मर्त्येषितः) मर्त्यैः सेनास्थैरितरैश्चेषितो विजयः (आ) समन्तात् यः शत्रुः (नः) अस्मान् (अभ्वः) यो विरोधी मित्रो न भवति सः (ईषते) हिनस्ति (वि) विगतार्थे (तम्) शत्रुम् (युयोत) पृथक् कुरुत । अत्र बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः । तप्तनप्तन० इति तनबादेशः (शवसा) बलयुक्तसैन्येन (वि) विविधार्थे (ओजसा) पराक्रमेण (वि) विशिष्टार्थे (युष्माकाभिः) युष्माभिरनुकंपिताभिः सेनाभिः (ऊतिभिः) रक्षाप्रीतितृप्त्यवगमप्रवेशयुक्ताभिः । ८ ।

अन्वयः—हे मरुतो यूयं योऽभ्वो युष्मेषितो मर्त्येषितः शत्रुर्नोऽस्मानीषते तं शवसा व्योजसा युष्माकाभिरूतिभिर्वियुयोत ॥८॥

भावार्थः—मनुष्यैर्ये स्वार्थिनः परोपकारविरहाः परपीडारता अरयः सन्ति तान् विद्याशिक्षाभ्यां दुष्कर्मभ्यो निवर्त्याऽथवा परमं सेनाबलं संपाद्य युद्धेन विजित्य निवार्य सर्वहितं सुखं विस्तारणीयम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) विद्वानों तुम (यः) जो (अभ्वः) विरोधी मित्र भाव रहित (युष्मेषितः) तुम लोगों को जीतने और (मर्त्येषितः) मनुष्यों से विजय की इच्छा करने वाला शत्रु (नः) हमलोगों को (ईषते) मारता है उस को (शवसा) बलयुक्त सेना वा (ओजसा) अनेक प्रकार के पराक्रम और (युष्माकाभिः) तुम्हारी कृपापात्र (ऊतिभिः) रक्षा प्रीति तृप्ति ज्ञान आदिकों से युक्त सेनाओं से (वियुयोत) विशेषता से दूर कर दीजिये । ८ ।

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो स्वार्थी परोपकार से रहित दूसरे को पीड़ा देने में अत्यन्त प्रसन्न शत्रु हैं उन को विद्या वा शिक्षा के द्वारा खोटे कर्मों से निवृत्त कर वा उत्तम सेना बल को संपादन युद्ध से जीत निवारण करके सब के हित का विस्तार करना चाहिये । ८ ।

पुनस्तच्छोधिताः प्रेरिताः किं किं साध्नुवन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर उन से शोधे वा प्रेरे हुए वे क्या २ करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

असा॑मि॒ हि प्र॑यज्यवः॒ कण्वं॑ द॒द प्र॑चेतसः । असा॑मिभिर्मरुत॒ आ न॑ ऊ॒तिभि॒र्गन्ता॑ वृ॒ष्टिं न वि॒द्युतः॑ ॥ ९ ॥

असा॑मि । हि । प्र॒ऽय॒ज्य॒वः॒ । कण्व॑म् । द॒द । प्र॒ऽचे॒त॒सः॒ । असा॑ऽमिभिः । म॒रु॒तः॒ । आ । नः॒ । ऊ॒तिऽभिः॑ । गन्त॑ । वृ॒ष्टिम् । न । वि॒ऽद्युतः॑ ॥ ९ ॥

पदार्थः-(असामि) सम्पूर्णम् । सामीति खण्डवाची । नसामि असामि (हि) खलु (प्रयज्यवः) प्रकृष्टो यज्युः परोपकाराख्यो यज्ञो येषां राजपुरुषाणां तत्संबुद्धौ (कण्वम्) मेधाविनं विद्यार्थिनम् (दद) दत्त अत्र लोडर्थे लिट् (प्रचेतसः) प्रकृष्टं चेतो ज्ञानं येषां ते (असामिभिः) क्षयरहिताभिः रीतिभिः । अत्र षैक्षय इत्यस्माद्धातोर्बाहुलकादौणादिको मिः प्रत्ययः । (मरुतः) पूर्णबला ऋत्विजः (आ) समन्तात् (नः) अस्मभ्यम् (ऊतिभिः) रक्षादिभिः (गन्त) गच्छत । अत्र दीर्घः (वृष्टिम्) वर्षाः (न) इव (विद्युतः) स्तनयित्नवः ॥ ८ ॥

अन्वयः- हे प्रयज्यवः प्रचेतसो मरुतो यूयं सामिभिरूतिभिर्विद्युतो वृष्टिं नारसामि सुखं सर्वस्मै दद हि किल शत्रुविजयाय कण्वमागन्त ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः । यथा मरुतः सूर्यविद्युतश्च वृष्टिं कृत्वा सर्वेषां प्राणिनां सुखाय विविधानि फलपत्रपुष्पादीन्युत्पादयन्ति । तथैव विद्वांसः सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यो वेदविद्यां दत्त्वा सुखानि संपादयंत्विति ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे (प्रयज्यवः) अच्छे प्रकार परोपकार करने (प्रचेतसः) उत्तम ज्ञानयुक्त (मरुतः) विद्वान् लोगो तुम (असामिभिः) नाश रहित (ऊतिभिः) रक्षा सेना आदि से (न) जैसे (विद्युतः) सूर्य विजुली आदि (वृष्टिम्) वर्षा कर सुखी करते हैं वैसे (नः) हम लोगों को (असामि) अखंडित सुख (दद) दीजिये (हि) निश्चय से दुष्ट शत्रुओं को जीतने के वास्ते (कण्वम्) और आप्त विद्वान् के समीप नित्य (आगन्त) अच्छे प्रकार आया कीजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः- इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे पवन सूर्य विजुली आदि वर्षा करके सब प्राणियों के सुख के लिये अनेक प्रकार के फल पत्र पुष्प अन्न आदि को उत्पन्न करते हैं वैसे विद्वान् लोग भी सब प्राणी मात्र को वेद विद्या देकर उत्तम २ सुखों को निरन्तर संपादन करें ॥ ८ ॥

पुनस्ते किं कुर्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

असाम्योजो बिभृथा सुदानवोऽसामि धूतयः शवः । ऋषिद्विषे मरुतः परिमन्यव इषुं न सृजत द्विषम् ॥ १० ॥

असामि । ओजः । बिभृथ । सुऽदानवः । असामि । धूतयः । शवः । ऋषिऽद्विषे । मरुतः । परिऽमन्यवे । इषुम् । न । सृजत । द्विषम् ॥ १० ॥

पदार्थः– (असामि) अखिलम् (ओजः) विद्यापराक्रमम् (बिभृथ) धरत तेन पुष्यत वा । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (सुदानवः) शोभनं दानुर्दानंयेषां तत्संबुद्धौ (असामि) पूर्णम् (धूतयः) ये धून्वन्ति ते (शवः) बलम् (ऋषिद्विषे) वेदवेदविदीश्वरविरोधिने दुष्टाय मनुष्याय (मरुतः) ऋत्विजः (परिमन्यवः) परितः सर्वतो मन्युः क्रोधो येषां वीराणां ते (इषुम्) बाणादिशस्त्रसमूहम् (न) इव (सृजत) प्रक्षिपत (द्विषम्) शत्रुम् ॥ १० ॥

अन्वयः हे धूतयः सुदानवो मरुत ऋत्विजो यूयं परिमन्यवो द्विषं शत्रुं प्रतीषुं शस्त्रसमूहं प्रक्षिपन्ति नर्षिद्विषेऽसाम्योजोऽसामि शवो बिभृथ ब्रह्मद्विषं शत्रुं प्रति शस्त्राणि सृजत प्रक्षिपत ॥ १० ॥

भावार्थः– अत्रोपमालंकारः । यथा धार्मिका जातक्रोधाः शूरवीराः शस्त्रप्रहारैः शत्रून् विजित्य निष्कंटकराज्यं प्राप्य प्रजाः सुखयन्ति । तथैव सर्वे मनुष्या वेदविद्याविद्वदीश्वरद्वेष्टॄन् प्रत्यखिलाभ्यां बलपराक्रमाभ्यां शस्त्राऽस्त्राणि प्रक्षिप्यैतान्विजित्य वेदविद्येश्वरप्रकाशयुक्तं राज्यं निष्पादयन्तु ॥ १० ॥

अत्र वायुविद्वद्गुणवर्णनात्पूर्वसूक्तार्थेन सहास्य संगतिरस्तीति बोध्यम् । इत्येकोनचत्वारिंशं सूक्तं मेकोनविंशो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः–हे (धूतयः) दुष्टों को कंपाने (सुदानवः) उत्तम दान स्वभाव वाले (मरुतः) विद्वान् लोगो तुम (न) जैसे (परिमन्यवः) सब प्रकार क्रोध युक्त सूरवीर मनुष्य (द्विषम्) शत्रु के प्रति (इषुम्) बाण आदि शस्त्र समूहों को छोड़ते हैं वैसे (ऋषिद्विषे) वेद वेदों को जानने वाले और ईश्वर के विरोधी दुष्ट मनुष्यों के लिये (असामि) अखिल (ओजः) विद्या पराक्रम (असामि) संपूर्ण (शवः) बल को (बिभृथ) धारण करो और उस शत्रु के प्रति शस्त्र वा अस्त्रों को (सृजत) छोड़ो ॥ १० ॥

भावार्थः– इस मंत्र में उपमालङ्कार है । जैसे धार्मिक शूरवीर मनुष्य क्रोध को उत्पन्न शस्त्रों के प्रहारोंसे शत्रुओं को जीत निष्कंटक राज्य को प्राप्त होकर प्रजा को सुखी करते हैं वैसे ही सब मनुष्य वेद विद्वान् वा ईश्वर के विरोधियों के प्रति सम्पूर्ण बल पराक्रमों से शस्त्र अस्त्रों को छोड़ उन को जीत कर ईश्वर वेद विद्या और विद्वान् युक्त राज्य को संपादन करें ॥ १० ॥

इस सूक्त में वायु और विद्वानों के गुण वर्णन करने से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्त के अर्थ की संगति जाननी चाहिये । यह उनतालीसवां सूक्त और उन्नीसवां वर्ग समाप्त हुआ ॥ ३९ ॥ १९ ॥

अथाष्टर्चस्य चत्वारिंशस्य घोरपुत्रः कण्व ऋषिः । बृहस्पतिर्देवता १ । १२ निचृदुपरिष्टाद्बृहती ५ पथ्या बृहतीछन्दः । मध्यमः । ३ । ७ । आर्चीत्रिष्टुप्छन्दः धैवतः स्वरः । ४ । ६ शतः पङ्क्ति निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैर्वेदविदङ्कथमुपदिशेदित्युपदिश्यते ।

फिर मनुष्यों को उचित है कि वेदविद जनों को कैसे उपदेश करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वेमहे । उप प्र यन्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशूर्भवा सचा ॥ १ ॥

उत् । तिष्ठ । ब्रह्मणः । पते । देवऽयन्तः । त्वा । ईमहे । उप । प्र । यन्तु । मरुतः । सुदानवः । इन्द्र । प्राशूः । भव । सचा ॥ १ ॥

पदार्थः– (उत्) उत्कृष्टार्थे (तिष्ठ) (ब्रह्मणः) वेदस्य (पते) स्वामिन् (देवयन्तः) सत्यविद्याः कामयमानाः (त्वा) त्वाम् (ईमहे) जानीम (उप) सामीप्ये (प्र) प्रतीतार्थे (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (मरुतः) आर्त्विजीना विद्वांसः (सुदानवः) शोभनं दानुर्दानं येषां ते (इन्द्र) विद्यादिपरमैश्वर्यप्रद (प्राशूः) यः प्राश्नुते प्रकृष्टतया व्याप्नोति सः (भव) अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (सचा) समवेतेन विज्ञानेन ॥ १ ॥

अन्वयः–हे ब्रह्मणस्पत इन्द्र यथा सचा सह देवयन्तः सुदानवो मरुतो वयं त्वेमहे यथा च सर्वे जना उपप्रयन्तु तथा त्वं प्राशूः सर्वसुखप्रापको भव सर्वस्य हितायोत्तिष्ठ ॥ १ ॥

भावार्थः– मनुष्या यत्नतो विद्वत्सङ्गसेवाविद्यायोगधर्मस-

वोपकारायुपायैः सर्वविद्याधीशस्य परमेश्वरस्य विज्ञानेन प्राप्तानि सर्वाणि सुखानि प्राप्तव्यानि प्रापयितव्यानि च ॥ १ ॥

पदार्थः— हे (ब्रह्मणस्पते) वेद की रक्षा करने वाले (इन्द्र) अखिल विद्यादि परमैश्वर्य युक्त विद्वन् जैसे (सचा) विज्ञान से (देवयन्तः) सत्य विद्याओं की कामना करने (सुदानवः) उत्तम दान स्वभाव वाले (मरुतः) विद्याओं के सिद्धान्तों के प्रचार के अभिलाषी हमलोग (त्वा) आप को (ईमहे) प्राप्त होते और जैसे सब धार्मिक जन (उपप्रयन्तु) समीप आवें वैसे आप (प्राशूः) सब सुखों के प्राप्त कराने वाले (भव) हूजिये और सब के हितार्थ प्रयत्न कीजिये ॥१॥

भावार्थः— इस मन्त्र में वाचक लुप्तोपमालङ्कार है। सब मनुष्य अति पुरुषार्थ से विद्वानों का संग उनकी सेवा विद्या योग धर्म और सब के उपकार करना आदि उपायों से समग्र विद्याओं के अध्येता परमात्मा के विज्ञान और प्राप्ति से सब मनुष्यों को प्राप्त हों और इसी से अन्य सब को सुखी करें ॥ १ ॥

पुनरेतैः परस्परं कथं वर्त्तितव्यमित्याह ।

फिर ये लोग आपस में कैसे वर्त्तें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्वामिद्धि सहसस्पुत्र मर्त्य उपब्रूते धने हिते । सुवीर्यं मरुत आ स्वश्व्यं दधीत यो व आचके ॥ २ ॥

त्वाम् इत् । हि । सहसः । पुत्र । मर्त्यः । उपऽब्रूते । धने । हिते । सुऽवीर्यम् । मरुतः । आ । सुऽअश्व्यम् । दधीत । यः । वः । आऽचके ॥ २ ॥

पदार्थः– (त्वाम्) (इत्) एव (हि) खलु (सहसः) शरीरात्मबलयुक्तस्य विदुषः (पुत्र) (मर्त्यः) मनुष्यः (उपब्रूते) सर्वा विद्यामुपदिशेत् (धने) विद्यादिगुणसमूहे (हिते) सुखसम्पादके (सुवीर्यम्) शोभनं वीर्यं पराक्रमो यस्मिँस्तत् (मरुतः) धीमन्तो जनाः (आ) समन्तात् (स्वश्व्यम्) शोभनेष्वश्वेषु विद्याव्याप्तविषयेषु साधुम् (दधीत) धरत (यः) विद्वान् (वः) युष्मान् (आचके) सर्वतस्सुखैस्तर्प्पयेत् ॥ २ ॥

अन्वयः–हे सहसस्पुत्र यो मर्त्यो विद्वांस्त्वामुपब्रूते हे मरुतो यूयं यो वो हिते धन आचके तस्मादेव स्वश्व्यं वीर्यं यूयं दधत ॥ २ ॥

भावार्थः– मनुष्या अध्ययनाऽध्यापनादिव्यवहारेणैव परस्परमुपकृत्य सुखिनः सन्तु ॥ २ ॥

पदार्थः– हे (सहसस्पुत्र) ब्रह्मचर्य्य और विद्यादि गुणों से शरीर आत्मा के पूर्ण बल युक्त के पुत्र (यः) जो (मर्त्यः) विद्वान् मनुष्य (त्वाम्) तुझ को सब विद्या (उपब्रूते) पढ़ाता हो और हे (मरुतः) बुद्धिमान् लोगो आप जो (वः) आप लोगों को (हिते) कल्याण कारक (धने) सत्यविद्यादि धन में (आचके) तृप्त करे (इत्) उसी के लिये (स्वश्व्यम्) उत्तम विद्या विषयों में उत्पन्न (सुवीर्यम्) अत्युत्तम पराक्रम को तुम लोग (दधीत) धारण करो ॥ २ ॥

भावार्थः–मनुष्य लोग पढ़ने पढ़ाने आदि धर्मयुक्त कर्मों ही से एक दूसरे का उपकार करके सुखी हों ॥ २ ॥

पुनस्तैः कथं वर्तितव्यमित्याह ॥

फिर ये लोग अन्योऽन्य कैसे वर्त्तें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्रैतु ब्रह्मणस्पतिः प्र देव्येतु सूनृता । अ-

च्छा वीरं नर्यं पङ्क्तिराधसं देवा यज्ञं नयन्तु नः ॥ ३ ॥

प्र । एतु । ब्रह्मणः । पतिः । प्र । देवी । एतु । सूनृता । अच्छ । वीरम् । नर्यम् । पंक्तिऽराधसम् । देवाः । यज्ञम् । नयन्तु । नः ॥ ३ ॥

पदार्थः-(प्र) प्रकृष्टार्थे (एतु) प्राप्नोतु (ब्रह्मणः) चतुर्वेदविदः (पतिः) पालयिता (प्र) प्रतीतार्थे (देवी) सर्वशास्त्रबोधेन दीप्यमाना (एतु) प्राप्नोतु (सूनृता) प्रियसत्याचरणलक्षणवाणीयुक्ता (अच्छ) शुद्धार्थे । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (वीरम्) पूर्णशरीरात्मबलप्रदम् (नर्यम्) नरेषु साधुं हितकारिणम् (पंक्तिराधसम्) यः पंक्तीर्धर्मात्मवीरमनुष्यसमूहान् राध्नोति यद्वा पंक्त्यर्थं राधोऽन्नं यस्य तम् (देवाः) विद्वांसः (यज्ञम्) पठनपाठनश्रवणोपदेशाख्यम् (नयंतु) प्रापयन्तु (नः) अस्मान् ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे विद्वन् ब्रह्मणः पतिर्भवान् यं पंक्तिराधसं नर्यमच्छा वीरं सुखप्रापकं यज्ञं प्रैतु हे विदुषि सूनृता देवी सती भवत्यपि तं प्रैतु तं नो देवाः प्रणयन्तु ॥ ३ ॥

भावार्थः- सर्वैर्मनुष्यैरिदं कर्त्तव्यमाकांक्षितव्यं च यतो विद्यावृद्धिः स्यादिति ॥ ३ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् (ब्रह्मणः) वेदों का (पतिः) प्रचार करने वाले आप जिस (पंक्तिराधसम्) धर्मात्मा और वीर पुरुषों को सिद्ध कारक (अच्छावीरम्) शुद्ध पूर्ण शरीर आत्म बल युक्त वीरों की प्राप्ति के हेतु (यज्ञम्) पठन पाठन श्रवण आदि क्रिया रूप यज्ञ को (प्रैतु) प्राप्त होते और हे विद्या युक्त स्त्री (सूनृता) उस वेदवाणी की शिक्षा सहित (देवी) सब विद्या सुशीलता से प्रकाश मान होकर आप भी जिस यज्ञ को प्राप्त हो उस यज्ञ को (देवाः) विद्वान् लोग (नः) हम लोगों को (प्रणयंतु) प्राप्त करावें ॥ ३ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को ऐसी इच्छा करनी चाहिये कि जिस से विद्या की वृद्धि होती जाय ॥ ३ ॥

विद्वद्भिरितरैर्मनुष्यैश्च परस्परं किं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥

विद्वान् और अन्य मनुष्यों को एक दूसरे के साथ क्या करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यो वाघते ददाति सूनरं वसु स धत्ते अक्षिति श्रवः । तस्मा इळां सुवीरामा यजामहे सुप्रतूर्त्तिमनेहसम् ॥ ४ ॥

यः । वाघते । ददाति । सूनरम् । वसु । सः । धत्ते । अक्षिति । श्रवः । तस्मै । इळाम् । सुवीराम् । आ । यजामहे । सुऽप्रतूर्त्तिम् । अनेहसम् ॥ ४ ॥

पदार्थः– (यः) मनुष्यः (वाघते) ऋत्विजे (ददाति) प्रयच्छति (सूनरम्) शोभना नरा यस्मात्तत् (वसु) धनम् । वस्विति धननामसु पठितम् । निघं० २ । १० (सः) मनुष्यः (धत्ते) धरति (अक्षिति) अविद्यमाना क्षितिः क्षयो यस्य तत् (श्रवः) शृण्वन्ति सर्वा विद्या येनान्नेन तत् (तस्मै) मनुष्याय (इडाम्) पृथिवीं वाणीं वा (सुवीराम्) शोभना वीरा यस्यां ताम् (आ) समंतात् (यजामहे) प्राप्नुयाम (सुप्रतूर्त्तिम्) सुष्ठु प्रकृष्टा तूर्त्तिस्त्वरिता प्राप्तिर्यया ताम् (अनेहसम्) हिंसितुमनर्हां रक्षितुं योग्याम् ॥४॥

अन्वयः– यो मनुष्यो वाघते सूनरं वसु ददाति यामनेहसं सुप्रतूर्त्तिं सुवीरामिडां वयमायजामहे तेन तया च सोऽक्षिति श्रवो धत्ते ॥ ४ ॥

भावार्थः– यो मनुष्यः शरीरवाङ्मनोभिर्विदुषः सेवते स एवाक्षयां विद्यां प्राप्य पृथिवीराज्यं भुक्त्वा मुक्तिमाप्नोति । ये वाग्विद्यां प्राप्नुवंति ते विद्वांसोऽन्यान् विदुषः कर्त्तुं शक्नुवंति नेतरे ॥ ४ ॥

पदार्थः– (यः) जो मनुष्य (वाघते) विद्वान् के लिये (सूनरम्) जिस से उत्तम मनुष्य हों उस (वसु) धन को (ददाति) देता है और जिस (अनेहसम्) हिंसा के अयोग्य (सुप्रतूर्त्तिम्) उत्तमता से शीघ्र प्राप्ति करानेे (सुवीराम्) जिस से उत्तम शूरवीर प्राप्त हों (इडाम्) पृथिवी वा वाणी को हमलोग (आयजामहे) अच्छे प्रकार प्राप्त होते हैं उस में (सः) वह पुरुष (अक्षिति) जो कभी क्षीणता को न प्राप्त हो उस (श्रवः) धन और विद्या के श्रवण को (धत्ते) करता है ॥४॥

भावार्थः– जो मनुष्य शरीर वाणी मन और धन से विद्वानों का सेवन करता है वही अक्षय विद्या को प्राप्त हो और पृथिवी के राज्य को भोग कर मुक्ति को प्राप्त होता है जो पुरुष वाणी विद्या को प्राप्त होते हैं वे विद्वान् दूसरे को भी पण्डित कर सकते हैं आलसी अविद्वान् पुरुष नहीं ॥ ४ ॥

अथेश्वरः कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर कैसा है उसका उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र नूनं ब्रह्मणस्पतिर्मन्त्रं वदत्युक्थ्यम् ।
यस्मिन्निन्द्रो वरुणो मित्रो अर्यमा देवा
ओकांसि चक्रिरे ॥ ५ ॥

प्र । नूनम् । ब्रह्मणः । पतिः । मन्त्रम् ।
वदति । उक्थ्यम् । यस्मिन् । इन्द्रः । वरुणः ।
मित्रः । अर्यमा । देवाः । ओकांसि । च-
क्रिरे ॥ ५ ॥

पदार्थः— (प्र) (नूनम्) निश्चये (ब्रह्मणः) बृहतो जगतो वेदस्य वा (पतिः) न्यायाधीशः स्वामी (मन्त्रम्) वेदस्थमन्त्रसमूहम् (वदति) उपदिशति (उक्थ्यम्) वक्तुं श्रोतुं योग्येषु ऋग्वेदादिषु भवम् (यस्मिन्) जगदीश्वरे (इन्द्रः) विद्युत् (वरुणः) चन्द्रसमुद्रतारकादिसमूहः (मित्रः) प्राणः (अर्य्यमा) वायुः (देवाः) पृथिव्यादयोलोका विद्वांसो वा (ओकांसि) गृहाणि (चक्रिरे) कृतवन्तः सन्ति ॥ ५ ॥

अन्वयः— यो ब्रह्मणस्पतिरीश्वरो नूनमुक्थ्यं मन्त्रं प्रवदति यस्मिन्निन्द्रो वरुणो मित्रो अर्य्यमा देवाश्चौकांसि चक्रिरे तमेव वयं यजामहे ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या येनेश्वरेण वेदा उपदिष्टा यः सर्वंजगदभिव्याप्य स्थितोस्ति यस्मिन् सर्वे पृथिव्यादयो लोकास्तिष्ठन्ति मुक्तिसमये विद्वांसश्च निवसन्ति स एव सर्वैर्मनुष्यैरुपास्योस्ति न चास्माद्भिन्नोऽर्थः ॥ ५ ॥

पदार्थः—जो (ब्रह्मणस्पतिः) बड़े भारी जगत् और वेदों का पति स्वामी न्यायाधीश ईश्वर (नूनम्) निश्चय करके (उक्थ्यम्) कहने सुनने योग्य वेदवचनों में होने वाले (मंत्रम्) वेदमन्त्र समूह का (प्रवदति) उपदेश करता है वा (यस्मिन्) जिस जगदीश्वर में (इन्द्रः) विजुली (वरुणः) समुद्र चन्द्र-तारे आदि लोकान्तर (मित्रः) प्राण (अर्यमा) वायु और (देवाः) पृथिवी आदिलोक और विद्वान् लोग (ओकांसि) स्थानों को (चक्रिरे) किये हुए हैं उसी परमेश्वर का हमलोग सत्कार करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जिस ईश्वर ने वेदों का उपदेश किया है जो सब जगत् में व्याप्त हो कर स्थित है जिस में सब पृथिवी आदि लोक रहते और मुक्ति समय में विद्वान् लोग निवास करते हैं उसी परमेश्वर की उपासना करनी चाहिये इस से भिन्न किसी की नहीं ॥ ५ ॥

अथ सर्वमनुष्याऽर्था वेदाः संतीत्युपदिश्यते ॥

अब अगले मंत्र में सब मनुष्यों के लिये वेदों के पढ़ने का अधिकार है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

तमिद्वोचेमा विदथेषु शम्भुवं मन्त्रं देवा अनेहसम् । इमां च वाचं प्रतिहर्यथा नरो विश्वेद्वामा वो अश्नवत् ॥ ६ ॥

तम् । इत् । वोचेम । विदथेषु । शंऽभुवम् ।

मन्त्रम् । देवाः । अनेहसम् । इमाम् । च । वाचम् । प्रतिऽहर्यथ । नरः । विश्वा । इत् । वामा । वः । अश्नवत् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(तम्) वेदम् (इत्) एव (वोचेम) उपदिशेम । अन्येषामपीति दीर्घः (विदथेषु) विज्ञानेषु पठनपाठनव्यवहारेषु कर्त्तव्येषु सत्सु । विदथानि वेदनानि विदथानि प्रचोदयादित्यपि निगमो भवति । निरु० ६ । ७ (शंभुवम्) शं कल्याणं यस्मात्तम् । अत्र शम्युपपदे भुवः संज्ञान्तरयोरिति क्विप् कृतो बहुलमिति हेतौ (मन्त्रम्) मन्यते गुप्ताः पदार्थाः परिभाष्यन्ते येन तम् मंत्रा मननात् । निरु० ७ । १२ (देवाः) विद्वांसः (अनेहसम्) अहिंसनीयं सर्वदा रक्ष्यं निर्दोषम् । अत्र नञि हन एह च उ० ४ । २३१ इति नञ्पूर्वकस्य हन् धातोः प्रयोगः (इमाम्) वेदचतुष्टयीम् (च) सत्यविद्यान्वयसमुच्चये (वाचम्) वाणीम् (प्रतिहर्यथ) पुनः पुनर्विजानीथ । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (नरः) विद्यानेतारः (विश्वा) सर्वा (इत्) यदि (वामा) प्रशस्ता वाक् । वाम इति प्रशस्यनामसु पठितम् । निघं० ३ । ८ (वः) युष्मान् युष्मभ्यं वा (अश्नवत्) प्राप्नुयात् । अयंलेट् प्रयोगो व्यत्ययेन परस्मैपदं च ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे देवा विद्वांसो वो युष्मभ्यं वयं विदथेषु यमनेहसं शंभुवं मंत्रं वोचेम तमिद्यूयं विजानीत । हे नरो यूयमिमादीमां वाचं प्रति हर्यथ तर्हि विश्वा सर्वा वामा प्रशस्तेऽयं वाक् वो युष्मानश्नवत् व्याप्नुयात् ॥ ६ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिर्विद्याप्रचाराय सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यो नित्यं सार्थाः सांगाः सरहस्याः सस्वरहस्तक्रिया वेदा उपदेष्टव्याः । यदि कश्चित्सुखमिच्छेत्संगेन वेदविद्यां प्राप्नुयात् । नैतया विना कस्य चित्सत्यं सुखं भवति । तस्मादध्यापकैरध्येतृभिश्च प्रयत्नेन सकला वेदा ग्राहयितव्या ग्रहीतव्याश्चेति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (देवाः) विद्वानो (वः) तुमलोगों के लिये हमलोग (विदथेषु) जानने योग्य पढ़ने पढ़ाने आदि व्यवहारों में जिस (अनेहसम्) अहिंसनीय सर्वदा रक्षणीय दोषरहित (शंभुवम्) कल्याण कारक (मंत्रम्) पदार्थों को मनन कराने वाले मंत्र अर्थात् श्रुति समूह को (वोचेम) उपदेश करें (तम्) उस वेद का (इत्) ही तुमलोग ग्रहण करो (इत्) जो (इमाम्) इस (वाचम्) वेदवाणी को वार २ जानो तो (विश्वा) सब (वामा) प्रशंसनीय वाणी (वः) तुमलोगों को (अश्नवत्) प्राप्त होवे ॥ ६ ॥

भावार्थः— विद्वानों को योग्य है कि विद्या के प्रचार के लिये मनुष्यों को निरन्तर अर्थ अंग उपांग रहस्य स्वर और हस्तक्रिया सहित वेदों का उपदेश करें और ये लोग अर्थात् मनुष्य मात्र इन विद्वानों से सब वेद विद्या को साक्षात् करें जो कोई पुरुष सुख चाहें तो वह विद्वानों के संग से विद्या को प्राप्त करे तथा इस विद्या के विना किसी को सत्य सुख नहीं होता इस से पढ़ने पढ़ाने वालों को प्रयत्न से सकल विद्याओं को ग्रहण करनी वा करानी चाहिये ॥ ६ ॥

कश्चिदेव विद्वांसं प्राप्य विद्याग्रहणं कर्त्तुं शक्नोतीत्युपदिश्यते ॥

कोई ही मनुष्य विद्वान् मनुष्य को प्राप्त होकर विद्या को ग्रहण कर सकता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

को देवयन्तमश्नवज्जनं को वृक्तबर्हिषम् । प्रप्र दाश्वान् पस्त्याभिरस्थितान्तर्वावत्क्षयं दधे ॥ ७ ॥

कः । देवऽयन्तम् । अश्नवत् । जनम् ।
कः । वृक्तऽबर्हिषम् । प्रऽप्र । दाश्वान् ।
पस्त्याभिः । अस्थित । अन्तःऽवावत् ।
क्षयम् । दधे ॥ ७ ॥

पदार्थः—(कः) कश्चिदेव (देवयन्तं) देवानां कामयितारम् (अश्नवत्) प्राप्नुयात् लेट् प्रयोगोऽयम् । (जनम्) सकल विद्याऽऽविर्भूतम् (कः) कश्चिदेव (वृक्तबर्हिषम्) सर्वविद्यासु कुशलमृत्विजम् (प्रप्र) प्रत्यर्थे । अत्र प्रसमुपोदः पादपूरणे अ० ८ । १ । ६ । इति द्वित्वम् (दाश्वान्) दानशीलः (पस्त्याभिः) पस्त्यानि गृहाणि विद्यन्ते यासु भूमिषु ताभिः । पस्त्यमिति गृह ना० । निघं० ३ । ४ । तत्र अर्शआदिभ्योऽच् । अ० ५ । २ । १२७ (अस्थित) प्रतिष्ठते (अंतर्वावत्) अन्तर्मध्येवाति गच्छति सोऽन्तर्वा वायुः सविद्यते यस्मिन् गृहे तत् (क्षयम्) क्षियन्ति निवसन्ति यस्मिँस्तत् । अत्र क्षिनिवासगत्योरित्यस्मादेरजित्यच् । भयादीनामितिवक्तव्यम् अ० ३।३। ५६ इति नपुंसकत्वम् । (दधे) धरेत् । अत्र लिङर्थे लिट् ॥७॥

अन्वयः—को मनुष्यो देवयन्तं कश्च वृक्तबर्हिषं जनमश्नवत्प्राप्नुयात् कोदाश्वान् प्रास्थित प्रतिष्ठते कोविद्वान् पस्त्याभिरंतर्वावत् क्षयं गृहं दधे धरेत् ॥ ७ ॥

भावार्थः—नैवसर्वे मनुष्या विद्याप्रचारकामं विद्वांसं प्राप्नुवन्ति नहि समस्ता दाश्वांसो भूत्वा सर्वर्तु सुखं गृहं धर्तुं शक्नुवन्ति । किन्तु कश्चिदेव भाग्यशाल्येतत्प्राप्तुमर्हतीति ॥ ७ ॥

पदार्थः—(कः) कौन मनुष्य (देवयन्तम्) विद्वानों की कामना करने और (कः) कौन (वृक्तबर्हिषम्) सब विद्याओं में कुशल सब ऋतुओं में यज्ञ करने वाले (जनम्) सकल विद्याओं में प्रकट हुए मनुष्य को (अश्नवत्) प्राप्त तथा कौन (दाश्वान्) दानशील पुरुष (प्रास्थित) प्रतिष्ठा को प्राप्त होवे और कौन (पस्त्याभिः) उत्तमगृह वाली भूमि में (अन्तर्वावत्) सब के अन्तर्गत चलने वाले वायु से युक्त (क्षयम्) निवास करने योग्य घरको (दधे) धारण करे ॥ ७ ॥

भावार्थः—सब मनुष्य विद्या प्रचार की कामना वाले उत्तम विद्वान् को नहीं प्राप्त होते और न सब दान शील हो कर सब ऋतुओं में सुख रूप घर को धारण कर सकते हैं किन्तु कोई ही भाग्यशाली विद्वान् मनुष्य इन सब को प्राप्त हो सकता है ॥ ७ ॥

एतल्लक्षणस्य विदुषः कीदृशं राज्यं भवतीत्युपदिश्यते ॥

ऐसे विद्वान् का कैसा राज्य होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

उप॑ क्ष॒त्रं पृ॑ञ्ची॒त ह॒न्ति॒ राज॑भि॒र्भ॒ये चि॒त्सु॒क्षि॒तिं॑ द॒धे । नास्य॑ व॒र्त्ता न त॑रु॒ता म॑हाध॒ने नार्भे॑ अस्ति व॒ज्रिणः॑ ॥ ८ ॥

उप॑ । क्ष॒त्रम् । पृ॒ञ्ची॒त । ह॒न्ति॑ । राज॑ऽभिः । भ॒ये । चि॒त् । सु॒ऽक्षि॒तिम् । द॒धे॒ । न । अ॒स्य॒ । व॒र्त्ता । न । त॒रु॒ता । म॒हा॒ऽध॒ने । न । अर्भे॑ । अ॒स्ति॒ । व॒ज्रिणः॑ ॥ ८ ॥

पदार्थः— (उप) सामीप्ये (क्षयम्) राज्यम् (दृञ्चीत) सम्बध्नीत (हन्ति) नाशयति (राजभिः) राजपूतैः सह (भये) बिभेति यस्मात्तस्मिन् (चित्) अपि (सुक्षितिम्) शोभना क्षितिर्भूमिर्यस्मिन् व्यवहारे तम्। अत्र लोपस्त आत्मनेपदेषु। इति तलोपः (न) निषेधार्थे (अस्य) पूर्वोक्तलक्षणाऽन्वितस्य सर्वसभाध्यक्षस्य (वर्त्ता) विपरिवर्तयिता। अत्र हृणोतेस्तृच् छन्दस्युभयथेति सार्वधातुकत्वादिड्भावः (न) निषेधार्थे (तरुता) संप्लवनकर्त्ता। अत्र ग्रसित० अ० ७। २। ३४। इति निपातनम्। (महाधने) पुष्कलधनप्रापके संग्रामे (अर्भे) अल्पेयुद्धे (अस्ति) भवति (वज्रिणः) बलिनः। वज्रोवैवीर्यम्। शत० ७। ४। २। २४ ॥ ८॥

अन्वयः—यः क्षयं दृंचीत सुक्षितिं दधेऽस्य वज्रिणो राजभिः संगे भये स्वकीयान् जनाञ्छत्रूनर्हन्ति महाधने युद्धे वर्त्ता विपरिवर्त्तयिता नास्त्यर्भे युद्धे चिदपि तरुता बलस्योल्लंघयिता नास्ति ॥ ७ ॥

भावार्थः—ये राजपुरुषा महाधनेऽल्पे वा युद्धे शत्रून् विजित्य बध्वा वा निवारयितुं धर्मेण राज्यं पालयितुं शक्नुवन्ति त इहानन्दं भुक्त्वा प्रेत्यापि महानन्दं भुञ्जते ॥ ८ ॥

अथैतोनचत्वारिंशत्सूक्तोक्तेन विद्वत्कृत्यार्थेन सह ब्रह्मणस्पत्यादीनामर्थानां संबन्धात्पूर्वेण सूक्तार्थेन सहैतदर्थस्य सङ्गतिरस्तीति बोध्यम्। इति चत्वारिंशं सूक्तमेकविंशो वर्गश्च समाप्तः ॥ ४० ॥

पदार्थः— जो मनुष्य (क्षयम्) राज्य को (दृञ्चीत) संबन्ध तथा (सुक्षितिम्) उत्तमोत्तम भूमि की प्राप्ति कराने वाले व्यावहार को (दधे) धारण करता है (अस्य) इस सर्व सभाध्यक्ष (वज्रिणः) बली के (राजभिः) रजपूतों के साथ (भये) युद्ध भीति में अपने मनुष्यों को कोई भी शत्रु (न) नहीं

(हन्ति) मार सकता (न) (महाधने) नहीं महाधन की प्राप्ति के हेतु बड़े युद्ध में (वर्त्ता) विपरीत वर्त्तनेवाला और (न) इस वीर्य वाले के समीप (अर्भे) छोटे युद्ध में (चित्) भी (तरुता) बलको उल्लंघन करने वाला कोई (अस्ति) होता है ॥ ८ ॥

भावार्थः- जो रजपूत लोग महाधन की प्राप्ति के निमित्त बड़े युद्ध वा थोड़े युद्ध में शत्रुओं को जीत वा बांध के निवारण करने और धर्म से प्रजा का पालन करने को समर्थ होते हैं वे इस संसार में आनन्द को भोग कर परलोक में भी बड़े भारी आनन्द को भोगते हैं ॥ ८ ॥

अब उनतालीशवें सूक्त में कहे हुए विद्वानों के कार्यरूप अर्थ के साथ ब्रह्मणस्पति आदि शब्दों के अर्थों के संबंध से पूर्वसूक्त की संगति जाननी चाहिये ॥ यह चालीशवां सूक्त और इक्कीशवां वर्ग समाप्त हुआ । ४० । २१ ॥

अथ नवर्चस्यैकचत्वारिंशस्य सूक्तस्य घोरः कण्व, ऋषिः १-३ । ७-९ वरुणमित्रार्यमणः । ४-६ आदित्याश्च देवताः १ । ४ । ५ । ८ । गायत्री २ । ३ । ६ विराड्गायत्री ७ । ९ निचृद्गायत्री च छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अनेकैः सरक्षितोपि कदाचिच्छत्रुणापीड्यत इत्युपदिश्यते ।

अनेक वीरों से रक्षित भी राजा कभी शत्रु से पीड़ित होताही है, इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यं रक्षन्ति प्रचेतसो वरुणो मित्रो अर्यमा।
नूचित्स दभ्यते जनः ॥ १ ॥

यम् । रक्षन्ति । प्रऽचेतसः । वरुणः । मित्रः । अर्यमा । नु । चित् । सः । दभ्यते । जनः ॥ १ ॥

पदार्थः— (यम्) सभासेनेशं मनुष्यं (रक्षन्ति) पालयन्ति (प्रचेतसः) प्रकृष्टं चेतोविज्ञानं येषान्ते (वरुणः) उत्तम गुणयोगेन श्रेष्ठत्वात्सर्वाध्यक्षत्वार्हः (मित्रः) सर्वसुहृत् (अर्यमा) पक्षपातं विहाय न्यायं कर्त्तुं समर्थः (नु) सद्यः । अत्र ऋचितुनु० इति दीर्घः (चित्) एव (सः) रक्षितः (दभ्यते) हिंस्यते (जनः) प्रजासेनास्थो मनुष्यः ॥ १ ॥

अन्वयः— प्रचेतसो वरुणो मित्रोऽर्यमा चैतेयं रक्षति स चिदपि कदाचिन्नुदभ्यते ॥ १ ॥

भावार्थः— मनुष्यैः सर्वोत्कृष्टः सेनासभाध्यक्षः सर्वमित्रो दूतोऽध्यापक उपदेष्टा धार्मिको न्यायाधीशश्च कर्तव्यः । तेषां सकाशाद्रक्षणादीनि प्राप्य सर्वान् शत्रून् शीघ्रं हत्वा चक्रवर्तिराज्यं प्रशास्य सर्वहितं संपादनीयम् । नात्र केनचिन्मृत्युना भेतव्यं कुतः सर्वेषां जातानां पदार्थानां ध्रुवो मृत्युरित्यतः ॥ १ ॥

पदार्थः— (प्रचेतसः) उत्तमज्ञानवान् (वरुणः) उत्तम गुण वा श्रेष्ठपन होने से सभाध्यक्ष होने योग्य (मित्रः) सब का मित्र (अर्यमा) पक्षपात छोड़ कर न्यायकरने को समर्थ ये सब (यम्) जिस मनुष्य वा राज्य तथा देश को (रक्षन्ति) रक्षा करते हों (सः) (चित्) वह भी (जनः) मनुष्य आदि (नु) जल्दी सब शत्रुओं से कदाचित् ही (दभ्यते) माराजाता है ॥ १ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को उचित है कि सब से उत्कृष्ट सेना सभाध्यक्ष सब का मित्र दूत पढ़ाने वा उपदेश करने वाले धार्मिक मनुष्य को न्यायाधीश करें तथा उन विद्वानों के सकाश से रक्षा आदि को प्राप्त हो सब शत्रुओं को शीघ्र मार और चक्रवर्तिराज्य का पालन करके सब के हित को संपादन करें किसी को भी मृत्यु से भय करना योग्य नहीं है क्योंकि जिन का जन्म हुआ है उन का मृत्यु अवश्य होता है इसलिये मृत्यु से डरना मूर्खों का काम है ॥ १ ॥

स संरक्षितस्सन् किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ॥

वह रक्षा किया हुआ किस को प्राप्त होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यं बाहुतेव पिप्रति पान्ति मर्त्यं रिषः ।
अरिष्टः सर्व एधते ॥ २ ॥

यम् । बाहुताऽइव । पिप्रति । पान्ति । मर्त्यम् ।
रिषः । अरिष्टः । सर्वः । एधते ॥ २ ॥

पदार्थः— (यम्) जनम् (बाहुतेव) यथा बाधते दुःखानि याभ्यां भुजाभ्यां बलवीर्याभ्यां वा तयोर्भावस्तथा (पिप्रति) पिपुरति (पान्ति) रक्षन्ति (मर्त्यम्) मनुष्यम् (रिषः) हिंसकाच्छत्रोः (अरिष्टः) सर्वविघ्न रहितः (सर्वः) समस्तोजनः (एधते) सुखैश्वर्ययुक्तैर्गुणैर्वर्धते ॥ २ ॥

अन्वयः— एते वरुणादयो यं मर्त्यं बाहुतेव पिप्रति रिषः शत्रोः सकाशात् पान्ति स सर्वोजनोऽरिष्टोनिर्विघ्नः सन् देवविद्यादिसद्गुणैर्नित्यमेधते ॥ २ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः । यथा सभासेनाध्यक्षा राजपुरुषा बाहुबल प्रयत्नाभ्यां शत्रुदस्यु चोरान्दारिद्र्यञ्च निवार्य मनान् सम्यग्रक्षित्वा पूर्णानि सुखानि संपाद्य सर्वविघ्नान्निवार्य्य सर्वान्मनुष्यान् पुरुषार्थे संयोज्य ब्रह्मचर्य सेवनेन विषयलोलुपतात्यागेन विद्यासुशिक्षाभ्यां शरीरात्मोन्नतिं कुर्वन्ति तथैव प्रजास्थैरप्यनुष्ठेयम् ॥ २ ॥

पदार्थः— ये वरुण आदि धार्मिक विद्वान् लोग (बाहुतेव) जैसे शूर-वीर बाहुबलों से चोर आदि को निवारण कर दुःखों को दूर करते हैं वैसे (यम्) जिस (मर्त्यम्) मनुष्य को (पिप्रति) सुखों से पूर्ण करते और (रिषः) हिंसा करने वाले शत्रु से (पांति) बचाते हैं (सः) वे (सर्वः) समस्त मनुष्य मात्र (अरिष्टः) सब विघ्नों से रहित होकर वेद विद्या आदि उत्तम गुणों से नित्य (एधते) वृद्धि को प्राप्त होते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे सभा और सेनाध्यक्ष के सहित राजपुरुष बाहुबल वा उपाय के द्वारा शत्रु डांकू चोर आदि और दरिद्र पन को निवारण कर मनुष्यों की अच्छे प्रकार रक्षा पूर्ण सुखों को संपादन सब विघ्नों को दूर पुरुषार्थ में संयुक्त कर ब्रह्मचर्य सेवन वा विषयों की लिप्सा छोड़ने से शरीर की वृद्धि और विद्या वा उत्तम शिक्षा से आत्मा की उन्नति करते हैं वैसे ही प्रजा जन भी किया करें ॥ २ ॥

पुनस्ते राजजनाश्च परस्परं किं कुर्य्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे राजप्रजा पुरुष क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वि दुर्गा वि द्विषः पुरो घ्नन्ति राजान एषाम् । नयन्ति दुरिता तिरः ॥ ३ ॥

वि । दुःऽगा । वि । द्विषः । पुरः । घ्नंति । राजानः । एषाम् । नयन्ति । दुःऽइता । तिरः ॥ ३ ॥

पदार्थः— (वि) विविधार्थे (दुर्गा) येषु दुःखेन गच्छन्ति तानि । अत्र सुदुरो रधिकरणे० अ० ३ । २ । १४८ । इति दुरुपपदाद्गमेर्डः प्रत्ययः । शेश्छन्दसीति लोपः (वि) विशेषार्थे (द्विषः)

येद्विषन्त्यप्रीणयन्ति ताञ्छत्रून् (पुरः) पुराणि (घ्नन्ति) नाशयन्ति (राजानः) ये राजन्ते सत्कर्मगुणैः प्रकाशन्ते ते (एषाम्) शत्रूणाम् (नयन्ति) गमयन्ति (दुरिता) दुरिता दुःखहानि दुःखानि । अत्रापिशेर्लोपः (तिरः) अदर्शने ॥ ३ ॥

अन्वयः ये राजान एषां शत्रूणां दुर्गा घ्नन्ति द्विषः शत्रूंस्तिरो नयन्ति ते साम्राज्यं प्राप्तुं शक्नुवन्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः— येऽन्यायकारिणो धार्मिकान् पीड़यित्वा दुर्गस्था भवंति पुनरागत्य दुःखयंति तेषां विनाशाय श्रेष्ठानां पालनाय धार्मिका विद्वांसो राजपुरुषास्तेषां दुर्गाणि विनाश्य तान् छित्वा भित्वा हिंसित्वा मरणं वा वशत्वं प्रापय्य धर्मेण राज्यं पालयेयुः ॥ ३ ॥

पदार्थः— जो (राजनः) उत्तम कर्म वा गुणों से प्रकाशमान राजा लोग (एषाम्) इन शत्रुओं के (दुर्गा) दुःख से जाने योग्य प्रकोटों और (पुरः) नगरों को (घ्नन्ति) छिन्न भिन्न करते और (द्विषः) शत्रुओं को (तिरोनयन्ति) नष्ट कर देते हैं वे चक्रवर्त्ति राज्य को प्राप्त होने को समर्थ होते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः— जो अन्याय करने वाले मनुष्य धार्मिक मनुष्यों को पीड़ा देकर दुर्ग में रहते और फिर आकर दुःखी करते हों उनको नष्ट और श्रेष्ठों के पालन करने के लिये विद्वान् धार्मिक राजा लोगों को चाहिये कि उनके प्रकोट और नगरों का विनाश और शत्रुओं को छिन्न भिन्न मार और वशीभूत करके धर्म से राज्य का पालन करें ॥ ३ ॥

पुनस्ते किं साधयेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे क्या सिद्ध करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

सुगः पंथा अनृक्षर आदित्यास ऋतंयते ।
नात्रावखादो अस्ति वः ॥ ४ ॥

॥ विज्ञापन ॥

अवश्य देखने योग्य ॥

सब प्रिय महाशय ग्राहक लोगों पर प्रकट होवे कि वेद भाष्य ऋग्वेद का २८ तथा २९ अङ्कों में चौथा वर्ष पूरा हुआ और अगले महीने में यजुर्वेद का भी पूरा हो जावेगा इस लिये विनय पूर्वक निवेदन किया जाता है कि इस चौथे वर्ष का चन्दा ८) रु० वैदिक यंत्रालय लाहगंज प्रयाग में प्रबन्धकर्ता मेरे नाम कृपा करके शीघ्र ही भेज देवें आप लोग ध्यान देकर देखें कि यह महत् परोपकारी कार्य किस २ प्रकार चल रहा है स्वामीजी महाराज इस पर कैसा प्रयत्न कर रहे हैं ग्राहक लोगों से यही बड़ा सहाय है कि चन्दा शीघ्र भेजते रहें और जो लोग इस में विलम्ब करेंगे वे अवश्य इस कार्य में विघ्नकर्ता कहा सकते हैं। और बहुतेरे लोग ऐसे भी हैं कि जिन्हों ने प्रथम ही से अब तक कुछ भी चन्दा नहीं भेजा है बड़ा शोक है कि वे वेद भाष्य को क्यों देखते होंगे और क्यों उन्हों ने ग्राहक श्रेणी में अपना नाम धराया है इस विज्ञापन को देख के भी जो लोग अपना हिसाब शुद्ध न करेंगे उन पर आगे दूसरा विचार किया जावे गा ॥

हस्ताक्षर दयारामशर्म्मा।
मेनेजर वैदिक यन्त्रालय।

सूचीपत्र ।

श्रीयुत स्वामी दयानन्दसरस्वतीनिर्मित [illegible] पुस्तक पठन
विषयक सुगम संस्कृत और आर्य्यभाषा विवृति सहित क्रम से इस वैदिक य
में छपेंगी उन में से—

१	वर्णोच्चारण शिक्षा	छपगई	९	तद्धित: ।
२	संस्कृतवाक्यप्रबोध:	छपगया	१०	अव्ययार्थ: ।
३	व्यवहारभानु: ।	छपगया	११	सौवर: ।
४	सन्धिविषय: ।	छपगया	१२	पारिभाषिक: ।
५	नामिक: ।	छपगया	१३	उणादिगण: ।
६	कारकीय: ।		१४	गणपाठ: ।
७	सामासिक: ।		१५	अष्टाध्यायी ।
८	आख्यातिक: ।		१६	निघंटु अर्थात् या

छतो वैदिक य

निम्न लिखित पुस्तक इस वैदिक यन्त्रालय में उपस्थित

१	ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका	मूल्य				डाक
	सहित ऋग् और यजुर्वेद भाष्य	१७॥)	...	...	...	...
२	केवल ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका	५)	...	...	...	...
३	संस्कारविधि:	१॥/)	...	...	...	...
४	पंचमहायज्ञविधि	।)	...	...	...	...
५	वर्णोच्चारणशिक्षा	/)	...	...	...	...
६	सन्धिविषय:	॥)	...	...	...	...
७	भ्रमोच्छेदन	╱)	...	...	...	...
८	अनुभ्रमोच्छेदन	╱)	...	...	...	...
९	सत्यधर्मविचार मेला चांदापुर	/)	...	...	...	...
१०	वेदान्तिध्वान्त निवारण ...	/)	...	...	...	...
११	वेदविरुद्ध मतखण्डन	।)	...	...	...	...
१२	आर्य्योद्देश्यरत्नमाला	╱)॥	...	...	...	...
१३	सत्यार्थप्रकाश	२॥)	...	...	...	...
१४	आर्य्याभिविनय	॥)	...	...	...	...
१५	गोकरुणानिधि	╱)॥	...	...	...	...
१६	नामिक	॥)	...	...	...	...
१७	भूमिका का अंक	॥)	...	...	...	...
१८	वेद का अंक	।╱)	...	...	...	...
१९	संस्कृत वाक्यप्रबोध	।╱)	...	...	...	...
२०	व्यवहारभानु	।)	...	...	...	...

॥ ऋग्वेदभाष्यम् ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम् ।

अस्यैकैकांकस्य प्रतिमासं मूल्यम् भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तरप्रापण-
मूल्येन सहितं ।=)॥, मासद्वयस्यैकीकृतस्याङ्कस्य ॥=)
वार्षिकंतु ४)

इस ग्रंथ के प्रतिमास एक एक अंक का मूल्य भरतखंड के भीतर डांक
महसूल सहित ।=)॥ दो महीने के एक साथ छपे हुए अंक का ॥=)
और वार्षिक मूल्य ४)

यस्य जनस्यास्य ग्रन्थस्य ग्रहणेच्छा भवेत्स प्रयागनगरे वैदिक यन्त्रालय-
कार्य्याध्यक्षस्य समीपं वार्षिकं मूल्यं प्रेषयेत् स प्रतिमासस्य
मुद्रितमस्याङ्कं प्राप्स्यति ॥

जिस मनुष्य को इस ग्रन्थ के लेने की इच्छा हो वह प्रयाग नगर में मैनेजर वैदिक यन्त्रालय के पास
वार्षिक मूल्य भेजें प्रतिमास का छपा हुआ इस का अंक पावेगा ॥

पुस्तक (४६, ४७) अंक (३०, ३१)

अयं ग्रंथः प्रयागनगरे वैदिकयंत्रालये मुद्रितः ॥

संवत् १९३८ आश्विन शुक्ल ५

विदित हो कि श्रीस्वामी दयानन्दसरस्वतीजी इन दिनों में रायपुर राज जोधपुर की जि बियावर अर्थात
नये नगर से राजपूताना रेल का स्टेशन [illegible] है वहां आजी [illegible] में विराजमान हैं ।

रसीद मूल्य वेदभाष्य ।

लाला भगवानदास नेटिव डाकटर बारक पुर ५ वें साल के	४)
मिश्र भूनालाल अफ़ज़ल गढ़ जिले बिज़नौर ५ वें साल के	८)
मुन्सी आत्माराम जी सरीफ दूसर दफतर बन्दोबस्त लुधीयाना ५ वें साल के	८)
बाबू लक्ष्मीदत्त ओबरसीयर पि० डबलू डि० रानीखेत	८)
बाबू गनेसीलाल सुपिरिंनटेनडेनट इनजीनीयर आफिस मेरठ ४ साल के	८)
बाबू विष्णुलाल ऐम ए० वकील अदालत बरेली पिछले चार ४ साल के	२५॥)

सुऽगः । पंथाः । अनृक्षरः । आदित्यासः । ऋतम् । यते । न । अत्र । अवऽखादः । अस्ति । वः ॥ ४ ॥

पदार्थः– (सुगः) सुखेन गच्छन्ति यस्मिन् सः (पंथाः) जलस्थलान्तरिक्षगमनार्थः शिक्षाविद्याधर्मन्यायप्राप्त्यर्थश्च मार्गः (अनृक्षरः) कंटकगर्त्तादिदोषरहितः सेतुमार्जनादिभिः सह वर्त्तमानः सरलः । चोरदस्युकुशिक्षाऽविद्याऽधर्माऽचरणरहितः (आदित्यासः) सुसेवितेनाष्टचत्वारिंशद्वर्षब्रह्मचर्येण शरीरात्मबल-साहित्येनाऽऽदित्यवत्प्रकाशिता अविनाशिधर्मविज्ञाना विद्वांसः । आदित्याइति पदना० । निघं०५ । ६ अनेन ज्ञानवत्त्वं सुखप्रापकत्वं च गृह्यते (ऋतम्) ब्रह्म सत्यं यज्ञं वा (यते) प्रयतमानाय (न) निषेधार्थे (अत्र) विद्वत्प्रचारिते रक्षिते व्यवहारे (अवखादः) विखादो भयम् (अस्ति) भवति (वः) युष्माकम् ॥ ४ ॥

अन्वयः–यत्रादित्यासो रक्षका भवन्ति यत्र चैतैरनृक्षरः सुगः पन्थाः सम्पादितस्तदर्थमृतं यते च वोऽत्रावखादो नास्ति ॥ ४ ॥

भावार्थः–मनुष्यैर्भूमिसमुद्रान्तरिक्षेषु रथनौकाविमानानां गमनाय सरला दृढाः कंटकचोरदस्युभयादिदोषरहिताः पंथानो निष्पाद्या यत्र खलु कस्याऽपि किंचिद्दुःखभये न स्याताम् । एतत्सर्वं संसाध्याखण्डचक्रवर्त्तिराज्यं भोग्यं भोजयितव्यमिति ॥४ ॥

पदार्थः–जहां (आदित्यासः) अच्छे प्रकार सेवन से अड़तालीस वर्ष युक्त ब्रह्मचर्य से शरीर आत्मा के बल सहित होने से सूर्य्य के समान प्रकाशित हुए अविनाशी धर्म को जानने वाले विद्वान् लोग रक्षा करने वाले हों वा जहां इन्हीं से जिस (अनृक्षरः) कण्टक गढ़ढा चोर डाकू अविद्या अधर्माचरण से रहित सरल (सुगः) सुख से जानने योग्य (पन्थाः) जल स्थल अन्तरिक्ष में जाने के

लिये वा विद्या धर्म न्याय प्राप्ति के मार्ग का सम्पादन किया हो उस और (ऋतम्) ब्रह्मसत्य वा यज्ञ को (यते) प्राप्त होने के लिये तुम लोगों को (अत्र) इस मार्ग में (अवखादः) भय (नास्ति) कभी नहीं होता ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को भूमि समुद्र अन्तरिक्ष में रथ नौका विमानों के लिये सरल दृढ़ कण्टक चोर डाकू भय आदि दोष रहित मार्गों को संपादन करना चाहिये जहां किसी को कुछ भी दुःख वा भय न होवे इन सब को सिद्ध करके अखण्ड चक्रवर्त्ती राज्य को भोग करना वा कराना चाहिये ॥ ४ ॥

पुनरेते कं संरक्ष्य किं प्राप्नुयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर ये किस की रक्षा कर किस को प्राप्त होते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यं यज्ञं नयथा नर आदित्या ऋजुना पथा ।
प्र वः स धीतये नशत् ॥ ५ ॥

यम् । यज्ञम् । नयथ । नरः । आदित्याः ।
ऋजुना । पथा । प्र । वः । सः । धीतये ।
नशत् ॥ ५ ॥

पदार्थः— (यम्) वक्ष्यमाणम् (यज्ञम्) शत्रुनाशकं श्रेष्ठपालनाख्यं राजव्यवहारम् (नयथ) प्राप्नुथ । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (नरः) नयन्ति सत्यं व्यवहारं प्राप्नुवन्त्यसत्यं च दूरीकुर्वंति तत्सम्बुद्धौ (आदित्याः) पूर्वोक्ता वरुणादयो विद्वांसः (ऋजुना) सरलेन शुद्धेन (पथा) न्यायमार्गेण (प्र) प्रकृष्टार्थे (वः) युष्माकम् (सः) यज्ञः (धीतये) धीयन्ते प्राप्यन्ते सुखान्यनया क्रियया सा (नशत्) नाशं प्राप्नुयात् । अत्र व्यत्ययेन शप् लेट्प्रयोगश्च ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे आदित्या नरो यूयं वीतये यं यज्ञमृजुना पथा नयथ स वः प्रणशत् यूयमपि नयथ । एवं कृते सति स यज्ञो वो युष्माकं वीतये न प्रणशत् । नाशं न प्राप्नुयात् ॥ ५ ॥

भावार्थः— अत्र पूर्वस्मान्मंत्रान्नेत्यनुवर्त्तते यत्र विद्वांसः सभासेनाध्यक्षाः सभास्थाः सभ्याः भृत्याश्च भूत्वा विनयं कुर्वन्ति तत्र न किंचिदपि सुखं नश्यतीति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (आदित्याः) सकलविद्याओं से सूर्य्यवत् प्रकाशमान (नरः) न्याययुक्त राजसभासदो आप लोग (वीतये) सुखों को प्राप्त कराने वाली क्रिया के लिये (यम्) जिस (यज्ञम्) राजधर्मयुक्त व्यवहार को (ऋजुना) शुद्ध सरल (पथा) मार्ग से (नयथ) प्राप्त होते हो (सः) सो (वः) तुमलोगों को (प्रणशत्) नष्ट करने हारा नहीं होता ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में पूर्व मंत्र से (न) इस पद की अनुवृत्ति है जहां विद्वान् लोग सभा सेनाध्यक्ष सभा में रहने वाले भृत्य हो कर विनय पूर्वक न्याय करते हैं वहां सुख का नाश कभी नहीं होता ॥ ५ ॥

पुनः स संरक्षितः सन् मनुष्यः किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ।

फिर वह रक्षा को प्राप्त होकर किस को प्राप्त होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स रत्नं मर्त्यो वसु विश्वं तोकमुत त्मना । अच्छा गच्छत्यस्तृतः ॥ ६ ॥

सः । रत्नम् । मर्त्यः । वसु । विश्वम् । तोकम् । उत । त्मना । अच्छ । गच्छति । अस्तृतः ॥ ६ ॥

पदार्थः-(सः) वक्ष्यमाणः (रत्नम्) रमन्ते जनानां मनांसि यस्मिँस्तत् (मर्त्यः) मनुष्यः (वसु) उत्तमं द्रव्यम् (विश्वम्) सर्वम् (तोकम्) उत्तमगुणवदपत्यम् । तोकमित्यपत्यना० निघं०। २ । २ । (उत) अपि (त्मना) आत्मना मनसा प्राणेन वा । अत्र मंत्रेष्व-ङ्याादेरात्मनः । अ० ६ । ४ । १४१ अनेनात्स्याकारलोपः (अच्छ) सम्यक् प्रकारेण । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (गच्छति) प्राप्नोति (अस्तृतः) अहिंसितस्सन् ॥ ६ ॥

अन्वयः-योऽस्तृतोऽहिंसितो मर्त्यो मनुष्योऽस्ति स त्मनाऽऽत्मना विश्वं रत्नं सूतापि तोकमच्छ गच्छति ॥ ६ ॥

भावार्थः-विद्वद्भिर्मनुष्यैः सम्यग्रक्षिता मनुष्यादयः प्राणिनः सर्वानुत्तमान् पदार्थान् संतानांश्च प्राप्नुवन्ति नैतेन विना कस्यचिद्वृद्धिर्भवतीति ॥ ६ ॥

पदार्थः-जो (अस्तृतः) हिंसा रहित (मर्त्यः) मनुष्य है (सः) वह (त्मना) आत्मा मन वा प्राण से (विश्वम्) सब (रत्नम्) मनुष्यों के मनों के रमण कराने वाले (वसु) उत्तम से उत्तम द्रव्य (उत) और (तोकम्) सब उत्तम गुणों से युक्त पुत्रों को (अच्छ गच्छति) अच्छे प्रकार प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

भावार्थः-विद्वान् मनुष्यों से अच्छे प्रकार रक्षा किये हुए मनुष्य आदि प्राणी सब उत्तम से उत्तम पदार्थ और संतानों को प्राप्त होते हैं रक्षा के विना किसी पुरुष वा प्राणी की बढ़ती नहीं होती ॥ ६ ॥

सर्वैः किं कृत्वैतत्सुखं प्रापयितव्यमित्युपदिश्यते ।

सब को क्या करके इस सुख को प्राप्त कराना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

कथा राधाम सखायः स्तोमं मित्रस्यार्यम्णः । महि प्सरो वरुणस्य ॥ ७ ॥

कथा । राधाम । सखायः । स्तोमम् । मित्रस्य । अर्यम्णः । महि । प्सरः । वरुणस्य ॥ ७॥

पदार्थः-(कथा) केन हेतुना (राधाम) साध्नुयाम । अत्र विकरणव्यत्ययः (सखायः) मित्राः सन्तः (स्तोमम्) गुणस्तुतिसमूहम् (मित्रस्य) सर्वसुहृदः (अर्य्यम्णः) न्यायाधीशस्य (महि) महासुखप्रदम् (प्सरः) यं प्साति भुंक्ते स भोगः (वरुणस्य) सर्वोत्कृष्टस्य ॥ ७ ॥

अन्वयः-वयं सखायः सन्तो मित्रस्यार्य्यम्णो वरुणस्य च महि स्तोमं कथा राधामास्माकं कथं प्सरः सुखभोगः स्यात् ॥ ७ ॥

भावार्थः-यदा केचित्कंचित्पृच्छेयुर्वयं केन प्रकारेण मैत्रीन्यायोत्तमविद्याः प्राप्नुयामेति स तान् प्रत्येवं ब्रूयात्परस्परं विद्यादानपरोपकाराभ्यामेवैतत्सर्वं प्राप्तुं शक्यं नैतेन विना कश्चित्किंचिदपि सुखं साद्धुं शक्नोतीति ॥ ७ ॥

पदार्थः-हम लोग (सखायः) सब के मित्र होकर (मित्रस्य) सब के सखा (अर्य्यम्णः) न्यायाधीश (वरुणस्य) और सब से उत्तम अध्यक्ष के (महि) बड़े (स्तोमम्) गुण स्तुति के समूह को (कथा) किस प्रकार से (राधाम) सिद्ध करें और किस प्रकार हमको (प्सरः) सुखों का भोग सिद्ध होवे ॥ ७ ॥

भावार्थः- जब कोई मनुष्य किसी को पूछे कि हम लोग किस प्रकार से मित्रपन न्याय और उत्तम विद्याओं को प्राप्त होवें वह उन को ऐसा कहे कि परस्पर मित्रता विद्या दान और परोपकार ही से यह सब प्राप्त हो सकता है इस के विना कोई भी मनुष्य किसी सुख को सिद्ध करने को समर्थ नहीं हो सकता ॥ ७ ॥

सभाध्यक्षादयः प्रजास्थैः सह किं किं प्रतिजानीरन्नित्युपदिश्यते ।

सभाध्यक्ष आदि लोग प्रजा जनों के साथ क्या प्रतिज्ञा करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मा वो घ्नंतं मा शपन्तं प्रति वोचे देवयन्तंम् । सुम्नैरिद्व आ विवासे ॥ ८ ॥

मा । वः । घ्नन्तंम् । मा । शपन्तम् । प्रति । वोचे । देवऽयन्तंम् । सुम्नैः । इत् । वः । आ । विवासे ॥ ८ ॥

पदार्थः–(मा) निषेधार्थे (वः) युष्मान् (घ्नन्तम्) हिंसन्तम् (मा) (शपन्तम्) आक्रोशन्तम् (प्रति) प्रतीतार्थे (वोचे) वदेयम् । अत्र स्थानिवत्वादात्मनेपदमडभावश्च (देवयन्तम्) देवान् दिव्यगुणान् कामयमानम् (सुम्नैः) सुखैः सुम्नमिति सुखना० । निघं० ३ । ६ (इत्) एव (वः) युष्मान् (आ) समंतात् (विवासे) परिचरामि ॥ ८ ॥

अन्वयः–अहं वो युष्मान्मन्मित्रान् घ्नन्तं मा प्रतिवोचे वो युष्माकञ्छपंतं मा प्रतिवोचे प्रियं न वदेयम् । किन्तु युष्मान्सुम्नैः सह देवयन्तमिदेवाविवासे ॥ ८ ॥

भावार्थः–मनुष्यैः स्वमित्रशत्रौ तन्मित्रेऽपि प्रीतिः कदाचिन्नैव कार्य्या मित्ररक्षा सदैव विधेया । विदुषां मित्राणां प्रियधनभोजनवस्त्रयानादिभिर्नित्यं परिचर्य्या कार्य्या नोऽमित्रः सुखमेधते तस्मादिद्वांसो धार्मिकान् मित्रान्संपादयेयुः ॥ ८ ॥

पदार्थः–मैं (वः) मित्र रूप तुम को (घ्नन्तम्) मारते हुए जन से (माप्रतिवोचे) संभाषण भी न करूं (वः) तुम को (शपंतम्) कोसते हुए मनुष्य

से प्रिय (मा०) न बोलूं किन्तु (सुम्नैः) सुखों से सहित तुम को सुख देने हारे (इत्) ही (देवयन्तम्) दिव्यगुणों की कामना करने हारे को (आविवासे) अच्छे प्रकार सेवा सदा किया करूं ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्य को योग्य है कि न अपने शत्रु और न मित्र के शत्रु में प्रीति करे मित्र की रक्षा और विद्वानों को प्रियवाक्य भोजन वस्त्र यान आदि से सेवा सदा करनी चाहिये क्यों कि मित्र रहित पुरुष सुख की वृद्धि नहीं कर सकता इस से विद्वान् लोग बहुत से धर्मात्माओं को मित्र करें ॥ ८ ॥

उक्तवक्ष्यमाणेभ्यश्चतुर्भ्यो दुष्टेभ्यो भयं कृत्वा कदाचिन्न विश्वसेदित्युपदिश्यते ।

जो कहे और जिन को आगे कहते हैं उन चार दुष्टों से नित्यभय करके उनका विश्वास कभी न करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

चतुरश्चिद्ददमानाद्बिभीयादा निधातोः ।
न दुरुक्ताय स्पृहयेत् ॥ ९ ॥

चतुरः । चित् । ददमानात् । बिभीयात् । आ । निऽधातोः । न । दुःऽउक्ताय । स्पृहयेत् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(चतुरः) प्रन्तं शपन्तं द्वावुक्तौ । द्वौ वक्ष्यमाणौ (चित्) अपि (ददमानात्) दुःखार्थं विषादिकं प्रयच्छतः (बिभीयात्) भयं कुर्यात् (आ) आभिमुख्ये (निधातोः) अन्यायेन परपदार्थानां स्वीकर्तुः (न) निषेधार्थे (दुरुक्ताय) दुष्टमुक्तं येन तस्मै (स्पृहयेत्) ईप्सेदाप्तुमिच्छेत् ॥ ९ ॥

अन्वयः—मनुष्यो घ्नतः शपतो दद्मानान्निधातोरेतांश्चतुरः प्रति न विश्वसेच्चिद्बिभीयात्तथा दुरुक्ताय न स्पृहयेदेतांश्च मित्रान्कर्त्तुं नेच्छेत् ॥ ९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्दुष्टकर्म्मकारिणां दुष्टवचसां सङ्गविश्वासौ कदाचिन्नैव कार्यौ मित्रद्रोहापमानविश्वासघातश्च कदाचिन्नैव कर्त्तव्या इति ॥ ९ ॥

अस्मिन्सूक्ते प्रजारक्षणं शत्रुविजयमार्गशोधनं यानरचनचालने द्रव्योन्नतिकरणं श्रेष्ठैः सह मित्रत्वभावनं दुष्टेष्वविश्वासकरणमधर्म्माचरणान्नित्यं भयमित्युक्तमतः पूर्वसूक्तार्थेन सहैतदर्थस्य संगतिरस्तीति बोध्यम्। इति प्रथमस्य तृतीये त्रयोविंशो वर्गः। २३। प्रथममंडल एकचत्वारिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—मनुष्य (चतुरः) मारने शाप देने और (दद्मानात्) विषाद देने और (निधातोः) अन्याय से दूसरे के पदार्थों को हरने वाले इन चार प्रकार के मनुष्यों का विश्वास न करे (चित्) और इन से (बिभीयात्) नित्य डरे और (दुरुक्ताय) दुष्ट वचन कहने वाले मनुष्य के लिये (नस्पृहयेत्) इन पांचों को मित्र करने की इच्छा कभी न करे ॥ ९ ॥

भावार्थः— जैसे मनुष्यों को दुष्ट कर्म्म करने वा दुष्ट वचन बोलने वाले मनुष्यों का संग विश्वास और मित्र से द्रोह दूसरे का अपमान और विश्वासघात आदि कर्म्म कभी न करें ॥ ९ ॥

इस सूक्त में प्रजा की रक्षा शत्रुओं को जीतना मार्ग का शोधना यान की रचना और उन का चलाना द्रव्यों की उन्नति करना श्रेष्ठों के साथ मित्रता दुष्टों में विश्वास न करना और अधर्माचरण से नित्य डरना इस प्रकार कथन से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्त के अर्थ की संगति जाननी चाहिये। यह पहिले अष्टक के तीसरे अध्याय में तेईसवां वर्ग। २३। और पहिले मंडल में इकतालीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ४१ ॥

अथ दशर्चस्य द्विचत्वारिंशस्य सूक्तस्य घौरः कण्व ऋषिः । पूषा देवता । १ । ६ निचृद्गायत्री । २ । ३ । ५-८ । १० गायत्री च छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

प्रवसन्मार्गे किं किमेष्टव्यमित्युपदिश्यते ॥

अब बयालीसवें सूक्त का आरम्भ है । उस के पहिले मंत्र में प्रवास करते हुए मनुष्य मार्ग में किस २ पदार्थ की इच्छा करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

सम्पूषन्नध्वनस्तिर् व्यंहो विमुचो नपात् ॥
सक्ष्वा देव प्र णस्पुरः ॥ १ ॥

सम् । पूषन् । अध्वनः । तिर् । वि । अंहः । विऽमुचः । नपात् । सक्ष्व । देव । प्र । नः । पुरः ॥ १ ॥

पदार्थः-(सम्) सम्यगर्थे (पूषन्) पोषकविद्यया पुष्टिकारक विद्वन् । पूषेति पदना० निघं० ५ । ६ (अध्वनः) मार्गात् (तिर) पारं गच्छ (वि) विशेषार्थे (अंहः) दुःखरोगवेगम् । अत्र अमेर्हुक् च उ० ४ । २२० चादसुन् । अनेन वेगो गृह्यते (विमुचः) विमुंच (नपात्) न विद्यते पातो यस्य तत्संबुद्धौ (सक्ष्व) सक्तो भव । अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (देवः) दिव्यगुणसम्पन्न (प्र) प्रकृष्टार्थे (नः) अस्मान् । अत्र उपसर्गादनोत्परः । अ० ८ । ४ । २८ । अनेन णत्वम् (पुरः) पूर्वम् ॥ १ ॥

अन्वयः-हे पूषन्नपाद्देव विद्वंस्त्वं दुःखस्याध्वनः पारं वितिर

विशिष्टतया प्रापयांहो रोगदुःखवेगं विमुचो दूरीकुरु पुरः पूर्वं नोऽस्मान्प्रसत्स्व सद्गुणेषु प्रसक्तान् कुरु ॥ १ ॥

भावार्थः— मनुष्यैर्यथा परमेश्वरस्योपासनेन तदाज्ञापालनेन च सर्वदुःखपारं गत्वा सर्वाणि सुखानि प्राप्तव्यान्येवं धार्मिकसर्वमित्रपरोपकर्तृविदुषः सान्निध्योपदेशाभ्यामविद्याजालमार्गस्य पारं गत्वा विद्याऽर्कः संप्राप्तव्यः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (पूषन्) सब जगत् का पोषण करने वाले (नपात्) नाश रहित (देव) दिव्य गुण संपन्न विद्वन् दुःख के (अध्वनः) मार्ग से (वितिर) पार होकर हम को भी पार कीजिये (अंहः) रोग रूपी दुःखों के बेग को (विमुचः) दूर कीजिये (पुरः) पहिले (नः) हमलोगों को (प्रसत्स्व) उत्तम २ गुणों में प्रसक्त कीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्य जैसे परमेश्वर की उपासना वा उस की आज्ञा के पालन से सब दुःखों के पार प्राप्त होकर सब सुखों को प्राप्त करें इसी प्रकार धर्म्मात्मा सब के मित्र परोपकार करने वाले विद्वानों के समीप वा उन के उपदेश से अविद्या जालरूपी मार्ग से पार होकर विद्यारूपी सूर्य्य को प्राप्त करें ॥१॥

ये धर्म्मराजमार्गेषु विघ्नकर्त्तारस्ते निवारणीयाइत्युपदिश्यते ।

जो धर्म्म और राज्य के मार्गों में विघ्न करते हैं उनका निवारण करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यो नः पूषन्नघो वृको दुःशेव आदिदेशति ।
अप स्म तं पथो जहि ॥ २ ॥

यः । नः । पूषन् । अघः । वृकः । दुःऽशेवः । आऽदिदेशति । अप । स्म । तम् । पथः । जहि ॥ २ ॥

पदार्थः—(यः) वक्ष्यमाणः (नः) अस्मान् (पूषन्) विद्वन् (अघः) अघं पापं विद्यते यस्मिन् सः (वृकः) स्तेनः । वृकइति स्तेनना० । निघं० ३ । २४ (दुःशेवः) दुःखे शाययितुमर्हः (आदिदेशति) अतिसृजेदस्मानतिदिश्य पीडयेत् (अप) निवारणे (स्म) एव (तम्) दुष्टस्वभावम् (पथः) धर्मराजप्रजामार्गाद् दूरे (जहि) छिन्धि गमय वा ॥ २ ॥

अन्वयः—हे पूषन् विद्वँस्त्वं योऽघो दुःशेवो वृकः स्तेनोऽस्मानादिदेशति तं पथोऽपजहि विनाशय वा दूरे निःक्षिप ॥ २ ॥

भावार्थः— मनुष्यैः शिक्षाविद्यासेनाबलेन परस्वादायिनः शठाश्चोराः सर्वथा हन्तव्या दूरतः प्रक्षेप्याः सततं बन्धनीयाश्चैवं विधाय राजधर्मप्रजामार्गा निःशंका निर्भयाः संपादनीयाः । यथा परमेश्वरो दुष्टाँस्तत्कर्मानुसारेण शिक्षते तथैवाऽस्माभिरप्येते शिक्षादण्डविदद्वारा सर्वे साधवः संपादनीया इति ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (पूषन्) सब जगत् को विद्या से पुष्ट करने वाले विद्वान् आप (यः) जो (अघः) पाप करने (दुःशेवः) दुःख में शयन कराने योग्य (वृकः) स्तेन अर्थात् दुःख देने वाला चोर (नः) हम लोगों को (आदिदेशति) उद्देश करके पीड़ा देता हो (तम्) उस दुष्ट स्वभाव वाले को (पथः) राज धर्म और प्रजा मार्ग से (अपजहि) नष्ट वा दूर कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि शिक्षा विद्या तथा सेना के बल से दूसरे के धन को लेने वाले शठ और चोरों को मारना सर्वथा दूर करना निरन्तर बाँध के राज नीति के मार्गों को भय से रहित संपादन करें जैसे जगदीश्वर दुष्टों को उन के कर्मों के अनुसार दण्ड के द्वारा शिक्षा करता है वैसे हम लोग भी दुष्टों को दण्ड द्वारा शिक्षा देकर श्रेष्ठ स्वभाव युक्त करें ॥ २ ॥

पुनरेतस्मान्मार्गात्केके निवारणीयाइत्युपदिश्यते ।

फिर इस मार्ग से किन २ का निवारण करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

अप त्यं परिपन्थिनं मुषीवाणं हुरश्चितम्। दूरमधि स्रुतेरज॥ ३॥

अप। त्यम्। परिऽपन्थिनम्। मुषीवाणम्। हुरःऽचितम्। दूरम्। अधि। स्रुतेः। अज॥ ३॥

पदार्थः—(अप) दूरीकरणे (त्यम्) पूर्वोक्तम् (परिपन्थिनम्) प्रतिकूलं पन्थानं परित्यज्य स्तेयाय गुप्तं स्थितम्। अत्र छन्दसि परिपंथिपरिपरिणौपर्य्यवस्थातरि। अ० ५। २। ८९। अनेन पर्य्यवस्थाता विरोधी गृह्यते (मुषीवाणम्) स्तेयकर्मणाभित्तिं भित्वा दृष्टिमाहृत्य परपदार्थापहर्त्तारम्। मुषीवानिति स्तेनना०। निघं०। ३। २४ (हुरश्चितम्) उत्कोचकं हस्तात्परपदार्थापहर्त्तारम्हुरश्चिदिति स्तेनना०। निघं० ३। २४ (दूरम्) विप्रकृष्टदेशम् (अधि) उपरभावे (स्रुतेः) स्रवन्ति गच्छंति यस्मिन्स स्रुतिर्मार्गस्तस्मात्। अत्र क्तिच्क्तौ च संज्ञायाम्। अ। ३। ३। १७४ अनेन स्रुधतोः संज्ञायां क्तिच् (अज) प्रक्षिप॥ ३॥

अन्वयः—हे पूषँस्त्वं त्यं परिपंथिनं मुषीवाणं हुरश्चितमनेकविधं स्तेनं स्रुतेर्दूरमध्यपाज॥ ३॥

भावार्थः—चोरा अनेकविधाः केचिद्दस्यवः केचित्कपटेनापहर्त्तारः। केचिन्मोहयित्वा परपदार्थादायिनः। केचिदुत्कोच-

काः । केचिद्रात्रौ सुरंगं कृत्वा परपदार्थान् हरंति केचिन्नानापण्यवासिनो हट्टेषु छलेन परपदार्थान् हरंति केचिच्छुल्कग्राहिणः केचिद्भृत्या भूत्वा स्वामिनः पदार्थान् हरंति केचिच्छलकपटाभ्यां परराज्यानि स्वीकुर्वंति केचिद्धर्मोपदेशेन जनान् भ्रामयित्वा गुरवोभूत्वा शिष्यपदार्थान् हरंति केचित्प्राड्विवाकाः संतो जनान्विवादयित्वा पदार्थान् हरंति केचिन्न्यायासने स्थित्वा शुल्कादिकं स्वीकृत्य मित्रभावेन वाऽन्यायं कुर्वन्त्येतदादयस्सर्वे चोरा विज्ञेयाः । एतान् सर्वोपायैर्निवर्त्य मनुष्यैर्धर्मेण राज्यं शासनीयमिति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् राजन् आप (त्वम्) उस (परिपंथिनम्) प्रतिकूल चलने वाले डांकू (मुषीवाणम्) चोर कर्म से भित्ति को फोड़ कर दृष्टि का आच्छादन कर दूसरे के पदार्थों को हरने (हुरश्चितम्) उत्कोचक अर्थात् हाथ से दूसरे के पदार्थ को ग्रहण करने वाले अनेक प्रकार के चोरों को (स्रुतेः) राजधर्म और प्रजामार्ग से (दूरम्) (अध्यपाज) उन पर दण्ड और शिक्षा कर दूर कर दीजिये ॥ ३ ॥

भावार्थः—चोर अनेक प्रकार के होते हैं कोई डांकू कोई कपट से हरने कोई मोहित करके दूसरे के पदार्थों को ग्रहण करने कोई रात में सुरंग लगाकर ग्रहण करने कोई उत्कोचक अर्थात् हाथ से छीन लेने कोई नाना प्रकार के व्यवहारी दुकानों में बैठ छल से पदार्थों का हरने कोई शुल्क अर्थात् रिशवत लेने कोई भृत्य होकर स्वामी के पदार्थों को हरने कोई छल कपट से चोरों के राज्य का स्वीकार करने कोई धर्मोपदेश से मनुष्यों को भ्रमाकर गुरु बन शिष्यों के पदार्थों को हरने कोई प्राड्विवाक अर्थात् वकील होकर मनुष्यों को विवाद में फंसाकर पदार्थों को हर लेने और कोई न्यायासन पर बैठ प्रजा से धन लेके अन्याय करने वाले इत्यादि हैं इन सब को चोर जानो इन को सब उपायों से निकाल कर मनुष्यों को धर्म से राज्य का पालन करना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनरेतेषां चोराणां का गतिः कार्य्येत्युपदिश्यते ।

फिर इन पूर्वोक्त चोरों की क्या गति करनी चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

त्वं तस्य द्वयाविनो घशंसस्य कस्य चित् ।
पदाभि तिष्ठ तपुषिम् ॥ ४ ॥

त्वम् । तस्य । द्वयाविनः । अघऽशंसस्य । कस्य । चित् । पदा । अभि । तिष्ठ । तपुषिम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(त्वम्) पूर्वोक्तः पूषा (तस्य) पूर्वोक्तस्य वक्ष्यमाणस्य च (द्वयाविनः) प्रत्यक्षाप्रत्यक्षयोः परपदार्थापहर्तुः (अघशंसस्य) स्तेनस्य । अघशंस इति स्तेननामसु पठितम् । निघं० ३ । २४ (कस्य) किंत्वमितिवदतः (चित्) अपि (पदा) पादाक्रमणेन (अभितिष्ठ) स्थिरोभव (तपुषिम्) स्तेनानां संतापकारिकां सेनाम् ॥ ४ ॥

अन्वयः— हे पूषन्सेनासभाध्यक्ष त्वं तस्य द्वयाविनः कस्य चिदघशंसस्य तपुषिं पदाभितिष्ठ पादाक्रांतां कुरु ॥ ४ ॥

भावार्थः— नैव न्यायकारिभिर्मनुष्यैः कस्यापराधिनश्चोरस्य दण्डदानेन विना त्यागः कर्त्तव्यः । नोचेत्प्रजा पीडिता स्यात्तस्मात्प्रजारक्षणार्थं दुष्टकर्मकारिणः पितृाचार्य्यमातृपुत्रमि [illegible]ऽपि सदैव यथाऽपराधं ताडनीयाः ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे सेनासभाध्यक्ष (त्वम्) आप (तस्य) उस (द्वयाविनः) प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष लोगों के पदार्थों को हरने वाले (कस्यचित्) किसी (अघशंसस्य) (तपुषिम्) चोरों की सेना को (पदाभितिष्ठ) बल से वशीभूत कीजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः—न्याय करने वाले मनुष्यों को उचित है कि किसी अपराधी चोर को दंड देने विना छोड़ना कभी न चाहिये नहीं तो प्रजा पीड़ा युक्त हो करनष्ट भ्रष्ट होने से राज्य का नाश होजाय इसकारण प्रजा की रक्षा के लिये दुष्ट कर्म करने वाले अपराध किये हुए माता पिता आचार्य्य और मित्र आदि को भी अपराध के योग्य ताड़ना अवश्य देनी चाहिये ॥ ४ ॥

पुनः स न्यायाधीशः कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ॥

फिर वह न्यायाधीश कैसा होवे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ तत्ते॑ दस्र मन्तुमः पूष॒न्नवो॑ वृणीमहे ।
येन॑ पि॒तॄनचो॑दयः ॥ ५ ॥

आ । । तत् । ते । दस्र । मंतुऽमः । पूषन् ।
अवः । वृणीमहे । येन॑ । पितॄन् । अचो॑-
दयः ॥ ५ ॥

पदार्थः—(आ) समंतात् (तत्) पूर्वोक्तं वक्ष्यमाणं च (ते) तव (दस्र) दुष्टानामुपक्षेप्तः (मन्तुमः) मंतुः प्रशस्तं ज्ञानं विद्यते यस्य तत्संबुद्धौ (पूषन्) सर्वथा पुष्टिकारक (अवः) रक्षणादिकम् (वृणीमहे) स्वीकुर्वीमहि (येन) (पितॄन्) वयोज्ञानवृद्धान् (अचोदयः) धर्मे प्रेरयेः । अत्र लिङर्थे लङ् ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे दस्र मन्तुमः पूषन् विद्वंस्त्वं येन पितॄनचोदयस्तत् ते तवाऽवो रक्षणादिकं वयं वृणीमहे ॥ ५ ॥

भावार्थः—मनुष्या यथा प्रेमप्रीत्या सेवनेन जनकादीनध्यापकादीन् ज्ञानवयोवृद्धांश्च प्रीणयेयुस्तथैव सर्वासां प्रजानां सुखाय दुष्टान् दण्डयित्वा श्रेष्ठान्सुखयेयुः ॥ ५

पदार्थः—हे (दस्र) दुष्टों को नाश करने (मन्तुमः) उत्तम ज्ञान युक्त (पूषन्) सर्वथा पुष्टि करने वाले विद्वान् आप (येन) जिस रक्षादि से (पितॄन्) अवस्था वा ज्ञान से वृद्धों को (अचोदयः) प्रेरणा करो (तत्) उस (ते) आप के (अवः) रक्षादि को हम लोग (आवृणीमहे) सर्वथा स्वीकार करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—जैसे प्रेम प्रीति के साथ सेवन करने से उत्पन्न करने वा पढ़ाने वाले ज्ञान वा अवस्था से वृद्धों को तृप्त करें वैसे ही सब प्रजाओं के सुख के लिये दुष्ट मनुष्यों को दण्ड दे के धार्मिकों को सदा सुखी रक्खें ॥ ५ ॥

पुनः स प्रजासु किं कुर्य्यादित्युपदिश्यते ॥

फिर वह न्यायाधीश प्रजा में क्या करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अधा नो विश्वसौभग हिरण्यवाशीमत्तम ।
धनानि सुषणा कृधि ॥ ६ ॥

अध । नः । विश्वऽसौभग । हिरण्यवाशीमत्ऽतम । धनानि । सुऽसना । कृधि ॥ ६ ॥

पदार्थः—(अध) अथेत्यनंतरम् । अत्र वर्णव्यत्ययेन थस्य धो निपातस्य चेति दीर्घश्च (नः) अस्मभ्यम् (विश्वसौभग) विश्वेषां सर्वेषां सुभगानां श्रेष्ठानामैश्वर्य्याणां भावो यस्य तत्संबुद्धौ (हिरण्यवाशीमत्तम) हिरण्येन सत्यप्रकाशेन परमयशसा सह प्रशस्ता वाक् विद्यते यस्य सोतिशयितस्तत्संबुद्धौ । वाशीतिवाङ्ना० निघं० १ । ११ (धनानि) विद्याधर्मचक्रवर्त्तिराज्यश्रीसिद्धानि (सुषणा) यानि सुखेन सन्यंते तानि सुषणानि । अत्र । अविहितलक्षणोमूर्द्धन्यः सुषामादिषु द्रष्टव्यः । अ० । ८ । ३ । ९८ । इति मूर्द्धन्यादेशस्तत्सन्नियोगेन णत्वं शेश्छन्दसि बहुलमिति लोपश्च (कृधि) कुरु ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे विश्वसौभग हिरण्यवाशीमत्तम पृथिव्यादिराज्ययुक्त सभाध्यक्ष विद्वँस्त्वं नोऽस्मभ्यं सुषणा धनानि कृधि ॥ ६ ॥

भावार्थः—ईश्वरस्यानंतसौभगत्वाद्धार्मिकस्य सभासेनान्यायाधीशस्य चक्रवर्त्तिसुखैश्वर्ययुक्तत्वादेतौ समाश्रित्य मनुष्यैरसंख्यातानि विद्यासुवर्णादिधनानि प्राप्य बहुसुखभोगः कर्त्तव्यः कारयितव्यश्चेति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (विश्वसौभग) संपूर्ण ऐश्वर्यों को प्राप्त होने (हिरण्यवाशीमत्तम) अतिशय करके सत्य के प्रकाशक उत्तम कीर्त्ति और सुशिक्षित वाणी युक्त सभाध्यक्ष आप (नः) हमलोगों के लिये (सुषणा) सुखसे सेवन करने योग्य (धनानि) विद्याधर्म और चक्रवर्त्ति राज्य की लक्ष्मी से सिद्ध किये हुए धनों को (प्राप्त) कराके (अध) पश्चात् हमलोगों को सुखी (कृधि) कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—ईश्वर के अनंत सौभाग्य वा सभासेना न्यायाधीश धार्मिक मनुष्य के चक्रवर्त्ति राज्य आदि सौभाग्य होने से इन दोनों के आश्रय से मनुष्यों को असंख्यात विद्या सुवर्ण आदि धनों की प्राप्ति से अत्यंत सुखों के भोग को प्राप्त होना वा कराना चाहिये ॥ ६ ॥

पुनः स कीदृशानस्मान्सम्पादयेदित्युपदिश्यते ।

फिर वह हम लोगों को किस प्रकार के करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अति नः सश्चतो नय सुगा नः सुपथा कृणु ।
पूषन्निह क्रतुं विदः ॥ ७ ॥

अति । नः । सश्चतः । नय । सुऽगा । नः । सुऽपथा । कृणु । पूषन् । इह । क्रतुम् । विदः ॥ ७ ॥

पदार्थः-(अति) अत्यन्तार्थे (नः) अस्मान् (सश्चतः) विज्ञानवतो विद्याधर्मप्राप्तान् (नय) प्रापय (सुगा) सुखं गच्छन्ति प्राप्नुवंति यस्मिन् तेन (नः) अस्मान् (सुपथा) विद्या धर्मयुक्तेनाप्तमार्गेण (कृणु) कुरु (पूषन्) सर्वपोषकेश्वर प्रजापोषक सभाध्यक्ष वा (इह) अस्मिन्समये संसारे वा (क्रतुम्) श्रेष्ठं कर्म प्रज्ञां वा क्रतुरिति कर्म्मना० । निघं० १ । २ प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ (विदः) प्राप्नुहि । अत्र वा छन्दसि सर्वे विधयोभ० इति गुणविकल्पो लेट्प्रयोगोऽन्तर्गतो ण्यर्थश्च । सायणाचार्य्येणेदमज्ञानेन साधितम् । गुण प्राप्तिर्न बुद्धाऽतोस्यानभिज्ञता दृश्यते ॥ ७ ॥

अन्वयः-हे पूषन् परमात्मन् सभाध्यक्ष वा त्वमिह सश्चतो नोऽस्मान् सुगा सुपथाऽतिनय नोऽस्मान् क्रतुं विदः ॥ ७ ॥

भावार्थः-अत्र श्लेषालंकारः । सर्वैर्मनुष्यैरेवं जगदीश्वरः प्रार्थनीयः । हे जगदीश्वर भवान् कृपयाऽधर्ममार्गादस्मान्निवर्त्य धर्म मार्गेण नित्यं गमयत्विति । विद्वानपि प्रष्टव्यः सेवनीयश्च भवान्नोऽस्माञ्छुद्धेन सरलेन वेदविद्यामार्गेण गमयत्विति ॥ ७ ॥

पदार्थः-हे (पूषन्) सब को पुष्ट करने वाले जगदीश्वर वा प्रजा का पोषण करने हारे सभाध्यक्ष विद्वन् आप (इह) इस संसार वा जन्म में (सश्चतः) विज्ञान युक्त विद्या धर्म को प्राप्त हुए (नः) हम लोगों को (सुगा) सुख पूर्वक जाने के योग्य (सुपथा) उत्तम विद्या धर्म युक्त विद्वानों के मार्ग से (अतिनय) अत्यन्त प्रयत्न से चलाइये और हम लोगों को उत्तम विद्यादि धर्म मार्ग से (क्रतुम्) उत्तम कर्म वा उत्तम प्रज्ञा से (विदः) जान ने वाले कीजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में श्लेषालंकार है । सब मनुष्यों को ईश्वर की प्रार्थना इस प्रकार करनी चाहिये कि हे जगदीश्वर आप कृपा कर के अधर्म मार्ग से हम लोगों को अलग कर धर्म मार्ग में नित्य चलाइये तथा विद्वान् से पूछना वा उस का सेवन करना चाहिये कि हे विद्वान् आप हम लोगों को शुद्ध सरल वेद विद्या से सिद्ध किये हुए मार्ग में सदा चलाया कीजिये ॥ ७ ॥

पुनस्तेन किं प्रापणीयमित्युपदिश्यते ।

फिर उसने किस को प्राप्त होना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अभि सूयवसं नय न नवज्वारो अध्वने ।
पूषन्निह क्रतुं विदः ॥ ८ ॥

अभि । सुऽयवसम् । नय । न । नवऽज्वारः ।
अध्वने । पूषन् । इह । क्रतुम् । विदः ॥ ८ ॥

पदार्थः-(अभि) आभिमुख्ये (सुयवसम्) शोभनो यवाद्योषधिसमूहो यस्मिन्देशे तम् । अत्रान्येषामपिदृश्यत इति दीर्घः (नय) प्रापय (न) निषेधार्थे (नवज्वारः) यो नवो नूतनश्चासौ ज्वारः संतापश्च सः (अध्वने) मार्गाय (पूषन्) सभाध्यक्ष (इह) उक्तार्थम् (विदः) प्राप्नुहि ॥ ८ ॥

अन्वयः-हे पूषँस्त्वमिहाऽध्वने सुयवसं देशमभिनय तेन मार्गेण क्रतुं विदो येन त्वयि नवज्वारो न भवेत् ॥ ८ ॥

भावार्थः-हे परमेश्वर भवान् स्वकृपया श्रेष्ठं देशं गुणाँश्चास्मभ्यं देहि । सर्वाणि दुःखानि निवार्य्य सुखानि प्रापय हे विद्वन् सभाध्यक्ष त्वमस्मान् विनयेन पालयित्वा विद्यां शिक्षयित्वाऽस्मिन्राज्ये सुखयेति ॥ ८ ॥

पदार्थः-हे (पूषन्) सभाध्यक्ष इस संसार वा जन्मांतर में (अध्वने) श्रेष्ठ मार्ग के लिये हम लोगों को (सुयवसम्) उत्तम यव आदि ओषधी होने वाले देश को (अभिनय) सब प्रकार प्राप्त कीजिये और (क्रतुम्) उत्तम कर्म वा

प्रज्ञा को (विदः) प्राप्त कीजिये जिस से इस मार्ग में चल के हम लोगों में (नवज्वारः) नवीन २ सन्ताप (न) न हों ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे सभाध्यक्ष आप अपनी कृपा से श्रेष्ठ देश वा उत्तम गुण हम लोगों को दीजिये और सब दुःखों को निवारण कर सुखों को प्राप्त कीजिये हे सभासेनाध्यक्ष विद्वान् लोगों को विनयपूर्वक पालन से विद्या पढ़ा कर इस राज्य में सुख युक्त कीजिये ॥ ८ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

शग्धि पूर्धि प्र यंसि च शिशीहि प्रास्युदरम् । पूषन्निह क्रतुं विदः ॥ ९ ॥

शग्धि । पूर्धि । प्र । यंसि । च । शिशीहि । प्रासि । उदरम् । पूषन् । इह । क्रतुम् । विदः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(शग्धि) सुखदानाय समर्थोऽसि । अत्र बहुलं छन्दसीति श्नोर्लुक् (पूर्धि) प्रीणीहि सर्वाणि सुखानि संप्राप्नुहि (प्र) प्रकृष्टार्थे (यंसि) यच्छ । दुष्टेभ्यः कर्मभ्य उपरतोऽसि । अत्र लोडर्थे लट् (च) समुच्चये (शिशीहि) सुखेन शयनं कुरु । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (प्रासि) सर्वाणि सेनांगानि प्रजांगानि च प्रपूर्धि (उदरम्) श्रेष्ठैर्भोजनादिभिस्तर्पयतु (पूषन्) सेनाद्यध्यक्ष (इह) प्रजासुखे (क्रतुम्) युद्धप्रज्ञां कर्म वा (विदः) प्राप्नुहि ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे पूषन् सभासेनाद्यध्यक्ष त्वं सेनाप्रजांगानि शग्धि पूर्द्धि प्रयंसि शिशीहि नोऽस्माकमुदरं चोत्तमान्नैरिह प्रासि प्रपूर्धि क्रतुं विदः ॥ ९ ॥

भावार्थः—नहि सभासेनाद्यध्यक्षाभ्यां विनेह कश्चित्सामर्थ्यप्रदः सुखैरलंकर्त्ता पुरुषार्थप्रदश्चोरदस्युभयनिवारकः सर्वोत्तमभोगप्रदो न्यायविद्याप्रकाशकश्च विद्यते तस्मात्तस्यैवाऽऽश्रयः सर्वैः कर्त्तव्यः ॥९॥

पदार्थः—हे (पूषन्) सभासेनाधिपते आप हम लोगों के (शग्धि) सुख देने के लिये समर्थ (पूर्धि) सब सुखों की पूर्ति कर (प्रयंसि) दुष्ट कर्मों से पृथक् रह (शिशीहि) सुख पूर्वक सो वा दुष्टों का छेदन कर (प्रासि) सब सेना वा प्रजा के अङ्गों को पूरण कीजिये और हम लोगों के (उदरम्) उदर को उत्तम अन्नों से (इह) इस प्रजा के सुख से तथा (क्रतुम्) युद्ध विद्या को (विदः) प्राप्त हूजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेषाऽलङ्कार है। सभा और सेनाध्यक्ष के विना इस संसार में कोई सामर्थ्य को देने वा सुखों से अलंकृत करने पुरुषार्थ को देने चोर डाकुओं से भय निवारण करने सब को उत्तम भोग देने और न्यायविद्या का प्रकाश करने वाला अन्य नहीं हो सकता इस से इन दोनों का आश्रय सब मनुष्य करें ॥ ९ ॥

तमाश्रित्य कथं भवितव्यं किं च कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥

उस का आश्रय ले कर कैसे होना वा क्या करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

न पूषणं मेथामसि सूक्तैरभि गृणीमसि ।
वसूनि दस्ममीमहे ॥ १० ॥

न । पूषणम् । मेथामसि । सुऽउक्तैः । अभि । गृणीमसि । वसूनि । दस्मम् । ईमहे ॥ १० ॥

पदार्थः—(न) निषेधार्थे (पूषणम्) पूर्वोक्तं सभासेनाद्यध्यक्षम् (मेथामसि) हिंस्मः (सूक्तैः) वेदोक्तैः स्तोत्रैः (अभि) सर्वतः

(गृणीमसि) स्तुमः । अत्रोभयत्र मसिरादेशः (वसूनि) उत्तमानि धनानि (दस्मम्) शत्रुम् (ईमहे) याचामहे ॥ १० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं सूक्तैः पूषणं सभासेनाद्यध्यक्षमभि गृणीमसि दस्मं मेथामसि वसूनीमहे परस्परं कदाचिन्न द्विष्मस्तथैव यूयमप्याचरत ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषालं० । न केनचिन्मूर्खत्वेन सभासेनाध्यक्षाश्रयं त्यक्त्वा शत्रुर्याचनीयः किन्तु वेदै राजनीतिं विज्ञाय सुसहायेन शत्रून् हत्वा विज्ञानसुवर्णादीनि धनानि प्राप्य सुपात्रेभ्यो दानं दत्वा विद्या विस्तारणीया ॥ १० ॥

अत्र पूषन्शब्दवर्णनं शक्तिवर्द्धनं दुष्टशत्रुनिवारणं सर्वैश्वर्य्यप्रापणं सुमार्गगमनं बुद्धिकर्मवर्द्धनं चोक्तमस्त्यतोऽस्यैकचत्वारिंशसूक्तार्थेन सहैतदर्थस्य संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति पंचविंशतितमो वर्गो द्विचत्वारिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य लोगो जैसे हम लोग (सूक्तैः) वेदोक्त स्तोत्रों से (पूषणम्) सभा और सेनाध्यक्ष को (अभिगृणीमसि) गुण ज्ञान पूर्वक स्तुति करते हैं (दस्मम्) शत्रु को (मेथामसि) मारते हैं (वसूनि) उत्तम वस्तुओं को (ईमहे) याचना करते हैं और आपस में द्वेष कभी (न) नहीं करते वैसे तुम भी किया करो ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालंकार है । किसी मनुष्य को नास्तिक वा मूर्खपन से सभाध्यक्ष की आज्ञा को छोड़ शत्रु की याचना न करनी चाहिये किन्तु वेदों से राजनीति को जान के इन दोनों के सहाय से शत्रुओं को मार विज्ञान वा सुवर्ण आदि धनों को प्राप्त होकर उत्तम मार्ग में सुपात्रों के लिये दान देकर विद्या का विस्तार करना चाहिये ॥ १० ॥

इस सूक्त में पूषन् शब्द का वर्णन शक्ति का बढ़ाना दुष्ट शत्रुओं का निवारण संपूर्ण ऐश्वर्य की प्राप्ति सुमार्ग में चलना बुद्धि वा कर्म का बढ़ाना कहा है इस से इस सूक्त के अर्थ की संगति पूर्व सूक्तार्थ के साथ जाननी चाहिये यह पचीसवां वर्ग २५ और बयालीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ४२ ॥

अथ नवर्चस्य त्रयश्चत्वारिंशस्य सूक्तस्य घोरः कण्व ऋषिः । १ । २ । ४ । ५ । ६ । रुद्रः । ३ मित्रावरुणौ ७ । ८ । ९ सोमश्च देवताः १ । ४ । ७ । ८ गायत्री ५ विराड्गायत्री ६ पादनिचृद्गायत्री च छन्दः । षड्जः स्वरः । ९ अनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः ।

अथ रुद्रशब्दार्थ उपदिश्यते

अब तेंतालीशवें सूक्त का आरंभ है उस के पहिले मंत्र में रुद्रशब्द के अर्थ का उपदेश किया है ॥

कद्रुद्राय प्रचेतसे मीढुष्टमाय तव्यसे । वोचेम शन्तमं हृदे ॥ १ ॥

कत् । रुद्राय । प्रचेतसे । मीढुःऽतमाय । तव्यसे । वोचेम । शम्ऽतमम् । हृदे ॥ १ ॥

पदार्थः-(कत्) कदा (रुद्राय) परमेश्वराय जीवाय वा (प्रचेतसे) प्रकृष्टं चेतो ज्ञानं यस्य यस्माद्वा तस्मै (मीढुष्टमाय) प्रसेक्तृतमाय (तव्यसे) अतिशयेन वृद्धाय । अत्र तवीयानिति संप्राप्ते छांदसो वर्णलोपो वेतीकारलोपः (वोचेम) उपदिशेम (शंतमम्) अतिशयितं सुखम् (हृदे) हृदयाय ॥ १ ॥

अन्वयः-वयं कत्कदा प्रचेतसे मीढुष्टमाय तव्यसे हृदे रुद्राय शंतमं वोचेम ॥ १ ॥

भावार्थः-रुद्रशब्देन त्रयोऽर्था गृह्यंते । परमेश्वरो जीवो वायुश्चेति तत्र परमेश्वरः सर्वज्ञतया येन यादृशं पापकर्म कृतं तत्फलदानेन रोदयिताऽस्ति जीवः खलु यदा मरणसमये शरीरं जहाति पापफलं च भुंक्ते तदा स्वयं रोदिति वायुश्च शूलादिपीडाकर्मकर्मनिमित्तः सन्रोदयिताऽस्त्यतएते रुद्रा विज्ञेयाः ॥ १ ॥

पदार्थः—हमलोग (कत्) कब (प्रचेतसे) उत्तम ज्ञानयुक्त (मीढुष्टमाय) अतिशय करके सेवन करने वा (तव्यसे) अत्यन्त दृढ (हृदे) हृदय में रहने वाले (रुद्राय) परमेश्वर जीव वा प्राण वायु के लिये (शंतमम्) अत्यन्त सुख रूप वेद का (वोचेम) अच्छे प्रकार उपदेश करें ॥ १ ॥

भावार्थः—रुद्र शब्द से तीनअर्थों का ग्रहण है परमेश्वर जीव और वायु उन में से परमेश्वर अपने सर्वज्ञपन से जिस ने जैसा पाप कर्म किया उस कर्म के अनुसार फल देने से उस को रोदन कराने वाला है जीव निश्चय करके मरने समय अन्य सम्बन्धियों को इच्छा कराता हुआ शरीर को छोड़ता है तब अपने आप रोता है और वायु शूल आदि पीड़ा कर्म से रोदन कर्म का निमित्त है इन तीनों के योग से मनुष्यों को अत्यंत सुखों को प्राप्त होना चाहिये ॥ १ ॥

पुनः स किं करोतीत्युपदिश्यते

फिर वह क्या करता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

यथा॑ नो॒ अदि॑तिः कर॒त् पश्वे॒ नृभ्यो॒ यथा॒ गवे॑ । यथा॑ तो॒काय॑ रु॒द्रिय॑म् ॥ २ ॥

यथा॑ । नः॒ । अदि॑तिः । कर॒त् । पश्वे॑ । नृऽभ्यः॑ । यथा॑ । गवे॑ । यथा॑ । तो॒काय॑ । रु॒द्रिय॑म् ॥ २ ॥

पदार्थः—(यथा) येन प्रकारेण (नः) अस्मभ्यम् (अदितिः) माता । अचादितिर्द्यौरित्यादिना माता गृह्यते (करत्) कुर्य्यात् अत्रा ऽयंभ्वादिः (पश्वे) पशुसमूहाय पशुपालः । अत्र जसादिषु छन्दसि वा वचनम् अ० ७ । ६ । १०८ इति वार्त्तिकेनायं सिद्धः (नृभ्यः) यथा मनुष्येभ्यो नृपतिः (यथा) (गवे) इन्द्रियाय

जीवः पृथिव्यै कृषीबलः (यथा) (तोकाय) सद्योजातायापत्याय बालकाय (रुद्रियम्) रुद्रस्येदं कर्म। अत्र पृषोदराद्याकृतिगणांतर्गतत्वादिदमर्थं घः ॥ २ ॥

अन्वयः—यथा तोकायादितिर्माता यथा पश्वे पशुपालो यथा नृभ्यो नरेशो यथा गवे गोपालश्च सुखं करत् कुर्यात् तथा नोऽस्मभ्यं रुद्रियं कर्म स्यात् ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः। यथा मातापितृभ्यां सन्तानाय पशुभ्यो गोपालेन राजसभया च विना प्रजाभ्यः सुखं न जायते तथैव विद्यापुरुषार्थाभ्यां विना सुखं न भवति ॥ २ ॥

पदार्थः—(यथा) जैसे (तोकाय)उत्पन्न हुए बालक के लिये (अदितिः) माता (यथा) जैसे (पश्वे) पशु समूह के लिये पशुओं का पालक (यथा) जैसे (नृभ्यः) मनुष्यों के लिये राजा (यथा) जैसे (गवे) इन्द्रियों के लिये जीव वा पृथिवी के लिये खेती करने वाला (करत्) सुखों को करता है वैसे (नः) हम लोगों के लिये (रुद्रियम्) परमेश्वर वा पवनों का कर्म प्राप्त हो ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमाऽलंकार है। जैसे माता पिता पुत्र के लिये गोपाल पशुओं के लिये और राजसभा प्रजा के लिये सुख कारी होते हैं वैसे ही सुखों के करने और कराने वाले परमेश्वर और पवन भी हैं ॥ २ ॥

अथ सर्वैः सह विद्वांसः कथं वर्त्तेरन्नित्युपदिश्यते

अब सब के साथ विद्वान् लोग कैसे वर्त्तें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है

यथा नो मित्रो वरुणो यथा रुद्रश्चिकेतति।
यथा विश्वे सजोषसः ॥ ३ ॥

यथा। नः। मित्रः। वरुणः। यथा। रुद्रः। चिकेतति। यथा। विश्वे। सजोषसः ॥३॥

पदार्थः—(यथा) येन प्रकारेण (नः) अस्मान् (मित्रः) सखा प्राणो वा (वरुणः) उत्तम उपदेष्टोदानो वा (यथा) (रुद्रः) परमेश्वरः (चिकेतति) ज्ञापयति (यथा) (विश्वे) सर्वे (सजोषसः) समानो जोषः प्रीतिः सेवनं वा येषान्ते ॥ ३ ॥

अन्वयः—यथा मित्रो यथा वरुणो यथा रुद्रो नोऽस्माँश्चिकेतति यथा विश्वे सजोषसः सर्वे विद्वांसः सर्वा विद्याश्चिकेतन्ति तथाऽऽप्ता जनाः सत्यं विज्ञापयन्तु ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः। यथा सर्वैर्विद्वद्भिर्मैत्रीमुत्तमशीलं च धृत्वा सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यो यथार्था विद्या उपदेष्टव्याः। यथा परमेश्वरेण वेदद्वारा सर्वा विद्याः प्रकाशितास्तथैवाध्यापकैः सर्वे मनुष्या विद्यायुक्ताः सम्पादनीया इति ॥ ३ ॥

पदार्थः—(यथा) जैसे (मित्रः) सखा वा प्राण और (वरुणः) उत्तम उपदेष्टा वा उदान (यथा) जैसे (रुद्रः) परमेश्वर (नः) हमलोगों को (चिकेतति) ज्ञान युक्त करते हैं (यथा) जैसे (विश्वे) सब (सजोषसः) स्वतुल्य प्रीति सेवन करने वाले विद्वान् लोग सब विद्याओं के जानने वाले होते हैं वैसे यथार्थ वक्ता पुरुष सब को जनाया करें ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे विद्वान् लोग सब मनुष्यों को मित्रपन और उत्तम शील को धारण कराकर उन के लिये यथार्थ विद्याओं को प्राप्ति और जैसे परमेश्वर ने वेदद्वारा सब विद्याओं का प्रकाश किया है वैसे विद्वान् अध्यापकों को भी सब मनुष्यों को विद्या युक्त करना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनः स रुद्रः कीदृश इत्युपदिश्यते

फिर वह रुद्र कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

गाथपतिं मेधपतिं रुद्रं जलाषभेषजम् ।
तच्छंयोः सुम्नमीमहे ॥ ४ ॥

गा॒थऽप॑तिम् । मे॒धऽप॑तिम् । रु॒द्रम् । जला॑षऽभेषजम् । तत् । शं॒ऽयोः । सु॒म्नम् । ई॒म॒हे॒ ॥ ४ ॥

पदार्थः—(गाथपतिम्) यो गाथानां स्तावकानां विदुषां पतिः पालकस्तम् (मेधपतिम्) यो मेधानां पवित्राणां पुरुषाणां वा पालयिता तम् । मेधइति यज्ञना० निघं० ३ । १७ (रुद्रम्) पूर्वोक्तम् (जलाषभेषजम्) जलाषाय सुखाय भेषजं यस्मात्तम् (तत्) ज्ञानम् (शंयोः) शं लौकिकं पारमार्थिकं सुखं विद्यते यस्मिँस्तस्य (सुम्नम्) मोक्षसुखम् (ईमहे) याचामहे ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं गाथपतिं मेधपतिं जलाषभेषजं रुद्रमाश्रित्य यच्छंयोरपि सुम्नं मोक्षसुखमीमहे याचामहे तथैव यूयमपीच्छत ॥ ४ ॥

भावार्थः—नहि कश्चित्स्तुतीनां मेधानां दुःखनाशकानामोषधीनां प्रापकेण विदुषा प्राणायामेन च विना विज्ञानं लौकिकं सुखं मोक्षसुखं च प्राप्तुमर्हति ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हमलोग (गाथपतिम्) स्तुति करने वालों के पालक (मेधपतिम्) यज्ञ वा पवित्र पुरुषों की पालना करने वाले (जलाषभेषजम्) जिस से सुख के लिये औषधी हो उस (रुद्रम्) परमेश्वर के आश्रय होकर (तत्) उस विज्ञान वा (शंयोः) व्यावहारिक पारमार्थिक सुख से भी (सुम्नम्) मोक्ष के सुख को (ईमहे) याचना करते हैं वैसे तुम भी करो ॥ ४ ॥

भावार्थः—कोई भी मनुष्य स्तुति यज्ञ वा दुःखों के नाश करने वाली ओषधियों की प्राप्ति कराने वाले परमेश्वर विद्वान् और प्राणायाम के विना विज्ञान और लौकिक सुख वा मोक्ष सुख प्राप्त होने के योग्य नहीं हो सकता ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यः शुक्रइव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते । श्रेष्ठो देवानाम्वसुः ॥ ५ ॥

यः । शुक्रःऽइव । सूर्यः । हिरण्यम्ऽइव । रोचते । श्रेष्ठः । देवानाम् । वसुः ॥ ५ ॥

पदार्थः-(यः) पूर्वोक्तो रुद्रः (शुक्रइव) यथा तेजस्वी (सूर्यः) सविता (हिरण्यमिव) यथा सुवर्णं प्रीतिकरम् (रोचते) रुचिकारी वर्त्तते (श्रेष्ठः) अत्युत्तमः (देवानाम्) सर्वेषां विदुषां पृथिव्यादीनां च मध्ये (वसुः) वसन्ति सर्वाणि भूतानि यस्मिन् सः ॥ ५ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या यूयं यो रुद्रः सभेशः सूर्यः शुक्रइव हिरण्यमिव रोचते देवानां श्रेष्ठो वसुरस्ति तं सेनानायकं कुरुत ॥ ५ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालंकारः । मनुष्यैर्यथा परमेश्वरः सर्वेषां ज्योतिषां ज्योतिरानंदिनामानन्दी श्रेष्ठानामुत्तमानामुत्तमो देवानां देवोऽधिकारिणामधिकारणमस्ति । एवं सभाध्यक्षः प्रकाशवत्सु प्रकाशवान् न्यायकारिषु न्यायकारी खल्वानन्दप्रदेष्वानन्दप्रदः श्रेष्ठस्वभावेषु श्रेष्ठस्वभावो विद्वत्सु विद्वान् वासहेतूनां वासहेतुर्भवेदिति वेद्यम् ॥ ५ ॥

पदार्थः-(यः) जो पूर्व कहा हुआ रुद्र सेनापति (सूर्यःशुक्रइव) तेजस्वी शुद्ध भास्वर सूर्य के समान (हिरण्यमिव) सुवर्ण के तुल्य प्रीति कारक (देवानाम्) सब विद्वान् वा पृथिवी आदि के मध्य में (श्रेष्ठः) अत्युत्तम (वसुः)

सम्पूर्ण प्राणी मात्र का बसाने वाला (रोचते) प्रीति कारक हो उसको सेना का प्राधन करो ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है । मनुष्यों को उचित है कि जैसा परमेश्वर सब ज्योतियों का ज्योति आनन्दकारियों का आनन्दकारी श्रेष्ठों का श्रेष्ठ विद्वानों का विद्वान् आधारों का आधार है वैसे ही जो न्यायकारियों में न्यायकारी आनंद देने वालों में आनन्द देने वाला श्रेष्ठ स्वभाव वालों में श्रेष्ठ स्वभाव वाला विद्वानों में विद्वान् और वास हेतुओं का वास हेतु वीर पुरुष हो उस को सभाध्यक्ष मानना चाहिये ॥ ५ ॥

स तस्मै किं करोतीत्युपदिश्यते ॥

वह उस के लिये क्या करता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

शन्नः करत्यर्वते सुगं मेषाय मेष्ये । नृभ्यो नारिभ्यो गवे ॥ ६ ॥

शम् । नः । करति । अर्वते । सुऽगम् । मेषाय । मेष्ये । नृऽभ्यः । नारिऽभ्यः । गवे ॥ ६ ॥

पदार्थः—(शम्) सुखम् (नः) अस्माकम् (करति) कुर्यात् । लेटप्रयोगोऽयम् (अर्वते) अश्वजातये । अर्वेत्यश्वना० निघं० १।१४ (सुगम्) सुखं गम्यं यस्मिन् । अत्र बहुलमिति करणे डः (मेषाय) मेषजातये (मेष्ये) तत्स्त्रियै । अत्र वाच्छंदसि सर्वे विधयो भवंतीत्यडागमो न भवति (नृभ्यः) मनुष्येभ्यः (नारिभ्यः) तत्स्त्रीभ्यः (गवे) गोजातये ॥ ६ ॥

अन्वयः—यो रुद्रो नोऽस्माकमर्वते मेषाय मेष्ये नृभ्यो नारिभ्यो गवे सुगं शंसततं करति सएव सभाधीशः स्थापनीयः ॥६ ॥

भावार्थः— मनुष्यैः स्वस्य स्वकीयपरकीयानां मनुष्याणां पश्वादीनां च सुखाय परमेश्वरस्य प्रार्थना विदुषां सहायः प्राणानां यथावदुपयोगः पुरुषार्थश्च कर्त्तव्य इति ॥ ६ ॥

पदार्थः—जो रुद्र सभास्वामी (नः) हम लोगों की (अर्वते) अश्वजाति (मेषाय) मेषजाति (मेष्ये) भेड़बकरी (नृभ्यः) मनुष्य जाति (नारिभ्यः) स्त्री जाति और (गवे) गोजाति के लिये (सुगम्) सुगम (शम्) सुख को (करति) निरंतर करै वही न्यायाधीश करना चाहिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को अपनी वा अपने पशु मनुष्यों के लिये परमेश्वर की प्रार्थना विद्वानों की सहायता प्राणवायुओं से यथावत् उपयोग और अपना पुरुषार्थ करना चाहिये ॥ ६ ॥

पुनस्तद्गुणा उपदिश्यंते ॥

अब अगले मंत्र में रुद्र के गुणों का उपदेश किया है ॥

अस्मे सोम श्रियमधि नि धेहि शतस्य नृणाम् । महि श्रवस्तुविनृम्णम् ॥ ७ ॥

अस्मेऽइति । सोम । श्रियम् । अधि । नि । धेहि । शतस्य । नृणाम् । महि । श्रवः । तुविऽनृम्णम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(अस्मे) अस्मभ्यमस्माकं वा । अत्र सुपां सुलुगिति शे आदेशः (सोम) सर्वसुखप्रापक सभाध्यक्ष (श्रियम्) लक्ष्मीं विद्यां भोगान् धनं वा (अधि) उपरिभावे (नि) निश्चयार्थे (धेहि)

स्थापय (शतस्य) बहूनाम् (नृणाम्) वीरपुरुषाणाम् (महि) पूज्यमहद्वा (श्रवः) विद्याश्रवणमन्नं वा (तुविनृम्णम्) बहुविधं धनम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे सोम सभाध्यक्ष त्वमस्मे अस्मभ्यमस्माकं वा शतस्य नृणां तुविनृम्णं महि श्रवः श्रियं चाधि निधेहि ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषाऽलङ्कारः । नहि कश्चित्परमेश्वरस्य कृपया सभाध्यक्षसहायेन स्वपुरुषार्थेन च विना पूर्णां विद्यां पशूँश्चक्रवर्तिराज्यं लक्ष्मीं च प्राप्तुं शक्नोतीति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (सोम) जगदीश्वर सभाध्यक्ष वा आप (अस्मे) हम लोगों के लिये वा हमलोगों के (शतस्य) बहुत (नृणाम्) वीरपुरुषों के (तुविनृम्णम) अनेक प्रकार के धन (महि) पूज्य वा बहुत (श्रवः) विद्या का श्रवण और (श्रियम्) राज्यलक्ष्मी को (अधिनिधेहि) स्थापन कीजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेषाऽलङ्कार है । कोई प्राणी परमेश्वर की कृपा सभाध्यक्ष की सहायता वा अपने पुरुषार्थ के विना पूर्ण विद्या पशु चक्रवर्ती राज्य और लक्ष्मी को प्राप्त नहीं हो सकता ॥ ७ ॥

पुनः स किन्निवारयेदित्युपदिश्यते ॥

फिर वह किस का निवारण करे इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

मा नः सोमपरिबाधो मारातयो जुहुरन्त ।
आ न इन्द्रो वाजे भज ॥ ८ ॥

मा । नः । सोमऽपरिबाधः । मा । अरा-

अरातयः । जुहुरन्त । आ । नः । इन्दोऽइति । वाजे । भज ॥ ८ ॥

पदार्थः—(मा) निषेधार्थे (नः) अस्मान् (सोमपरिबाधः) ये सोमानुत्तमान् पदार्थान् परितः सर्वतो बाधन्ते ते (मा)निषेधार्थे (अरातयः) शत्रवः (जुहुरन्त) प्रसह्यकारिणो भवन्तु । अत्र हृ प्रसह्यकरणे व्यत्ययेनाऽऽत्मनेपदं लङ्यडभावो बहुलं छन्दसीत्युत्वं वा छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीत्यदभ्यस्तादिति प्राप्तोऽदभावो न भवति (आ) अभितः (नः) अस्मान् (इन्दो) आर्द्रीकारक सभाध्यक्ष (वाजे) युद्धे (भज) सेवस्व ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे इन्दो सभाद्यध्यक्ष नोऽस्मान् सोमपरिबाधो विरोधिनो मा जुहुरन्त ये नोऽस्माकमरातयः सन्ति तांस्त्वं कदाचिन्माऽऽभज ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः परमोत्तमबलसाहित्येन युद्धेन च सर्वान् दुष्टाञ्छत्रून् विजित्य सत्यन्याययुक्तं राज्यं कार्य्यमिति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (इन्दो) सुशिक्षा से आर्द्र करने वाले सभाध्यक्ष (नः) हमलोगों को (सोमपरिबाधः) जो उत्तम पदार्थों को सब प्रकार दूर करने वाले विरोधी पुरुष हैं वे हम पर (मा जुहुरन्त) प्रबल न होवें और (अरातयः) जो दान आदि धर्मरहित शत्रु हठ करने वाले हैं वे (नः) हमलोगों को इन शत्रुओं को (वाजे) युद्ध में पराजय करने को (आभज) अच्छे प्रकार युक्त कीजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालंकार है । मनुष्यों को अत्यन्त उत्तम बल के साहित्य से परमेश्वर वा सभासेनाध्यक्ष के आश्रय वा अपने पुरुषार्थ युक्त युद्ध में सब शत्रुओं को जीत कर न्याय युक्त होके राज्य का पालन करना चाहिये ॥ ८ ॥

पुनरेतस्य का कीदृशीत्युपदिश्यते ॥

फिर इस की कौन कैसी है इस विषय का उपदेश
अगले मन्त्र में किया है ॥

यास्ते॑ प्र॒जा अ॒मृत॑स्य॒ पर॑स्मि॒न्धाम॑न्नृ॒तस्य॑।
मू॒र्द्धा नाभा॑ सोम वेन आ॒भूष॑न्तीः सोम वेदः ॥ ९ ॥

याः । ते॒ । प्र॒ऽजाः । अ॒मृत॑स्य । पर॑स्मिन् । धाम॑न् । ऋ॒तस्य॑ । मू॒र्द्धा । नाभा॑ । सो॒म॒ । वे॒न॒ः । आ॒ऽभूष॑न्तीः । सो॒म॒ । वे॒दः॒ ॥ ९ ॥

पदार्थः-(याः) वक्ष्यमाणाः (ते) तव जगदीश्वरस्येव सभाध्यक्षस्य (प्रजाः) प्रादुर्भूताः पालनीयाः (अमृतस्य) नाशरहितस्य कारणस्य सकाशाद्दोत्पन्नाः (परस्मिन्) उत्तमे (धामन्) धामन्यानन्दमये स्थाने (ऋतस्य) सत्यस्वरूपस्य सत्यप्रियस्य वा (मूर्द्धा) उत्तमः (नाभा) सन्नहनस्य सुखस्थिरस्य बन्धनरूपे । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (सोम) सर्वसुखैश्वर्यप्रद (वेनः) कामयस्व (आभूषन्तीः) समन्ताद्भूषणयुक्ताः (सोम) विज्ञानप्रद (वेदः) प्राप्नुहि ॥ ९ ॥

अन्वयः-हे सोम वेनो मूर्द्धा त्वमृतस्याऽमृतस्य नाशरहितस्य नाभा परस्मिन्धामन् वर्त्तमानस्येश्वरस्येव ते याः प्रजाः सन्ति ता आभूषन्तीर्वेदः सर्वाभिर्विद्याभिः प्राप्नुहि ॥ ९ ॥

भावार्थः—यत्र मनुष्या अद्वितीयस्येश्वरस्योपासकस्य सभाद्यध्यक्षस्य चाश्रयं कुर्वन्ति तत्रैते दुःखस्य लेशमपि न प्राप्नुवन्ति । यथा परमेश्वरः श्रेष्ठाचारिणो मनुष्यान् कामयते सभाध्यक्षश्च तथैव प्रजास्थैरपि पुरुषैः परमेश्वरसभाध्यक्षौ नित्यं कामनीयौ नैतत्कामनया विना विस्तृतं सुखं कदाचित्सम्भवतीति ॥ ६ ॥

अस्मिन् सूक्ते रुद्रशब्दार्थवर्णनं सर्वसुखप्रतिपादनं मित्रताऽऽचरणं परमेश्वरसभाध्यक्षाश्रयेण सर्वसुखप्रापणमेकस्येश्वरस्योपासनं परमसुखप्रापणं सभाद्यध्यक्षाश्रयकरणं चोक्तमत एतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति त्रयश्चत्वारिंशं सूक्तं सप्तविंशो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे (सोम) विज्ञान के देने वाले (वेनः) कमनीयस्वरूप (मूर्द्धा) सर्वोत्तम तू (ऋतस्य) सत्यस्वरूप वा सत्यप्रिय (अमृतस्य) नाशरहित (नाभा) स्थिर सुख के बन्धनरूप (धामन्) न्याय वा आनन्दमय स्थान में वर्त्तमान ईश्वर के समान न्यायकारी (ते) तेरी (याः) जो (प्रजाः) प्रजा हैं उन को (आभूषन्तीः सब प्रकार भूषण युक्त होने को (वेनः) इच्छा कर और उन को (वेदः) सब विद्याओं से प्राप्त हो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जहां मनुष्य ईश्वर ही की उपासना करने हारे अत्युत्तम सभाध्यक्ष का आश्रय करते हैं वहां वे दुःख के लेश को भी नहीं प्राप्त होते जैसे परमेश्वर और सभाध्यक्ष श्रेष्ठ आचरण करने वाले मनुष्यों की इच्छा करते हैं वैसे ही प्रजा में रहने वाले मनुष्य परमेश्वर वा सभाध्यक्ष की नित्य इच्छा करें क्योंकि इस के विना बहुत सुख कभी प्राप्त नहीं हो सकते ॥ ६ ॥

इस सूक्त में रुद्र शब्द के अर्थ का वर्णन सब सुखों का प्रतिपादन मित्रपन का आचरण परमेश्वर वा सभाध्यक्ष के आश्रय से सुखों की प्राप्ति एक ईश्वर ही की उपासना परमसुख की प्राप्ति और सभाध्यक्ष का आश्रय करना कहा है इस से इस सूक्त के अर्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ सङ्गति जाननी चाहिये ॥

यह तेंतालीसवां सूक्त और सत्ताईसवां वर्ग समाप्त हुआ ॥ ४३ । २७ ॥

अथ चतुर्दशर्चस्य चतुश्चत्वारिंशस्य सूक्तस्य प्रस्कण्व ऋषिः । अग्निर्देवता । १ । ५ उपरिष्टाद्विराड्बृहती ३ निचृदुपरिष्टाद्बृहती ७ । ११ निचृत्पथ्याबृहती १२ भुरिग्बृहती १३ पथ्याबृहती च छन्दः । मध्यमः स्वरः २ । ४ । ६ । ८ । १४ विराट्सतः पंक्तिः १० विराड्विस्तारपंक्तिश्छन्दः पंचमः स्वरः । ६ आर्च्ची त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अत्र सायणाचार्य्यादिभिर्विलसनमोक्षमूलरादिभिश्च युजः सतोबृहत्योऽयुजोबृहत्यइत्युक्तं तदलीकतरम् । इत्थमेषां छन्दोविषयज्ञानं सर्वत्रैवास्तीति वेद्यम् ॥

इस सूक्त में सायणाचार्य्यादि वा विलसन मोक्षमूलरादिकों ने युजोबृहती अयुजोबृहती छन्द कहे हैं सो मिथ्या हैं । इसी प्रकार छन्दों का ज्ञान इन को सब जगह जानो ॥

अथाऽग्निशब्दसम्बन्धेन देवकामना कार्य्येत्युपदिश्यते ॥

अब चव्वालीसवें सूक्त का आरंभ है उसके पहिले मंत्र में अग्नि शब्द के सम्बन्ध से विद्वानों की कामना करनी चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अग्ने विवस्वदुषसंश्चित्रं राधो अमर्त्य । आ दाशुषे जातवेदो वहा त्वमद्या देवाँ उषर्बुधः ॥ १ ॥

अग्ने । विवस्वत् । उषसः । चित्रम् । राधः । अमर्त्य । आ । दाशुषे । जातऽवेदः । वह । त्वम् । अद्य । देवान् । उषःऽबुधः ॥ १ ॥

पदार्थः-(अग्ने) विद्वन् (विवस्वत्) यथा स्वप्रकाशस्वरूपः सूर्य्यः (उषसः) प्रातः कालात् (चित्रम्) अद्भुतं विवस्वत्प्रकाशकम् (राधः) धनम् (अमर्त्य) स्वस्वरूपेण मरणधर्मरहित साधारण मनुष्यस्वभावविलक्षण (आ) अभितः (दाशुषे) दात्रे पुरुषार्थिने मनुष्याय (जातवेदः) यो जातान् सर्वान्वेत्ति जातान्विन्दति वा तत्सम्बुद्धौ । अत्राह यास्कमुनिः । जातवेदाः कस्माज्जातानि वेद जातानि वैनं विदुर्जाते जाते विद्यत इति वा जातवित्तो वा जातधनो वा जातविद्यो वा जातप्रज्ञो वा यत्तज्जातः पशूनविन्दतेति तज्जातवेदसो जातवेदस्त्वमिति ब्राह्मणम् । निरु० ७। १९ (वह) प्रापय । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (देवान्) उत्तमान् विदुषो दिव्यगुणान्वा (उषर्बुधः) य उषसि स्वयं बुध्यन्ते सुप्तान्बोधयन्ति तान् ॥ १ ॥

अन्वयः-हे अमर्त्य जातवेदोऽग्ने विद्वन्यतस्त्वमद्य दाशुषे उषसश्चित्रं विवस्वद्राधो ददासि स उषर्बुधो देवाँस्त्वावह ॥ १ ॥

भावार्थ-मनुष्यैरीश्वराज्ञापलनाय स्वपुरुषार्थेन परमेश्वरमनलसानुत्तमान्विदुषश्चाश्रित्य चक्रवर्त्तिराज्यविद्याश्रीः प्राप्य्या सर्वविद्याविदो विद्वांसः परमोत्तमगुणाढ्या यच्छ्रेष्ठं कर्म स्वीकर्त्तुमिष्टं तन्नित्यं कुर्य्युः । यद्दुष्टं कर्म्म तत्कदाचिन्नैव कुर्य्युरिति ॥ १ ॥

पदार्थः-हे (विवस्वत्) स्वप्रकाश स्वरूप वा विद्याप्रकाश युक्त (अमर्त्य) मरण धर्म से रहित वा साधारण मनुष्य स्वभाव से विलक्षण (जातवेदः) उत्पन्न हुए पदार्थों को जानने वा प्राप्त होने वाले (अग्ने) जगदीश्वर वा विद्वान् जिससे आप (अद्य) आज (दाशुषे) पुरुषार्थी मनुष्य के लिये (उषसः) प्रातःकाल से (चित्रम्) अद्भुत (विवस्वत्) सूर्य्य के समान प्रकाश करने वाले (राधः) धन को देते हो वह आप (उषर्बुधः) प्रातः काल में जागने वाले विद्वानों को (आवह) अच्छे प्रकार प्राप्त कीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को परमेश्वर की आज्ञा पालन के लिये अपने पुरुषार्थ से परमेश्वर वा आलस्य रहित उत्तम विद्वानों का आश्रय लेकर चक्रवर्त्ति राज्य विद्या और राज्य लक्ष्मी का स्वीकार करना चाहिये सब विद्याओं के जानने वाले विद्वान् लोग जो उत्तम गुण और श्रेष्ठ अपने करने योग्य कर्म है उसी को नित्य करें और जो दुष्ट कर्म है उस को कभी न करें ॥ १ ॥

पुनर्विद्वत्सङ्गगुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर विद्वानों के सङ्ग के गुणों का उपदेश अगले मंत्र किया है ॥

जुष्टो हि दूतोऽसि हव्यवाहनोऽग्ने रथीरध्वराणाम् । सजूरश्विभ्यामुषसा सुवीर्यमस्मे धेहि श्रवो बृहत् ॥ २ ॥

जुष्टः । हि । दूतः । असि । हव्यऽवाहनः । अग्ने । रथीः । अध्वराणाम् । सजूः । अश्विऽभ्याम् । उषसा । सुऽवीर्यम् । अस्मेऽइति । धेहि । श्रवः । बृहत् ॥ २ ॥

पदार्थः—(जुष्टः) प्रीतः सेवितः (हि) खलु (दूतः) शत्रूणामुपतापयिताऽतिप्रतापगुणयुक्तो वा (असि) (हव्यवाहनः) यो हव्यानि ग्राह्यदातव्यानि हुतानि द्रव्याणि यानानि वा वहति प्राप्नोति सः (अग्ने) राजविद्याविचक्षण (रथीः) प्रशस्ता रथा यस्य सन्ति सः । अत्र छन्दसीवनिपौ चवक्तव्यौ अ० ५ । २ । १०९ । अनेन रथशब्दान्मत्वर्थ ईप्रत्ययः (अध्वराणाम्) अहिंसनीयानां

यज्ञानां मध्ये (सजूः) यः समानान् जुषते । अत्र जुष धातोः क्विप् समानस्य सादेशश्च (अश्विभ्याम्) वायुजलाभ्याम् (उषसा) प्रातः कालेन युक्तया क्रियया (सुवीर्य्यम्) सुष्ठुवीर्य्याणि यस्य सः (अस्मे) अस्मासु । अत्र सुपां सुलुगिति सप्तम्याः स्थाने शेआदेशः (धेहि:) धर (श्रवः) सर्वविद्याश्रवणनिमित्तमन्नम् (बृहत्) महत्तमम् ॥ २ ॥

अन्वयः–हे अग्ने विद्वन् यतस्त्वं जुष्टो दूतः सन्नध्वराणां रथीर्हव्यवाहनः सजूरसि तस्मादस्मे अश्विभ्यामुषसा सिद्धं बृहत्सुवीर्य्यं श्रवो धेहि ॥ २ ॥

भावार्थः–नहि कश्चिद्विदुषां सङ्गेन विना सर्वविद्यां प्राप्य शत्रुविजयमुत्तमं पराक्रमं चक्रवर्त्यादिश्रियं च प्राप्तुं शक्नोति । नहि खल्वग्नेर्जलादियोगेनविनोत्तमव्यवहारसिद्धिं च प्राप्तुमर्हतीति ॥ २ ॥

पदार्थः–हे (अग्ने) पावक के समान राजविद्या के जानने वाले विद्वन् (हि) जिस कारण आप (जुष्टः) प्रसन्न प्रकृति और (दूतः) शत्रुओं को ताप कराने वाले होकर (अध्वराणाम्) अहिंसनीय यज्ञों को सिद्ध करते (रथीः) प्रशंसनीय रथयुक्त (हव्यवाहनः) देने लेने योग्य वस्तुओं को प्राप्त होने (सजूः) अपने तुल्यों के सेवन करने वाले (असि) हो इस से (अस्मे) हम लोगों में (अश्विभ्याम्) वायु जल (उषसा) प्रातःकाल में सिद्ध हुई क्रिया से सिद्ध किये हुए (बृहत्) बड़े (सुवीर्य्यम्) उत्तम पराक्रम कारक (श्रवः) सब विद्या के श्रवण का निमित्त अन्न को (धेहि) धारण कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः–कोई मनुष्य विद्वानों के सङ्ग के विना विद्या को प्राप्त शत्रु को जीत के उत्तम पराक्रम चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी के प्राप्त होने को समर्थ नहीं हो सकता और अग्नि जल आदि के योग के विना उत्तम व्यवहार की सिद्धि भी नहीं कर सकता ॥ २ ॥

पुनस्तं कथंभूतं स्वीकुर्य्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर कैसे मनुष्य का स्वीकार करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अ॒द्या दू॒तं वृ॑णीमहे॒ वसु॑म॒ग्निं पु॑रुप्रि॒यम् ।
धू॒मके॑तुं॒ भाऋ॑जीकं॒ व्यु॑ष्टिषु य॒ज्ञाना॑मध्व॒रश्रिय॑म् ॥ ३ ॥

अ॒द्य । दू॒तम् । वृ॒णी॒म॒हे॒ । वसु॑म् । अ॒ग्निम् । पु॒रु॒ऽप्रि॒यम् । धू॒मऽके॑तुम् । भाःऽऋ॑जीकम् । विऽउ॑ष्टिषु । य॒ज्ञाना॑म् । अ॒ध्व॒र॒ऽश्रिय॑म् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(अद्य) अस्मिन् दिने । निपातस्य चेति दीर्घः (दूतम्) यो दुनोति पदार्थान् देशांतरं प्रापयति तम् (वृणीमहे) स्वीकुर्वीमहि (वसुम्) सकलविद्यानिवासम् (अग्निम्) पावकमिव विद्वांसम् (पुरुप्रियम्) यः पुरूणां बहूनां प्रियस्तम् (धूमकेतुम्) धूमः केतुर्ध्वजो यस्य तम् (भाऋजीकम्) भाति प्रकाशयति सा भा सभा कान्तिर्वा तां योऽर्जयते तम् (व्युष्टिषु) विविधा उष्टयः कामनाश्च तासु (यज्ञानाम्) अग्निहोत्राद्यश्वमेधान्तानां योगज्ञानशिल्पोपासनाज्ञानानां वा मध्ये (अध्वरश्रियम्) याऽध्वराणामहिंसनीयानां यज्ञानां श्रीः शोभा ताम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—वयमद्य मनुष्यजन्मविद्याप्राप्तिसमयं प्राप्याऽस्मिन् दिने व्युष्टिषु भाऋजीकं यज्ञानां मध्येऽध्वरश्रियं दूतमग्निमिव वर्त्तमानं विद्वांसं दूतं वृणीमहे ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः। मनुष्यैर्विद्याराज्यसुखप्राप्त्यर्थमनूचानं विद्वांसं दूतं कृत्वा बहुगुणयोगेन बहुकार्य्यप्रापिकां विद्युतं स्वीकृत्य सर्वाणि कार्य्याणि संसाधनीयानि ॥ ३ ॥

पदार्थः—हमलोग (अद्य) आज मनुष्य जन्म वा विद्या के प्राप्ति समय को प्राप्त होकर (व्युष्टिषु) अनेक प्रकार की कामनाओं में (भाऋजीकम्) कामनाओं के प्रकाशक (यज्ञानाम्) अग्निहोत्र आदि अश्वमेध पर्य्यन्त वा योग उपासना ज्ञान शिल्पविद्यारूप यज्ञों के मध्य (अध्वरश्रियम्) अहिंसनीय यज्ञों की श्री शोभा रूप (धूमकेतुम्) जिस का धूमही ध्वजा है (वसुम्) सब विद्याओं का घर वा बहुत धन की प्राप्ति का हेतु (पुरुप्रियम्) बहुतों को प्रिय (दूतम्) पदार्थों को दूर पहुंचाने वाले (अग्निम्) भौतिक अग्नि के सदृश विद्वान् दूत को (हुणीमहे) अंगीकार करें ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि विद्या वा राज्य की प्राप्ति के लिये सब विद्याओं के कथन करने वा सब बातों का उत्तर देने वाले विद्वान् को दूत करें और बहुत गुणों के योग से बहुत कार्य्यों को प्राप्त कराने वाली बिजुली को स्वीकार करके सब कार्य्यों को सिद्ध करें ॥ ३ ॥

पुनस्तं कीदृशं गृह्णीयुरित्युपदिश्यते

फिर किस प्रकार के विद्वान् को ग्रहण करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

श्रेष्ठं यविष्ठमतिथिं स्वाहुतं जुष्टं जनाय दाशुषे। देवाँ अच्छा यातवे जातवेदसमग्निमीळे व्युष्टिषु ॥ ४ ॥

श्रेष्ठम्। यविष्ठम्। अतिथिम्। सुऽआहुतम्। जुष्टम्। जनाय। दाशुषे। देवान्।

अच्छ॑। यात॑वे। जा॒तऽवे॑दसम्। अ॒ग्निम्।
ई॒ळे॒। विऽउ॑ष्टिषु॥ ४॥

पदार्थः—(श्रेष्ठम्) अत्युत्तमम् (यविष्ठम्) बलवत्तरम् (अतिथिम्) नित्यं भ्रमणशीलं सेवितुमर्हम् (स्वाहुतम्) यः सुष्ठाहूयते तम् (जुष्टम्) विद्वद्भिः प्रीतं सेवितं वा (जनाय) धार्मिकाय विदुषे मनुष्याय (दाशुषे) दात्रे (देवान्) विदुषो दिव्यगुणान्वा (अच्छ) उत्तमेन प्रकारेण। अत्र निपातस्यचेति दीर्घः (यातवे) यातुं प्राप्तुम्। अत्र तुमर्थे से० इति तवेन् प्रत्ययः (जातवेदसम्) जातेषु पदार्थेषु विद्यमानमिव व्याप्तविद्यम् (अग्निम्) वह्निवद्वर्त्तमानं विद्वांसम् (ईडे) सत्कुर्याम् (व्युष्टिषु) विशिष्टासु कामनास्वध्येषितासु सतीषु॥ ४॥

अन्वयः—अहं व्युष्टिषु यातवे दाशुषे जनाय श्रेष्ठं यविष्ठं जुष्टं स्वाहुतं जातवेदसमतिथिमग्निमिव प्रकाशमानं विद्वांसं दूतमन्यान्देवान्वाऽच्छेडे॥ ४॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः। मनुष्यैः श्रेष्ठानां धर्मबलानां सर्वैर्विद्वद्भिः सत्कृतानां प्रसन्नस्वभावानां सर्वोपकारकाणां विदुषामतिथीनामेव सत्कारः कर्त्तव्यः यतः सर्वहितं स्यात्॥४॥

पदार्थः—मैं (व्युष्टिषु) विशिष्ट पढ़ने के योग्य कामनाओं में (यातवे) प्राप्ति के लिये (दाशुषे) दाता (जनाय) धार्मिक विद्वान् मनुष्य के अर्थ (श्रेष्ठम्) अति उत्तम (यविष्ठम्) परम बलवान् (जुष्टम्) विद्वान् से प्रसन्न वा सेवित (स्वाहुतम्) अच्छे प्रकार बुला के सत्कार के योग्य (जातवेदसम्) सब पदार्थों में व्याप्त (अतिथिम्) सेवा करने के योग्य (अग्निम्) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान सज्जन अतिथि और (देवान्) दिव्य गुण वाले विद्वानों को (अच्छेडे) अच्छे प्रकार सत्कार करूँ॥ ४॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। मनुष्यों को अति योग्य है कि उत्तम धर्म बलवाले प्रसन्न स्वभाव सहित सब के उपकारक विद्वान् और अतिथियों का सत्कार करें जिस से सब जनों का हित हो ॥ ४ ॥

पुनस्तं कीदृशं स्वीकुर्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर कैसे को ग्रहण करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है

स्तविष्यामि त्वामहं विश्वस्यामृत भोजन।
अग्ने त्रातारममृतं मियेध्य यजिष्ठं हव्यवाहन ॥ ५ ॥

स्तविष्यामि। त्वाम्। अहम्। विश्वस्य। अमृत। भोजन। अग्ने। त्रातारम्। अमृतम्। मियेध्य। यजिष्ठम्। हव्यवाहन ॥ ५ ॥

पदार्थः—(स्तविष्यामि) स्तोष्यामि (त्वाम्) जगदीश्वरम् (अहम्) (विश्वस्य) समस्तस्य संसारस्य (अमृत) अविनाशिन् (भोजन) पालक (अग्ने) स्वप्रकाशेश्वर (त्रातारम्) अभिरक्षितारम् (अमृतम्) नाशरहितं सदा मुक्तम् (मियेध्य) दुःखानां प्रक्षेप्तः (यजिष्ठम्) सुखानामतिशयितं दातारम् (हव्यवाहन) यो हव्यानि होतुं दातुमर्हाणि द्रव्याणि सुखसाधकानि वहति प्रापयति तत्सम्बुद्धौ ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे अमृत भोजन मियेध्य हव्यवाहनाऽग्ने जगदीश्वराऽहं विश्वस्य त्रातारं यजिष्ठममृतं त्वां स्तविष्यामि स्तोष्यामि नान्यं कदाचित् ॥ ५

भावार्थः—नहि विद्वद्भिरस्य सर्वस्य रक्षकं मोक्षदातारं विद्याकामानन्दप्रदं सेवनीयं परमेश्वरं हित्वा कस्यापीश्वरत्वेनाऽऽश्रयः स्तुतिर्वा कदापि कर्त्तव्या ॥ ५ ॥

पदार्थः—(अमृत) अविनाशि स्वरूप (भोजन) पालन कर्त्ता (मियेध्य) प्रमाण करने (हव्यवाहन) लेने देने योग्य पदार्थों को प्राप्त कराने वाले (अग्ने) परमेश्वर (अहम्) मैं (विश्वस्य) सब जगत् के (त्रातारम्) रक्षा (यजिष्ठम्) अत्यन्त यजन करने वाले (अमृतम्) नित्य स्वरूप (त्वा) तुझ ही को (स्तविष्यामि) स्तुति करूंगा ॥ ५ ॥

भावार्थः—विद्वानों को योग्य है कि इस सब जगत् के रक्षक मोक्ष देने विद्या काम आनन्द के देने से वा उपासना करने योग्य परमेश्वर को छोड़ अन्य किसी का भी ईश्वरभाव से आश्रय न करें ॥ ५ ॥

पदार्थः—(अभूत्) भवति । अत्र लडर्थे लुङ् (उ) वितर्के (भाः) या भाति प्रकाशयति (उ) (अंशवे) पदार्थानां वेगाय (हिरण्यम्) सुवर्णादिकं (प्रति) प्रतीतार्थे (सूर्य्यः) सविता (वि) विविधार्थे (अख्यत्) प्रसिद्धतया प्रकाशेत (जिह्वया) रसनेन्द्रियेणेव किरणज्वालासमूहेन (असितः) अबद्धः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे शिल्पिनौ युवां यथाऽसितो भाः सूर्य्योंऽशवे जिह्वयेवाख्यत् सन्मुखोऽभूत्तथा तत्सन्निधौ तद्यानं स्थापयित्वा तत्रोचितस्थाने हिरण्यंज्योतिः सुवर्णादिकं रक्षेत् ॥ १० ॥

भावार्थः—हे यानयायिनो मनुष्या यूयं ध्रुवयन्त्रसूर्य्यादिनिमित्तेन दिशो विज्ञाय यानानि चालयत स्थापयत च यतो भ्रान्त्याऽन्यत्र गमनं न स्यात् ॥ १० ॥

पदार्थः—हे कारीगरो तुम लोग जैसे (असितः) अबद्ध अर्थात् जिस का किसी के साथ बन्धन नहीं है (भाः) प्रकाशयुक्त (सूर्य्यः) सूर्य्य के (अश्वे) किरणों के विभागार्थ (जिह्वया) जीभ के समान (व्यख्यत्) प्रसिद्धता से प्रकाशमान सन्मुख (अभूत्) होता है वैसे उसीपर यान का स्थापन कर उस में उचित स्थान में (हिरण्यम्) सुवर्णादि उत्तम पदार्थों को धरो ॥ १० ॥

भावार्थः—हे सवारीपर चलने वाले मनुष्यो तुम दिशाओं के जानने वाले चुम्बक ध्रुव यंत्र और सूर्य्यादि कारण से दिशाओं को जान यानों को चलाओ और ठहराया भी करो जिस से भ्रान्ति में पड़ कर अन्यत्र गमन न हो अर्थात् जहां जाना चाहते हो ठीक वहीं पहुंचो भटकना न हो ॥ १० ॥

पुनस्तदेवोप० ॥

फिर उसी उत्तर का उप०

अभूदु पारमेतवे पन्था ऋतस्य साधुया ॥
अदर्शि वि स्रुतिर्दिवः ॥ ११ ॥

अभूत्। ऊम् इति। पारम्। एतवे। पन्थाः। ऋतस्य। साधुऽया। अदर्शि। वि। स्रुतिः। दिवः ॥ ११ ॥

पदार्थः—(अभूत्) भवेत्। अत्र लडर्थे लुङ् (उ) निश्चयार्थे (पारम्) परभागम् (एतवे) एतुम्। अत्र तुमर्थे से० इति तवे प्रत्ययः (पंथाः) मार्गः (ऋतस्य) जलस्य (साधुया) साधुना। अत्र सुपांसुलुगिति याडादेशः (अदर्शि) दृश्यताम्। अत्रापि लडर्थे लुङ् (वि) विविधार्थे (स्रुतिः) स्रवणं गमनं यस्मिन्मार्गे सः (दिवः) प्रकाशमानादग्नेः ॥ ११ ॥

अन्वयः—यदि मनुष्यैः समुद्रादेः पारमेतवे यत्र दिव ऋतस्य विस्रुतिः पन्था अभूत्तत्र स्थित्वा साधुया यानेन सुखतो देशान्तरमदर्शि तर्हि श्रीमन्तः कथं न स्युः ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सर्वत्र गमनागमनार्थाय सरलान् शुद्धान् मार्गान् रचयित्वा तत्र विमानादिभिर्यानैर्यथावद्गमनं कृत्वा विविधानि सुखानि प्राप्तव्यानि ॥ ११ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि समुद्रादि के (पारम्) पार (एतवे) जाने के लिये जहां (दिवः) प्रकाशमान सूर्य्य और (ऋतस्य) जल का (वित्तिः) अनेक प्रकार गमनार्थ (पन्थाः) मार्ग (अभूत्) हो वहां स्थिर हो के (सधुया) उत्तम सवारी में सुखपूर्वक देश देशान्तरों को (अदर्शि) देखें तो श्रीमन्त क्यों न होवें ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि सर्वत्र आने जाने के लिये सीधे और शुद्ध मार्गों को रच और विमानादि यानों से इच्छापूर्वक गमन करके नानाप्रकार के सुखों को प्राप्त करें ॥ ११ ॥

पुनरेताभ्यां किं प्राप्तव्यमित्यु० ॥

फिर सभा और सेनापति अश्वियों से क्या पाना चाहिये इस० ॥

तत्तदिद॒श्विनो॒रवो॑ जरि॒ता प्रति॑ भूषति ।
मदे॒ सोम॑स्य॒ पिप्र॑तोः ॥ १२ ॥

तत्ऽत॑त् । इत् । अ॒श्विनोः॑ । अवः॑ । ज॒रि॒ता । प्रति॑ । भू॒ष॒ति॒ । मदे॑ । सोम॑स्य । पिप्र॑तोः ॥ १२ ॥

पदार्थः—(तत्तत्) तत्तदुक्तं वक्ष्यमाणं वा सुखम् (इत्) एव (अश्विनोः) उक्तयोः सभासेनेशयोः सकाशात् (अवः) रक्षणादिकम् (जरिता) स्तोता विद्वान् (प्रति) (भूषति) अलङ्करोति (मदे) माद्यन्ति हृष्यन्त्यानन्दन्ति यस्मिन् व्यवहारे तस्मिन् (सोमस्य) उत्पन्नस्य जगतो मध्ये (पिप्रतोः) यौ पिपूर्त्तस्तयोः ॥ १२ ॥

अन्वयः—यो जरिता मनुष्यः पिप्रतोरश्विनोः सकाशात्सोमस्य मदेऽवः प्रति भूषति स तत्तत्सुखमाप्नोति ॥ १२ ॥

भावार्थः—नहि कैश्चिदपि विद्वच्छिक्षायुक्तया क्रियया विना सर्वाणि सुखानि प्राप्तुं शक्यन्ते तस्मादेतन्नित्यमध्येष्टव्यम् ॥ १२ ॥

पदार्थः—जो (जरिता) स्तुति करने वाला विद्वान् मनुष्य (पिप्रतोः) पूरण करने वाले (अश्विनोः) सभा और सेनापति से (सोमस्य) उत्पन्न हुए जगत् के बीच (मदे) आनन्द युक्त व्यवहार में (अवः) रक्षादि को (प्रतिभूषति) अलंकृत करता है (तत्तत्) उस२ सुख को प्राप्त होता है ॥ १२ ॥

भावार्थः—कोई भी विद्वानों से शिक्षा वा क्रिया को ग्रहण किये विन सब सुखों को प्राप्त नहीं हो सकता इस से उस का खोज नित्य करना चाहिये ॥१२॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे कैसे हैं इस० ॥

वावसाना विवस्वति सोमस्य पीत्या गिरा ।
मनुष्वच्छंभू आ गतम् ॥ १३ ॥

वावसाना । विवस्वति । सोमस्य । पीत्या ।
गिरा । मनुष्वत् । शंऽभू इति शम्ऽभू ।
आ । गतम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(वावसाना) सुखेष्वतिशयेन वस्तारौ । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (विवस्वति) सूर्ये (सोमस्य) उत्पन्नस्य जगतो मध्ये (पीत्या) रक्षिकया क्रियया । अत्र पारक्षणइत्यस्मात् क्तिन् (गिरा) वाण्या (मनुष्वत्) यथा मनुष्या रक्षन्ति तद्वत् (शम्भू) सुखं भावुकौ (आ) समन्तात् (गतम्) प्राप्नुतम् ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे वावसाना शम्भू अध्यापकोपदेशकौ युवां विवस्वति सोमस्य पीत्या गिराऽस्मान्मनुष्वदागतम् ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं यथा परोपकारिणो जनाः प्राणिनां निवासविद्याप्रकाशदानेन सुखानि भावयन्ति तथैव सर्वेभ्यो बहूनि सुखानि संपादयतेति ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे (वावसाना) अत्यन्त सुख में बसाने (शम्भू) सुखों के उत्पन्न करने वाले पढ़ाने और सत्य के उपदेश करने हारे आप (विवस्वति) सूर्य के प्रकाश में (सोमस्य) उत्पन्न हुए जगत् के मध्य में (पीत्या) रक्षा रूपी क्रिया वा (गिरा) वाणी से हम को (मनुष्वत्) रक्षा करने हारे मनुष्यों के तुल्य (आ) (गतम्) सब प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम जिस प्रकार परोपकारी मनुष्य प्राणियों के निवास और विद्याप्रकाश के दान से सुखों को प्राप्त कराते हैं वैसे तुम भी उन को प्राप्त कराओ ॥ १३ ॥

तयोः सकाशात्किंप्राप्नुयुरित्यु० ॥

इन दोनों से क्या प्राप्त करें इस०

युवोरुषा अनु श्रियं परिज्मनोरुपाचरत् ।
ऋता वनथो अक्तुभिः ॥ १४ ॥

युवोः । उषाः । अनु । श्रियम् । परिऽज्मनोः । उपऽआचरत् । ऋता । वनथः । अक्तुऽभिः ॥ १४ ॥

पदार्थः—(युवोः) सभासेनेशयोः (उषाः) सूर्य्याचन्द्रमसोः प्रातःप्रकाशः (अनु) पश्चादर्थे (श्रियम्) विद्याराजलक्ष्मीम् (परिज्मनोः) यः परितः सर्वतोऽजतः प्रक्षिपतो गच्छतस्तयोः

(उपाचरत्) उपचारिणीव वर्त्तते (ऋता) ऋतौ यथार्थसुगुणस्वरूपौ। अत्र सुपांसुगित्याकारादेशः (वनथः) संभजेथाम् (अक्तुभिः) रात्रिभिः। अक्तिति रात्रिना०। निघं० १। ७। १४॥

अन्वयः—हे ऋता सभासेनाधिपती यथोषा अक्तुभिरुपाचरत्तथा ययोः परिज्मनोर्युवोर्न्यायो रक्षणं चोपाचरत् तौ युवां श्रियमनुवनथः॥ १४॥

भावार्थः—राजप्रजाजना अन्योन्येषु प्रीतिं कृत्वा महदैश्वर्य्यं प्राप्य सदा सर्वोपकारे प्रयतंताम्॥ १४॥

पदार्थः—हे (ऋता) उचित गुण सुन्दरस्वरूप सभासेनापति जैसे (उषाः) प्रभात समय (अक्तुभिः) रात्रियों के साथ (उपाचरत्) प्राप्त होता है वैसे जिन (परिज्मनोः) सर्वत्र गमन कर्त्ता पदार्थों को प्रकाश से फेंकने हारे सूर्य्य और चन्द्रमा के सदृश वर्त्तमान (युवोः) आप का न्याय और रक्षा हम को प्राप्त होवे आप (श्रियम्) उत्तम लक्ष्मी को (अनुवनथः) अनुकूलता से सेवन कीजिये॥ १४॥

भावार्थः—राजा और प्रजाजनों को चाहिये कि परस्पर प्रीति से बड़े ऐश्वर्य्य को प्राप्त होकर सदा सब के उपकार में यत्न किया करें॥ १४॥

पुनस्तावस्मभ्यं किं किं कुर्यातामित्यु०॥

फिर वे हम लोगों के लिये क्या करें इस०॥

उभा पिबतमश्विनोभा नः शर्म यच्छतम्।
अविद्रियाभिरूतिभिः॥ १५॥ ३५॥

उभा। पिबतम्। अश्विना। उभा। नः। शर्म्म। यच्छतम्। अविद्रियाभिः। ऊतिभिः॥ १५॥ ३५॥

पदार्थः—(उभा) दो। अत्र सर्वत्र सुपांसुलुगित्याकारादेशः (पिबतम्) रक्षतम् (अश्विना) सकलविद्यासुखव्यापिनौ

सभासेनेशौ (उभा) उभौ (नः) अस्मभ्यम् (शर्म) सुखं निवासं वा (यच्छतम्) (अविद्रियाभिः) या विदीर्य्यन्ते ता विद्रास्ताअर्हन्ति ता विद्रियाः । अविद्यमाना विद्रिया यासु क्रियासु ताभिः । अत्र घञर्थे कविधानं ततो घस्तद्धितः (ऊतिभिः) रक्षणादिभिः ॥१५॥

अन्वयः—हे सभासेनेशावश्विना युवासुभावमृतात्मकमोषधीरसं पिवतमुभाऽविद्रियाभिरूतिभिर्नः शर्म यच्छतम् ॥ १५ ॥

भावार्थः—यदि सभासेनेशादयो राजजनाः प्रीतिविनयाभ्यां प्रजाः पालयेयुस्तर्हि प्रजाजनाअपि तानित्थमेव रक्षयेयुः ॥१२॥

अस्मिन् सूक्तउषोऽश्विशब्दाऽर्थहष्टार्थवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तोक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेद्यम् ॥ इति पञ्चत्रिंशो वर्गः ३५ षट् चत्वारिंशं ४६ सूक्तं ३ तृतीयोऽध्यायश्च समाप्तः ॥

इतिश्रीमत्परिव्राजकाचार्य्येण श्रीयुतमहाविदुषां श्रीमद्विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां विभूषिते सुप्रमाणयुक्ते ऋग्वेदभाष्ये तृतीयोऽध्यायः पूर्तिं प्रापितः ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे सभा और सेना के ईश (अश्विना) संपूर्ण विद्या और सुख में व्याप्त होने वाले तुम दोनों अमृत रूप ओषधियों के रस को (पिवतम्) पिओ और (उभा) दोनों (अविद्रियाभिः) अखण्डित क्रियायुक्त (ऊतिभिः) रक्षाओं से (नः) हम को (शर्म) सुख (यच्छतम्) देओ ॥ १५ ॥

भावार्थः—जो सभा और सेनापति आदि राज पुरुष प्रीति और विनय से प्रजा की पालना करें तो प्रजा भी उन की रक्षा अच्छे प्रकार करें ॥ १५ ॥

इस सूक्त में उषा और अश्वियों का प्रत्यक्षार्थ वर्णन किया है इस से इस सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥ यह पैंतीस वांका वर्ग ३५ छयालीसवां ४६ सूक्त और ३ तीसरा अध्याय समाप्त हुआ ॥ ४६ ॥

इति श्रीमत्परिव्राजकाचार्य्य महाविद्वान् श्रीयुत स्वामी विरजानन्द सरस्वती जी के शिष्य दयानन्द सरस्वती स्वामी ने संस्कृत और आर्य्य भाषा से सुशोभित अच्छे प्रमाण सहित ऋग्वेद भाष्य के तीसरे अध्याय को पूर्ण किया है

॥ अथ चतुर्थाऽध्यायाऽऽरम्भः ॥

ओ३म् । विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒तानि॒ परा॑सुव । यद्भ॒द्रं तन्न॒आसु॑व ॥ १ ॥

अतोऽग्रे यानि सामान्येन शब्दसाधुत्वविषयाणि सूत्राणि लिखितानि तान्युत्तरत्र यथाविषयं वेदितव्यानि यच्चापूर्वं भविष्यति तत्तु लेखिष्यते ॥

अथ दशर्चस्य सप्तचत्वारिंशस्य सूक्तस्य प्रस्कण्वऋषिः । अश्विनौ देवते १ । ५ निचृत्पथ्या बृहती ३ । ७ पथ्या बृहती ६ विराट् पथ्या बृहती च छन्दः । मध्यमः स्वरः २ । ६ । ८ निचृत्सतःपङ्क्तिः ४ । १० सतःपङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अब इस के आगे चौथे अध्याय के भाष्य का आरम्भ है ॥

तत्राऽश्विभ्यां किं साधनीयमित्यु० ॥

उस के पहिले मंत्र में अश्वि से क्या सिद्ध करना चाहिये इस० ॥

अ॒यं वां॒ मधु॑मत्तमः सु॒तः सोम॑ ऋतावृधा । तम॑श्विना पिबतं ति॒रोअ॑ह्न्यं ध॒त्तं रत्ना॑नि दा॒शुषे॑ ॥ १ ॥

अ॒यम् । वा॒म् । मधु॑मत्ऽतमः । सु॒तः । सोम॑ः । ऋ॒तऽवृ॒धा॒ । तम् । अ॒श्वि॒ना॒ ।

पिबतम् । तिरःऽअह्न्यम् । धत्तम् । र-
त्नानि । दाशुषे ॥ १ ॥

पदार्थः—(अयम्) वक्ष्यमाणएताभ्यां साधितः (वाम्) युवाभ्यां (मधुमत्तमः) प्रशस्ता मधुरादयो गुणा विद्यन्ते यस्मिन् सोऽतिशयितः (सुतः) निष्पादितः (सोमः) वैद्यकशिल्पक्रियया संसाधितओषधीरसः (ऋतावृधा) यावृतेन जलेन यथार्थतया शिल्पक्रियया वा वर्धेते तौ (तम्) रसम् (अश्विना) सूर्य्यपवनाविव (पिबतम्)(तिरोअह्न्यम्) तिरस्तदहस्तिरोऽहस्तस्मिन् भवम् (धत्तम्) (रत्नानि) रमणीयानि सुवर्णादीनि यानानि वा (दाशुषे) विद्यादिदानकर्त्रे विदुषे ॥ १ ॥

अन्वयः—हे ऋतावृधाऽश्विना सूर्य्यपवनवद्वर्त्तमानौ सभासेनेशौ वां योऽयं मधुमत्तमः सोमोऽस्माभिः सुतस्तं तिरोअह्न्यं रसं युवां पिबतं दाशुषे रत्नानि धत्तम् ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । सभाध्यक्षादयः सदौषधीसारान् संसेव्य बलवन्तो भूत्वा प्रजाश्रियो वर्द्धयेयुः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (ऋतावृधा) जल वा यथार्थ शिल्प क्रिया करके बढ़ाने वाले (अश्विना) सूर्य्य वायु के तुल्य सभा और सेना के ईश (वाम्) जो (अयम्) यह (मधुमत्तमः) अत्यन्त मधुरादि गुण युक्त (सोमः) यान व्यापार वा वैद्यक शिल्प क्रिया से हम ने (सुतः) सिद्ध किया है (तम्) उस (तिरोअह्न्यम्) तिरस्कृत दिन में उत्पन्न हुए रस को तुम लोग (पिबतम्) पीओ और विद्यादान करने वाले विद्वान् के लिये (रत्नानि) सुवर्णादि वा सवारीआदि को (धत्तम्) धारण करो ॥ १ ॥

भावार्थः—सभा के मालिक आदि लोग सदा ओषधियों के रसों की सेवा से अच्छेप्रकार बलवान् हो कर प्रजा की शोभाओं को बढ़ावें ॥ १ ॥

ताभ्यां साधितेन किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

उस से सिद्ध किये हुए यान से क्या करना चाहिये इस० ॥

त्रिबन्धुरेण त्रिवृता सुपेशसा रथेनायातमश्विना । कण्वासो वां ब्रह्म कृण्वन्त्यध्वरे तेषां सु शृणुतं हवम् ॥ २ ॥

त्रिबन्धुरेण । त्रिऽवृता । सुऽपेशसा । रथेन । आ । यातम् । अश्विना । कण्वासः । वाम् । ब्रह्म । कृण्वन्ति । अध्वरे । तेषाम् । सु । शृणुतम् । हवम् ॥ २ ॥

पदार्थः—(त्रिबंधुरेण) त्रीणि बंधुराणि बंधनानि यस्मिंस्तेन (त्रिवृता) त्रिभिः शिल्पक्रियाप्रकारैः प्रपूरितस्तेन (सुपेशसा) शोभनं पेशो रूपं हिरण्यं वा यस्मिन् तेन । पेशइतिरूपना० । निघं० ३ । ७ हिरण्यना० च निघं० । १ । २ (रथेन) विमानादिना (आ) अभितः (यातम्) गच्छतम् (अश्विना) अग्निजलेइव वर्त्तमानौ (कण्वासः) मेधाविनः (वाम्) एतयोः सकाशात् (ब्रह्म) अन्नम् । ब्रह्मेत्यन्नना० निघं० २ । ७ (कृण्वन्ति) कुर्वन्ति (अध्वरे) संगते शिल्पक्रियासिद्धे याने (तेषाम्) मेधाविनाम् (सु) शोभनार्थे (शृणुतम्) (हवम्) ग्राह्यं विद्याशब्दसमूहम् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे अश्विना वर्त्तमानौ सभासेनेशौ युवां यथा कण्वासोऽध्वरे येन त्रिबंधुरेण त्रिवृता सुपेशसा रथेन देशदेशान्तरं शीघ्रं गत्वाऽऽगत्य ब्रह्म कृण्वन्ति तथा तेनायातम् । तेषां हवं सुशृणुतमन्नादिसमृद्धिं च वर्द्धयतम् ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । मनुष्यैर्विदुषां सकाशात् पदार्थविज्ञानपुरःसरां यज्ञशिल्पहस्तक्रियां साक्षात्कृत्वा व्यवहारकृत्यानि निष्पादनीयानि ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) पावक और जल के तुल्य सभा और सेना के ईश तुम लोग जैसे (ऋग्वासः) बुद्धिमान् लोग (अध्वरे) अग्निहोत्रादि वा शिल्पक्रिया से सिद्ध यज्ञ में जिस (त्रिबन्धुरेण) तीन बन्धन युक्त (त्रिवृता) तीन शिल्प क्रिया के प्रकारों से पूरित (सुपेशसा) उत्तम रूप वा सोने से जटित (रथेन) विमान आदि यान से देश देशान्तरों में शीघ्र जा आके (यज्ञम्) अन्नादि पदार्थों को (ऋणवन्ति) करते हैं वैसे उस से देश देशान्तर और द्वीपद्वीपान्तरों को (आयातम्) जाओ आओ (तेषाम्) उन बुद्धिमानों का (हवम्) ग्रहण करने योग्य विद्याओं के उपदेश को (शृणुतम्) सुनो और अन्नादि समृद्धि को बढ़ाया करो ॥ २ ॥

भावार्थः—यहां वाचकलु० । मनुष्यों को योग्य है कि विद्वानों के संग से पदार्थ विज्ञान पूर्वक यज्ञ और शिल्पविद्या की हस्तक्रिया को साक्षात् करके व्यवहार रूपी कार्यों को सिद्ध करें ॥ २ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे कैसे हैं इस० ॥

अश्विना मधुमत्तमं पातं सोममृतावृधा ।
अथाद्य दस्रा वसु बिभ्रता रथे दाश्वांसमुपगच्छतम् ॥ ३ ॥

अश्विना । मधुमत्ऽतमम् । पातम् । सोमम् । ऋतऽवृधा । अथ । अद्य । दस्रा । वसु । बिभ्रता । रथे । दाश्वांसम् । उप । गच्छतम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(अश्विना) सूर्य्यवायुसदृक्कर्मकारिणौ सभासेनेशौ (मधुमत्तमम्) अतिशयेन प्रशस्तैर्मधुरादिगुणैरुपेतम् (पातम्) रक्षतम् (सोमम्) वीररसादिकम् (ऋतावृधा) याथातथ्येन यथार्थगुणेन प्राप्तिसाधकेन वर्धयेते तौ (अथ) आनन्तर्य्ये (अद्य) अस्मिन् वर्त्तमाने दिने (दस्रा) दुःखोपक्षेतारौ (वसु) सर्वोत्तमं धनम् (बिभ्रता) धरन्तौ (रथे) विमानादियाने (दाश्वांसम्) दातारम् (उप) सामीप्ये (गच्छतम्) प्राप्नुतम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे अश्विना सूर्य्यवायुवद्वर्त्तमानौ दस्रा वसु बिभ्रतावृतावृधा सभासेनाध्यक्षौ युवामद्य मधुमत्तमं सोमं पातमथोक्ते रथे स्थित्वा दाश्वांसमुपगच्छतम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० यथा वायुना सोमसूर्य्ययोः पुष्टिस्तमोनाशश्च भवति तथैव सभासेनेशाभ्यां प्रजानां दुःखोपक्षयो धनवृद्धिश्च जायते ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) सूर्य वायु के समान कर्म और (दस्रा) दुःखों के दूर करने वाले (वसु) सब से उत्तम धन को (बिभ्रता) धारण करते तथा (ऋतावृधा) यथार्थ गुणसंयुक्त प्राप्ति साधन से बढ़े हुए सभा और सेना के पति आप (अद्य) आज वर्त्तमान दिन में (मधुमत्तमम्) अत्यन्तमधुरादिगुणों से युक्त (सोमम्) वीर रस को (पातम्) रक्षा करो (अथ) तत्पश्चात्पूर्वोक्त (रथे) विमानादि यान में स्थित होकर (दाश्वांसम्) देने वाले मनुष्य के (उपगच्छतम्) समीप प्राप्त हुआ कीजिये ॥ ३ ॥

भावार्थः—यहां वाचकलु० । जैसे वायु से सूर्य चन्द्रमा की पुष्टि और अन्धेर का नाश होता है वैसे ही सभा और सेना के पतियों से प्रजास्थ प्राणियों की संतुष्टि दुःखों का नाश और धन की वृद्धि होती है ॥ ३ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे कैसे हैं इस० ॥

त्रिषधस्थे बर्हिषि विश्ववेदसा मध्वा यज्ञं मिमिक्षतम् । कण्वासो वां सुतसोमा अभिद्यवो युवां हवन्तेअश्विना ॥ ४ ॥

त्रिऽसधस्थे । बर्हिषि । विश्ववेदसा । मध्वा । यज्ञम् । मिमिक्षतम् । कण्वासः । वाम् । सुतऽसोमाः । अभिऽद्यवः । युवाम् । हवन्ते । अश्विना ॥ ४ ॥

पदार्थः-(त्रिषधस्थे) त्रीणि भूजलपवनाख्यानि स्थित्यर्थानि स्थानानि यस्मिँस्तस्मिन् (बर्हिषि) अन्तरिक्षे (विश्ववेदसा) विश्वान्यखिलान्यन्नानि धनानि वा ययोस्तौ (मध्वा) मधुरेण रसेन । जसादिषु छन्दसि वावचनान्नादेशो न (यज्ञम्) शिल्पाख्यम् (मिमिक्षतम्) मेढुं सेक्तुमिच्छतम् (कण्वासः) मेधाविनः (वाम्) युवाम् (सुतसोमाः) सुता निष्पादिताः सोमाः पदार्थसारा यैस्ते (अभिद्यवः) अभितः सर्वतो द्यवो दीप्ता विद्या विद्युदादयः पदार्थाः साधिता यैस्ते । अत्र द्युतधातोर्बाहुलकादौणादिको डुप्रत्ययः (युवाम्) यौ (हवन्ते) गृह्णन्ति (अश्विना) व्याप्तधर्मव्यापिनौ ॥ ४ ॥

अन्वयः-हे विश्ववेदसाऽश्विनेव वर्त्तमानौ सभासेनेशौ युवां यथाऽभिद्यवः सुतसोमाः कण्वासो विद्वांसस्त्रिषधस्थे बर्हिषि मध्वा मधुरेण रसेन वां यज्ञं च हवन्ते तथा मिमिक्षतम् ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यथा मनुष्या विद्वद्भ्यो विद्यां गृहीत्वा यानानि रचयित्वा तत्र जलादिकं संयोज्य सद्यो गमनाय शक्नुवन्ति तथा नेतरेणोपायेन ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (विश्ववेदसा) अखिलधनों के प्राप्त करने वाले (अश्विना) अश्वियों के धर्म में स्थित के सदृश सभा सेनाओं के रक्षक आप जैसे (अभिद्यवः) सब प्रकार से विद्याओं के प्रकाशक और विद्युदादि पदार्थों के साधक (सुतसोमाः) उत्पन्न पदार्थों के ग्राहक (कण्वासः) मेधावी विद्वान् लोग (त्रिसधस्थे) जिस में तीनों भूमि जल पवन स्थिति के लिये हों उस (बर्हिषि) अन्तरिक्ष में (मध्वा) मधुर रस से (वाम्) आप और (यज्ञम्) शिल्प कर्म को (हवन्ते) ग्रहण करते हैं वैसे (मिमिक्षतम्) सिद्ध करने की इच्छा करो ॥ ४ ॥

भावार्थः—जैसे मनुष्य लोग विद्वानों से विद्या सीख यान रच और उस में जल आदि युक्त करके शीघ्र जाने आने के वास्ते समर्थ होते हैं वैसे अन्य उपाय से नहीं इस लिये उस में परिश्रम अवश्य करें ॥ ४ ॥

पुनस्तौ किं कुरुतामित्यु० ॥

फिर वे क्या करें इस० ॥

याभिः कण्वमभिष्टिभिः प्रावतं युवमश्विना । ताभिः ष्व१स्माँ अवतं शुभस्पती पातं सोममृतावृधा ॥ ५ ॥

याभिः । कण्वम् । अभिष्टिऽभिः । प्र । आवतम् । युवम् । अश्विना । ताभिः । सु । अस्मान् । अवतम् । शुभः । पती इति । पातम् । सोमम् । ऋतऽवृधा ॥ ५ ॥

पदार्थः-(याभिः) वक्ष्यमाणाभिः (कण्वम्) मेधाविनम्) (अभिष्टिभिः) याभ्याभिमुख्येनेष्यन्ते ताभिरभीष्टाभिरिच्छाभिः । अत्र एमन्नादिषु छन्दसि पररूपं वक्तव्यमिति पूर्वस्यैकारस्य पररूपम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (आवतम्) पालयतम् (युवम्) युवाम् (अश्विना) सूर्य्यचन्द्रमसाविव सभासेनाध्यक्षौ (ताभिः) उक्ताभिः (सु) शोभनार्थे (अस्मान्) धार्मिकान् पुरुषार्थिनो मनुष्यान् (अवतम्) (शुभः) कल्याणकरस्य कर्मणः शुभगुणसमूहस्य वा (पती) पालयितारौ (पातम्) रक्षतम् (सोमम्) ऐश्वर्य्यम् (ऋतावृधा) यावृतेन सत्यानुष्ठानेन वर्धेते तौ ॥ ५ ॥

अन्वयः-हे ऋतावृधा शुभस्पतीअश्विना सूर्य्याचन्द्रमोगुणयुक्तौ युवं याभिरभिष्टिभिः सोमं कण्वं च पातं ताभिरस्मान्सुप्रावतं याभिरस्मान्पातं ताभिः सर्वानवतम् ॥ ५ ॥

भावार्थः-सभासेनेशौ यथा स्वस्यैश्वर्य्यस्य रक्षां विधत्तां तथैव प्रजाः सेनाश्च सततं रक्षेताम् ॥ ५ ॥

पदार्थः-हे (ऋतावृधा) सत्यअनुष्ठान से बढ़ने वाले (शुभस्पती) कल्याण कारक कर्म वा श्रेष्ठ गुण समूह के पालक (अश्विना) सूर्य्य और चन्द्रमा के गुण युक्त सभा सेनाध्यक्ष (युवम्) आप दोनों (याभिः) जिन (अभिष्टिभिः) इच्छाओं से (सोमम्) अपने ऐश्वर्य्य और (कण्वम्) मेधावी विद्वान् को (पातम्) रक्षा करें उन से (अस्मान्) हम लोगों को (सु) अच्छे प्रकार (आवतम्) रक्षा कीजिये और जिन से हमारी रक्षा करें उन से सब प्राणियों की (अवतम्) रक्षा कीजिये ॥ ५ ॥

भावार्थः-सभा और सेना के पति राज पुरुष जैसे अपने ऐश्वर्य्य की रक्षा करें वैसे ही प्रजा और सेनाओं की रक्षा सदा किया करें ॥ ५ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे कैसे हैं इस० ॥

सुऽदासे दस्रा वसु बिभ्रता रथे पृक्षो वहतमश्विना । रयिं समुद्रादुत वा दिवस्पर्यस्मे धत्तं पुरुस्पृहम् ॥ ६ ॥

सुऽदासे । दस्रा । वसु । बिभ्रता । रथे । पृक्षः । वहतम् । अश्विना । रयिम् । सुमुद्रात् । उत । वा । दिवः । परि । अस्मेऽइति । धत्तम् । पुरुऽस्पृहम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(सुदासे) सुष्ठु शोभना दासा यस्य तस्मिन् (दस्रा) शत्रूणामुपक्षेतारौ (वसु) विद्यादिधनसमूहम् (बिभ्रता) धरन्तौ (रथे) विमानादियाने (पृक्षः) सुखसंपर्कनिमित्तं विज्ञानम् । अत्र पृचीधातोर्बाहुलकादौणादिकोऽसुन्प्रत्ययस्तस्य सुडागमश्च (वहतम्) प्रापयतम् (अश्विना) वायुविद्युदादिरिव व्याप्तैश्वर्य्यौ (रयिम्) राजश्रियम् (समुद्रात्) सागरादन्तरिक्षाद्वा (उत) अपि (वा) पक्षान्तरे (दिवः) द्योतनात्मकात्सूर्य्यात् (परि) सर्वतः (अस्मे) अस्मभ्यम् (धत्तम्) (पुरुस्पृहम्) यत्सत्पुरुषैर्बहुभिः स्पृह्यतईप्स्यते तत् ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे दस्रा वसु बिभ्रताऽश्विनेव युवां सुदासे रथे समुद्रादुत दिवः पारेऽस्मे पृक्षो वहतं पुरुस्पृहं रयिं च परिधत्तम् ॥६॥

भावार्थः—सभेशादिभिः राजपुरुषैः सेनाप्रजार्थं विविधं धनं समुद्रादिपाराऽवारगमनाय विमानादियानानि च संपाद्य सुखोन्नतिः कार्य्येति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (दस्रा) शत्रुओं के नाश करने वाले (वसु) विद्यादिधन समूह को (बिभ्रता) धारण करते हुए (अश्विना) वायु और बिजुली के समान पूर्ण ऐश्वर्य युक्त आप जैसे (सुदासे) उत्तम सेवक युक्त (रथे) विमानादि यान में (समुद्रात्) सागर वा सूर्य से (उत्) और (दिवः) प्रकाश युक्त आकाश से पार (पृक्षः) सुख प्राप्ति का निमित्त (पुरुस्पृहम्) जो बहुत का इच्छित हो उस (रयिम्) राज्य लक्ष्मी को धारण करें वैसे (अस्मे) हमारे लिये (परिधत्तम्) धारण कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—राज पुरुषों को योग्य है कि सेना और प्रजा के अर्थ नाना प्रकार का धन और समुद्रादि के पार जाने के लिये विमान आदि यान रच कर सब प्रकार सुख की उन्नति करें ॥ ६ ॥

पुनरेतौ किं कुरुतामित्यु० ॥

फिर वे क्या करें इस० ॥

यन्नासत्या परावति यद्वा स्थो अधि तुर्वशे ।
अतो रथेन सुवृता न आ गतं साकं सूर्यस्य रश्मिभिः ॥ ७ ॥

यत् । नासत्या । पराऽवति । यत् । वा । स्थः । अधि । तुर्वशे । अतः । रथेन । सुऽवृता । नः । आ । गतम् । साकम् । सूर्यस्य । रश्मिऽभिः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(यत्) यं रथम् (नासत्या) सत्यगुणकर्मस्वभावौ सभासेनेशौ (परावति) दूरं दूरं देशं प्रति गमने कर्त्तव्ये (यत्) यत्र (वा) पश्चान्तरे (स्थः) (अधि) उपरिभावे (तुर्वशे) वेदशिल्पादिविद्यावति मनुष्ये । तुर्वश इति मनुष्यना० निघं० २ । ३

(अतः) कारणात् (रथेन) विमानादियानेन (सुवृता) शोभना वृतोऽङ्गपूर्त्तिर्य्यस्य तेन (नः) अस्मान् (आ) अभितः (गतम्) गच्छतम् (साकम्) सह (सूर्य्यस्य) सवितृमंडलस्य (रश्मिभिः) किरणैः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे नासत्यावश्विना युवां यत्सुवृता रथेन यद्यतः परावति देशे तुर्वशेऽधिष्ठस्तेनातः सूर्य्यस्य रश्मिभिः साकं नोऽस्मानागतम् ॥ ७ ॥

भावार्थः—राजसभेशादयो येन यानेनान्तरिक्षमार्गेण देशान्तरं गन्तुं शक्नुयुस्तद्यानं प्रयत्नेन रचयेयुः ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (नासत्या) सत्य गुण कर्म स्वभाव वाले सभा सेना के ईश आप (यत्) जिस (सुवृता) उत्तम अङ्गों से परिपूर्ण (रथेन) विमान आदि यान से (यत्) जिस कारण (परावति) दूर देश में गमन करने तथा (तुर्वशे) वेद और शिल्प विद्या के जानने वाले विद्वान् जन के (अधिष्ठः) ऊपर स्थित होते हैं (अतः) इस से (सूर्य्यस्य) सूर्य्य के (रश्मिभिः) किरणों के (साकम्) साथ (नः) हम लोगों को (आगतम्) सब प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—राजसभा के पति जिस सवारी से अन्तरिक्ष मार्ग करके देश देशान्तर जाने को समर्थ होवें उस को प्रयत्न से बनावें ॥ ७ ॥

पुनस्तौ किं हेतुकावित्यु० ॥

फिर वे किस हेतु वाले हैं इस०

अ॒र्वाञ्चा॑ वां॒ सप्त॑योऽध्वर॒श्रियो॒ वह॑न्तु॒ सव॒नेदुप॑ । इषं॑ पृ॒ञ्चन्ता॑ सु॒कृते॑ सु॒दान॑व॒ आ ब॒र्हिः सी॑दतं नरा ॥ ८ ॥

अर्वाञ्चा । वाम् । सप्तयः । अध्वरऽश्रियः । वहन्तु । सवना । इत् । उप । इषम् । पृञ्चन्ता । सुऽकृते । सुऽदानवे । आ । बर्हिः । सीदतम् । नरा ॥ ८ ॥

पदार्थः—(अर्वाञ्चा) अर्वतो वेगानञ्चतः प्राप्नुतस्तौ (वाम्) युवयोः (सप्तयः) वाष्पादयोऽश्वा येषान्ते । सप्तिरित्यश्वना० निघं० १ । १४ (अध्वरश्रियः) या अध्वरस्याहिंसनीयस्य चक्रवर्त्तिराज्यस्य लक्ष्मीस्ताः (वहन्तु) प्राप्नुवन्तु (सवना) सुन्वति यैस्तानि (इत्) एव (उप) सामीप्ये (इषम्) श्रेष्ठामिच्छामुत्तममन्नादिकं वा (पृंचन्ता) सम्पर्चकौ (सुकृते) यः शोभनानि कर्म्माणि करोति तस्मै (सुदानवे) शोभना दानवो दानानि यस्य तस्मै (आ) अभितः (बर्हिः) अन्तरिक्षमुत्तमं वस्तुजातम् (सीदतम्) गच्छतम् (नरा) नायकौ सभासेनापती ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे अर्वाञ्चा पृञ्चन्ता नरा सभासेनेशौ युवां ये वां सप्तयः सुकृते सुदानवे जनाय चैषां बर्हिः सवनाध्वरश्रियश्चोपावहन्तु तानुपासीदतम् ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजप्रजाजनाः परस्परमुत्तमान्पदार्थान्समर्प्य सुखिनः स्युः ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (अर्वाञ्चा) घोड़े के समान वेगों को प्राप्त (पृंचन्ता) सुखों के कराने वाले (नरा) सभासेनापति आप जो (वाम्) तुम्हारे (सप्तयः) भाफ आदि अश्वयुक्त (सुकृते) सुन्दर कर्म करने (सुदानवे) उत्तम दाता मनुष्य के वास्ते (इषम्) धर्म की इच्छा वा उत्तम अन्नादि (बर्हिः) आकाश वा श्रेष्ठ पदार्थ

(सवना) यज्ञ की सिद्धि की क्रिया (अध्वरश्रियः) और पालनीय चक्रवर्त्ती राज्य की लक्ष्मियों को (आवहन्तु) प्राप्त करावें उन पुरुषों का (उपसीदतम्) सङ्ग सदा किया करो ॥ ८ ॥

भावार्थः—राज और प्रजाजनों को चाहिये कि आपस में उत्तम पदार्थों को दे लेकर सुखी हों ॥ ८ ॥

पुनस्तौ किं कुर्य्यातामित्यु० ॥

फिर वे क्या करें इस० ॥

तेन॑ नासत्या॒ग॑तं॒ रथे॑न॒ सूर्य॑त्वचा। येन॒ शश्व॑दू॒हथु॑र्दा॒शुषे॒ वसु॒ मध्वः॒ सोम॑स्य पी॒तये॑ ॥९॥

तेन॑ । ना॒स॒त्या॒ । आ । ग॒त॒म् । रथे॑न । सूर्य॑ऽत्वचा । येन॑ । शश्व॑त् । ऊ॒हथुः॑ । दा॒शुषे॑ । वसु॑ । मध्वः॑ । सोम॑स्य । पी॒तये॑ ॥ ९ ॥

पदार्थः—(तेन) पूर्वोक्तेन वक्ष्यमाणेन च (नासत्या) सत्याचरणस्वरूपौ (आ) समन्तात् (गतम्) गच्छतम् (रथेन) विमानादिना (सूर्य्यत्वचा) सूर्य्यइव त्वग् यस्य तेन (येन) उक्तेन (शश्वत्) निरन्तरम् (ऊहथुः) प्रापयतम् (दाशुषे) दानशीलाय मनुष्याय (वसु) कार्य्यकारणद्रव्यं वा (मध्वः) मधुरगुणयुक्तस्य (सोमस्य) पदार्थसमूहस्य (पतीये) पानाय भोगाय वा ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे नासत्या युवां येन सूर्य्यत्वचा रथेनागतं तेन दाशुषे मध्वः सोमस्य पीतये शश्वद्वसूहथुः प्रापयतम् ॥ ९ ॥

भावार्थः—राजपुरुषा यथा स्वहिताय प्रयतन्ते तथैव प्रजासुखायापि प्रयतेरन् ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे (नासत्या) सत्याचरण करने हारे सभासेना के स्वामी आप (येन) जिस (सूर्य्यत्वचा) सूर्य्य की किरणों के समान भास्वर (रथेन) गमन कराने वाले विमानादि यान से (आगतम्) अच्छेप्रकार आगमन करें (तेन) उस से (दाशुषे) दानशील मनुष्य के लिये (मध्वः) मधुरगुणयुक्त (सोमस्य) पदार्थसमूह के (पीतये) पान वा भोग के अर्थ (वसु) कार्य्यरूपी द्रव्य को (ऊहथुः) प्राप्त कराइये ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजपुरुष जैसे अपने हित के लिये प्रयत्न करते हैं उसी प्रकार प्रजा के सुख के लिये भी प्रयत्न करें ॥ ८ ॥

पुनरेतौ प्रति प्रजाजनाः किं कुर्य्युरित्यु० ॥

फिर उन को प्रति प्रजा जन क्या करें इस० ॥

उक्थेभिर्र्वागवसे पुरुवसूं अर्कैश्च नि ह्वयामहे । शश्वत्कण्वानां सदसि प्रिये हि कं सोमं पपथुरश्विना ॥ १० ॥ २ ॥

उक्थेभिः । अर्वाक् । अवसे । पुरुवसूइति पुरुऽवसू । अर्कैः । च । नि । ह्वयामहे । शश्वत् । कण्वानाम् । सदसि । प्रिये । हि । कम् । सोमम् । पपथुः । अश्विना ॥ १० ॥ २ ॥

पदार्थः—(उक्थेभिः) वेदस्तोत्रैरधीतवेदाप्तोपदिष्टवचनैर्वा (अर्वाक्) पश्चात् (अवसे) रक्षणाद्याय (पुरुवसू) पुरूणां बहूनां विदुषां मध्ये कृतवासौ (अर्कैः) मंत्रैर्विचारैर्वा । अर्को मंत्रो भवति यदेनेनार्चन्ति निरु० ५ । ४ (च) समुच्चये (नि) नितराम् (ह्वयामहे)

स्पर्धामहे (शश्वत्) अनादिरूपम् (कण्वानाम्) मेधाविनां विदुषाम् (सदसि) सभायाम् (प्रिये) प्रीतिकामनासिद्धिकर्य्यां (हि) खलु (कम्) सुखसंपादकम् (सोमम्) सोमवल्ल्यादिरसम् (पपथुः) पिबतम् (अश्विना) वायुसूर्य्याविव वर्त्तमानौ धर्मन्यायप्रकाशकौ ॥ १० ॥

अन्वयः—हे पुरूवसूऽवसे अश्विना वयमुक्थेभिरर्कैर्यत्र कण्वानां प्रिये सदसि यौ युवां निह्वयामहे तत्रार्वाक्तौ शश्वत्कं प्राप्नुतं हि सोमं च पपथुः ॥ १० ॥

भावार्थः—राजप्रजाजना विदुषां सभायां गत्वोपदेशान्नित्यं शृणुवन्तु यतः सर्वेषां कर्त्तव्याऽकर्त्तव्यबोधः स्यात् ॥ १० ॥

अत्र राजप्रजाधर्मवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तोक्तार्थेन साकं सङ्गतिरस्तीति बोध्यम् ॥

॥ इति द्वितीयो २ वर्गः सप्तचत्वारिंशं ४७ सूक्तं च समाप्तम् ॥

पदार्थः—हे(पुरूवसू) बहुत विद्वानों में वसने वाले (अश्विना) वायु और सूर्य के समान वर्त्तमान धर्म्म और न्याय के प्रकाशक (अवसे) रक्षादि के अर्थ हम लोग (उक्थेभिः) वेदोक्त स्तोत्र वा वेदविद्या के जानने वाले विद्वानों के इष्ट वचनों के (अर्कैः) विचार से जहां (कण्वानाम्) विद्वानों की (प्रिये) पियारी (सदसि) सभा में आप लोगों को (निह्वयामहे) अतिशय श्रद्धा कर बुलाते हैं वहां तुम लोग(अर्वाक्) पीछे (शश्वत्) सनातन (कम्) सुख को प्राप्त होओ (च) और (हि) निश्चय से (सोमम्) सोमवल्ली आदि ओषधियों के रसों को (पपथुः) पिओ ॥ १० ॥

भावार्थः—राजप्रजा जनों को चाहिये कि विद्वानों की सभा में जा कर नित्य उपदेश सुनें जिस से सब करने और न करने योग्य विषयों का बोध हो॥१०॥

यहां राज और प्रजा के धर्म्म का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

॥ यह दूसरा २ वर्ग और सैंतालीसवां ४७ सूक्त समाप्त हुआ ॥

अथास्य षोडशर्चस्याऽष्टचत्वारिंशस्य सूक्तस्य प्रस्कण्वऋषिः उषा देवता १ । ३ । ७ । ९ विराट् पथ्याबृहती ५ । ११ । १३ । निचृत्पथ्याबृहती च छन्दः । मध्यमः स्वरः ४ । ६ । १४ विराट् सतः पङ्क्तिः २ १० । १६ निचृत्सतःपङ्क्तिः ८ पङ्क्तिश्छन्दः पंचमः स्वरः ॥

अथोषर्वत्कन्यकानां गुणाः सन्तीत्यु० ॥

अब अड़तालीसवें सूक्त का आरम्भ है । उस के पहिले मंत्र में उषा के समान पुत्रियों गुण होने चाहिये इस० ॥

सह वामेन नउषो व्युच्छा दुहितर्दिवः ।
सह द्युम्नेन बृहता विभावरि राया देवि दास्वती ॥ १ ॥

सह । वामेन । नः । उषः । वि । उच्छ । दुहितः । दिवः । सह । द्युम्नेन । बृहता । विभावरि । राया । देवि । दास्वती ॥ १ ॥

पदार्थः—(सह) संगे (वामेन) प्रशस्येन (नः) अस्मान् (उषः) उषर्वद्वर्त्तमाने (वि)विविधार्थे (उच्छ) विवस (दुहितः) पुत्रीव (दिवः) प्रकाशमानस्य सूर्यस्य (सह) सार्द्धम् (द्युम्नेन) प्रकाशेनेव विद्यासुशिक्षारूपेण (बृहता) महागुणविशिष्टेन (विभावरि) विविधा दीप्तयो यस्यास्तत्सम्बुद्धौ (राया) विद्याचक्रवर्त्तिराज्यश्रिया (देवि) विद्यासुशिक्षाभ्यां द्योतमाने (दास्वती) प्रशस्तानि दानानि विद्यन्तेऽस्याः सा ॥ १ ॥

अन्वयः—हे दिवो दुहितरुषर्वद्वर्त्तमाने विभावरि देवि कन्ये दास्वती त्वं बृहता वामेन द्युम्नेन राया सह नो व्युच्छ ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यतो यदुत्पद्यते तत्तस्याऽपत्यवद्भवति यथा कश्चित्स्वामिभृत्यः स्वामिनं प्रबोध्य सचेतनं कृत्वा व्यवहारेषु प्रयोजयति यथोषाश्च पुरुषार्थयुक्तान् प्राणिनः कृत्वा महता पदार्थसमूहेन सुखेन वा सार्द्धं योजयित्वाऽऽनन्दितान्कृत्वा सायंकालस्थैषा व्यवहारेभ्यो निवर्त्याऽऽरामस्थान् करोति तथा मातापितृभ्यां विद्यासुशिक्षादिव्यवहारेषु स्वकन्याः प्रेरितव्याः ॥१॥

पदार्थः—हे (दिवः) सूर्यप्रकाशकी (दुहितः) पुत्री के समान (उषः) उषा के तुल्य वर्त्तमान (विभावरि) विविध दीप्ति युक्त (देवि) विद्या सुशिक्षाओं से प्रकाशमान कन्या (दास्वती) प्रशस्त दानयुक्त तू (बृहता) बड़े (वामेन) प्रसंशित प्रकाश (द्युम्नेन) न्याय प्रकाश करके सहित (राया) विद्या चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी के (सह) सहित (नः) हम लोगों को (व्युच्छ) विविध प्रकार प्रेरणा कर ॥ १ ॥

भावार्थः—यहां वाचकलु० । जैसे कोई स्वामी भृत्य को वा भृत्य स्वामी को सचेत कर व्यवहारों में प्रेरणा करता है और जैसे उषा अर्थात् प्रातःकाल की वेला प्राणियों को पुरुषार्थ युक्त कर बड़े २ पदाथ समूह युक्त सुख मे आनन्दित कर सायंकाल में सब व्यवहारों से निवृत्त कर आरामस्थ करती है वैसे ही माता पिता विद्या और अच्छी शिक्षा आदि व्यवहारों में अपनी कन्याओं को प्रेरणा करें ॥ १ ॥

पुनः सा कीदृशी किं करोतीत्यु० ॥

फिर वह कैसी और क्या करती है इस० ॥

अश्वावतीर्गोमतीर्विश्ववसुविदो भूरि च्यवन्त वस्तवे । उदीरय प्रति मा सूनृताउषश्चोद राधो मघोनाम् ॥ २ ॥

अश्वंऽवतीः । गोऽमंतीः । विश्वऽसुविदंः । भूरिं । च्यवन्त । वस्तंवे । उत । ईरय । प्रतिं । मा । सूनृताः । उषः । चोदं । राधंः । मघोनाम् ॥ २ ॥

पदार्थः-(अश्वावतीः) प्रशस्ता अश्वा विद्यन्ते यासान्ताः (गोमतीः) बह्वो गावो विद्यन्ते यासां ताः (विश्वसुविदः) विश्वानि सर्वाणि सुष्ठुतया विदंति याभ्यस्ताः (भूरि) बहु (च्यवन्त) च्यवन्ते (वस्तवे) निवस्तुम् (उत) उत्कृष्टार्थे (ईरय) गमय (प्रति) अभिमुखे (मा) माम् (सूनृताः) सुष्ठुसत्यप्रियवाचः (उषः) दाहगुणयुक्तोषर्वत् (चोद) प्रेरय (राधः) अनुत्तमं धनम् (मघोनाम्) धनवतां सकाशात् ॥ २ ॥

अन्वयः-हे उषरिव स्त्रि त्वमश्ववतीर्गोमतीर्विश्वसुविदः सूनृता वाचो वस्तवे भूर्युदीरय ये व्यवहारेभ्यश्च्यवन्त तेषां मघोनां सकाशाद्राधश्चोद प्रेरय ताभिर्मा प्रत्यानन्दय ॥ २ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु० यथा सुशुम्भमानोषाः सर्वान्प्राणिनः सुखयति तथा स्त्रियः पत्यादीन् सततं सुखयेयुः ॥ २ ॥

पदार्थः-हे (उषः) उषा के सदृश स्त्री तू जैसे यह शुभगुणयुक्ता उषा है वैसे (अश्वावतीः) प्रशंसनीय व्याप्तियुक्त (गोमतीः) बहुत गोआदि पशु सहित (विश्वसुविदः) सब वस्तुओं को अच्छे प्रकार जानने वाली (सूनृताः) अच्छे प्रकार प्रियादियुक्त वाणियों को (वस्तवे) सुख में निवास के लिये (भूरि) बहुत (उदीरय) प्रेरणा कर और जो व्यवहारों से (च्यवन्त) निवृत्त होते हैं उन को (मघोनाम्) धनवानों के सकाश से (राधः) उत्तम से उत्तम धन को (चोद) प्रेरणा कर उनसे (मा) मुझे (प्रति) आनन्दित कर ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० । जैसे अच्छी शोभित उषा सब प्राणियों को सुख देती है वैसे स्त्रियां भी अपने पतियों को निरन्तर सुख दिया करें ॥ २ ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्यु० ॥

फिर वह कैसी हो इस० ॥

उवासोषाउच्छाच्च नु देवी जीरा रथानाम् । ये अस्या आचरणेषु दध्रिरे समुद्रे न श्रवस्यवः ॥ ३ ॥

उवास । उषाः । उच्छात् । च । नु । देवी । जीरा । रथानाम् । ये । अस्याः । आचरणेषु । दध्रिरे । समुद्रे । न । श्रवस्यवः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(उवास) वसति (उषाः) प्रभावती (उच्छात्) विवसनात् (च) समुच्चये (नु) शीघ्रम् (देवी) सुखदात्री (जीरा) वेगयुक्ता (रथानाम्) रमणसाधनानां यानानाम् (ये) विद्वांसः (अस्याः) सत्स्त्रियाः (आचरणेषु) समन्ताच्चरन्ति जानन्ति व्यवहरन्ति येषु तेषु (दध्रिरे) धरन्ति (समुद्रे) जलमयेऽन्तरिक्षे वा (न) इव (श्रवस्यवः) आत्मनः श्रवणमिच्छवः ॥ ३ ॥

अन्वयः—या स्त्री उषाइव वर्त्तमाना जीरा देवी रथानां मध्यउवास येऽस्याआचरणेषु समुद्रे न श्रवस्यवोऽदध्रिरे ते रथानामुच्छान्न्वध्वानं तरन्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं० । येन स्वसदृशी विदुषी सर्वथाऽनुकूला प्राप्यते स सुखमवाप्नोति नेतरः ॥ ३ ॥

पदार्थः—जो स्त्री उषा के समान (जीरा) वेगयुक्त (देवी) सुख देने वाली (रथानाम्) आनन्द दायक यानों के (उवास) वसती है (ये) जो (अस्याः) इस सती स्त्री के (आचरणेषु) धर्म्म युक्त आचरणों में (समुद्रेन) जैसे सागर में (श्रवस्यवः) अपने आप विद्या के सुनने वाले विद्वान् लोग उत्तम नौका से जाते आते हैं वैसे (दध्रिरे) प्रीति को धरते हैं वे पुरुष अत्यन्त आनन्द को प्राप्त होते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं० । जिस को अपने समान विदुषी पण्डिता और सर्वथा अनुकूल स्त्री मिलती है वह सुख को प्राप्त होता है और नहीं ॥ ३ ॥

येउषसि योगमभ्यस्यन्ति ते किं प्राप्नुवन्तीत्याह ॥

जो प्रभात समय में योगाऽभ्यास करते हैं वे किसको प्राप्त होते हैं इस० ॥

उषो ये ते प्र यामेषु युञ्जते मनो दानाय सूरयः । अत्राह तत्कण्वं एषां कण्वंतमो नाम गृणाति नृणाम् ॥ ४ ॥

उषः । ये । ते । प्र । यामेषु । युञ्जते । मनः । दानाय । सूरयः । अत्र । अह । तत् । कण्वः । एषाम् । कण्वऽतमः । नाम । गृणाति । नृणाम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(उषः) उषसः (ये) (ते) तव (प्र) प्रकृष्टार्थे (यामेषु) प्रहरेषु (युंजते) अभ्यस्यन्ति (मनः) विज्ञानं (दानाय) विद्यादिदानाय (सूरयः) स्तोतारो विद्वांसः । सूरिरिति स्तोतृना० निघं० ३ । १६ (अत्र) अस्यां विद्यायाम् (अह) विनिग्रहार्थे । अह इति विनिग्रहार्थीयः । निरु० १ । १५ (तत्) (कण्वः)

मेधावी (एषाम्) (कण्वतमः) अतिशयेन मेधावी (नाम) सञ्ज्ञादिकम् (गृणाति) प्रशंसति (नृणाम्) विद्याधर्मेषु नायकानां मनुष्याणां मध्ये ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे विद्वान् ये सूरयस्ते तव सकाशादुपदेशं प्राप्याचोषर्यामेषु दानाय मनोऽत्र प्रयुंजते ते सिद्धा भवन्ति यः कण्व एषां नृणां नाम गृणाति स कण्वतमो जायते ॥ ४ ॥

भावार्थः—ये जनाएकान्ते पवित्रे निरुपद्रवे देशे स्थासीना यमादिसंयमान्तानां नवानामुपासनांगानामभ्यासं कुर्वन्ति ते निर्मलात्मानः सन्तः प्राज्ञाआप्ताः सिद्धा जायन्ते ये चैतेषां संगसेवे विदधति तेऽपि शुद्धान्तःकरणा भूत्वाऽत्मयोगजिज्ञासवो भवन्ति ॥४॥

पदार्थः—हे विद्वन् जो (सूरयः) स्तुति करने वाले विद्वान् लोग (ते) आप से उपदेश पा के (अत्र) इस (उषः) प्रभात के (यामेषु) प्रहरों में (दानाय) विद्यादि दान के लिये (मनः) विज्ञान युक्त चित्त को (प्रयुंजते) प्रयुक्त करते हैं वे जीवनमुक्त होते हैं और जो (कण्वः) मेधावी (एषाम्) इन (नृणाम्) प्रधान विद्वानों के (नाम) नामों को (गृणाति) प्रशंसित करता है वह (कण्वतमः) अतिशय मेधावी होता है ॥ ४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य एकान्त पवित्र निरुपद्रव देश में स्थिति होकर यमादि संयमान्त उपासना के नव अङ्गों का अभ्यास करते हैं वे निर्मल आत्मा होकर ज्ञानी श्रेष्ठ सिद्ध होते हैं और जो इन का संग और सेवा करते हैं वे भी शुद्ध अन्तःकरण हो के आत्मयोग के जानने के अधिकारी होते हैं ॥ ४ ॥

पुनः सा किं करोतीत्यु० ॥

फिर वह क्या करती है इस० ॥

आ घा योषेव सूनर्युषा याति प्रभुञ्जती । जरयन्ती वृजनं पद्वदीयत उत्पातयति पक्षिणः ॥ ५ ॥ ३ ॥

आ । घ । योषाऽइव । सूनरी । उषाः । याति । प्रभुञ्जती । जरयन्ती । वृजनम् । पत्ऽवत् । ईयते । उत् । पातयति । पक्षिणः ॥ ५ ॥ ३ ॥

पदार्थः-(आ) समन्तात् (घ) एव (योषेव) यथा स्त्री तथा (सूनरी) या सुष्ठु नयति (उषाः) प्रबोधदात्री (याति) प्राप्नोति (प्रभुंजती) प्रकृष्टं पालनं कुर्वती (जरयन्ती) या जीर्णामवस्थां भावयन्ती (वृजनम्) मार्गम् (पद्वत्) पद्भ्यां तुल्यम् (ईयते)प्राप्नोति (उत्) ऊर्ध्वं (पातयति) जागारयति (पक्षिणः) विहङ्गमान् ॥ ५ ॥

अन्वयः-या योषेव प्रभुंजती सूनरी जरयंतीउषा पद्वदीयते वृजनं याति पक्षिणउत्पातयति तस्यां सर्वैर्योगोऽभ्यसनीयः ॥५॥

भावार्थः-यथोषा निर्मला सर्वथा सुखप्रदा योगाभ्यासनिमित्ता भवति तथैव स्त्रीभिर्भवितव्यम् ॥ ५ ॥

पदार्थः-जो (योषेव) सत्स्त्री के समान (प्रभुंजती) अच्छे प्रकार भोगती (सूनरी) अच्छे प्रकार प्राप्त होती (जरयन्ती) जीर्णावस्था को करती (उषाः) प्रातसमय (पद्वत्) पगों के तुल्य (वृजनम्) मार्ग को (ईयते) प्राप्त होती हुई (याति) जाती और (पक्षिणः) पक्षियों को (उत्पातयति) उड़ाती है उस काल में सब को योगाभ्यास (घ) ही करना चाहिये ॥ ५ ॥

भावार्थः-जैसे प्रातःकाल की वेला सब प्रकार से सुख की देने वाली योगाभ्यास का कारण है उसी प्रकार स्त्रियों को होना चाहिये ॥ ५ ॥

पुनस्सा कीदृशीत्यु० ॥

फिर वह कैसी हो इस० ॥

वि या सृजति समनं व्य१र्थिनः पदं न वेत्योदती वयो नकिष्टे पप्तिवांस आसते व्युष्टौ वाजिनीवति ॥ ६ ॥

वि । या । सृजति । समनम् । वि । अर्थिनः । पदम् । न । वेति । ओदती । वयः । नकिः । ते । पप्तिऽवांसः । आसते । विऽउष्टौ । वाजिनीऽवति ॥ ६ ॥

पदार्थः–(वि) विविधार्थे (या) उषर्वत्स्त्री (सृजति) (समनम्) समीचीनं संग्रामम् । समनमिति संग्रामना० निघं० २ । १७ (वि) विशेषार्थे (अर्थिनः) प्रशस्ता अर्था यस्य सन्ति (पदम्) प्रापणीयम् (न) इव (वेति) व्याप्नोति (ओदती) उन्दनं कुर्वन्ती (वयः) पक्षिणः (नकिः) या न शब्दयति सा (ते) तव (पप्तिवांसः) पतनशीलाः (आसते) (व्युष्टौ) विशेषेणोष्यन्ते दह्यन्ते यया कान्त्या तस्याम् (वाजिनीवती) बह्वो वाजिन्यः क्रिया विद्यन्ते यस्यां सा ॥ ६ ॥

अन्वयः–हे योगिनि स्त्रि भवती यथा यौदती नकिर्वाजिनीवत्युषार्थिनः पदं न समनं विवेति विसृजति यस्या व्युष्टौ पप्तिवांसो वय आसते सा वेला ते योगाभ्यासार्थाऽस्तीति मन्यस्व ॥६॥

भावार्थः–अत्रोपमाऽलं० यथा स्त्रियो व्यवहारेण स्वकीयान्पदार्थान्प्राप्नुवन्ति तथोषाः स्वप्रकाशेन स्वव्यवहाराऽधिकारं

प्राप्नोति यथा सा दिनमुत्पाद्य सर्वान्प्राणिनउत्थाप्य स्वस्वव्यवहारेषु वर्त्तयित्वा रात्रीं निवर्तयति दिनस्य प्रादुर्भावाद्दाहं जनयति तथैव स्त्रीभिर्भवितव्यम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे योगाभ्यास करने हारी स्त्री आप जैसे (या) जो (ओदती) आर्द्रता को करती हुई (नकिः) शब्द को न करती (वाजिनीवती) बहुत क्रियाओं का निमित्त (उषाः) प्रातः समय (अर्थिनः) प्रशस्त अर्थ वाले का (पदंम) प्राप्ति के योग्य के समान (समनम्) सुन्दर संग्राम को जैसे (विवेति) व्याप्त होती है जिस की (व्युष्टौ) दहन करने वाली कान्ति में (पप्तिवांसः) पतनशील (वयः) पक्षी (आसते) स्थिर होते हैं वह वेला (ते) तेरे योगाऽभ्यास के लिये है इस को तू जान ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं० जैसे स्त्रियां व्यवहार से अपने पदार्थों को प्राप्त होती हैं वैसे उषा अपने प्रकाश से अधिकार को प्राप्त होती है जैसे वह दिन को उत्पन्न और सब प्राणियों को उठाकर अपने २ व्यवहार में प्रवर्त्तमान कर रात्रि को निवृत्त करती और दिन के होने से दाह को भी उत्पन्न करती है वैसे ही सब स्त्री जनों को भी होना चाहिये ॥ ६ ॥

पुनस्तद्वत् स्त्रियः स्युरित्यु० ॥

फिर उषा के समान स्त्री जन हों इस० ॥

एषायुंक्त परावतः सूर्य्यस्योदयंनादधिं ।
शतं रथेभिः सुभगोषाइयं वियात्यभि मानुषान् ॥ ७ ॥

एषा । अयुक्त । पराऽवतः । सूर्य्यस्य । उत्ऽअयंनात् । अधिं । शतम् । रथेभिः । सुभगां । उषाः । इयम् । वि । याति । अभि । मानुषान् ॥ ७ ॥

पदार्थः-(एषा) वक्ष्यमाणा (अयुक्त) युंक्ते । अत्र लडर्थे लुङ् बहुलं छन्दसीति अमो लुक् (परावतः) दूरदेशात् (सूर्यस्य) सवितृमंडलस्य (उदयनात्) उदयात् (अधि) उपरान्तसमये (शतम्) असंख्यातान् (रथेभिः) रमणीयैः किरणैः (सुभगा) शोभना भगाऐश्वर्याणि यस्याः सा (उषाः) सुशोभा कान्तिः (इयम्) प्रत्यक्षा (वि) विविधार्थे (याति) प्राप्नोति (अभि) आभिमुख्ये (मानुषान्) मनुष्यादीन् ॥ ७ ॥

अन्वयः-हे स्त्रियो यूयं यथैषोषाः परावतः सूर्यस्योदयनादध्यय्ययुक्त यथेयं सुभगा रथेभिः शतं मानुषान् वियाति तथैव युक्ता भवत ॥ ७ ॥

भावार्थः-यथा पतिव्रताः स्त्रियो नियमेन स्वपतीन् सेवन्ते यथोषसः पदार्थानां च दूरदेशात्संयोगो जायते तथैव दूरस्थैः कन्यावरैर्विवाहः कर्त्तव्यो यतो दूरदेशेऽपि प्रीतिर्वर्द्धेत यथा समीपस्थानां विवाहः क्लेशकारी भवति तथैव दूरस्थानां च सुखदायी जायते ॥ ७ ॥

पदार्थः-हे स्त्री जनो जैसे (एषा) यह (उषाः) प्रातःकाल (सूर्यस्य) सूर्यमंडल के (उदयनात्) उदय से (अधि) उपरान्त (अध्यय्ययुक्त) ऊपर सम्मुख से सब में युक्त होती है जिस प्रकार (इयम्) यह (सुभगा) उत्तम ऐश्वर्य्य युक्त (रथेभिः) रमणीय यानों से (शतम्) असंख्यात (मानुषान्) मनुष्यादिकों को (वियाति) विविध प्रकार प्राप्त होती है वैसे तुम भी युक्त हो ओ ॥ ७ ॥

भावार्थः-जैसे पतिव्रता स्त्रियां नियम से अपने पतियों की सेवा करतीं हैं। जैसे उषा से सब पदार्थों का दूर देश से संयोग होता है वैसे दूरस्थ कन्या पुत्रों का युवाऽवस्था में स्वयम्बर विवाह करना चाहिये जिस से दूरदेश में रहने वाले मनुष्यों से प्रीति बढ़े जैसे निकटस्थों का विवाह दुःख दायक होता है वैसे ही दूरस्थों का विवाह आनन्द प्रद होता है ॥ ७ ॥

पुनस्सा कीदृशीत्यु०

फिर वह कैसी हो इस० ॥

विश्वमस्या नानाम चक्षसे जगज्ज्योतिष्कृणोति सूनरी । अप द्वेषो मघोनी दुहिता दिव उषा उच्छदप स्रिधः ॥ ८ ॥

विश्वम् । अस्याः । ननाम । चक्षसे । जगत् । ज्योतिः । कृणोति । सूनरी । अप । द्वेषः । मघोनी । दुहिता । दिवः । उषाः । उच्छत् । अप । स्रिधः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(विश्वम्) सर्वम् (अस्याः) उषसः (ननाम) नमति । अत्र तुजादित्वादभ्यासदीर्घत्वम् (चक्षसे) द्रष्टुम् (जगत्) संसारम् (ज्योतिः) प्रकाशम् (कृणोति) करोति (सूनरी) सुष्ठु नेत्री (अप) दूरीकरणे (द्वेषः) द्विषन्ति ये शत्रवस्ते । अन्येभ्योऽपि दृश्यन्त इति विच् । (मघोनी) प्रशस्तानि मघानि पूज्यानि धनानि यस्याः सन्ति सा (दुहिता) पुत्रीव (दिवः) प्रकाशमानस्य सवितुः (उषाः) प्रभातः (उच्छत्) विवासयति (अप) अपराधे (स्रिधः) हिंसकान् ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो यूयं यथा मघोनी सूनरी दिवो दुहितेवोषा विश्वं जगच्चक्षसे ज्योतिः कृणोति स्रिधोऽपद्वेषोऽपोच्छद्दूरतो विवासयति तथापत्यादिषु वर्त्तध्वम् ॥ ८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० यथा सत्स्त्री विघ्नान्निवार्य्य क्रियमाणानि कार्य्याणि साध्नोति तथैवोषा दस्युचोरशत्र्वादीन्निवार्य्य कार्यसाधिका भवतीति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे स्त्रीजनो तुम जैसे (मघोनी) प्रशंसनीय धन का निमित्त (सूनरी) अच्छेप्रकार प्राप्त कराने वाली (दिवः) प्रकाशमान सूर्य्य की (दुहिता) पुत्रीके सदृश (उषाः) प्रकाश ने वाली प्रभात की वेला (विश्वम्) सब जगत् को (चक्षसे) देखने के लिये (ज्योतिः) प्रकाश को (कृणोति) करती है और (स्रिधः) हिंसक (द्विषः) बुरा द्वेष करने वाले शत्रुओं को (अपाच्छत्) दूर वास कराती है वैसे पति आदि में वर्त्तो ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० । जैसे सती स्त्री विघ्नों को दूर कर कर्त्तव्य कर्मों को सिद्ध करती है वैसे ही उषा डांकू चोर शत्रु आदि को दूर कर कार्य्य की सिद्धि कराने वाली होती है ॥ ८ ॥

पुनः सा कीदृशी सती किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह कैसी हो के क्या करे इस० ॥

उष आ भाहि भानुना चन्द्रेण दुहितर्दिवः । आवहन्ती भूर्यस्मभ्यं सौभगं व्युच्छन्ती दिविष्टिषु ॥ ९ ॥

उषः । आ । भाहि । भानुना । चन्द्रेण । दुहितः । दिवः । आऽवहन्ती । भूरि । अस्मभ्यम् । सौभगम् । विऽउच्छन्ती । दिविष्टिषु ॥ ९ ॥

पदार्थः—(उषः) उषाइव कमनीये (आ) समन्तात् (भाहि) (भानुना) सूर्येण (चन्द्रेण) इन्दुना (दुहितः) पुत्रीव (दिवः) प्रकाशस्य (आवहन्ती) सर्वतः सुखं प्रापयन्ती (भूरि) बहु (अस्मभ्यम्) पुरुषार्थिभ्यः (सौभगम्) शोभनानां भगानामैश्वर्याणामिदम् (व्युच्छन्ती) निवासं कुर्वन्ती (दिविष्टिषु) प्रकाशितासु कान्तिषु॥९॥

अन्वयः—हे दिवो दुहितरिव वर्त्तमाने स्त्रि यथोषा भानुना चन्द्रेणाऽस्मभ्यं भूरि सौभगमावहन्ती दिविष्टिषु व्युच्छंती सती त्वं विद्याशमाभ्यामाभाहि ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यथा सुकन्या मातृपतिकुले उज्ज्वलयति तथोषाउभे स्थूलसूक्ष्मे वस्तुनी प्रकाशयति ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे (दिवः) सूर्य्य के प्रकाश की (दुहितः) पुत्री के तुल्य कन्ये जैसे (उषाः) प्रकाशमान उषा (भानुना) सूर्य्य और (चन्द्रेण) चंद्रमा से (अस्मभ्यम्) हम पुरुषार्थी लोगों के लिये (भूरि) बहुत (सौभगम्) ऐश्वर्य्य के समूहों को (आवहन्ती) सब ओर से प्राप्त कराती (दिविष्टिषु) प्रकाशित कान्तियों में (व्युच्छन्ती) निवास कराती हुई संसार को प्रकाशित करती है वैसे ही तू विद्या और शमादि से सुशोभित हो ॥ ९ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जैसे विदुषी धार्मिक कन्या दोनों माता और पति के कुलों को उज्ज्वल करती है वैसे उषा दोनों स्थूल सूक्ष्म अर्थात् बड़ी छोटी वस्तुओं को प्रकाशित करती है ॥ ९ ॥

पुनःसा कीदृशीन किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह कैसी होकर किस से क्या करे इस० ॥

विश्वस्य हि प्राणनं जीवनं त्वे वि यदुच्छसि सूनरि । सा नो रथेन बृहता विभावरि श्रुधि चित्रामघे हवम् ॥ १० ॥ ४ ॥

विश्र्वस्य । हि । प्राणनम् । जीवनम् । त्वेइति । वि । यत् । उच्छसि । सूनरि । सा । नः । रथेन । बृहता । विभावरि । श्रुधि । चित्रऽमघे । हवम् ॥ १० ॥ ४ ॥

पदार्थः—(विश्वस्य) सर्वस्य (हि) खलु (प्राणनम्) प्राणधारणम् (जीवनम्) जीविकाप्रापणम् (त्वे) त्वयि । अत्र सुपांसुलुगिति शेआदेशः (वि) विविधार्थे (यत्) या (उच्छसि) (सूनरि) सुष्ठुतया व्यवहारनेत्री (सा) (नः) अस्मभ्यम् (रथेन) रमणीयेन स्वरूपेण विमानादिना वा (बृहता) महता (विभावरि) या विविधतया भाति प्रकाशयति तत्सम्बुद्धौ (श्रुधि) शृणु (चित्रामघे) चित्राण्यद्भुतानि मघानि धनानि यस्यास्तत्सम्बुद्धौ । अत्रान्येषामपीति पूर्वपदस्य दीर्घः (हवम्) श्रोतव्यं श्रावयितव्यं वा शब्दसमूहम् ॥ १० ॥

अन्वयः—हे सूनरि विभावरि चित्रामघे स्त्रि यथोषा बृहता महता रथेन रमणीयेन स्वरूपेण वर्त्तते यस्यां विश्वस्य प्राणिजातस्य हि प्राणनं जीवनं संभवति तथा त्वे त्वय्यप्यस्तु यद्या त्वं नउच्छसि साऽस्माकं हवं श्रुधि ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यथोषसा सर्वस्य प्राणिजातस्य सुखानि जायन्ते तथा सत्या स्त्रिया प्रसीदन्तं सर्व आनन्दाः प्राप्नुवन्ति ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (सूनरि) अच्छेप्रकार व्यवहारों को प्राप्त (विभावरि) विविध प्रकाश युक्त (चित्रामघे) चित्र विचित्र धन से सुशोभित स्त्री जैसे उषा (बृहता) बड़े (रथेन) रमणीय स्वरूप वा विमानादि यान से विद्यमान

जिस में (विश्वस्य) सब प्राणियों के (प्राणनम्) प्राण और (जीवनम्) जीविका की प्राप्ति का संभव होता है वैसे ही (त्वे) तेरे में होता है (यत्) जो तू (नः) हम लोगों को (व्युच्छसि) विविध प्रकार वास करती है वह तू हमारा (हवम्) सुनने सुनाने योग्य वाक्यों को (श्रुधि) सुन ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० । जैसे उषा से सब प्राणि जाति को सुख होता है वैसे ही पतिव्रता स्त्री से प्रसन्न पुरुष को सब आनन्द होते हैं ॥१०॥

पुनः सा कीदृशीत्यु०

फिर वह कैसी है इस०

उषो वाजं हि वंस्व यश्चित्रो मानुषे जने । तेनावह सुकृतो अध्वराँ उप ये त्वा गृणन्ति वह्नयः ॥ ११ ॥

उषः । वाजम् । हि । वंस्व । यः । चित्रः । मानुषे । जने । तेन । आ । वह । सुऽकृतः । अध्वरान् । उप । ये । त्वा । गृणन्ति । वह्नयः ॥ ११ ॥

पदार्थः—(उषः) प्रभातवद्वर्त्तमाने (वाजम्) ज्ञानमन्नं वा (हि) किल (वंस्व) संभज (यः) विद्वान् (चित्रः) अद्भुत शुभगुणकर्मस्वभावः (मानुषे) मनुष्ये (जने) विद्याधर्मादिभिर्गुणैः प्रसिद्धे (तेन) उक्तेन (आ) समन्तात् (वह) प्राप्नुहि (सुकृतः) शोभनानि कृतानि कर्माणि येन सः (अध्वरान्) अहिंसनीयान् गृहाश्रमव्यवहारान् (उप) उपगमे (ये) वक्ष्यमाणाः (त्वा) त्वाम् (गृणन्ति) स्तुवन्ति (वह्नयः) वोढारो विद्वांसो जितेन्द्रियाः सुशीला मनुष्याः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे उषर्वद्वर्त्तमाने स्त्रि त्वं यश्चित्रः सुकृतस्तव पतिर्वर्त्तते तस्मिन्मानुषे जने वाजं हि वंस्व ये वह्नयो येनाध्वरानुपगृणन्ति त्वा चोपदिशन्ति तेन तानावह समन्तात्प्रापुहि ॥११॥

भावार्थः—ये मनुष्या यथा सूर्य्यउषसं प्राप्य दिनं कृत्वा सर्वान्प्राणिनः सुखयति तथा स्वाः स्त्रियो भूषयेयुस्तान् दाराश्चाप्यलंकुर्युरेवं परस्परं सुप्रीत्युपकाराभ्यां सदा सुखिनः स्युः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (उषः) प्रभात वेला के तुल्य वर्त्तमान स्त्री तू (यः) जो (चित्रः) अद्भुत गुण कर्म स्वभाव युक्त (सुकृतः) उत्तम कर्म करने वाला तेरा पति है उस (मानुषे) मनुष्य (जने) विद्याधर्मादिगुणों से प्रसिद्ध में (वाजम्) ज्ञान वा अन्न को (हि) निश्चय करके (वंस्व) सम्यक् प्रकार से सेवन कर (ये) जो (वह्नयः) प्राप्ति करने वाले विद्वान् मनुष्य जिस कारण से (अध्वरान्) अध्वर यज्ञ वा अहिंसनीय विद्वानों को (उपगृणन्ति) अच्छे प्रकार स्तुति करते और तुझ को उपदेश करते हैं (तेन) उस से उन को (आवह) सुखों को प्राप्त कराती रह॥११॥

भावार्थः—जो मनुष्य जैसे सूर्य्य उषा को प्राप्त होके दिन को कर सब को सुख देता है वैसे अपनी स्त्रियों को भूषित करते हैं उन को स्त्री जन भी भूषित करती हैं इस प्रकार परस्पर प्रीति उपकार से सदा सुखी रहें ॥ ११ ॥

पुनः सा किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह क्या करे इस० ॥

विश्वा॑न्दे॒वाँ आ व॑ह॒ सोम॑पीतये॒ऽन्तरि॑क्षा-
दु॒ष॒स्त्वम्। सास्मासु॑ धा॒ गोम॒दश्वा॑वदु॒क्-
थ्य॑१॒मुषो॒ वाजं॑ सु॒वीर्य॑म् ॥ १२ ॥

विश्वा॑न्। दे॒वान्। आ। व॒ह॒। सोम॑ऽपी-
तये। अ॒न्तरि॑क्षात्। उ॒षः॒। त्वम्। सा।

अस्मासु॑ । धाः॒ । गोऽम॑त् । अश्व॑ऽवत् ।
उ॒क्थ्य॑म् । उषः॑ । वाज॑म् । सु॒ऽवीर्य॑म् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(विश्वान्) अखिलान् (देवान्) दिव्यगुणयुक्तान् पदार्थान् (आ) समन्तात् (वह) प्रापय (सोमपीतये) सोमानां पीतिः पानं यस्मिन् व्यवहारे तस्मै (अन्तरिक्षात्) उपरिष्टात् (उषः) उषर्वदनुत्तमगुणे (त्वम्) (सा) (अस्मासु) मनुष्येषु (धाः) धेहि । अत्र लडर्थे लुङडभावश्च (गोमत्) प्रशस्ता गावइन्द्रियाणि किरणाः पृथिव्यादयो वा विद्यन्ते यस्मिँस्तत् (अश्वावत्) बहवः प्रशस्ता वेगप्रदा अश्वा अग्न्यादयः सन्ति यस्मिँस्तत् । अत्र मंत्रे सोमाश्वेन्द्रिय० अ० ६ । ३ । १३१ । इति दीर्घः (उक्थ्यम्) उच्यते प्रशस्यते यत्तस्मै हितम् (उषः) उषर्वद्धितसंपादिके (वाजम्) विज्ञानमन्नं वा (सुवीर्यम्) शोभनानि वीर्य्याणि पराक्रमा यस्मात्तत् ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे उषर्वद्वर्त्तमाने स्त्रि अहं सोमपीतयेऽन्तरिक्षाद्यान् विश्वान्देवान् यां त्वाञ्च प्राप्नोमि सा त्वं मेतानावह । हे उषर्वत्सर्वेष्टप्रापिके त्वमस्मासूक्थ्यं गोमदश्ववत्सुवीर्य्यं वाजं धा धेहि ॥ १२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यथेयमुषाः स्वप्रादुर्भावेन शुद्धजलवायुप्रकाशादीन् प्रापय्य दोषान्नाशयित्वा सर्वमुत्तमपदार्थसमूहं प्रकटयन्ति तथोत्तमा स्त्री गृहकृत्येषु भवेत् ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (उषः) प्रभात के तुल्य स्त्रि मैं (सोमपीतये) सोम आदि पदार्थों को पीने के लिये (अन्तरिक्षात्) ऊपर से (विश्वान्) अखिल (देवान्) दिव्य गुण युक्त पदार्थों और जिस तुझ को प्राप्त होता हूं उन्हीं को तूभी (आवह) अच्छे प्रकार प्राप्त हो हे (उषः) उषा के समान हित करने और (सा) तू सब इष्टपदार्थों को प्राप्त कराने वाली (अस्मासु) हम लोगों में (गोमत्) प्रशंसनीय

इन्द्रिय किरण और पृथिवी आदि से (अश्वावत्) और अत्युत्तम तुरंगों से युक्त (सुवीर्यम्) उत्तम वीर्य पराक्रम कारक (वाजम्) विज्ञान वा अन्न को (धाः) धारण कर॥ १२॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०। जैसे यह उषा अपने प्रादुर्भाव से शुद्ध वायु जल आदि दिव्य गुणों को प्राप्त करा के दोषों का नाश कर सब उत्तम पदार्थ समूह को प्रकट करती है वैसे उत्तम स्त्री गृह कार्यों में हो॥ १२॥

पुनः सा कीदृशी भूत्वा किंदद्यादित्यु०॥

फिर वह कैसी हो कर क्या देवे इस०॥

यस्या रुशन्तो अर्चयः प्रति भद्रा अदृक्षत। सा नो रयिं विश्ववारं सुपेशसमुषा ददातु सुग्म्यम्॥ १३॥

यस्याः। रुशन्तः। अर्चयः। प्रति। भद्राः। अदृक्षत। सा। नः। रयिम्। विश्वऽवारम्। सुऽपेशसम्। उषाः। ददातु। सुग्म्यम्॥ १३॥

पदार्थः—(यस्याः) प्रकाशिकायाः (रुशन्तः) चोरदस्य्वन्धकारादीन् हिंसन्तः (अर्चयः) प्रकाशाः (प्रति) प्रत्यक्षार्थे (भद्राः) कल्याणकारकाः (अदृक्षत) दृश्यन्ते (सा) (नः) अस्मभ्यम् (रयिम्) चक्रवर्त्तिराज्यश्रियम् (विश्ववारम्) येन विश्वं सर्वं वृणोति तत् (सुपेशसम्) शोभनं पेशो रूपं यस्मात्तत् (उषाः) उषर्वत्स्वरूपप्रदा (सुग्म्यम्) (ददातु) सुखेषु भवमानन्दम्। सुग्ममितिसुखना० निघं० ३। ६॥ १३॥

अन्वयः—हे स्त्रि यस्यादृशन्तो भद्रा अर्चयः प्रत्यदृक्षत सोषा नो विश्ववारं सुपेशसं रयिं सुगम्यं सुखं च यथा ददाति तथासतो ह्येतत्सर्वं भवती ददातु ॥ १३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । यथा दिननिमित्तयोषसा विना सुखेन कार्य्याणि न सिद्ध्यन्ति स्वरूपप्राप्तिश्च तथा सत्स्त्रिया वि-विनैतदखिलं न जायते ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (यस्याः) जिस के सकाश से ये (दृशन्तः) चोर डांकू अन्धकार आदि का नाश और (भद्राः) कल्याण करने वाली (अर्चयः) दीप्ति (प्रत्यदृक्षत) प्रत्यक्ष होती है (सा) जैसे वह (उषा) सुरूप के देने वाली प्रभात की वेला (नः) हम लोगों के लिये (विश्ववारम्) सब आच्छादन करने योग्य (सुपेशसम्) शोभन रूप युक्त (रयिम्) चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी (सुगम्यम्) सुख-को (ददाति) देती है वैसी होकर तू भी हम को सुखदायक हो ॥ १३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० । जैसे दिन की निमित्त उषा के विना सुख वा राज्य के कार्य्य सिद्ध नहीं होते और सुरूप की प्राप्ति भी नहीं होती वैसे ही समीचीन स्त्री के विना यह सब नहीं होता ॥ १३ ॥

पुनः सा कस्मै प्रयोजनाय प्रभवतीत्यु०

फिर वह किस प्रयोजन के लिये समर्थ होती है इस०

ये चिद्धि त्वामृषयः पूर्वं ऊतये जुहूरेऽवसे महि । सा नः स्तोमाँ अभि गृणीहि राधसोषः शुक्रेण शोचिषा ॥ १४ ॥

ये । चित् । हि । त्वाम् । ऋषयः । पूर्वे । ऊतये । जुहूरे । अवसे । महि । सा ।

नः । स्तोमा॑न् । अ॒भि । गृ॒णी॒हि॒ । रा॒धसा । उषः॑ । शु॒क्रेण॑ । शो॒चिषा॑ ॥ १४ ॥

पदार्थः—(ये) वक्ष्यमाणाः (चित्) अपि (हि) खलु (त्वम्) (ऋषयः) वेदार्थविदो विद्वांसः (पूर्वे) येऽधीतवन्तः (ऊतये) अतिशयेन गुणप्राप्तये (जुहुरे) शब्दयन्ति (अवसे) रक्षणादि प्रयोजनाय (महि) महागुणविशिष्टान् (सा) (नः) अस्माकम् (स्तोमान्) स्तुतिसमूहान् (अभि) आभिमुख्ये (गृणीहि) स्तुहि (राधसा) परमेण धनेन (उषः) उषर्वत्स्तोतुं योग्ये (शुक्रेण) शुद्धेन कर्महेतुना (शोचिषा) प्रकाशेन ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे उषर्वद्वर्त्तमाने महि विदुषि स्त्रि ये पूर्वऋषयः ऊतयेऽवसे त्वां जुहुरे शब्दयेयुः सा त्वं शुक्रेण शोचिषा राधसा तान् नोऽस्मभ्यं चित्स्तोमान् ह्यभिगृणीहि । १४ ।

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः । मनुष्यैर्येऽधीतवेदास्ते पूर्वे येऽधीयते तेऽर्वाचीनाऋषयो वेद्याः यथा विद्वांसो यान् पदार्थान् विदित्वोपकुर्वन्ति तथैवान्यैरपि कर्त्तव्यम् । नैव केनापि मूर्खाणामनुकरणं कार्य्यम् । यथा विद्वांसः स्वविद्यया पदार्थगुणान्प्रकाश्य विद्योपकारौ जनयेयुः । यथेयमुषा सर्वान् पदार्थान् संद्योत्य सुखानि जनयति तथाऽखिलविद्याः स्त्रियो विस्तृमलं कुर्वन्तु ॥१४॥

पदार्थः—हे उषा के तुल्य वर्त्तमान (महि) महागुणविशिष्ट पण्डिता स्त्री (ये) जो (पूर्वे) अध्ययन किये हुए वेदार्थ के जानने वाले विद्वान् लोग (ऊतये) अत्यन्त गुण प्राप्ति वा (अवसे) रक्षण आदि प्रयोजन के लिये (त्वाम्) तुझे (जुहुरे) प्रशंसित करें (सा) सो तू (शुक्रेण) शुद्ध कामों के हेतु (शोचिषा) धर्मप्रकाश से युक्त (राधसा) बहुत धन से (नः) हमारे (चित्) ही (स्तोमान्) स्तुतिसमूहों का (हि) निश्चय से (अभि) सम्मुख (गृणीहि) स्वीकार कर ॥ १४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा० । मनुष्यों को योग्य है कि जो वेदों को पढ़ते हों उन को नवीन ऋषि जानें और जैसे विद्वान् लोग जिन पदार्थों को जान कर उपकार लेते हों वैसे अन्य पुरुषों को भी करना चाहिये किसी मनुष्य को मूर्खों की चाल चलन पर न चलना चाहिये और जो विद्वान् लोग अपनी विद्या से पदार्थों के गुणों को प्रकाश कर उपकार करते हैं जैसे यह उषा अपने प्रकाश से सब पदार्थों को प्रकाशित करती है वैसे ही विद्वान् स्त्रियां विश्व को सुभूषित कर देती हैं ॥ १५ ॥

पुनः सा किं करोतीत्यु० ॥

फिर वह क्या करती है इस० ॥
पदार्थः–(नि) नितराम् (उ) वितर्के (सु) शोभने (वाचम्) वाणीम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (महे) महति महासुखप्रापके (भरामहे) धरामहे (गिरः) स्तुतयः (इन्द्राय) परमैश्वर्यप्रापणाय (सदने) सीदन्ति यस्मिँस्थाने तस्मिन् (विवस्वतः) यथा प्रकाशमानस्य सूर्यस्य प्रकाशे (नु) शीघ्रम् (चित्) अपि (हि) खलु (रत्नम्) रमणीयं सुवर्णादिकम् (ससतामिव) यथास्वपतां पुरुषाणां तथा (अविदत्) विन्दति प्राप्नोति (न) निषेधे (दुःस्तुतिः) दुष्टा चासौ स्तुतिःपापकीर्तिश्च सा (द्रविणोदेषु) ये द्रविणांसि सुवर्णादीनि द्रव्यप्रदानि विद्यादीनि च ददति तेषु (शस्यते) प्रशस्ता भवति ॥ १ ॥

अन्वयः–हे मनुष्या यथा वयं महे सदन इन्द्राय वाचं सुभरामहे स्वप्ने ससतामिव विवस्वतः सूर्यस्य प्रकाशे रत्नमिव गिरो निभरामहे । किन्तु द्रविणोदेष्वस्मासु दुष्टुतिर्न प्रशस्यते प्रशस्ता न भवति तथा यूयं भवत ॥ १ ॥

भावार्थः–अत्रोपमालं० मनुष्यैर्यथा निद्रास्था मनुष्याआरामं प्राप्नुवन्ति तथा सर्वदा विद्यासुशिक्षाभ्यां संस्कृतां वाचं स्वीकृत्य प्रशस्तं कर्म सेवित्वा निद्रां दूरीकृत्य स्तुतिप्रकाशाय प्रवर्तितव्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः–हे मनुष्यो जैसे हमलोग (महे) महासुख प्रापक (सदने) स्थान में (इन्द्राय) परमैश्वर्य के प्राप्त करने के लिये (सु) शुभलक्षणयुक्त (वाचम्) वाणी को (निभरामहे) निश्चित धारण करते हैं स्वप्न में (ससतामिव) सोते हुए पुरुषों के समान (विवस्वतः) सूर्य प्रकाश में (रत्नम्) रमणीय सुवर्णादि के समान (गिरः) स्तुतियों को धारण करते हैं किन्तु (द्रविणोदेषु) सुवर्णादि वा विद्यादिकों के देने वाले हमलोगों में (दुष्टुतिः) दुष्ट स्तुति और पाप की कीर्त्ति अर्थात् निन्दा (नप्रशस्यते) श्रेष्ठ नहीं होती वैसे तुम भी होवो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमाल०। मनुष्यों को जैसे निद्रा में स्थित हुए मनुष्य आराम को प्राप्त होते हैं वैसे सर्वदा विद्या उत्तम शिक्षाओं से संस्कार की हुई वाणी को स्वीकार प्रशंसनीय कर्म को सेवन और निंदा को दूर कर स्तुति का प्रकाश होने के लिये अच्छे प्रकार प्रयत्न करना चाहिये ॥ १ ॥

अथ विद्वद्गुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में विद्वानों के गुणों का उपदेश किया है ॥

दुरो अश्वस्य दुर इन्द्र गोरसि दुरो यवस्य वसुन इनस्पतिः । शिक्षानरः प्रदिवो अकामकर्शनः सखा सखिभ्यस्तमिदं गृणीमसि ॥ २ ॥

दुरः । अश्वस्य । दुरः । इन्द्र । गोः । असि । दुरः । यवस्य । वसुनः । इनः । पतिः । शिक्षाऽनरः । प्रऽदिवः । अकामऽकर्शनः । सखा । सखिऽभ्यः । तम् । इदम् । गृणीमसि ॥ २ ॥

पदार्थः—(दुरः) सुखैः संवारकाणि द्वाराणि (अश्वस्य) व्याप्तिकारकाग्न्यादेस्तुरंगस्य वा (दुरः) (इन्द्र) विद्वन् (गोः) सुसंस्कृताया वाचः (असि) (दुरः) (यवस्य) उत्तमस्य यवादेरन्नस्य (वसुनः) सर्वोत्तमस्य द्रव्यस्य (इनः) ईश्वरः । इन इतीश्वरना० निघं० २ । २२ (पतिः) पालयिता (शिक्षानरः) यः शिक्षां नृणाति प्राप्नोति स शिक्षाया नरः शिक्षानरः । अत्र सर्वधातुभ्योऽ-नयं वक्तव्य इति नृधातोरच्प्रत्ययः (प्रदिवः) प्रकृष्टस्य न्यायप्रकाशस्य

(अकामकर्शनः) योऽकामानलसान् कृशति तनूकरोति सः (सखा) सुहृत् (सखिभ्यः) सुहृद्भ्यः (तम्) उक्तार्थम् (इदम्) अर्चनं सत्करणं यथा स्यात्तथा (गृणीमसि) अर्चामः स्तुमः ॥ २ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र विद्वन् योऽकामकर्शनः शिक्षानरः सखिभ्यः सखा पतिरिनइव त्वमश्वस्य दुरो गोर्दुरोऽभिप्राप्य यवस्य प्रदिवो दुरोऽधिष्ठितः सन् वसुनो दाताऽसि तं त्वामिदं वयं गृणीमसि ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—नहि परमेश्वरतुल्येन धार्मिकेण विदुषा विना कस्मै चित्सर्वपदार्थानां सुखानां च प्रदाता कश्चिदस्ति परन्तु ये खलु सर्वमित्राः शिक्षाप्राप्ता मनुष्याः सन्ति तएवैतत् सर्वसुखं लभन्ते नेतरे ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) विद्वान् जो (अकामकर्शनः) आलस्य युक्त मनुष्यों को कृश (शिक्षानरः) शिक्षाओं को प्राप्त करने वा (सखिभ्यः) मित्रों के (सखा) मित्र (पतिः) पालन करने वा (इनः) ईश्वर के तुल्य सामर्थ्य युक्त आप (अश्वस्य) व्याप्ति कारक अग्नि आदि वा तुरङ्गादि के द्वारों को प्राप्त हो के सुखदेने वाली (गोः) वाणी वा दूध देने वाली गौ के (दुरः) सुख देने वाले द्वारों को जान (यवस्य) उत्तम यव आदि अन्न (प्रदिवः) उत्तम विज्ञान प्रकाश और (वसुनः) उत्तम धन के देने वाले (असि) हैं (तम्) उस आपको (इदम्) पूजा वा सत्कार पूर्वक (गृणीमसि) स्तुति करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—परमेश्वर के तुल्य धार्मिक विद्वान् के विना किसी के लिये सब पदार्थ वा सब सुखों का देने वाला कोई नहीं है परन्तु जो निश्चय करके सब के मित्र शिक्षाओं को प्राप्त किये हुए आलस्य को छोड़ कर उद्योग ईश्वर की उपासना विद्या वा विद्वानों के संग की प्रीति से सेवन करने वाले मनुष्य हैं वे ही इन सब सुखों को प्राप्त होते हैं आलसी मनुष्य नहीं ॥ २ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

शचीव इन्द्र पुरुकृद्द्युमत्तम तवेदिदमभितश्चेकिते वसु । अतः संगृभ्याभिभूत आ भर मा त्वायतो जरितुः काममूनयीः ॥ ३ ॥

शचीऽवः । इन्द्र । पुरुऽकृत । द्युमत्ऽतम । तव । इत् । इदम् । अभितः । चेकिते । वसु । अतः । सम्ऽगृभ्य । अभिऽभूते । आ । भर । मा । त्वाऽयतः । जरितुः । कामम् । ऊनयीः ॥ ३ ॥

पदार्थः-(शचीवः) प्रशस्ताः प्रज्ञा बह्वी वाक् प्रशस्तं कर्म च विद्यते यस्य तत्संबुद्धौ (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रापक विद्वन्वा (पुरुकृत्) यः पुरूणि बहूनि सुखानि करोति सः (द्युमत्तम) द्यौर्बहुः सर्वज्ञः प्रकाशो विद्याप्रकाशो वा विद्यते यस्मिन् सोऽतिशयितस्तत्संबुद्धौ (तव) (इत्) एव (इदम्) वक्ष्यमाणम् (अभितः) सर्वतः (चेकिते) जानाति (वसु) परं प्रकृष्टं द्रव्यम् (अतः) पुरुषार्थात् (संगृभ्यः) सम्यग्गृहीत्वा (अभिभूते) अभिभूतिः शत्रूणामभिभवनं पराभवो यस्मात्तत्सम्बुद्धौ (आ) आभिमुख्ये (भर) धर (मा) निषेधे (त्वायतः) त्वामात्मानं तवात्मानं वेच्छतः (जरितुः) स्तोतुः (कामम्) इष्टसिद्धिम् (ऊनयीः) ऊनयेः । लुङ् प्रयोगोऽयम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे शचीवो द्युमत्तम पुरुकृदिन्द्र सभेश यो मनुष्यस्तव कृपया सहायेन वाऽभित इदं वसु चेकिते जानाति । हे अभिभूते शत्रूणां पराभवकर्त्तर्यतस्त्वं त्वायतो जरितुर्धार्मिकस्य स्वजनस्य काममाभर समन्तात्प्रपूर्द्धि । अतस्त्वां संगृभ्याहं वर्त्ते त्वं मां सर्वैः कामैराभर त्वायतो जरितुर्मम कामं मोनशीः परिहीणं क्षीणं न्यूनं कदाचिन्मा सम्पादयेः ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्न किल परमेश्वरेणाप्तेन पुरुषमङ्गेन वा विना सर्वेषां कामानां पूर्त्तिः कर्त्तुं शक्या तस्मादेतमेवोपास्य संगम्य वा कामपूर्त्तिः संपादनीयेति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (शचीवः) प्रशंसनीय प्रज्ञा वाणी और कर्मयुक्त (द्युमत्तम) अतिशय करके सर्वज्ञता विद्याप्रकाश युक्त (पुरुकृत्) बहुत सुखों के दाता (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त जगदीश्वर वा ऐश्वर्य प्रापक सभापति विद्वान् आप की कृपा वा आप के सहाय से मनुष्य (अभितः) सब ओर से (इदम्) इस (वसु) उत्तम धन को (चेकिते) जानता है । हे (अभिभूते) शत्रुओं के पराजय करने वाले जिस कारण आप (त्वायतः) आप वा उस के आत्मा की इच्छा करते हुए (जरितुः) स्तुति करने वाले धार्मिक भक्तजन को (कामम्) इष्टसिद्धि को (आभर) पूर्ण करें (अतः) इस पुरुषार्थ से आप को (संगृभ्य) ग्रहण करके मैं वर्त्तता हूं और आप मुझे सब कामों से पूर्ण कीजिये आप की इच्छा करते हुए स्तुति करने वाले मेरी इष्टसिद्धि को (मोनशीः) कभी क्षीण मत कीजिये ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को निश्चय करके परमेश्वर वा विद्वान्मनुष्य के संग के विना कोई भी मनुष्य इष्टसिद्धि को पूरण करने वाला होने को योग्य नहीं है इस से इसी की उपासना वा विद्वान् मनुष्य का सत्सङ्ग करके इष्टसिद्धि को संपादन करना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

एभिर्द्युभिः सुमना एभिरिन्दुभिर्निरुन्धानो अमतिं गोभिरश्विना । इन्द्रेण दस्युं दरयन्त इन्दुभिर्युतद्वेषसः समिषा रभेमहि ॥ ४ ॥

एभिः । द्युभिः । सुऽमनाः । एभिः । इन्दुऽभिः । निऽरुन्धानः । अमतिम् । गोभिः । अश्विना । इन्द्रेण । दस्युम् । दरयन्तः । इन्दुऽभिः । युतऽद्वेषसः । सम् । इषा । रभेमहि ॥ ४ ॥

पदार्थः-(एभिः) प्रत्यक्षैः (द्युभिः) प्रकाशयुक्तैर्गुणैर्द्रव्यैर्वा (सुमनाः) शोभनं मनो विज्ञानं यस्य सभाद्यध्यक्षस्य सः (एभिः) वक्ष्यमाणैः (इन्दुभिः) आह्लादकारिभिर्गुणैः पदार्थैर्वा (निरुन्धानः) निरोधं कुर्वन् (अमतिम्) अविद्यमाना मतिर्विज्ञानं सुखं वा यस्यामविद्यायां दरिद्रायां वा तां सुरूपं वा (गोभिः) प्रशस्ताभिर्वाग्धेनुपृथिवीभिः (अश्विना) अग्निजलसूर्यचन्द्रादिभिः (इन्द्रेण) विद्युता तद्रचितेन विदारकेण शस्त्रेण वा (दस्युम्) बलात्कारेण परस्वापहर्त्तारम् (दरयंतः) विदारयन्तः (इन्दुभिः) अभिषुतैर्बलकारिभिः पेयैः सोमरसाभियुक्तैर्जलैः (युतद्वेषसः)

युताअमिश्रिताः पृथग्भूता द्वेषा येभ्यस्ते (सम्) सम्यगर्थे (इषा) इच्छयाऽन्नादिना वा (रभेमहि) आरम्भं कुर्वीमहि ॥ ४ ॥

अन्वयः—वयं योऽमतिं निरुन्धानः सुमना विद्वानस्ति तं प्राप्य तत्सहायेनैभिर्द्युभिरेभिरिन्दुभिर्गोभिरश्विनेन्दुभिरिषेन्द्रेण सह दस्युं दरयन्तो युतद्वेषसः शत्रुभिः सह युद्धं सुखेन समारभेमहि ॥ ४ ॥

भावार्थः—यः सभाद्यध्यक्षो वा सर्वं दारिद्र्यं विनाश्य शत्रुविजयं कृत्वा सर्वा विद्याः शिक्षित्वाऽस्मान् सुखयति स सर्वैर्मनुष्यैः समाश्रयितव्योऽस्तीति नहि खल्वेतत्सहायेन विना कश्चिदपि व्यावहारिकं पारमार्थिकं चानन्दं प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतत्सहायेन सर्वेषां धर्म्याणां कार्याणामारंभः सुखसेवनं च नित्यं कार्य्यमिति ॥ ४ ॥

पदार्थः—हम लोग जो (अमतिम्) विज्ञान वा सुख में अविद्या दरिद्रता तथा सुन्दर रूप को (निरुंधानः) निरोध वा ग्रहण करता हुआ (सुमनाः) उत्तम विज्ञान युक्त सभाध्यक्ष है उस को प्राप्त कर उस के सहाय वा (एभिः) इन (द्युभिः) प्रकाश युक्त द्रव्य (एभिः) इन (इन्दुभिः) आह्लाद कारकगुण वा पदार्थ इन (गोभिः) प्रशंसनीय गौ पृथिवी (अश्विना) अग्नि जल सूर्य्य चन्द्रआदि (इषा) इच्छा वा अन्नादि (इन्द्रेण) बिजुली और उस के रचे हुए विदारण करने वाले शस्त्र से (दस्युम्) बल से दूसरे के धन को लेने वाले दुष्ट को (दरयन्तः) विदारण करते हुए (युतद्वेषसः) द्वेष से अलग होने वाले शत्रुओं के साथ युद्ध को सुख से (समारभेमहि) आरंभ करें ॥ ४ ॥

भावार्थः—जो सभाध्यक्ष सब विद्याओं की शिक्षा कर हमलोगों को सुखी करता है उस का सब मनुष्यों को सेवन करना चाहिये इस के सहाय के विना कोई भी मनुष्य व्यावहारिक और परमार्थ विषयक आनन्द को प्राप्त होने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इस के सहाय से सब धर्म युक्त कार्यों का आरंभ वा सुख का सेवन करना चाहिये ॥ ४ ॥

पुनरेतत्सहायेन मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

फिर इस के सहाय से मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

समि॑न्द्र रा॒या समि॒षा र॑भेमहि॒ सं वाजे॑भिः पु॒रुश्च॒न्द्रैर॒भिद्यु॑भिः । सं दे॒व्या प्रम॑त्या वी॒रशु॑ष्मया॒ गोअ॑ग्रया॒ऽश्वा॑वत्या रभेमहि ॥ ५ ॥ १५ ॥

सम् । इ॒न्द्र॒ । रा॒या । सम् । इ॒षा । र॒भे॒म॒हि॒ । सम् । वाजे॑भिः । पु॒रु॒ऽच॒न्द्रैः । अ॒भिद्यु॑ऽभिः । सम् । दे॒व्या । प्रऽम॑त्या । वी॒रऽशु॑ष्मया । गोऽअ॑ग्रया । अश्व॑ऽवत्या । र॒भे॒म॒हि॒ ॥ ५ ॥ १५ ॥

पदार्थः—(सम्) प्राप्तौ (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रदेश्वर सभाध्यक्ष वा (राया) राज्यपरमश्रिया (सम्) सम्यक् (इषा) धर्मेच्छयान्नादिना वा (रभेमहि) आरम्भं कुर्याम (सम्) ऐश्वर्ये (वाजेभिः) विज्ञानादिगुणैः संग्रामैर्वा (पुरुश्चन्द्रैः) पुरवो बहवश्चन्द्रा आल्हादकारकाः सुवर्णरजतादयो धातवो वा येभ्यस्तैः (अभिद्युभिः) अभितो दिवो विद्याव्यवहारप्रकाशा येषु तैः (सम्) श्लेषे (देव्या) दिव्यगुणसहितया विद्यायुक्तया सेनया (प्रमत्या) प्रकृष्टा मतिर्मननं यस्यां तया (वीरशुष्मया) वीराणां योधॄणां शुष्माणि बलानि यस्यां तया (गोअग्रया) गाव इन्द्रियाणि धेनवः पृथिव्यो वाऽग्राः श्रेष्ठा यस्यां तया । अत्र । सर्वत्र विभाषागोः । अ० ६ । १ । १२२ अनेन प्रकृतिभावः (अश्ववत्या) प्रशस्ता वेगबलयुक्ता अश्वा विद्यन्ते यस्यां तया (रभेमहि) शत्रुभिः सह युध्येमहि ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभाध्यक्ष यथा वयं त्वत्सहायेन सम्नाया समिषा पुरुश्चन्द्रैरभिद्युभिः संवाजेभिः प्रमत्या देव्या गोऽग्रयाऽश्वावत्या वीरशुष्मया सेनया सह वर्त्तमानाः शत्रुभिः संरभेमहि सम्यक् संग्रामं कुर्याम तथैतत्कृत्वा लौकिकपारमार्थिकान् व्यवहारान्रभेमहि तं त्वं संसाधय ॥ ५ ॥

भावार्थः—नहि कश्चिदपि विद्वत्सहायमन्तरा सम्यक् पुरुषार्थसिद्धिमाप्नोति नैव किल बलारोग्यपूर्णसामग्रीसुशिक्षितया धार्मिकशूरवीरयुक्तया चतुरङ्गिण्या सेनया विना कश्चिच्छत्रुपराजयं कृत्वा विजयं प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतत्सर्वैरनुष्ठेयमिति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभाध्यक्ष जैसे हमलोग आप के सहाय से (सम्नाया) उत्तम राज्यलक्ष्मी (समिषा) धर्म की इच्छा वा अन्नादि (अभिद्युभिः) विद्या व्यवहार और प्रकाश युक्त (पुरुश्चन्द्रैः) बहुत आह्लादकारक सुवर्ण और उत्तम चांदी आदि धातु (संवाजेभिः) विज्ञानादि गुण वा संग्राम तथा (प्रमत्या) उत्तम मतियुक्त (देव्या) दिव्य गुण सहित विद्या से युक्त सेना से (गोअग्रया) श्रेष्ठ इन्द्रिय गौ और पृथिवी से युक्त (वीरशुष्मया) शूरवीर योद्धाओं के बल से युक्त (अश्वावत्या) प्रशंसनीय वेग बल युक्त घोड़े वाली सेना के साथ वर्त्तमान हो के शत्रुओं के साथ (संरभेमहि) अच्छे प्रकार संग्राम को करें इस सब कार्य को करके लौकिक और पारमार्थिक सुखों को (रभेमहि) सिद्ध करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—कोई भी मनुष्य विद्वान् की सहायता के विना अच्छे प्रकार पुरुषार्थ की सिद्धि को प्राप्त नहीं हो सकता और निश्चय करके बल आरोग्य पूर्ण सामग्री और उत्तम शिक्षा से युक्त धार्मिक शूर वीर युक्त चतुरंगिणी अर्थात् चौतर्फी अङ्ग से युक्त सेना के विना शत्रुओं का पराजय वा विजय के प्राप्त होने को समर्थ नहीं होसकता इस से सब मनुष्यों को इन कार्यों की उन्नति करनी चाहिये ॥५॥

पुनस्तैः किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

फिर उन मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

ते त्वा मदा अमदन्तानि वृष्ण्या ते

सोमा॑सो वृत्र॒हत्ये॑षु सत्पते। यत्का॒रवे॒ दश॑
वृ॒त्राण्य॑प्र॒ति ब॒र्हिष्म॑ते॒ नि स॒हस्रा॑णि ब॒र्हय॑: ॥ ६ ॥

ते । त्वा॒ । मदा॑: । अ॒म॒द॒न् । तानि॑ । वृष्ण्या॑ । ते । सोमा॑सः । वृ॒त्र॒ऽहत्ये॑षु । स॒त्ऽप॒ते॒ । यत् । का॒रवे॑ । दश॑ । वृ॒त्राणि॑ । अ॒प्र॒ति । ब॒र्हिष्म॑ते । नि । स॒हस्रा॑णि । ब॒र्हय॑: ॥ ६ ॥

पदार्थः–(ते) प्रजास्था धार्मिका विद्वांसः (त्वा) त्वां पाठशालाध्यक्षम् (मदाः) आनंदिता आनंदयितारः (अमदन्) हृष्यन्तु (तानि) पूर्वोक्तानि कर्माणि (वृष्ण्या) सुखसेचनसमर्थानि (ते) पूर्वोक्ताः (सोमासः) अभिषुताः सुसंपादिताः पदार्था यैस्ते (वृत्रहत्येषु) वृत्राः शत्रवो हत्या हननीया येषु तेषु संग्रामेषु (सत्पते) सत्पुरुषाणां पतिः पालयिता तत्सम्बुद्धौ (यत्) यः (कारवे) कर्मकर्त्रे (दश) दशत्वसंख्याविशिष्टानि (वृत्राणि) शत्रूणामावरकाणि कर्माणि (अप्रति) अप्रतीतानि यथास्यात्तथा (बर्हिष्मते) विज्ञानवते (नि) नित्यम् (सहस्राणि) बहून्यसंख्यातानि सैन्यानि (बर्हयः) बर्द्धय ॥ ६ ॥

अन्वयः–हे सत्पते यस्त्वं बर्हिष्मते कारवे दश सहस्राणि वृत्राण्यप्रति निबर्हयस्तं त्वामाश्रित्य ते सोमासो मदाः शूरवीरा वृत्रहत्येषु तानि वृष्ण्या सेचनसमर्थान्युत्तमानि कर्माण्याचरन्तोऽमदन् ॥ ६ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः सदा सत्पुरुषसङ्गेनाऽनेकानि साधनानि प्राप्यानन्दयितव्यमिति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (सत्पते) सत्पुरुषों के पालन करने वाले सभाध्यक्ष (यत्) जो आप (बर्हिष्मते) विज्ञान युक्त (कारवे) कर्म करने वाले मनुष्य के लिये (वृत्राणि) शत्रुओं को रोकने हारे कर्म (दश) दश (सहस्राणि) हजार अर्थात् असंख्यात सेनाओं के (अप्रति) अप्रतीति जैसे हो वैसे प्रतिकूल कर्मों को (निबर्हयः) निरन्तर बढ़ाइये उस आप के आश्रित होकर (ते) वे (सोमासः) उत्तम २ पदार्थों को उत्पन्न करने (मदाः) आनंदित करने वाले शूरवीर धार्मिक विद्वान् लोग (त्वा) आप को (वृत्रहत्येषु) शत्रुओं के मारने योग्य संग्रामों में (तानि) उन (वृषण्या) सुख वर्षाने वाले उत्तम २ कर्मों का आचरण करते हुए (अमदन्) प्रसन्न होते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि सत्पुरुषों के संग से अनेक साधनों को प्राप्त कर आनन्द भोगें ॥ ६ ॥

पुनः स सेनाध्यक्षः कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह सेनाध्यक्ष कैसा होवे इस० ॥

युधा युधमुप घेदेषि धृष्णुया पुरा पुरं समिदं हंस्योजसा । नम्या यदिन्द्र सख्या परावति निबर्हयो नमुचिं नाम मायिनम् ॥ ७ ॥

युधा । युधम् । उप । घ । इत् । एषि । धृष्णुऽया । पुरा । पुरम् । सम् । इदम् । हंसि । ओजसा । नम्या । यत् । इन्द्र ।

सख्या । पराऽवति । निःऽबर्हयः । नमुचिम् । नाम । मायिनम् ॥ ७ ॥

पदार्थः-(युधा) यो योधयति तेन (युधम्) युध्यमानम् (उप) सामीप्ये (घ) एव (इत्) अपि (एषि) प्राप्नोषि (धृष्णुया) धाष्ट्यादिगुणयुक्तेन धृष्टेन (पुरा) पूर्वम् (पुरम्) शत्रुनगरम् (सम्) एकीभावे (इदम्) यद्दृष्टिगोचरं तत्तत् (हंसि) नाशयसि (ओजसा) बलेन (नम्या) यथा रात्रिरंधकारेण सर्वान्पदार्थानावृणोति तथा। नम्येति रात्रिना० निघं० १ । ७ । (यत्) यस्मात् (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (सख्या) मित्रसमूहेन (परावति) दूरदेशे (निबर्हयः) निःसारय (नमुचिम्) न विद्यते मुचिर्मोक्षणं यस्य तम्। अत्र। इक्कृषादिभ्य इति मुचधातोर्भावे इक् । नभ्राण्नपान्नवेदाना० इति निपातनान्नञः प्रकृतिभावः (नाम) प्रसिद्धम् (मायिनम्) कुत्सिता माया विद्यते यस्य तं छलकपटयुक्तं दुष्टकर्मकारिणं मनुष्यम् ॥ ७ ॥

अन्वयः-हे इन्द्र सभाद्यध्यक्ष यद्यस्मात्त्वं धृष्णुया सख्या युधौजसा च सह पुरेदं पुरं हंसि युधमिद्घ शत्रुमभ्येवैषि नम्या रात्रिरिवान्यायेनांधकारिणं नाम प्रसिद्धं नमुचिं मायिनं परावति दूरदेशे निबर्हयस्तस्मात्त्वां मूर्धाभिषिक्तं कृत्वा वयं सभाद्यध्यक्षत्वेन स्वीकृत्य राजानमभिषिंचामः ॥ ७ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०-मनुष्यैर्बहून् मित्रान् संपाद्य दुष्टान् शत्रून्निवार्य दुष्टदलानि शत्रूणां पुराणि च विदार्य सर्वानन्यायकारिणो मनुष्यादीन् सततं कारागारे बध्वा धर्म्यं चक्रवर्त्तिराज्यं प्रशास्य परमैश्वर्यं संपादनीयम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभा सेनाध्यक्ष (यत्) जिस कारण तुम (धृष्णुया) दृढ़ता आदि गुण युक्त (सख्या) मित्र समूह (युधा) युद्ध करने वाले (ओजसा) बल के साथ (पुरा) पहिले (इदम्) इस (पुरम्) शत्रुओं के नगर को (हंसि) नष्ट करते तथा (युधम्) युद्ध करते हुए शत्रु को (इत्) भी (च) निश्चय करके (एषि) प्राप्त करते और (नम्या) जैसे रात्रि अन्धकार से सब पदार्थों का आवरण करती है वैसे अन्याय से अन्धकार करने वाले (नाम) प्रसिद्ध (नमुचिम्) छुट्टी से रहित (मायिनम्) छल कपट युक्त दुष्ट कर्म करने वाले मनुष्य वा पश्वादि को (परावति) दूर देश में (निबर्हयः) निःसारण करते हो इस से आप को मूर्द्धाभिषिक्त करके हम लोग सभाध्यक्ष के अधिकार में स्वीकार करके राज पदवी से मान्य करते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० मनुष्यों को चाहिये कि बहुत उत्तम २ मित्रों को प्राप्त दुष्ट शत्रुओं का निवारण दुष्टदल वा शत्रुओं के पुरों को विदारण सब अन्याय कारी मनुष्यों को निरन्तर कैद घर में बांध ताड़ना दे और धर्मयुक्त चक्रवर्त्ति राज्य को पालन करके उत्तम ऐश्वर्य को सिद्ध करें ॥ ७ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु० ॥

फिर वह क्या करे इस वि० ॥

त्वं करंञ्जमुत पर्णयं वधीस्तेजिष्ठयातिथिग्वस्य वर्त्तनी । त्वं शता वङ्गृदस्याभिनत् पुरोऽनानुदः परिषूता ऋजिश्वना ॥ ८ ॥

त्वम् । करंञ्जम् । उत । पर्णयम् । वधीः । तेजिष्ठया । अतिथिग्वस्य । वर्त्तनी । त्वम् । शता । वङ्गृदस्य । अभिनत् । पुरः । अनानुदः । परिऽसूताः । ऋजिऽश्वना ॥ ८ ॥

पदार्थः-(त्वम्) सभाध्यक्षः (करंजम्) यः किरति विक्षिपति धार्मिकाँस्तम् । अत्र कृविक्षेपइत्यस्माद्धातोर्बाहुलकादौणादिकोऽञ्जन् प्रत्ययः (उत) अपि (पर्णयम्) पर्णानि परप्राप्तानि वस्तूनि याति प्राप्नोति तं चोरम् (बधीः) हंसि (तेजिष्ठया) या अतिशयेन तीव्रा तेजिष्ठा सेनानीतिर्वा तया (अतिथिग्वस्य) अतिथीन् गच्छति गमयति वा येन तस्य । अत्रातिथ्युपपदाद्गमधातोर्बाहुलकादौणादिको ड्वः प्रत्ययः (वर्त्तनी) वर्त्तते यया क्रियया सा (त्वम्) (शता) बहूनि (वङ्गृदस्य) यो वङ्गृन् वक्रान् विषादीन् पदार्थान् व्यवहारान्ददात्युपदिशति वा तस्य दुष्टस्य (अभिनत्) विदारयसि (पुरः) पुराणि (अननुदः) योऽनुगतं न ददाति तस्य (परिसूताः) परितः सर्वतः सूता उत्पन्ना उत्पादिता वा पदार्थाः (ऋजिश्वना) ऋजयऋजुगुणयुक्ताः सुशिक्षिताः श्वानो येन तेन सह ॥ ८ ॥

अन्वयः-हे सभाध्यक्ष यतस्त्वं यस्मिन्युद्धव्यवहारे तेजिष्ठया सेनया करंजमुतापि पर्णयं बधीर्हंसि याऽतिथिग्वस्य वर्त्तनी गमनागमनसत्कारक्रियाऽस्ति तां रक्षित्वाऽननुदो वङ्गृदस्य दुष्टस्य शतानि पुरः पुराण्यभिनद्भिनत्सि ये परिसूताः पदार्थास्तानृजिश्वना व्यवहारेण रक्षसि तस्मात्त्वमेव सभाध्यक्षत्वे योग्योसीति वयं निश्चिनुमः ॥ ८ ॥

भावार्थः-राजपुरुषैर्दुष्टान् शत्रून् छित्वा पूर्णविद्यावतां परोपकारिणां धार्मिकाणामतिथीनां सत्क्रियार्थं सर्वान् प्राणिनः पदार्थाँश्च रक्षित्वा धर्म्यं राज्यं सेवनीयम् । यथा श्वानः स्वामिनं रक्षंति तथान्ये रक्षितुं न शक्नुवंति तस्मादेते सुशिक्ष्य परिरक्षणीयाः ॥ ८ ॥

पदार्थः-हे सभाध्यक्ष जिस कारण (त्वम्) आप इस युद्ध व्यवहार में (तेजिष्ठया) अत्यंत तीक्ष्ण सेना वा नीति युक्त बल से (करंजम्) धार्मिकों को

दुःख देने (पर्णयम्) दूसरे के वस्तु को लेने वाले चोर को (उत) भी (वधीः) मारते और जो (अतिथिग्वस्य) अतिथियों के जाने आने वास्ते (वर्तनी) सत्कार करने वाली क्रिया है उस की रक्षा कर (अनमृदः) अनुकूल न वर्त्तने (वंगृदस्य) जहर आदि पदार्थों को देने वा दुष्ट व्यवहारों का उपदेश करने वाले दुष्ट मनुष्य के (शता) असंख्यात (पुरः) नगरों को (अभिनत्) भेदन करते और जो (परिसूताः) सब प्रकार से उत्पन्न किये हुए पदार्थ हैं उन की (ऋजिश्वना) कोमल गुण युक्त कुत्तों की शिक्षा करने वाले के समान व्यवहार के साथ रक्षा करते हो इस से आप ही सभा आदि के अध्यक्ष होने योग्य हो ऐसा हम लोग निश्चय करते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजमनुष्यों को दुष्ट शत्रुओं के छेदन से पूर्ण विद्या युक्त परोपकारी धार्मिक अतिथियों के सत्कार के लिये सब प्राणी वा सब पदार्थों की रक्षा करके धर्म युक्त राज्य का सेवन करना चाहिये जैसे कि कुत्ते अपने स्वामी की रक्षा करते हैं वैसी अन्य जन्तु रक्षा नहीं कर सकते इस से इन कुत्तों को सिखा कर और इन की रक्षा करनी चाहिये ॥ ८ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु०

फिर वह क्या करे इस वि०

त्वमेताञ्जनराज्ञो द्विर्दशाबन्धुना सुश्रवसोपजग्मुषः । षष्टिं सहस्रा नवतिं नव श्रुतो नि चक्रेण रथ्या दुष्पदावृणक् ॥ ९ ॥

त्वम् । एतान् । जनऽराज्ञः । द्विः । दश । अबन्धुना । सुऽश्रवसा । उपऽजग्मुषः । षष्टिम् । सहस्रा । नवतिम् । नव । श्रुतः । नि । चक्रेण । रथ्या । दुःऽपदा । अवृणक् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः (एतान्) मनुष्यादीन् (जनराज्ञः) जना धार्मिका राजानो येषां तान् (द्विः) द्विवारम् (दश) संख्यायाम् (अबंधुना) अविद्यमाना बंधवो मित्रा यस्य तेनार्थेन सह (सुश्रवसा) शोभनानि श्रवांसि श्रवणान्यन्नानि वा यस्य तेन मित्रेण सह (उपजग्मुषः) य उप सामीप्यं गतवंतस्तान् (षष्टिम्) एतत्संख्याकान् (सहस्रा) सहस्राणि (नवतिम्) एतत्संख्याकान् (नव) एतत्संख्यापरिमिताञ्छूरान् भृत्यान् (श्रुतः) यः श्रूयते सः (नि) नित्यम् (चक्रेण) शस्त्रसमूहेन चक्रांगयुक्तेन यानसमूहेन वा (रथ्या) यो रथं वहति तेन रथ्येन (दुष्पदा) दुःखेन पत्तुं प्राप्तुं योग्येन (अवृणक्) वृणक्षि ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे सभाद्यध्यक्ष यथा श्रुतस्त्वमेतानबंधुना सुश्रवसा सह वर्त्तमानानुपजग्मुषउपगतां षष्टिं नवतिं नव दश च सहस्राणि जनराज्ञो दुष्पदा रथ्या दुष्प्रापकेन रथ्येन चक्रेण द्विर्न्यवृणक् । नित्यं वृणक्षि दुःखैः पृथक् करोषि दुष्टांश्च दूरीकरोषि तथा त्वमपि दुराचारात्पृथक् वस ॥ ९ ॥

भावार्थः—चक्रवर्त्तिना राज्ञा सर्वान्मांडलिकान्महामांडलिकान्राज्ञो भृत्यान् गृहस्थान् विरक्तान्वाऽनुरज्य शरणागतान् पालयित्वा धर्म्यं सार्वभौमराज्यमनुशासनीयम् । यतो दशेत्यादयः संख्यावाचिनः शब्दा उपलक्षणार्थाः सन्त्यतो राजपुरुषैः सर्वेषां यथायोग्यं रक्षणं दंडनं च विधेयमिति ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे सभा और सेना के अध्यक्ष जैसे (श्रुतः) श्रवण करने वाले (त्वम्) तुम (एतान्) इन (अबंधुना) अबंधु अर्थात् मित्र रहित अनाथ वा (सुश्रवसा) उत्तम श्रवण अन्न युक्त मित्र के साथ वर्त्तमान (उपजग्मुषः) समीप होने वाले (षष्टिम्) साठ (नवतिम्) नब्बे (नव) नौ (दश) (सहस्राणि) दश हजार

(जनराज्ञः) धार्मिक राजा युक्त मनुष्यादिकों को (दुष्पदा) दुःख से प्राप्त होने योग्य (रथ्या) रथ को प्राप्त करने वाले (चक्रेण) शस्त्र विशेष वा चक्रादि अङ्ग युक्त यान समूह से (द्विः) दो वार (न्यवृणक्) नित्य दुःखों से अलग करते वा दुष्टों को दूर करते हो वैसे तू भी पापाचरण से सदा दूर रह ॥ ९ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० चक्रवर्त्ति राजा को मांडलिक वा महामांडलिक राजा भृत्य गृहस्थ वा विरक्तों को प्रसन्न और शरणागत आये हुए मनुष्य की रक्षा कर के धर्म युक्त सार्वभौम राज्य का यथावत् पालन करना चाहिये। और दश से आदि ले के सब संख्यावाची शब्द उपलक्षण के लिये हैं इस से राजपुरुषों को योग्य है कि सब की यथावत् रक्षा वा दुष्टों को दण्ड देवें ॥९॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

त्वमा॑विथ सु॒श्रव॑सं॒ तवो॒तिभि॒स्तव॒ त्राम॑भिरिन्द्र॒ तूर्व॑याणम्। त्वम॑स्मै॒ कुत्स॑मतिथि॒ग्वमा॒युं म॒हे राज्ञे॒ यूने॑ अरन्धनायः ॥१०॥

त्वम्। आ॒वि॒थ॒। सु॒ऽश्रव॑सम्। तव॑। ऊ॒तिऽभिः॑। तव॑। त्राम॑ऽभिः। इ॒न्द्र॒। तूर्व॑याणम्। त्वम्। अ॒स्मै॒। कुत्स॑म्। अ॒ति॒थि॒ऽग्वम्। आ॒युम्। म॒हे। राज्ञे॑। यूने॑। अ॒र॒न्ध॒ना॒यः॒ ॥१०॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः (आविथ) रक्षसि (सुश्रवसम्) सुष्ठु श्रवांसि श्रवणान्यन्नादीनि यस्य तम् (तव) रक्षणे वर्त्तमानस्य (ऊतिभिः) रक्षणादिभिः (तव) सेनादिभिः सह वर्त्तमानस्य (त्रामभिः) त्रायन्ते ये धार्मिका विद्वांसः शूरास्तैः (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रद (तूर्वयाणम्) तूर्वाः शत्रुबलहिंसका योद्धारो यानेषु

यस्य तम् (त्वम्) सभाशालासेनाप्रजारक्षकः (अस्मै) युध्यमानाय वीराय (कुत्सम्) वज्रम् । कुत्स इति वज्रना० निघं० २ । २० (अतिथिग्वम्) योऽतिथीन् गच्छति गमयति वा तम् (आयुम्) यएति प्राप्नोति तम् (महे) महोत्तमगुणविशिष्टाय (राज्ञे) न्यायविनयविद्यागुणैर्देदीप्यमानाय (यूने) युवावस्थायां वर्त्तमानाय (अरंधनाय:) अरमलं धनं यस्य सद्वाचरणीत्यरन्धनायः । अत्र लडर्थे लिङ् ॥ १० ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभाद्यध्यक्ष त्वमस्मै महे यूने राज्ञे तवोतिभिस्तव वामभीरक्षितं यमतिथिग्वं तूर्वयाणमायुं सुश्रवसमरंधनायो यं त्वं कुत्समाविथ तस्मै किमपि दुःखं न भवति ॥ १० ॥

भावार्थः—राजपुरुषैः शत्रून् निवार्य सर्वान् रक्षित्वा सर्वदा सुखिनः संपादनीयाः । एते किल राजोन्नतिश्रियः सदा भवेयुः । विद्याशालाध्यक्षः सर्वान् सुशिक्षया विदुषः शस्त्रास्त्रकुशलान् संपाद्यैतैः प्रजां सततं रक्षेत् ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (त्वम्) आप (अस्मै) इस (महे) महाउत्तम २ गुण युक्त (यूने) युवावस्था में वर्त्तमान (राज्ञे) न्याय विनय और विद्यादि गुणों से देदीप्यमान राजा के लिये (तव) आप के (ऊतिभिः) रक्षण आदि कर्मों से सेनादि सहित और (तव) वर्त्तमान आप के (वामभिः) रक्षा करने वाले धार्मिक विद्वानों से रक्षा किये हुए जिस (अतिथिग्वम्) अतिथियों को प्राप्त करने कराने (तूर्वयाणम्) शत्रु बलों के हिंसा करने वाले यान सहित (आयुम्) जीवन युक्त (सुश्रवसम्) उत्तम श्रवण वा अन्नादि युक्त मनुष्यों को (अरन्धनायः) पूर्ण धन वाले मनुष्य के समान आचार करते और (त्वम्) आप जिस (कुत्सम्) वज्र के समान वीर पुरुष को (आविथ) रक्षा करते हो उस को कुछ भी दुःख नहीं होता ॥ १० ॥

भावार्थः—राजपुरुषों को योग्य है कि शत्रुओं का निवारण कर सब की रक्षा करके सर्वथा उन को सुख युक्त करें तथा ये निश्चय करके राजोन्नतिरूपी

लक्ष्मी से सदा युक्त रहें और विद्या और शाला के अध्यक्ष उत्तम शिक्षा से सब के शस्त्र और अस्त्र विद्या में कुशल निपुण विद्वानों को सम्पन्न करके इन से प्रजा को निरन्तर रक्षा करें ॥ १० ॥

पुनरेते परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्यु० ॥

फिर ये लोग परस्पर कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

य उद्दृचीन्द्र देवगोपाः सखायस्ते शिवतमा असाम । त्वां स्तोषाम त्वया सुवीरा द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः ॥ ११ ॥ १६ ॥

ये । उत्ऽऋचि । इन्द्र । देवऽगोपाः । सखायः । ते । शिवऽतमाः । असाम । त्वाम् । स्तोषाम । त्वया । सुऽवीराः । द्राघीयः । आयुः । प्रऽतरम् । दधानाः ॥ ११ ॥ १६ ॥

पदार्थः—(ये) वक्ष्यमाणलक्षणा वयम् (उदृचि) उत्कृष्टा ऋचो यस्मिन्नध्ययने तस्मिन् (इन्द्र) सभाद्यध्यक्ष (देवगोपाः) देवा विद्वांसो गोपा रक्षका येषान्ते । यद्वा ये देवानां दिव्यानां गुणानां कर्मणां वा गोपा रक्षकास्ते (सखायः) परस्परं सुहृदः सन्तः (ते) तव (शिवतमाः) अतिशयेन शिवाः कल्याणकारकं कर्म कुर्वन्तः कारयन्तश्च (असाम) भवेम (त्वाम्) शुभलक्षणम् (स्तोषाम) गुणान् कीर्त्तयेम (त्वया) रक्षिताः शिक्षिता वा (सुवीराः) शोभनाश्च ते वीराश्च यद्वा सुष्ठु वीरा येषु ते (द्राघीयः) अतिशयेन विस्तीर्णं शतवर्षेभ्योऽप्यधिकम् (आयुः)

जीवनम् (प्रतरम्) प्रकृष्टतया तरति प्लावयति दूरीकरोति दुःखं येन तत् (दधानाः) धरन्तः सन्तः ॥ ११ ॥

अन्वयः— हे इन्द्र ते तव देवगोपाः शिवतमाः सखायो वयमसाम भवेम त्वया रक्षिताः सुवीराः प्रतरं द्राघीय आयुर्दधानाः सन्तो वयमुद्दचि त्वां स्तोषाम ॥ ११ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः परस्परं निश्चितां मैत्रीं कृत्वा सर्वान् स्त्रीपुरुषादिजनान् सुविद्यायुक्तान् संपाद्य जितेन्द्रियत्वादिगुणान् गृहीत्वा ग्राहयित्वा च पूर्णमायुर्भोक्तव्यम् ॥ ११ ॥

अस्मिन्सूक्ते विद्वत्सभाद्यध्यक्षप्रजापुरुषैः परस्परं मित्रभावेन वर्त्तित्वा सर्वदा सुखं प्राप्तव्यमित्युक्तमतएतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥

इति षोडशो वर्गस्त्रिपंचाशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (ते) आप के (देवगोपाः) रक्षक विद्वान्वा दिव्य गुण कर्मों को रक्षा करने (शिवतमाः) अतिशय करके कल्याण लक्षण युक्त (सखायः) परस्पर मित्र हम लोग (असाम) होवें (त्वया) आप के साथ रक्षा वा शिक्षा किये (सुवीराः) उत्तम वीर युक्त (प्रतरम) दुःख दूर करते (द्राघीयः) अत्यन्त विस्तार युक्त सौ वर्ष से अधिक (आयुः) उमर को (दधानाः) धारण करके (उद्दचि) उत्तम ऋचा युक्त अध्ययन व्यवहार में (त्वाम्) शुभ लक्षण युक्त आप के (स्तोषाम) गुणों का कीर्त्तन करें ॥ ११ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को परस्पर निश्चित मैत्री सब स्त्री पुरुषों को उत्तम विद्या युक्त जितेन्द्रियपन आदि गुणों को ग्रहण कर और करा के पूर्ण आयु का भोग करना चाहिये ॥ ११ ॥

इस सूक्त में विद्वान् सभाध्यक्ष तथा प्रजा के पुरुषों को परस्पर प्रीति से वर्त्तमान रह कर सुख को प्राप्त करना कहा है इस से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये

यह सोलहवां वर्ग १६ और तिरेपनवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ५३ ॥

अथास्यैकादशर्चस्य चतुःपंचाशस्य सूक्तस्याङ्गिरसः सव्य ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ४ । १० । विराड्जगती । २ । ३ । ५ । निचृज्जगती । ७ । जगती च छन्दः । निषादः स्वरः । ६ । विराट्त्रिष्टुप् । ८ । ९ । ११ निचृत्त्रिष्टुप् च छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

तत्रादावीश्वरगुणा उपदिश्यन्ते

अब चौअनवें सूक्त का आरंभ है ॥ उस के पहले मंत्र में ईश्वर के गुणों का उपदेश किया है ॥

मा नो॑ अ॒स्मिन्म॑घवन्पृ॒त्स्वंह॑सि न॒हि ते॒ अन्तः॒ शव॑सः परी॒णशे॑ । अक्र॑न्दयो न॒द्यो॒३॒॑ रोरु॑वद्व॒ना क॒था न क्षो॒णीर्भि॒यसा॒ समा॑रत ॥ १ ॥

मा । नः॒ । अ॒स्मिन् । म॒घ॒ऽव॒न् । पृ॒त्ऽसु । अंह॑सि । न॒हि । ते॒ । अन्तः॑ । शव॑सः । प॒रि॒ऽनशे॑ । अक्र॑न्दयः । न॒द्यः॑ । रोरु॑वत् । व॒ना । क॒था । न । क्षो॒णीः । भि॒यसा॑ । सम् । आ॒र॒त॒ ॥ १ ॥

पदार्थः-(मा) निषेधार्थे (नः) अस्मान् (अस्मिन्) जगति (मघवन्) प्रशस्तधनयुक्त (पृत्सु) सेनासु (अंहसि) पापे (नहि) निषेधार्थे (ते) तव (अन्तः) पारम् (शवसः) बलस्य (परीणशे) परितः सर्वतो नश्यंत्यदृश्या भवन्ति यस्मिंस्तस्मिन् ।

अत्र घञर्थे कः प्रत्ययोऽन्येषामपीति दीर्घश्च (अक्रन्दयः) आह्वय (नद्यः) सरितइव (रोरुवत्) पुनः पुनरारोह (वना) संभक्तानि वस्तूनि (कथा) कथम् (न) निषेधे (क्षोणीः) बह्वीः पृथिवीः। क्षोणीइति पृथिवीना० निघं० १। १ (भियसा) भयेन (सम्) सम्यक् (आरत) प्राप्नुत॥ १॥

अन्वयः—हे मघवन् जगदीश्वर यस्त्वं पृत्स्वस्मिन्परीणसेंऽहस्यस्मान् माक्रंदयो यस्य ते तव शवसोऽन्तो नह्यस्ति स त्वमस्मान्नद्यः सरितइव मा भ्रामय भियसा मारोरुवन्मा रोदय यस्त्वं क्षोणीर्बह्वीः पृथिवीर्निर्मातुं धर्त्तुं शक्नोषि तन्त्वा मनुष्याः कथा न समारत कथं न प्राप्नुयुः॥ १॥

भावार्थः—अत्र मनुष्यैः परमेश्वरस्यानन्तत्वात्सत्यभावेनोपासितः सन्नयं दुःखजनकादधर्ममार्गान्निवर्त्य सुखयति। एतस्यानन्तरूपगुणवत्त्वात्कश्चिदप्यस्यान्तं ग्रहीतुं न शक्नोति तस्मादेतस्योपासनं त्यक्त्वा को भाग्यहीनोऽन्यमुपासीत॥ १॥

पदार्थः—हे (मघवन्) उत्तम धन युक्त जगदीश्वर जो आप (पृत्सु) सेनाओं (अस्मिन्) इस जगत् और (परीणसि) सब प्रकार से नष्ट करने वाले (अंहसि) पाप में हमलोगों को (माक्रन्दयः) मत रुलाइये जिस (ते) आप के (शवसः) बल के (अन्तः) अन्त को कोई भी (नहि) नहीं पा सकता वह आप (नद्यः) नदियों के समान हम को मत भ्रमाइये (भियसा) भय से (मारोरुवत्) बार २ मत रुलाइये जो आप (क्षोणीः) बहुत गुणयुक्त पृथिवी के निर्माण वा धारण करने को समर्थ हैं इस लिये मनुष्य आप को (कथा) क्यों (न) नहीं (समारत) प्राप्त होवें॥ १॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो परमेश्वर के अनन्त होने से सत्य प्रेम के साथ उस की उपासना किया हुआ दुःख उत्पन्न करने वाले अधर्म मार्ग से निवृत्त कर मनुष्यों को सुखी करता है इस के अनन्त स्वरूप गुण होने से कोई भी अन्त को ग्रहण नहीं कर सकता इस से उस ईश्वर की उपासना को छोड़ के कौन अभागी पुरुष दूसरे की उपासना करे॥ १॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस वि० ॥

अर्चा शुक्राय शाकिने शचीवते शृण्वन्तमिन्द्रं महयन्नभिष्टुहि। यो धृष्णुना शवसा रोदसी उभे वृषा वृषत्वा वृषभो न्यृञ्जते ॥ २ ॥

अर्च । शुक्राय । शाकिने । शचीऽवते । शृण्वन्तम् । इन्द्रम् । महयन् । अभि । स्तुहि । यः । धृष्णुना । शवसा । रोदसी इति । उभे इति । वृषा । वृषऽत्वा । वृषभः । निऽऋञ्जते ॥ २ ॥

पदार्थः-(अर्च) सत्कुरु (शक्राय) समर्थाय (शाकिने) प्रशस्ताः शाकाः शक्तियुक्ता गुणा विद्यन्ते यस्मिंस्तस्मै (शचीवते) प्रशस्ता प्रज्ञा विद्यते यस्य तस्मै । शचीति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ (शृण्वन्तम्) श्रवणं कुर्वन्तम् (इन्द्रम्) प्रशस्तैश्वर्य्ययुक्तं सभाद्यध्यक्षम् (महयन्) सत्कुर्वन् (अभि) आभिमुख्ये (स्तुहि) प्रशंस (यः) (धृष्णुना) दृढत्वादिगुणयुक्तेन (शवसा) बलेन (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (उभे) द्वे (वृषा) जलानां वर्षकः (वृषत्वा) सुखवर्षकाणां भावस्तानि । अत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शिलोपः (वृषभः) यो वृषान् वृष्टिनिमित्तानि भाति सः (नि) नितरां (ऋञ्जते) प्रसाध्नोति । ऋञ्जतिः प्रसाधन कर्मा । निरु० ६ । १ ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य यथा सूर्य्यो वृषा वृषभो वृषत्वा धृष्णुना शवसोभे रोदसी निऋञ्जते तथा यो राज्यं साध्नोति तस्मै शाकिने शचीवते शक्राय त्वमर्च तं सर्वन्यायं शृण्वन्तमिन्द्रं मह्यन् सन्नभिस्तुहि ॥ २ ॥

भावार्थः—यो गुणोत्कृष्टत्वेन सार्वभौमः सभाद्यध्यक्षो धर्मेण सर्वान् प्रशास्य धर्मे संस्थापयति सएव सर्वैर्मनुष्यैराश्रयितव्यः ॥२॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जैसे (वृषा) जल वर्षाने और (वृषभः) वर्षा के निमित्त बादलों को प्रसिद्ध करने हारा सूर्य्य (वृषत्वा) सुखों की वर्षा के तत्व और (धृष्णुना) दृढ़ता आदि गुण युक्त (शवसा) आकर्षण बल से (उभे) दोनों (रोदसी) द्यावा पृथिवी को (न्यृञ्जते) निरन्तर प्रसिद्ध करता है वैसे (यः) जो तू राज्य का यथायोग्य प्रबन्ध करता है उस (शाकिने) प्रशंसनीय शक्ति आदि गुण युक्त (शचीवते) प्रशंसित बुद्धिमान (शक्राय) समर्थ के लिये (अर्च) सत्कार कर उस सब के न्याय को (शृण्वन्तम्) श्रवण करने वाले (इन्द्रम्) प्रशंसनीय ऐश्वर्य्ययुक्त सभाध्यक्ष का (मह्यन्) सत्कार करता हुआ (अभिष्टुहि) गुणों की प्रशंसा किया कर ॥ २ ॥

भावार्थः—जो गुणों की अधिकता होने से सार्वभौम सभाध्यक्ष धर्म से सब को शिक्षा देकर धर्म के नियमों में स्थापन करता है उसी का सब मनुष्यों को सेवन वा आश्रय करना चाहिये ॥२ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा है इस वि० ॥

अर्चा दिवे बृहते शूष्यं१वचः स्वक्षत्रं यस्य धृषतो धृषन्मनः । बृहच्छ्रवा असुरो बर्हणा कृतः पुरो हरिभ्यां वृषभो रथो हि षः ॥ ३ ॥

अर्च॑ । दि॒वे । बृ॒ह॒ते । शू॒ष्य॑म् । वचः॑ ।
स्वऽक्ष॑त्रम् । यस्य॑ । धृ॒ष॒तः । धृ॒ष॒त् । मनः॑ ।
बृ॒हत्ऽश्र॑वाः । असु॑रः । ब॒र्हणा॑ । कृ॒तः । पु॒रः ।
हरि॑ऽभ्याम् । वृ॒ष॒भः । रथः॑ । हि । सः ॥ ३ ॥

पदार्थः–(अर्च) पूजय । अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (दिवे) सर्वथा शुभगुणस्य प्रकाशकाय (बृहते) विद्यादिगुणैर्वृद्धाय (शूष्यम्) शूषे बले साधु यत्तत् । शूषमिति बलना० निघं० २ । ९ (वचः) विद्याशिक्षासत्यप्रापकं वचनम् (स्वक्षत्रम्) स्वस्य राज्यम् (यस्य) सभाध्यक्षस्य (धृषतः) अधार्मिकान्दुष्टान् धर्षयतस्तत्कर्मफलं प्रापयतः (धृषत्) यो धृष्णोति दृढं कर्म करोति सः (मनः) सर्वक्रियासाधकं विज्ञानम् (बृहच्छ्रवाः) बृहच्छ्रवणं यस्य सः (असुरः) मेघो वा यः प्रज्ञां राति ददाति सः । असुरइति मेघना० निघं० । १ । १० । असुरिति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ । (बर्हणा) वृद्धियुक्तेन (कृतः) निष्पन्नः (पुरः) पूर्वः (हरिभ्याम्) सुशिक्षिताभ्यां तुरङ्गाभ्याम् (वृषभः) यः पूर्वोक्तान् वृषान् भाति सः (रथः) रमणीयः (हि) खलु (सः) ॥ ३ ॥

अन्वयः–हे विद्वन्मनुष्य त्वं यस्य धृषतो मनो हि यो धृषद्बृहच्छ्रवा असुरः पुरो हरिभ्यां युक्तो दिवइव वृषभो रथो बर्हणा कृतस्तस्मै बृहते स्वक्षत्रं वर्धयञ्छूष्यं वचोऽर्च च ॥ ३ ॥

भावार्थः–मनुष्यैरीश्वरेष्टं सभाद्यध्यक्षप्रशासितमेकमनुष्यराजप्रशासनविरहं राज्यं संपादनीयम् । यतः कदाचिद्दुःखान्यायालस्याज्ञानशत्रुपरस्परविरोधपीडितं न स्यात् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्य तू (यस्य) जिस (धृषतः) अधार्मिक दुष्टों को कर्मों के अनुसार फल प्राप्त करने वाले सभाध्यक्ष का (धृषत्) दृढ़ कर्म करने वाला (मनः) क्रिया साधक विज्ञान (हि) निश्चय करके है जो (बृहच्छ्रवाः) महाश्रवण युक्त (असुरः) जैसे प्रज्ञा देने वाले (पुरः) पूर्व (हरिभ्याम्) हरण आहरण करने वा अग्नि जल वा घोड़े से युक्त मेघ (दिवं) सूर्य के अर्थ वर्त्तता है वैसे (वृषभः) पूर्वोक्त वर्षाने वालों के प्रकाश करने वाले (रथः) यान समूह को (बर्हणा) वृद्धि से (कृतः) निर्मित किया है उस (बृहते) विद्यादि गुणों से वृद्ध (दिवे) शुभ गुणों के प्रकाश करने वाले के लिये (स्वक्षत्रम्) अपने राज्य बल और (शूष्यम्) बल तथा निपुणता युक्त (वचः) विद्या शिक्षा प्राप्त करने वाले वचन का (अर्च) पूजन अर्थात् उन के सहाय युक्त शिक्षा कर ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को अपना राज्य ईश्वर इष्ट वाले सभाध्यक्ष के शिक्षा किये हुए को संपादन कर एक मनुष्य राज के प्रशासन से अलग राज्य को संपादन करना चाहिये जिस से कभी दुःख अन्याय आलस्य अज्ञान और शत्रुओं के परस्पर विरोध से प्रजा पीडित न होवे ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु०

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा होवे इस वि०

त्वं दिवो बृहतः सानु कोपयोऽव त्मना धृषता शम्बरं भिनत्। यन्मायिनो ब्रन्दिनो मन्दिना धृषच्छितां गभस्तिमशनिं पृतन्यसि ॥ ४ ॥

त्वम्। दिवः। बृहतः। सानु। कोपयः। अव। त्मना। धृषता। शम्बरम्। भिनत्। यत्। मायिनः। ब्रन्दिनः। मन्दिना।

धृषत्। शिताम्। गभस्तिम्। अशनिम्।
पृतन्यसि॥ ४॥

पदार्थः-(त्वम्) सभाध्यक्षः (दिवः) प्रकाशमयान्न्यायात् (बृहतः) महतः सत्यशुभगुणयुक्तात् (सानु) सनंति संभजन्ति येन कर्मणा तत्। अत्र हसनिजनि० उ० १। ३। इति ञुण् प्रत्ययः (कोपयः) कोपयसि (अव) निरोधे (त्मना) आत्मना (धृषता) दृढकर्मकारिणा (शम्बरम्) शं सुखं वृणोति येन तं मेघमिव शत्रुम् (भिनत्) विदृणाति (यत्) यः (मायिनः) कपटादिदोषयुक्ताञ्शत्रून् (व्रन्दिनः) निंदिता व्रन्दा मनुष्यादिसमूहा विद्यन्ते येषां तान् (मन्दिना) हर्षकारेण बलिना (धृषत्) शत्रुधर्षणं कुर्वन् (शिताम्) तीक्ष्णधाराम् (गभस्तिम्) रश्मिम् (अशनिम्) छेदनभेदनेन वज्रस्वरूपाम् (पृतन्यसि) आत्मनः पृतनां सेनामिच्छसि॥ ४॥

अन्वयः-हे सभाध्यक्ष यः शत्रून् धृषत्त्वं यथा सूर्यो बृहतो दिवः सानु शितामशनिं गभस्तिं वज्राख्यं किरणं प्रहृत्य शंबरं मेघं भिनत्तथा शस्त्रास्त्राणि प्रक्षिप्य त्मना दुष्टजनानवकोपयो व्रन्दिनो मायिनो विदृणासि तन्निवारणाय पृतन्यसि स त्वं राज्यमर्हसि॥ ४॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु० यथा जगदीश्वरः पापकर्मकारिभ्यः स्वस्वपापानुसारेण दुःखफलानि दत्वा यथायोग्यं पीडयत्येवं सभाध्यक्षः शस्त्रास्त्रशिक्षया धार्मिकशूरवीरसेनां संपाद्यदुष्टकर्मकारिणो निवार्य्य धार्मिकीं प्रजां सततं पालयेत्॥ ४॥

पदार्थः-हे सभाध्यक्ष जो (धृषत्) शत्रुओं का धर्षण करता (त्वम्) आप जैसे सूर्य (बृहतः) महासत्व शुभगुणयुक्त (दिवः) प्रकाश से (सानु)

सेवने योग्य मेघ के शिखरों पर (शिताम्) अतितीक्ष्ण (अश्मनिम्) छेदन भेदन करने से वज्र स्वरूप बिजुली और (गभस्तिम्) वज्र रूप किरणों का प्रहार कर (शम्बरम्) मेघ को (भिनत्) काट के भूमि में गिरा देता है वैसे शस्त्र और अस्त्रों को चला के अपने (त्मना) आत्मा से दुष्ट मनुष्यों को (अवकोपयः) कोप कराते (ब्रन्दिनः) निंदित मनुष्यादि समूहों वाले (मायिनः) कपटादि दोष युक्त शत्रुओं को विदीर्ण करते और उन के निवारण के लिये (पृतन्यसि) अपने न्यायादि गुणों को प्रकाश करने वाली विद्या वा वीर पुरुषों से युक्त सेना की इच्छा करते हो सो आप राज्य के योग्य होते हो ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जैसे जगदीश्वर पापकर्म करने वाले मनुष्यों के लिये अपने २ पाप के अनुसार दुःख के फलों को देकर यथायोग्य पीड़ा देता है इसी प्रकार सभाध्यक्ष को चाहिये कि शस्त्रों और अस्त्रों की शिक्षा से धार्मिक शूर वीर पुरुषों की सेना को सिद्ध और दुष्ट कर्म करने वाले मनुष्यों का निवारण करके धर्म युक्त प्रजा का निरन्तर पालन करे ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

नि यद्वृणक्षिं श्वसनस्यं मूर्द्धनि शुष्णंस्य चिद्ब्रन्दिनो रोरुवद्वना । प्राचीनेन मनसा बर्हणावता यद्द्या चित्कृणवः कस्त्वा परिं ॥ ५ ॥ १७ ॥

नि । यत् । वृणक्षिं । श्वसनस्यं । मूर्द्धनिं । शुष्णंस्य । चित् । ब्रन्दिनः । रोरुवत् । वना । प्राचीनेन । मनसा । बर्हणाऽवता ।

यत् । अद्य । चित् । कृणवः । कः । त्वा । परि ॥ ५ ॥ १७ ॥

पदार्थः—(नि) नितराम् (यत्) यः (वृणक्षि) त्यजसि (श्वसनस्य) श्वसंति येन प्राणेन तस्य (मूर्द्धनि) उत्तमाङ्गे (शुष्णस्य) बलस्य (चित्) इव (ब्रन्दिनः) निंदिता ब्रन्दाः संन्ति येषां तान् दुष्टान् (रोरुवत्) पुनःपुनारोदनं कारयन्सन् (वना) रश्मियुक्तेन । वनमिति रश्मिना० निघं० १ । ५ (प्राचीनेन) सनातनेन (मनसा) विज्ञानेन (बर्हणावता) बहुविधं बर्हणं वर्धनं विद्यते यस्य तेन । अत्र भूमन्यर्थे मतुप् (यत्) यस्मात् (अद्य) अस्मिन्दिने । निपातस्य चेति दीर्घः (चित्) अपि (कृणवः) हिंसितुं शक्नोति (कः) कश्चिदेव (त्वा) त्वाम् (परि) निषेधे ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यद्यस्त्वं सूर्य्यो वना मेघमिव प्राचीनेन बर्हणावता मनसा श्वसनस्य शुष्णस्य मूर्धनि वर्त्तमाने ब्रन्दिनो रोरुवत्सन् यद्यस्मादद्य निवृणक्षि तत्तस्माच्चिदपि त्वा त्वां कः परि कृणवो हिंसितुं शक्नोति ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा परमेश्वरः स्वकीयेनानादिना विज्ञानेन सर्वं न्यायेन प्रशास्ति सूर्य्यश्च मेघं छिनत्ति तथैव सभाध्यक्षो धर्मेण सर्वं प्रशिष्याच्छत्रूंश्च हिंस्यात् ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे सभाध्यक्ष विद्वान् (यत्) जो आप जैसे सविता (वना) रश्मि युक्त मेघ का निवारण करता है वैसे (प्राचीनेन) सनातन (बर्हणावता) अनेक प्रकार वृद्धि युक्त (मनसा) विज्ञानसे (श्वसनस्य) प्राणवद्बलवान् (शुष्णस्य) शोषण करता के (मूर्द्धनि) उत्तम अङ्ग में प्रहार के (चित्) समान (ब्रन्दिनः) निंदित कर्म करने वाले दुष्ट मनुष्यों को (रोरुवत्) रोदन कराते हुए (यत्)

जिस कारण (अद्य) आज (निहणधि) निरन्तर उन दुष्टों को अलग करते हो इस से (चित्) भी (त्वा) आप के (हणव:) मारने को (क:) कोई भी समर्थ (पति) नहीं होसकता ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जैसे परमेश्वर अपने अनादि विज्ञान युक्त न्याय से सब को शिक्षा देता और सूर्य मेघ को काट २ कर गिराता है वैसे ही सभापति आदि धर्म से सब को शिक्षा देवें और शत्रुओं को नष्ट भ्रष्ट करें ॥ ५ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु०

फिर वह कैसा हो इसवि०

त्वमाविथ नर्यन्तुर्वशं यदुं त्वं तुर्वीतिं वय्यं शतक्रतो । त्वं रथमेतशं कृत्व्ये धने त्वं पुरो नवतिं दम्भयो नव ॥ ६ ॥

त्वम् । आविथ । नर्यम् । तुर्वशम् । यदुम् । त्वम् । तुर्वीतिम् । वय्यम् । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । त्वम् । रथम् । एतशम् । कृत्व्ये । धने । त्वम् । पुरः । नवतिम् । दम्भयः । नव ॥ ६ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाध्यक्षः (आविथ) रक्षणादिकं करोषि (नर्यम्) नृषु साधुम् (तुर्वशम्) उत्तमं मनुष्यम् (यदुम्) प्रयतमानम् । अत्र यतीप्रयत्ने धातोर्बाहुलकादौणादिक उः प्रत्ययो जस्त्वं च

(त्वम्) (तुर्वीतिम्) दुष्टान् प्राणिनो दोषांश्च हिंसन्तम् । अत्र संज्ञायां क्तिन् । बहुलं छन्दसीतीडागमः (वय्यम्) यो वयते जानाति तम् । अत्र वय धातोर्बाहुलकादौणादिको यत्प्रत्ययः (शतक्रतो) बहुप्रज्ञ (त्वम्) शिल्पविद्योत्पादकः (रथम्) रमणस्याधिकरणम् (एतशम्) वेगादिगुणयुक्ताश्ववंतम् (कृत्व्ये) कर्त्तव्ये (धने) विद्याचक्रवर्त्तिराज्यसिद्धे द्रव्ये (त्वम्) दुष्टानां भेत्ता (पुरः) पुराणि (नवतिम्) एतत्संख्यातानि (दम्भयः) हिंधि (नव) नवसंख्यासहितानि ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे शतक्रतो विद्वन् यतस्त्वं नर्यं तुर्वशं यदुमाविथ त्वं तुर्वीतिं वय्यमाविथ त्वं कृत्व्ये धन एतशं रथं चाविथ त्वं नव नवतिं शत्रूणां पुरो दम्भयस्तस्माद् भवानेवास्माभिरत्र राज्य कार्य्ये समाश्रयितव्यः ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यो राज्यं रक्षितुं न क्षमः स राजा नैव कार्य्यः ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (शतक्रतो) बहुत बुद्धियुक्त विद्वन् सभाध्यक्ष जिस कारण (त्वम्) आप (नर्य्यम्) मनुष्यों में कुशल (तुर्वशम्) उत्तम (यदुम्) यत्न करने वाले मनुष्य की रक्षा (त्वम्) आप (तुर्वीतिम्) दोष वा दुष्ट प्राणियों को नष्ट करने वाले (वय्यम्) ज्ञानवान् मनुष्य की रक्षा और (त्वम्) आप (कृत्व्ये) सिद्ध करने योग्य (धने) विद्या चक्रवर्त्ति राज्य से सिद्ध हुए द्रव्य के विषय (एतशम्) वेगादि गुण वाले अश्वादि से युक्त (रथम्) सुन्दर रथ को (आविथ) रक्षा करते और (त्वम्) आप दुष्टों के (नव) नौ संख्या युक्त (नवतिम्) नव्वे अर्थात् निन्नाणवे (पुरः) नगरों को (दंभयः) नष्ट करते हो इस कारण इस राज्य में आप ही का आश्रय हमलोगों को करना चाहिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो राज्य की रक्षा करने में समर्थ न होवे उस को राजा कभी न बनावें ॥ ६ ॥

पुनस्तेन सभाध्यक्षेण किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

फिर उस सभाध्यक्ष को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

स घा राजा सत्पतिः शूशुवज्जनो रातहव्यः प्रति यः शासमिन्वति । उक्था वा यो अभिगृणाति राधसा दानुरस्मा उपरा पिन्वते दिवः ॥ ७ ॥

सः । घ । राजा । सत्ऽपतिः । शूशुवत् । जनः । रातऽहव्यः । प्रति । यः । शासम् । इन्वति । उक्था । वा । यः । अभिऽगृणाति । राधसा । दानुः । अस्मै । उपरा । पिन्वते । दिवः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(सः) (घ) एव । अत्र । ऋचितुनुघ० इति दीर्घः । (राजा) न्यायविज्ञानादिभिः प्रकाशमानः (सत्पतिः) सतां पालयिता (शूशुवत्) यो ज्ञापयति वर्द्धयति वा । अयं णयन्तस्य श्विधातोर्लुङि प्रयोगोऽडभावश्च (जनः) उत्तमगुणकर्मभिर्वर्त्तमानः (रातहव्यः) रातानि दत्तानि हव्यानि येन सः (प्रति) वीप्सायाम् (यः) ईदृग्लक्षणः (शासम्) शास्ति येन तं न्यायम् (इन्वति) व्याप्नोति । इन्वतीति व्याप्तिकर्मसु पठितम् । निघं० २ । १८ (उक्था) वक्तुं योग्यानि वेदस्तोत्राणि वचनानि वा (वा) पक्षान्तरे (यः) सत्यवक्ता (अभिगृणाति) अभिगतान्युपदिशति

(राधसा) न्यायप्राप्तेन धनेन (दानुः) दानशीलः (अस्मै) सभाध्यक्षाय (उपरा) मेघइव । उपरइति मेघना० निघं० १ । १० उपर उपरतो मेघो भवत्युपरमन्तेऽस्मिन्नभ्राण्युपरता आपइति वा । निरु० २ । २१ (पिन्वते) सेवते सिंचति वा । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (दिवः) प्रकाशमानाद्सूर्याचरणात् ॥ ७ ॥

अन्वयः—यो रातहव्यः सत्पतिः सभाध्यक्षो जनो राजा प्रतिशासं प्रजाइन्वति न्यायं व्याप्नोति वा । यः शूशुवद्राज्यं कर्त्तुं जानाति राधसा दानुः सन्नुक्थाऽभिगृणाति सर्वेभ्यो मनुष्येभ्य उपदिशत्यस्मै दिव उपरा सूर्य्याद्दुत्पद्य मेघो भूमिं सिंचतीव सर्वसुखानि पिन्वते सेवते स च राज्यं कर्त्तुं शक्नोति ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—नहि कश्चित्सद्विद्याविनयन्यायवीरपुरुषसेनाग्रहणानुष्ठानेन विना राज्यं शासितुं शत्रून् जेतुं सर्वाणि सुखानि च प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतत्सभाध्यक्षेणावश्यमनुष्ठेयम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(यः) जो (रातहव्यः) हव्य पदार्थों को देने (सत्पतिः) सत्पुरुषों का पालन करने (जनः) उत्तम गुण और कर्मों से सहित वर्त्तमान (राजा) न्याय विनयादि गुणों से प्रकाशमान सभाध्यक्ष (प्रतिशासम्) शास्त्र २ के प्रति प्रजा को (इन्वति) न्याय में व्याप्त करता (वा) अथवा (शूशुवत्) राज्य करने को जानता है और जो (राधसा) न्याय करके प्राप्त हुए धन से (दानुः) दान शील हुआ (उक्था) कहने योग्य वेदस्तोत्र वा वचनों को (अभिगृणाति) सब मनुष्यों के लिये उपदेश करता है (अस्मै) इस सभाध्यक्ष के लिये (दिवः) (उपरा) जैसे सूर्य्य के प्रकाश से मेघ उत्पन्न होकर भूमि को (पिन्वते) सींचता है वैसे सब सुखों को (पिन्वते) सेवन करे (सः) वही राज्य कर सकता है ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—कोई भी मनुष्य उत्तमविद्या, विनय, न्याय और वीरपुरुषों की सेना के ग्रहण वा अनुष्ठान के विना राज्य के लिये शिक्षा करने शत्रुओं के जीतने और सब सुखों को प्राप्त होने को समर्थ नहीं हो सकता इस लिये सभाध्यक्ष को अवश्य इन बातों का अनुष्ठान करना चाहिये ॥७॥

पुनः स किं कुर्य्यादित्यु०

फिर वह क्या करे यह वि०

असमं क्षत्रमसमा मनीषा प्र सोमपा अपसा सन्तु नेमे । ये त इन्द्र ददुषो वर्धयन्ति महि क्षत्रं स्थविरं वृष्ण्यं च ॥ ८ ॥

असमम् । क्षत्रम् । असमा । मनीषा । प्र । सोमऽपाः । अपसा । सन्तु । नेमे । ये । ते । इन्द्र । ददुषः । वर्द्धयन्ति । महि । क्षत्रम् । स्थविरम् । वृष्ण्यम् । च ॥ ८ ॥

पदार्थः—(असमम्) अविद्यमानः समः समता यस्मिंस्तत्कर्म सादृश्यरहितम् (क्षत्रम्) राज्यम् (असमा) अविद्यमाना समा यस्यां साऽनुपमा (मनीषा) मनो विज्ञानमीषते यया प्रज्ञया सा (प्र) प्रकृष्टार्थे (सोमपाः) ये वीराः सोमानोषधिरसान् पिबन्ति ते (अपसा) कर्मणा (सन्तु) भवन्तु (नेमे) सर्वे (ये) उक्ता वक्ष्यमाणाश्च (ते) तव (इन्द्र) ऐश्वर्ययुक्त (ददुषः) दत्तवतः (वर्धयन्ति) उन्नयंति (महि) महागुणविशिष्टम् (क्षत्रम्) राज्यम् (स्थविरम्) प्रवृद्धम् (वृष्ण्यम्) शत्रुसामर्थ्यप्रतिबन्धकेभ्यो वृषभ्यो हितम् (च) समुच्चये ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभेश यदि ददुषस्ते तवासमं क्षत्रमसमा मनीषाऽस्तु तर्हि ये नेमे सोमपा धार्मिका वीरपुरुषा अपसा स्थविरं वृष्ण्यं महि क्षत्रं प्रवर्धयन्ति ते तव सभासदो भृत्याश्च सन्तु ॥ ८ ॥

भावार्थः—नैवकदाचिद्राजपुरुषैः प्रजाविरोधः प्रजास्थैराजपुरुषविरोधश्च कार्य्यः किंतु परस्परं प्रीत्युपकारबुध्या सर्वं राज्यं सुखैर्वर्धनीयम् । नह्येवं विना राज्यपालनव्यवस्था निश्चला जायते ॥८॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभाध्यक्ष जो (ददुषः) दान करते हुए (ते) आप का (असमम्) समता रहित कर्म वा सादृश्य रहित (क्षत्रम्) राज्य तथा (असमा) समता वा उपमा रहित (मनीषा) बुद्धि होवे तो (ये) जो (नेमे) सब (सोमपाः) सोम आदि ओषधीरसों के पीने वाले धार्मिक विद्वान् पुरुष (अपसा) कर्म से (स्थविरम्) वृद्ध (वृषण्यम्) शत्रुओं के बलनाशक सुख वर्षाने वालों के लिये कल्याण कारक (महि) महा गुण युक्त (क्षत्रम्) राज्य को (प्रवर्धयन्ति) बढ़ाते हैं वे सब आप की सभा में बैठने योग्य सभासद (च) और भृत्य (सन्तु) होवें ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजपुरुषों को प्रजा से और प्रजा में रहने वाले पुरुषों को राजपुरुषों से विरोध कभी न करना चाहिये किन्तु परस्पर प्रीति वा उपकार बुद्धि के साथ सब राज्य को सुखों से बढ़ाना चाहिये क्यों कि इस प्रकार किये विना राज्य पालन की व्यवस्था निश्चय नहीं हो सकती ॥ ८ ॥

पुनः स किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह क्या करे इस वि० ॥

तुभ्येदे॒ते ब॑हु॒ला अद्रि॑दुग्धाश्चमू॒षद॑श्चम॒सा इ॑न्द्र॒पानाः॑ । व्य॑श्नुहि त॒र्पया॒ काम॑मेषा॒मथा॒ मनो॑ वसु॒देया॑य कृष्व ॥ ९ ॥

तुभ्य॑म् । इत् । ए॒ते । ब॒हु॒लाः । अद्रि॑ऽदुग्धाः । च॒मू॒ऽसदः॑ । च॒म॒साः । इ॒न्द्र॒ऽपानाः॑ । वि ।

अश्नुहि । तर्पय । कामम् । एषाम् । अथ ।
मनः । वसुऽदेयाय । कृष्व ॥ ८ ॥

पदार्थः–(तुभ्य) तुभ्यम् । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेति मलोपः (इत्) एव (एते) वीराः (बहुलाः) बहूनि सुखानि युद्धकर्माणि लांति प्रयच्छन्ति ते (अद्रिदुग्धाः) अद्रेर्मेघात्पर्वतेभ्यो वा प्रपूरिताः (चमूषदः) ये चमूषु सेनासु सीदन्त्यवस्थिता भवंति (चमसाः) ये चाम्यन्त्यदन्ति भोगान् येभ्यो मेघेभ्यस्ते । चमस इति मेघना० निघं १ । १० (इन्द्रपानाः) य इन्द्रं परमैश्वर्य्यहेतुं सवितारं पान्ति ते । अत्र नन्द्यादित्वाल्ल्युः प्रत्ययः (वि) विविधार्थे (अश्नुहि) व्याप्नुहि । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (तर्पय) प्रीणय (कामम्) यः काम्यते तम् (एषाम्) भृत्यानाम् (अथ) आनंतर्ये (मनः) मननात्मकम् (वसुदेयाय) दातव्यधनाय (कृष्व) विलिख ॥ ८ ॥

अन्वयः–हे इन्द्र सभेश यथैते बहुला इन्द्रपानाश्चमसाः सर्वान् कामान् पिप्रति तथाऽद्रिदुग्धाश्चमूषदो वीरास्तुभ्य प्रीणयन्तु त्वमेतेभ्यो वसुदेयाय मनः कृष्व त्वमेतांस्तर्पयैषां कामं प्रपूर्द्धि । अथेत् सर्वान् कामान् व्यश्नुहि ॥ ८ ॥

भावार्थः–सभाद्यध्यक्षः सुशिक्षितपालितोत्पादितान् शूरवीरान् रक्षित्वा प्रजाः सततं पालयित्वैतेभ्यः सर्वाणि सुखानि दद्यादेते च सभाद्यध्यक्षान् नित्यं सन्तोषयेयुर्यतः सर्वे कामाः पूर्णाः स्युः ॥ ८ ॥

पदार्थः–हे (इन्द्र) सभाध्यक्ष जैसे (एते) ये (बहुलाः) बहुत सुख वा कर्मों को देने वाले (इन्द्रपानाः) परमैश्वर्य के हेतु सूर्य को प्राप्त होने हारे

(चमसाः) मेघ सब कामों को पूर्ण करते हैं वैसे (अद्रिदुग्धाः) मेघ वा पर्वतों से प्राप्तविद्या (चमूषदः) सेनाओं में स्थित शूरवीर पुरुष (तुभ्य) आप को तृप्त करें तथा आप इन को (वसुदेयाय) सुन्दर धन देने के लिये (मनः) मन (कृष्व) कीजिये और आप इन को (तर्पय) तृप्त वा (एषाम्) इन की (कामान्) कामना पूर्ण कीजिये (अथ) इस के अनन्तर (इत्) ही सब कामनाओं को (व्यश्नुहि) प्राप्त हूजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—सभा आदि के अध्यक्ष उत्तम शिक्षा वा पालन से उत्पादन किये हुए शूरवीरों और प्रजा को निरन्तर पालना करके इन के लिये सब सुखों को देवें और ये प्रजा के पुरुष भी सभाध्यक्षादिकों को निरन्तर सन्तुष्ट रक्खें जिस से सब कामना पूर्ण होवें ॥ ९ ॥

अथ स सूर्यइव किं कुर्य्यादित्यु०

अब वह सूर्य्य के समान क्या करे इस०

अपामतिष्ठद्धरुणह्वरं तमोऽन्तर्वृत्रस्य जठरेषु पर्वतः । अभीमिन्द्रो नद्यो वव्रिणा हिता विश्वा अनुष्ठाः प्रवणेषु जिघ्नते ॥ १० ॥

अपाम् । अतिष्ठत् । धरुणऽह्वरम् । तमः । अन्तः । वृत्रस्य । जठरेषु । अभि । ईम् । इन्द्रः । नद्यः । वव्रिणा । हिताः । विश्वाः । अनुऽस्थाः । प्रवणेषु । जिघ्नते ॥ १० ॥

पदार्थः—(अपाम्) जलानाम् (अतिष्ठत्) तिष्ठति (धरुणह्वरम्) धरुणानि धारकाणि ह्वराणि कुटिलानि यस्मिंस्तत् (तमः) अन्धकारम् (अन्तः) मध्ये (वृत्रस्य) मेघस्य (जठरेषु) जायन्ते वृष्ट्यो

येभ्यस्तेषु । अत्र जनेररष्ठच । उ० ५ । ३८ इत्यरः प्रत्ययष्ठकारादेशश्च (पर्वतः) पर्वताकारो घनसमूहवान् मेघः (अभि) आभिमुख्ये (ईम्) जलम् (इन्द्रः) परमैश्वर्यदाता (नद्यः) सरितः (वज्रिणा) रूपेण (हिताः) हिन्वन्ति गच्छन्ति यास्ताः (विश्वाः) सर्वाः (अनुष्ठाः) या अनुतिष्ठन्ति (प्रवणेषु) निम्नमार्गेषु (जिघ्नते) गच्छन्ति । अत्र बहुलंछन्दसीति शपः श्लुर्व्यत्ययेनात्मनेपदं च ॥ १० ॥

अन्वयः—हे सभेशेन्द्रस्त्वं यथा सूर्य्योवृत्रस्यापामन्तर्जठरेषु स्थितं धरुणह्वरं तमोऽतिष्ठत्तन्निवार्य्य वज्रिणा सह वर्त्तमानो यः पर्वतो मेघ ईमभिपातयति येन प्रवणेष्वनुष्ठा विश्वाहिता नद्यो जिघ्नते तथा भव ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा सूर्य्यो यज्जलमाकृष्यान्तरिक्षं नयति तद्वायुर्धरति यदैतन्मिलित्वा पर्वताकारं भूत्वा सूर्य्य प्रकाशमावृणोति तद्विद्युच्छित्वा भूमौ निपातयति तदुद्भूता नानारूपा अधोगामिन्यो नद्यः प्रचलन्त्यः सत्यः पृथिवीपर्वतवृक्षादीन् छित्वा भित्वा च पुनस्तज्जलं सागरमन्तरिक्षं च प्राप्यैवं पुनःपुनर्वर्षति तथा राजाद्यध्यक्षा भवेयुरिति ॥ १० ॥

पदार्थः—हे सभेश (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य देने हारे आप जैसे सूर्य्य (वृत्रस्य) मेघ संबन्धी (अपाम्) जलों के (अन्तः) मध्यस्थ (जठरेषु) जहां से वर्षा होती है उन में (धरुणह्वरम्) धारण करने वाला कुटिल कर्मों का हेतु (तमः) अन्धकार (अतिष्ठत्) स्थित है उस का निवारण कर (वज्रिणा) रूप से सह वर्त्तमान जो (पर्वतः) पक्षीवत् आकाश में उड़ने हारा मेघ (ईम्) जल को (अभि) सन्मुख गिराता है जिस से (प्रवणेषु) नीचे स्थानों में (अनुष्ठाः) अनुकूलता से बहने हारी (विश्वाः) सब (हिताः) प्रतिक्षण चलने वाली (नद्यः) नदियां (जिघ्नते) समुद्र पर्यन्त चली जाती हैं वैसे आप हूजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य जिस जल को आकर्षण कर अन्तरिक्ष में पहुंचाता और उस को वायु धारण करता है जब वह जल मिल

तथा पर्वताकार होकर सूर्य के प्रकाश का आवरण करता है उस को बिजुली छेदन करके भूमि में गिरा देती है उस से उत्पन्न हुई नानारूपयुक्त नीचे चलने वाली चलती हुई नदियां पृथिवी, पर्वत, और वृक्षादिकों को छिन्न भिन्न कर फिर वह जल समुद्र वा अन्तरिक्ष को प्राप्त होकर वार २ इसी प्रकार वर्षता है वैसे सभाध्यक्षादि कों को होना चाहिये ॥ १० ॥

पुनः सभाद्यध्यक्षकृत्यमु० ॥

फिर सभा आदि के अध्यक्षों के कृत्य का उप० ॥

स शेवृधमधि धा द्युम्नमस्मे महि क्षत्रं जनाषाळिन्द्र तव्यम्। रक्षा च नो मघोनः पाहि सूरीन्राये च नः स्वपत्या इषे धाः ॥ ११ ॥ १८ ॥

सः । शेऽवृधम् । अधि । धाः । द्युम्नम् । अस्मेइति । महि । क्षत्रम् । जनाषाट् । इन्द्र । तव्यम् । रक्ष । च । नः । मघोनः । पाहि । सूरीन् । राये । च । नः । सुऽअपत्यै । इषे । धाः ॥ ११ ॥ १८ ॥

पदार्थः– (सः) सभाध्यक्षः (शेवृधम्) सुखम् । शेवृधमिति सुखना० निघं० ३ । ६ (अधि) उपरिभावे (धाः) धेहि (द्युम्नम्) विद्याप्रकाशयुक्तं धनम् (अस्मे) अस्मभ्यम् (महि) महासुखप्रदं पूज्यतमम् (क्षत्रम्) राज्यम् (जनाषाट्) यो जनान्सहते सः । अत्र छन्दसि सहः । अ० ३ । २ । ६३ इति सहधातोर्ण्विः प्रत्ययः (इन्द्र) परमैश्वर्य्यसंपादक सभाद्यध्यक्ष (तव्यम्) तवे बले

भवम् (रक्ष) पालय (च) समुच्चये (नः) अस्मान् (मघोनः) मघं प्रशस्तं धनं विद्यते येषां तान् (पाहि) पालय (सूरीन्) मेधाविनो विदुषः (राये) धनाय (च) समुच्चये (नः) अस्माकम् (स्वपत्यै) शोभनान्यपत्यानि यस्यां तस्यै (इषे) अन्नरूपायै राज्यलक्ष्म्यै (धाः) धेहि ॥ ११ ॥

इस सूक्त में ईश्वर सभाध्यक्ष और विद्युत् अग्नि के गुणों का वर्णन होने से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्तार्थ की संगति जाननी चाहिये ॥

यह सरसठवां सूक्त और ग्यारहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ पंचदशर्चस्याष्टषष्टितमस्य सूक्तस्य शाक्त्यः पराशर ऋषिः। अग्निर्देवता । १ । ४ । निचृत्पङ्क्तिः । २ । ३ । ५ ।

पङ्क्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे ईश्वर और विद्युत् अग्नि कैसे गुणवाले हैं इस वि० ॥

श्रीणन्नुप॑ स्थाद्दिवं॑ भुर॒ण्युः स्था॒तुश्च॒रथ॑म॒क्तून् व्यू॑र्णोत् । परि॒ यदे॑षा॒मेको॒ विश्वे॑षां॒ भुव॑द्दे॒वो दे॒वानां॑ महि॒त्वा ॥ १ ॥

श्रीणन् । उप॑ । स्था॒त् । दिव॑म् । भु॒र॒ण्युः । स्था॒तुः । च॒रथ॑म् । अ॒क्तून् । वि । ऊ॒र्णो॒त् । परि॑ । यत् । ए॒षा॒म् । एकः॑ । विश्वे॑षाम् । भुव॑त् । दे॒वः । दे॒वाना॑म् । म॒हि॒ऽत्वा ॥ १ ॥

पदार्थः-(श्रीणन्) परिपक्वं कुर्वन् (उप) सामीप्ये (स्थात्) तिष्ठेत् (दिवम्) प्रकाशस्वरूपम् (भुरण्युः) धर्त्ता पोषको वा । अत्र भुरणधातोः कण्ड्वादित्वाद्यक् ततउः (स्थातुः) स्थावरसमूहम् । अत्र स्थाधातोस्तुः प्रत्ययः सुपांसुलुगित्यमः स्थाने सुः (चरथम्) जंगमसमूहम् (अक्तून्) व्यक्तान् प्राप्तव्यान् सर्वान् पदार्थान् (वि) विशेषार्थे (ऊर्णोत्) ऊर्णोत्याच्छादयति स्वीकरोति

(परि)सर्वतः(यत्) यः (एषाम्)वर्त्तमानानां मनुष्याणां मध्ये(एकः) कश्चित् (विश्वेषाम्) सर्वेषाम् (भुवत्) भवेत् (देव) दिव्यगुणसंपन्नो विद्वान् (देवानाम्) विदुषां मध्ये (महित्वा) पूजितो भूत्वा ॥ १ ॥

अन्वयः—यद्यो भुरण्युः श्रीणन्मनुष्यो दिवं द्योतनात्मकं परमेश्वरं विद्युतं वा पर्युपस्थात्स्थातुः स्थावरं चरथमक्तूंश्च पर्यूर्णोत्स एषां विश्वेषां देवानामेको महित्वा भुवद्विभवेत् ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषालं०—नहि कश्चित्परमेश्वरमनुपास्य विद्युद्विद्यामनाश्रित्य सर्वाणि पारमार्थिकव्यावहारिकसुखानि प्राप्तुमर्हति ॥ १ ॥

पदार्थः—(यत्) जो (भुरण्युः) धारण वा पोषण करने वाला (श्रीणन्) परिपक्व करता हुआ मनुष्य (दिवम्) प्रकाश करने वाले परमेश्वर वा विद्युत् अग्नि के (उपस्थात्) उपस्थित होवे । और (स्थातुः) स्थावर (चरथम्) जंगम तथा (अक्तून्) प्रकट प्राप्त करने योग्य पदार्थों को (पर्यूर्णोत्) आच्छादन वा स्वीकार करता है वह (एषाम्) इन वर्त्तमान (विश्वेषाम्) सब (देवानाम्) विद्वानों के बीच (एकः) सहाय रहित (देवः) दिव्य गुण युक्त (महित्वा) पूजा को प्राप्त हो कर (विभुवत्) विभव अर्थात् ऐश्वर्य्य को प्राप्त होवे ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—कोई मनुष्य परमेश्वर की उपासना वा विद्युत् अग्नि के आश्रय को छोड़ कर सब परमार्थ और व्यवहार के सुखों को प्राप्त होने को योग्य नहीं हो सकता ॥ १ ॥

पुनर्जगदीश्वरः कीदृशइत्यु० ॥

फिर जगदीश्वर कैसा है इस वि० ॥

आदित्ते विश्वे क्रतुं जुषन्त शुष्काद्यद्देव जीवो जनिष्ठाः। भजन्त विश्वे देवत्वं नाम ऋतं सपन्तो अमृतमेवैः ॥ २ ॥

आत् । इत् । ते । विश्वे । क्रतुम् । जुषन्त । शुष्कात् । यत् । देव । जीवः । जनिष्ठाः । भजन्त । विश्वे । देवऽत्वम् । नाम । ऋतम् । सपन्तः । अमृतम् । एवैः ॥ २ ॥

पदार्थः–(आत्) अनन्तरम् (इत्) एव (ते) तव तस्य वा (विश्वे) अखिलाः (क्रतुम्) प्रज्ञापनं कर्म वा (जुषन्त) प्रीणन्ति सेवन्ते वा (शुष्कात्) धर्मानुष्ठानतपसो नीरसात्काष्ठादेः (यत्) ये (देव) जगदीश्वर (जीवः) इच्छादिगुणविशिष्टश्चेतनः (जनिष्ठाः) अतिशयेन प्रकटाः (भजन्त) सेवन्ते (विश्वे) संपूर्णाः (देवत्वम्) देवस्य भावः (नाम) प्रसिद्धम् (ऋतम्) सत्यम् (सपन्तः) समवयन्तः (अमृतम्) मरणजन्मदुःखादिदोषरहितम् (एवैः) ज्ञापकैः प्रापकैर्गुणैः ॥ २ ॥

अन्वयः–हे देव जगदीश्वर त्वामाश्रित्य यद्ये विश्वे सर्वे जनिष्ठाः सपन्तो विद्वांस एवैः शुष्कात् ते देवत्वं क्रतुं नाम जुषन्त ते ऋतममृतं भजन्त सेवन्ते तथा जीवश्चादिदेतत्सर्वं प्रयत्नेन प्राप्नुयात् ॥ २ ॥

भावार्थः– नहि मनुष्याः परमेश्वरोपासनाऽऽज्ञानुष्ठानेन विना व्यवहारपरमार्थसुखं प्राप्तुमर्हन्तीति ॥ १ ॥

पदार्थः–हे (देव) जगदीश्वर आप का आश्रय करके (यत्) जो (विश्वे) सब (जनिष्ठाः) अतिज्ञान युक्त (सपन्तः) एक संमत विद्वान् लोग (एवैः) प्राप्ति कारक गुणों और (शुष्कात्) धर्मानुष्ठान के तप से (ते) आप के (देवत्वम्) दिव्य गुण प्राप्त करने वाले (क्रतुम्) बुद्धि और कर्म (नाम) प्रसिद्ध अर्थ युक्त संज्ञा को

सिद्ध (जुषन्त) प्रीति से सेवा करें वे (ऋतम्) सत्य रूप को (भजन्त) सेवन करते हैं वैसे (अमृतम्) मोक्ष को (जीवः) इच्छादि गुण वाला चेतन स्वरूप मनुष्य (आत्) इस के अनन्तर (इत्) ही इस सब को प्राप्त हो ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्य परमेश्वर की उपासना वा आज्ञानुष्ठान के बिना व्यवहार और परमार्थ के सुखों को प्राप्त नहीं हो सकते ॥ २ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे ईश्वर और विद्वान् कैसे हैं इस वि० ॥

ऋतस्य प्रेषा ऋतस्य धीतिर्विश्वायुर्विश्वे अपांसि चक्रुः । यस्तुभ्यं दाशाद्यो वा ते शिक्षात्तस्मै चिकित्वान् रयिं दयस्व ॥ ३ ॥

ऋतस्य । प्रेषाः । ऋतस्य । धीतिः । विश्वऽआयुः । विश्वे । अपांसि । चक्रुः । यः । तुभ्यम् । दाशात् । यः । वा । ते । शिक्षात् । तस्मै । चिकित्वान् । रयिम् । दयस्व ॥ ३ ॥

पदार्थः—(ऋतस्य) सत्यस्य विज्ञानस्य परमात्मनः कारणस्य वा (प्रेषाः) प्रेष्यन्ते ये प्रकृष्टमिष्यन्ते बोधसमूहास्ते (ऋतस्य) स्वरूपप्रवाहरूपेण सत्यस्य (धीतिः) धारणम् (विश्वायुः) विश्वं सर्वमायुर्यस्माद्यस्य वा (विश्वे) सर्वे (अपांसि) न्याय्यानि कर्माणि (चक्रुः) कुर्वन्ति (यः) (तुभ्यम्) ईश्वरोपासकाय धर्मपुरुषार्थयुक्ताय (दाशात्) पूर्णां विद्यां दद्यात् (यः) (वा) पक्षान्तरे (ते)

तुभ्यम् (शिक्षात्) साध्वीं शिक्षां कुर्यात् (तस्मै) महात्मने (चिकित्वान्) ज्ञानवान् (रयिम्) सुवर्णादिधनम् (दयस्व) देहि॥३॥

अन्वयः—येनेश्वरेण विद्युता विश्वे प्रेषाः प्राप्यन्ते ऋतस्य धीतिर्विश्वायुश्च भवति तमाश्रित्य ये ऋतस्य मध्ये वर्त्तमाना विद्वांसोऽपांसि चक्रुः। य एतद्विद्यां तुभ्यं दाशाद्वा तव सकाशाद्गृह्णीयात्। यश्चिकित्वांस्ते तुभ्यं शिक्षां दाशाद् वा तव सकाशाद् गृह्णीयात्तस्मै त्वं रयिं दयस्व देहि॥३॥

भावार्थः—अत्रश्लेषालं०—मनुष्यैर्नहीश्वररचनया विना जडात्कारणात्किंचित्कार्यमुत्पत्तुं विनष्टुं च शक्यते। नह्याधारेण विनाऽऽधेयं स्थातुमर्हति। नहि कश्चित्कर्म्मणा विना स्थातुं शक्नोति ये विद्वांसः सन्तो विद्यादिशुभगुणान् ददति वा य एतेभ्यो गृह्णन्ति तेषामेव सदा सत्कारः कर्त्तव्यो नान्येषामिति बोद्धव्यम्॥३॥

पदार्थः—जिस ईश्वर वा विद्युत् अग्नि से (विश्वे) सब प्रेषाः अच्छी प्रकार जिन की इच्छा की जाती है वे बोधसमूह को प्राप्त होते हैं (ऋतस्य) सत्यविज्ञान तथा कारण का (धीतिः) धारण और (विश्वायुः) सब आयु प्राप्त होती है उस का आश्रय करके जो (ऋतस्य) स्वरूप प्रवाह से सत्य के बीच वर्त्तमान विद्वान् लोग (अपांसि) न्याय युक्त कामों को (चक्रुः) करते हैं (यः) जो मनुष्य इस विद्या को (तुभ्यम्) ईश्वरोपासना धर्म पुरुषार्थ युक्त मनुष्य के लिये (दाशात्) देवे वा उस से ग्रहण करे (यः) जो (चिकित्वान्) ज्ञानवान् मनुष्य (ते) तेरे लिये (शिक्षात्) शिक्षा करे वा तुझ से शिक्षा लेवे (तस्मै) उस के लिये आप (रयिम्) सुवर्णादि धन को (दयस्व) दीजिये॥३॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को ऐसा जानना चाहिये ईश्वर की रचना के विना जड़ कारण से कुछ भी कार्य उत्पन्न वा नष्ट होने तथा आधार के विना आधेय भी स्थित होने को समर्थ नहीं होसकता। और कोई मनुष्य कर्म के विना क्षण भर भी स्थित नहीं होसकता। जो विद्वान् लोग विद्या

आदि उत्तम गुणों को अन्य सज्जनों के लिये देते तथा उन से ग्रहण करते हैं। उन्हीं दोनों का सत्कार करें औरों का नहीं ॥ ३ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे अध्यापक और शिष्य कैसे हों यह वि० ॥

होता निषत्तो मनोरपत्ये स चिन्न्वासां पतीं रयीणाम् । इच्छन्त रेतो मिथस्तनूषु संजानत स्वैर्दक्षैरमूराः ॥ ४ ॥

होता । निऽसत्तः । मनोः । अपत्ये । सः । चित् । नु । आसाम् । पतिः । रयीणाम् । इच्छन्त । रेतः । मिथः । तनूषु । सम् । जानत । स्वैः । दक्षैः । अमूराः ॥ ४ ॥

पदार्थः-(होता) दाता (निषत्तः) सर्वत्र शुभकर्मसु (मनोः) विज्ञानवतो मनुष्यस्य (अपत्ये) सन्ताने (सः) विद्वान् (चित्) अपि (नु) सद्यः (आसाम्) प्रजानाम् (पतिः) पालयिता (रयीणाम्) राज्यश्रियादिधनानाम् (इच्छन्त) इच्छन्तु । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (रेतः) विद्याशिक्षाजं शरीरात्मवीर्य्यम् (मिथः) परस्परं प्रीत्या (तनूषु) विद्यमानेषु शरीरेषु (सम्) सम्यगर्थे (जानत) (स्वैः) आत्मीयैः (दक्षैः) विद्यासुशिक्षा-चातुर्य्यगुणैः (अमूराः) अमूढाः । निरु० ६ । ८ । मूढत्वादिगुणरहिता ज्ञानवन्तः । अमूर इति पदना० ४ । ३ ॥ ४ ॥

अन्वयः—यो निषत्तो मनोरपत्ये रयीणां होताऽस्ति स आसां प्रजानां पतिर्भवेत्। हे अमूरा स्वैर्दक्षैर्गुणैः सह तनूषु वर्त्तमानाः सन्तो मिथो रेतो विस्तारयन्तो भवन्त एतं समिच्छन्त-चिदपि सर्वा विद्या यूयं नु जानत ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरन्योन्यं सखायो भूत्वाखिलविद्याः शीघ्रं ज्ञात्वा सततमानन्दितव्यम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—जो (निषत्तः) सर्वत्र स्थित (मनोः) मनुष्य के (अपत्ये) सन्तान में (रयीणाम्) राज्यश्रीआदिधनों का (होता) देने वाला है (सः) वह ईश्वर विद्युत् अग्नि (आसाम्) इन प्रजाओं का (पतिः) पालन करने वाला है हे (अमूराः) मूढ़पन आदि गुणों से रहित ज्ञानवाले (स्वैः) अपने (दक्षैः) विद्या शिक्षा सहित चतुराई आदि गुणों के साथ (तनूषु) शरीरों में वर्त्तमान होते हुए (मिथः) परस्पर (रेतः) विद्या शिक्षा रूपी वीर्य का विस्तार करते हुए तुमलोग इस को (समिच्छन्त) अच्छे प्रकार शिक्षा करो (चित्) और तुम सब विद्याओं को (नु) शीघ्र (जानत) अच्छे प्रकार जानो ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि परस्पर मित्र हो और समग्र विद्याओं को शीघ्र जानकर निरन्तर आनन्द भोगें ॥ ४ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे पढ़ने और पढाने हारे कैसे हों इस वि० ॥

पितुर्न पुत्राः क्रतुं जुषन्त श्रोषन्ये अस्य शासं तुरासः । वि रायं और्णोद्दुरः पुरुक्षुः पिपेश नाकं स्तृभिर्दमूनाः ॥ ५ ॥ १२ ॥

पितुः । न । पुत्राः । क्रतुम् । जुषन्त । श्रोषन् । ये । अस्य । शासम् । तुरासः । वि । रायः ।

और्णोत् । दुरः । पुरुऽक्षुः । पिपेश । नाकम् । स्तृऽभिः । दमूनाः ॥ ५ ॥ १२ ॥

पदार्थः–(पितुः) जनकस्य (न) इव (पुत्राः) औरसाः । पुत्रः पुरुत्रायते निपरणाद्वायुं नरकं तत त्रायत इति वा निरु० २। ११ (क्रतुम्) कर्म प्रज्ञां वा (जुषन्त) सेवन्ताम् (श्रोषन्) शृण्वन्तु (ये) मनुष्याः(अस्य) जगदीश्वरस्याप्तस्य वा (शासम्) शासनम् (तुरासः) शीघ्रकारिणः (वि) विशेषार्थे (रायः) धनानि (और्णोत्) स्वीकरोति (दुरः) हिंसकान् (पुरुक्षुः) पुरूणि बहून्यन्नानि यस्य सः (पिपेश) पिंशत्यवयवान् प्राप्नोति (नाकम्) बहुसुखम् (स्तृभिः) प्राप्तव्यैर्गुणैः (दमूनाः) उपशमयुक्तः । दमूना दममना वा दान मना वा दान्तमना वा । निरु० ४ । ४ ॥ ५ ॥

अन्वयः–ये तुरासो मनुष्याः पितुः पुत्रानेवास्य शासं श्रोषन् शृण्वन्ति ते सुखिनो भवन्तु । यो दमूनाः पुरुक्षुः स्तृभी रायो व्यौर्णोन्नाकं च दुरः पिपेश स सर्वैर्मनुष्यैः सेवनीयः ॥ ५ ॥

भावार्थः–अत्र श्लेषोपमालंकारौ–मनुष्यैर्नहीश्वराप्ताज्ञा-पालनेन विना कस्यचित् किंचिदपि सुखं प्राप्तुं शक्नोति नहि जितेन्द्रियत्वादिभिर्विना कश्चित्सुखं प्राप्तुमर्हति । तस्मादेतत्सर्वं सर्वदा सेवनीयम् ॥ ५ ॥

अत्रेश्वराग्निगुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इत्यष्टषष्टितमं सूक्तं द्वादशो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः–(ये) जो (तुरासः) अच्छे कर्मों को शीघ्र करने वाले मनुष्य (पितुः) पिता के (पुत्राः) पुत्रों के (न) समान (अस्य) जगदीश्वर वा सत्पुरुष की (शासम्) शिक्षा को (श्रोषन्) सुनते हैं वे सुखी होते हैं जो (दमूनाः) शांतिवाला (पुरुक्षुः) बहुत अन्नादि पदार्थों से युक्त (स्तृभिः) प्राप्त करने योग्य गुणों से (रायः) धनों के

(श्रीर्णीत्) स्वीकार करता तथा (नाकम्) सुख को स्वीकार कर और (दुरः) हिंसा करने वाले शत्रुओं के (पिपेश) अवयवों को पृथक् २ करता है उसी की सेवा सब मनुष्य करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उपमालं०—मनुष्यों को चाहिये कि ईश्वर की आज्ञा पालने विना किसी मनुष्य को कुछ भी सुख का सम्भव नहीं होता तथा जितेन्द्रियता आदि गुणों के विना किसी मनुष्य को सुख प्राप्त नहीं हो सकता इस से ईश्वर की आज्ञा और जितेन्द्रियता आदि का सेवन अवश्य करें ॥ ५ ॥

इस सूक्त में ईश्वर और अग्नि के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्वसूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

यह अड़सठवां सूक्त और बारहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ पंचर्चस्य नवषष्टितमस्य सूक्तस्य शक्तिपुत्रः पराशर ऋषिः। अग्निर्देवता १ पंक्तिः २ । ३ निचृत्पंक्तिः २ भुरिक्पंक्तिः ५ विराट् पंक्तिश्छन्दः। पंचमः स्वरः ॥

अथ विद्वद्गुणा उप० ॥

अब उनसठवें सूक्त का आरंभ किया जाता है ।

इस के प्रथम मन्त्र में विद्वानों के गुणों का उपदेश किया है ॥

शुक्रः शुशुक्वाँ उषो न जारः पप्रा समीची दिवो न ज्योतिः । परि प्रजातः क्रत्वा बभूथ भुवो देवानां पिता पुत्रः सन् ॥ १ ॥

शुक्रः । शुशुक्वान् । उषः । न । जारः । पप्राः । समीचीइतिं सम्ऽईची । दिवः । न । ज्योतिः । परि । प्रऽजातः । क्रत्वा । बभूथ । भुवः । देवानाम् । पिता । पुत्रः । सन् ॥ १ ॥

पदार्थः—(शुक्रः) वीर्यवान् शुद्धः (शुशुक्वान्) शोचकः (उषः) उषाः । अत्र सुपां सुलुगिति ङसो लुक् (न) इव (जारः) वयोहन्ता सूर्यः(पप्राः)स्वविद्यापूर्णः। अत्र । आदृगम०इति किः। सुपां सुलुगिति सोर्डादेशश्च (समीची) सम्यगञ्चति प्राप्नोति सा भूमिः (दिवः) प्रकाशात् (न) इव (ज्योतिः) दीप्तिः (परि) सर्वतः (प्रजातः) प्रसिद्ध उत्पन्नः (क्रत्वा) प्रज्ञया कर्मणा वा (बभूथ) भवति । अत्र ।बभूथाततन्थजगृभ्म० अ० ७। २। ६४॥ इति निपातनादिडभावः (भुवः) पृथिव्याः (देवानाम्) विदुषाम् (पिता) अध्यापकः (पुत्रः) अध्येता (सन्) अस्ति ॥ १ ॥

अन्वयः—यो मनुष्य उषो जारो नेव शुक्रः शुशुक्वान् पप्रा भुवो दिवः समीची ज्योतिर्न परि प्रजातः क्रत्वा सह वर्त्तमानो देवानां पुत्रः सन् पिता बभूथ भवति स एव सर्वैस्सेव्यः ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषोपमालंकारौ।—नहि कश्चिदपि विद्यार्थित्वेन विना विद्वान् जन्यते । नहि कस्यचिद् विद्युदादिविद्या-संप्रयोगाभ्यां विना महान् सुखलाभो जायत इति ॥ १ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (उषः) प्रातःकाल की वेला के (जारः) आयु के हन्ता सूर्य के (न) समान (शुक्रः) वीर्यवान् शुद्ध (शुशुक्वान्) शुद्ध करामे (पप्राः) अपनी विद्या से पूर्ण (भुवः) भूमि के मध्य (दिवः) प्रकाश से (समीची) पृथिवी को प्राप्त हुए (ज्योतिः) दीप्ति के (न) समान (परि) सब प्रकार (प्रजातः) प्रसिद्ध उत्पन्न (क्रत्वा) उत्तम बुद्धि वा कर्म्म के साथ वर्त्तमान (देवानाम्) विद्वानों के (पुत्रः) पुत्र के तुल्य पढ़ने वाला सब विद्यार्थी को पढ़ के (पिता) पढ़ाने वाला (बभूथ) होता है उस का सेवन सब मनुष्य करें ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उपमालंकार है—विद्यार्थी न होके कोई भी मनुष्य विद्वान् नहीं हो सकता और किसी मनुष्य को बिजुली आदि विद्या तथा उस के संप्रयोग के विना बड़ा भारी सुख भी नहीं हो सकता ॥१॥

पुनर्विद्वान् कीदृशो भवेदित्यु०

फिर वह विद्वान् कैसा हो यह वि०

वेधा अदृप्तो अग्निर्विजानन्नूधर्न गोनां स्वाद्मा पितूनाम्। जने न शेवं आहूर्यः सन्मध्ये निषत्तो रण्वो दुरोणे ॥ २ ॥

वेधाः। अदृप्तः। अग्निः। विऽजानन्। ऊधः। न। गोनाम्। स्वाद्म। पितूनाम्। जने। न। शेवः। आऽहूर्यः। सन्। मध्ये। निऽसत्तः। रण्वः। दुरोणे ॥ २ ॥

पदार्थः-(वेधाः) ज्ञानवान्। वेधा इति मेधाविना० निघं० ३। १५ (अदृप्तः) मोहरहितः (अग्निः) अग्निरिव ज्ञानप्रकाशकः (विजानन्) सर्वविद्या अनुभवन् (ऊधः) दुग्धाधिकरणम् (न) इव (गोनाम्) धेनूनाम्। अत्र गोःपादान्ते इति वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीत्यपादान्तेऽपि नुट् (स्वाद्म) स्वादिष्ठानाम्। अत्र सुपांसुलुगित्यामो लोपः (पितूनाम्) अन्नानाम्। पितुरित्यन्ननाम० निघं० २। ७ (जने) गुणैरुत्कृष्टे सेवनीये (न) इव (शेवः) सुखकारी (आहूर्यः) आह्वातव्यः। अत्र ह्वेञ् धातोर्बाहुलकाद्यक् रुडागमश्च (सन्) (मध्ये) सभायाः (निषत्तः) निषण्णः (रण्वः) रमयिता (दुरोणे) गृहे। दुरोणइति गृहना० निघं० ३।४ ॥ २ ॥

अन्वयः-सर्वैर्मनुष्यैर्यो गोनामूधर्न जने शेवो न वेधा अदृप्तः स्वाद्मा पितूनां दुरोणे रण्व आहूर्यः सभाया मध्ये निषत्तो विजानन्सन्नग्निरिव वर्त्तते स सदैव सेवनीयः ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—हे मनुष्या यथा गवां दुग्धस्थानं यथा च विद्वज्जनः सर्वस्य हितकारी भवति तथैव शुभैर्गुणैर्व्याप्ताः सभादिषु स्थिताः सभाध्यक्षादयो यूयं सर्वान् सुखयत ॥ २ ॥

पदार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि जो (गोमान्) गौओं के (ऊधः) दूध के स्थान के (न) समान (जने) गुणों से उत्तम सेवने योग्य मनुष्य में (शेवः) सुख करने वाले के (न) समान (वेधाः) पूर्ण ज्ञान युक्त (अहृतः) मोह रहित (स्वाद्म) स्वादिष्ठ (पितूनाम्) अन्नों का भोक्ता (दुरोणे) घर में (रणवः) रमण कराने वाला (आहूर्य्यः) आह्वान करने योग्य सभा के मध्य में (निषत्तः) स्थित (विजानन्) सब विद्या का अनुभव करता हुआ (अग्निः) अग्नि के तुल्य ज्ञान प्रकाश से युक्त सभाध्यक्ष है उस का सदा सेवन करो ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—हे मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जैसे गौओं का ऐन दूध आदि से सब को सुख देता है वैसे विद्वान् मनुष्य सब का उपकारी होता है वैसेही सब में अभिव्याप्त जीव के मध्य में अन्तर्य्यामी रूप से व्याप्त ईश्वर पक्षपात को छोड़ के न्याय करता है वैसे सभा आदि में स्थित सभापति तुम सब को सुख कराने वाले होओ ॥ २ ॥

पुनः कीदृशइत्यु० ॥

फिर विद्वान् कैसा हो इस वि० ॥

पुत्रो न जातो रण्वो दुरोणे वाजी न प्रीतो विशो वि तारीत्। विशो यदह्वे नृभिः सनीं-ळा अग्निर्देवत्वा विश्वान्यश्याः ॥ ३ ॥

पुत्रः । न । जातः । रण्वः । दुरोणे । वाजी । न । प्रीतः । विशः । वि । तारीत् । विशः ।

यत् । अह्वे । नृऽभिः । सऽनीळाः । अग्निः ।
देवऽत्वा । विश्वानि । अश्याः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(पुत्रः) पित्रादीनां पालयिता (न) इव (जातः) उत्पन्नः (रण्वः) रमणीयः । अत्र रम धातोर्बाहुलकादौणादिको वः प्रत्ययः (दुरोणे) गृहे (वाजी) अश्वः (न) इव (प्रीतः) प्रसन्नः (विशः) प्रजाः (वि) विशेषार्थे (तारीत्) दुःखात्संतारयेत् (विशः) प्रजाः (यत्) यः (अह्वे) अन्हुवन्ति व्याप्नुवन्ति यस्मिन् व्यवहारे तस्मिन् (नृभिः) नेतृभिर्मनुष्यैः (सनीडाः) समानस्थानाः (अग्निः) पावक इव पवित्रः सभाध्यक्षः (देवत्वा) देवानां विदुषां दिव्यगुणानां वा भावरूपाणि (विश्वानि) सर्वाणि (अश्याः) व्याप्नुयाः । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य यथोऽग्निरिव दुरोणे जातः पुत्रो न रण्वो वाजी न प्रीतो विशो वितारीत् । योऽह्वे नृभिः सनीडा विशो विश्वानि देवत्वा प्रापयति तं त्वमप्यश्याः ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमा वाचकलु०—नहि मनुष्याणां विज्ञान विद्वत्संगाश्रयेण विना सर्वाणि सुखानि प्राप्तुं शक्यानि भवन्तीति वेदितव्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य (यत्) जो (अग्निः) अग्नि के तुल्य सभाध्यक्ष (दुरोणे) गृह में (जातः) उत्पन्न हुआ (पुत्रः) पुत्र के (न) समान (रण्वः) रमणीय (वाजी) अश्व के (न) समान (प्रीतः) आनन्ददायक (विशः) प्रजा को (वितारीत्) दुःखों से छुड़ाता है जो (अह्वे) व्याप्त होने वाले व्यवहार में (सनीडाः) समानस्थान (विशः) प्रजाओं को (विश्वानि) सब (देवत्वा) विद्वानों के गुण कर्मों को प्राप्त करता है उसको तू (अश्याः) प्राप्त हो ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—मनुष्यों को विज्ञान और विद्वानों के संग के विना सब सुख प्राप्त नहीं हो सकते ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु०

फिर वह विद्वान् कैसा हो यह वि०

नकिष्ट एता व्रता मिनन्ति नृभ्यो यदेभ्यः श्रुष्टिं चकर्थ । तत्तु ते दंसो यदहन्त्समानैर्नृभिर्यद्युक्तो विवेरपांसि ॥ ४ ॥

नकिः । ते । एताः । व्रता । मिनन्ति । नृऽभ्यः । यत् । एभ्यः । श्रुष्टिम् । चकर्थ । तत् । तु । ते । दंसः । यत् । अहन् । समानैः । नृऽभिः । यत् । युक्तः । विवेः । रपांसि ॥ ४ ॥

पदार्थः–(नकिः) नहि (ते) तव (एता) एतानि (व्रता) व्रतानि शीलानि (मिनन्ति) हिंसन्ति (नृभ्यः) मनुष्यादिभ्यः (यत्) यम् (एभ्यः) वर्त्तमानेभ्यः (श्रुष्टिम्) शीघ्रम् (चकर्थ) करोषि (तत्) वक्ष्यमाणम् (तु) पश्चादर्थे (ते) तव (दंसः) कर्म (यत्) यैः (युक्तः) सहितः (विवेः) प्राप्नोषि । अत्र बहुलं छन्दसीति शलुः (रपांसि) व्यक्तोपदेशप्रकाशकानि शोभनानि वचनानि ॥४॥

अन्वयः–हे विद्वन् यानि ते तवैतानि व्रतानि सन्ति तानि केऽपि न मिनन्ति । तानि कानीत्याह । यत्त्वमेभ्यो नृभ्यो यं श्रुष्टिं चकर्थ रपांसि विवेः । यत्ते तवेदं समानैर्नृभिः सह दंसोऽस्ति तत्तु कश्चिदपि नकिरहन् हन्ति ॥ ४ ॥

भावार्थः–सर्वैर्मनुष्यैर्यथा परमेश्वर आप्तो विद्वान् वा पक्षपातं विहाय मनुष्यादिषु सत्यैरुपकारैः कर्मभिः सह वर्त्तते तथैव सदा वर्त्तितव्यम् ॥ ४ ॥

पदार्थः–हे विद्वन् जो (ते) आप के (एता) ये (व्रता) व्रत हैं वे कोई भी (नकिः) नहीं (मिनन्ति) हिंसा करसकते हैं (यत्) जो आप (एभ्यः) इन (नृभ्यः) मनुष्यों के लिये (यत्) जिस (श्रुष्टिम्) शीघ्र सत्यविद्यासमूह को (चकर्थ) करते हो वा (अपांसि) सत्कर्म और व्यक्त उपदेश प्रकाश युक्त वचनों को (विवेः) प्राप्त करते हो तथा (यत्) जो (ते) आप का (इदम्) यह (समानैः) विद्यादि गुणों में तुल्य (नृभिः) मनुष्यों के साथ (दंसः) कर्म है (तत्) उस को (नु) कोई मनुष्य (नकिः) नहीं (अहन्) हनन करसकता जो (युक्तः) युक्त होकर आप करते हो उस को हम लोग भी सत्यही जानते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थः–सब मनुष्यों को चाहिये कि जैसे परमेश्वर वा पूर्णविद्यायुक्त विद्वान् पक्षपात छोड़ कर मनुष्यादि प्राणियों में सत्य उपकार करने वाले कर्मों के साथ वर्त्तमान है वैसे सदा वर्त्तें ॥ ४॥

पुनः स कीदृश इत्यु०

फिर वह विद्वान् कैसा है यह वि०

उषो न जारो विभावोस्रः संज्ञातरूपश्चिकेतदस्मै । त्मना वहन्तो दुरो व्यृण्वन्नवन्त विश्वे स्वर्दृशीके ॥ ५ ॥ १३ ॥

उषः । न । जारः । विभावा । उस्रः । संज्ञातऽरूपः । चिकेतत् । अस्मै । त्मना । वहन्तः । दुरः । वि । ऋण्वन् । नवन्त । विश्वे । स्वः । दृशीके ॥ ५ ॥ १३ ॥

पदार्थः–(उषः) प्रत्यूषकालस्य (न) इव (जारः) दुःखहन्ता सविता (विभावा) यः सर्वं विभातीति सः (उस्रः) रश्मिरिव (संज्ञातरूपः) सम्यग्ज्ञातं रूपं येन सः (चिकेतत्) जानीयात्

(अस्मै) विदुषे (त्मना) आत्मना जीवेन (वहन्तः) उपदेशेन प्राप्नुवन्तः (दुरः) दुष्टान् (वि) विशेषे (ऋण्वन्) हिंसन् (नवन्त) प्रशंसत (विश्वे) सर्वे धार्मिका मनुष्याः (स्वः) सुखप्रापकम् (दृशीके) द्रष्टव्ये ज्ञानव्यवहारे ॥ ५ ॥

अन्वयः—यउषो न जार उस्रइव संज्ञातरूपो विभावास्ति तं मनुष्यश्चिकितज्जानीयादस्मै सर्वं समर्पयतु । हे मनुष्या यथैवं कुर्वन्तो विश्वे विद्वांसस्त्मना स्वर्वन्तो दृशीके व्यवहारे दुरो व्यृण्वन्हिंसन्ति सन्नुवन्ति तथैव यूयं सदैतत्कुरुत तं सदा नवन्त ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषोपमालुप्तोपमालं०—मनुष्यैर्यः सूर्यवत् सर्वविद्याप्रकाशकोऽग्निवत्सर्वदुःखदाहकः परमेश्वरो विद्वान्वास्ति तमात्मनाऽऽश्रित्य दुष्टव्यवहारांस्त्यक्त्वा सत्येषु व्यवहारेषु सुखं सदा प्राप्तव्यम् ॥ ५ ॥

अत्र विद्वद्विद्युदीश्वरगुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति नवषष्टितमं सूक्तं त्रयोदशो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—जो (उषः) प्रातःकाल के (न) समान (जारः) दुःख का नाश करने वाला (उस्रः) किरणों के समान (संज्ञातरूपः) अच्छी प्रकार रूप जानने (विभावा) सब प्रकाश करने वाला है उस को मनुष्य (चिकितत्) जाने (अस्मै) उस ईश्वर वा विद्वान् के लिये सब कुछ उत्तम पदार्थ समर्पण करे । हे मनुष्यो जैसे इस प्रकार करते हुए (विश्वे) सब विद्वान्लोग (त्मना) आत्मा से (स्वः) सुख प्राप्त करने वाले विद्यासमूह को (वहन्तः) प्राप्त होते हुए (दृशीके) देखने योग्य व्यवहार में (दुरः) शत्रुओं को (व्यृण्वन्) मारते तथा सज्जनों की प्रशंसा करते हैं वैसे तुम भी शत्रुओं को मारो तथा (नवन्त) सज्जनों की स्तुति करो ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष उपमा और लुप्तोपमालं०—मनुष्यों को चाहिये कि जो सूर्य के समान विद्या का प्रकाशक अग्नि के समान सब दुःखों को भस्म

करने वाला परमेश्वर वा विद्वान् है उस को अपने आत्मा से आश्रय कर दुष्टव्यवहारों का त्याग और सत्यव्यवहारों में स्थित होकर सदा सुख को प्राप्त हों ॥ ५ ॥

इस सूक्त में विद्वान् बिजुली और ईश्वर के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्वसूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

यह ६९ उनहत्तरवां सूक्त तथा १३ तेरहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ षडृचस्य सप्ततितमस्य सूक्तस्य पराशरऋषिः । अग्निर्देवता । १ । ४ विराट्पङ्क्तिः । २ पङ्क्तिः । ३ ५ । निचृत् पङ्क्तिः ६ । याजुषी पङ्क्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

अथ मनुष्यगुणा उप० ॥

अब ७० सत्तरवें सूक्त का आरंभ किया जाता है । इस के पहिले मंत्र में मनुष्यों के गुणों का उप० ॥

वनेम॑ पू॒र्वीर॒र्यो म॑नी॒षा अ॒ग्निः सु॒शोको॒ विश्वा॑न्यश्याः । आ दैव्या॑नि व्र॒ता चि॑कि॒त्वाना मानु॑षस्य॒ जन॑स्य॒ जन्म॑ ॥ १ ॥

व॒नेम॑ । पू॒र्वीः । अ॒र्यः । म॒नी॒षा । अ॒ग्निः । सु॒ऽशोकः॑ । विश्वा॑नि । अ॒श्याः । आ । दैव्या॑नि । व्र॒ता । चि॒कि॒त्वान् । आ । मानु॑षस्य । जन॑स्य । जन्म॑ ॥ १ ॥

पदार्थः–(वनेम) संविभागेनानुष्ठेन (पूर्वीः) पूर्वभूताः प्रजाः (अर्य्यः) स्वामीश्वरो जीवो वा । अर्य्य इतीश्वरना० निघं० २ । २२ (मनीषा) मनीषया विज्ञानेन (अग्निः) ज्ञानादिगुणवान् (सुशोकः) शोभनाः शोकादीप्तयो यस्य सः (विश्वानि) सर्वाणि भूतानि कर्माणि वा (अश्याः) व्याप्नुहि (आ) समन्तात् (दैव्यानि)

दिव्यैर्गुणैः कर्मभिर्वा निर्वृत्तानि (व्रता) विद्याधर्मानुष्ठानशीलानि (चिकित्वान्) ज्ञानवान् (आ) आभिमुख्ये (मानुषस्य) मनुष्यजातौभवस्य (जनस्य) श्रेष्ठस्य देवस्य मनुष्यस्य (जन्म) शरीरधारणेन प्रादुर्भवम् ॥ १ ॥

अन्वयः—वयं यः सुशोकश्चिकित्वानग्निरर्य्य ईश्वरो जीवो वा मनीषया पूर्वीः प्रजा विश्वानि दैव्यानि व्रता मानुषस्य जन्म चाश्याः समन्ताद्व्याप्नोति तमावनेम ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषालं०—मनुष्यैर्येन जगदीश्वरेण मनुष्येण वा कारणकार्य्यजीवाख्याः शुद्धाः गुणाः कर्माणि व्याप्तानि स चोपास्यः सत्कर्तव्यो वास्ति नह्येतेन विना मनुष्यजन्मसाफल्यं जायते ॥ १ ॥

पदार्थः—हम लोग जो (सुशोकः) उत्तम दीप्ति युक्त (चिकित्वान्) ज्ञानवान् (अग्निः) ज्ञान आदि गुण वाला (अर्य्यः) ईश्वर वा मनुष्य (मनीषा) बुद्धि तथा विज्ञान से (पूर्वीः) पूर्व हुई प्रजा और (विश्वानि) सब (दैव्यानि) दिव्य गुण वा कर्मों से सिद्ध हुए (व्रता) विद्याधर्मानुष्ठान और (मानुषस्य) मनुष्यजाति में हुए (जनस्य) श्रेष्ठ विद्वान् मनुष्य के (जन्म) शरीरधारण से उत्पत्ति को (अश्याः) अच्छी प्रकार प्राप्त कराता है उस का (आवनेम) अच्छे प्रकार विभाग से सेवन करें ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को जिस जगदीश्वर वा मनुष्य के कार्य्य कारण और जीव प्रजा शुद्धगुण और कर्मों को व्याप्त किया करे उसी की उपासना वा सत्कार करना चाहिये क्योंकि इस के विना मनुष्य जन्म ही व्यर्थ जाता है ॥ १ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस वि० ॥

गर्भो यो अपां गर्भो वनानां गर्भश्च स्थातां गर्भश्चरथाम्। अद्रौ चिदस्मा अन्तर्दुरोणे

विशां न विश्वो अमृतः स्वाधीः ॥ २ ॥

गर्भः । यः । अपाम् । गर्भः । वनानाम् । गर्भः । च । स्थाताम् । गर्भः । च । रथाम् । अद्रौ । चित् । अस्मै । अन्तः । दुरोणे । विशाम् । न । विश्वः । अमृतः । सुऽआधीः ॥ २ ॥

पदार्थः–(गर्भः) स्तोतव्योऽन्तःस्थो वा (यः) परमात्मा जीवात्मा वा (अपाम्) प्राणानां जलानां (गर्भः) गर्भइव वर्त्तमानः (वनानाम्) संभजनीयानां पदार्थानां रश्मीनां वा (गर्भः) गूढ इव स्थितः (च) समुच्चये (स्थाताम) स्थावराणाम् । अत्र वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति तुक् (गर्भः) गर्भइवावृतः (चरथाम) जंगमानाम् । अत्र वाच्छन्दसीति नुडागमाभावः । अद्रौ) शैलादौ घने पदार्थे (चित्) अपि (अस्मै) जगदुपकाराय कर्मभोगाय वा (अन्तः) मध्ये (दुरोणे) गृहे (विशाम्) प्रजानाम् (न) इव (विश्वः) अखिलश्चेतनस्वरूपः (अमृतः) अनुत्पन्नत्वान्नाशरहितः (स्वाधीः) यः सुष्ठु समन्ताद्ध्यायति सर्वान्पदार्थान् सः ॥ २ ॥

अन्वयः–यो जगदीश्वरो जीवो वा यथाऽपामन्तर्गर्भो वनानामन्तर्गर्भः स्थातामन्तर्गर्भश्चरथामन्तर्गर्भोऽद्रौ चिदन्तर्गर्भो दुरोणेऽन्तर्गर्भो विश्वोऽमृतः स्वाधीर्विशां प्रजानामन्तराकाशोऽग्निर्वायुर्नेव सर्वेषु च बाह्यदेशेष्वपि विश्वानि दैव्यानि व्रतान्यभ्याव्याप्तोऽस्त्यस्मै सर्वे पदार्थाः सन्ति तं वयं वनेम ॥ २ ॥

भावार्थः–अत्र श्लेषालं०—(अश्याः)(वनेम) (विश्वानि) (दैव्यानि) (व्रता) इति पंचपदानां पूर्वस्मान्मंत्रादनुवृत्तिश्च ।

मनुष्यैर्नहि चिन्मयेन परमेश्वरेण विना किंचिदपि वस्त्वव्याप्त-
मस्ति। नहि चिन्मयो जीवः सुकर्मफलभोगविरह एकक्षणमपि
वर्त्तते तस्मात्तं सर्वाभिव्याप्तमन्तर्यामिणं विज्ञाय सर्वदा पाप-
कर्माणि त्यक्त्वा धर्म्यकार्य्येषु प्रवर्त्तितव्यम्। यथा पृथिव्यादिककार्य्य-
रूपाः प्रजा अनेकेषां तत्वानां संयोगेनोत्पन्ना वियोगेन विनष्टाश्च
भवन्ति। तथैवेशजीवकारणाख्याश्चनादित्वात्संयोगविभागेभ्यः
पृथक्त्वादनादयो न सन्तीति वेदितव्यम् ॥ २ ॥

पदार्थः—हम लोग जो जगदीश्वर वा जीव (अपाम्) प्राण वा जलों के (अन्तः) बीच (गर्भः) स्तुति योग्य वा भीतर रहने वाला (वनानाम्) सम्यक् सेवा करने योग्य पदार्थ वा किरणों में (गर्भः) गर्भ के समान आच्छादित (अद्रौ) पर्वत आदि बड़े २ पदार्थों में (चित्) भी गर्भ के समान (दुरोणे) घर में गर्भ के समान (विश्वः) सब चेतन तत्त्वस्वरूप (अमृतः) नाशरहित (स्वाधीः) अच्छे प्रकार पदार्थों का चिन्तवन करने वाला (विशाम्) प्रजाओं के बीच आकाश वायु के (न) समान सब आश्रयों में भी सब दिव्य गुण कर्म युक्त व्रतों को (अश्याः) प्राप्त होवे (अस्मै) उस के लिये सब पदार्थ हैं उस का (आवनेम) सेवन करें ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उपमालंकार हैं—पूर्वमंत्र से (अश्याः) (वनेम) (विश्वानि) (दैव्यानि) (व्रता) इन पांचपदों की अनुवृत्ति आती है मनुष्यों को ज्ञानस्वरूप परमेश्वर के विना कोई भी वस्तु अव्याप्त नहीं है और चेतन स्वरूप जीव अपने कर्म के फल भोग से एक क्षण भी अलग नहीं रहता इस से उस सब में अभिव्याप्त अन्तर्यामि ईश्वर को जान कर सर्वदा पापों को छोड़ कर धर्मयुक्त कार्यों में प्रवृत्त होना चाहिये। जैसे पृथिवी आदि कार्यरूप प्रजा अनेक तत्त्वों के संयोग और वियोग से नष्ट होती हैं। वैसे यह ईश्वर जीव कारणरूप आदि वा संयोग वियोग से अलग होने से अनादि है ऐसा जानना चाहिये ॥२॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह मनुष्य कैसा हो इस वि० ॥

सहि क्षपावाँ अग्नी रयीणां दाशद्यो ऽअस्मा

अरं सूक्तैः। एता चिकित्वो भूमा नि पाहि
देवानां जन्म मर्त्तांश्च विद्वान् ॥३॥

सः । हि । क्षपाऽवान् । अग्निः । रयीणाम् ।
दाशत् । यः । अस्मै । अरम् । सुऽउक्तैः ।
एता । चिकित्वः । भूम । नि । पाहि ।
देवानाम् । जन्म । मर्त्तान् । च । विद्वान् ॥ ३ ॥

पदार्थः-(सः) परमेश्वरो जीवो वा (हि) खलु (क्षपावान्) क्षपाः प्रशस्ता रात्रयो विद्यन्ते यस्मिन् यस्य वा सः (अग्निः) यथा सर्वसुखदाता विद्युत् (रयीणाम्) विद्यारत्नराज्यादिपदार्थानाम् (दाशत्) दाश्यात् (यः) उक्तार्थः (अस्मै) प्रापणाय (अरम्) अलम् (सूक्तैः) शोभनान्युक्तानि वचनानि येषूपदेशनेषु तेषु (एता) एतानि (चिकित्वः) ज्ञानवन् (भूम) भूमानि बहूनि (नि) नितराम् (पाहि) रक्ष (देवानाम्) दिव्यानां गुणानां विदुषां वा (जन्म) प्रादुर्भावम् (मर्त्तान्) मनुष्यान् (च) समुच्चये (विद्वान्) यो वेत्ति सः ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे चिकित्वो विद्वानयस्त्वं क्षपावानग्निरिवास्मै रयीणामरंप्रापणायै तान् परं सूक्तै भूम देवानां जन्म मर्त्तांश्चादन्य स्व दाशत्स त्वं हि खल्वेतानि निपाहि ॥ ३ ॥

भावार्थः-अत्रवाचकलु०-मनुष्यैर्यः परमेश्वर वेदोदान्तर्यामित्वद्वारोपदेशैर्वा सर्वा विद्या सर्वमनुष्येभ्यः प्रयच्छति स एवोपास्यः सङ्गमनीयश्चेति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (चिकित्वः) ज्ञानवान् जगदीश्वर वा (विद्वान्) जानने वाले (यः) जो (क्षपावान्) जिस में उत्तम बहुत रात्रि हैं (अग्निः) सब सुखों को देनेवाली बिजुली के समान (अस्मै) इन (रयीणाम्) विद्यारत्न राज्य आदि पदार्थों को (अरम्) पूर्णप्राप्ति के लिये (एता) इन (अरम्) पूर्ण (सूक्तैः) उत्तमवचनों से (भूम) बहुत (देवानाम्) दिव्यगुण वा विद्वानों के (जन्म) जन्म (मर्त्तान्) मनुष्य (च) मनुष्य से भिन्नों को (दाश्वत्) देते हो (सः) सो आप (हि) निश्चयकरके इन को (निपाहि) निरन्तर रक्षा कीजिये ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और वाचकलुप्तोपमालं०— मनुष्यों को जो परमेश्वर वा विद्वान् वेद अन्तर्यामि द्वारा तथा उपदेशों से सब मनुष्यों के लिये सब विद्याओं को देता है उस की उपासना तथा सत्संग करना चाहिये ॥३॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह मनुष्य कैसा हो इस वि० ॥

वर्धान्यं पूर्वीः क्षपो विरूपाः स्थातुश्च रथमृतप्रवीतम्। अराधि होता स्वर्निषत्तः कृण्वन् विश्वान्यपांसि सत्या ॥ ४ ॥

वर्धान्। यम्। पूर्वीः। क्षपः। विऽरूपाः। स्थातुः। च। रथम्। ऋतऽप्रवीतम्। अराधि। होता। स्वः। निऽसत्तः। कृण्वन्। विश्वानि। अपांसि। सत्या ॥ ४ ॥

पदार्थः—वर्धान्) वर्धयेयुः। अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम्। लेट् प्रयोगोऽयम् (यम्) परमेश्वरं जीवं वा (पूर्वीः) सनातन्यः (क्षपः)

व्याप्ता रात्रीः (विश्वरूपाः) विविधानि रूपाणि यासान्ताः (स्थातुः) तिष्ठतो जगतः (च) समुच्चये (रथम्) रमणीयस्वरूपं संसारम् (ऋतप्रवीतम्) ऋतात्सत्यात्कारणात्प्रकृष्टतया जनितमुदकेन चालितं वा (अराधि) संसाध्यते (होता) ग्रहीता दाता वा (स्वः) सुखस्वरूपः सुखकारको वा (निषत्तः) नितरामवस्थितः (कृण्वन्) कुर्वन् (विश्वानि) अखिलानि (अपांसि) कर्माणि (सत्या) सत्यधर्मोज्ज्वलितानि ॥ ४ ॥

अन्वयः—मनुष्यैर्योऽराधि यं परमेश्वरं जीवं वा पूर्वीः क्षपो विरूपाः प्रजावर्धाप् यः स्थातुर्ऋतप्रवीतं रथं निर्मितवान् यः स्वर्निषत्तो होता विश्वानि सत्यान्यपांसि कृण्वन् वर्त्तते स सदा ज्ञातव्यः संगमनीयश्च ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषालं०—मनुष्यैर्यस्य परमेश्वरस्य ज्ञापिका इमाः सर्वाः प्रजा वर्त्तन्ते । येन जीवेन ज्ञातव्याश्च नैव यस्योत्पादनेन विना कस्याप्युत्पत्तिः संभवति यस्य पुरुषार्थेन विना किंचित् सुखं प्राप्तुं न शक्नोति । यः सत्यमानी सत्यकारी सत्यवादी स सर्वैः सेवनीयः ॥ ४ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो (अराधि) सिद्ध हुआ वा (यम्) जिस परमेश्वर तथा जीव को (पूर्वीः) सनातन (क्षपः) प्राप्ति युक्त रात्रि (विरूपाः) नाना प्रकार के रूपों से युक्त प्रजा (वर्धान्) बढ़ाती हैं जिसने (स्थातुः) स्थित जगत् के (ऋतप्रवीतम्) सत्य कारण से उत्पन्न वा जल से चलाये हुए (रथम्) रमण करने योग्य संसार वा यान को बनाया जो (स्वः) सुख स्वरूप वा सुख करने हारा (निषत्तः) निरन्तर स्थित (होता) ग्रहण करने वा देने वाला (विश्वानि) सब (सत्या) सत्य धर्म से युक्त हुए (अपांसि) कर्मों को (कृण्वन्) करता हुआ वर्तता है उस को जानें वा सङ्ग करें ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को उचित है कि जिस परमेश्वर का ज्ञान कराने वाली यह सब प्रजा है वा जिस को जानना चाहिये । जिस के

वेदभाष्य के मूल्य की रसीद

आर्य्यसमाज कसौली मा० बाबू परमानन्द वाजपेई	४)
बाबू रामचन्द्र जेलटीचर सिरसा	२।)
मुनशी शिवप्रसाद मदार दरवाजा अजमेर	८)
लाला मूलराज एम० ए० गुजरात	८)
बाबू काशीराम सादिकाबाद	३)
आर्य्यसमाज लखनऊ मा० बा० हरनामप्रसाद	४४)
बाबू मथुराप्रसाद दनवार	४)
पं० गोपालचन्द्र पचौरी	१०)
लाला खजानचन्द वधवां, कपर	८)
पं० अम्बिकादत्त नयनीताल	८)
मुनशी केवल किसन शाहपुर	८)
पं० नानकचन्द मा० मु० केवलकिशन शाहपुर	८)
बाबू गोविन्द केशव चिखलि जि० सूरत	८)
मिस्टर कारमर्टोफन ऐस्क्वायर लुधियाना	४१)
राय देवीप्रसाद गाजीपुर	१६)

वेदभाष्य के ग्राहकों से निवेदन

ग्राहकगण हम ने पूर्व के अङ्कों में निवेदन किया था कि वेदभाष्य का मूल्य कृपा करके शीघ्र भेजदीजिये। परन्तु सिवाय थोड़े सज्जनों के और लोगों ने उस पर कुछ ध्यान न दिया। हम नहीं जानते कि हमारे विज्ञापनकों लोग पढ़ते हैं वा नहीं।

जिन लोगों की ओर पांच वें वर्ष वा इस से पहिले के वर्षों का रुपया शेष है उन से हम अत्यन्त नम्र हो के पुन: निवेदन करते हैं कि आप लोग कृपा करके वेदभाष्य का रुपया तत्काल भेज कर अपना २ हिसाब चुकता करदें और इस के साथ छठे वर्ष का मूल्य भेजदें। जिन को अपने हिसाब में कुछ संशय हो वे पत्रद्वारा हम से पूछ लें परन्तु रुपये के भेजने में ढील न करें। जो आप लोग अब भी रुपया न भेजेंगे तो हम को सब के पास पृथक् २ पत्र भेजने पड़ेंगे इस में आप लोगों के कुछ हाथ न आवेगा और यन्त्रालय को बड़ा खर्च उठाना पड़ेगा। मुझे आशा है कि आप लोग इस निवेदन पर ध्यान दे कर कल भेजें वा परसों भेजें को छोड़ कर तत्काल रुपया भेज कर कार्य्यालय का सहाय करेंगे।

जिन प्रकृत देशहितैषियों ने वेदभाष्य का पांच वर्ष का मूल्य भेज कर यन्त्रालय को सहायतादी है उन से निवेदन यह है कि आप लोग भी इस देश और धर्मोपयोग काम पर दृष्टि देकर इस वर्त्तमान (छठे) वर्ष का मूल्य भी अग्रिम भेज कर पुन: सहायता कीजिये क्योंकि इस समय यन्त्रालय को रुपये की बड़ी आवश्यकता है इस लिये पुन: आप लोगों से निवेदन किया जाता है।

"पुस्तकों का रुपया"

कई आर्य्यसमाज और अन्य लोग ऐसे हैं कि जिन के पास मु० बख्तावर सिंह के समय से आज तक वेदाङ्गप्रकाशादि पुस्तक बराबर जाते हैं परन्तु रुपये भेजने की ओर उन्हों ने कुछ ध्यान दिया इस लिये हम उन को सूचित करते हैं कि जिन २ की ओर यंत्रालय का पुस्तक संबन्धी रुपया है वे कृपा करके तत्काल रुपया और हिसाब हमारे पास भेजदें वर्षों तक पुस्तक लेते जाना और रुपया न भेजना आप लोगों के योग्य नहीं है हम आशा करते हैं कि इस सूचना को देख कर सब लोग रुपया और हिसाब तत्काल भेजदेंगे।

सब विद्या और धर्मानुरागियों को विदित हो कि श्री स्वामी जी महाराजने सब पुस्तकों का डाक व्यय (जो आजतक मूल्य के साथ ग्राहकों से लियाजाताथा) छोड़दिया है। अब पीछे बाहर के और इस नगर के लोगों को नीचे लिखे मूल से पुस्तक मिला करेंगे॥

३ पंचमहायज्ञविधि ,, ,,	।)	१३ भ्रमोच्छेदन ,, ,,	/)
४ वर्णोच्चारणशिक्षा ,, ,,	=)	१४ अनुभ्रमोच्छेदन ,, ,,	/)
५ संस्कृतवाक्यप्रबोध ,, ,,	।/)	१५ सत्यधर्मविचार मेला चांदापुर	=)
६ व्यवहारभानु ,, ,, ,,	।)	१६ आर्य्योद्देश्यरत्नमाला ,,	/)॥
७ सन्धिविषय ,, ,, ,,	॥)	१७ गोकरुणानिधि ,, ,,	-)॥
८ नामिक ,, ,, ,,	॥)	१८ स्वामीनारायण मतखंडन गुजराती	=)
९ कारकीय ,, ,, ,,	।=)	१९ स्वामीनारायण मतखंडन संस्कृत	=)
१० सामासिक ,, ,, ,,	॥)	२० गोतम अहल्या कथा ,,	)॥
११ स्त्रैणतद्धित ,, ,, ,,	१।)	२१ शास्त्रार्थ काशी ,, ,,	=)
१२ अव्ययार्थ ,, ,, ,,	=)	२२ वेदान्तिध्वान्त निवारण ,,	=)

समर्थदान

प्रबन्धकर्त्ता वैदिक यंत्रालय प्रयाग

ऋग्वेदभाष्यम् ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम् ।

अस्यैकैकांकस्य प्रतिमासं मूल्यम् भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तरप्रापण-
मूल्येन सहितं ।-)॥ अङ्कद्वयस्यैकीकृतस्य ॥=)
एकवेदाङ्कवार्षिकम् ४) द्विवेदाङ्कवार्षिकंतु ८)

इस ग्रंथ के प्रतिमास एक एक अंक का मूल्य भारतखंड के भीतर डांक महसूल सहित ।-)॥ एक साथ छपे हुए दो अंकों का ॥=) एक वेद के अङ्कोंका वार्षिक मूल्य ४) और दोनों वेदों के अंकों का ८)

यस्य सज्जनमहाशयस्यास्य ग्रन्थस्य जिघृक्षा भवेत् स प्रयागनगरे वैदिक-
यन्त्रालयप्रबन्धकर्त्तुः समीपं वार्षिकमूल्यप्रेषणेन प्रतिमासं
मुद्रिताङ्कौ प्राप्स्यति ॥

जिस सज्जन महाशय की इस ग्रंथ के लेने की इच्छा हो वह प्रयाग नगर में वैदिकयन्त्रालय मेनेजर के समीप वार्षिक मूल्य भेजने से प्रतिमास के छपे हुए दोनों अङ्कों को प्राप्त कर सकता है ॥

पुस्तक (६०, ६१) अंक (४४, ४५)

अयं ग्रंथः प्रयागनगरे वैदिकयंत्रालये मुद्रितः ॥
संवत् १९३८ मार्गशीर्ष कृष्ण

विदित हो कि श्री स्वामी दयानन्दसरस्वती जी इन दिनों में स्थान श्री महाराज महाराणा जी के उदयपुर देश मेवाड़ में विराजमान हैं ॥
२० – ११ – ८१

वेदभाष्यसम्बन्धीय विशेषनियम ॥

(१) यह "ऋग्वेदभाष्य" और "यजुर्वेदभाष्य" मासिक छपता है। एक मास में बत्तीस २ पृष्ठ के एक साथ छपे हुए दो अङ्क ऋग्वेद के और दूसरे मास में उतने ही बड़े दो अङ्क यजुर्वेद के अर्थात् वर्षभर में १२ अङ्क "ऋग्वेदभाष्य" के और १२ अङ्क "यजुर्वेदभाष्य" के भेजे जाते हैं ॥

(२) वेदभाष्य का मूल्य बाहर और नगर के ग्राहकों से एक ही लिया जायगा। अर्थात् डाक व्यय से कुछ न्यूनाधिक न होगा ॥

(३) इस वर्त्तमान छठे वर्ष के (कि जो ४२। ४३ अङ्क से प्रारम्भ होकर ५२। ५३ पर पूरा होगा) एक वेद के ४) रु० और दोनों वेदों के ८) रु० हैं ॥

(४) पीछे के पांच वर्ष में जो वेदभाष्य छप चुका है इस का मूल्य यह है:—

(क) "ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका" बिना जिल्द की ५॥/)

" स्वर्णाक्षरयुक्त जिल्द की ६)

(ख) एक से ४१ अङ्क तक एक वेद के १३॥/) और दोनों वेदों के २७॥/)

(५) वेदभाष्य का अङ्क प्रत्येक मास की प्रथम तारीख़ को डाक में डाला जाता है। जो किसी का अङ्क डाक की भूल से न पहुंचे तो इस के उत्तर दाता प्रबन्धकर्त्ता न होंगे। परन्तु दूसरे मास के अङ्क भेजने से प्रथम जो ग्राहक अङ्क न पहुंचने की सूचना देवेंगे तो उन को बिना दाम दूसरा अङ्क भेज दिया जायगा। इस अवधि के व्यतीत हुए पीछे अङ्क दाम देने से मिलें गे, एक अङ्क ।/)॥ दो अङ्क ॥/) और तीन अङ्क १) देने से मिलें गे ॥

(६) दाम जिस को जिस प्रकार से सुभीता हो भेजे परन्तु मनीआर्डरद्वारा भेजना ठीक होगा। टिकट डाक के अधन्ने वाले लिये जा सकते हैं परन्तु एक रुपये पीछे आध आना बट्टे का अधिक लिया जायगा। टिकट आदि मूल्यवान् वस्तु रजस्टरी पत्रों में भेजना चाहिये।

(७) जो लोग पुस्तक लेने से अनिच्छुक हों, वे अपनी ओर जितना रुपया हो भेजदें और पुस्तक के न लेने से प्रबन्ध कर्त्ता को सूचित करदें। जबतक ग्राहक का पत्र न आवेगा तबतक पुस्तक बराबर भेजा जायगा और दाम लेलिये जायँगे

(८) बिके हुए पुस्तक पीछे नहीं लिये जायेंगे।

(९) जो ग्राहक एकस्थान से दूसरे स्थान में जायें वे अपने पुराने और नये पते से प्रबन्धकर्त्ता को सूचित कर दिया करें। जिस में पुस्तक ठीक २ पहुंचता रहे।

(१०) "वेदभाष्य" संबंधी रुपया, और पत्र प्रबंधकर्त्ता वैदिक यंत्रालय प्रयाग (इलाहाबाद) के नाम से भेजें।

उत्पन्न करने के विना किसी की उत्पत्ति का संभव नहीं होता । जिसके पुरुषार्थ के विना कुछ भी सुख प्राप्त नहीं हो सकता और जो सत्यमानी, सत्यकारी, सत्यवादी, हो उसी का सदा सेवन करें ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर ईश्वर के गुणों का उप० ॥

गोषु प्रशस्तिं वनेषु धिषे भरन्त विश्वे बलिं स्वर्णः ॥ वि त्वा नरः पुरुत्रा संपर्यन् पितुर्न जिव्रेर्वि वेदो भरन्त ॥ ५ ॥

गोषु । प्रऽशस्तिम् । वनेषु । धिषे । भरन्त । विश्वे । बलिम् । स्वः । नः । वि । त्वा । नरः । पुरुऽत्रा । सपर्यन् । पितुः । न । जिव्रेः । वि । वेदः । भरन्त ॥ ५ ॥

पदार्थः–(गोषु) पृथिव्यादिषु (प्रशस्तिम्) प्रशस्तव्यवहारम् (वनेषु) सम्यग्विभाजकेषु किरणेषु (धिषे) दधासि (भरन्त) यो भरति सर्वं विश्वं सर्वान् गुणांस्तत्संबुद्धौ (विश्वे) सर्वे (बलिम्) संवरणम् (स्वः) आदित्यम् (नः) अस्मान् (वि) विशेषे (त्वा) त्वाम् (नरः) नयनकर्त्तारो मनुष्याः (पुरुत्रा) पुरूणि देयानि (सपर्यन्) परिचरन्ति (पितुः) (न) इव (जिव्रेः) जीर्णात् वृद्धावस्थां प्राप्तात् जनकात् (वि) विशेषे (वेदः) विन्दति सुखानि येन धनेन तत् (भरन्त) धरन्तु ॥ ५ ॥

अन्वयः–हे भरन्त पुरुत्रा गोषु बलिं स्वः वनेषु प्रशस्तिं नो विधिषे तो विश्वे नरः पुत्राः जिव्रेः पितुर्वेदो भरन्त न त्वा सपर्ययन् ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—हे मनुष्या सर्वे यूयं येन जगदीश्वरेण सनातनात्कारणात्सर्वाणि कार्याणि वस्तून्युत्पाद्य स्पर्शादयो गुणाः प्रकाशिताः । यस्य सृष्टावुत्पन्नानां जनकस्य पुत्रा इव सर्वे जीवा दायभागिनः सन्ति । येन सर्वेभ्यः सर्वाणि सुखानि दीयन्ते तस्यात्ममनोवाक्छरीरधनैर्नित्यं परिचर्य्यां यूयं कुरुत ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (भरन्त) सब विश्व वा सब गुणों को धारण करने वाले जगदीश्वर जिस कारण (पुरुत्रा) बहुत दान करने योग्य आप (गोषु) पृथिवी आदि पदार्थों में (वलिम्) संवरण (स्वः) आदित्य (वनेषु) किरणों में (प्रशस्तिम्) उत्तम व्यवहार और (नः) हम लोगों को (विधिषे) विशेष धारण करते हो (विश्वे) सब (नरः) इससे विद्वान् लोग जैसे (पुत्राः) पुत्र (जिव्रेः) वृद्धावस्था को प्राप्त हुए (पितुः) को पिता के सकाश से (वेदः) विद्याधन को (भरन्त) धारण करें (न) वैसे (त्वा) आप का (सपर्यन्) सेवन करते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—हे मनुष्यो तुम सब लोग जिस जगदीश्वर ने सनातन कारण से सब कार्य अर्थात् स्थूल रूप वस्तुओं को उत्पन्न करके स्पर्श आदि गुणों को प्रकाशित किया है । जिस को सृष्टि में उत्पन्न हुए सब पदार्थों के पिता पुत्र के समान सब जीव दायभागी हैं जो सब प्राणियों के लिये सब सुखों को देता है उसी को आत्मा मन वाणी शरीर और धनों से सेवा करो ॥ ५ ॥

पुनः स सभाध्यक्षः कीदृश इत्युप० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

साधुर्न गृध्नुरस्तेव शूरो यातेव भीमस्त्वेषः समत्सु ॥ ६ ॥

साधुः । न । गृध्नुः । अस्ताऽइव । शूरः । याताऽइव । भीमः । त्वेषः । समत्ऽसु ॥ ५ ॥

पदार्थः—(साधुः) यः परोपकारी परकार्याणि साध्नोति सः (न) इव (गृध्नुः) परोत्कर्षाभिकाङ्क्षकः (अस्ताइव) यथा शस्त्राणां प्रक्षेप्ता (शूरः) शूरवीरः (यातेव) यथा दण्डप्रापकः (भीमः) बिभेति यस्मात्स भयंकरः (त्वेषः) यस्त्वेषति प्रदीप्तो भवति सः (समत्सु) संग्रामेषु ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यो गृध्नुः साधुर्नास्ता इवशूरो भीमो यातेव समत्सु त्वेषः परमेश्वरः सभाध्यक्षोऽस्ति तं नित्यं सेवध्वम्॥६॥

भावार्थः—अत्र श्लेषोपमालङ्कारौ। हे मनुष्या परमेश्वरं धार्मिकं विद्वांसं सभाद्यध्यक्षं च विहाय कश्चिदन्यः स्वेषां राजा शत्रुविजेता दण्डप्रदाता सुखाभिवर्धकोनैवाऽस्तीति निश्चित्य सर्वाणि परोपकृतानि सुखान्यभिवर्धयत ॥ ६ ॥

अत्रेश्वरमनुष्यसभाद्यध्यक्षाणां गुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति सप्ततितमं सूक्तं चतुर्दशो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जो (गृध्नुः) दूसरे के उत्कर्ष की इच्छा करने वाले (साधुः) परोपकारी मनुष्य के (न) समान (अस्ताइव) शत्रुओं के ऊपर शस्त्र पहुचाने वाले (शूरः) शूरवीर के समान (भीमः) भयंकर (यातेव) तथा दण्ड प्राप्त करने वाले के समान (समत्सु) संग्रामों में (त्वेषः) प्रकाशमान परमेश्वर वा सभाध्यक्ष है उस का नित्य सेवन करो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उप०—हे मनुष्यो तुम लोग परमेश्वर वा धर्मात्मा विद्वानों को छोड़ कर शत्रुओं का जीतने और दण्ड देने तथा सुखों का बढ़ाने वाला अन्य कोई अपना राजा नहीं है ऐसा निश्चय करके सब लोग परोपकारी हो के सुखों को बढ़ाओ ॥ ६ ॥

इस सूक्त में ईश्वर मनुष्य और सभाआदि अध्यक्ष के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्त की पूर्वसूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

यह सत्तरवां सूक्त और चौदहवां वर्ग पूरा हुआ ॥ ७० । १४ ॥

अथ दशर्चस्यैकसप्ततितमस्य सूक्तस्य पराशर ऋषिः । अग्निर्देवता । १ । ६ । ७ त्रिष्टुप् २ । ५ निचृत् त्रिष्टुप् । ३ । ४ । ८ । १० विराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः । ६ भुरिक्पंक्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

अब इकहत्तरवें सूक्त का आरम्भ किया जाता है ॥

इस के प्रथम मन्त्र में सभाध्यक्ष आदि के गुणों का उपदेश किया है ॥

उप प्र जिन्वन्नुशतीरुशन्तं पतिं न नित्यं जनयः सनीळाः । स्वसारः श्यावीमरुषीमजुष्रञ्चित्रमुच्छन्तीमुषसं न गावः ॥ १ ॥

उप । प्र । जिन्वन् । उशतीः । उशन्तम् । पतिम् । न । नित्यम् । जनयः । सऽनीळाः । स्वसारः । श्यावीम् । अरुषीम् । अजुष्रन् । चित्रम् । उच्छन्तीम् । उषसम् । न । गावः ॥ १ ॥

पदार्थः—(उप) सामीप्ये (प्र) प्रकृष्टार्थे (जिन्वन्) तर्पयन्तु । (उशतीः) कामयमानाः (उशन्तम्) कामयमानम् (पतिम्) पालकं पाणिग्रहीतारम् (न) इव (नित्यम्) अव्यभिचारिस्वरूपेणाविनाशिनम् (जनयः) या जायन्ते ताः प्रजाः (सनीळाः) एकस्मिन्नधिकरणे समानस्थानाः (स्वसारः) युवतयो भगिन्यः (श्यावीम्) अल्पकृष्णवर्णाम् (अरुषीम्) आरक्तवर्णाम् (अजुष्रन्) सेवन्ते । अत्र बहुलं छन्दसीति रुडागमः (चित्रम्) अद्भुतगुणस्वरूपभावम् (उच्छन्तीम्) विवासयन्तीम् (उषसम्) रात्र्यन्तसमयम् (न) इव (गावः) किरणा धेनवो वा ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यं नित्यं चित्रं परमेश्वरं सभाध्यक्षं वा सनीळा जनयः प्रजा उशतीः स्वसार उशन्तं पतिं नेव गावः श्यावीमरुषीमुच्छन्तीमुषसं नेवोपाजुषन् तं सततं सेवित्वा प्रजिन्वन् ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषोपमालं०-सर्वैर्मनुष्यैर्यथा धार्मिका विदुषी पतिव्रता स्त्री पतिं धार्मिको विद्वान् स्त्रीव्रतो मनुष्यो धार्मिकां विवाहितां स्त्रियं सेवते । यथाचोषःकालं प्राप्य किरणाः पशवः पृथिव्यादिकान् पदार्थान् सेवन्ते तथैव परमेश्वरः सभाध्यक्षश्च नित्यं सेवनीयः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम विद्वान् लोग जिस (नित्यम्) व्यभिचाररहित स्वरूप से नित्य अविनाशी (चित्रम्) आश्चर्यगुणकर्म और स्वभावयुक्त परमेश्वर वा सभाध्यक्ष के (सनीळाः) एक ईश्वर के बीच रहने से समानस्थान वाले (जनयः) प्रजा वा (उशतीः) शोभायमान (स्वसारः) युवती भगिनी (उशन्तम्) शोभायमान अपने २ (पतिम्) पालन करने वाले पति के (न) समान तथा (गावः) किरण वा धेनु (श्यावीम्) धुमैले वर्ण से युक्त वा (अरुषीम्) अत्यन्त लालवर्ण वाली (उच्छन्तीम्) विशेष वास कराती हुई (उषसम्) प्रातःकाल की वेला के (न) समान (उपाजुषन्) सेवन करके (प्रजिन्वन्) अत्यन्त तृप्त रहो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उपमालं०—सब मनुष्यों को चाहिये कि जैसे धर्मात्मा विद्वान् स्त्री विवाहित पति का और धर्मात्मा विद्वान मनुष्य विवाहित स्त्री का सेवन करता है । जैसे प्रातःकाल होते ही किरण वा गौ आदि पशु पृथिवी आदि पदार्थों का सेवन करते हैं वैसे ही परमेश्वर वा सभाध्यक्ष का निरन्तर सेवन करें ॥ १ ॥

पुनः कैः के कथं सेवनीयाइत्यु०

फिर किन को कौन कैसे सेवा करें इस वि० ॥

वीळु चिद् दृळ्हा पितरो न उक्थैरद्रिं

रुजन्नङ्गिरसो रवेण । चक्रुर्दिवो बृहतो गातुमस्मे अहः स्वर्विविदुः केतुमुस्राः॥२॥

वीळु। चित्। दृळ्हा। पितरः। नः।उक्थैः। अद्रिम्। रुजन्। अङ्गिरसः। रवेण। चक्रुः। दिवः। बृहतः। गातुम्। अस्मेइति। अहरिति। स्वः। विविदुः। केतुम्। उस्राः॥ २॥

पदार्थः-(वीळु) बलम् (चित्) अपि (दृळ्हा) दृढम्। अत्राकारादेशः (पितरः) ज्ञानिनः (नः) अस्मान् (उक्थैः) परिभाषितोपदेशैः (अद्रिम्) मेघमिव (रुजन्) भञ्जन्ति (अङ्गिरसः) वायवः (रवेण) स्तुतिसमूहेन (चक्रुः) कुर्वन्ति (दिवः) द्योतकान् (बृहतः) महतः (गातुम्) पृथिवीम् (अस्मे) अस्माकम् (अहः) व्यापनशीलं दिनम् (स्वः) सुखम् (विविदुः) वेदयन्ति (केतुम्) प्रज्ञानम्) (उस्राः) किरणाः॥ २॥

अन्वयः-अस्माभिर्ये पितर उक्थैर्नोऽस्मान् दृढं केतुं वीळु स्वश्चिदुस्रा गातुमिवाहर्बृहतो दिव इव विविदुः। अङ्गिरसो रवेणाद्रिं रुजन्निवास्मे दुःखनाशं चक्रुस्ते सेवनीयाः॥ २॥

भावार्थः-अत्र वाचकलुप्तोपमालं०-मनुष्यैराप्तान् विदुषः संसेव्य विद्यां प्राप्य प्रज्ञामुत्पाद्य धर्मार्थकाममोक्षफलानि सेवनीयानि॥ २॥

पदार्थः—हम लोगों को चाहिये कि जो (पितरः) ज्ञानी मनुष्य (उक्थैः) कहे हुए उपदेशों से (नः) हम लोगों के (दृढ़ा) दृढ़ (केतुम्) प्रज्ञा (वीळु) बल (स्वः) (चित्) और सुख को (उस्राः) किरण वा (गातुम्) पृथिवी के समान (अहः) तथा दिन और (बृहतः) बड़े (दिवः) द्योतमान पदार्थों के समान (विविदुः) जानते हैं वा (अङ्गिरसः) वायु (रवेण) स्तुति समूह से (अद्रिम्) मेघ को (रुजन्) पृथिवी पर गिराते हुए के समान (अस्मे) हम लोगों के दुःखों को (चक्रुः) नष्ट करते हैं उन को सेवें ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि पूर्णविद्यायुक्त विद्वानों का सेवन तथा विद्या बुद्धि को उत्पन्न करके धर्म अर्थ काम मोक्ष फलों का सेवन करें ॥ २ ॥

यथा पुरुषा ब्रह्मचर्यं सेवित्वा विद्वांसो भवन्ति तथा स्त्रियोऽपि भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

जैसे ब्रह्मचर्याश्रम का सेवन करके पुरुष विद्वान् होते हैं वैसे स्त्रियों को भी होना योग्य है यह वि० ॥

दधन्नृतं धनयन्नस्य धीतिमादिदर्यो दिधिष्वो३ विभृत्राः । अतृष्यन्तीरपसो यन्त्यच्छा देवाञ्जन्म प्रयसा वर्धयन्तीः ॥ ३ ॥

दधन् । ऋतम् । धनयन् । अस्य । धीतिम् । आत् । इत् । अर्यः । दिधिष्वः । विऽभृत्राः । अतृष्यन्तीः । अपसः । यन्ति । अच्छ । देवान् । जन्म । प्रयसा । वर्धयन्तीः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(दधन्) दधीरन् (ऋतम्) सत्यं विज्ञानम् (धनयन्) विद्यादिधनं कुर्युः (अस्य) ब्रह्मचर्य्यस्य धर्मस्य विद्यादिधनस्य वा (धीतिम्) धारणाम् (आत्) अनन्तरम् (इत्) इव (अर्य्यः) वैश्यः (दिधिष्वः) धारयन्त्यः (विभृत्राः) विशिष्टानि भृत्राणि धारणानि यासां ताः (अतृष्यन्तीः) तृषादिदोषरहिताः (अपसः) कर्माणि । अत्र लिङ्गव्यत्ययः (यन्ति) प्राप्नुवन्ति वा (अच्छ) सम्यगीत्या (देवान्) विदुषो दिव्यान् गुणान् वा (जन्म) विद्याजननम् (प्रयसा) येन प्रीणन्ति तृप्यन्ति कामयन्ते वा शिष्टान् विदुषः शुभान् गुणांस्तेन सह वर्त्तमानाः (वर्धयन्तीः) उन्नयन्त्यः ॥ ३ ॥

अन्वयः—या विभृत्रा दिधिष्वोऽतृष्यन्त्यो वर्धयन्त्यः कुमार्यो देवान् प्राप्यार्य्यइदिव ऋतं धनयन्नादस्य धीतिं दधन् प्रयसाऽपसो देवाञ्जन्माच्छाऽयन्ति । ता विदुष्यो भूत्वा वेदादिषु सर्वाणि सुखानि प्राप्नुवन्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा वैश्या धर्मं धृत्वा धनमर्जयन्ति तथैव कन्या विवाहात्प्राक् सुब्रह्मचर्येणाप्ता विदुष्योऽध्यापिकाः प्राप्य पूर्णां सुशिक्षां विद्यां चादायाथ विवाहं कृत्वा प्रजासुखं स्वार्जयेयुः । नहि विद्याध्ययनस्य समयो विवाहादर्वागस्ति न खलु कस्यचित्पुरुषस्य स्त्रिया वा विद्याग्रहणेऽनधिकारोऽस्ति ॥ ३ ॥

पदार्थः—जो (विभृत्राः) विशेष धारण करने वाली (दिधिष्वः) भूषण आदि से युक्त (अतृष्यन्ती) तृषा आदि दोषों से पृथक् (वर्धयन्तीः) उन्नति करने वाली कुमारी कन्या (देवान्) दिव्यगुणों को प्राप्त हो कर (अर्य्यः) वैश्य के (इत्) समान (ऋतम्) सत्य विज्ञान को (धनयन्) विद्यादिधनयुक्त कर (आत्) इस के अनन्तर (अस्य) ब्रह्मचर्य को (धीतिम्) धारणा को (दधन्) धारण कर (प्रयसा) अन्न के समान वर्त्तमान (अपसः) कर्म (देवान्) विद्वान् (जन्म) और विद्या की प्राप्ति को (अच्छ) अच्छे प्रकार (यन्ति) प्राप्त होती हैं वे वेदादि सब शास्त्रों में विद्वान् हो कर सब सुखों को प्राप्त होती हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जैसे वैश्य लोग धर्म्म के अनुकूल धन का संचय करते हैं वैसे ही कन्या विवाह से पहिले ब्रह्मचर्यपूर्वक पूर्ण विद्वान् पढ़ाने वाली स्त्रियों को प्राप्त हो पूर्णशिक्षा और विद्या का ग्रहण तथा विवाह करके प्रजासुख को संपादन करें । विवाह के पीछे विद्याध्ययन का समय नहीं समझना चाहिये किसी पुरुष वा स्त्री को विद्या के पढ़ने का अधिकार नहीं है । ऐसा किसी को नहीं समझना चाहिये किन्तु सर्वथा सब को पढ़ने का अधिकार है ॥३॥

पुनस्ताः कथंभूता भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर उन स्त्रियों को कैसा होना चाहिये इस विषयका उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

मथीद्यदीं विभृतो मातरिश्वा गृहेगृहे श्येतो जेन्यो भूत् । आदीं राज्ञे न सहीयसे सचा सन्नादूत्यं१ भृगवाणो विवाय ॥ ४ ॥

मथीत् । यत् । ईम् । विऽभृतः । मातरिश्वा । गृहेऽगृहे । श्येतः । जेन्यः । भूत् । आत् । ईम् । राज्ञे । न । सहीयसे । सचा । सन् । आ । दूत्यम् । भृगवाणः । विवाय ॥ ४ ॥

पदार्थः—(मथीत्) मथति (यत्) (ईम्) प्राप्तमग्निम् (विभृतः) विविधद्रव्यविद्याधारकाः (मातरिश्वा) यो मातर्यन्तरिक्षे श्वसिति स वायुः (गृहेगृहे) प्रतिगृहम् (श्येतः) प्राप्तः (जेन्यः) विजयहेतुः । अत्र बाहुलकादौणादिक एन्यप्रत्ययो डिच्च (भूत्) भवति (आत्) अनन्तरम् (ईम्) विजयप्रापिका सेना

(राज्ञे) नृपतये (न) इव (सहीयसे) यशसासोढे (सचा) संगत्या (सन्) वर्त्तमानः (आ) समन्तात् (दूत्यम्) दूतस्य भावः कर्म वा (भृगवाणः) भृज्जति पदार्थविद्ययानेकान् पदार्थानिति भृगवाणस्तद्वत् (विवाय) संवृणोति ॥ ४ ॥

अन्वयः-भृगवाणइव गृहीतविद्याः कुमार्य्यो यथायं विभृतः श्वेतो जेन्यो मातरिश्वा यद्दूत्यं तदाविवाय गृहेगृह ईमाप्तमग्निं मथीदात् सहीयसे राज्ञे नेम् सचा सन् भूत् तथैव विद्यायोगेन सुखकारिण्यो भवन्तु ॥ ४ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलुप्तोपमालं०-न खलु विद्या ग्रहणेन विना स्त्रीणां किंचिदपि सुखं भवति यथाऽगृहीतविद्याः पुरुषाः सुलक्षणा विदुषीः स्त्रियः पीडयन्ति तथैव विद्याशिक्षारहिताः स्त्रियः स्वान् पतीन् पीडयन्ति तस्माद्विद्याग्रहणानन्तरमेव परस्परं प्रीत्या स्वयंवरविधानेन विवाहं कृत्वा सततं सुखयितव्यम्॥४॥

पदार्थः-(भृगवाणः) अनेकविध पदार्थविद्या से पदार्थों को व्यवहार में लाने हारों के तुल्य विद्याग्रहण किये हुई कन्याओ जैसे यह (विभृतः) अनेक प्रकार की पदार्थ विद्या का धारण करने वाला (श्वेतः) प्राप्त होने का (जेन्यः) और विजय का हेतु तथा (मातरिश्वा) अन्तरिक्ष में शोने आदि विहारों का करने वाला वायु (यत्) जो (दूत्यम्) दूत का कर्म है उस को (आविवाय) अच्छे प्रकार स्वीकार करता और (गृहे गृहे) घर घर अर्थात् कलायन्त्रों के कोठे २ में (ईम्) प्राप्त हुए अग्नि को (मथीत्) मथता है (आत्) अथवा (सहीयसे) यशसे सहने वाले (राज्ञे) राजा के लिये (न) जैसे (ईम्) विजय सुख प्राप्त कराने वाली सेना (सिचा) संगति के साथ (सन्) वर्त्तमान (भूत्) होती है वैसे विद्या के योग से सुख कराने वाली होओ ॥ ४ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालं०-विद्याग्रहण के विना स्त्रियों को कुछ भी सुख नहीं होता जैसे अविद्याओं का ग्रहण किये हुए मूढ़ पुरुष उत्तमलक्षण युक्त विद्वान् स्त्रियों को पीड़ा देते हैं। वैसे विद्या शिक्षा से रहित स्त्री

अपने विद्वान् पतियों को दुःख देती हैं। इस से विद्या ग्रहण के अनन्तर ही परस्पर प्रीति के साथ स्वयंवर विधान से विवाह कर निरन्तर सुखयुक्त होना चाहिये ॥४॥

पुनः सूर्यवदध्यापकगुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर सूर्य के समान अध्यापक के गुणों का उपदेश किया है ॥

महे यत्पित्र ईं रसं दिवे करव त्सरत्पृ-
शन्यश्चिकित्वान् । सृजदस्ता धृषता दि-
द्युमस्मै स्वायां देवो दुहितरि त्विषिं
धात् ॥ ५ ॥ १५ ॥

महे । यत् । पित्रे । ईम् । रसम् । दिवे । कः ।
अव । त्सरत् । पृशन्यः । चिकित्वान् । सृज-
त् । अस्ता । धृषता । दिद्युम् । अस्मै ।
स्वायाम् । देवः । दुहितरि । त्विषिम् ।
धात् ॥ ५ ॥ १५ ॥

पदार्थः—(महे) विद्यया परिमाणेन महते (यत्) यः (पित्रे) विद्याप्रकाशयोर्दानेन पालयित्रे (ईम्) प्राप्तव्यम् (रसम्) विद्यौषधिफलम् (दिवे) प्रकाशाय (कः) सुखदः (अव) विनिग्रहे (त्सरत्) विरुद्धं गच्छति (पृशन्यः) पर्शिता (चिकित्वान्) ज्ञानवान् ज्ञानहेतुर्वा (सृजत्) सृजति (अस्ता) प्रक्षेप्ता (धृषता) प्रागल्भ्येन (दिद्युम्) द्योतमानां विद्यां दीप्तिं वा (अस्मै) प्रयोजनाय (स्वायाम्)

स्वकीयाम् (देवः) विद्याप्रकाशदाता (दुहितरि) कन्येव वर्त्तमानायामुषसि (त्विषिम्) विद्याप्रकाशं तेजो वा (धात्)दधाति ॥५॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यथा यदा कः प्रशन्य अस्ता चिकित्वान् देवः सूर्यो महे पित्रे दिव ईमवसृजद्रसमन्धकारं च त्सरत्स्वायां दुहितरि त्विषिं धादथ दिद्युं धृषता सुखं दीयते तथा सर्वस्मै सुखं कुरुत ॥ ५ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०-सर्वैर्मातापित्रादिभिर्मनुष्यैः स्वस्य २ सन्तानेषु विद्या स्थापनीया । यथा प्रकाशमयः सन् सूर्यः सर्वं प्रकाश्यानन्दयति तथैव विद्यायुक्ताः पुत्राः कन्याश्च सर्वाणि सुखानि ददति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोगों को जैसे (यत्) जो (कः) सुखदाता (प्रशन्यः) स्पर्श करने (अस्ता) फेंकने (चिकित्वान्) जानने (देवः) विद्या प्रकाश के देखने वाला सूर्य्य (महे) बड़े (पित्रे) प्रकाश के देने से पालन करने वाले (दिवे) प्रकाश के लिये (ईम्) प्राप्त करने योग्य (रसम्) ओषधि के फल को (अवसृजत्) रचता (ईम्)(त्सरत्) अन्धकार को दूर करता (स्वायाम्) अपनी (दुहितरि) कन्या के समान उषा में (त्विषिम्) प्रकाश वा तेज को (धात्) धारण करता उस के अनन्तर (दिद्युम्) दीप्ति को (धृषता) दृढ़ता से सुख देता है वैसे किया करो ॥ ५॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—सब माता पिता आदि मनुष्यों को अपने २ सन्तानों में विद्या स्थापन करना चाहिये । जैसे प्रकाशमान सूर्य्य सब का प्रकाश करके आनन्दित करता है वैसेही विद्यायुक्त पुत्र वा पुत्री सब सुखों को देते हैं ॥ ५ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते॥

फिर भी अध्यापक के गुणों का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्व आ यस्तुभ्यं दम आ विभाति नमो वा

दाशाद्दुशतो अनुद्यून्। वर्धो अग्ने वयो अस्य
द्विबर्हा यासद्राया सरथं यं जुनासि ॥६॥

स्वे । आ । यः । तुभ्यम् । दमे । आ । विऽभाति । नमः । वा । दाशात् । उशतः । अनु । द्यून् । वर्धो इति । अग्ने । वयः । अस्य । द्विऽबर्हाः । यासत् । राया । सऽरथम् । यम् । जुनासि ॥ ६ ॥

पदार्थः–(स्वे) स्वकीये (आ) समन्तात् (यः) अध्येता (तुभ्यम्) (दमे) गृहे । दमइति गृहना० निघं० ३ । ४ (आ) अभितः (विभाति) प्रकाशते (नमः) अन्नम् (वा) विकल्पे (दाशात्) ददाति (उशतः) कामयमानान् (अनु) वीप्सायाम् (द्यून्) दिवसान् (वर्धो) यो वर्धयति तत्संबुद्धौ (अग्ने) विज्ञाप्रद (वयः) जीवनम् (अस्य) अपत्यस्य जगतो वा (द्विबर्हाः) यो द्वाभ्यां विद्याशिक्षाभ्यां प्रतापप्रकाशाभ्यां वा वर्धयति सः (यासत्) प्रापयति (राया) विद्यादिधनेन (सरथम्) रथै रमणीयैः कर्मभिर्गुणैर्यानैर्वा सह वर्त्तमानस्तम् (यम्) मनुष्यं रथं वा (जुनासि) ॥ ६ ॥

अन्वयः–हे अग्ने वर्धो द्विबार्हास्त्वं यथा सविता स्वे दमे तुभ्यं नम आदाशादाविभाति यथा वास्य जगतो वयो यासत् तथा यः स्वे दमे तुभ्यं नम आदाशादाविभात्यस्यापत्यस्य वयो यासत् राया सरथं यं जुनासि तान् सर्वाननुद्यूनुशतः संपादय ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे मनुष्या युष्माभिर्ये युष्माकम् पितरो जनका आचार्य्याश्च युष्मभ्यं सुशिक्षया सूर्य्यवद्विद्याप्रकाशेनान्नादिदानेन वा सुखयन्ति ते नित्यं सेवनीयाः ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विज्ञानप्रद (वर्धो) (द्विवर्हाः) विद्या और शिक्षा से बार २ बढ़ानेहारे आप जैसे सविता (स्वे) अपने (दमे) घर में (तुभ्यम्) तुम को (नमः) अन्न (आदाशात्) अच्छे प्रकार देता (आविभाति) और अत्यन्त प्रकाश को करता (वा) अथवा (अस्य) इस जगत् की (वयः) अवस्था को (यासत्) पंहुचाता है वैसे (यः) जो शिष्य अपने घर में तुम्हारे लिये अन्न देता अर्थात् यथायोग्य सत्कार करता और आप से गुणों को प्राप्त हुआ प्रकाशित होता अथवा इस अपने पुत्र आदि की अवस्था को पंहुचाता अर्थात् ओषधि आदि पदार्थों से नीरोगता को प्राप्त करता है और (राया) विद्यादि धन (सरथम्) मनोहर कर्म वा गुणों सहित से (यम्) जिस मनुष्य को (जुनासि) व्यवहार में चलाते हो उन सब को (अनुद्यून्) प्रतिदिन (उशतः) अतिउत्तम कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—हे मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जो तुम्हारे पिता अर्थात् उत्पन्न करने वाले वा पढ़ाने वाले आचार्य्य तुम्हारे लिये उत्तमशिक्षा से सूर्य के समान विद्याप्रकाश वा अन्नादि दे कर सुखी रखते हैं उन का निरन्तर सेवन करो ॥ ६ ॥

पुनस्स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अ॒ग्निं विश्वा॑ अ॒भि पृक्षः॑ सचन्ते समु॒द्रं न स्र॒वतः॑ स॒प्त य॒ह्वीः । न जा॒मिभि॒र्वि चि॑कित॒े वयो॑ नो वि॒दा दे॒वेषु॒ प्रम॑तिं चिकि॒त्वान् ॥ ७ ॥

अ॒ग्निम् । विश्वाः॑ । अ॒भि । पृक्षः॑ । स॒च॒न्ते ।

समुद्रम् । न । स्रवतः । सप्त । यह्वीः । न ।
जामिऽभिः । वि । चिकिते । वयः । नः ।
विदाः । देवेषु । प्रऽमतिम् । चिकित्वान् ॥ ७ ॥

पदार्थः-(अग्निम्) विद्युतम् (विश्वाः) अखिलाः (अभि) अभितः (पृक्षः) याः पृचते विद्यासंपर्कं कुर्वन्ति ताः पुत्र्यः (सचन्ते) समवयन्ति (समुद्रम्) अर्णकम् (न) इव (स्रवतः) प्राणान् (सप्त) प्राणापानव्यानोदानसमानसूत्रात्मकारणस्थान् (यह्वीः) महत्यो रुधिरविद्युदादिगतयः (न) निषेधे (जामिभिः) स्त्रीभिः (वि) विशेषे (चिकिते) ज्ञापयति (वयः) विज्ञानम् (नः) अस्मान् (विदाः) विज्ञपय (देवेषु) विद्वत्सु दिव्यगुणेषु वा (प्रमतिम्) प्रकृष्टं ज्ञानम् (चिकित्वान्) ज्ञानवान् ज्ञापको वा ॥७॥

अन्वयः-यश्चिकित्वान् नोऽस्मान्देवेषु प्रमतिं विदा वयोवि चिकिते तमग्निमिव विश्वाः पृक्षः पुत्र्यः कान्त्यो वा समुद्रं स्रवतः सप्त प्राणान् यह्वीर्नेवाभिसचन्ते यतो वयं मूर्खाभिर्दुःखदाभिर्जामिभिर्वा सह न संवसेम ॥ ७ ॥

भावार्थः-अत्रोपमावाचकलु०—यथा समुद्रं नद्यः प्राणान् विद्युदादयश्च संयुञ्जन्ति तथैव मनुष्याः सर्वे पुत्रा कन्याश्च ब्रह्मचर्येण विद्याव्रते समाप्ययुवाऽवस्थां प्राप्य विवाहादिनासन्तानानुत्पाद्यतेभ्यस्तथैव विद्यासुशिक्षा ग्राहयेयुरनेन समः कश्चिदधिक उपकारो न विद्यत इति ॥ ७ ॥

पदार्थः-जो (चिकित्वान्) ज्ञानवान् ज्ञानकारहेतु (नः) हमलोगों को (देवेषु) विद्वान् वा दिव्यगुणों में (प्रमतिम्) उत्तम ज्ञान को (विदाः) प्राप्त करता (वयः) जीवन का (विचिकिते) विशेष ज्ञान कराता है उस (अग्निम्) अग्नि

के समान विद्वान् (विश्वाः) सब (पृत्तः) विद्यासंपर्क करने वाले पुत्र वा दीप्ति (समुद्रम्) समुद्र वा (स्रवतः) नदी के समान शरीर को गमन कराते हुए (सप्त) सात अर्थात् प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, इन पांच के और सूत्र रूप आत्मा के समान तथा (यह्वीः) रुधिर वा विजली आदि को गतियों के (न) समान (अभिसचन्ते) संबन्ध करती हैं जिस से हम लोग मूर्ख वा दुःख देने वाली(जामिभिः) स्त्रियों के साथ (न) नहीं बसें ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा तथा वाचकलु०—जैसे समुद्र को नदी वा प्राणों को विजुली आदि गतिसंयुक्त करती हैं वैसे ही मनुष्य सब पुत्र वा कन्या ब्रह्मचर्य्य से विद्या वा व्रतों को समाप्त करके युवावस्था वाले हो कर विवाह से सन्तानों को उत्पन्न कर उन को इसी प्रकार विद्या शिक्षा सदा ग्रहण करावें । पुत्रों के लिये विद्या वा उत्तम शिक्षा करने के समान कोई बड़ा उपकार नहीं है ॥ ७॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह अध्यापक कैसा है इस विषयका उपदेश अगले मंत्रमें कियाहै ॥

आयदिषे नृपतिं तेज आनट् शुचि रेतो निषिक्तं द्यौरभीके । अग्निः शर्धमनवद्यं युवानं स्वाध्यं जनयत्सूदयंच्च ॥ ८ ॥

आ । यत् । इषे । नृऽपतिम् । तेजः । आनट् । शुचि । रेतः । निऽसिक्तम् । द्यौः । अभीके । अग्निः । शर्धम् । अनवद्यम् । युवानम् । सुऽआध्यम् । जनयत् । सूदयत् । च ॥ ८ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (यत्) यः (इषे) इच्छापूर्त्तये (नृपतिम्) राजानम् (तेजः) प्रागल्भ्यम् (आनट्) व्याप्नोति

अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदं च (शुचि) पवित्रम् (रेतः) वीर्यमुदकं वा रेत इत्युदकना० निघं० १ । १२ (निषिक्तम्) संस्थापितम् (द्यौः) प्रकाशः (अभीके) संग्रामे । अभीक इति संग्रामना० निघं० २ । १७ (अग्निः) विद्युत् (शर्धम्) बलिनम् (अनवद्यम्) अनिन्दितम् (युवानम्) (स्वाध्यम्) सुष्ठुसमन्ताद्विद्याऽधीयते यस्मिन् यस्यां तं वा (जनयत्) जनयेत् (सूदयत्) सूदयेत् (च) समुच्चये ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे युवते त्वं यथा द्यौरग्निरभीके इषयन् निषिक्तं शुचि रेतस्तेजश्चानट् समन्तात्प्रापयति तेन युक्ता त्वं तथा शर्धमनवद्यं स्वाध्यं युवानं नृपतिं विद्वांसं स्वयंवर विवाहेन प्राप्यापत्यान्याजनयद्दुःखं सूदयच्च ॥ ८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—न सर्वैर्मनुष्यैः कदाचित्सुविद्या शरीरबलाभ्यां विना व्यावहारिकपारमार्थिकसुखे प्राप्येते । न खलु सन्तानेभ्यो विद्यादानेन विना मातापित्रादयोऽनृणा भवितुं शक्नुवन्तीति वेद्यम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे युवति जैसे (द्यौः) प्रकाश स्वरूप (अग्निः) विद्युत् (अभीके) संग्राम में (इषे) इच्छा की पूर्णता के लिये (यत्) जो (निषिक्तम्) स्थापन किये हुए (शुचि) पवित्र (रेतः) वीर्य और (तेजः) प्रगल्भता को (आनट्) प्राप्त करती है उस से युक्त तू वैसे (शर्धम्) बली (अनवद्यम्) निन्दारहित (युवानम्) युवा वस्था वाले (स्वाध्यम्) उत्तमविद्यायुक्त विद्वान् (नृपतिम्) मनुष्यों में राजमान पति को स्वेच्छा से प्रसन्नता पूर्वक प्राप्त हो कि (आजनयत्) सन्तानों को उत्पन्न (च) और अविद्या दुःख को (सूदयत्) दूर कर ॥ ८ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को जानना चाहिये कि कभी उत्तमविद्या वा प्रदीप्त अग्नि के समान विद्वान् के सङ्ग के विना व्यवहार और परमार्थ के सुख प्राप्त नहीं होते और अपने सन्तानों को विद्या देने के विना माता पिता आदि कृतकृत्य नहीं हो सकते ॥ ८ ॥

विद्यया किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ॥

विद्या से क्या प्राप्त होता है इस विषय का उ० ॥

मनो न योऽध्वनः सद्य एत्येकः सत्रा सूरो वस्व ईशे । राजाना मित्रावरुणा सुपाणी गोषु प्रियममृतं रक्षमाणा ॥ ९ ॥

मनः । न । यः । अध्वनः । सद्यः । एति । एकः । सत्रा । सूरः । वस्वः । ईशे । राजाना । मित्रावरुणा । सुपाणी इति सुऽपाणी । गोषु । प्रियम् । अमृतम् । रक्षमाणा ॥ ९ ॥

पदार्थः-(मनः) संकल्पविकल्पात्मिकान्तःकरणवृत्तिः (न) इव (यः) विद्वान् (अध्वनः) मार्गान् (सद्यः) शीघ्रम् (एति) गच्छति (एकः) असहायः (सत्रा) सत्यान् गुणकर्म स्वभावान् (सूरः) प्राणिगर्भविमोचिका प्राणस्थविद्युदिव (वस्वः) वसूनि (ईशे) ऐश्वर्ययुक्तो भवति (राजाना) प्रकाशमानौ सभाविद्याध्यक्षौ (मित्रावरुणा) यः सर्वमित्रः सर्वेश्वरश्च तौ (सुपाणी) शोभनाः पाणयो व्यवहारा ययोस्तौ (गोषु) पृथिवीराज्येषु (प्रियम्) प्रीतिकरम् (अमृतम्) सर्वसुखप्रापकत्वेन दुःखविनाशकम् (रक्षमाणा) यौ रक्षतस्तौ । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् ॥ ९ ॥

अन्वयः-हे स्त्रीपुरुषौ युवां यथा विद्वान् मनो न सूर इव विमानादियानैरध्वनः पारं सद्य एति। य एकः सत्रा वस्व ईशे तथा

गोषु प्रियममृतं रक्षमाणा सुपाणी मित्रावरुणौ राजानेव भूत्वा धर्मार्थकाममोक्षान् साध्नुयाताम् ॥ ६ ॥

भावार्थः-अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालं—यथा मनुष्या न विद्याविद्वत्सङ्गाभ्यां विना विमानादीन् रचयित्वा तत्र स्थित्वा देशान्तरेषु सद्योगमनागमने सत्यविज्ञानमुत्तमद्रव्यप्राप्तिंधार्मिको राजा च राज्यं भावयितुं शक्नुवन्ति तथा स्त्रीपुरुषेषु विद्याबलोन्नत्या विना सुखवृद्धिर्न भवति ॥ ६ ॥

पदार्थः-हे स्त्रीपुरुषो तुम विद्वान्मनुष्य जैसे (मनः) संकल्पविकल्परूप अन्तःकरण की वृत्ति के (न) समान वा (सूरः) प्राणियों के गर्भों को बाहर करने हारी प्रत्यक्ष बिजुली के तुल्य विमान आदि यानों से (अध्वनः) मार्गों को (सद्यः) शीघ्र (एति) जाता और (यः) जो (एकः) सहायरहित एका को (सत्रा) सत्य गुण कर्म और स्वभाव वाला (वस्वः) द्रव्यों को शीघ्र (ईशे) प्राप्त करता है वैसे (गोषु) पृथिवीराज्य में (प्रियम्) प्रीतिकारक (अमृतम्) सब सुखों दुःखों के नाश करने वाले अमृत की (रक्षमाणा) रक्षा करने वाले (सुपाणी) उत्तमव्यवहारों से युक्त (मित्रावरुणौ) सब के मित्र सब से उत्तम (राजाना) सभा वा विद्या के अध्यक्षों के सदृश हो के धर्म अर्थ काम और मोक्ष को सिद्ध किया करो ॥ ९ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालं०-जैसे मनुष्य विद्या और विद्वानों के संग के विना विमानादियानों को रच शीघ्र उन में स्थित हो कर देश देशान्तर में शीघ्र जाना आना सत्य विज्ञान उत्तम द्रव्यों की प्राप्ति और धर्मात्मा राजा राज्य के संपादन करने को समर्थ नहीं हो सकते वैसे स्त्री और पुरुषों में निरन्तर विद्या और शरीरबल की उन्नति के विना सुख की बढ़ती कभी नहीं हो सकती ॥ ९ ॥

पुनः स विद्वान् कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा हो इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मा नो॑ अग्ने स॒ख्या पित्र्या॑णि॒ प्र म॑र्षिष्ठा अ॒भि वि॒दुष्क॒विः सन् । नभो॒ न रू॒पं ज॑रि॒मा

मिनाति पुरा तस्या अभिशस्तेरधीहि ॥ १० ॥

मा । नः । अग्ने । सख्या । पित्र्याणि । प्र । मर्षिष्ठाः । अभि । विदुः । कविः । सन् । नभः । न । रूपम् । जरिमा । मिनाति । पुरा । तस्याः । अभिऽशस्तेः । अधि । इहि ॥ १० ॥

पदार्थः-(मा) निषेधे (नः) अस्माकम् (अग्ने) सर्वविद्याऽभिव्याप्त विद्वन् (सख्या) मित्रभावकर्माणि (पित्र्याणि) पितृभ्य आगतानि (प्र) प्रकृष्टार्थे (मर्षिष्ठाः) विनाशयेः (अभि) अभितः (विदुः) वेत्ता (कविः) पूर्णविद्यः (सन्) वर्त्तमानः (नभः) अन्तरिक्षम् (न) इव (रूपम्) रूपवद्वस्तु (जरिमा) एतस्याः स्तुतेर्भाव युक्तः (मिनाति) हन्ति (पुरा) पुरातनानि (तस्याः) उक्तायाः (अभिशस्तेः) हिंसायाः (अधि) उपरिभावे (इहि) स्मर ॥१०॥

अन्वयः-हे अग्ने पावकवज्जरिमा कविर्विदुः सँस्त्वं रूपं न तथा नोऽस्माकं पुरा पित्र्याणि सख्यामाभिप्रमर्षिष्ठास्तस्या अभिशस्तेर्नाशस्याधीहि एवंभूतः सन्यः सुखं मिनाति तं दूरीकुरु ॥ १० ॥

भावार्थः-अत्रोपमावाचकलु०-यथा रूपवन्तः पदार्थाः सूक्ष्मा वस्थां प्राप्यान्तरिक्षेऽदृश्या भवन्ति । तथाऽस्माकं सखित्वानि नष्टानि न भवेयुर्यतः सर्वे वयं सर्वथा विरोधं विहाय परस्परं सुहृदो भूत्वा सर्वदा सुखिनः स्याम ॥ १० ॥ १६ ॥

अत्रेश्वरसभाध्यक्षस्त्रीपुरुषविद्युदादिद्रव्यगुणवर्णनं कृतमत एतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इत्येकसप्ततितमं सूक्तं षोडशो वर्गश्च पूर्णः ॥ ७१ । १६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) सब विद्याओं को प्राप्त हुए विद्वान् (जरिमा) स्तुति के योग्य (कविः) पूर्णविद्या को (विदुः) जानने वाले (सन्) हो कर आप (नभो रूपं न) जैसे आकाश सब रूप वाले पदार्थों को अपने में नाश के समय गुप्त कर लेता है वैसे (नः) हम लोगों के (पुरा) प्राचीन (पित्र्याणि) पिता आदि से आए हुए (सख्या) मित्रता आदि कर्मों को (माभि प्र मर्षिष्ठाः) नष्ट मत कीजिये और (तस्याः) उस (अभिशस्तेः) नाश को (चिकिद्धि) अच्छी प्रकार स्मरण रखिये इसी प्रकार हो कर जो सुख को (मिनाति) नष्ट करता है उस को दूर कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—जैसे रूप वाले पदार्थ सूक्ष्म अवस्था को प्राप्त हो कर अन्तरिक्ष में नहीं दीखते वैसे हम लोगों के मित्रपन आदि व्यवहार नष्ट न होवें किन्तु हम सब लोग विरोध सर्वथा छोड़ कर परस्पर मित्र हो के सब काल में सुखी रहें ॥ १ ॥

इस सूक्त में ईश्वर सभाध्यक्ष स्त्री पुरुष और बिजुली विद्वानों के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्वसूक्तार्थ के साथ संगति समझनी चाहिये ॥

यह ७१ इकहत्तरवां सूक्त और १६ सोलहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ दशर्चस्य द्विसप्ततितमस्य सूक्तस्य पराशर ऋषिः । अग्निर्देवता १ । २ । ५ । ६ । ६ विराट् त्रिष्टुप् । ४ ।१० त्रिष्टुप ७ निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः । ३ । ८ भुरिक्पंक्तिश्छन्दः। पञ्चमः। स्वरः ॥

अथ मनुष्याणां वेदाध्यापनाध्ययनेन किं किं फलं भवतीत्युपदिश्यते ॥

अब बहत्तरवें सूक्त का आरंभ किया है । इस के प्रथम मंत्र में मनुष्यों को वेदों के पढ़ने पढ़ाने से क्या २ फल होता है इस वि० ॥

नि काव्या वेधसः शश्वतस्कुर्हस्ते दधानो नर्या पुरूणि । अग्निर्भुवद्रयिपती रयीणां सत्रा चक्राणो अमृतानि विश्वा ॥ १ ॥

नि । काव्या । वेधसः । शश्वतः । कः । हस्ते ।
दधानः । नर्या । पुरूणि । अग्निः । भुवत् ।
रयिपतिः । रयीणाम् । सत्रा । चक्राणः ।
अमृतानि । विश्वा ॥ १ ॥

पदार्थः-(नि) नितराम् (काव्या) वेदस्तोत्राणि वा (वेधसः) सकलविद्याधातुर्विधातुः (शश्वतः) अनादिस्वरूपस्य परमेश्वरस्य संबन्धात्प्रकाशितानि (कः) करोति (हस्ते) करे प्रत्यक्षवस्तुवत् (दधानः) धरन् (नर्या) नृभ्यो हितानि (पुरूणि) बहूनि (अग्निः) विद्वान्। अग्निरिति पदना० निघं० ५। ४ (भुवत्) भवति (रयिपतिः) श्रीशः (रयीणाम्) विद्याचक्रवर्त्तिप्रभृतिधनानाम् (सत्रा) सत्यानि सत्यार्थप्रतिपादकानि (चक्राणः) (अमृतानि) मोक्षपर्य्यन्तार्थप्रापकानि (विश्वा) सर्वाणि चतुर्वेदस्थानि ॥ १ ॥

अन्वयः-योग्निरिव विद्वान्मनुष्यो यानि वेधसः शश्वतः परमात्मनः सकाशात् प्रकाशितानि पुरूणि सत्राऽमृतानि विश्वा नर्य्याकाव्यानि सन्ति तानि दधानः विद्याप्रकाशं चक्राणः सन् धर्माचरणं नि को निश्चयेन करोति स रयीणां रयिपतिर्भुवद्भवति॥१॥

भावार्थः-हे मनुष्या अनन्तसत्यविद्येनाऽनादिना सर्वज्ञेन परमेश्वरेण युष्मद्धिताय स्वविद्यामया अनादयो वेदाः प्रकाशितास्तानधीत्याध्याप्य च धार्मिका विद्वांसो भूत्वा धर्मार्थकाममोक्षान्निर्वर्त्तयत ॥ १ ॥

पदार्थः-जो (अग्निः) अग्नि के तुल्य विद्वान् मनुष्य (वेधसः) सब विद्याओं के धारण और विधान करने वाले (शश्वतः) अनादि स्वरूप परमेश्वर के सम्बन्ध

से प्रकाशित हुए (पुरूणि) बहुत (सचा) सत्य अर्थों के प्रकाश करने तथा (अमृतानि) मोक्षपर्यन्त अर्थों को प्राप्त कराने वाले (विश्वा) सब (नर्य्या) मनुष्यों को सुख होने के हेतु (काव्या) सर्वज्ञ निर्मित वेदों के स्तोत्र हैं उन को (हस्ते) हाथ में प्रत्यक्ष पदार्थ के तुल्य (दधानः) धारण कर तथा विद्या प्रकाश को (चक्राणः) करता हुआ धर्माचरण को (निकः) निश्चय करके सिद्ध करता है वह (रयीणाम्) विद्या चक्रवर्त्ति राज्य आदि धनों का (रयिपतिः) पालन करने वाला श्रीपति (भुवत्) होता है ॥ १ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम अनन्त सत्यविद्यायुक्त अनादि सर्वज्ञ परमेश्वर ने तुम लोगों के हित के लिये जिन अपनी विद्यामय अनादि रूप वेदों को प्रकाशित किये हैं उन को पढ़ पढ़ा और धर्मात्मा विद्वान् हो कर धर्म अर्थ काम मोक्ष आदि फलों को सिद्ध करो ॥ १ ॥

य एतान् स्वीकुर्वन्ति ते सदानन्दा भवन्ति ये च नाधीयते
वृथाश्रमा भवन्तीत्युपदिश्यते ॥

जो लोग इन उक्त वेदों को पढ़ते हैं वे ही सदा आनन्द में रहते हैं और जो नहीं पढ़ते उन का परिश्रम व्यर्थ जाता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अस्मे वत्सं परि षन्तं न विन्दन्निच्छन्तो विश्वे अमृता अमूराः । श्रमयुवः पदव्यो धियन्धास्तस्थुः पदे परमे चार्वग्नेः ॥२॥

अस्मेइति । वत्सम् । परि । सन्तम् । न । विन्दन् । इच्छन्तः । विश्वे । अमृताः । अमूराः । श्रमऽयुवः । पदऽव्यः । धियम्ऽधाः । तस्थुः । पदे । परमे । चारु । अग्नेः ॥ २ ॥

पदार्थः—(अस्मे) अस्मान् (वत्सम्) सुखेषु निवासयन्तं व्यक्तवाचं प्रसिद्धं वेदचतुष्टयम् अत्र वृतृ० उ० ३। ६२ इति सूत्रेणास्य सिद्धिः (परि) सर्वतः (सन्तम्) वर्त्तमानम् (न) निषेधे (विन्दन्) लभन्ते (इच्छन्तः) श्रद्धालवो भूत्वा (विश्वे) सर्वे जीवाः (अमृताः) अनुत्पन्नत्वादनादित्वान्मरणधर्मरहिताः प्राप्तमोक्षाश्च (अमूराः) मूढभावरहिताः (अपसुवः) अपसा युक्ताः । अत्र क्विब्वचिप्रच्छि० उ० २। ५४ इति क्विब्दीर्घौ भवतः (पदव्यः) सुखं प्राप्ताः (धियंधाः) बुद्धिंकर्म वा दधति (तस्थुः) तिष्ठन्ति (पदे) प्राप्तव्ये (परमे) सर्वोत्कृष्टे (चारु) श्रेष्ठं यथा स्यात्तथा (अग्नेः) परमेश्वरस्य ॥ २ ॥

अन्वयः—ये विश्वे अमृता अमूराः अपसुवः पदव्यो धियंधा मोक्षमिच्छन्तो मनुष्या अस्मे वत्सं सन्तं वेदचतुष्टयं परि विन्दँस्तेऽग्नेश्चारुपरमे पदे तस्थुर्ये च न विदुस्ते तद्ब्रह्म पदं नाप्नुवन्ति ॥२॥

भावार्थः—सर्वे जीवा अनादयः सन्त्येतेषां मध्ये ये मनुष्यदेहधारिणः सन्ति तान् प्रतीश्वर उपदिशति । हे मनुष्याः सर्वे यूयं वेदानधीत्याध्याप्याज्ञानविरहा ज्ञानवन्तः पुरुषार्थिनो भूत्वा सुखिनो भवत । न हि वेदार्थज्ञानेन विना कश्चिदपि मनुष्यः सर्वविद्याः प्राप्तुं शक्नोति तस्माद्वेदविद्यावृद्धिं सम्यक् कुरुत ॥२॥

पदार्थः—जो (विश्वे) सब (अमृताः) उत्पत्तिमृत्युरहित अनादि (अमूराः) मूढतादि दोषरहित (अपसुवः) अप से युक्त (पदव्यः) सुखों को प्राप्त (धियंधाः) बुद्धि वा कर्म को धारण करने वाले (इच्छन्तः) श्रद्धालु होकर मनुष्य (अस्मे) हम लोगों को (वत्सम्) पुत्रवत्सुखों में निवास कराती हुई प्रसिद्ध चारों वेद से युक्त वाणी के (सन्तम्) वर्त्तमान को (परिविन्दन्) प्राप्त करते हैं वे (अग्नेः) (चारु) श्रेष्ठ जैसे हो वैसे परमात्मा के (परमे) सब से उत्तम (पदे) प्राप्त होने योग्य सुखरूपी मोक्ष पद में (तस्थुः) स्थित होते हैं और जो नहीं जानते वे उस ब्रह्म पद को प्राप्त नहीं होते ॥ २ ॥

भावार्थः–सब जीव अनादि हैं जो इन के बीच मनुष्य देहधारी हैं उन के प्रति ईश्वर उपदेश करता है कि हे मनुष्यो तुम सब लोग वेदों को पढ़ पढ़ा कर अज्ञान से ज्ञानवाले पुरुषार्थी होके सुख भोगो क्योंकि वेदार्थज्ञान के विना कोई भी मनुष्य सब विद्याओं को प्राप्त नहीं हो सकता इस से तुम लोगों को वेदविद्या की वृद्धि निरन्तर करनी उचित है ॥

पुनस्ते किमर्थमधीयीरन्नित्युपदिश्यते ॥

फिर वे उन वेदों को किस लिये पढ़ें इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

ति॒स्रो यद॑ग्ने श॒रद॒स्त्वामिच्छुचिं॑ घृ॒तेन॒ शुच॑यः सप॒र्यान् । नामा॑नि चिद्दधिरे य॒ज्ञि॒या॒न्यसू॑दयन्त त॒न्व१॒ः सुजा॑ताः ॥ ३ ॥

ति॒स्रः । यत् । अ॒ग्ने॒ । श॒रदः॑ । त्वाम् । इत् । शुचि॑म् । घृ॒तेन॑ । शुच॑यः । स॒प॒र्यान् । नामा॑नि । चि॒त् । द॒धि॒रे॒ । य॒ज्ञिया॑नि । असू॑दयन्त । त॒न्वः॑ । सुऽजा॑ताः ॥ ३ ॥

पदार्थः–(तिस्रः) त्रित्वसंख्याविशिष्टान् (यत्) ये (अग्ने) विद्वन् (शरदः) शरदृत्वन्तान् संवत्सरान् (त्वाम्) तम् (इत्) एव (शुचिम्) पवित्रम् (घृतेन) आज्येनोदकेन वा (शुचयः) पवित्राः सन्तः (सपर्यान्) परिचरेयुः सेवेरन् (नामानि) अर्थ-ज्ञानक्रियासहितानि संज्ञाः (चित्) अपि (दधिरे) दधति (यज्ञियानि) कर्मोपासनाज्ञानसंपादनार्हाणि कर्माणि (असूदयन्त)

संचालयेयुः (तन्वः) तनूः (सुजाताः) विद्याक्रियासु कौशले सुष्ठु प्रसिद्धाः ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यद्ये शुचयः सुजाता मनुष्याः शुचिं त्वां तिस्रः शरदः सपर्यान् त इद्यज्ञियानि नामानि दधिरे चिदपि घृतेन तन्वस्तनूरसूदयन्त ॥

भावार्थः—नहि कस्यचिदपि वेदाननधीत्य विद्याः प्राप्नोति नहि विद्याभिर्विना मनुष्यजन्मसाफल्यं पवित्रता च जायते तस्मात्सर्वैर्मनुष्यैरेतत्कर्म प्रयत्नेन सदैवानुष्ठेयम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् (यत्) जो (शुचयः) पवित्र (सुजाताः) विद्याक्रियाओं में उत्तम कुशलता से प्रसिद्ध मनुष्य (शुचिम्) पवित्र (त्वाम्) तुझ को (तिस्रः) तीन (शरदः) ऋतु वाले संवत्सरों को (सपर्यान्) सेवन करें वे (इत्) ही (यज्ञियानि) कर्म उपासना और ज्ञान को सिद्ध करने योग्य व्यवहार (नामानि) अर्थज्ञान सहित संज्ञाओं को (दधिरे) धारण करें (चित्) और (घृतेन) घृत वा जलों के साथ (तन्वः) शरीरों को भी (असूदयन्त) चलावें ॥ ३ ॥

भावार्थः—कोई भी मनुष्य वेदविद्या के विना पढ़े विद्वान् नहीं होसकता और विद्याओं के विना निश्चय करके मनुष्यजन्म की सफलता तथा पवित्रता नहीं होती इस लिये सब मनुष्यों को उचित है कि इस धर्म का सेवन नित्य करें ॥ ३ ॥

वेदानामध्येतारः कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

वेदों के पढ़ने वाले किस प्रकार के हों इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ रोदसी बृहती वेविदानाः प्र रुद्रिया जभ्रिरे यज्ञियासः । विदन्मर्तो नेमधिता चिकित्वानग्निं पदे परमे तस्थिवांसम् ॥ ४ ॥

आ। रोदसी इति। बृहती इति। वेविदानाः। प्र। रुद्रियाः। जभ्रिरे। यज्ञियासः। विदत्। मर्त्तः। नेमऽधिता। चिकित्वान्। अग्निम्। पदे। परमे। तस्थिऽवांसम् ॥ ४ ॥

पदार्थः-(आ) अभितः (रोदसी) भूमिराज्यं विद्याप्रकाशं वा (बृहती) महत्यौ (वेविदानाः) अतिशयेन विज्ञानवन्तः (प्र) प्रकृष्टार्थे (रुद्रियाः) शत्रून् दुष्टान् रोदयतां संबन्धिनो रुद्राः (जभ्रिरे) भरन्ति पुष्णन्ति (यज्ञियासः) यज्ञसंपादने योग्याः (विदत्) जानाति (मर्त्तः) मनुष्यः (नेमधिता) नेमाः प्राप्ताः पदार्था धिता हिता येन सः । अत्र सुधितवसुधितनेमधितधिष्व-धिषीय च । अ० ७ । ४ । ४५ । इति छन्दसि निपातनात् क्तप्रत्यये हित्वं प्रतिषिध्यते । सुपां सुलुगिति सोः स्थाने आकारादेशः (चिकित्वान्) ज्ञानवान् (अग्निम्) परमेश्वरम् (पदे) प्राप्तव्ये गुणसमूहे (परमे) सर्वोत्कृष्टे (तस्थिवांसम्) स्थितम् ॥ ४ ॥

अन्वयः-ये रुद्रिया वेविदाना यज्ञियासो विद्वांसो बृहती रोदसी आजभ्रिरे सर्वविद्याविदस्तेषां सकाशाद्विज्ञानं प्राप्य यश्चिकित्वान् नेमधिता मर्त्तः परमे पदे तस्थिवांसमग्निं प्रविदत् स सुखी जायते ॥ ४ ॥

भावार्थः-मनुष्यैर्वेदविदां सकाशात् सुनियमेन वेदविद्यां प्राप्य विद्वांसो भूत्वा परमेश्वरं तत्सृष्टं च विज्ञायाऽन्येभ्यो विद्याः सततं दातव्याः ॥ ४ ॥

पदार्थः-जो (रुद्रियाः) दुष्टशत्रुओं को रुलाने वाले के संबन्धी (वेविदानाः)

अत्यन्तज्ञानयुक्त (यज्ञियासः) यज्ञ की सिद्धि करने वाले विद्वान् लोग (बृहती) बड़े (रोदसी) भूमि राज्य वा विद्याप्रकाश को (आजभ्रिरे) धारण पोषण करते और समग्र विद्याओं को जानते हैं उन से विज्ञान को प्राप्त हो कर जो (चिकित्वान्) ज्ञानवान् (नेमधिता) प्राप्त पदार्थों का धारण करने वाला (मर्त्तः) मनुष्य (परमे) सब से उत्तम (पदे) प्राप्त करने योग्य मोक्षपद में (तस्थिवांसम्) स्थित हुए (अग्निम्) परमेश्वर को (प्रविदत्) जानता है वही सुख भोक्ता है ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि वेद के जानने वाले विद्वानों से उत्तम नियमद्वारा वेदविद्या को प्राप्त हो विद्वान् हो के परमेश्वर तथा उस के रचे हुए जगत् का ज्ञान अन्य मनुष्यों के लिये निरन्तर दिया देवें ॥ ४ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे विद्वान् कैसे हों यह विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

संजानाना उप सीदन्नभिज्ञु पत्नीवन्तो नमस्यं नमस्यन् । रिरिक्वांसस्तन्वः कृण्वत स्वाः सखा सख्युर्निमिषि रक्षमाणाः ॥ ५ ॥ १७ ॥

सम्ऽजानानाः । उप । सीदन् । अभिऽज्ञु । पत्नीऽवन्तः । नमस्यम् । नमस्यन्निति नमस्यन् । रिरिक्वांसः । तन्वः । कृण्वत । स्वाः । सखा । सख्युः । निऽमिषि । रक्षमाणाः ॥ ५ ॥ १७ ॥

पदार्थः-(संजानानाः) सम्यग्जानन्तः। अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (उप) सामीप्ये (सीदन्) तिष्ठन्ति (अभिज्ञु) अभितोजानुनी यस्य तम् (पत्नीवन्तः) प्रशस्ता विद्यायुक्ता यज्ञसंबन्धिन्यः स्त्रियो विद्यन्ते येषान्ते (नमस्यम्) परमेश्वरमध्यापकं विद्वांसं वा नमस्कारार्हम् (नमस्यन्) सत्कुर्वन्ति (रिरिक्वांसः) अधर्मादिद्भिर्निर्गताः। अत्र न्यङ्क्वादित्वात्कुत्वम् (तन्वः) बलारोग्ययुक्तास्ते (कृण्वत) कुर्वन्ति (स्वाः) स्वकीयाः (सखा) सुहृत् (सख्युः) सुहृदः (निमिषि) विद्याधिक्याय स्पर्धिते सन्तते व्यवहारे (रक्षमाणाः) रक्षां कुर्वन्तः ॥ ५ ॥

अन्वयः-ये संजानानाः पत्नीवन्तो धर्मविद्ये रक्षमाणा अधर्माद्रिरिक्वांसो विद्वांसोऽभिज्ञूपसीदन्नमस्यं नमस्यन्निमिषि सख्युः सखेव स्वास्तन्वः कृण्वत ते भाग्यशालिनोभवन्ति ॥ ५ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०-नहीश्वरविदुषोः सत्कारेण विना कस्यचिद् विद्यासुखानि प्रजायन्ते तस्मात्सत्कर्त्तुं योग्यानामेव सत्कारः सदैव कर्तव्यः ॥ ५ ॥

पदार्थः-जो (संजानानाः) अच्छी प्रकार जानते हुए (पत्नीवन्तः) प्रशंसा योग्य विद्यायुक्त यज्ञ को जानने वाली स्त्रियों के सहित (रक्षमाणाः) धर्म और विद्या की रक्षा करते हुए विद्वान् लोग (रिरिक्वांसः) विशेष करके पापों से पृथक् (अभिज्ञु) जंघाओं से (उपसीदन्) सन्मुख समीप बैठना जानते हैं तथा (नमस्यम्) नमस्कार करने योग्य परमेश्वर और पढ़ाने वाले विद्वान् का (नमस्यन्) सत्कार करते और (निमिषि) अधिकविद्या के होने से स्पर्द्धायुक्त निरन्तर व्यवहार में क्षण २ में (सख्युः) मित्र के (सखा) मित्र के समान (स्वाः) अपने (तन्वः) शरीरों को (कृण्वत) बल और रोगरहित करते हैं वे मनुष्य भाग्यशाली होते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में श्लेष और वाचकलु०—ईश्वर और विद्वान् के सत्कार करने के विना किसी मनुष्य को विद्या के पूर्ण सुख नहीं हो सकते। इस लिये

मनुष्यों को चाहिये कि सत्कार करने ही योग्य मनुष्यों का सत्कार और अयोग्यों का असत्कार करें ॥ ५ ॥

एते विद्यया किं विदित्वा वर्त्तेत इत्युपदिश्यते ॥

इन विद्वानों को विद्या से किस को जान के वर्त्तना योग्य है इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

त्रिः सप्त यद्गुह्यानि त्वे इत्पदाविदन्निहिता यज्ञियासः । तेभी रक्षन्ते अमृतं सजोषाः पशूञ्च स्थातॄञ्चरथं च पाहि ॥ ६ ॥

त्रिः । सप्त । यत् । गुह्यानि । त्वे इति । इत् । पदा । अविदन् । निऽहिता । यज्ञियासः । तेभिः । रक्षन्ते । अमृतम् । सऽजोषाः । पशून् । च । स्थातॄन् । चरथम् । च । पाहि ॥ ६ ॥

पदार्थः—(त्रिः) त्रिवारं श्रवणमनननिदिध्यासनैः (सप्त) साङ्गोपाङ्गांश्चतुरो वेदान् त्रीन् क्रियाकौशलविज्ञानपुरुषार्थान् (यत्) यानि (गुह्यानि) गुप्तानि सम्यक् स्वीकर्त्तव्यानि (त्वे) केचित् (इत्) अपि (पदा) प्राप्तुमर्हाणि (अविन्दन्) लभन्ते (निहिता) निधिरूपाणि (यज्ञियासः) यज्ञसंपादने योग्याः (तेभिः) तैः (रक्षन्ते) पालयन्ति (अमृतम्) धर्मार्थकाममोक्षाख्यममृतसुखम् (सजोषाः) समानप्रीतिसेविनः (पशून्)

पशुवद् वर्त्तमानान् मूर्खत्वयुक्तान् मनुष्यान् गवादीन् वा (च) समुच्चये (स्थातॄन्) भूम्यादिस्थावरान् (चरथम्) मनुष्यादि जङ्गमम् (च) समुच्चये (पाहि) रक्ष ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा त्वे यज्ञियासो यद्यानि निहिता गुह्यानि सप्त पदानि विरविन्दँस्तथा त्वमप्येतानि लभस्व। हे जिज्ञासो यथैते सजोषास्तेभिरमृतं पशून् चाद्भृत्यादीन् स्थातॄन् चाद्राज्यरत्नादीँश्चरथं जङ्गमं चात्पुत्रकलत्रादीन् रक्षन्ते तथैतानि त्वमित् पाहि ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालं०— मनुष्यैर्विदुषामनुकरणं कार्य्यं न किलाऽविदुषाम् । यथा सत्पुरुषाः सत्कार्येषु प्रवर्त्तन्ते दुष्टानि कर्माणि त्यजन्तितथैव सर्वमनुष्ठेयमिति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे विद्वान्मनुष्यो जैसे (त्वे) कोई (यज्ञियासः) यज्ञ के सिद्ध करने वाले विद्वान् (यत्) जिन (निहिता) स्थापित विद्यादि धनरूप (गुह्यानि) गुप्त वा सब प्रकार स्वीकार करने (पदा) प्राप्त होने योग्य (सप्त) सात अर्थात् चार वेदों और तीन क्रियाकौशल, विज्ञान, और पुरुषार्थों को (विः) श्रवणमनन और विचार करने से (अविन्दन्) प्राप्त करते हैं वैसे तुम भी इन को प्राप्त हो ओ। हे जानने की इच्छा करने हारे सज्जन जैसे (सजोषाः) समान प्रीति के सेवन करने वाले (तेभिः) उन्हीं से (अमृतम्) धर्म अर्थ काम और मोक्ष रूपी सुख (पशून्) पशुओं के तुल्य मूर्खत्व युक्त मनुष्य वा पशु आदि (च) और भृत्य आदि (स्थातॄन्) भूमि आदि स्थावर (च) और राज्य रत्नादि संपदा (चरथम्) मनुष्य आदि जङ्गम (च) और स्त्री पुत्र आदि की (रक्षन्ते) रक्षा करते हैं। वैसे इन की तू (इत्) भी (पाहि) रक्षा कर॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि विद्वानों का अनुकरण करें मूर्खों का नहीं जैसे सज्जन पुरुष उत्तम कार्यों में प्रवृत्त होते और दुष्ट कर्मों का त्याग करदेते हैं वैसा ही सब मनुष्य करें ॥ ६ ॥

पुनरीश्वरगुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर भी अगले मंत्र में ईश्वर के गुणों का उपदेश किया है ॥

विद्वाँ अग्ने वयुनानि क्षितीनां व्यानुषक् शु-
रुधो जीवसे धाः । अन्तर्विद्वाँ अध्वनो देव-
यानानतन्द्रो दूतो अभवो हविर्वाट् ॥७॥

विद्वान् । अग्ने । वयुनानि । क्षितीनाम् ।
वि । आनुषक् । शुरुधः । जीवसे । धाः ।
अन्तःऽविद्वान् । अध्वनः । देवऽयानान् ।
अतन्द्रः । दूतः । अभवः । हविःऽवाट् ॥७॥

पदार्थः–(विद्वान्) यः सर्वं वेत्ति (अग्ने) सर्वसुखप्रापक (वयुनानि) विज्ञानानि (क्षितीनाम्) मनुष्याणाम् (वि) विविधार्थे (आनुषक्) आनुकूल्ये (शुरुधः) प्राप्तव्यानि सुखानि (जीवसे) जीवितुम् (धाः) दधासि (अन्तर्विद्वान्) योऽन्तर्वेत्ति सः (अध्वनः) मार्गान् (देवयानान्) यान्ति यैस्तान् देवानां विदुषां गमनाधिकरणान् (अतन्द्रः) अनलसः (दूतः) विज्ञापकः (अभवः) भवति (हविर्वाट्) विज्ञानादिप्रापकः ॥ ७ ॥

अन्वयः–हे अग्ने यतोऽन्तर्विद्वान् बहिर्विद्वानतन्द्रो हविर्वाट् त्वं क्षितीनां वयुनानि जीवसे शुरुध आनुषक् विधा देवयानानध्वनो दूतोऽभवस्तस्मात्पूज्यतमोऽसि ॥ ५ ॥

भावार्थः–अत्र श्लेषालं०–यः प्रार्थितो सेवित ईश्वरो विद्वान् वा धर्म्यमार्गं विज्ञानं प्रदर्श्य सुखानि ददाति स कथं न सेवनीयः॥७॥

पदार्थः—हे (अग्ने) सब सुख प्राप्त कराने वाले जगदीश्वर जिस कारण (अन्तर्विद्वान्) अन्तःकरण के सब व्यवहारों को तथा (विद्वान्) बाहर के कार्यों को जानने वाले (अतन्द्रः) आलस्य रहित (हविर्वाट्) विज्ञान आदि प्राप्त कराने वाले आप (चितीनाम्) मनुष्यों के (वयुनानि) विज्ञानों को (जीवसे) जीवन के लिये (ध्रुवधः) प्राप्त करने योग्य सुखों को (आनुषक्) अनुकूलता पूर्वक (विधाः) विविध प्रकार से धारण करते हो वेदद्वारा (देवयानान्) विद्वानों के जाने आने वाले (अध्वनः) मार्गों के (दूतः) विज्ञान कराने वाले (अभवः) होते हो इस से आप का सत्कार हम लोग अवश्य करें ॥ ७ ॥

भावार्थः— जो प्रार्थना वा सेवन किया हुआ ईश्वर धर्ममार्ग वा विज्ञान को दिखा कर सुखों को देता है उस का सेवन अवश्य करना चाहिये ॥ ७ ॥

पुनस्ते ब्रह्मविदो विद्वांसः कीदृशा भवन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वे ब्रह्म के जानने वाले विद्वान् कैसे होते हैं

इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

स्वाध्यो॑ दिव आ सप्त यह्वी रायो दुरो व्यृ॑त-
ज्ञा अ॑जानन् । विदद्गव्यं॑ सरमा॑ दृढमूर्वं
येना नु कं मानु॑षी भोज॑ते विट् ॥ ८ ॥

सुऽआध्यः॑ । दिवः । आ । सप्त । यह्वीः ।
रायः । दुरः॑ । वि । ऋतऽज्ञाः । अजानन् ।
विदत् । गव्य॑म् । सरमा॑ । दृढम् । ऊर्वम् ।
येन॑ । नु । कम् । मानु॑षी । भोज॑ते । विट् ॥ ८ ॥

पदार्थः—(स्वाध्यः) ये सुष्ठु सम्यक् सर्वेषां कल्याणं ध्यायन्ति

ते (द्विवः) पूर्वोक्ताविद्याः (आ) अभितः (सप्त) एतत्संख्याकान् (यह्वीः) महतीः (रायः) अनुत्तमानि धनानि (दुरः) दूर्वन्ति सर्वाणि दुःखानि यैस्तान् विद्याप्रवेशस्थान् द्वारान् (वि) विशेषार्थे (ऋतज्ञाः) सत्यविदः (अजानन्) जानन्ति (विदत्) लभते (गव्यम्) गोभ्यः पशुभ्य इन्द्रियेभ्यो वा हितम् (सरमा) या सराम् बोधान् मिमीते सा (दृढम्) (ऊर्वम्) दोषहिंसनम् (येन) पुरुषार्थेन (नु) शीघ्रम् (कम्) सुखम् (मानुषी) मानुषाणामियम् (भोजते) भुङ्क्ते अत्र विकरणव्यत्ययेन शप् (विट्) प्रजाः ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यथा स्वाध्य ऋतज्ञाविद्वांसो येन यह्वीः सप्त द्विवो रायो दुरो व्यजानन् येन सरमा मानुषी विट् दृढमूर्वं गव्यं सुखं नु विदत्कं भोजते तथैव तत्कर्म सदा सेवध्वम् ॥८॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्याणामियं योग्यतास्ति यादृशीं विद्यां स्वयं प्राप्नुयात्तादृशीं सर्वेभ्यो नैष्कापट्येन सदा दद्युः यतो मनुष्याः सर्वाणि सुखानि लभेरन् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे २ (स्वाध्यः) सब के कल्याण को यथावत् विचारने (ऋतज्ञाः) सत्य के जानने वाले (येन) जिस पुरुषार्थ से (यह्वीः) बड़े (सप्त) सात संख्या वाले (द्विवः) सूर्य के तुल्य विद्या (रायः) अति उत्तम धनों के (दुरः) प्रवेश के स्थानों को (व्यजानन्) जानते तथा (सरमा) बोध के समान करने वाली (मानुषी) मनुष्यों की (विट्) प्रजा (दृढम्) दृढ़ निश्चल (ऊर्वम्) दोषों का नाश (गव्यम्) पशु और इन्द्रियों के हितकारक सुख को (नु) शीघ्र (विदत्) प्राप्त होती है वैसे इस कर्म का सदा सेवन करो ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को यह योग्य है कि जैसी विद्या को पढ़ें वैसी ही कपट छल छोड़ कर सब मनुष्यों को पढ़ावें और उपदेश करें जिस से मनुष्य लोग सब सुखों को प्राप्त हों ॥ ८ ॥

पुनस्ते कीदृशा इत्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हों इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है

आ ये विश्वा स्वपत्यानि तस्थुः कृण्वाना-
सो अमृतत्वाय गातुम् । मह्ना महद्भिः
पृथिवी वि तस्थे माता पुत्रैरदितिर्धाय-
से वेः ॥ ९ ॥

आ । ये । विश्वा । सुऽअपत्यानि । तस्थुः ।
कृण्वानासः । अमृतत्वाय । गातुम् । मह्ना ।
महत्ऽभिः । पृथिवी । वि । तस्थे । माता ।
पुत्रैः । अदितिः । धायसे । वेरिति वेः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (ये) विद्वांसः (विश्वा) सर्वाणि (स्वपत्यानि) शोभनशिक्षायुक्तान् पुत्रादीन् (तस्थुः) तिष्ठन्ति (कृण्वानासः) कुर्वन्तः (अमृतत्वाय) मोक्षादिसुखानां भावाय (गातुम्) बोधसमूहम् गातुरिति पदना० निघं० ४ । १ (मह्ना) महागुणसमूहेन (महद्भिः) महासुखकारकैर्गुणैः (पृथिवी) भूमिः (वि) विशेषार्थे (तस्थे) तिष्ठामि (मा) उत्पादिका (पुत्रैः) सह (अदितिः) द्यौः (धायसे) धारणाय । अत्र बाहुलकादौणादिकोऽसुन्प्रत्ययो युट् च (वेः) पक्षिण इव ॥ ९ ॥

अन्वयः—यथा येऽमृतत्वाय गातुं कृण्वानासो विद्वांसो

मद्भिर्गुणैः सह विश्वानि स्वपत्यानि मह्ना धायसे पृथिवीव पुत्रैर्माे-वेवादितिर्मूर्त्तान्पदार्थान् वेरिवातस्थुस्तथैवैतदहं वितस्थे ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० मनुष्यैर्विद्वद्वत्स्वसंतान्सुशिक्षाविद्यायुक्तान् कृत्वा धर्मार्थकाममोक्षान् प्राप्यताम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—जैसे (जो) ये (अमृतत्वाय) मोक्षादि सुख होने के लिये (गातुम्) भूमि के समान बोध के कोश को (कृण्वानाः) सिद्ध करते हुए विद्वान् लोग (मद्भिः) अतिसुख करने वाले गुणों के साथ (विश्वा) सब (स्वपत्यानि) उत्तमशिक्षायुक्त पुत्रादिकों को (मह्ना) बड़े २ गुणों से (धायसे) धारण के लिये (पृथिवी) भूमि के तुल्य (पुत्रैः) पुत्रों के साथ (माता) माता के समान (अदितिः) प्रकाशस्वरूप सूर्य्य स्थूलपदार्थों में (वेः) व्याप्ति करने वाले पक्षि के समान (आतस्थुः) स्थित होते हैं वैसे मैं इस कर्म का (वितस्थे) विशेष करके ग्रहण करता हूं ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को विद्वानों के समान अपने सन्तानों को विद्याशिक्षा से युक्त करके धर्म अर्थ काम और मोक्ष रूपी सुखों को प्राप्त करना चाहिये ॥ ६ ॥

पुनस्ते किं धरन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वे विद्वान् किस का धारण करते हैं यह वि० ॥

अधि श्रियं नि दधुश्चारुमस्मिन् दिवो यद्-क्षी अमृता अकृण्वन् । अध क्षरन्ति सि-न्धवो न सृष्टाः प्र नीचीरग्ने अरुषीरजा-नन् ॥ १० । १८ ॥

अधि । श्रियम् । नि । दधः । चारुम् । अ-स्मिन् । दिवः । यत् । अक्षी इति । अमृताः ।

अकृण्वन् । अधं । चरन्ति । सिन्धवः । न । सृष्टाः । प्र । नीचीः । अग्ने । अरुषीः । अजानन् ॥ १० । १८ ॥

पदार्थः-(अधि) अधिकार्थे (श्रियम्) विद्याराज्यैश्वर्यशोभाम् (नि) नितराम् (दधुः) धरन्ति (चारुम्) श्रेष्ठं व्यवहारम् (अस्मिन्) लोके (दिवः) विज्ञानात्सूर्य्यप्रकाशाद्वा (यत्) ये (अक्षी) अश्नुवते व्याप्नुवन्ति याभ्यां बाह्याभ्यन्तरविद्यायुक्ताभ्यान्ते (अमृताः) मरणधर्मरहिताः प्राप्तमोक्षा वा (अकृण्वन्) कुर्वन्ति (अध) अनन्तरम् । अथेत्यस्यार्थे शब्दारम्भेऽधेत्यव्ययम् (चरन्ति) संवर्षन्ति (सिन्धवः) नद्यः (न) इव (सृष्टाः) निर्मिताः (प्र) क्रियायोगे (नीचीः) नितरां सेव्याः (अग्ने) विद्वान् (अरुषीः) उषस इव सर्वसुखप्रापिका विद्याः क्रिया वा (अजानन्) जानीयुः ॥ १० ॥

अन्वयः-हे अग्ने यथा यद्येऽमृता विद्वांसोऽस्मिन् श्रियमधि निदधुश्चारु दिवोऽक्षी अकृण्वन् सृष्टाः सिन्धवो नाध सुखानि चरन्ति नीचीररुषीः प्रजानन् तथात्वमप्येतान्निधेहि कुरु देहि प्रजानीहि ॥ १० ॥

भावार्थः-अत्रोपमालुप्तोपमालं०—हे मनुष्या यथायोग्यं विदुषामाचरणं स्वीकुरुत । नैवाविदुषाम् । यथा नद्यः सुखानि सृजन्ति तथा सर्वेभ्यः सर्वाणि सुखानि सृजत ॥ १० ॥

अत्रेश्वरविद्वद्गुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥

इति ७२ द्विसप्ततितमं सूक्तमष्टादशो १८ वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः-जैसे (यत्) जो (अमृताः) मरण जन्म रहित मोक्ष को प्राप्त

भ्रमण और उपदेश करने वाले परोपकारी मनुष्य के (न) समान (विधतः) वा सब व्यवहारों को विधान करता है उस के (होतेव) देने लेने वाले (सद्म) घर के तुल्य वर्त्तमान शरीर का (वितारीत्) सेवन और उस से उपकार लेके सब को सुख देता है उस का नित्य सेवन और उस से परोपकार कराया करो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है—विद्याधर्मानुष्ठान विद्वानों का संग तथा उत्तमविचार के विना किसी मनुष्य को विद्या और सुशिक्षा का साक्षात्कार पदार्थों का ज्ञान नहीं होता और निरन्तर भ्रमण करने वाले अतिथि विद्वानों के उपदेश के विना कोई मनुष्य सन्देह रहित नहीं हो सकता इस से सब मनुष्यों को अच्छा आचरण करना चाहिये ॥ १ ॥

पुनर्विद्वान् कीदृशः स्यादित्युपदिश्यते ॥

फिर वह विद्वान् कैसा हो इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है

देवो न यः संविता सत्यमंन्मा क्रत्वा निपाति वृजनानि विश्वा पुरुप्रशस्तो अमतिर्न सत्य आत्मेव शेवो दिधिषाय्यो भूत् ॥२॥

देवः । न । यः । सविता । सत्यऽमंन्मा । क्रत्वा । निऽपाति । वृजनानि । विश्वा । पुरुऽप्रशस्तः । अमतिः । न । सत्यः । आत्माऽइव । शेवः । दिधिषाय्यः । भूत् ॥२॥

पदार्थः—(देवः) दिव्यगुणः (न) इव (यः) पूर्णविद्यः (सविता) सूर्य्यः (सत्यमन्मा) यः सत्यं मन्यते विजानाति विज्ञापयति सः (क्रत्वा) कर्मणा (निपाति) नित्यं रक्षति (वृजनानि) बलानि ।

वृजनमिति बलना० निघं० २ । ६ (विश्वा) सर्वाणि (पुरुप्रशस्तः) बहुषु श्रेष्ठतमः (अमतिः) सुन्दरस्वरूपः (दिधिषाय्यः) धारकः पोषकः । दधातेर्द्वित्वमित्वं षुक् च । उ० ३ । ९५ अनेनायं सिद्धः (भूत्) वर्त्तते ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यः सविता देवो न सत्यमन्मा क्रत्वा विश्वा वृजनानि पाति पुरुप्रशस्तोऽमतिर्न सत्यो दिधिषाय्य आत्मेव शेवो भूत्तं सेवित्वा विद्योन्नतिं कुरुत ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—नैव मनुष्याः विद्वत्संगेन विना सत्यविद्याबलसुखसौन्दर्य्याणि प्राप्तुं शक्यन्ते तस्मादेते नित्यं सेवनीयाः ॥ २ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम (यः) जो (सविता) सूर्य्य (देवः) दिव्य गुण के (न) समान (सत्यमन्मा) सत्य को जानने वा जनाने वाला विद्वान् (क्रत्वा) बुद्धि वा कर्म से (विश्वा) सब (वृजनानि) बलों को (सिपाति) रक्षा करता है (पुरुप्रशस्तः) बहुतों में अतिश्रेष्ठ (अमतिः) उत्तम स्वरूप के (न) समान (सत्यः) अविनाशिस्वरूप (दिधिषाय्यः) धारण वा पोषण करने वाले (आत्मेव) आत्मा के समान (शेवः) सुखस्वरूप अध्यापक वा उपदेष्टा (भूत्) है उस का सेवन कर के विद्या की उन्नति करो ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—मनुष्य विद्वानों के सत्सङ्ग से सत्यविद्या बल सुख और सौन्दर्य्य आदि के प्राप्त होने को समर्थ हो सकते हैं इस से इन दोनों का सेवन निरन्तर करें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर भी विद्वान् कैसा हो इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है

देवो न यः पृथिवीं विश्वधाया उपक्षेति

क्षितमित्रो न राजा । पुरःसदः शर्म्मसदो न वीरा अनवद्या पतिजुष्टेव नारी ॥ ३ ॥

देवः । न । यः । पृथिवीम् । विश्वऽधायाः । उपऽक्षेति । क्षितऽमित्रः । न । राजा । पुरःऽसदः । शर्म्मऽसदः । न । वीराः । अनवद्या । पतिजुष्टाऽइव । नारी ॥ ३ ॥

पदार्थः-(देवः) दिव्यसुखदाता (न) इव (यः) सर्वोपकारको विद्वान् (पृथिवीम्) भूमिम् (विश्वधायाः) यो विश्वं दधाति । अत्र विश्वोपपदाद्बाहुलकाद्सुन् युडागमश्च (उपक्षेति) विजानाति निवासयति वा (क्षितमित्रः) क्षिता धृता मित्राः सुहृदो येन सः (न) इव (राजा) सभाद्यध्यक्षः (पुरःसदः) ये पूर्वं सीदन्ति शत्रून् हिंसन्ति वा (शर्म्मसदः) ये शर्मणि सुखे सीदन्ति ते (न) इव (वीराः) शत्रूणां प्रक्षेप्तारः (अनवद्या) विद्यासौन्दर्य्यादिशुभगुणयुक्ता (पतिजुष्टेव) पतिर्जुष्टः प्रीतः सेवितो यया तद्वत् (नारी) नरस्येयं विवाहिता भार्य्या ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या यूयं यो देवः पृथिवीं न विश्वधाया क्षितमित्रो राजा नोपक्षेति पुरःसदः शर्म्मसदो वीरा न दुःखानि शत्रून् विनाशयति। अनवद्या पतिजुष्टेव सुखे निवासयति तं सदा समाहिता भूत्वा यथावत्परिचरत ॥ ३ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-न खलु मनुष्याः परमेश्वरेण विद्वद्भिः

सह प्रेम्णा सह वर्त्तमानेन विना सर्वं बलं सुखं च प्राप्तुमर्हन्ति तस्मादेताभ्यां सार्कं प्रीतिं सदा कुर्वन्तु ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग (यः) जो (देवः) अच्छे सुखों का देने वाला परमेश्वर वा विद्वान् (पृथिवीम्) भूमि के (न) समान (विश्वधायाः) विश्व को धारण करने वाले (हितमित्रः) मित्रों को धारण किये हुए (राजा) सभा आदि के अध्यक्ष के (न) समान (उपक्षेति) जानता वा निवास कराता है तथा (पुरःसदः) प्रथम शत्रुओं को मारने वा युद्ध के जानने (शर्मसदः) सुख में स्थिर होने और (वीराः) युद्ध में शत्रुओं के फेंकने वाले के (न) समान तथा (अनवद्या) विद्यासौन्दर्यादिशुद्धगुणयुक्त (नारी) नर की स्त्री (पतिजुष्टेव) जो कि पति की सेवा करने वाली उस के समान सुखों में निवास कराता है उस को सदा सेवन करो ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—मनुष्य लोग परमेश्वर वा विद्वानों के साथ प्रेम प्रीति से वर्त्तने के विना सब बल वा सुखों को प्राप्त नहीं होसकते इस से इन्हीं के साथ सदा प्रीति करें ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह विद्वान् कैसा हो इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

तं त्वा नरो दम आ नित्यमिद्धमग्ने सचन्त क्षितिषु ध्रुवासु । अधि द्युम्नं नि दधुर्भूर्यस्मिन् भवा विश्वायुर्धरुणो रयीणाम् ॥ ४ ॥

तम् । त्वा । नरः । दमे । आ । नित्यम् । इद्धम् । अग्ने । सचन्त । क्षितिषु । ध्रुवासु । अधि । द्युम्नम् । नि । दधुः । भूरि ।

अस्मिन् । भव । विश्वऽआयुः । धरुणः । रयीणाम् ॥ ४ ॥

पदार्थः–(तम्) एवंभूतम् (त्वा) त्वां धार्मिकं विद्वांसम् (नरः) ये विद्यानयन्ति ते सर्वे मनुष्याः (दमे) दुःखोपशान्ते गृहे (आ) समन्तात् (नित्यम्) निरन्तरम् (इद्धम्) प्रदीप्तम् (अग्ने) विज्ञापक (सचन्त) सेवन्ताम् (क्षितिषु) पृथिवीषु क्षितिरिति पृथिवीनाम० निघं० । १ । १ (ध्रुवासु) दृढासु (अधि) उपरिभावे (द्युम्नम्) विद्याप्रकाशं यशोधनं वा (नि) नितराम् (दधुः) धरन्तु (भूरि) बहु (अस्मिन्) मनुष्यजन्मनि जगति वा (भव) अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (विश्वायुः) अखिलं जीवनं यस्य सः (धरुणः) धर्ता (रयीणाम्) विद्यासार्वभौमराज्यनिष्पन्नधनानाम् ॥ ४ ॥

अन्वयः–हे अग्ने विद्वँस्त्वं रयीणां धरुणो विश्वायुस्त्वमस्मिन् सहायकारी भव भूरि द्युम्नं धेहि तं नित्यमिद्धं त्वा ध्रुवासु क्षितिषु ये नरोऽध्यधिनिदधुर्दमे आसचन्त तांस्त्वं सततं सेवस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः–हे मनुष्या यूयं येन जगदीश्वरेणेह संसारेऽनेके पदार्था रचिता विदुषा वा ज्ञायन्ते तद्विज्ञानोपासनासङ्गेन सत्यं सुखं जायत इति विजानीत ॥ ४ ॥

पदार्थः–हे (अग्ने) विज्ञान कराने वाले विद्वान् (रयीणाम्) विद्या और सब पृथिवी के राज्य से सिद्ध किये हुए धनों के (धरुणः) धारण करने वाले (विश्वायुः) संपूर्णजीवन युक्त आप (अस्मिन्) इस मनुष्य जन्म वा जगत् में सहायकारी (भव) हूजिये जो (भूरि) बहुत (द्युम्नम्) विद्याप्रकाशरूपी धन और कीर्त्ति को धारण करते हो (तम्) उन (नित्यम्) निरन्तर (इद्धम्) प्रदीप्त (त्वा) आप को (ध्रुवासु) दृढ़ (क्षितिषु) भूमियों में जो (नरः) नयन करने वाले सब मनुष्य (अधिनिदधुः) धारण करें और (दमे) शान्तियुक्त घर में (आसचन्त) सेवन करें उन का सेवन नित्य किया करो ॥ ४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग जिस जगदीश्वर ने अनेक पदार्थों को रच कर धारण किये हैं और जिस विद्वान ने जाने हैं उस की उपासना वा सत्सङ्ग के विना किसी मनुष्य को सुख नहीं होता ऐसा जानो ॥ ४ ॥

तत्कृपासंगाभ्यां सह मनुष्यैः किं किं प्राप्यत इत्युपदिश्यते ॥

परमेश्वर की कृपा और विद्वानों के संग से मनुष्यों को क्या २ प्राप्त होता है यह वि० ॥

वि पृक्षो अग्ने मघवानो अश्युर्वि सूरयो ददतो विश्वमायुः । सनेम वाजं समिथेष्वर्यो भागं देवेषु श्रवसे दधानाः ॥ ५ ॥ १९ ॥

वि । पृक्षः । अग्ने । मघऽवानः । अश्युः । वि । सूरयः । ददतः । विश्वम् । आयुः । सनेम । वाजम् । समऽइथेषु । अर्यः । भागम् । देवेषु । श्रवसे । दधानाः ॥ ५ ॥ १९ ॥

पदार्थः—(वि) विशेषे (पृक्षः) अत्युत्तमान्यन्नानि (अग्ने) सुखरूपविद्वन् (मघवानः) सत्कृतधनाः (अश्युः) भुञ्जते (वि) विशेषार्थे (सूरयः) मेधाविनः (ददतः) दानशीलाः (विश्वम्) अखिलम् (आयुः) जीवनं प्राप्तव्यं वस्तु वा (सनेम) संभजेम (वाजम्) विज्ञानम् (समिथेषु) संग्रामेषु । समिथ इति संग्राम ना० निघं० २।१७ (अर्य्यः) स्वामी वणिग् जनो वा (भागम्) भागसमूहम् (देवेषु) विद्वत्सु दिव्यगुणेषु वा (श्रवसे) श्रूयते येन यशसा तस्मै (दधानाः) धरन्तः ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यथाऽर्यो भागं मघवानो ददतः सूरयः समिथेषु देवेषु वाजं दधानाः श्रवसे पृक्षो विश्वमायुश्च व्यश्युस्तथा वयमपि विसनेम ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैरीश्वरविद्वत्सहायपुरुषार्थाभ्यां सर्वाणि सुखानि प्राप्यन्ते नान्यथेति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) सुखस्वरूप विद्वान् आपके उपदेश से जैसे (अर्यः) स्वामी वा वैश्य (भागम्) सेवनीय पदार्थों के समान (मघवानः) सत्कारयुक्त धन वाले (ददतः) दानशील (सूरयः) मेधावि लोग (समिथेषु) सङ्ग्रामों तथा (देवेषु) विद्वान् वा दिव्यगुणों में (वाजम्) विज्ञान को (दधानाः) धारण करते हुए (श्रवसे) श्रवण करने योग्य कीर्त्ति के लिये (पृक्षः) अत्युत्तम अन्न और (विश्वम्) सब (आयुः) जीवन को (व्यश्युः) विशेष करके भोगें वा (विसनेम) विशेष कर के सेवन करें वैसे हम भी किया करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्य ईश्वर और विद्वानों के सहाय और अपने पुरुषार्थ से सब सुखों को प्राप्त हो सकते हैं अन्यथा नहीं ॥ ५ ॥

अथ विद्वद्गुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब विद्वान् के गुणों का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

ऋतस्य हि धेनवो वावशानाः स्मदूध्नीः पीपयन्त द्युभक्ताः । परावतः सुमतिं भिक्षमाणा वि सिन्धवः समया सस्रुरद्रिम् ॥ ६ ॥

ऋतस्य । हि । धेनवः । वावशानाः । स्मत्ऽऊध्नीः । पीपयन्त । द्युऽभक्ताः । पराऽवतः ।

सुऽमतिम् । भिक्षमाणाः । वि । सिन्धवः ।
समया सस्रुः । अद्रिम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(ऋतस्य) मेघोत्पन्नजलस्येव सत्यस्य (हि) खलु (धेनवः) गावः (वावशानाः) अत्यन्तं कामयमानाः (स्मदूध्नीः) बहुदुग्धप्रापिकाः । अत्र स्मदुपपदादूधसोऽनङ् (पीपयन्त) पाययन्ति (द्युभक्ताः) सूर्यादिप्रकाशेन संभागं प्राप्ताः (परावतः) दूरदेशात् (सुमतिम्) शोभनं विज्ञानम् (भिक्षमाणाः) याचमानाः (वि) विशेषे (सिन्धवः) नद्यः (समया) सामीप्ये (सस्रुः) स्रवन्ति (अद्रिम्) मेघम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वावशानाः स्मदूध्नीर्धेनवः पीपयन्त यथा द्युभक्ताः किरणाः परावतोऽद्रिं मेघं समया वर्षयन्ति सिन्धवो नद्यश्च सस्रुस्तथा यूयं सुमतिं भिक्षमाणाः विज्ञानौतान्येभ्य ऋतस्यहि वर्षयत ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०—यथा यत्नेन संशोधितं जलं शक्तिकारकं भूत्वा विज्ञानजनकं भवति तथैव हि धार्मिका विद्वांसो भवेयुः ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग जैसे (वावशानाः) अत्यन्त शोभायमान (स्मदूध्नी) बहुत दूध देने वाली (धेनवः) गाय (पीपयन्त) दूध आदि से बढ़ाती हैं जैसे (द्युभक्ताः) प्रकाश से भिन्न २ किरणें (परावतः) दूरदेश से (अद्रिम्) मेघ को (समया) समय पर वर्षाते हैं (सिन्धवः) नदियां (सस्रुः) बहती हैं वैसे तुम (सुमतिम्) उत्तम विज्ञान को (भिक्षमाणाः) जिज्ञासा से (वि) विशेष जान कर अन्य मनुष्यों के लिये विद्या और सुशिक्षा पूर्वक (ऋतस्य हि) मेघ से उत्पन्न हुए जल के समान सत्य ही को वर्षा करो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे यत्न से सम्यक् प्रकार शोधा

हुआ जल शक्तिको बढ़ाने वाला होकर विश्रामको बढ़ाता है वैसेहि धर्म्मात्मा विद्वान् हों॥ ६॥

ते मनुष्याः कीदृशा भवेयुरित्याह॥

वे मनुष्य कैसे हों इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है॥

त्वे अ॑ग्ने सुम॒तिं भिक्ष॑माणा दि॒वि श्रवो॑ दधिरे य॒ज्ञिया॑सः। नक्ता॑ च च॒क्रुरु॒षसा॒ विरू॑पे कृ॒ष्णं च॒ वर्ण॑मरु॒णं च॒ सं धुः॥७॥

त्वे इति॑। अ॒ग्ने॒। सु॒ऽम॒तिम्। भिक्ष॑माणाः। दि॒वि। श्रवः॑। द॒धि॒रे॒। य॒ज्ञिया॑सः। नक्ता॑। च॒। च॒क्रुः। उ॒षसा॑। विरू॑पे॒ इति॒ विऽरू॑पे। कृ॒ष्णम्। च॒। अ॒रु॒णम्। वर्ण॑म्। च॒। सम्। धु॒रिति॑ धुः॥ ७॥

पदार्थः-(त्वे) त्वयि (अग्ने) अध्यापक (सुमतिम्) शोभनां बुद्धिम् (भिक्षमाणाः) लभमानाः (दिवि) प्रकाशस्वरूपे (श्रवः) श्रवणमन्नं वा (दधिरे) धरन्ति (यज्ञियासः) यज्ञक्रियाकुशलाः (नक्ता) रात्र्या (च) समुच्चये (चक्रुः) कुर्वन्ति (उषसा) दिनेन सह (विरूपे) विरुद्धरूपे (कृष्णम्) निकृष्टम् (च) समुच्चये (वर्णम्) चक्षुर्विषयम् (अरुणम्) रक्तम् (च) समुच्चये (सम्) सम्यगर्थे (धुः) धरन्ति॥ ७॥

अन्वयः-हे अग्ने ये दिवि त्वे स्थिता भिक्षमाणा यज्ञिया-

सः सुमतिं दधिरे श्रवः संभुः नक्तोषसा च सह कृष्णमरुणं च वर्णं चाद्न्यान्वर्णान्दधिरे विरूपे चक्रुस्ते सुखिनः स्युः ॥ ७ ॥

भावार्थः—नहि परमेश्वरसृष्टेर्विज्ञानेन विना कश्चिद्दलं विद्वान् भवितुं शक्नोति । यथा रात्रिंदिवौ विरुद्धरूपे वर्त्तेते तथा साधर्म्यवैधर्म्यादिविचारेण सर्वान् पदार्थान् विद्युः ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) पढ़ाने हारे विद्वान् जो (दिवि) प्रकाशस्वरूप (त्वे) आप के समीप स्थित हुए (भिक्षमाणाः) विद्यार्थी ही को भिक्षा करने वाले (यज्ञियासः) अध्ययनरूप कर्म चतुर विद्वान् लोग (सुमतिम्) उत्तमबुद्धि को (दधिरे) धारण करते तथा (श्रवः) श्रवण वा अन्न को (संभुः) धारण करते हैं (नक्ता) रात्रि (च) और (उषसा) दिन के साथ (कृष्णम्) श्याम (अरुणम्) लाल (वर्णम्) वर्ण को (च) तथा इन से भिन्नवर्णों से युक्त पदार्थों को धारण करते है (च) और (विरूपे) विरुद्ध रूपों का विज्ञान (चक्रुः) करते हैं वे सुखी होते हैं ॥७॥

भावार्थः—परमेश्वर की सृष्टि के विज्ञान के विना कोई मनुष्य पूर्ण विद्वान् होने को समर्थ नहीं होता । जैसे रात्रि दिवसभिन्न २ रूप वाले हैं वैसे ही अनुकूल और विरुद्ध धर्मादि के विज्ञान से सब पदार्थों को जान के उपयोग में लेवें ॥ ७ ॥

अथैतत्सृष्टिकर्त्तेश्वरः कीदृशोऽस्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर सृष्टिकर्त्ता ईश्वर कैसा है यह वि० ॥

यान् राये मर्त्तान्त्सुषूदो अग्ने ते स्याम मघवानो वयं च । छायेव विश्वं भुवनं सिसक्ष्यापप्रिवान् रोदसी अन्तरिक्षम् ॥८॥

यान् । राये । मर्त्तान् । सुऽसूदः । अग्ने । ते । स्याम । मघऽवानः । वयम् । च । छायाऽइव ।

विश्वंम् । भुवंनम् । सिसक्ति । आपप्रिऽवान् । रोदंसी इति । अन्तरिंक्षम् । ॥ ८ ॥

पदार्थः—(यान्) उत्तमविद्यास्वभावान् (राये) धनाय (मर्त्तान्) मनुष्यान् (सुसूदः) चयशरीरादियुक्तान् (अग्ने) जगदीश्वर (ते) तव (स्याम) भवेम (मघवानः) प्रशस्तधनयुक्ताः (वयम्) पुरुषार्थिनः (च) समुच्चये (छायेव) यथा शरीरैः सह छाया वर्तते तथा (विश्वम्) अखिलम् (भुवनम्) जगत् (सिसक्ति) समवैति (आपप्रिवान्) सर्वतो व्याप्तवान् (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (अन्तिक्षम्) आकाशम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे अग्ने जगदीश्वर यस्त्वं यान् सुसूदो मर्त्तानस्मान्राये सिसक्ति ते वयं मघवानः स्याम यो भवान् छायेव विश्वं भुवनं रोदसी अन्तरिक्षं चापप्रिवान् व्याप्तवानस्ति तं सर्वे वयमुपास्महे ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालं०—विद्वद्भिरीश्वरोपासनापुरुषार्थाभ्यां स्वयं विद्यादिधनवन्तो भूत्वा सर्वे मनुष्या विद्यादिधनवन्तः कार्याः ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य्य अपने बहुत से किरणों से बिजुली और मेघ का परस्पर युद्ध कराता है वैसे ही सेनापति आग्नेय आदि अस्त्रयुक्त सेना को शत्रु सेना के साथ युद्ध करावे। इस प्रकार के सेनापति के विना कभी शत्रु का पराजय नहीं हो सकता ॥ १३ ॥

पुनस्तस्य किं कृत्यमस्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर इस सभाध्यक्ष को क्या करना चाहिये यह वि०

अभिष्टने ते अद्रिवो यत्स्था जगच्च रेजते। त्वष्टा चित्तव मन्यव इन्द्र वेविज्यते भिया-र्चन्ननु स्वराज्यम् ॥ १४ ॥

अभिऽस्तने। ते। अद्रिऽवः। यत्। स्थाः। जगत्। च। रेजते। त्वष्टा। चित्। तव। मन्यवे। इन्द्र। वेविज्यते। भिया। अर्चन्। अनु। स्वऽराज्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—(अभिष्टने) अभितः शब्दयुक्ते व्यवहारे (ते) तव (अद्रिवः) बहुमेघयुक्तसूर्य्यवत्सेनायुक्त (यत्) यदा (स्थाः) स्थावरम् (जगत्) जङ्गमम् (च) (रेजते) कंपते (त्वष्टा) छेत्ता (चित्) अपि (तव) (मन्यवे) क्रोधाय (इन्द्र) राज्यधारक सभाद्यध्यक्ष (वेविज्यते) अत्यन्तं बिभेति सम्यक् (भिया) भयेन (अर्चन्) (अनु) (स्वराज्यम्) ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे अद्रिव इन्द्र यद्यदा ते तवाभिष्टने स्था जगच्च रेजते त्वष्टा सेनापतिस्तव मन्यवे ते भिया चिद्वेविज्यते तदा भवान् स्वराज्यमन्वर्चन् सुखी भवेत् ॥ १४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० मनुष्यैर्यथा सूर्यस्य योगेन प्राणिनः स्वस्वकर्मसु प्रवर्त्तन्ते भूगोला यथानुक्रमम् भ्रमंति तथैव सभया प्रशासितस्य राज्यस्य योगेन सर्वे प्राणिनो धर्मेण स्वस्वव्यवहारे वर्त्तित्वा सन्मार्गेऽनुचलन्तीति वेद्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (अद्रिवः) बहुमेघयुक्त सूर्य्य के समान (इन्द्र) परमैश्वर्य्ययुक्त सभाध्यक्ष (यत्) जब (ते) आप के (अभिष्टने) सर्वथा उत्तम न्याययुक्त व्यवहार में (स्थाः) स्थावर (जगच्च) और जंगम (रेजते) कंपायमान होता है तथा जो (त्वष्टा) शत्रुच्छेदक सेनापति है (तव) उसके (मन्यवे) क्रोध के लिये (भियाचित्) भय से भी (वेविज्यते) उद्विग्न होता है तब आप (स्वराज्यम्) अपने राज्य का (अन्वर्चन्) सत्कार करते हुए सुखी हो सकते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे सूर्य के योग से प्राणधारी अपने २ कर्म में वर्त्तते और सब भूगोल अपनी २ कक्षा में यथावत् भ्रमण करते हैं वैसे ही सभा से प्रशासन किये राज्य के संयोग से सब मनुष्यादि प्राणि धर्म के साथ अपने २ व्यवहार में वर्त्त के सन्मार्ग में अनुकूलता से गमना गमन करते हैं ॥ १४ ॥

अथेश्वरं परमविद्वांसञ्च प्राप्य विद्वांसः किं कुर्वन्तीत्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर और परम विद्वान् को प्राप्त हो कर विद्वान् लोग क्या २ करें यह विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

नहि नु यादधीमसीन्द्रं को वीर्या परः । तस्मिन्नृम्णमुत क्रतुं देवा ओजांसि सं दधुरर्चन्ननु स्वराज्यम् ॥ १५ ॥

नहि । नु । यात् । अधिऽइमसि । इन्द्रम् ।
कः । वीर्या । परः । तस्मिन् । नृम्णम् ।
उत । क्रतुम् । देवाः । ओजांसि । सम् ।
दधुः । अर्चन् । अनु । स्वऽराज्यम् ॥ १५ ॥

पदार्थः–(नहि) निषेधे (नु) शीघ्रम् (यात्) यायात् । लेट्प्रयोगः (अधीमसि) सर्वोपरि विराजमानं प्राप्नुमः (इन्द्रम्) अनन्तपराक्रमं जगदीश्वरं पूर्णवीर्यं विद्वांसं वा (कः) कश्चित् (वीर्या) विद्यादिवीर्याणि (परः) प्रकृष्टगुणः (तस्मिन्) इन्द्रे (नृम्णम्) धनम् (उत) अपि (क्रतुम्) प्रज्ञां पुरुषार्थं वा (देवाः) विद्वांसः (ओजांसि) शरीरात्ममनःपराक्रमान् (सम्) सम्यक् (दधुः) दधति । अन्यत् सर्वं पूर्ववद् बोध्यम् (अर्चन्) (अनु) (स्वराज्यम्) ॥ १५ ॥

अन्वयः–यः परः स्वराज्यमन्वर्चन् वर्त्तते यस्मिन् देवा नृम्णमुत क्रतुमुताप्योजांसि नु नहि संदधुर्यं प्राप्य वीर्याधीमसि तमिन्द्रं प्राप्य कः नृम्णं नु नहि यात् तस्मिन् को नृम्णमुत क्रतुमप्योजांसि नहि सन्दध्यात् ॥ १५ ॥

भावार्थः–नहि कश्चिदपि परमेश्वरं विद्वांसं चाप्राप्य विद्यां शुद्धां धियमुत्कृष्टं सामर्थ्यं प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतदाश्रयः सदा सर्वैः कर्तव्यः ॥ १५ ॥

पदार्थः–जो (परः) उत्तमगुणयुक्त राजा (स्वराज्यम्) अपने राज्य का (अन्वर्चन्) अनुकूलता से सत्कार करता हुआ वर्तता है जिस राज्य में (देवाः) दिव्यगुणयुक्त विद्वान् लोग (नृम्णम्) धन को (क्रतुम्) और बुद्धि वा पुरुषार्थ को (उत) और भी (ओजांसि) शरीर आत्मा और मन के पराक्रमों को (संदधुः)

धारण करते हैं तथा जिस परमेश्वर को प्राप्त हो कर हम लोग (वीर्या) विद्या आदि वीर्यों को (अधीमसि) प्राप्त होवें उस (इन्द्रम्) अनन्तपराक्रमी जगदीश्वर वा पूर्णवीर्ययुक्त राजा को प्राप्त हो कर (कः) कौन मनुष्य धन को (नु) शीघ्र (नहि) (यात्) प्राप्त हो उस राज्य में कौन पुरुष धन को तथा बुद्धि वा पुरुषार्थ वा बलों को शीघ्र नहीं धारण करता ॥ १५ ॥

भावार्थः—कोई भी मनुष्य परमेश्वर वा परम विद्वान् की प्राप्ति के विना उत्तम विद्या और श्रेष्ठ सामर्थ्य को नहीं प्राप्त हो सकता इस हेतु से इन का सदा आश्रय करना चाहिये ॥ १५ ॥

पुनर्मनुष्यस्तौ प्राप्य किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ॥

फिर मनुष्य उन को प्राप्त हो कर किस को प्राप्त होते हैं इस वि०

याम॑थ॒र्वा मनु॑ष्पि॒ता द॒ध्यङ् धिय॒मत्न॑त ।
तस्मि॒न् ब्रह्मा॑णि पू॒र्वथेन्द्र॑ उ॒क्था सम॑ग्म॒त
अर्च॒न्ननु॑ स्व॒राज्य॑म् ॥ १६ ॥ ३१ ॥

याम् । अ॒थर्वा॑ । मनुः॑ । पि॒ता । द॒ध्यङ् ।
धिय॑म् । अत्न॑त । तस्मि॑न् । ब्रह्मा॑णि ।
पू॒र्वथा॑ । इन्द्रे॑ । उ॒क्था । सम् । अ॒ग्म॒त ।
अर्च॑न् । अनु॑ । स्व॒राज्य॑म् ॥ १६ ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(याम्) वक्ष्यमाणाम् (अथर्वा) हिंसादिदोषरहितः (मनुः) विज्ञानवान् (पिता) अनूचानोऽध्यापकः (दध्यङ्) दधति यैस्ते दधयः सद्गुणास्तानंचति प्रापयति वा सः । अत्र कृतो बहुलमिति करणे किस्ततोऽञ्चतेः क्विप् (धियम्) शुभवि-

रसीद मूल वेदभाष्य॥

आर्य्यसमाज लखनऊ मार्फत बाबू हरनाम प्रसाद	५)
आर्य्यसमाज मेरट मा॰ बाबू राम[illegible]	३०)
पं॰ बद्रीदीन अकबरपुर जिला कानपुर	८)
पं॰ लेखराम स्वाबो	१६/)
पं॰ किशन लाल सुलतानपुर	१०)
बाबू रूपसिंह कोहाट	२०)
बाबू भगवान दास सिंगो वेली	४)
आत्माराम शरीफ लुधियाना	८)
बाबू राम किशन बड़वी	१२।)
लाला सोबा राम आगरा	५)
लाला लालचन्द वकील लाहौर	८)
लाला शिवदयाल जी सिवानी	८)

मङ्गलसमाचार !!!

सब सज्जनों को विदित हो कि श्रीस्वामी जी महाराज ने "यजुर्वेदभाष्य" बना कर पूरा कर लिया है और ईश्वर की कृपा से ऋग्वेदभाष्य भी इसी प्रकार शीघ्र ही पूरा होगा। अब शीघ्र छाप के आप लोगों की सेवा में भेजने का प्रयत्न किया जायगा।

प्रियवर ग्राहकगण! वेदभाष्य का अंक प्रतिमास आपलोगों की सेवा में पहुंचता है परन्तु इस के मूल्यप्रदान में आपलोगों की ओर से शिथिलता होती है सो तनिक इस धर्मकाम में ध्यान दे कर मूल्य भेजने में शीघ्रता करें। बार २ तकाज़ा न करवाइये। हम इस के उत्तम और शीघ्र छापने का प्रयत्न करते हैं और आप इस के मूल्य भेजने में ढील न कीजिये।

समर्थदान,
प्रबंधकर्त्ता वैदिकयंत्रालय,
प्रयाग।

यह पुस्तक मुन्शी समर्थदान प्रबन्धकर्त्ता के द्वारा "वैदिकयंत्रालय" प्रयाग में छप कर प्रतिमास की पहिली तारीख को प्रकाशित होता है॥

ऋग्वेदभाष्यम् ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम् ।

अस्यैकैकांकस्य प्रतिमासं मूल्यम् भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तरप्रापणा
मूल्येन सहितं ।-)॥ अङ्कद्वयस्यैकीकृतस्य ॥≡)
एकवेदाङ्कवार्षिकम् ४) द्विवेदाङ्कवार्षिकं तु ८)

इस ग्रंथ के प्रतिमास एक एक अंक का मूल्य भारतखंड के भीतर डांक
महसूल सहित ।-)॥ एक साथ छपे हुए दो अंकों का ॥≡) एक वेद
के अङ्कों का वार्षिक मूल्य ४) और दोनों वेदों के अंकों का ८)

यस्य सज्जनमहाशयस्यास्य ग्रन्थस्य जिघृक्षा भवेत् स प्रयागनगरे वैदिक-
यन्त्रालयप्रबन्धकर्त्तुः समीपं वार्षिकमूल्यप्रेषणेन प्रतिमासं
मुद्रितावङ्कौ प्राप्स्यति ॥

जिस सज्जन महाशय को इस ग्रन्थ के लेने की इच्छा हो वह प्रयाग नगर में वैदिकयन्त्रालय मेनेजर
के समीप वार्षिक मूल्य भेजने से प्रतिमास के छपे हुए दोनों अङ्कों को प्राप्त कर सकता है

पुस्तक (६४, ६५) अंक (४८, ४९)

अयं ग्रंथः प्रयागनगरे वैदिकयंत्रालये मुद्रितः ॥

संवत् १९४० वैशाखकृष्णपक्ष

विदित हो कि श्रीस्वामी दयानन्दसरस्वती जी इन दिनों में स्थान शाहपुरा राजउदयपुर
देश मेवाड़ में विराजमान हैं ॥

वेदभाष्यसम्बन्धीय विशेष नियम

(१) यह "ऋग्वेदभाष्य" और "यजुर्वेदभाष्य" मासिक छपता है। एक मास में बत्तीस २ पृष्ठ के एक साथ छपे हुए दो अङ्क ऋग्वेद के और दूसरे मास में उतने ही बड़े दो अङ्क यजुर्वेद के अर्थात् वर्षभर में १२ अङ्क "ऋग्वेदभाष्य" के और १२ अङ्क "यजुर्वेदभाष्य" के भेजे जाते हैं॥

(२) वेदभाष्य का मूल्य बाहर और नगर के ग्राहकों से एक ही लिया जायगा। अर्थात् डाकव्यय से कुछ न्यूनाधिक न होगा॥

(३) इस वर्तमान छटे वर्ष के (कि जो ४२। ४३ अङ्क से प्रारम्भ होकर ५२। ५३ पर पूरा होगा) एक वेद के ४) रु० और दोनों वेदों के ८) रु० है॥

(४) पीछे के पांच वर्ष में जो वेदभाष्य छप चुका है इस का मूल्य यह है:—

(क) "ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका" विना जिल्द की ५।/)

" स्वर्णाक्षरयुक्त जिल्द की ६)

(ख) एक से ४१ अङ्क तक एक वेद के १२॥/) और दोनों वेदों के २७।/)

(५) वेदभाष्य का अङ्क प्रत्येक मास की प्रथम तारीख को डाक में डाला जाता है। जो किसी का अङ्क डाक की भूल से न पहुंचे तो इस के उत्तर दाता प्रबन्धकर्त्ता न होंगे। परन्तु दूसरे मास के अङ्क भेजने से प्रथम जो ग्राहक अङ्क न पहुंचने की सूचना देदेंगे तो उन को विना दाम दूसरा अङ्क भेज दिया जायगा। इस अवधि के व्यतीत हुए पीछे अङ्क दाम देने से मिलें गे, एक अङ्क ।/) दो अङ्क ॥/) और तीन अङ्क १) देने से मिलें गे॥

(६) दाम जिस को जिस प्रकार से सुबीता हो भेजे परन्तु मनीआर्डर द्वारा भेजना ठीक होगा। टिकट डाक के अधन्नो वाले लिये जा सकते हैं परन्तु एक रुपये पीछे आध आना बट्टे का अधिक लिया जायगा। टिकट आदि मूल्यवान् वस्तु रजिस्टरी पत्रों में भेजना चाहिये॥

(७) जो लोग पुस्तक लेने से अनिच्छुक हों, वे अपनी ओर जितना रुपया हो भेजदें और पुस्तक के न लेने से प्रबन्धकर्त्ता को सूचित करदें। जबतक ग्राहक का पत्र न आवेगा तबतक पुस्तक बराबर भेजा जायगा और दाम लेलिये जायँगे

(८) बिके हुए पुस्तक पीछे नहीं लिये जायंगे

(९) जो ग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान में जायं वे अपने पुराने और नये पत्ते से प्रबन्धकर्त्ता को सूचित कर दिया करें। जिस में पुस्तक ठीक २ पहुंचता रहे॥

(१०) "वेदभाष्य" संबंधी रुपया, और पत्र प्रबन्धकर्त्ता वैदिक यंत्रालय प्रयाग (इलाहाबाद) के नाम से भेजें॥

द्यादिगुणक्रियाधारिकां बुद्धिम् (अतत) प्रयतध्वम् (तस्मिन्) (ब्रह्माणि) प्रकृष्टान्यन्नानि धनानि (पूर्वथा) पूर्वाणि (इन्द्रे) सम्यक् सेविते (उक्था) वक्तुं योग्यानि (सम्) सम्यक् (अग्मत) प्राप्नुत अन्यत्सर्वं पूर्ववत् (अर्चन्) (अनु) (स्वराज्यम्) ॥ १६ ॥

अन्वय:—हे मनुष्या यथा स्वराज्यमन्वर्चन् दध्यङ्ङथर्वा पिता मनुर्यां धियं प्राप्य यस्मिन् सुखानि तनुते तथैतां प्राप्य यूयं सुखान्यतत यस्मिन्निन्द्रे पूर्वथा ब्रह्माण्युक्था प्राप्नोति तस्मिन् सेविते सत्येतानि समग्मत संगच्छध्वम् ॥ १६ ॥

भावार्थ:—अत्र वाचकलु०—मनुष्यै: परमेश्वरोपासकानां विद्वत्सम्प्रीतीनामनुकरणं कृत्वा प्रशस्तां प्रज्ञामनुत्तमान्यन्नानि धनानि वा वेदविद्यासुशिक्षितानि भाषणानि प्राप्यैतानि सर्वेभ्यो देयानि ॥ १६ ॥

अस्मिन् सूक्ते सभाध्यक्षसूर्यविद्वदीश्वरशब्दार्थवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इत्यशीतितमं सूक्तमेकविंशत्तमो वर्गश्च समाप्त: ॥

अस्मिन्नध्याय इन्द्रमरुदग्निसभाद्यध्यक्ष स्वराज्यपालनाद्युक्त्वाच्चतुर्थाध्यायार्थेन सहास्य पञ्चमाध्यायार्थस्य संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति श्रीमत्परिव्राजकाचार्याणां श्रीयुतविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्यभाषाभ्यां सुविभूषिते ऋग्वेदभाष्ये पंचमोऽध्याय: समाप्तिमगमत् ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग जैसे (स्वराज्यम्) अपने राज्य को उन्नति से सब का (अन्वर्चन्) सत्कार करता हुआ (दध्यङ्) उत्तम गुणों को प्राप्त होने वाला (अथर्वा) हिंसा आदिदोषरहित (पिता) वेद का प्रवक्ता अध्यापक वा (मनुः) विज्ञान वाला मनुष्यये (याम्) जिस (धियम्) शुभ विद्या आदि गुण क्रिया के धारण करने वाली बुद्धि को प्राप्त हो कर जिस व्यवहार में सुखों को (अत्नत) विस्तार करते हैं वैसे इस को प्राप्त हो कर (तस्मिन्) उस व्यवहार में सुखों का विस्तार करो और जिस (इन्द्रे) अच्छे प्रकार सेवित परमेश्वर में (पूर्वथा) पूर्व पुरुषों के तुल्य (ब्रह्माणि) उत्तम अन्न धन (उक्था) कहने योग्य वचन प्राप्त होते हैं (तस्मिन्) उस को सेवित कर तुम भी उन को (समग्मत) प्राप्त होओ ॥१६॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्य परमेश्वर की उपासना करने वाले विद्वानों के संग प्रीति के सदृश कर्म करके सुन्दर बुद्धि उत्तम अन्न धन और वेद-विद्या से सुशिक्षित संभाषणों को प्राप्त हो कर उन को सब मनुष्यों के लिये देने चाहिये ॥ १६ ॥

इस सूक्त में सभा आदि अध्यक्ष, सूर्य, विद्वान्, और ईश्वर शब्द का वर्णन करने से पूर्व सूक्त के साथ इस सूक्त के अर्थ की संगति जाननी चाहिये ॥

यह अस्सी का सूक्त और ३१ इकतीशवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

इस अध्याय में इन्द्र मरुत् अग्नि सभा आदि के अध्यक्ष और अपने राज्य का पालन आदि का वर्णन करने से चतुर्थ अध्याय के अर्थ के साथ पंचम अध्याय के अर्थ की संगति जाननी चाहिये ॥

इति श्रीमत्परिव्राजकाचार्य श्रीयुतविरजानन्द सरस्वतीस्वामी जी के
शिष्य श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामी ने बनाये हुए संस्कृत
और आर्य्यभाषाओं से सुभूषित ऋग्वेदभाष्य में
पंचम अध्याय पूरा किया ॥

अथ प्रथममण्डले षष्ठाध्याय आरभ्यते ॥

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव यद्भद्रं तन्न आसुव ॥

अथ नवर्चस्यैकाशीतितमस्य सूक्तस्य राहूगणो गोतम ऋषिः । इन्द्रो देवता । १ । ७ । ८ । विराट् पङ्क्तिः ३ । ५ । ६ । निचृदास्तारपंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः । २ भुरिग् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथ सभाध्यक्षगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में सभाध्यक्ष के गुणों का उपदेश किया है ॥

इन्द्रो मदाय वावृधे शवसे वृत्रहा नृभिः । तमिन्महत्स्वाजिषूतेमर्भे हवामहे स वाजेषु प्र नोऽविषत् ॥ १ ॥

इन्द्रः । मदाय । ववृधे । शवसे । वृत्रऽहा । नृऽभिः । तम् । इत् । महत्ऽसु । आजिषु । उत । ईम् । अर्भे । हवामहे । सः । वाजेषु । प्र । नः । अविषत् ॥ १ ॥

पदार्थः—(इन्द्रः) शत्रुगणविदारयिता सेनाध्यक्षः (मदाय) स्वस्य भृत्यानां हर्षकरणाय (वावृधे) वर्धते। अत्र तुजादीनामित्यभ्यासदीर्घः (शवसे) बलाय (वृत्रहा) मेघहन्ता सूर्य इव शत्रूणां हन्ता (नृभिः) सेनासभाप्रणाय्यैः पुरुषैः सह मित्रत्वेन वर्त्तमानः (तम्) (इत्) एव (महत्सु) महाप्रबलेषु (आजिषु) संग्रामेषु (उत) अपि (ईम्) प्राप्तव्यो विजयः (अर्भे) अल्पे संग्रामे (हवामहे) आदद्मः (सः) (वाजेषु) संग्रामेषु (प्र) प्रकृष्टार्थे (नः) अस्मानस्माकं वा (अविषत्) रक्षादिकं व्याप्नोतु ॥ १ ॥

अन्वयः—वयं यो वृत्रहा सूर्य इवेन्द्रः सेनाध्यक्षो नृभिः सह वर्त्तमानः शवसे मदाय वावृधे यं महत्स्वाजिषूताप्यर्भे हवामहे तमिदीं सेनाध्यक्षं स्वीकुर्य्याम स वाजेषु न प्राविषत् ॥१॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यः पूर्णविद्यो बलिष्ठो धार्मिकः सर्वहितैषी शस्त्रास्त्रप्रहारे शिक्षायां च कुशलो भृत्येषु वीरेषु योद्धृषु पितृवद्वर्त्तमानो देशकालानुकूलत्वेन युद्धकरणाय सामयिकव्यवहारज्ञो भवेत्स सेनाध्यक्षः कर्त्तव्यो नेतरः ॥ १ ॥

पदार्थः—हम लोग जो (वृत्रहा) सूर्य के समान (इन्द्रः) सेनापति (नृभिः) शूरवीर नायकों के साथ (शवसे) बल और (मदाय) आनन्द के लिये (वावृधे) बढ़ता है जिस (महत्सु) बड़े (आजिषु) संग्रामों (उतापि) और (अर्भे) छोटे संग्राम में (हवामहे) बुलाते और (तमित्) उसी को (ईम्) सब प्रकार से सेनाध्यक्ष करते हैं (सः) वह (वाजेषु) संग्रामों में (नः) हमलोगों को (प्राविषत्) अच्छे प्रकार रक्षा करे ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो पूर्ण विद्वान् अति बलिष्ठ धार्मिक सब का हित चाहने वाला शस्त्रास्त्र क्रिया और शिक्षा में अति चतुर भृत्य और वीर पुरुष योद्धाओं में पिता के समान देशकाल की अनुकूलता से युद्ध करने के लिये समय के अनुकूल व्यवहार का जानने वाला हो उसी को सेनापति करना चाहिये अन्य को नहीं ॥ १ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा हो इस वि०

असि हि वीर सेन्योऽसि भूरि पराददिः।
असि दभ्रस्य चिद्वृधो यजमानाय शिक्षसि
सुन्वते भूरि ते वसु ॥ २ ॥

असि । हि । वीर । सेन्यः । असि ।
भूरि । पराऽददिः । असि । दभ्रस्य । चित् ।
वृधः । यजमानाय । शिक्षसि । सुन्वते ।
भूरि । ते । वसु ॥ २ ॥

पदार्थः—(असि) (हि) खलु (वीर) शत्रूणां सेनाबलं व्याप्तुं शील (सेन्यः) सेनासु साधुस्सेनाभ्यो हितो वा (भूरि) बहु (पराददिः) पराञ्छत्रूनादाता (असि) (दभ्रस्य) ह्रस्वस्य । दभ्रमिति ह्रस्वना० नि० ३ । २ (चित्) अपि (वृधः) ये युद्धे वर्त्तन्ते तान् (यजमानाय) अभयदात्रे (शिक्षसि) युद्धविद्यां ददासि (सुन्वते) सुखानामभिषवित्रे (भूरि) बहु (ते) तुभ्यम् (वसु) उत्तमं द्रव्यम् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे वीर सेनापते यस्त्वं हि भूरि सेन्योसि भूरि पराददिरसि दभ्रस्य चिन्महतो युद्धस्यापि विजेतासि वृधो वीरान् शिक्षसि तस्मै सुन्वते यजमानाय ते तुभ्यं भूरि वस्वस्ति ॥ २ ॥

भावार्थः--यथा सेनापतिभिः सेना सदा शिक्षणीया पालनीया हर्षयितव्याऽस्ति तथैव सेनास्थैः सेनापतयः पालनीयाः सन्तीति ॥ २ ॥

पदार्थः—हे वीर सेनापते जो तू (हि) निश्चय करके (भूरि) बहुत (सैन्यः) सेनायुक्त (असि) है (भूरि) बहुत प्रकार से (पराददिः) शत्रुओं के बल को नष्ट कर ग्रहण करने वाला है (दभ्रस्य) छोटे (चित्) और (महतः) बड़े युद्ध का जीतने वाला (असि) है (वृधः) बल से बढ़ने वाले वीरों को (शिक्षसि) शिक्षा करता है उस (सुन्वते) विजय की प्राप्ति करने हारे (यजमानाय) सुखदाता के (ते) तेरे लिये (भूरि) बहुत (वसु) धन प्राप्त हो ॥ २ ॥

भावार्थः—भृत्य लोग जैसे सेनापतियों से सेना शिक्षा की, पाली और सुखी कीजाती है वैसे सेनास्थ भृत्यों से सेनापतियों का पालन और उनको आनन्द करना योग्य है ॥ २ ॥

पुनरेतैः परस्परं कथं वर्तितव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर इन्हों को परस्पर कैसे वर्त्ताव रखना चाहि०

यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धना ।
युक्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोऽस्माँ इन्द्र वसौ दधः ॥ ३ ॥

यत् । उत्ऽईरते । आजयः । धृष्णवे । धीयते । धना । युक्ष्व । मदऽच्युता । हरी इति । कम् । हनः । कम् । वसौ । दधः । अस्मान् । इन्द्र । वसौ । दधः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(यत्) यदा (उदीरते) उत्कृष्टा जायन्ते (आजयः) संग्रामाः (धृष्णवे) दृढत्वाय (धीयते) धरति (धना) धनानि (युक्ष्व) योजय। अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (मदच्युता) यौ मदाद्धर्षान् च्यवेते प्राप्नुतस्तौ (हरी) रथादीनां हरणशीलावश्वौ (कम्) शत्रुम् (हनः) हन्याः (कम्) मित्रम् (वसौ) धने (दधः) दध्याः (अस्मान्) (इन्द्र) पालयितः (वसौ) धनसमूहे (दधः) दध्याः ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यद्यदाऽऽजय उदीरते तदा भवान् धृष्णवे कंचिच्छत्रुं हनः कंचिन्मित्रं वसौ दधोऽतोऽस्मान् वसौ दधः ॥३॥

भावार्थः—यदा युद्धानि कर्त्तव्यानि भवेयुस्तदा सेनापतयो-यानशस्त्रास्त्रभोजनाच्छादनसामग्रीरलंकृत्य कांश्चिच्छत्रून् हत्वा कांश्चिन्मित्रान्सत्कृत्य युद्धादिकार्येषु धार्मिकान् संयोज्य युक्त्यायोधयित्वा युध्वा च सततं विजयान् प्राप्नुयुः ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सेना के स्वामी (यत्) जब (आजयः) संग्राम (उदीरते) उत्कृष्टता से प्राप्त हों तब (धृष्णवे) दृढ़ता के लिये (धना) धनों को (धीयते) धरता है सो तू (मदच्युता) बड़े बलिष्ठ (हरी) घोड़ों को रथादि में (युक्ष्व) युक्त कर (कं) किसी शत्रु को (हनः) मार (कं) किसी मित्र को (वसौ) धन कोष में (दधः) धारण कर और (अस्मान्) हम को (वसौ) धन में (दधः) अधिकारी कर ॥ ३ ॥

भावार्थः—जब युद्ध करना हो तब सेनापति लोग सवारी शतघ्नी (तोप) भुशुण्डी (बंदूक) आदि शस्त्र आग्नेय आदि अस्त्र और भोजन आच्छादन आदि सामग्री को पूर्ण करके किन्हीं शत्रुओं को मार किन्हीं मित्रों का सत्कार कर युद्धादि कर्मों मे धर्मात्मा जनों को संयुक्त कर युक्ति से युद्ध करा के सदा विजय को प्राप्त हों ॥ ३ ॥

पुनः सेनापतिः किं कुर्य्यादित्युपदिश्यते ॥

फिर सेनापति क्या करे इस वि०

क्रत्वा॑ म॒हाँ अ॑नुष्व॒धं भी॒म आ वा॑वृधे॒ शवः॑ । श्रि॒य ऋ॒ष्व उ॑पा॒कयो॒र्नि शि॒प्री ह॒रि॑वान्दधे॒ हस्त॑यो॒र्वज्र॑माय॒सम् ॥ ४ ॥

क्रत्वा॑ । म॒हान् । अ॒नु॒ऽस्व॒धम् । भी॒मः । आ । व॒वृ॒धे॒ । शवः॑ । श्रि॒ये । ऋ॒ष्वः । उ॒पा॒कयोः॑ । नि । शि॒प्री । हरि॑ऽवान् । द॒धे॒ । हस्त॑योः । वज्र॑म् । आ॒य॒सम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(क्रत्वा) प्रज्ञया कर्मणा वा (महान्) सर्वोत्कृष्टः (अनुष्वधम्) स्वधामन्नमनुकूलम् (भीमः) बिभेति यस्मात् सः (आ) सर्वतः (वावृधे) वर्धते (शवः) सुखवर्धकं बलम् (श्रिये) शोभायै धनप्राप्तये वा (ऋष्वः) प्राप्तविद्यः (उपाकयोः) समीपस्थयोः सेनयोः (नि) नितराम् (शिप्री) शत्रूणामाक्रामकः (हरिवान्) प्रशस्ता हरयोऽश्वा विद्यन्ते यस्य सः (दधे) धरामि (हस्तयोः) करयोर्मध्ये (वज्रम्) शस्त्रसमूहम् (आयसम्) अयोमयम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—यो हरिवान् शिप्री भीमो महानृष्वः शवः सेनापतिः क्रत्वाऽनुष्वधं निववृधे श्रिय उपाकयोर्हस्तयोरायसं वज्रमादधे स एव शत्रून् विजित्य राज्याधिकारी भवति ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यो बुद्धिमान् महोत्तमगुणविशिष्टः शत्रूणां भयंकरः सेनाशिक्षकोऽतियोद्धा वर्त्तते तं सेनापतिं कृत्वा धर्मेण राज्यं प्रशासनीयम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—जो (हरिवान्) बहुत उत्तम अश्वों से युक्त (शिप्री) शत्रुओं को रुलाने (भीमः) और भय देने वाला (महान्) बड़ा (ऋष्वः) प्राप्तविद्या सेनापति (शवः) बल (श्रिये) शोभा और लक्ष्मी के अर्थ (उपाकयोः) समीप में प्राप्त हुई अपनी और शत्रुओं की सेना के समीप (हस्तयोः) हाथों में (आयसम्) लोहे आदि से बनाये हुए (वज्रम्) शस्त्रसमूह को धारण करके शत्रुओं को जीतता है वही राज्याऽधिकारी होता है ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो बुद्धिमान् बड़े २ उत्तम गुणों से युक्त शत्रुओं को भयकर्त्ता सेनाओं का शिक्षक अत्यन्त युद्ध करने हारा पुरुष है उस को सेनापति कर के धर्म से राज्य के पालन की न्यायव्यवस्था करनी चाहिये ॥ ४ ॥

अथेश्वरगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में ईश्वर के गुणों का उपदेश किया है ॥

आ पप्रौ पार्थिवं रजो बद्बधे रोचना दिवि । न त्वावाँ इन्द्र कश्चन न जातो न जनिष्यतेऽति विश्वं ववक्षिथ ॥ ५ ॥ १ ॥

आ । पप्रौ । पार्थिवम् । रजः । बद्बधे । रोचना । दिवि । न । त्वाऽवान् । इन्द्र । कः । चन । न । जनिष्यते । अति । विश्वम् । ववक्षिथ ॥ ५ ॥ १ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (पप्रौ) प्रपूर्षि (पार्थिवम्) पृथिवीमयं पृथिव्यामन्तरिक्षे विदितं वा (रजः) परमाण्वादिकं वस्तु लोकसमूहं वा (बद्बधे) बीभत्सते (रोचना) सूर्यादिदीप्तिः (दिवि) प्रकाशे (न) निषेधे (त्वावान्) त्वया सदृशः (इन्द्र) परमैश्वर्ययुक्तपरमात्मन् (कः) (चन) अपि (न) (जातः) उत्पन्नः (न) (जनिष्यते) उत्पत्स्यते (अति) अतिशये (विश्वम्) सर्वम् (ववक्षिथ) वक्षसि ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यतः कश्चन त्वावान्न जातो न जनिष्यते-ऽतस्त्वं विश्वं सर्वं जगद्ववक्षिथ यो भवान् पार्थिवं विश्वं रज आपप्रौ दिवि रोचनाऽतिबद्बधेऽतः स त्वमुपास्योऽसि ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं येन सर्वं जगद्रचयित्वा व्याप्य रक्ष्यते योऽजन्मानुपमः । येन तुल्यं किंचिदपि वस्तु नास्ति कुतस्तातोऽधिकं किंचिदपि भवेत् तमेव सततमुपासीध्वम् । एतस्मात्पृथग्वस्तु नैव ग्राह्यं गणनीयं च ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) परमैश्वर्ययुक्त ईश्वर जिस से (कश्चन) कोई भी (त्वावान्) तेरे सदृश (नजातः) न हुआ (न जनिष्यते) न होगा और तू (विश्वं) जगत् को (ववक्षिथ) यथायोग्य नियम में प्राप्त करता है और जो (पार्थिवम्) पृथिवी और आकाश में वर्त्तमान(रजः) परमाणु और लोक में (आपप्रौ) सब ओर से व्याप्त हो रहा है (दिवि) प्रकाश रूप सूर्यादि जगत् में(रोचना) प्रकाशमान भूगोलों को (अतिबद्बधे) एक दूसरे वस्तु के घर्षण से बद्ध करता है वह सब का उपास्य देव है ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो आप लोग जिसने सब जगत् को रच के व्याप्त कर रक्षित किया है जो जन्म और उपमा से रहित जिस के तुल्य कुछ भी वस्तु नहीं है तो उस परमेश्वर से अधिक कुछ कैसे होवे। इस की उपासना को छोड़ के अन्य किसी पृथक् वस्तु का ग्रहण वा गणना मत करो ॥ ५ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह परमात्मा कैसा है इस वि०

योऽअर्यो मर्त्तभोजनं पराददाति दाशुषे।
इन्द्रोऽअस्मभ्यं शिक्षतु वि भजा भूरि ते
वसु भक्षीय तव राधसः ॥ ६ ॥

यः। अर्यः। मर्त्तऽभोजनम्। पराऽददाति।
दाशुषे। इन्द्रः। अस्मभ्यम्। शिक्षतु। वि।
भज। भूरि। ते। वसु। भक्षीय। तव।
राधसः ॥ ६ ॥

पदार्थः—(यः) वक्ष्यमाणः (अर्यः) सर्वस्वामीश्वरः (मर्त्तभोजनम्) मर्तेभ्यो मनुष्येभ्यो भोजनं मर्त्तानां पालनं वा (पराददाति) पूर्वं प्रयच्छति (दाशुषे) दानशीलाय जीवाय (इन्द्रः) परमैश्वर्ययुक्तः (अस्मभ्यम्) (शिक्षतु) विद्यामुपाददातु (वि) विशेषे (भज) सेवस्व (भूरि) बहु (ते) तव (वसु) वस्तुजातम् (भक्षीय) सेवय (तव) (राधसः) वृद्धिकारकस्य कार्यरूपस्य धनस्य शेषत्वात् कर्मणि षष्ठी ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्य इन्द्रोऽर्य ईश्वर ते दाशुषेऽस्मभ्यं भूरि वसु मर्त्तभोजनं च पराददाति तदुत्पन्नं भवानस्मभ्यं सदा शिक्षतु । तस्य तव शिक्षितस्य राधसोऽहमपि भक्षीय ॥ ६ ॥

भावार्थः—यदीश्वर इदं जगद्रचयित्वा धृत्वा जीवेभ्यो न दद्यात्तर्हि न कस्यापि किंचिन्मात्रा भोगसामग्री भवितुं शक्या। यद्ययं वेदद्वारा शिक्षां न कुर्यात्तर्हि न कस्यापि विद्यालेशो भवेत्तस्माद्विद्वद्भिः सर्वेषां सुखाय विद्या प्रसारणीया ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् (यः) जो (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य्य का देने हारा (अर्यः) ईश्वर (ते) तुझ (दाशुषे) दाता और (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (भूरि) बहुत (वसु) धन को (मर्त्तभोजनम्) वा मनुष्यों के भोजनार्थ पदार्थ को (पराददाति) देता है उस ईश्वर निर्मित पदार्थों को आप हम को सदा (शिक्षतु) शिक्षा करो और (तव) आप के (राधसः) शिक्षित कार्य्यरूप धन का मैं (भक्षीय) सेवन करूं ॥६॥

भावार्थः—जो ईश्वर इस जगत् को रच धारण कर जीवों को न देता तो किसी को कुछ भी भोग सामग्री प्राप्त न होसकती । जो यह परमात्मा वेद द्वारा मनुष्यों को शिक्षा न करता तो किसी को विद्या का लेश भी प्राप्त न होता इस से विद्वान् को योग्य है कि सब के सुखके लिये विद्या का विस्तार करना चाहिये ॥६॥

पुनः स ईश्वरोपासकः कीदृश इत्युपदिश्यते

फिर वह ईश्वर का उपासक कैसा है इस वि०

मदेमदे हि नो दुदिर्यूथा गवामृजुक्रतुः।
सं गृभाय पुरू शतोभयाहुस्त्या वसु शिशीहि
राय आ भर ॥ ७ ॥

मदेऽमदे । हि । नः । दुदिः । यूथा । गवाम् । ऋजुऽक्रतुः । सम् । गृभाय । पुरु । शता । उभयाहुस्त्या । वसु । शिशीहि । रायः । आ । भर ॥ ७ ॥

पदार्थः—(मदेमदे) हर्षे२ (हि) खलु (नः) अस्मभ्यम् (ददिः) दाता (यूथा) समूहान् (गवाम्) रश्मीनामिन्द्रियाणां पशूनां वा (ऋजुक्रतुः) ऋजवः क्रतवः प्रज्ञाः कर्माणि वा यस्य सः (सम्) सम्यक् (गृहाण) (पुरु) बहूनि (शता) असंख्यातानि (उभयाहस्त्या) समन्ताद्‌भयव हस्तो येषु कर्मसु तानि तेषु साधूनि (वसु) वासस्थानानि (शिशीहि) शिनु अत्र बहुलं छन्दसीति श्लुरन्येषामपीतिदीर्घश्च (रायः) विद्यासुवर्णादिधनसमूहान् (आ) समन्तात् (भर) धेहि॥७॥

अन्वयः—हे विद्वन् ऋजुक्रतुर्ददिस्त्वमीश्वरोपासनेन मदेमदे हि नोऽस्मभ्यमुभयाहस्त्या पुरु शता वसु गवां यूथा चाभर रायः संगृभाय शिशीहि ॥ ७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यः सर्वानन्दप्रदः सर्वसाधनसाध्योत्पादकः सर्वाणि धनानि प्रयच्छति स एवेश्वरोऽस्माभिरुपास्यो नेतरः॥

पदार्थः—हे विद्वान् (ऋजुक्रतुः) सरल ज्ञान और कर्मयुक्त (ददिः) दाता आप ईश्वर की आज्ञापालन और उपासना से (मदेमदे) आनन्द २ में (हि) निश्चय से (नः) हमारे लिये (उभयाहस्त्या) दोनों हाथों की क्रिया में उत्तम (पुरु) बहुत (शता) सैकड़ह (वसु) द्रव्यों का (शिशीहि) प्रबंध कीजिये (गवाम्) किरण इन्द्रियां और पशुओं के (यूथा) समूहों को (आभर) चारों ओर से धारण कर (रायः) धनों को (संगृभाय) सम्यक् ग्रहण कर ॥ ७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो सब आनन्दों का देने वाला सब साधन साध्य रूप पदार्थों का उत्पादक सब धनों को देता है वही ईश्वर हमारा उपास्य है अन्य नहीं॥

पुनः स सभेशः कीदृशः स्यादित्याह

फिर वह सभापति कैसा हो इस वि०

मा॒द॒यस्व॑ सु॒ते सचा॒ शव॑से शूर॒ राध॑से ।
वि॒द्मा हि त्वा॑ पु॒रू॒वसु॒मुप॒ कामा॑न्त्सस॒ृज्महेऽथा॑ नोऽवि॒ता भ॑व ॥ ८ ॥

मादयस्व । सुते । सचा । शवसे । शूर ।
राधसे । विद्म । हि । त्वा । पुरुऽवसुम् ।
उप । कामान् । ससृज्महे । अथ । नः ।
अविता । भव ॥ ८ ॥

पदार्थः—(मादयस्व) आनन्दं प्रापय (सुते) उत्पन्नेऽस्मिन् जगति (सचा) सुखसमवेतेन युक्ताय (शवसे) बलाय (शूर) दुष्टदोषान् शत्रून् वा निवारयन् (राधसे) संसिद्धाय धनाय (विद्म) विजानीम (हि) खलु (त्वा) त्वाम् (पुरुवसुम्) बहुषु धनेषु वासयितारम् (उप) सामीप्ये (कामान्) मनोभिलषितान् (ससृज्महे) निष्पादयेम (अथ) आनन्तर्ये (नः) अस्माकमस्मान् वा (अविता) रक्षणादिकर्त्ता (भव) ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे शूर वयं सुते पुरुवसुं त्वामुपाश्रित्याथ कामान् ससृज्महे हि विद्म च स त्वं नोऽविता भव सचा शवसे राधसे मादयस्व ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्याणां सेनापत्याश्रयेण विना शत्रुविजयः कामसमृद्धिः स्वरक्षणमुत्कृष्टे धनबले परमं सुखं च प्राप्तुं न शक्यते ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (शूर) दुष्ट दोष और शत्रुओं का निवारण करने हारे हम (सुते) इस उत्पन्न जगत् में (पुरुवसुम्) बहुतों को वसाने वाले (त्वा) आप का (उप) आश्रय करके (अथ) पश्चात् (कामान्) अपनी कामनाओं को (ससृज्महे) सिद्ध करते हैं (हि) निश्चय करके (विद्म) जानते भी हैं तू (नः) हमारा (अविता) रक्षक (भव) हो और इस जगत् में (सचा) संयुक्त (शवसे) बल कारक (राधसे) धन के लिये (मादयस्व) आनन्द कराया कर ॥ ८ ॥

भावार्थ:—मनुष्यों को सेनापति के आश्रय के विना शत्रु का विजय काम की सिद्धि अपना रक्षण उत्तम धन और बल परम सुख प्राप्त नहीं हो सकता ॥८॥

अथेश्वरः कीदृश इत्याह ॥

अब ईश्वर कैसा है यह वि० ॥

एते तं इन्द्र जन्तवो विश्वं पुष्यन्ति वार्यम्। अन्तर्हि ख्यो जनानामर्यो वेदो अदाशुषां तेषां नो वेद आ भर ॥ ९ ॥ २ ॥

एते। ते। इन्द्र। जन्तवः। विश्वम्। पुष्यन्ति। वार्यम्। अन्तः। हि। ख्यः। जनानाम्। अर्यः। वेदः। अदाशुषाम्। तेषाम्। नः। वेदः। आ। भर ॥ ९ ॥ २ ॥

पदार्थ:—(एते) दृष्टा विद्यमानाः (ते) तव (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रद जगदीश्वर सेनाध्यक्षो वा (जन्तवः) जीवाः (विश्वम्) जगत् (पुष्यन्ति) आनन्दन्ति (वार्यम्) स्वीकर्त्तुमर्हम् (अन्तः) मध्ये (हि) खलु (ख्यः) प्रकथयसि (जनानाम्) सज्जनानां मनुष्याणाम् (अर्यः) स्वामीश्वरः (वेदः) विदन्ति सुखानि येन तद्धनम् (अदाशुषाम्) अदातॄणाम् (तेषाम्) (नः) अस्मभ्यमस्माकं वा (वेदः) विज्ञानधनम् (आ) समन्तात् (भर) प्रापय ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यस्य ते सृष्टौ य एते जन्तवो वार्य्यं विश्वं पुष्यन्ति तेषां जनानामन्तर्मध्ये वर्त्तमानानामदाशुषां दानशीलता रहितानामर्य्यस्त्वं वेदो हि स्थः प्रकथयसि स त्वं नोऽस्मभ्यं वेद आ भर ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या य ईश्वरोऽन्तर्बहिः सर्वत्र व्याप्य सर्वमन्तर्बहिःस्थं व्यवहारं जानाति सदुपदेशान् करोति सर्वजीवानां हितं चिकीर्षति तमाश्रित्य पारमार्थिकव्यवहारिकसुखे प्राप्नुत ॥ ६ ॥

अस्मिन् सूक्ते सेनापतिरीश्वरसभाध्यक्षगुणवर्णनादेतद-
र्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम्॥
इत्येकाशीतितमं सूक्तं द्वितीयो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) परमेश्वर जिस (ते) तेरी सृष्टि में जो (एते) ये (जन्तवः) जीव (वार्य्यम्) स्वीकार के योग्य (विश्वम्) जगत् को (पुष्यन्ति) पुष्ट करते हैं (तेषाम्) उन (जनानाम्) मनुष्य आदि प्राणियों के (अन्तः) मध्य में वर्त्तमान (अदाशुषाम्) दानादिकर्मरहित मनुष्यों के (अर्य्यः) ईश्वर तू (वेदः) जिस से सुख प्राप्त होता है उस को (हि) निश्चय करके (ख्यः) उपदेश करता है वह तू (नः) हमारे लिये (वेदः) विज्ञानरूप धन का (आभर) दान कीजिये ॥६॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो ईश्वर बाहर भीतर सर्वत्र व्याप्त होकर सब भीतर बाहर के व्यवहारों को जानता सत्य उपदेश और सब जीवों के हित की इच्छा करता है उस का आश्रय लेकर परमार्थ और व्यवहार सिद्ध करके सुखों को तुम प्राप्त होओ ॥ ६ ॥

इस सूक्त में सेनापति ईश्वर और सभाध्यक्ष के गुणों का वर्णन करने से इस सूक्त के अर्थ की संगति पूर्व सूक्तार्थ के साथ समझनी चाहिये । यह इक्यासी का सूक्त और २ दूसरा वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ षडर्चस्य इत्योतितमस्य सूक्तस्य राहूगणो गोतम ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ४ निचृदास्तारपंक्तिः २ । ३ । ५ विराडास्तारपंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः । ६ विराड्जगती छन्दः निषादः स्वरः ॥

पुनस्तदुपासकः सेनेशः कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर परमात्मा का उपासक सेनापति कैसा हो इस वि० ॥

उपो षु शृणुही गिरो मघवन्मातथा इव । यदा नः सूनृतावतः कर आदर्थयास इद्योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ १ ॥

उपो इति । सु । शृणुहि । गिरः । मघऽवन् । मा । अतथाःऽइव । यदा । नः । सूनृताऽवतः । करः । आत् । अर्थयासे । इत् । योज । नु । इन्द्र । ते । हरीइति ॥ १ ॥

पदार्थः—(उपो) सामीप्ये (सु) शोभने (शृणुहि) (गिरः) वाणीः (मघवन्) प्रशस्तगुणप्रापक (मा) निषेधे (अतथाइव) प्रतिकूलइव अथाऽऽचारे क्विप् तदन्ताच्च प्रत्ययः(यदा)यस्मिन्काले (नः) अस्माकम (सूनतावतः) सत्यवाणीयुक्तान् (करः) कुरु (आत्) आनन्तर्य्ये (अर्थयासे) याचस्व (इत्) एव (योज) युक्तान् कुरु (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) परमैश्वर्य्यप्रापकसेनाद्यध्यक्ष (ते) तव (हरी) हरणशीलौधारणाकर्षणगुणावुत्तमाश्वौ वा ॥ १ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यौ ते तव हरी स्तस्तौ त्वं नुयोज प्रियवाणीवतोविदुषोऽर्थयासि याचस्व । हे मघवंस्त्वं नोऽस्माकं गिर उपोसुशृणुह्यान्नोऽतथा इवेन्मा भव यदा वयं त्वां सुखानि याचामहे तदा त्वं नोऽस्मान् सूनृतावतः कर: ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा राजा सुसेवितजगदीश्वरात्सेनापतेर्वा सेनापतिना सुसेविता सेना वा सुखानि प्राप्नोति यथा च सभाध्यक्षाः प्रजासेनाजनानामानुकूल्ये वर्त्तरंस्तथैवैतेषामानुकूल्ये प्रजासेनास्थैर्भवितव्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सेनापति जो (ते) आप के (हरी) धारणाऽऽकर्षण के लिये घोड़े वा अग्नि आदि पदार्थ हैं उन को (नु) शीघ्र (योज) युक्त करो प्रियवाणी बोलने हारे विद्वान् से (अर्थयासि) याच्ञा कीजिये । हे (मघवन्) अच्छे गुणों के प्राप्त करने वाले (नः) हमारी (गिरः) वाणियों को (उपोसुशृणुहि) समीप हो कर सुनिये (आत्) पश्चात् हमारे लिये (अतथाइवेत्) विपरीत आचरण करनेवाले जैसेही (मा) मत हो (यदा) जब हम तुम से सुखों की याचना करते हैं तब आप (नः) हम को(सूनृतावतः) सत्य वाणी युक्त (करः) कीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे राजा ईश्वर के सेवक सेनापति से वा सेनापति ने पालन की हुई सेना सुखों को प्राप्त होती है जैसे सभाध्यक्ष प्रजा और सेना के अनुकूल वर्त्तमान करें वैसे उन के अनुकूल प्रजा और सेना को मनुष्यों को आचरण करना चाहिये ॥ १ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते

फिर वह कैसा हो इस वि०

अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्रिया अधूषत ।
अस्तोषत स्वभानवो विप्रा नविष्ठया मती
योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ २ ॥

अर्चन् । अमीमदन्त । हि । अव । प्रियाः । अधूषत । अस्तोषत । स्वऽभानवः । विप्राः । नविष्ठया । मती । योज । नु । इन्द्र । ते । हरी इति ॥ २ ॥

पदार्थः—(अर्चन्) शुभगुणान् प्राप्नुवन्तु (अमीमदन्त) आनन्दन्तु (हि) खलु (अव) विरुद्धार्थे (प्रियाः) प्रीतियुक्ताः सन्तः (अधूषत) शत्रून् दुःखानि वा दूरीकुरुत (अस्तोषत) स्तुत (स्वभानवः) स्वकीया भानवो दीप्तयो येषां ते (विप्राः) मेधाविनः (नविष्ठया) अतिशयेन नूतनया (मती) बुद्ध्या (योज) योजय (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) सभाध्यक्ष (ते) (हरी) ॥ २ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यौ ते तव हरी वर्त्तेते तावस्मदर्थं नुयोज हे स्वभानवो विप्रा भवन्तः सूर्यादय इव नविष्ठया मती सह सर्वेषां प्रिया भवन्तु सर्वाणि शास्त्राण्यस्तोषतशत्रून् दुःखान्य वाधूषताचन्नमीमदन्तास्मानप्रीदृशान् कुर्वन्तु ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरुत्तमगुणकर्मस्वभावयुक्तस्य सर्वथा प्रशंसिताचरणस्य सेनाद्यध्यक्षस्योपदेशकस्य वा गुणप्रशंसनाऽनुकरणाभ्यां नवीनौ विज्ञानपुरुषार्थौ वर्धयित्वा सर्वदा प्रसन्नतयानन्दो भोक्तव्यः ।

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभापते जो (ते) तेरे (हरी) धारण आकर्षण करने हारे वाहन वा घोड़े हैं उन को तू हमारे लिये (नुयोज) शीघ्र युक्त कर। हे (स्वभानवः) स्वप्रकाश स्वरूप सूर्यादि के तुल्य (विप्राः) बुद्धिमान् लोगो आप (नविष्ठया) अतिशय नवीन (मती) बुद्धि के सहित हो के (प्रियाः) प्रिय हूजिये सबके लिये सब शास्त्रों को (हि) निश्चय से (अस्तोषत) प्रशंसा आप किया करिये शत्रु और दुःखों को (अवाधूषत) छुड़ाइये (अर्चन्) विद्यादि शुभगुणों में व्याप्त हूजिये (अमीमदन्त) अतिशय करके आनन्दित हूजिये और हम को भी ऐसे ही कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि श्रेष्ठ गुणकर्मस्वभावयुक्त सब प्रकार उत्तम आचरण करने हारे सेना और सभापति तथा सत्योपदेशक आदि के गुणों की प्रशंसा और कर्मों से नवीन २ विज्ञान और पुरुषार्थ को बढ़ा कर सदा प्रसन्नता से आनन्द का भोग करें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा हो इस वि०

सुसंदृशं त्वा वयं मघवन्वन्दिषीमहि ।
प्र नूनं पूर्णबन्धुरः स्तुतो याहि वशाँ अनु
योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ ३ ॥

सुऽसंदृशम् । त्वा । वयम् । मघऽवन् ।
वन्दिषीमहि । प्र । नूनम् । पूर्णऽबन्धुरः ।
स्तुतः । याहि । वशान् । अनु । योज । नु ।
इन्द्र । ते । हरीइति ॥ ३ ॥

पदार्थः—(सुसंदृशम्) एकीभावेन सर्वकर्मणां द्रष्टारम् (त्वा) त्वां सेनाध्यक्षं वा (वयम्) (मघवन्) प्रशस्तगुणधनप्रापक (वंदिषीमहि) नमस्कुर्मः (प्र) प्रकृष्टे (नूनम्) निश्चये (पूर्णबन्धुरः) पूर्णैः सत्यैः प्रेमबंधनैर्युक्तः (स्तुतः) प्रशंसितः सन् (याहि) प्राप्नुहि (वशान्) शमदमादियुक्तान् धार्मिकान् जनान् (अनु) अर्वाक् (योज) योजय (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) दुःखविदारक (ते) (हरी) ॥३॥

अन्वयः—हे मघवन्निन्द्र यथा वयं सुसंदृशं त्वा वन्दिषीमहि तथाऽस्माभिर्नूनं पूर्णबंधुरः स्तुतः संस्त्वं येऽस्माकं शत्रवस्तान्वशान् कुरु यौ ते तव हरी स्तस्तावनु योज विजयाय प्रयाहि ॥३॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदा मनुष्याः सर्वद्रष्टुः परमेश्वरस्य स्तोतारं सभेशमाश्रयंति तदैतानरीन् सद्यो निगृह्णन्ति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (मघवन्) परमपूजित धनयुक्त (इन्द्र) सुखप्रद जैसे (वयम्) हम (सुसंदृशम्) कल्याणदृष्टियुक्त (त्वा) आप को (वंदिषीमहि) प्रशंसित करें वैसे हम से सहित हो के (पूर्णबंधुरः) समस्त सत्य प्रबंध और प्रेमयुक्त (स्तुतः) प्रशंसा को प्राप्त होके आप जो प्रजा के शत्रु हैं उन को (नु) शीघ्र (वशान्) वश करो जो (ते) आप के (हरी) सूर्य के धारणाकर्षणादिगुणवत् सुशिक्षित अश्व हैं उन को (अनुयोज) युक्त करो विजय के लिये (नूनम्) निश्चय करके (प्रयाहि) अच्छे प्रकार जाया करो ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जब मनुष्य सब के दृष्टा परमेश्वर की स्तुति करने हारे सभापति का आश्रय लेते हैं तब इन शत्रुओं का शीघ्र निग्रह कर सकते हैं ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृश इत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

स घा तं वृषणं रथमधि तिष्ठाति गोविदम्।
यः पात्रं हारियोजनं पूर्णमिन्द्र चिकेतति
योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ ४ ॥

सः। घ। तम्। वृषणम्। रथम्। अधि।
तिष्ठाति। गोऽविदम्। यः। पात्रम्। हारिऽयोजनम्। पूर्णम्। इन्द्र। चिकेतति।
योज। नु। इन्द्र। ते। हरी इति ॥ ४ ॥

पदार्थः—(सः) विद्वान् वीरः (घ) एव (तम्) (वृषणम्) शत्रूणां शक्तिबन्धकम् (रथम्) यानम् (अधि) उपरि (तिष्ठाति)

तिष्ठतु (गोविदम्) गां भूमिं विन्दति येन तम् (यः) (पात्रम्) पद्यते येन तत् (हारियोजनम्) हरयोऽश्वा युज्यन्ते यस्मिंस्तत् (पूर्णम्) समग्रशस्त्राऽस्त्रसामग्रीसहितम् (इन्द्र) परमैश्वर्य्यप्रापक (चिकेतति) जानाति (योज) अश्वैर्युक्तं कुरु (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रापक (ते) तव (हरी) हरणशीलौ वेगाकर्षणाख्यावश्वौ ॥४॥

अन्वयः—हे इन्द्र यो भवान् हारियोजनं पूर्णं पात्रं रथं चिकेतति स त्वं तस्मिन् रथे हरी नुयोज हे इन्द्र यस्ते तं वृषणं गोविदं रथमधितिष्ठाति स च कथं न विजयते ॥ ४ ॥

भावार्थः—सेनाध्यक्षेण पूर्णविद्याबलहर्षितां हस्त्यश्वरथशस्त्रादिसामग्री परिपूर्णां सेनां संपाद्य शत्रवो विजेयाः ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) परमविद्याधनयुक्त (यः) जो आप (हारियोजनम्) अग्नि वा घोड़ों से युक्त किये हुए (पूर्णम्) सब सामग्री से युक्त (पात्रम्) रक्षा निमित्त (रथम्) रथ को बनाना (चिकेतति) जानते हो (सः) सो उस रथ में (हरी) वेगादिगुणयुक्त घोड़ों को (नुयोज) शीघ्र युक्त कर हे (इन्द्र) सेनापते जो (ते) आप के (वृषणम्) शत्रु के सामर्थ्य का नाशक (गोविदम्) जिस से भूमि का राज्य प्राप्त हो (तम्) उस रथ पर (अधितिष्ठाति) बैठे (च) वही विजय को प्राप्त क्यों न होवे ॥ ४ ॥

भावार्थः—सेनापति को योग्य है कि विद्या बलसे हृष्ट पुष्ट हाथी घोड़े रथ शस्त्र अस्त्रादि सामग्री से पूर्ण सेना को प्राप्त करके शत्रुओं को जीता करे ॥४॥

पुनः स कथं कुर्यादित्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसे करे इस वि०

युक्तस्ते अस्तु दक्षिण उत सव्यः शतक्रतो । तेन जायामुप प्रियां मन्दानो याह्यन्धसो योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ ५ ॥

युक्तः । ते । अस्तु । दक्षिणः । उत ।
सव्यः । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । तेन ।
जायाम् । उप । प्रियाम् । मन्दानः । याहि ।
अन्धसः । योज । नु । इन्द्र । ते । हरी इति ॥५॥

पदार्थः—(युक्तः) कृतयोजनः (ते) तव (अस्तु) भवतु (दक्षिणः) एको दक्षिणपार्श्वस्थः (उत) अपि (सव्यः) द्वितीयो वामपार्श्वस्थः (शतक्रतो) शतधाक्रतुः प्रज्ञाकर्म वा यस्य तत्संबुद्धौ (तेन) रथेन (जायाम्) स्वस्त्रियम् (उप) समीपे (प्रियाम्) प्रीतिकारिणीम् (मन्दानः) आनन्दयन् (याहि) गच्छ प्राप्नुहि वा (अन्धसः) अन्नादेः (योज) (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) (ते) (हरी) ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र शतक्रतो ते तव यौ सुशिक्षितौ हरी स्त एतौ रथे त्वं नुयोज यस्य ते तव रथस्यैकोऽश्वो दक्षिणपार्श्वे युक्त उतापि द्वितीयः सव्यो युक्तोऽस्तु तेन रथेनाऽरीन् जित्वा प्रियां जायां मन्दानस्त्वमंधस उपयाहि प्राप्नुहि द्वौ मिलित्वा शत्रुविजयार्थं गच्छेताम् ॥ ५ ॥

भावार्थः—राजा स्वपत्न्या सह सुशिक्षितैरश्वैर्युक्ते याने स्थित्वा युद्धे विजयो व्यवहारे आनन्दश्च प्राप्तव्यः । यत्र २ युद्धे कचिद्भ्रमणार्थं वा गच्छेत्तत्र २ सुशिल्पिरचिते दृढे रथे स्त्रिया सहितः स्थित्वैव यायात् ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सब को सुख के देनेहारे (शतक्रतो) असंख्य उत्तम बुद्धि और क्रियाओं से युक्त (ते) आप के जो सुशिक्षित (हरी) घोड़े हैं उन को रथ में तू (नुयोज) शीघ्र युक्त कर जिस (ते) तेरे रथ के (एकः) एक घोड़ा

(दक्षिणः) दहिने (उत) और (सव्यः) बाईं ओर (अस्तु) हो (तेन) उस रथपर बैठ शत्रुओं को जीत के (प्रियाम्) अतिप्रिय (जायम्) स्त्री के साथ बैठा (मन्दानः) आप प्रसन्न और उस को प्रसन्न करता हुआ (अन्धसः) अन्नादि सामग्री के (उपयाहि) समीपस्थ हो के तू दोनों शत्रुओं को जीतने के अर्थ जायाकर ॥५॥

भावार्थः—राजा को योग्य है कि अपनी राणी के साथ अच्छे सुशिक्षित घोड़ों से युक्त रथ में बैठ के युद्ध में विजय और व्यवहार में आनन्द को प्राप्त होवें। जहां २ युद्ध में वा भ्रमण के लिये जावें वहां २ उत्तम कारीगरों ने बनाये सुन्दर रथ में स्त्री के सहित स्थित हो के ही जावे ॥ ५ ॥

पुनर्भृत्याः किं कुर्युस्तेन स किं कुर्यादित्याह॥

फिर उस के भृत्य क्या करें और उस रथ से वह क्या करे इस वि०

युनज्मिं ते ब्रह्मणा केशिना हरी उप प्र याहि दधिषे गभस्त्योः । उत्त्वा सुतासो रभसा अमन्दिषुः पूषण्वान्वज्रिन्त्समु पत्न्यामदः ॥ ६ ॥ ३ ॥

युनज्मि । ते । ब्रह्मणा । केशिना । हरीइति । उप । प्र । याहि । दधिषे । गभस्त्योः । उत् । त्वा । सुतासः । रभसाः । अमन्दिषुः । पूषण्ऽवान् । वज्रिन् । सम् । ऊँइति । पत्न्या । अमदः ॥ ६ ॥ ३ ॥

पदार्थः-(युनज्मि) युक्तौ करोमि (ते) तव (ब्रह्मणा) अन्नादिना सह (केशिना) सूर्यरश्मिवत्प्रशस्तकेशयुक्तौ (हरी) बलिष्ठावश्वौ (उप) सामीप्ये (प्र) (याहि) गच्छाऽऽगच्छ (दधिषे) धरसि (गभस्त्योः) हस्तयोः । गभस्तीइति बाहुनाम० निघं० २ ।४ । (उत) उत्कृष्टे (त्वा) त्वाम् (सुतासः) विद्याशिक्षाभ्यामुत्तमाः संपादिताः (रभसाः) वेगयुक्ताः (अमन्दिषुः) हर्षयन्तु (पूषण्वान्) अरिशक्तिनिरोधकैर्वीरैःसह (वज्रिन्) प्रशस्तास्त्रयुक्त (सम्) सम्यक् (उ) वितर्के (पत्न्या) युद्धादौ संगमनीये यज्ञे संयुक्तया स्त्रिया (अमदः) आनंद ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे वज्रिन्सेनाध्यक्ष यथाऽहं ते तव ब्रह्मणा युक्ते रथे केशिना हरी युनज्मि यत्र स्थित्वा त्वं गभस्त्योरस्त्रशस्त्राणि दधिषे उपप्रयाहि यथा रभसाः सुतासः सुशिक्षिता भृत्या यं त्वा उ उदमंदिषुरानन्दयेयुस्तथैतानानन्दय । पूषण्वान् स्वकीयया पत्न्या सह सममदः सम्यगानन्द ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्योऽश्वादिसंयोजका भृत्यास्ते सुशिक्षिता एव रक्षणीयाः स्वस्त्र्यादयोऽपि स्वानुरक्ता एव करणीयाः स्वयमप्येतेष्वनुरक्तास्तिष्ठेयुः सर्वदा युक्तः सन् सुपरीक्षितैरेतैर्धर्म्याणि कार्याणि संसाधयेत् ॥ ६ ॥

अत्र सेनापतिरीश्वरगुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इतिद्व्यशीतितमं सूक्तं तृतीयो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे (वज्रिन्) उत्तम शस्त्र युक्त सेनाध्यक्ष जैसे मैं (ते) तेरे (ब्रह्मणा) अन्नादि से युक्त नौका रथ में (केशिना) सूर्य की किरण के समान प्रकाशमान (हरी) घोड़ों को (युनज्मि) जोड़ता हूं जिस में बैठ के तू (गभस्त्योः)

ङ्गों में घोड़ों की रस्सी को (दधिषे) धारण करता है उस रथ से (उपप्रयाहि) अभीष्टस्थानों को जा जैसे बलवेगादि युक्त (सुतासः) सुशिक्षित (भृत्याः) नौकर लोग जिस (त्वा) तुझको (उ) अच्छे प्रकार (उदमंदिषुः) आनंदित करें वैसे इन को तू भी आनंदित कर और (पूषण्वान्) शत्रुओं की शक्तियों को रोकने हारा तू अपनी (पत्न्या) स्त्री के साथ (सममदः) अच्छे प्रकार आनन्द को प्राप्तहो ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो अश्वादि की शिक्षा सेवा करने हारे और उनको सवारियों में चलाने वाले भृत्य हों वे अच्छी शिक्षा युक्त हों और अपनी स्त्रियादि को भी अपने से प्रसन्न रख के आप भी उन में यथावत्प्रीति करें सर्वदा युक्त होके सुपरीक्षित स्त्री आदि में धर्म कार्यों को साधा करें ॥ ६ ॥

इस सूक्त में सेना का पति और ईश्वर के गुणों का वर्णन करने से इस सूक्तके अर्थ की पूर्व सूक्त के अर्थ के साथ संगति समझनी चाहिये ॥

यह ८२ बियासी का सूक्त और ३ तीसरा वर्ग पूरा हुआ ॥

अथषडर्चस्य त्र्यशीतितमस्य सूक्तस्य राहूगणो गोतम ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ३ । ४ । ५ निचृज्जगती । २ जगती छन्दः । निषादः स्वरः । ६ त्रिष्टुप्छन्दः धैवतः स्वरः ॥

पुनः स कीदृशे रथे तिष्ठन्कार्याणि साधयेदित्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसे रथ में बैठा हुआ कामों को सिद्ध करे इस वि०

अश्वा॑वति प्रथ॒मो गोषु॑ गच्छति सुप्रा॒वीरि॑न्द्र॒ मर्त्य॒स्तवो॒तिभिः॑ । तमित्पृ॑णक्षि॒ वसु॑ना॒ भवी॑यसा॒ सिन्धु॒मापो॒ यथा॒भितो॒ विचे॑तसः ॥ १ ॥

अश्वंऽवति । प्रथमः । गोषु । गच्छति ।
सुप्रऽअवीः । इन्द्र । मर्त्यः । तवं । ऊतिऽभिः ।
तम् । इत् । पृणक्षि । वसुना । भवीयसा ।
सिन्धुम् । आपः । यथा । अभितः । विऽचेतसः ॥ १ ॥

पदार्थः—(अश्वावति) संबद्धा अश्वा यस्मिंस्तस्मिन् रथे (प्रथमः) आदिमो भूमिगमनार्थो रथः (गोषु) पृथिवीषु (गच्छति) चलति (सुप्रावीः) सुष्ठुप्रकाररक्षाकर्त्ता (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रापकसेनापते (मर्त्यः) सुशिक्षितो धार्मिको भृत्यो मनुष्यः (तव) (ऊतिभिः) रक्षणादिभिः (तम्) (इत्) एव (पृणक्षि) संयुनक्षि (वसुना) प्रशस्तेन धनेन (भवीयसा) यदतिशयितम् भवति तेन (सिन्धुम्) समुद्रं नदीं वा (आपः) जलानि (यथा) येन प्रकारेण (अभितः) सर्वतः (विचेतसः) विगतं चेतः संज्ञानं याभ्यस्ताः ॥ १ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यो मर्त्यस्तवोतिभिः सह वर्त्तमानो भृत्योऽश्वावति रथे स्थित्वा गोषु युद्धाय प्रथमो गच्छति तेन त्वं प्रजाः सुप्रावीस्तमिद्यथा विचेतस आपोऽभितः सिंधुमाप्नुवन्ति यथा भवीयसा वसुना सह प्रजाः पृणक्षि संयुनक्षि तथैव सर्वे संयुञ्जन्तु ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—सेनाध्यक्षादिभी राजपुरुषैर्ये भृत्याः स्वस्वाऽधिकृतेषु कर्मसु यथावन्नवर्त्तेरन् तान्सुदण्डय ये चानुवर्त्तेरंस्तान् सुसत्कृत्य बहुभिरुत्तमैः पदार्थैः सत्कारैः सह योजितानां सन्तोषं संपाद्य राजकार्याणि संसाधनीयानि नहि कश्चिद्यथापराधिने दण्डदानेन सुकर्मानुष्ठानाय पारितोषेण च विना यथावद्राजव्यवस्थां संस्थापयितुं शक्नोत्यत एतत्कर्म सदानुष्ठेयम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सब की रक्षा करने हारे राजन् जो (मर्त्यः) अच्छी शिक्षा युक्त धार्मिक मनुष्य (तव) तेरी (ऊतिभिः) रक्षा आदि से रक्षित भृत्य (अश्वावति) उत्तम घोड़ों से युक्त रथ में बैठ के (गोषु) पृथिवी विभागों में युद्ध के लिये (प्रथमः) प्रथम (गच्छति) जाता है उस से तू प्रजाओं को (सुप्रावीः) अच्छे प्रकार रक्षा कर (तमित्) उसी को (यथा) जैसे (विचेतसः) चेतनता रहित जड़ (आपः) जल वा वायु (अभितः) चारों ओर से (सिन्धुम्) नदी को प्राप्त होते हैं जैसे (भवीयसा) अत्यन्त उत्तम (वसुना) धन से तू प्रजा को (पृणक्षि) युक्त करता है वैसे ही सब प्रजा और राजपुरुष पुरुषार्थ करके ऐश्वर्य से संयुक्त हों॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—सेनापति आदि राजपुरुषों को योग्य है कि जो भृत्य अपने २ अधिकार के कामों में यथायोग्य न वर्त्तें उन २ को अच्छे प्रकार दण्ड और जो न्याय के अनुकूल वर्त्तें उन का सत्कार किये विना इन से शत्रुओं को जीत प्रजा की रक्षा कर धार्मिक पुरुषों को प्रसन्न रख के राजकार्यों को सिद्ध करना चाहिये कोई भी पुरुष अपराधि के योग्य दण्ड और अच्छे कर्मकर्त्ता की योग्य प्रतिष्ठा किये विना यथावत् राज्य की व्यवस्था को स्थिर करने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इस कर्म का अनुष्ठान सदा करना चाहिये ॥ १ ॥

पुनर्विद्वांसः किं कुर्वन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर विद्वान् लोग क्या करें इस वि०

आपो न देवीरुप यन्ति होत्रियमवः पश्यन्ति विततं यथा रजः। प्राचैर्देवासः प्र णयन्ति देवयुं ब्रह्मप्रियं जोषयन्ते वराइव ॥ २ ॥

आपः। न। देवीः। उप। यन्ति। होत्रियम्। अवः। पश्यन्ति। विऽततम्। यथा। रजः। प्राचैः। देवासः। प्र। नयन्ति। देवऽयुम्। ब्रह्मऽप्रियम्। जोषयन्ते। वराःऽइव ॥ २ ॥

पदार्थः—(आपः) व्याप्तिशीलानि (न) इव (देवीः) देदीप्यमानाः (उप) सामीप्ये (यन्ति) प्राप्नुवंति (होत्रियम्) दातव्यादातव्यानामिदम् (अवः) रक्षणादिकम् (पश्यन्ति) प्रेक्षन्ते (विततम्) विस्तृतम् (यथा) येन प्रकारेण (रजः) सूक्ष्मं सर्वलोककारणं परमाण्वादिकम् (प्राचैः) प्राचीनैर्विद्वद्भिः (देवासः) प्रशस्ता विद्वांसः (प्र) (नयन्ति) प्राप्नुवन्ति (देवयुम्) आत्मानं देवमिच्छन्तम् (ब्रह्मप्रियम्) ईश्वरो वेदो वा प्रियो यस्य तम् (जोषयन्ते) प्रीतयंति (वराइव) यथा प्रशस्तविद्याधर्म कर्मस्वभावाः ॥ २ ॥

अन्वयः—ये देवासो मेघमापो न देवीरुपयंति तथा प्राचैः सह विततं रजो होत्रियमवः पश्यंति वराइव ब्रह्मप्रियं देवयुं प्रणयंति जोषयन्ते ते सततं सुखिनः कथं न स्युः ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः—केन हेतुनेमे विद्वांस इमेऽविद्वांस इति विवेचनीयमित्यत्राह जलवच्छान्ताः प्राणवत्प्रियाः धर्म्यादिदिव्यक्रियाः कुर्युः सर्वेषां शरीरात्मनोः यथार्थरक्षणं जानीयुः । भूगर्भादिविद्याभिः प्राचीनवेदविद्विद्वद्दर्शनेन वेदद्वारेश्वरप्रणीतं धर्मं प्रचारयेयुस्ते विद्वांसो विज्ञेयाः एतद्विपरीताः स्युस्तेऽविद्वांसश्चेति निश्चिनुयुः ॥ २ ॥

पदार्थः—जो (देवासः) विद्वान् लोग मेघ को (आपोन) जैसे जल प्राप्त होते हैं वैसे (देवीः) विदुषी स्त्रियों को (उपयन्ति) प्राप्त होते हैं और (यथा) जैसे (प्राचैः) प्राचीन विद्वानों के साथ (विततम्) विशाल और जैसे (रजः) परमाणु आदि जगत् का कारण (होत्रियम्) देने लेने के योग्य (अवः) रक्षण को (पश्यन्ति) देखते हैं (वराइव) उत्तम पतिव्रता विद्वान् स्त्रियों के समान (ब्रह्मप्रियम्) वेद और ईश्वर की आज्ञा में प्रसन्न (देवयुम्) अपने आत्मा को विद्वान् होने को चाहनायुक्त (प्रणयन्ति) नीतिपूर्वक करते और (जोषयन्ते) इसका सेवन करते औरों को ऐसा कराते हैं वे निरंतर सुखी क्यों नहीं ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं० किस हेतु से विद्वान् और अविद्वान् भिन्न २ कहाते हैं इस का उत्तर । जो धर्मयुक्त शुद्ध क्रियाओं को करें, सब के शरीर और आत्मा का यथावत् रक्षण करना जानें और भूगर्भादि विद्याओं से प्राचीन आप्त विद्वानों के तुल्य वेद द्वारा ईश्वर प्रणीत सत्यधर्म मार्ग का प्रचार करें । वे विद्वान् हैं और जो इन से विपरीत हों वे अविद्वान् हैं इस प्रकार निश्चय से जानें ॥ २

पुनस्ते कीदृशा इत्युपदिश्यते

फिर वे कैसे हों इस वि०

अधि द्वयोरदधा उक्थ्यं१ वचो यतस्रुचा मिथुना या सपर्यतः। असंयत्तो व्रते ते क्षेति पुष्यति भद्रा शक्तिर्यजमानाय सुन्वते ॥ ३ ॥

अधि । द्वयोः । अदधाः । उक्थ्यम् । वचः । यतऽस्रुचा । मिथुना । या । सपर्यतः । असम्ऽयत्तः । व्रते । ते । क्षेति । पुष्यति । भद्रा । शक्तिः । यजमानाय । सुन्वते ॥ ३ ॥

पदार्थः—(अधि) उपरिभावे (द्वयोः) स्वात्मपरात्मनोः प्रियम् (अदधाः) धेहि (उक्थ्यम्) वक्तुमर्हम् (वचः) सत्यं वचनम् (यतस्रुचा) यता नियताः स्रुचः साधनानि याभ्यामुपदेश्याभ्यां तौ (मिथुना) विरोधं विहाय मिलितौ (या) यौ (सपर्यतः) परिचरतः (असंयतः) अजितेन्द्रियोपि (व्रते)सत्यभाषणादि-लक्षणे व्यवहारे (ते)तव (क्षेति) निवसति (पुष्यति) पुष्टो भवति (भद्रा) कल्याणकारिणी (शक्तिः) समर्थता (यजमानाय) उपदेश्याय पालकाय वा(सुन्वते)ऐश्वर्यमिच्छुकाय प्राप्ताय वा ॥३॥

अन्वयः-हे मनुष्य यथा या यतस्रुचा मिथुना द्वयोर्यदुक्थ्यं वचः सपर्यतस्तथैतौ त्वमदधाः। यो संयतोपि ते व्रते क्षेति तस्मिन् भद्रा शक्तिरधि निवसति स पुष्यति पुष्टो भवति तर्हि तस्मै सुन्वते यजमानाय सुखं कथं न वर्द्धेत ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— ये मनुष्याः परोपकारबुद्ध्या सर्वेषां शरीरात्मनोर्मध्ये पुष्टिविद्याबले ज्ञात्वा विरोधं त्यक्त्वा धर्म्यं व्यवहारं सेवित्वा सततं सर्वान्मनुष्यान्सत्ये व्यवहारे प्रवर्त्तयन्ति ते मोक्षमाप्नुवंति नेतर इति वेद्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य जैसे (या) जो (यतस्रुचा) साधनोपसाधनयुक्त पढ़ाने और उपदेश करने हारे (मिथुना) दोनों मिल के (द्वयोः) अपना और पराया कल्याण करके जो (उक्थ्यम्) प्रशंसा के योग्य (वचः) वचन को (सपर्यतः) सेवते हैं वैसे इस का तू (अदधाः) धारण कर जो (असंयतः) अजितेन्द्रिय भी (ते) तेरे (व्रते)सत्य भाषणादि नियम पालने में (क्षेति) निवास करता है उस में (भद्रा) कल्याण करने हारी (शक्तिः) सामर्थ्य (अधिक्षेति) बसती है और वह (पुष्यति) पुष्ट होता है तब (सुन्वते) ऐश्वर्य प्राप्ति होने वाले (यजमानाय) सब को सुख के दाता के लिये निरन्तर सुख कैसे न बढ़े ॥ ३ ॥

